ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला [संस्कृत ग्रन्थाङ्क ४]

भगवदुमास्वामिप्रणीतस्य

तत्त्वार्थसूत्रस्य

श्री श्रुतसागरसूरिविरचिता

तत्त्वार्थवृत्तिः

[हिन्दीसारसहिता]

Bhar

सम्पादक—

प्रो० महेन्द्रकुमार जैन, न्यायाचार्य, जैन-प्राचीन न्यायतीर्थ

बौद्धदर्शनाध्यापक, संस्कृत महाविद्यालय, हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी ।

सहायक—

प० उदयचन्द्र जैन सर्वदर्शनाचार्य, बौद्धदर्शनशास्त्री, न्यायतीर्थ, बी. ए.

भारतीय ज्ञानपीठ, काशी

आवृत्ति
प्रति

फाल्गुन, वीरनि० सं० २४७५
वि० सं० २००५
मार्च १९४९

मूल्य
सोलह रुपये

भारतीय ज्ञानपीठ काशी

स्व० पुण्यश्लोका माता श्री मूर्तिदेवी की पवित्र स्मृति मे
तत्सुपुत्र सेठ शान्तिप्रसाद जी द्वारा
संस्थापित

ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमाला मे प्राकृत सस्कृत अपभ्रंश हिन्दी कन्नड तामिल आदि प्राचीन भाषाओ
उपलब्ध आगमिक दार्शनिक पौराणिक साहित्यिक और ऐतिहासिक आदि विविध विषयक
जैन साहित्य का अनुसन्धानपूर्ण सम्पादन, उसका मूल और यथासभव अनुवाद
आदि के साथ प्रकाशन होगा। जैन भडारो की सूचियाँ, शिलालेख-
सग्रह, विशिष्ट विद्वानो के अध्ययनग्रन्थ और लोकहितकारी
जैन साहित्य भी इसी ग्रन्थमाला मे प्रकाशित होगे।

ग्रन्थमाला सम्पादक और नियामक (सस्कृत विभाग)
प्रो० महेन्द्रकुमार जैन, न्यायाचार्य, जैन-प्राचीन न्यायतीर्थ, आदि
बौद्धदर्शनाध्यापक सस्कृत महाविद्यालय,
हिन्दू विश्वविद्यालय काशी

संस्कृत ग्रन्थाङ्क ४

प्रकाशक-
अयोध्याप्रसाद गोयलीय
मन्त्री-भारतीय ज्ञानपीठ काशी,
दुर्गाकुण्ड रोड, बनारस सिटी।

मुद्रक—प० पृथ्वीनाथ भार्गव, भार्गव भूषण प्रेस, गायघाट, काशी।

स्थापनाब्द
फाल्गुन कृष्णा ९
वीर नि० स० २४७०

विक्रम स० २००[illegible]
१८ फरवरी १९४[illegible]

स्व० मूर्तिदेवी, मातेश्वरी सेठ शान्तिप्रसाद जैन

JNANA-PITHA MOORTI DEVI JAIN GRANTHAMALA
SANSKRIT GRANTHA No 4

TATTVARTHAVRITTI

OF

SHRI SHRUTASAGAR SURI

The commentary on

TATTVARTHASUTRA

OF

SHRI UMASWAMI

WITH

HINDI TRANSLATION

EDITED WITH

introduction, appendices, variant readings, comparative notes etc.

BY

Prof. MAHENDRA KUMAR JAIN
Nyayacharya, Jain-Prachina Nyayatirtha, etc.
Prof of Bauddha Darshana, Sanskrit Maha Vidyalaya
BANARAS HINDU UNIVERSITY

Assisted by

UDAYACHANDRA JAIN
Sarvadarshanacharya, Bauddhadarshan Shastri,
Nyayatirtha, B A

Published by

BHARATIYA JNANA-PITHA, KASHI

First Edition
600 Copies

FALGUNA VIR SAMVAT 2475
VIKRAMA SAMVAT 2005
MARCH, 1949

Price
Rs. 16/-

BHARATIYA JNANA-PITHA KASHI

Founded by

SETH SHANTI PRASAD JAIN

In memory of his late benevolent mother

SHRI MOORTI DEVI

JNANA-PITHA MOORTI DEVI JAIN GRANTHAMALA

In this Granthmala critically edited, Jain agamic, Philosophical, Pauranic literary historical and other original texts available in Prakrit, Sanskrit, Apabhransha, Hindi, Kannada Tamil Etc will be published in their respective languages with their translations in modern lenguages

AND

Catalogues of Jain Bhandaras, inscriptions studies of competent scholars and Jain literature of popular interest will also be published

---

GENERAL EDITOR OF THE SANSKRIT SECTION

Prof. MAHENDRA KUMAR JAIN

NYAYACHARYA, JAIN-PRACHINA NYAYATIRTHA Etc

Professor of Bauddha Darshana, Sanskrit Mahavidyalaya

Banaras Hindu University

SANSKRIT GRANTHA No. 4

Puublisher

AYODHYA PRASAD GOYALIYA

SECY

BHARATIYA JNANAPITHA

DURGAKUND ROAD, BANARAS CITY.

Founded in Falguna Krishna 9, Vir Sam 2470

Vikram Samvat 2000
18th Feb 1944

अनुक्रम

शुद्धिपत्रम्

पृ०	पं०	अशुद्ध	शुद्ध
६७	१४	केवली सिद्धाश्च	केवली । सिद्धाश्च
८३	८	मिश्रे क्षीणकपाये	मिश्रे क्षीणेऽकपाये
८१	११	इन्द्र. । आत्मतत्त्वस्य	इन्द्र· आत्मा । तस्य
६१	२०	इन्द्रियलिङ्गे	इन्द्रलिङ्गे
६५	२०	कमादय	कर्मोदय
९९	१६	कमयोग.	कर्मयोगः
११०	७	उत्तमदेवत्वे	उत्तमदेहत्वे
१३७	१६	विदेहान्ता	विदेहान्ताः
१६९	१९	निर्वाणरजो	निर्माणरजो
१८३	६	जघन्योत्कृष्ट–	अजघन्योत्कृष्ट–
१८४	१७	का० त०	कात०
१९०	६	२९	१९
२१५	१३	–कपायव्रत	–कषायाव्रत
२३१	१६	हिसदिभ्यो	हिंसादिभ्यो
२३१	२२	पश्चद्वलते	पश्चाद्वलते
२३९	१४	अघ्ननपि	अघ्नन्नपि
२४०	३१	पीडिताः	–पीडिताः
२४३	१२	समथयति	समर्थयति
२५५	२२	–करणतोश्च	–करणयोश्च
२५९	६	असतद्विण्णा–	सतद्विण्णा
२६४	२०	–निदा कथ्यते	निद्रानिद्रा कथ्यते
८१	२०	उपशमकश्रोणिः	उपशमकश्रेणिः
८२	२	–शब्दे कषायो	–शब्देन कषायो
०३	१७	–लतोप्थाने	–लतोत्थाने
०७	२०	३१	३२
११	९	–चलन भवति	–चलन न भवति
२१	१६	–कारण भावात्	–कारणाभावात्
२६	१	–भद्र श्री–	–भद्रश्री–
१२	१	–गतानासमुद्धत	–गताना समुद्धृत–

———

सम्पादकीय

ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमालामे अकलङ्कीय वाङ्मयके सम्पादन सशोधनके साथ ही दूसरा कार्य चालू है—तत्त्वार्थसूत्रकी अमुद्रित टीकाओका प्रकाशन। इसी कार्यक्रममे श्रुतसागरसूरि विरचित तत्त्वार्थवृत्ति योगदेवविरचित तत्त्वार्थसुखबोधवृत्ति और प्रभाचन्द्रकृत तत्त्वार्थवृत्तिटिप्पणका सपादन-सशोधन हो चुका है। तत्त्वार्थवार्तिकका तीन ताडपत्रीय तथा तीन कागजकी प्रतियोके आधारसे सम्पादन हो रहा है।

वडे वडे ग्रन्थोका अक्षरानुवाद जितना समय ओर शक्ति लेता है उतनी उसकी उपयोगिता सिद्ध नही होती। कारण, सस्कृताभ्यासी तो मूलग्रन्थसे ही पदार्थबोध कर लेते है और भाषाभ्यासीके लिए अक्षरानुवादका कोई विशिष्ट उपयोग नही है, अत वडे ग्रन्थोका प्रकरणवार हिन्दी सार लिखा जाना व्यवहार्य समझकर तत्त्वार्थवृत्ति ग्रन्थका, जो परिमाणमे ९००० श्लोक है सक्षेपमे हिन्दी सार लिखा है। इसमे तत्त्वार्थसूत्र पर श्रुतसागरसूरिका जो विवेचन है वह पूरा सगृहीत है।

दिगम्बर वाङ्मयके शुद्ध सपादनमे ताडपत्रीय प्रतियाँ बहुमूल्य सिद्ध हुई है। न्यायकुमुदचन्द्र और न्यायविनिश्चय विवरणके सम्पादनमे ताडपत्रीय प्रतियाँ ही पाठशुद्धि ओर सशोधनका मुख्य साधन रही है। इसी तरह तत्त्वार्थवार्तिकके अशुद्धिपुञ्ज सस्करणका शुद्ध सम्पादन भी दक्षिणकी ताडपत्रीय प्रतियोसे ही हो सका है।

इस तत्त्वार्थवृत्तिके सम्पादनमे बनारस, आरा और दिल्लीकी प्राचीन कागजकी प्रतियोका उपयोग तो किया ही गया है पर जो विशिष्ट प्रति हमे मिली और जिसके आधारसे यह सस्करण शुद्ध सम्पादित हुआ, वह है मूडबिद्रीकी ताडपत्रीय प्रति।

आरा जैन सिद्धान्त भवनसे प्राप्त हुई प्रतिकी आ० सज्ञा है। प्राय अशुद्ध है।

बनारस स्याद्वाद विद्यालयसे प्राप्त हुई प्रतिकी ब० सज्ञा है। यह भी अशुद्ध है।

दिल्लीकी प्रति श्री पन्नालालजी अग्रवालकी कृपासे प्राप्त हुई है। इसकी सज्ञा द० है। यह अपेक्षाकृत शुद्ध है।

जैन मन्दिर बनारसकी प्रतिकी सज्ञा ज० है। यह प्राचीन और शुद्ध है।

मूडबिद्री जैन मठकी ताडपत्रीय प्रतिकी सज्ञा ता० है। यह कनडी लिपि मे लिखी हुई है और शुद्ध है। इस तरह पाँच प्रतियोके आधारसे इसका सम्पादन किया गया है।

ग्रन्थान्तरोसे उद्धृत वाक्योका मूलस्थल निर्देश [ ] इस ब्रेकिटमे कर दिया है। कुछ अर्थबोधक टिप्पण सम्पादक द्वारा लिखे गए है। ताडपत्रीय प्रतिमे भी कही कही टिप्पण उपलब्ध हुए है उन्हे 'ता० टि०' के साथ छपाया है।

इस ग्रन्थमे निम्नलिखित परिशिष्ट लगाए गए है—१ तत्त्वार्थसूत्रोका अकाराद्यनुक्रम, २ तत्त्वार्थसूत्रके शब्दोकी सूची, ३ तत्त्वार्थवृत्तिके उद्धृत वाक्योकी सूची, ४ तत्त्वार्थवृत्तिगत ग्रन्थ और ग्रन्थकार, ५ तत्त्वार्थवृत्तिके विशेष शब्द, ६ ग्रन्थसकेत विवरण।

प्रस्तावनामे तत्त्व, तत्त्वाधिगमके उपाय और सम्यग्दर्शन शीर्षकोमे जैन तत्त्वोको मूल जैनदृष्टिसे देखनेका प्रयत्न किया है। आशा है इससे सास्कृतिक पदार्थोके निरूपणके लिए नवीनमार्ग मिल सकेगा। 'तत्त्वाधिगमके उपाय' प्रकरणमे स्याद्वाद और सप्तभगीके सबधमे श्री राहुलजी, सर राधाकृष्णन्, बलदेवजी उपाध्याय आदि वर्तमान दर्शनलेखको की भ्रान्त धारणाओकी आलोचना भी की गई है।

दानवीर साहु शान्ति प्रसादजी और उनकी समरूपा धर्मपत्नी सौ० रमाजी जैन ने भारतीय ज्ञानकी अमूल्य निधियोके अन्वेषण सशोधन और प्रकाशन निमित्त भारतीय ज्ञानपीठकी स्थापना की है। इसीके अन्तर्गत जैनग्रन्थोके अनुसन्धान और प्रकाशनके लिए स्व०मातेश्वरी मूर्तिदेवीके स्मरणार्थ ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला प्राकृत सस्कृत अपभ्र श आदि भाषाओमे प्रकाशित की गई है। यह ग्रन्थ उसी ग्रन्थमालाका चतुर्थ पुष्प है। इस भद्र दम्पतिकी यह मौलिक सास्कृतिक रुचि अनुकरणीय और अभिनन्दनीय है।

सुप्रसिद्ध साहित्यसेवी श्रीमान् प० नाथूरामजी प्रेमी द्वारा लिखित 'श्रुतसागरसूरि' लेख ग्रन्थकार विभाग मे उद्धृत है।

श्री प० राजकुमारजी शास्त्री साहित्याचार्यने इसके २॥ अध्यायके प्रारम्भिक पाठान्तर लिए थे। प० देवकुमारजी शास्त्री ने कन्नडप्रतिका वाचन किया तथा प० महादेवजी चतुर्वेदी व्याकरणाचार्यने प्रूफसशोधनमे सहयोग दिया है।

ज्ञानपीठने सम्पादनशिक्षणनिमित्त दो विशेषवृत्तियाँ प्रारम्भ की थी। उनमे एक वृत्ति उदयचन्द्र सर्वदर्शनाचार्य बी ए को दी गई थी। प्रिय शिष्य श्री उदयचन्द्रजीने इस ग्रन्थके कुछ पाठान्तर लिये और हिन्दीसार लिखा है। मुझे यह लिखते हुए प्रसन्नता होती है कि ये आगे चलकर अच्छे साहित्यसेवी सिद्ध होगे। प० परमानन्दजी शास्त्रीने कुछ अवतरणोके मूलस्थल खोजकर भेजे हैं। उनके द्वारा लिखित 'ब्रह्मश्रुतसागरका समय और साहित्य' शीर्षक लेखकी पाण्डुलिपि भी मुझे प्राप्त हुई थी।

श्री बाबू पन्नालालजी अग्रवाल दिल्ली, प० भुजबली शास्त्री मूडबिद्री और प० नेमिचन्द्रजी ज्योतिषाचार्यने अपने यहाके भण्डारोकी प्रतिया भिजवाई। मै इन सब विद्वानोका आभारी हूँ। अन्तमे मै पुन वही बात दुहराता हूँ कि—'सामग्री जनिका कार्यस्य नैक कारणम्'—अर्थात् सामग्री कार्यको उत्पन्न करती है, एक कारण नही। मै सामग्रीका मात्र एक अग ही हूँ।

भारतीय ज्ञानपीठ, काशी
माघ शुक्ल ५, वीर स० २४७५

—महेन्द्रकुमार जैन

प्रकाशन-व्यय

छपाई ३०००)
कागज १०००)
सम्पादन २२५०)
जिल्द ६००)
व्यवस्था २२५०)

कमीशन २४००)
भेट आलोचना ८००)
विज्ञापन २००)
चित्रकवर १००)

१२६००)

६०० प्रति छपी, लागत मूल्य २१) कीमत १६)

प्रस्तावना

१ ग्रन्थविभाग

[तत्त्व और तत्त्वाधिगम के उपाय]

आजसे २५००–२६०० वर्ष पूर्व इस भारतभूमिके विहार प्रदेशमे दो महान् नक्षत्रोका उदय हुआ था, जिनकी प्रभासे न केवल भारत ही आलोकित हुआ था किन्तु सुदूर एशियाके चीन जापान तिब्बत आदि देश भी प्रकाशित हुए थे। आज भी विश्वमे जिनके कारण भारतका मस्तक गर्वोन्नत है, वे थे निग्गठनाथपुत्त वर्धमान और शौद्धोदनि–गौतम बुद्ध। इनके उदयके २५० वर्ष पहले तीर्थंकर पार्श्वनाथने काशी देशमे जन्म लिया था ओर श्रमणपरपरा के चातुर्याम सवरका जगत्को उपदेश दिया था। बुद्धने बोधिलाभके पहिले पार्श्वनाथकी परपराके केशलुच, आदि उग्रतपो को तपा था, पर वे इस मार्गमे सफल न हो सके ओर उनने मध्यम मार्ग निकाला। निग्गठनाथपुत्त साधनोकी पवित्रता और कठोर आत्मानुशासनके पक्षपाती थे। वे नग्न रहते थे, किसी भी प्रकारके परिग्रहका सग्रह उन्हे हिसाका कारण मालूम होता था। मात्र लोकसग्रहके लिए आचारके नियमोको मृदु करना उन्हे इष्ट नही था। सक्षेपमे बुद्ध मातृहृदय दयामूर्ति थे और निग्गठनाथपुत्त पितृचेतस्क साधनामय सशोधक योगी थे। बुद्धके पास जब उनके शिष्य आकर कहते थे—'भन्ते, जन्ताघर की अनुज्ञा दीजिए, या तीन चीवरकी अनुज्ञा दीजिए' तो दयालु बुद्ध शिष्यसग्रहके लिए उनकी सुविधाओका ध्यान रखकर आचारको मृदु कर उन्हे अनुज्ञा देते थे। महावीरकी जीवनचर्या इतनी अनुशासित थी कि उनके सघके शिष्योके मनमे यह कल्पना ही नही आती थी कि आचारके नियमोको मृदु करानेका प्रस्ताव भी महावीरसे किया जा सकता है। इस तरह महावीरकी सघपरपरामे चुने हुए अनुशासित दीर्घ तपस्वी थे, जब कि बुद्धका सघ मृदु मध्यम सुकुमार सभी प्रकारके भिक्षुओका सग्राहक था। यद्यपि महावीरकी तपस्याके नियम अत्यत अहिसक अनुशासनबद्ध और स्वावलबी थे फिर भी उस समय उनका सघ काफी बडा था। उसकी आचारनिष्ठा दीर्घ तपस्या और अनुशासन की साक्षी पाली साहित्यमे पग पग पर मिलती है।

महावीर कालमे ६ प्रमुख सघनायकोकी चर्चा पिटक साहित्य और आगम साहित्यमे आती है। बौद्धो के [1]पाली ग्रथोमे उनकी जो चर्चा है उस आधारसे उनका वर्गीकरण इस प्रकार कर सकते है—

(१) अजितकेशकम्बलि—भौतिकवादी, उच्छेदवादी।
(२) मक्खलिगोशाल—नियतिवादी, ससारशुद्धिवादी।
(३) पूरण कश्यप—अक्रियावादी।
(४) प्रकुध कात्यायन—शाश्वतार्थवादी, अन्योन्यवादी।
(५) सजयवेलट्ठिपुत्त—सशयवादी, अनिश्चयवादी या विक्षेपवादी।
(६) बुद्ध—अव्याकृतवादी, चतुरार्यसत्यवादी, अभौतिक क्षणिक अनात्मवादी।
(७) निग्गठनाथपुत्त—स्याद्वादी, चातुर्यामसवरवादी।

(१) अजितकेशकम्बलिका कहना था कि—"दान यज्ञ तथा होम सब कुछ नही है। भले बुरे कर्मो का फल नही मिलता। न इहलोक है, न परलोक है, न माता है, न पिता है, न अयोनिज (औपपातिक देव) सत्त्व है, और न इहलोक मे वैसे ज्ञानी ओर समर्थश्रमण या ब्राह्मण है जो इस लोक और परलोकको स्वय जानकर और साक्षात्कारकर कहेगे। मनुष्य पाँच महाभूतोसे मिलकर बना है। मनुष्य जब मरता है तब पृथ्वी

---

१ देखो दीघनिकाय समाञ्ञफलसुत्त १।२। हिन्दी अनुवाद।

महापृथ्वीमे, जल जलमे, तेज तेज मे, वायु वायुमे और इद्रिया आकाशमे लीन हो जाती है । लोग मरे हुए मनुष्यको खाटपर रखकर ले जाते है, उसकी निन्दा प्रशसा करते है । हड्डिया उजली हो विखर जाती है और सब कुछ भस्म हो जाता है । मूर्ख लोग जो दान देते है उसका कोई फल नही होता । आस्तिक-वाद झूठा है । मूर्ख और पडित सभी शरीरके नष्ट होते ही उच्छेदको प्राप्त हो जाते है । मरनेके वाद कोई नही रहता ।"

इस तरह अजितका मत उच्छेद या भौतिकवादका प्रस्थापक था ।

(२) **मक्खलिगोशालका मत**—"सत्त्वोके क्लेशका कोई हेतु नही है, प्रत्यय नही है । विना हेतुके और विना प्रत्ययके ही सत्त्व क्लेश पाते है । सत्त्वो की शुद्धिका कोई हेतु नही है, कोई प्रत्यय नही है । विना हेतुके और विना प्रत्ययके सत्त्व शुद्ध होते है । अपने कुछ नही कर सकते है, पराये भी कुछ नही कर सकते है, (कोई) पुरुष भी कुछ नही कर सकता है, वल नही है, वीर्य नही है, पुरुषका कोई पराक्रम नही है । सभी सत्त्व, सभी प्राणी, सभी भूत और सभी जीव अपने वशमे नही है, निर्वल, निर्वीर्य, भाग्य और सयोगके फेरसे छै जातियोमे उत्पन्न हो सुख और दुख भोगते है । वे प्रमुख योनियाँ चौदह लाख छियासठ सौ है । पाच सो पाच कर्म, तीन अर्ध कर्म (केवल मनसे शरीरसे नही), वासठ प्रतिपदाएँ (मार्ग), वासठ अन्तरकल्प, छै अभिजातियाँ, आठ पुरुषभूमियाँ, उन्नीस सौ आजीवक, उनचास सौ परिव्राजक, उनचास सौ नाग-आवास, वीस सौ इद्रिया, तीस सौ नरक, छत्तीस रजोधातु, सात सज्ञी (होशवाले) गर्भ सात असज्ञी गर्भ, सात निर्ग्रन्थ गर्भ, सात देव, सात मनुष्य, सात पिशाच, सात स्वर, सात सौ सात गाँठ, सात सो सात प्रपात, सात सो सात स्वप्न, और अस्सी लाख छोटे वडे कल्प है, जिन्हे मूर्ख और पडित जानकर ओर अनुगमन कर दुखोका अत कर सकते है । वहा यह नही है—इस शील या व्रत या तप, ब्रह्मचर्यसे मै अपरिपक्व कर्मको परिपक्व करूँगा । परिपक्व कर्मको भोगकर अन्त करूँगा । सुख दुःख द्रोण (—नाप) से तुले हुए है, ससारमे घटना-वढना उत्कर्ष, अपकर्ष नही होता । जैसे कि सूतकी गोली फेकनेपर उछलती हुई गिरती है, वैसे ही मूर्ख और पडित दौडकर—आवागमनमे पडकर, दुखका अन्त करेगे ।"

गोशालक पूर्ण भाग्यवादी था । स्वर्ग नरक आदि मानकर भी उनकी प्राप्ति नियत समझता था, उसके लिए पुरुषार्थ कोई आवश्यक या कार्यकारी नही था । मनुष्य अपने नियत कार्यक्रमके अनुसार सभी योनियोमे पहुँच जाता है । यह मत पूर्ण नियतिवादका प्रचारक था ।

(३) **पूरण कश्यप**—"करते कराते, छेदन करते, छेदन कराते, पकाते पकवाते, शोक करते, परेशान होते, परेशान कराते, चलते चलाते, प्राण मारते, विना दिये लेते, सेंध काटते, गाव लूटते, चोरी करते, वटमारी करते, परस्त्रीगमन करते, झूठ वोलते भी, पाप नही किया जाता । छुरे से तेज चक्र द्वारा जो इस पृथ्वीके प्राणियोका (कोई) एक मासका खलियान, एक मासका पुञ्ज वना दे , तो इसके कारण उसको पाप नही, पापका आगम नही होगा । यदि घात करते कराते, काटते, कटाते, पकाते पकवाते, गगाके दक्षिण तीरपर भी जाये , तो भी इसके कारण उसको पाप नही, पापका आगम नही होगा । दान देते, दान दिलाते, यज्ञ करते, यज्ञ कराते, यदि गगाके उत्तर तीर भी जाये, तो इसके कारण उसको पुण्य नही, पुण्यका आगम नही होगा । दान दम सयमसे, सत्य वोलनेसे न पुण्य है, न पुण्यका आगम है ।"

पूरण कश्यप परलोकमे जिनका फल मिलता है ऐसे किसी भी कर्मको पुण्य या पापरूप नही समझता था । इस तरह पूरण कश्यप पूर्ण अक्रियावादी था ।

(४) **प्रकुध कात्यायनका मत था**—"यह सात काय (समूह) अकृत—अकृतविध—अनिर्मित —निर्माणरहित, अवध्य—कूटस्थ, स्तम्भवत् (अचल) है । यह चल नही होते, विकारको प्राप्त नही होते, न एक दूसरेको हानि पहुँचाते है, न एक दूसरेके सुख, दुख या सुख-दुखके लिए पर्याप्त है । कौनसे सात ?

पृथिवी-काय, आप-काय, तेज काय, वायु-काय,सुख,दुख और जीवन यह सात । यह सात काय अकृत० सुख-दुखके योग्य नही है । यहा न हन्ता (–मारनेवाला) है, न घातयिता (–हनन करनेवाला), न सुनने-वाला, न सुनानेवाला, न जाननेवाला, न जतलानेवाला । जो तीक्ष्ण शस्त्रसे शीश भी काटे (तो भी) कोई किसीको प्राणसे नही मारता । सातो कायोसे अलग, विवर (–खाली जगह)मे शस्त्र (–हथियार) गिरता है ।"

यह मत अन्योन्यवाद या शाश्वतवाद कहलाता था ।

(५) **संजय वेलट्ठि पुत्तका** मत था—"यदि आप पूछे,क्या परलोक है ? और यदि मै समझू कि परलोक है, तो आपको वतलाऊँ कि परलोक है । मै ऐसा भी नही कहता, मै वैसा भी नही कहता, मै दूसरी तरहसे भी नही कहता, मे यह भी नही कहता कि 'यह नही है', मे यह भी नही कहता कि 'यह नही नही है।' परलोक नही है० । परलोक है भी और नही भी०, परलोक न है ओर न नही है० । अयोनिज (–औप-पातिक) प्राणी है० । आयोनिज प्राणी नही है, है भी और नही भी, न है और न नही है० । अच्छे बुरे काम के फल है, नही है, है भी और नही भी, न है और न नही है० । तथागत मरनेके वाद होते है, नही होते है० । यदि मुझे ऐसा पूछे ओर मै ऐसा समझू कि मरनेके वाद तथागत न रहते है और न नही रहते है तो मै ऐसा आपको कहूँ । मे ऐसा भी नही कहता, मै वैसा भी नही कहता ।"

सजय स्पष्टत सशयालु क्या घोर अनिश्चयवादी या आज्ञानिक था । उसे तत्त्वकी प्रचलित चतुष्कोटियो मेसे एकका भी निर्णय नही था । पालीपिटकमे इसे 'अमराविक्षेपवाद' नाम दिया है । भले ही हमलोगोकी समझमे यह विक्षेपवादी ही हो पर सजय अपने अनिश्चयमे निश्चित था ।

(६) **बुद्ध**—अव्याकृतवादी थे । उनने इन दस वातोको अव्याकृत[१] वतलाया है । (१) लोक शाश्वत है ? (२) लोक अशाश्वत है ? (३) लोक अन्तवान् है ? (४) लोक अनन्त है ? (५) वही जीव वही शरीर है ? (६) जीव अन्य और शरीर अन्य है ?(७) मरनेके वाद तथागत रहते है ? (८) मरने के वाद तथागत नही रहते ? (९) मरनेके वाद तथागत होते भी है नही भी होते ? (१०) मरनेके वाद तथागत नही होते, नही नही होते ?

इन प्रश्नोमे लोक आत्मा और परलोक या निर्वाण इन तीन मुख्य विवादग्रस्त पदार्थोको बुद्धने अव्या-कृत कहा । दीघनिकायके पोट्ठपादसुत्त मे इन्ही प्रश्नोको अव्याकृत कहकर [२]अनेकाशिक कहा है । जो व्याकरणीय है उन्हे 'ऐकाशिक' अर्थात् एक सुनिश्चितरूपमे जिनका उत्तर हो सकता है कहा है । जैसे दुख आर्यसत्य है ही ? उसका उत्तर हो 'है ही' इस एक अशरूपमे दिया जा सकता है । परन्तु लोक आत्मा और निर्वाणसबधी प्रश्न अनेकाशिक है अर्थात् इनका उत्तर हा या न इनमेसे किसी एकके द्वारा नही दिया जा सकता । कारण बुद्धने स्वय वताया है कि यदि वही जीव वही शरीर कहते है तो उच्छेदवाद अर्थात् भौतिकवादका प्रसग आता है जो बुद्धको इष्ट नही और यदि अन्य जीव ओर अन्य शरीर कहते है तो नित्य आत्मवादका प्रसग आता है जो भी बुद्धको इष्ट नही था । बुद्ध ने प्रश्नव्याकरण चार प्रकार का वताया है—(१) एकाश (है या नही एकमे) व्याकरण, प्रतिपृच्छाव्याकरणीय प्रश्न, विभज्य व्याकरणीय प्रश्न और स्थापनीय प्रश्न । जिन प्रश्नोको बुद्धने अव्याकृत कहा है उन्हे अनेकाशिक भी कहा है अर्थात् उनका उत्तर एक है या नही मे

---

१ "सस्सतो लोको इतिपि, असस्सतो लोको इतिपि, अन्तवा लोको इतिपि, अनन्तवा लोको इतिपि, त जीव त सरीर इतिपि, अञ्ज जीव अञ्ज सरीर इतिपि, होत्ति तथागतो परम्मरणा इतिपि, होतिच न च होति च तथागतो परम्मरणा इतिपि, नेव होति न नहोति तथागतो परम्मरणा इतिपि ।" —मज्झिमनि० चूलमालुक्यसुत्त ।

२ "कतमे च ते पोट्ठपाद मया अनेकसिका धम्मा देसिता पञ्ञत्ता ? सस्सतो लोको ति खो पोट्ठपाद मया अनेक-सिको धम्मो देसितो पञ्ञतो । असस्सतो लोको ति खो पोट्ठपाद मया अनेकसिको . ."—दीघनि० पोट्ठपादसुत्त ।

नही दिया जा सकता । फिर इन प्रश्नोके बारेमे कुछ कहना सार्थक नही, भिक्षुचर्याके लिए उपयोगी नही और न निर्वेद, निरोध, शांति, परमज्ञान या निर्वाणके लिए आवश्यक है ।

इस तरह बुद्ध जब आत्मा, लोक, और निर्वाणके सम्बन्धमे कुछ भी कहनेको अनुपयोगी बताते है तो उसका सीधा अर्थ यही ज्ञात होता है कि वे इन तत्त्वोके सम्बन्धमे अपना निश्चित मत नही बना सके थे । शिष्योके तत्त्वज्ञानके झगडेमे न डालनेकी बात तो इसलिए समझमे नही आती कि जब उस समयका प्रत्येक मतप्रचारक इनके विषयमे अपने मतका प्रतिपादन करता था उसका समर्थन करता था, जगह जगह इनके विषयमे वाद रोपे जाते थे,तब उस हवासे शिष्योकी बुद्धिको अचलित रखना दुःशक ही नहीं अशक्य ही था । बल्कि इस अव्याकृत कोटिकी सृष्टि ही उन्हे बौद्धिक हीनताका कारण बनती होगी ।

बुद्धका इन्हे अनेकांशिक कहना भी अर्थपूर्ण हो सकता है । अर्थात् वे एकान्त न मानकर अनेकांश मानते तो थे पर चूंकि निग्गठनाथपुत्त ने इस अनेकांशताका प्रतिपादन सियावाद अर्थात् स्याद्वादसे करना प्रारम्भकर दिया था, अतः विलक्षणशैली स्थापनके लिए उनने इन्हे अव्याकृत कह दिया हो । अन्यथा अनेकांशिक और अनेकान्तवादमे कोई खास अन्तर नही मालूम होता । यद्यपि संजयवेलट्ठिपुत्त बुद्ध और निग्गठनाथपुत्त इन तीनोका मत अनेकांशको लिए हुए है, पर संजय उन अनेक अंशोके सम्बन्धमे स्पष्ट अनिश्चयवादी है । वह साफ साफ कहता है कि "यदि मै जानता होऊँ तो बताऊँ कि परलोक है या नही है आदि" । बुद्ध कहते है यह अव्याकृत है । इस अव्याकृति और संजय की अनिश्चितिमे क्या सूक्ष्म अन्तर है सो तो बुद्धही जाने, पर व्यवहारतः शिष्योके पल्ले न तो संजय ही कुछ दे सके और न बुद्ध ही । बल्कि संजयके शिष्य अपना यह मत बना भी सके होगे कि–इन आत्मा आदि अतीन्द्रिय पदार्थोका निश्चय नही हो सकता, किन्तु बुद्धशिष्योका इन पदार्थो के विषयमे बुद्धिभेद आज तक बना हुआ है । आज श्री राहुल सांकृत्यायन बुद्धके मतको अभौतिक अनात्मवाद जैसा उभयप्रतिषेधी नाम देते है । इधर आत्मा शब्दसे नित्यत्वका डर है इधर भौतिक कहनेसे उच्छेदवादका भय है । किंतु यदि निर्वाणदशामे दीपनिर्वाणकी तरह चित्तसन्ततिका निरोध हो जाता है तो भौतिकवादसे क्या विशेषता रह जाती है ? चार्वाक हर एक जन्ममे आत्माकी भूतोसे उत्पत्ति मानकर उसका भूतविलय मरणकालमे मान लेता है । बुद्धने इस चित्तसन्ततिको पंचस्कंधरूप मानकर उसका विलय हर एक मरणके समय न मानकर संसारके अन्तमे माना । जिस प्रकार रूप एक मौलिक तत्त्व अनादि अनन्त धारारूप है उस प्रकार चित्तधारा न रही, अर्थात् चार्वाकका भौतिकत्व एक जन्मका है जब कि बुद्धका भौतिकत्व एक संसारका । इस प्रकार बुद्ध तत्त्वज्ञानकी दिशामे संजय या भौतिकवादी अजितके विचारोमेही दोलान्दोलित रहे और अपनी इस दशामे भिक्षुओको न डालनेकी शुभेच्छासे उनने इनका अव्याकृत रूपमे उपदेश दिया । उनने शिष्योको समझा दिया कि इस वाद-प्रतिवादसे निर्वाण नही मिलेगा,निर्वाणके लिए चार आर्यसत्योका ज्ञान ही आवश्यक है । बुद्धने कहा कि दुःख, दुःखके कारण,दुःखनिरोध और दुःखनिरोधका मार्ग इन चार आर्यसत्यो को जानो । इनके यथार्थ ज्ञानसे दुःखनिरोध होकर मुक्ति हो जायगी । अन्य किसी ज्ञानकी आवश्यकता नही है ।

निग्गठनाथपुत्त—निर्ग्रन्थ ज्ञातपुत्र महावीर स्याद्वादी और सप्ततत्त्वप्रतिपादक थे । उनके विषयमे यह प्रवाद था कि निग्गठनाथपुत्त सर्वज्ञ सर्वदर्शी है, उन्हे सोते जागते हर समय ज्ञानदर्शन उपस्थित रहता है । ज्ञातपुत्र वर्धमानने उस समयके प्रत्येक तीर्थकरकी अपेक्षा वस्तुतत्त्वका सर्वांगीण साक्षात्कार किया था । वे न संजयकी तरह अनिश्चयवादी थे और न बुद्धकी तरह अव्याकृतवादी और न गोशालक आदिकी तरह भूतवादी ही । उनने प्रत्येक वस्तुको परिणामीनित्य बताया । आजतक उस समयके प्रचलित मतवादियोके तत्त्वोका स्पष्ट पता नही मिलता । बुद्धने स्वयं कितने तत्त्व या पदार्थ माने थे यह आजभी विवादग्रस्त है पर महावीरके तत्त्व आजतक निर्विवाद चले आए है । महावीरने वस्तुतत्त्वका एक स्पष्ट दर्शन प्रस्तुत किया उनने कहा कि–इस जगत्मे कोई द्रव्य या सत् नया उत्पन्न नही होता और जो द्रव्य या सत् विद्यमान है उनमे प्रतिक्षण परिवर्तन

होनेपरभी उनका अत्यन्त विनाश नहीं हो सकता। पर कोई भी पदार्थ दो क्षणतक एक पर्यायमें नहीं रहता, प्रतिक्षण नूतन पर्याय उत्पन्न होती है पूर्व पर्याय विनष्ट होती है पर उस मौलिक तत्त्वका आत्यन्तिक उच्छेद नहीं होता, उसकी धारा प्रवाहित रहती है। चित्तसन्तति निर्वाणावस्थामें शुद्ध हो जाती है पर दीपककी तरह बुझकर अस्तित्वविहीन नहीं होती। रूपान्तर तो हो सकता है पदार्थान्तर नहीं और न अपदार्थ ही या पदार्थविलय ही। इस संसारमें अनन्त चेतन आत्माएँ, अनन्त पुद्गल परमाणु, एक आकाश द्रव्य, एक धर्मद्रव्य एक अधर्मद्रव्य और असंख्य कालपरमाणु इतने मौलिक द्रव्य हैं। इनकी संख्यामें कमी नहीं हो सकती और न एक भी नूतन द्रव्य उत्पन्न होकर इनकी संख्यामें एककी भी वृद्धि कर सकता है। प्रतिक्षण परिवर्तन प्रत्येक द्रव्यका होता रहता है उसे कोई नहीं रोक सकता, यह उसका स्वभाव है।

महावीरकी जो मातृकात्रिपदी समस्त द्वादशांगका आधार बनी, वह यह है—"उप्पन्नेइ वा विगमेइ वा धुवेइ वा" अर्थात् प्रत्येक पदार्थ उत्पन्न होता है, विनष्ट होता है, और ध्रुव है। उत्पाद और विनाशसे पदार्थ रूपान्तरको प्राप्त होता है पर ध्रुवसे अपना मौलिक अस्तित्व नहीं खोता। जगत्में किसी भी 'सत्' का समूल विनाश नहीं होता। इतनी ही ध्रुवता है। इसमें न कूटस्थनित्यत्व जैसे शाश्वतवादका प्रसंग है और न सर्वथा उच्छेदवादका ही। मूलतः प्रत्येक पदार्थ उत्पाद व्यय और ध्रौव्यरूप है। उसमें यही अनेकांशता या अनेकान्तता या अनेकधर्मात्मकता है। इसके प्रतिपादनकेलिए महावीरने एक खास प्रकारकी भाषाशैली बनाई थी। उस भाषाशैलीका नाम स्याद्वाद है। अर्थात् अमुक निश्चित अपेक्षासे वस्तु ध्रुव है और अमुक निश्चित अपेक्षासे उत्पादव्ययवाली। अपने मौलिक सत्त्वसे च्युत न होनेके कारण उसे ध्रुव कहते हैं तथा प्रतिक्षण रूपान्तर होनेके कारण उत्पादव्ययवाली या अध्रुव कहते हैं। ध्रुव कहते समय अध्रुवअंशका लोप न हो जाय और अध्रुव कहते समय ध्रुव अंश का उच्छेद न समझा जाय इसलिए 'सिया या 'स्यात्' शब्दका प्रयोग करना चाहिए। अर्थात् 'स्यात् ध्रुव है' इसका अर्थ है कि अपने मौलिक अस्तित्वकी अपेक्षा वस्तु ध्रुव है, पर ध्रुवता ही नहीं है उसमें ध्रुवत्वके सिवाय अन्य धर्म भी हैं इसकी सूचनाके लिए 'स्यात्' शब्दका प्रयोग आवश्यक है। इसी तरह रूपान्तरकी दृष्टिसे वस्तुमें अध्रुवत्व ही है पर वस्तु अध्रुवमात्र ही नहीं है उसमें अध्रुवत्वके सिवाय अन्य धर्म भी विद्यमान हैं इसकी सूचना 'स्यात्' पद देता है। तात्पर्य यह कि 'स्यात्' शब्द वस्तुमें विद्यमान अविवक्षित शेष धर्मोंकी सूचना देता है। बुद्ध जिस भाषाके सहजप्रकारको नहीं पा सके या प्रयोगमें नहीं लाये और जिसके कारण उन्हें अनेकांशिक प्रश्नोंको अव्याकृत कहना पड़ा उस भाषाके सहज प्रकारको महावीरने दृढ़ताके साथ व्यवहार किया। पाली साहित्यमें 'स्यात्' 'सिया' शब्दका प्रयोग इसी निश्चित प्रकारकी सूचनाके लिए हुआ है। यथा मज्झिमनिकायके महाराहुलोवादसुत्तमें आपोधातुका वर्णन करते हुए लिखा है कि—""कतमा च राहुल आपोधातु ? आपोधातु सिया अज्झत्तिका सिया बाहिरा।' अर्थात् आपोधातु कितने प्रकारकी है। एक आभ्यन्तर और दूसरी बाह्य। यहां आभ्यन्तर धातुके साथ 'सिया'—स्यात् शब्दका प्रयोग आपोधातुके आभ्यन्तरके सिवाय द्वितीय प्रकारकी सूचनाके लिए है। इसी तरह बाह्यके साथ 'सिया' शब्दका प्रयोग बाह्यके सिवाय आभ्यन्तर भेदकी सूचना देता है। तात्पर्य यह कि न तो आपोधातु बाह्यरूप ही है और न आभ्यन्तर रूप ही। इस उभयरूपताकी सूचना 'सिया—स्यात्' शब्द देता है। यहां न तो स्यात् शब्दका शायद [illegible] और न संभवत [illegible] कदाचित् ही, क्योंकि आपोधातु शायद आभ्यन्तर और शायद बाह्य नहीं है [illegible] आभ्यन्तर [illegible] बाह्य और न कदाचित् आभ्यन्तर और कदाचित् बाह्य, किन्तु सुनिश्चित [illegible] अवस्थाएँ है। इसी तरह महावीरने प्रत्येक धर्मके साथ 'सिया—स्यात्' शब्द जोड़कर और [illegible] धर्मोंकी सूचना दी है। स्यात् शब्दको शायद [illegible] [illegible] अनुपयुक्त है।

[illegible]

जा सकता । कोई ऐसा शब्द नही जो उसके पूर्ण रूपको स्पर्श कर सके । शब्द एक निश्चित दृष्टिकोणसे प्रयुक्त होते है और वस्तुके एक ही धर्मका कथन करते है । इस तरह जब शब्द स्वभावत विवक्षानुसार अमुक धर्मका प्रतिपादन करते है तब अविवक्षित धर्मोकी सूचनाके लिए एक ऐसा शब्द अवश्यही रखना चाहिए जो वक्ता या श्रोताको भूलने न दे । 'स्यात्' शब्दका यही काम है, वह श्रोताको वस्तुके अनेकान्त स्वरूपका सूचन कर देता है । यद्यपि बुद्धने इस अनेकाशिक सत्यके प्रकाशनकी स्याद्वादवाणीको न अपनाकर उसे अव्याकृत कोटिमे डाला है, पर उनका चित्त वस्तुकी अनेकाशिकताको स्वीकार अवश्य करता था ।

तत्त्वनिरूपण–

विश्वव्यवस्थाका निरूपण और तत्त्वनिरूपणके जुदा जुदा प्रयोजन है । विश्वव्यवस्थाका ज्ञान न होनेपर भी तत्त्वज्ञानसे मुक्तिसाधनामे पहुँचा जा सकता है । तत्त्वज्ञान न होने पर विश्वव्यवस्थाका समग्र ज्ञान निरर्थक और अनर्थक हो सकता है । मुमुक्षुके लिए अवश्य ज्ञातव्य प्रयोजनभूत तत्त्व श्रेणीमे लिये जाते है । साधारणतया भारतीय परम्परा हेय उपादेय और उनके कारणभूत पदार्थ इस चतुर्व्यूहका ज्ञान आवश्यक मानती रही है । आयुर्वेदशास्त्र रोग रोगनिदान रोगनिवृत्ति और चिकित्सा इन चार भागोमे विभक्त है । रोगीके लिए सर्वप्रथम आवश्यक है कि वह अपनेको रोगी समझे । जबतक उसे अपने रोगका भान नहीं होता तबतक वह चिकित्साके लिए प्रवृत्त ही नहीं हो सकता । रोगका ज्ञान होनेके बाद रोगीको यह विश्वास भी आवश्यक है कि उसका यह रोग छूट सकता है । रोगकी साध्यताका ज्ञान ही उसे चिकित्सामे प्रवृत्त करता है । रोगीको यह जानना भी आवश्यक है कि यह रोग अमुक कारणोसे उत्पन्न हुआ है । जिससे वह भविष्यमे उन कारण आहार विहारो से बचा रहकर अपनेको नीरोग रख सके । जब वह भविष्यमे रोगके कारणोसे दूर रहता है तथा मोजूदा रोग का औषधोपचारसे समूल उच्छेद कर देता है तभी वह अपने स्वरूपभूत स्थिर-आरोग्यको पा सकता है । अत जैसे रोगमुक्तिके लिए रोग रोगनिदान आरोग्य और चिकित्सा इस चतुर्व्यूहका ज्ञान आवश्यक है उसीतरह भवरोगकी निवृत्तिके लिए ससार ससारके कारण मोक्ष और उसके कारण इन चार मूल-तत्त्वोका यथार्थज्ञान नितान्त अपेक्षणीय है । बुद्धने कर्तव्यमार्गकेलिए चिकित्साशास्त्रकी तरह चार आर्यसत्यों का उपदेश दिया । वे कभी भी आत्मा क्या है ? परलोक क्या है ? आदिके दार्शनिक विवादमे न तो स्वय गये और न शिष्योको ही जाने दिया । उनने इस सबध मे एक बहुत उपयुक्त उदाहरण दिया है कि जैसे किसी व्यक्तिको विषमे बुझा हुआ तीर लगा हो । बन्धुजन जब उसके तीरको निकालनेकेलिए विषवैद्यको बुलाते हो, उस समय रोगीकी यह मीमासा कि 'यह तीर किस लोहेसे बना है ? किसने इसे बनाया ? कब बनाया ? यह कब तक स्थिर रहेगा ? या जो यह वैद्य आया है वह किस गोत्रका है ? आदि' निरर्थक है उसीतरह आत्मा आदि तत्त्वोका स्वरूपचिन्तन न ब्रह्मचर्य साधनकेलिए उपयोगी है न निर्वाणके लिए न शान्तिके लिए और न बोधि प्राप्ति आदिके लिए ही । उनने मुमुक्षुके लिए चार [1]आर्यसत्योका उपदेश दिया–दु ख, दु खसमुदय, दु ख-निरोध, और दु खनिरोधमार्ग ।

दु खसत्यकी व्याख्या बुद्धने इस प्रकार की है–जन्म भी दु ख है, जरा भी दु ख है, मरण भी दु ख है, शोक, परिवेदन, मनकी विकलता भी दु ख है, इष्ट वियोग, अनिष्टसयोग, इष्टाप्राप्ति सभी दु ख है । सक्षेपमे पाचो उपादान स्कन्ध ही दु खरूप है ।

दु खसमुदय–कामकी तृष्णा, भवकी तृष्णा और विभवकी तृष्णा दु खका कारण है । जितने इद्रियोके प्रिय विषय है प्रिय रूपादि है वे सदा बने रहे उनका वियोग न हो इस तरह उनके सयोगके लिए चित्तकी अभिनन्दिनी वृत्तिको तृष्णा कहते है और यही तृष्णा समस्त दु खोका कारण है ।

दु खनिरोध–इस तृष्णाके अत्यत निरोध या विनाशको निरोध आर्यसत्य कहते है ।

१ दीघनि० महासतिपट्ठान सुत्त ।

दु खनिरोधका मार्ग है आष्टांगिकमार्ग—सम्यक् दृष्टि, सम्यक् सकल्प, सम्यग्वचन, सम्यक् कर्म, सम्यक् आजीविका, सम्यक् प्रयत्न, सम्यक् स्मृति और सम्यक् समाधि। नैरात्म्यभावना मुख्य रूपसे मार्ग है। बुद्धने आत्मदृष्टि या सत्त्वदृष्टिको ही मिथ्यादर्शन कहा है। उनका कहना है एक आत्माको शाश्वत या स्थायी समझकर ही व्यक्ति उसे स्व और अन्यको पर समझता है। स्व-पर विभागसे परिग्रह और द्वेष होते हैं और ये रागद्वेष ही समस्त ससार परम्पराके मूलस्रोत है। अत इस सर्वानर्थमूलिका आत्मदृष्टिको नाशकर नैरात्म्यभावनासे दु खनिरोध होता है।

बुद्धका दृष्टिकोण—उपनिषद्का[१] तत्त्वज्ञान जहाँ आत्मदर्शनपर जोर देता था और आत्मदर्शनको ही तत्त्वज्ञान और मोक्षका परमसाधन मानता था ओर मुमुक्षुके लिए आत्मज्ञानको ही जीवनका सर्वोच्चसाध्य समझता था वहाँ बुद्धने इस आत्मदर्शनको ही सर्वानर्थमूल माना। आत्मदृष्टि या सत्त्वदृष्टिको ही बुद्धने मिथ्यादृष्टि कहा और नैरात्म्यदर्शनको दु खनिरोधका प्रधान हेतु बताया। यह औपनिषद तत्त्वज्ञानकी ओटमे जो याज्ञिक क्रियाकाण्डको प्रश्रय दिया जा रहा था उसीकी प्रतिक्रिया थी जो बुद्धको 'आत्म' शब्दसे ही चिढ हो गई थी। स्थिरात्मवादको उनने राग ओर द्वेपका कारण समझा, जब कि ओपनिषदवादी आत्मदर्शनको विरागका कारण मानते थे। बुद्ध ओर ओपनिषदवादी दोनो ही राग द्वेष ओर मोहका अभावकर वीतरागता और वासनानिर्मुक्तिको ही अपना लक्ष्य मानते थे पर साधन दोनोके जुदा जुदा थे और इतने जुदे कि एक जिसे मोक्षका कारण मानता था दूसरा उसे ससारका मूल कारण। इसका एक कारण और भी था ओर वह था बुद्धका दार्शनिक मानस न होना। बुद्ध ऐसे गोलगोल शब्दोको बिलकुल हटा देना चाहते थे जिनका निर्णय न हो सके या जिनकी ओटमे भ्रान्त धारणाओकी सृष्टि होती हो। 'आत्मा' उन्हे ऐसा ही मालूम हुआ। पर वेदवादियोका तो यही मूल आधार था। बुद्धकी नैरात्म्यभावनाका उद्देश्य बोधिचर्यावतारमे इस प्रकार बताया है—

"यतस्ततो वाऽस्तु भय यद्यह नाम किञ्चन।
अहमेव यदा न स्या कुतो भीतिर्भविष्यति॥"

अर्थात्—यदि 'मै' नामका कोई पदार्थ होता तो उसे इससे या उससे भय हो सकता था पर जब 'मै' ही नही है तब भय किसे होगा ?

बुद्ध जिस प्रकार भौतिकवादरूपी एक अन्तको खतरा समझते थे तो इस शाश्वत आत्मवाद रूपी दूसरे अन्तको भी उसी तरह खतरा मानते थे ओर इसलिए उनने इस आत्मवादको अव्याकृत अर्थात् अनेकान्तिक प्रश्न कहा। तथा भिक्षुओको स्पष्टरूपसे कह दिया कि इस आत्मवादके विषयमे कुछ भी कहना या सुनना न बोधिके लिए न ब्रह्मचर्यके लिए ओर न निर्वाणके लिए ही उपयोगी है।

निग्गठनाथपुत्त महावीर भी वैदिक क्रियाकाण्डको उतना ही निरर्थक और श्रेय प्रतिरोधी मानते थे जितना कि बुद्ध, और आचार अर्थात् चरित्रको ही वे मोक्षका अन्तिम साधन मानते थे। पर उनने यह साक्षात् अनुभव किया कि जबतक विश्वव्यवस्था ओर खासकर उस आत्माके स्वरूपके सबधमे शिष्य निश्चित विचार नही बना लेता है जिस आत्माको दु ख होता है ओर जिसे दु खकी निवृत्ति करके निर्वाण पाना है तबतक वह मानसविचिकित्सासे मुक्त होकर साधना कर ही नही सकता। जब बाह्यजगत्के प्रत्येक झोकेमे यह आवाज गूज रही हो कि "आत्मा देहरूप है या देहसे भिन्न ? परलोक क्या है ? निर्वाण क्या है ?" और अन्यतीर्थिक अपना मत प्रचारित कर रहे हो, इसीको लेकर वाद रोपे जाते हो उस समय शिष्योको यह कहकर तत्काल चुप तो किया जा सकता है कि 'क्या रखा है इस विवादमे कि आत्मा क्या है, हमे तो दु खनिवृत्तिके लिए प्रयास करना चाहिए' परन्तु उनकी मानसशल्य और बुद्धिविचिकित्सा नही निकल सकती और वे इस बौद्धिकहीनता और विचारदीनताके हीनतर भावोसे अपने चित्तकी रक्षा नही कर सकते। सघमे इन्ही अन्यतीर्थिकोके शिष्य और खासकर वैदिक ब्राह्मण भी दीक्षित होते थे। जब ये सब पचमेल व्यक्ति जो मूल आत्माके विपयमे

[१] "आत्मा वा अरे द्रष्टव्य श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्य।" बृहदा० ४।५।६।

विभिन्न मत रखते हो और चर्चा भी करते हो, तो मानस अहिंसा कैसे रह सकते है? जबतक उनका समाधान वस्तुस्थिति मूलक न हो जाय तबतक वे कैसे परस्पर समता और अहिंसाका वातावरण बना सकते होंगे ?

महावीरने तत्त्वका साक्षात्कार किया और उनने धर्मकी सीधी परिभाषा बनाई वस्तुका स्वरूपस्थित होना–"वस्तुस्वभावो धम्मो"–जिस वस्तुका जो स्वरूप है उसका उस पूर्णरवरूपमे स्थिर होना ही धर्म है। अग्नि यदि अपनी उष्णताको लिए हुए है तो वह धर्मस्थित है। यदि वह वायुके झोकोसे स्पन्दित हो रही है तो कहना होगा कि वह चचल है अत अपने निश्चलस्वरूपसे च्युत होनेके कारण उतने अशमे धर्मस्थित नहीं है। जल जबतक अपने स्वाभाविक शीतस्पर्शमे है तबतक वह धर्मस्थित है। यदि वह अग्निके ससर्गसे स्वरूप-च्युत हो जाता है तो वह अधर्मरूप हो जाता है और इस परसयोगजन्य विभावपरिणतिको हटा देनाही जलकी मुक्ति है उसकी धर्मप्राप्ति है। रोगीके यदि अपने आरोग्यस्वरूपका भान न कराया जाय तो वह रोगको विकार क्यो मानेगा और क्यो उसकी निवृत्तिकेलिए चिकित्सामे प्रवृत्ति करेगा ? जब उसे यह ज्ञान हो जाता है कि मेरा तो स्वरूप आरोग्य है। इस अपथ्य आदिसे मेरा स्वाभाविक आरोग्य विकृत हो गया है, तभी वह उस आरोग्य प्राप्तिके लिए चिकित्सा कराता है। भारतकी राष्ट्रीय काग्रेसने प्रत्येक भारतवासीको जब यह स्वरूप-बोध कराया कि–"तुम्हे भी अपने देशमे स्वतत्र रहनेका अधिकार है इन परदेशियोने तुम्हारी स्वतत्रता विकृत कर दी है, तुम्हारा इस प्रकार शोषण करके पददलित कर रहे है। भारत सन्तानो, उठो, अपने स्वातन्त्र्य-स्वरूपका भान करो" तभी भारतने अगडाई ली और परतत्रताका बधन तोड स्वातन्त्र्य प्राप्त किया। स्वातन्त्र्यस्वरूपका भान किये विना उसके सुखदरूपकी झाकी पाए बिना केवल परतत्रता तोडनेकेलिए वह उत्साह और सन्नद्धता नही आ सकती थी। अत उस आधारभूत आत्माके मूलस्वरूपका ज्ञान प्रत्येक मुमुक्षुको सर्वप्रथम होना ही चाहिए जिसे बन्धनमुक्त होना है।

भगवान् महावीरने मुमुक्षकेलिए दुख अर्थात् बन्ध, दुखके कारण अर्थात् मिथ्यात्व आदि आस्रव, मोक्ष अर्थात् दुखनिवृत्तिपूर्वक स्वरूपप्राप्ति और मोक्षके कारण सवर अर्थात् नूतन बन्धके कारणोका अभाव और निर्जरा अर्थात् पूर्वसचित दुखकारणोका क्रमश विनाश, इस तरह बुद्धके चतुरार्यसत्यकी तरह बन्ध, मोक्ष, आस्रव सवर और निर्जरा इन पाच तत्त्वो के ज्ञानके साथ ही साथ जिस जीवको यह सब बन्ध मोक्ष होता है उस जीवका ज्ञान भी आवश्यक बताया। शुद्ध जीवको बन्ध नही हो सकता। बन्ध दो मे होता है। अत जिस कर्म-पुद्गलसे यह जीव बधता है उस अजीव तत्त्वको भी जानना चाहिए जिससे उससे रागद्वेष आदिकी धारा आगे न चले। अत मुमुक्षकेलिए जीव अजीव आस्रव बन्ध सवर निर्जरा और मोक्ष इन सात तत्त्वोका ज्ञान आवश्यक है।

जीव–आत्मा स्वतत्र द्रव्य है। अनन्त है। अमूर्त है। चैतन्यशक्तिवाला है। ज्ञानादि पर्यायोका कर्ता है। कर्मफलका भोक्ता है। स्वयप्रभु है। अपने शरीरके आकारवाला है। मुक्त होते ही ऊर्ध्वगमन कर लोकान्तमे पहुँच जाता है।

भारतीय दर्शनोमे प्रत्येक ने कोई न कोई पदार्थ अनादि माने है। परम नास्तिक चार्वाक भी पृथ्वी आदि महाभूतोको अनादि मानता है। ऐसे किसी क्षणकी कल्पना नही आती जिसके पहले कोई क्षण न रहा हो। समय कबसे प्रारभ हुआ इसका निर्देश असभव है। इसी तरह समय कब तक रहेगा यह उत्तरावधि बताना भी असभव है। जिस प्रकार काल अनादि अनन्त है उसकी पूर्वावधि और उत्तरावधि निश्चित नही की जा सकती उसी तरह आकाश की कोई क्षेत्रकृत मर्यादा नही बताई जा सकती। 'सर्वतो ह्यनन्त तत्' सभी ओरसे वह अनन्त है। आकाश और कालकी तरह हम प्रत्येक सद्के विषयमे यह कह सकते है कि उसका न किसी खास क्षणमे नूतन उत्पाद हुआ है और न किसी समय उसका समूल विनाश ही होगा। "**नाऽसतो विद्यते भाव नाभावो विद्यते सत**" अर्थात् किसी असत्का सद्रूपसे उत्पाद नही होता और न किसी सत्का समूल विनाश ही हो सकता है। जितने गिने हुए सत् है उनकी सख्यामे वृद्धि नही हो सकती और न उनकी सख्यामेसे किसी एककी

भी हानि ही हो सकती है। रूपान्तर प्रत्येकका होता रहता है। यह एक सर्वमान्य सिद्धान्त है। इस सिद्धान्तके अनुसार आत्मा एक स्वतन्त्र सत् है तथा पुद्गल परमाणु स्वतन्त्र सत्। अनादिसे यह आत्मा पुद्गलसे सम्बद्ध ही मिलता आया है।

अनादिबद्ध माननेका कारण—आज आत्मा स्थूल शरीर और सूक्ष्म कर्मशरीरसे बद्ध मिलता है। आज इसका ज्ञान और सुख यहा तक कि जीवन भी शरीराधीन है। शरीरमे विकार होनेसे ज्ञानतन्तुओमे क्षीणता आते ही स्मृतिभ्रंश आदि देखे ही जाते है। अत आज ससारी आत्मा शरीरबद्ध होकर ही अपनी गतिविधि करता है। यदि आत्मा शुद्ध होता तो शरीरसम्बन्धका कोई हेतु ही नही था। शरीरसम्बन्ध या पुनर्जन्मके कारण है—राग, द्वेष, मोह, और कषायादिभाव। शुद्ध आत्मा मे ये विभावभाव हो ही नही सकते। चूकि आज ये विभाव और उनका फल शरीरसम्बन्ध प्रत्यक्ष अनुभवमे आ रहा है अतः मानना होगा कि आजतक इनकी अशुद्ध परपरा चली आई है।

भारतीय दर्शनोमे यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर विधिमुखसे नही दिया जा सकता। ब्रह्ममे अविद्याका कब उत्पन्न हुई? प्रकृति और पुरुषका सयोग कब हुआ? आत्मामे शरीरसम्बन्ध कब हुआ? इसका एकमात्र उत्तर है—अनादिसे। दूसरा प्रकार है कि—यदि ये शुद्ध होते तो इनका सयोगहो ही नही सकता था। शुद्ध होनेके बाद कोई ऐसा हेतु नही रह जाता जो प्रकृतिससर्ग या अविद्योत्पत्ति होने दे। उसी तरह आत्मा यदि शुद्ध हो जाता है तो कोई कारण उसके अशुद्ध होनेका या पुद्गलसयोगका नही रह जाता। जब दो स्वतन्त्र सत्ताक द्रव्य है तब उनका सयोग चाहे जितना भी पुराना क्यो न हो नष्ट किया जा सकता है और दोनोको पृथक् पृथक् किया जा सकता है। उदाहरणार्थ—खानिसे सर्वप्रथम निकाले गये सोनेमे कीट असख्य-कालसे लगी होगी पर प्रयोगसे चूकि वह पृथक् की जाती है, अत यह निश्चय किया जाता है कि सुवर्ण अपने शुद्धरूपमे इस प्रकार है तथा कीट इस प्रकार। साराश यह कि जीव और पुद्गलका बध अनादि है। चूकि वह दो द्रव्योका बन्ध है अत स्वरूपबोध हो जानेपर वह पृथक् किया जा सकता है।

आज जीवका ज्ञान दर्शन सुख राग द्वेष आदि सभी भाव बहुत कुछ इस जीवनपर्यायके अधीन है। एक मनुष्य जीवन भर अपने ज्ञानका उपयोग विज्ञान या धर्मके अध्ययनमे लगाता है। जवानीमे उसके मस्तिष्कमे भौतिक उपादान अच्छे थे, प्रचुर मात्रामे थे, तो वे ज्ञानतन्तु चैतन्यको जगाए रखते थे। बुढ़ापा आने पर उसका मस्तिष्क शिथिल पड जाता है। विचारशक्ति लुप्त होने लगती है। स्मरण नही रहता। वही व्यक्ति अपनी जवानीमे लिखे गये लेखको बुढापेमे पढता है तो उसे स्वय आश्चर्य होता है। वह विश्वास नही करता कि यह उसीने लिखा होगा। मस्तिष्ककी यदि कोई भौतिक ग्रन्थि बिगड जाती है तो मनुष्य पागल हो जाता है। दिमाग का यदि कोई पेच कस गया या ढीला होगया तो उन्माद सन्देह आदि अनेक प्रकारकी धाराएँ जीवनको ही बदल देती है। मुझे एक ऐसे योगीका प्रत्यक्ष अनुभव है जिसे शरीरकी नसोका विशिष्ट ज्ञान था। वह मस्तिष्ककी एक किसी खास नसको दबाता था तो मनुष्यको हिंसा और क्रोधके भाव उत्पन्न हो जाते थे। दूसरे ही क्षण दूसरी नसके दबानेही अत्यन्त दया और करुणाके भाव होते थे और वह रोने लगता था। एक तीसरी नसके दबानेही लोभका तीव्र उदय होता था और यह इच्छा होती थी कि चोरी कर ले। एक नसके दबाते ही परमात्मभक्तिकी ओर मनकी गति होने लगती थी। इन सब घटनाओसे एक इस निश्चित परिणामपर तो पहुँच ही सकते है कि हमारी सारी शक्तिया जिनमे ज्ञान दर्शन सुख राग द्वेष कषाय आदि है, इस शरीर पर्यायके अधीन है। शरीरके नष्ट होते ही जीवन भरमे उपार्जित ज्ञान आदि पर्यायशक्तिया बहुत कुछ नष्ट हो जाती है। परलोक तक इनके कुछ सूक्ष्म संस्कार जाते है।

आज इस अशुद्ध आत्माकी दशा अर्धभौतिक जैसी हो रही है। इन्द्रिया यदि न हो तो ज्ञानशक्ति रहते पर भी ज्ञान नही हो सकता। आत्मामे सुननेकी और देखनेकी शक्ति मौजूद है पर यदि आखें फूट जाँय और कान फट जाय तो वह शक्ति रखी रह जायगी और देखना सुनना नही हो सकेगा। विचारशक्ति

विद्यमान है पर मन यदि ठीक नही है तो विचार नही किये जा सकते । पक्षाघात यदि हो जाय तो शरीर देखनेमे वैसा ही मालूम होता है पर सब शून्य। निष्कर्ष यह कि अशुद्ध आत्माकी दशा और उसका सारा विकास पुद्गलके अधीन ही रहा है । जीवननिमित्तभी खान पान श्वासोच्छ्वास आदि सभी साधन भौतिक ही अपेक्षित होते है । इस समय यह जीव जो भी विचार करता है देखता है जानता है या क्रिया करता है उसका एक जातिका सस्कार आत्मापर पडता है और उस सस्कारकी प्रतीक एक भौतिक रेखा मस्तिष्कमे खिच जाती है । दूसरे तीसरे चौथे जो भी विचार या क्रियाए होती है उन सबके सस्कारोको यह आत्मा धारण करता है और उनकी प्रतीक टेढी सीधी गहरी उथली छोटी बडी नाना प्रकारकी रेखाएँ मस्तिष्कमे भरे हुए मक्खन जेसे भौतिक पदार्थ पर खिचती चली जाती है । जो रेखा जितनी गहरी होगी वह उतने ही अधिक दिनोतक उस विचार या क्रियाकी स्मृति करा देती है । तात्पर्य यह कि आजकी ज्ञान शक्ति और गुण आदि सभी पर्यायशक्तिया है जो इस शरीर-पर्याय तक ही रहती है ।

व्यवहारनयमे जीवको मूर्तिक माननेका अर्थ यही है कि अनादिसे यह जीव शरीरसम्बद्ध ही मिलता आया है । *स्थल शरीर छोडनेपर भी सूक्ष्म कर्म शरीर सदा इसके साथ रहता है । इसी सूक्ष्म कर्मशरीरके नाशको* ही मुक्ति कहते है । जीव पुद्गल दो द्रव्य ही ऐसे है जिनमे क्रिया होती है तथा विभाव या अशुद्ध परिणमन होता है । पुद्गलका अशुद्ध परिणमन पुद्गल और जीव दोनो के निमित्तसे होता है जबकि जीवका अशुद्ध परिणमन यदि होगा तो पुद्गलके ही निमित्तसे । शुद्ध जीवमे अशुद्ध परिणमन न तो जीवके निमित्तसे हो सकता है और न पुद्गलके निमित्तसे । अशुद्ध जीवके अशुद्ध परिणमनकी धारामे पुद्गल या पुद्गलसम्बद्ध जीव निमित्त होता है । जैन सिद्धान्तने जीवको देहप्रमाण माना है । यह अनुभवसिद्ध भी है । शरीरके बाहर उस आत्माके अस्तित्व माननेका कोई खास प्रयोजन नही रह जाता और न यह तर्कगम्य ही है । जीवके ज्ञानदर्शन आदि गुण उसके शरीरमे ही उपलब्ध होते है शरीरके बाहर नही । छोटे बडे शरीरके अनुसार असख्यातप्रदेशी आत्मा सकोच-विकोच करता रहता है । चार्वाकका देहात्मवाद तो देहको ही आत्मा मानता है तथा देहकी परिस्थितिके साथ आत्माका भी विनाश आदि स्वीकार करता है । जैनका देहपरिमाण-आत्मवाद पुद्गलदेहसे आत्मद्रव्यकी अपनी स्वतत्र सत्ता स्वीकार करता है । न तो देहकी उत्पत्तिसे आत्माकी उत्पत्ति होती है और न देहके विनाशसे आत्मविनाश । जब कर्मशरीरकी शृखलासे यह आत्मा मुक्त हो जाता है तब अपनी शुद्ध चैतन्य दशामे अनन्तकाल तक स्थिर रहता है । प्रत्येक द्रव्यमे एक अगुरुलघु गुण होता है जिसके कारण उसमे प्रतिक्षण परिणमन होते रहने पर भी न तो उसमे गुरुत्व ही आता है और न लघुत्व ही । द्रव्य अपने स्वरूपमे सदा परिवर्तन करते रहते भी अपनी अखण्ड मौलिकताको भी नही खोता ।

आजका विज्ञान भी हमे बताता है कि जीव जो भी विचार करता है उसकी टेढी सीधी उथली गहरी रेखाएँ मस्तिष्कमे भरे हुए मक्खन जैसे श्वेत पदार्थमे खिचती जाती है और उन्हीके अनुसार स्मृति तथा वासनाएं उद्बुद्ध होती है । जैन कर्म सिद्धान्त भी यही है कि—रागद्वेष प्रवृत्तिके कारण केवल सस्कार ही आत्मापर नही पडता किंतु उस सस्कारको यथासमय उद्बुद्ध कराने वाले कर्मद्रव्यका सबध भी होता जाता है । यह कर्मद्रव्य पुद्गल द्रव्यही है । मन वचन कायकी प्रत्येक क्रिया के अनुसार शुक्ल या कृष्ण कर्म पुद्गल आत्मामे सम्बन्धको प्राप्त हो जाते है । ये विशेष प्रकारके कर्मपुद्गल बहुत कुछ तो स्थूल शरीरके भीतर ही पडे रहते है जो मनोभावोके अनुसार आत्माके सूक्ष्म कर्मशरीरमे शामिल होते जाते है, कुछ बाहिरसे भी आते है । जैसे तपे हुए लोहेके गोलेको पानीसे भरे हुए वर्तनमे छोडिये तो वह गोला जलके भरे हुए बहुतसे परमाणुओको जिस तरह अपने भीतर सोख लेता है उसी तरह अपनी गरमी और भापसे बाहिरके परमाणुओको भी खीचता है । लोहेका गोला जब तक गरम रहता है पानीमे उथल पुथल पैदा करता रहता है, कुछ परमाणुओको लेगा कुछ को निकालेगा कुछको भाप बनाएगा, एक अजीबसी परिस्थिति समस्त वातावरणमे उपस्थित कर देता है । उसी तरह जब यह आत्मा रागद्वेषादिसे उत्तप्त होता है तब शरीरमे एक अद्भुत हलनचलन उपस्थित करता है ।

क्रोध आते ही आखे लाल हो जाती है, खूनकी गति बढ जाती है, मुह सूखने लगता है, नथुने फडकने लगते है। काम वासनाका उदय होते ही सारे शरीरमे एक विलक्षण प्रकारका मन्थन शुरु होता है। और जब तक वह कषाय या वासना शात नही हो लेती यह चहल-पहल मन्थन आदि नही रुकता। आत्माके विचारोके अनुसार पुद्गल द्रव्योमे परिणमन होता है और विचारोके उत्तेजक पुद्गल द्रव्य आत्माके वासनामय सूक्ष्म कर्मशरीरमे शामिल होते जाते है। जब जब उन कर्मपुद्गलोपर दबाव पडता है तब तब वे कर्मपुद्गल फिर उन्ही रागादि भावोको आत्मामे उत्पन्न कर देते है। इसी तरह रागादि भावोसे नए कर्मपुद्गल कर्मशरीरमे शामिल होते है तथा उन कर्मपुद्गलोके परिपाकके अनुसार नूतन रागादि भावोकी सृष्टि होती है। फिर नए कर्मपुद्गल बधते है फिर उनके परिपाकके समय रागादिभाव होते है। इस तरह रागादिभाव और कर्म पुद्गलबन्धका चक्र बराबर चलता रहता है जबतक कि चरित्रके द्वारा रागादि भावोको रोक नही दिया जाता। इस बन्ध परम्पराका वर्णन आचार्य अमृतचन्द्रसूरि ने पुरुषार्थसिद्ध्युपायमे इस प्रकार किया है—

> **"जीवकृत परिणाम निमित्रमात्र प्रपद्य पुनरन्ये।**
> **स्वयमेव परिणमन्तेऽत्र पुद्गला कर्मभावेन॥ १२॥**
> **परिणममानस्य चितश्चिदात्मकै स्वयमपि स्वकैर्भावै।**
> **भवति हि निमित्तमात्रं पौदगलिक कर्म तस्यापि॥ १३॥"**

अर्थात् जीवके द्वारा किये गए राग द्वेष मोह आदि परिणामोको निमित्त पाकर पुद्गल परमाणु स्वत ही कर्मरूपमे परिणत हो जाते है। आत्मा अपने चिदात्मक भावो से स्वय परिणत होता है, पुद्गल कर्म तो उसमे निमित्तमात्र है। जीव और पुद्गल एक दूसरेके परिणमनमे परस्पर निमित्त होते है।

साराश यह कि जीवकी वासनाओ राग द्वेष मोह आदि की और पुगल कर्मबन्धकी धारा बीजवृक्षसन्तति की तरह अनादिसे चालू है। पूर्वबद्ध कर्मके उदयसे इस समय राग द्वेष आदि उत्पन्न हुए है, इनमे जो जीवकी आसक्ति और लगन होती है वह नूतन कर्मबन्ध करती है। उस बद्धकर्मके परिपाकके समय फिर राग द्वेष होते है, फिर उनमे आसक्ति और मोह होनेसे नया कर्म बधता है। यहाँ इस शकाको कोई स्थान नही है कि—'जब पूर्वकर्मसे रागद्वेषादि तथा राग द्वेषादिसे नूतन कर्मबन्ध होता है तब इस चक्रका उच्छेद ही नही हो सकता, क्योकि हर एक कर्म रागद्वेष आदि उत्पन्न करेगा और हर एक राग-द्वेष कर्मबन्धन करेगे।' कारण यह है कि पूर्वकर्मके उदयसे होनेवाले कर्मफलभूत रागद्वेष वासना आदिका भोगना कर्मबन्धक नही होता किन्तु भोगकालमे जो नूतन राग द्वेषरूप अध्यवसान भाव होते है वे बन्धक होते है। यही कारण है कि सम्यग्दृष्टिका कर्मभोग निर्जराका कारण होता है और मिथ्यादृष्टिका बन्धका कारण। सम्यग्दृष्टि जीव पूर्वकर्मके उदयकालमे होनेवाले राग द्वेष आदिको विवेकपूर्वक शान्त तो करता है, पर उनमे नूतन अध्यवसान नही करता, अत पुराने कर्म तो अपना फल देकर निर्जीर्ण हो जाते है और नूतन आसक्ति न होनेके कारण नवीन बन्ध होता नही अत सम्यग्दृष्टि तो दोनो तरफसे हलका हो चलता है जब कि मिथ्यादृष्टि कर्मफलके समय होनेवाले राग द्वेष वासना आदिके समय उनमे की गई नित नई आसक्ति और लगनके परिणामस्वरूप नूतन कर्मोको और भी दृढतासे बाधता है, और इस तरह मिथ्यादृष्टि का कर्मचक्र और भी तेजीसे चालू रहता है। जिस प्रकार हमारे भौतिक मस्तिष्कपर अनुभवकी असख्य सीधी टेढी गहरी उथली रेखाए पडती रहती है, एक प्रबल रेखा आई तो उसने पहिलेकी निर्बल रेखाको साफ कर दिया और अपना गहरा प्रभाव कायम कर दिया, दूसरी रेखा पहिलेकी रेखाको या तो गहरा कर देती है या साफ कर देती है और इस तरह अन्तमे कुछ ही अनुभव रेखाएँ अपना अस्तित्व कायम रखती है, उसी तरह आज कुछ राग द्वेषादि जन्य सस्कार उत्पन्न हुए, कर्मबन्धन हुआ, पर दूसरे ही क्षण शील तप सयम और श्रुत आदिकी पुत भावनाओका निमित्त मिला तो पुराने सस्कार धुल जायगे या क्षीण हो जायेगे। यदि दुबारा और भी तीव्र रागादि भाव हुए तो प्रथमबद्ध कर्म-पुद्गलमे और भी तीव्र-

फलदात्री अनुभागशक्ति पड जायगी। इस तरह जीवनके अन्तमे कर्मोका बन्ध निर्जरा उत्कर्षण अपकर्षण आदि होते होते जो रोकड बाकी रहती है वही सूक्ष्म कर्मशरीरके रूपमें परलोक तक जाती है। जैसे तेज अग्निपर उबलती हुई बटलोईमे दाल चावल शाक जो भी डालिए उसका ऊपर नीचे जाकर उफान लेकर नीचे बैठकर अन्तमे एक पाक बन जाता है, उसी तरह प्रतिक्षण बधनेवाले अच्छे या बुरे कर्मोमे शुभभावोमे शुभकर्मोमे रसप्रकर्ष और स्थितिवृद्धि होकर अशुभकर्मोमे रसापकर्ष और स्थितिहानि होकर अनेक प्रकारके ऊचनीच परिवर्तन होते होते अन्तमे एक जातिका पाकयोग्य स्कन्ध बन जाता है, जिसके क्रमोदयमे रागादि सुखदु खादि भाव उत्पन्न होते हैं। अथवा, जैसे उदरमे जाकर आहारका मल मूत्र स्वेद आदि रूपसे कुछ भाग बाहर निकल जाता है कुछ वही हजम होकर रक्तादि धातु रूपसे परिणत होता है और आगे जाकर वीर्यादिरूप बन जाता है, बीचमे चूरन चटनी आदिके योगसे लघुपाक दीर्घपाक आदि अवस्थाएँ भी होती है पर अन्तमे होनेवाले परिपाकके अनुसार ही भोजनमे सुपाकी दुष्पाकी आदि व्यवहार होता है, उसी तरह कर्मका भी प्रतिसमय होनेवाले शुभ अशुभ विचारोके अनुसार तीव्र मन्द मध्यम मृदु मृदुतर आदि रूपमे परिवर्तन बराबर होता रहता है। कुछ कर्म सस्कार ऐसे है जिनमे परिवर्तन नही होता और उनका फल भोगना ही पडता है, पर ऐसे कर्म बहुत कम है जिनमे किसी जातिका परिवर्तन न हो। अधिकाश कर्मामे अच्छे बुरे विचारो के अनुसार उत्कर्षण (स्थिति और अनुभागकी वृद्धि) अपकर्षण (स्थिति और अनुभागकी हानि) सक्रमण (एकका दूसरे रूपमे परिवर्तन) उदीरणा (नियत समयमे पहिले उदयमे ले आना) आदि होते रहते है और अन्तमे शेष कर्मबन्धका एक नियत परिपाकक्रम बनता है। उसमे भी प्रतिसमय परिवर्तनादि होते है। तात्पर्य यह कि यह आत्मा अपने भले बुरे विचारो और आचारोसे स्वय बन्धनमे पडता है और ऐसे सस्कारोको अपनेमे डाल लेता है जिनसे छुटकारा पाना सहज नही होता। जैन सिद्धान्तने उन विचारोके प्रतिनिधिभूत कर्मद्रव्यका इस आत्मासे बध माना है जिससे उस कर्मद्रव्यपर भार पडते ही या उसका उदय आते ही वे भाव आत्मामे उदित होते हैं।

जगत् भौतिक है। वह पुद्गल और आत्मा दोनोसे प्रभावित होता है। जब कर्मका एक भौतिक पिण्ड, जो विशिष्ट शक्तिका केन्द्र है, आत्मासे सम्बद्ध हो गया तब उसकी सूक्ष्म पर तीव्र शक्तिके अनुसार बाह्य पदार्थ भी प्रभावित होते है। बाह्य पदार्थोके समवधानके अनुसार कर्मोका यथासभव प्रदेशोदय या फलोदय रूपमे परिपाक होता रहता है। उदयकालमे होनेवाले तीव्र मन्द मध्यम शुभ अशुभ भावोके अनुसार आगे उदय आनेवाले कर्मोके रसदानमे अन्तर पड जाता है। तात्पर्य यह कि बहुत कुछ कर्मोका फल देना या अन्य रूपमे देना या न देना हमारे पुरुषार्थके ऊपर निर्भर है।

इस तरह जैन दर्शनमे यह आत्मा अनादिसे अशुद्ध माना गया है और वह प्रयोगसे शुद्ध हो सकता है। शुद्ध होनेके बाद फिर कोई कारण अशुद्ध होनेका नही रह जाता। आत्माके प्रदेशोमे सकोच विस्तार भी कर्मके निमित्तसे ही होता है। अत कर्म निमित्तके हट जानेपर आत्मा अपने अन्तिम आकारमे रह जाता है और ऊर्ध्व लोकमे लोकाग्रभागमे स्थिर हो अपने अनन्त चैतन्यमे प्रतिष्ठित हो जाता है।

इस **आत्माका स्वरूप** उपयोग है। आत्माकी चैतन्यशक्तिको उपयोग कहते है। यह चिति शक्ति बाह्य अभ्यन्तर कारणोसे यथासभव ज्ञानाकार पर्यायको और दर्शनाकार पर्यायको धारण करती है। जिस समय यह चैतन्यशक्ति ज्ञेयको जानती है उस समय साकार होकर ज्ञान कहलाती है तथा जिस समय मात्र चैतन्याकार रहकर निराकार रहती है तब दर्शन कहलाती है। ज्ञान और दर्शन क्रमसे होनेवाली पर्याऐं है। निरावरण दशामे चैतन्य अपने शुद्ध चैतन्य रूपमे लीन रहता है। इस अनिर्वचनीय स्वरूपमात्र प्रतिष्ठित आत्ममात्र दशाको ही निर्वाण कहते है। निर्वाण अर्थात् वासनाओका निर्वाण। स्वरूपसे अमूर्तिक होकर भी यह आत्मा अनादि कर्मबन्धनबद्ध होनेके कारण मूर्तिक हो रहा है और कर्मबन्धन हटते ही फिर अपनी शुद्ध अमूर्तिक दशामे पहुँच जाता है। यह आत्मा अपनी शुभ अशुभ परिणतियोका कर्ता है।

और उनके फलोका भोक्ता है। उसमे स्वय परिणमन होता है। उपादान रूपमे यही आत्मा राग द्वेष, मोह, अज्ञान क्रोध आदि विकार परिणामोको धारण करता है और उसके फलोको भोगता है। ससार दशामे कर्मके अनुसार नानाविध योनियोमे शरीरोका धारण करता है पर मुक्त होते ही स्वभावत ऊर्ध्वगमन करता है और लोकाग्रभागमे सिद्धलोकमे स्वरूपप्रतिष्ठित हो जाता है।

अत महावीरने वन्ध मोक्ष और उसके कारणभूत तत्त्वोके सिवाय इस आत्मा का भी ज्ञान आवश्यक वताया जिसे शुद्ध होना है तथा जो अशुद्ध हो रहा है। आत्माकी अशुद्ध दशा स्वरूपप्रच्युतिरूप है और यह स्वस्वरूपको भूलकर परपदार्थोमे ममकार और अहकार करनेके कारण हुई है। अत इस अशुद्ध दशाका अन्त भी स्वरूपज्ञानसे ही हो सकता है। जव इस आत्माको यह तत्त्वज्ञान होता है कि--"मेरा स्वरूप तो अनन्त चैतन्यमय वीतराग निर्मोह निष्कपाय शान्त निश्चल अप्रमत्त ज्ञानरूप है। इस स्वरूपको भूलकर पर पदार्थोमे ममकार तथा शरीरको अपना माननेके कारण राग द्वेष मोह कपाय प्रमाद मिथ्यात्व आदि विकाररूप मेरा परिणमन हो गया है और इन कपायोकी ज्वालामे मेरा स्व समल और चचल हो रहा है। यदि पर पदार्थोसे ममकार और रागादिभावोसे अहकार हट जाय तथा आत्मपरविवेक हो जाय तो यह अशुद्ध दशा ये वासनाएँ अपने आप क्षीण हो जॉयगी ।।" तो यह विकारो को क्षीण करता हुआ निर्विकार चैतन्यरूप होता जाता है। इसी शुद्धिकरण को मोक्ष कहते हैं। यह मोक्ष जवतक शुद्ध आत्मस्वरूपका वोध न हो तवतक कैसे हो सकता है ?

बुद्धके तत्त्वज्ञानका प्रारम्भ दुखसे होता है और उसकी समाप्ति दुखनिवृत्ति मे होती है। पर महावीर वन्ध और मोक्षके आधारभूत आत्माको ही मूलत तत्त्वज्ञानका आधार बनाते है। बुद्धको आत्मा शब्दसे ही चिढ है। वे समझते हैं कि आत्मा अर्थात् उपनिषदवादियोका नित्य आत्मा। और नित्य आत्मामे स्नेह होनेके कारण स्वबुद्धि और दूसरे पदार्थोमे परवुद्धि होने लगती है। स्व-पर विभागसे रागद्वेप और राग द्वेषमे यह ससार वन जाता है। अत सर्वानर्थमूल यह आत्मदृष्टि है। पर वे इस ओर ध्यान नही देते कि 'आत्मा' की नित्यता या अनित्यता राग और विरागका कारण नही हैं। राग और विराग तो स्वरूपानववोध और स्वरूपबोध से होते है। रागका कारण पर पदार्थोमे ममकार करना है। जव इस आत्माको समझाया जायगा कि "मर्ख, तेरा स्वरूप तो निर्विकार अखण्ड चैतन्य है। तेरा इन स्त्री पुत्र शरीरादि मे ममत्व करना विभाव है स्वभाव नही।" तव यह सहज ही अपने निर्विकार सहज स्वभावकी ओर दृष्टि डालेगा और इसी विवेक दृष्टि या सम्यग्दर्शनसे पर पदार्थोसे रागद्वेप हटाकर स्वरूपमे लीन होने लगेगा। इसीके कारण आस्रव रुकने है और चित्त निरास्रव होता है।

आत्मदृष्टि ही बन्धोच्छेदिका—विश्वका प्रत्येक द्रव्य अपने गुण और पर्यायोका स्वामी है। जिस तरह अनन्त चेतन अपना पृथक् अस्तित्व रखते है उसी तरह अनन्त पुदगल परमाणु एक धर्म द्रव्य (गति सहायक) एक अधर्म द्रव्य (स्थिति सहकारी) एक आकाशद्रव्य (क्षेत्र) असख्य कालाणु अपना पृथक् अस्तित्व रखते हैं। प्रत्येक द्रव्य प्रति समय परिवर्तित होता है। परिवर्तनका अर्थ विलक्षण परिणमन ही नही होना। धर्मद्रव्य अधर्मद्रव्य आकाश और कालद्रव्य इनका विभाव परिणमन नही होता, ये सदा सदृश परिणमन ही करते है। प्रतिक्षण परिवर्तन होनेपर भी एक जैसे वने रहते है। इनका शुद्ध परिणमन ही रहता है। रूप रस गन्ध और स्पर्शवाले पुद्गल परमाणु प्रतिक्षण शुद्ध परिणमन भी करते है। इनका अशुद्ध परिणमन है स्कन्ध वनना। जिस समय ये शुद्ध परमाणु की दशामे रहते है उस समय इनका शुद्ध परिणमन होना है और जव ये दो या अधिक मिलकर स्कन्ध वन जाते है तव अशुद्ध परिणमन होता है। जीव जवतक ससार दशामे है और अनेकविध सूक्ष्म कर्मशरीरसे वद्ध होनेके कारण अनेक स्थूल शरीरोको धारण करता है तवतक इसका विभाव या विकारी परिणमन है। जव स्वरूप-वोधके द्वारा पर पदार्थोसे मोह हटाकर स्वरूपमात्र-मग्न होता है तव स्थूल शरीरके साथ ही सूक्ष्म कर्मशरीरका भी उच्छेद होनेपर निर्विकार शुद्ध चैतन्य मात्र

रह जाता है और अनन्त कालतक अपनी शुद्ध चिन्मात्र दशामें बना रहता है। (फिर इसका विभाव या अशुद्ध परिणमन नहीं होता क्योंकि विभाव परिणमन की उपादानभूत रागादि सन्तति उच्छिन्न हो चुकी है। इस प्रकार द्रव्य स्थिति है)। जो पर्याय प्रथमक्षणमें है वह दूसरे क्षणमें नहीं रहती है। कोई भी पर्याय दो क्षण ठहरनेवाली नहीं है। प्रत्येक द्रव्य अपनी पर्यायका उपादान है। दूसरा द्रव्य चाहे वह सजातीय हो या विजातीय निमित्त ही हो सकता है, उपादान नहीं। पुद्गलमें अपनी योग्यता ऐसी है जो दूसरे परमाणु-से सम्बन्ध करके स्वभावतः अशुद्ध बन जाता है पर आत्मा स्वभावमें अशुद्ध नहीं बनता। एक बार शुद्ध होने पर वह कभी भी फिर अशुद्ध नहीं होगा।

इस तरह इस प्रतिक्षण परिवर्तनशील अनन्तद्रव्यमय लोकमें मैं एक आत्मा हूँ। मेरा किसी दूसरे आत्मा या पुद्गल आदि द्रव्योंसे कोई सम्बन्ध नहीं है। मैं अपने चैतन्यका स्वामी हूँ, मात्र चैतन्यरूप हूँ। यह शरीर अनन्त पुद्गल परमाणुओंका एक पिण्ड है, इसका मैं स्वामी नहीं हूँ। यह सब पर द्रव्य है। इसके लिए पर पदार्थोंमें इष्ट अनिष्ट बुद्धि करना ही संसार है। मैं एक व्यक्ति हूँ। आजतक मैंने पर पदार्थोंको अपने अनुकूल परिणमन करानेकी अनधिकार चेष्टा की। मैंने यह भी अनधिकार चेष्टा की कि संसारके अधिकसे अधिक पदार्थ मेरे अधीन हों, जैसा मैं चाहूँ वैसा परिणमन करें। उनकी वृत्ति मेरे अनुकूल हो। पर मूर्ख, तू तो एक व्यक्ति है। अपने परिणमन पर अर्थात् अपने विचारों पर और अपनी क्रियापर ही अधिकार रख सकता है, पर पदार्थों पर तेरा वास्तविक अधिकार क्या है? यह अनधिकार चेष्टा ही राग द्वेषको उत्पन्न करती है। तू चाहता है कि-शरीर प्रकृति स्त्री पुत्र परिजन आदि सब तेरे इशारेपर चलें, संसारके समस्त पदार्थ तेरे अधीन हों, तू त्रैलोक्य-को इशारेपर नचानेवाला एकमात्र ईश्वर बन जाय। पर यह सब तेरी निरधिकार चेष्टाएँ हैं। तू जिस तरह संसारके अधिकतम पदार्थोंको अपने अनुकूल परिणमन कराके अपने अधीन करना चाहता है उसी तरह तेरे जैसे अनन्त मूढ चेतन भी यही दुर्वासना लिए हैं और दूसरे द्रव्योंको अपने अधीन करना चाहते हैं। इसी छीनाझपटीमें संघर्ष होता है, हिंसा होती है, राग द्वेष होता है और अन्तत दुःख। सुख और दुःखकी स्थूल परिभाषा यह है कि 'जो चाहे सो होवे' इसे कहते हैं सुख और 'चाहे कुछ और होवे कुछ, या जो चाहे सो न हो' यही है दुःख। मनुष्यकी चाह सदा यही रहती है कि मुझे सदा इष्टका संयोग रहे, अनिष्टका संयोग न हो, चाहके अनुसार समस्त भौतिक जगत् और चेतन परिणत होते रहें, शरीर चिर यौवन रहे, स्त्री स्थिरयौवना हो, मृत्यु न हो, अमरत्व प्राप्त हो, धन धान्य हो, प्रकृति अनुकूल रहे, और न जाने कितनी प्रकारकी 'चाह' इस शेखचिल्ली मानवको होती रहती है। उन सबका निचोड यह है कि जिन्हे हम चाहें उनका परिणमन हमारे इशारे पर हों, तब इस मूढ मानवको क्षणिक सुखका आभास हो सकता है। बुद्धने जिस दुःखको सर्वानुभूत बताया वह सब अभाव-कृत ही तो है। महावीरने इस तृष्णाका कारण बताया—स्वस्वरूपकी मर्यादाका अज्ञान। यदि मनुष्य-को यह पता हो कि जिनकी मैं चाह करता हूँ, जिनकी तृष्णा करता हूँ वे पदार्थ मेरे नहीं हैं, मैं तो एक चिन्मात्र हूँ, तो उसे अनुचित तृष्णा ही उत्पन्न न होगी। कवि युगवीरने बहुत सुन्दर लिखा है—

"जगके पदार्थ सारे वर्तें इच्छानुकूल जो तेरी।
तो तुझको सुख होवे, पर ऐसा हो नहीं सकता॥
क्योंकि परिणमन उनका शश्वत उनके अधीन रहता है।
जो निज अधीन चाहे वह व्याकुल व्यर्थ होता है॥
इससे उपाय सुखका सच्चा स्वाधीन वृत्ति है अपनी।
रागद्वेषविहीना क्षणमें सब दुःख हरती जो॥"

सारांश यह कि दुःखका कारण तृष्णा है और तृष्णाकी उद्भूति स्वाधिकार एवं स्वस्वरूपके अज्ञानके कारण होती है, पर पदार्थोंको अपना माननेके कारण होती है। अतः उसका उच्छेद भी स्वस्वरूपके यथार्थ परिज्ञानसे या स्वपरविवेकसे ही हो सकता है। इस मानवने अपने आत्माके स्वरूप और उसके अधिकारकी सीमाको न जानकर सदा मिथ्या आचरण किया और पर पदार्थोंके निमित्तसे जगतमें अनेक कल्पित ऊँच नीच भावोंकी सृष्टि कर मिथ्या अहंकारका पोषण किया। शरीराश्रित या जीविकाश्रित ब्राह्मण क्षत्रियादि वर्णोंको लेकर ऊँच नीच व्यवहारकी भेदक भित्ति खड़ी कर मानवको मानवसे इतना जुदा कर दिया जो एक उच्चाभिमानी मांसपिंड दूसरेकी छायासे या दूसरेको छूनेसे अपनेको अपवित्र मानने लगा। बाह्य परपदार्थोंके संग्रही और परिग्रही को सम्राट् राजा आदि संज्ञाएँ देकर तृष्णा की पूजा की। इस जगतमें जितने संघर्ष और हिंसाएँ हुई हैं वे सब पर पदार्थोंकी छीनाझपटीके कारण ही हुई हैं। अतः जब तक मुमुक्षु अपने वास्तविक रूपको तथा तृष्णाके मूल कारण 'परमें आत्मबुद्धि' को नहीं समझ लेता तब तक दुःखनिवृत्तिकी समुचित भूमिका ही तैयार नहीं हो सकती। बुद्धने संक्षेपमें पाँच स्कन्धोंको दुःख कहा है, पर महावीरने उसके भीतरी तत्त्वज्ञानको बताया—चूँकि ये स्कन्ध आत्मरूप नहीं हैं अतः इनका संसर्ग ही अनेक रागादिभावोंका सर्जक है, अतः ये दुःखस्वरूप हैं। अतः निराकुल सुखका उपाय आत्ममात्रनिष्ठा और पर पदार्थोंसे ममत्वका हटाना ही है। इसके लिए आत्मदृष्टि ही आवश्यक है। आत्मदर्शनका उपर्युक्त प्रकार परपदार्थोंसे द्वेष करना नहीं सिखाता किन्तु यह बताता है कि इनमें जो तुम्हारी तृष्णा फैल रही है वह अनधिकार चेष्टा है। वास्तविक अधिकार तो तुम्हारा अपने विचार और अपनी प्रवृत्ति पर ही है। इस तरह आत्माके वास्तविक स्वरूपका परिज्ञान हुए बिना दुःखनिवृत्ति या मुक्तिकी संभावना ही नहीं की जा सकती। अतः धर्मकीर्तिकी यह आशंका भी निर्मूल है कि—

"आत्मनि सति परसंज्ञा स्वपरविभागात् परिग्रहद्वेषौ।
अनयोः संप्रतिबद्धाः सर्वे दोषाः प्रजायन्ते॥" [प्रमाण वा० १।२२१]

अर्थात् आत्माको माननेपर दूसरोंको पर मानना होगा। स्व और पर विभाग होते ही स्वका परिग्रह और परसे द्वेष होगा। परिग्रह और द्वेष होनेसे रागद्वेषमूलक सैकड़ों अन्य दोष उत्पन्न होते हैं।

यहाँ तक तो ठीक है कि कोई व्यक्ति आत्माको स्व और आत्मेतरको पर मानेगा। पर स्व-परविभागसे परिग्रह और द्वेष कैसे होंगे? आत्मस्वरूपका परिग्रह कैसा? परिग्रह तो शरीर आदि पर पदार्थोंका और उसके सुखसाधनोंका होता है जिन्हें आत्मदर्शी व्यक्ति छोड़ेगा ही ग्रहण नहीं करेगा। उसे तो जैसे स्त्री आदि सुखसाधन पर हैं वैसे शरीर भी। राग और द्वेषभी शरीरादिके सुखसाधनों और असाधनोंमें होते हैं सो आत्मदर्शीको क्यों होंगे? उलटे आत्मद्रष्टा शरीरादिनिमित्तक यावत् रागद्वेष द्वन्द्वोंके त्यागका ही स्थिर प्रयत्न करेगा। हाँ, जिसने शरीरस्कन्धको ही आत्मा माना है उसे अवश्य आत्मदर्शनसे शरीरदर्शन प्राप्त होगा और शरीरके इष्टानिष्टनिमित्तक पदार्थोंमें परिग्रह और द्वेष हो सकते हैं किन्तु जो शरीरको भी पर ही मान रहा है तथा दुःखका कारण समझ रहा है वह क्यों उससे तथा उसके इष्टानिष्ट साधनोंमें रागद्वेष करेगा? अतः शरीरादिसे भिन्न आत्मस्वरूपका परिज्ञान ही रागद्वेषकी जड़को काट सकता है और वीतरागताको प्राप्त करा सकता है। अतः धर्मकीर्तिका आत्मदर्शनकी बुराइयोंका यह वर्णन भी नितान्त भ्रमपूर्ण है—

"यः पश्यत्यात्मानं तत्रास्याहमिति शाश्वतः स्नेहः।
स्नेहात् सुखेषु तृष्यति तृष्णा दोषांस्तिरस्कुरुते॥
गुणदर्शी परितृष्यन् ममेति तत्साधनान्युपादत्ते।
तेनात्माभिनिवेशो यावत् तावत् स संसारे॥" [प्रमाणवा० १।२१९-२०]

अर्थात् जो आत्माको देखता है उसे यह मेरा आत्मा है ऐसा नित्य स्नेह होता है। स्नेहसे आत्मसुखमें तृष्णा होती है। तृष्णासे आत्माके अन्य दोषोंपर दृष्टि नहीं जाती, गुण ही गुण दिखाई देते हैं। आत्मगुण-में गुण देखनेसे उसके साधनोंमें ममकार उत्पन्न होता है, उन्हें वह ग्रहण करता है। इस तरह जब तक आत्माका अभिनिवेश है तब तक संसार ही है। क्योंकि–

आत्मदर्शी व्यक्ति जहाँ अपने आत्मस्वरूपको उपादेय समझता है वहाँ यह भी तो समझता है कि शरीरादि पर पदार्थ आत्माके हितकारक नहीं हैं। इनमें रागद्वेष करना ही आत्माको बन्धमें डालनेवाला है। आत्माको स्वरूपमात्रप्रतिष्ठारूप सुखके लिए किसी साधनके ग्रहण करनेकी आवश्यकता नहीं है, किन्तु जिन शरीरादि परपदार्थोंमें सुखसाधनत्वकी मिथ्याबुद्धि कर रखी है वह मिथ्याबुद्धि ही छोड़ना है। आत्मगुणका दर्शन आत्ममात्रमें लीनताका कारण होगा न कि बन्धनकारक पर पदार्थोंके ग्रहणका। शरीरादि पर पदार्थोंमें होनेवाला आत्माभिनिवेश अवश्य रागादिका सर्जक हो सकता है किन्तु शरीरादिसे भिन्न आत्मतत्त्वका दर्शन क्यों शरीरादिमें रागादि उत्पन्न करेगा? यह तो धर्मकीर्ति तथा उनके अनुयायिओंका आत्मतत्त्वके अव्याकृत होनेके कारण दृष्टिव्यामोह है जो वे अवेरेमें उसका शरीरस्कन्धरूप ही स्वरूप टटोल रहे हैं और आत्मदृष्टिको मिथ्यादृष्टि कहनेका दुःसाहस कर रहे हैं। एक ओर वे पृथिवी आदि भूतोंसे आत्माकी उत्पत्तिका खंडन भी करते हैं दूसरी ओर रूप-वेदना संज्ञा संस्कार और विज्ञान इन पाँच स्कन्धोंसे व्यतिरिक्त किसी आत्माको मानना भी नहीं चाहते। इनमें वेदना संज्ञा संस्कार और विज्ञान ये चार स्कन्ध चेतनात्मक हो सकते हैं पर रूपस्कन्धको चेतन कहना चार्वाकके भूतात्मवाद से कोई विशेषता नहीं रखता। जब बुद्ध स्वयं आत्माको अव्याकृतकोटिमें डाल गए तो उनके शिष्योंका युक्तिमूलक दार्शनिक क्षेत्रोंमें भी आत्माके विषयमें परस्पर विरोधी दो विचारोंमें दोलित रहना कोई आश्चर्यकी बात नहीं है। आज राहुल सांकृत्यायन बुद्धके इन विचारोंको 'अभौतिकअनात्मवाद' जैसे उभयप्रतिषेधक नामसे पुकारते हैं। वे यह नहीं बता सकते कि आखिर फिर आत्मा का स्वरूप है क्या? क्या उसकी रूपस्कन्धकी तरह स्वतन्त्र सत्ता है? क्या वेदना संज्ञा संस्कार और विज्ञान ये स्कन्ध भी रूपस्कन्धकी तरह स्वतन्त्रसत् हैं? और यदि निर्वाणमें चित्त-सन्तति निरुद्ध हो जाती है तो चार्वाकके एकजन्मतक सीमित देहात्मवादसे इस अनेकजन्म-सीमित देहात्मवादमें क्या मौलिक विशेषता रहती है? अन्तमें तो उसका निरोध हुआ ही।

महावीर इस असंगतिजालमें न तो स्वयं पड़े और न शिष्योंको ही उनने इसमें डाला। यही कारण है जो उन्होंने आत्माका पूरा पूरा निरूपण किया और उसे स्वतन्त्र द्रव्य माना। जैसा कि मैं पहिले लिख आया हूँ कि धर्मका लक्षण है वस्तुका स्व-स्वभावमें स्थिर होना। आत्माका खालिस आत्मरूपमें लीन होना ही धर्म है और मोक्ष है। यह मोक्ष आत्मतत्त्वकी जिज्ञासाके बिना हो ही नहीं सकता।

आत्मा तीन प्रकारके हैं–बहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा। जो आत्माएँ शरीरादिको ही अपना रूप मानकर उनकी ही प्रिय साधनामें लगे रहते हैं वे बहिर्मुख बहिरात्मा हैं। जिन्हें स्वपरविवेक या भेद-विज्ञान उत्पन्न हो गया है, शरीरादि बहिःपदार्थोंसे आत्मदृष्टि हट गई है वे सम्यग्दृष्टि अन्तरात्मा हैं। जो समस्त कर्ममल कलंकोंसे रहित होकर शुद्ध चिन्मात्र स्वरूपमें मग्न हैं वे परमात्मा हैं। एक ही आत्मा अपने स्वरूपका यथार्थ परिज्ञान कर अन्तर्दृष्टि हो क्रमशः परमात्मा बन जाता है। अतः आत्मधर्मकी प्राप्तिके लिए या बन्धमोक्षके लिए आत्मतत्त्वका परिज्ञान नितान्त आवश्यक है।

जिस प्रकार आत्मतत्त्वका ज्ञान आवश्यक है उसी प्रकार जिन अजीवोंके सम्बन्धसे आत्मा विकृत होता है, उसमें विभावपरिणति होती है उस अजीवतत्त्वके ज्ञानकी भी आवश्यकता है। जब तक इस अजीवतत्त्वको नहीं जानेंगे तब तक किन दोमें बन्ध हुआ यह मूल बात ही अज्ञात रह जाती है। अतः अजीवतत्त्वका ज्ञान जरूरी है। अजीवतत्त्वमें चाहे धर्म अधर्म आकाश और कालका सामान्य ज्ञान ही हो पर पुद्गलका किंचित्

विशेष ज्ञान अपेक्षित है। शरीर स्वय पुद्गलपिंड है। यह चेतनके ससर्गसे चेतनायमान हो रहा है। जगत्मे रूप रस गन्ध और स्पर्शवाले यावत् पदार्थ पौद्गलिक है। पृथिवी जल अग्नि वायु सभी पौद्गलिक है। इनमे किसीमे कोई गुण उद्भूत रहता है किसीमे कोई गुण। अग्निमे रस अनुद्भूत है, वायुमे रूप अनुद्भूत है जलमे गन्ध अनुद्भूत है। पर, ये सब विभिन्न जातीय द्रव्य नही है किन्तु एक पुद्गलद्रव्य ही है। शब्द, प्रकाश, छाया, अन्धकार आदि पुद्गल स्कन्धकी पर्यायें है। विशेषत मुमुक्षुके लिए यह जानना जरूरी है कि शरीर पुद्गल है और आत्मा इससे पृथक् है। यद्यपि आज अशुद्ध दशामे आत्माका ९९ प्रतिशत विकास और प्रकाश शरीराधीन है। शरीरके पुर्जोके बिगडते ही वर्तमान ज्ञानविकास रुक जाता है और शरीरके नाश होनेपर वर्तमानशक्तियाँ प्राय समाप्त हो जाती है फिर भी आत्मा स्वतन्त्र और शरीरके अतिरिक्त भी उसका अस्तित्व परलोकके कारण सिद्ध है। आत्मा अपने सूक्ष्म कार्मण शरीरके अनुसार वर्तमान स्थूल शरीरके नष्ट हो जानेपर भी दूसरे स्थूल शरीरको धारण कर लेता है। आज आत्माके सात्त्विक राजस या तामस सभी प्रकारके विचार या सस्कार शरीरकी स्थितिके अनुसार विकसित होते है। अत मुमुक्षुके लिए इस शरीर पुद्गलकी प्रकृतिका परिज्ञान नितान्त आवश्यक है जिससे वह इसका उपयोग आत्मविकासमे कर सके, ह्रासमे नही। यदि उत्तेजक या अपथ्य आहार-विहार होता है तो कितना ही पवित्र विचार करनेका प्रयत्न किया जाय पर सफलता नही मिल सकती। इसलिए बुरे सस्कार और विचारोका शमन करनेके लिए या क्षीण करनेके लिए उनके प्रबल निमित्तभूत शरीरकी स्थिति आदिका परिज्ञान करना ही होगा। जिन पर पदार्थोसे आत्माको विरक्त होना है या उन्हे पर समझकर उनके परिणमन पर जो अनधिकृत स्वामित्वके दुर्भाव आरोपित है उन्हे नष्ट करना है उस परका कुछ विशेष ज्ञान तो होना ही चाहिए, अन्यथा विरक्ति किससे होगी? साराश यह कि जिसे बधन होता है और जिससे बधता है उन दोनो तत्त्वोका यथार्थ दर्शन हुए विना बन्ध परम्परा कट नही सकती। इस तत्त्वज्ञानके विना चारित्रकी ओर उत्साह ही नही हो सकता। चारित्रकी प्रेरणा विचारोसे ही मिलती है।

बन्ध—बन्ध दो पदार्थोके विशिष्ट सम्बन्धको कहते है। बन्ध दो प्रकारका है—एक भावबन्ध और दूसरा द्रव्यबन्ध। जिन राग द्वेष मोह आदि विभावोसे कर्मवर्गणाओका बध होता है उन रागादिभावोको भावबध कहते है और कर्मवर्गणाओका आत्मप्रदेशोसे सम्बन्ध होना द्रव्यबन्ध कहलाता है। द्रव्यबन्ध आत्मा और पुद्गलका है। यह निश्चित है कि दो द्रव्योका सयोग ही हो सकता है तादात्म्य नही। पुद्गलद्रव्य परस्परमे बन्धको प्राप्त होते है तो एक विशेष प्रकारके सयोगको ही प्राप्त करते है। उनमे स्निग्धता और रूक्षता के कारण एक रासायनिक मिश्रण होता है जिससे उस स्कन्धके अन्तर्गत सभी परमाणुओकी पर्याय बदलती है और वे ऐसी स्थितिमे आ जाते है कि अमुक समय तक उन सबकी एक जैसी ही पर्याएँ होती रहती है। स्कन्धके रूप रसादिका व्यवहार तदन्तर्गत परमाणुओके रूपरसादिपरिणमनकी औसतसे होता है। कभी कभी एक ही स्कन्धके अमुक अशमे रूप रसादि अमुक प्रकारके हो जाते है और दूसरी ओर दूसरे प्रकारके। एक ही आम स्कन्ध एक ओर पककर पीला मीठा और सुगन्धित हो जाता है तो दूसरी ओर हरा खट्टा और विलक्षण गन्धवाला बना रहता है। इससे स्पष्ट है कि स्कन्धमे शिथिल या दृढ बन्धके अनुसार तदन्तर्गत परमाणुओके परिणमनकी औसतसे रूपरसादि व्यवहार होते है। स्कन्ध अपनेमे स्वतन्त्र कोई द्रव्य नही है। किन्तु वह अमुक परमाणुओ की विशेष अवस्था ही है। और अपने आधारभूत परमाणुओके अधीन ही उसकी दशा रहती है। पुद्गलोके बन्धमे यही रासायनिकता है कि उस अवस्थामे उनका स्वतन्त्र विलक्षण परिणमन नही हो सकता किन्तु एक जैसा परिणमन होना रहता है। परन्तु आत्मा और कर्मपुद्गलोका ऐसा रासायनिक मिश्रण हो ही नही सकता। यह बात जुदा है कि कर्मस्कन्धके आ जानेसे आत्माके परिणमनमे विलक्षणता आ जाय और आत्माके निमित्तसे कर्मस्कन्धकी परिणति विलक्षण हो जाय पर इससे आत्मा और पुद्गलकर्मके बन्धको रासायनिक मिश्रण नही कह सकते। क्योकि जीव और कर्मके बन्धमे दोनोकी एक जैसी पर्याय नही होती। जीवकी पर्याय चेतन

रूप होगी, पुद्गलकी अचेतनरूप। पुद्गलका परिणमन रूप रस गन्धादिरूप होगा, जीव का चैतन्यके विकाररूप। हाँ, यह वास्तविक स्थिति है कि नूतन कर्मपुद्गलोंका पुराने बंधे हुए कर्मशरीरके साथ रासायनिक मिश्रण हो और वह उस पुराने कर्मपुद्गलके साथ बंधकर उसी स्कन्धमें शामिल हो जाय। होता भी यही है। पुराने कर्मशरीरसे प्रतिक्षण अमुक परमाणु झरते हैं और दूसरे कुछ नए शामिल होते हैं। परन्तु आत्मप्रदेशोंसे उनका बन्ध रासायनिक बिलकुल नहीं है। वह तो मात्र संयोग है। प्रदेशबन्धकी व्याख्या तत्त्वार्थसूत्रकारने यही की है—"**नामप्रत्ययाः सर्वतो योगविशेषात् सूक्ष्मैकक्षेत्रावगाहस्थिताः सर्वात्मप्रदेशेष्वनन्तानन्तप्रदेशाः।**" (तत्त्वार्थसूत्र ८।२४) अर्थात् योगके कारण समस्त आत्म प्रदेशोंपर सूक्ष्म पुद्गल आकर एकक्षेत्रावगाही हो जाते हैं। इसीका नाम प्रदेशबन्ध है। द्रव्यबन्ध भी यही है। अतः आत्मा और कर्मशरीरका एकक्षेत्रावगाहके सिवाय अन्य कोई रासायनिक मिश्रण नहीं होता। रासायनिक मिश्रण नवीन कर्मपुद्गलोंका प्राचीन कर्मपुद्गलोंसे ही हो सकता है, आत्मप्रदेशोंसे नहीं।

जीवके रागादिभावोंसे जो योगक्रिया अर्थात् आत्मप्रदेशोंका परिस्पन्द होता है उससे कर्मवर्गणाएँ खिचती हैं। वे शरीरके भीतरसे भी खिचती हैं बाहिरसे भी। खिचकर आत्मप्रदेशोंपर या प्राक्बद्ध कर्मशरीरसे बन्धको प्राप्त होती हैं। इस योगसे उन कर्मवर्गणाओंमें प्रकृति अर्थात् स्वभाव पड़ता है। यदि वे कर्मपुद्गल किसीके ज्ञानमें बाधा डालने रूप क्रियासे खिचे हैं तो उनमें ज्ञानावरणका स्वभाव पड़ेगा और यदि रागादि कषायसे तो उनमें चारित्रावरणका। आदि। तात्पर्य यह कि आए हुए कर्म पुद्गलोंको आत्मप्रदेशोंसे एकक्षेत्रावगाही कर देना और उनमें ज्ञानावरण दर्शनावरण आदि स्वभावोंका पड़ जाना योगसे होता है। इन्हें प्रदेशबन्ध और प्रकृतिबन्ध कहते हैं। कषायोंकी तीव्रता और मन्दता के अनुसार उस कर्मपुद्गलमें स्थिति और फल देनेकी शक्ति पड़ती है यह स्थितिबन्ध और अनुभाग बन्ध कहलाता है। ये दोनों बन्ध कषायसे होते हैं। केवली अर्थात् जीवन्मुक्त व्यक्तिको रागादि कषाय नहीं होतीं अतः उनके योगके द्वारा जो कर्मपुद्गल आते हैं वे द्वितीय समयमें झड़ जाते हैं, उनका स्थितिबन्ध और अनुभाग बन्ध नहीं होता। बन्ध प्रतिक्षण होता रहता है और जैसा कि मैं पहिले लिख आया हूँ कि उसमें अनेक प्रकारका परिवर्तन प्रतिक्षणभावी कषायादिके अनुसार होता रहता है। अन्तमें कर्मशरीरकी जो स्थिति रहती है उसके अनुसार फल मिलता है। उन कर्मनिषेकोंके उदयसे बाह्य वातावरण पर वैसा वैसा असर पड़ता है। अन्तरंगमें वैसे वैसे भाव होते हैं। आयुर्बन्धके अनुसार स्थूल शरीर छोड़नेपर उन उन योनियोंमें जीवको नया स्थूल शरीर धारण करना पड़ता है। इस तरह यह बन्धचक्र जबतक राग द्वेष मोह वासनाएं आदि विभाव भाव हैं बराबर चलता रहता है।

बन्धहेतु आस्रव—मिथ्यात्व अविरति प्रमाद कषाय और योग ये पांच बन्धके कारण हैं। इन्हें आस्रवप्रत्यय भी कहते हैं। जिन भावोंके द्वारा कर्मोंका आस्रव होता है उन्हें भावास्रव कहते हैं और कर्मद्रव्यका आना द्रव्यास्रव कहलाता है। पुद्गलोंमें कर्मत्व प्राप्त हो जाना भी द्रव्यास्रव कहलाता है। आत्मप्रदेशतक उनका आना द्रव्यास्रव है। जिन भावोंसे वे कर्म खिचते हैं उन्हें भावास्रव कहते हैं। प्रथमक्षणभावी भावोंको भावास्रव कहते हैं और अग्रिम क्षणभावी भावोंको भाव बन्ध। भावास्रव जैसा तीव्र मन्द मध्यमात्मक होगा तज्जन्य आत्मप्रदेशपरिस्पन्दसे वैसे कर्म आयेंगे और आत्मप्रदेशोंसे बंधेंगे। भावबन्धके अनुसार उस स्कन्धमें स्थिति और अनुभाग पड़ेगा। इन आस्रवोंमें मुख्य अनन्तकर्मबन्धक आस्रव है मिथ्यात्व अर्थात् मिथ्या दृष्टि। यह जीव अपने आत्मस्वरूपको भूलकर शरीरादि पर द्रव्योंमें आत्मबुद्धि करता है और इसके समस्त विचार और क्रियाएँ उन्हीं शरीराश्रित व्यवहारोंमें उलझी रहती हैं। लौकिक यशोलाभ आदिकी दृष्टिसे ही यह धर्म जैसी क्रियाओंका आचरण करता है। स्व-पर विवेक नहीं रहता। पदार्थोंके स्वरूपमें भ्रान्ति बनी रहती है। तात्पर्य यह कि लक्ष्यभूत कल्याणमार्गमें ही इसकी सम्यक् श्रद्धा नहीं होती। वह सहज और गृहीत दोनों प्रकारकी मिथ्या दृष्टियोंके कारण तत्त्वरुचि नहीं कर पाता। अनेक प्रकारकी देव गुरु तथा लोकमूढताओंको धर्म समझता है। शरीर और शरीराश्रित स्त्री पुत्र कुटुम्बादिके मोहमें उचित अनुचितका विवेक किए बिना

भीषण अनर्थ परम्पराओका सृजन करता है। तुच्छ स्वार्थके लिए मनुष्य जीवनको व्यर्थ ही खो देता है। अनेक प्रकारके ऊच नीच भेदोकी सृष्टि करके मिथ्या अहकारका पोषण करता है। जिस किसी भी देवको जिस किसी भी वेषधारी गुरुको जिस किसी भी शास्त्रको भय आशा स्नेह और लोभसे माननेको तैयार हो जाता है। न उसका अपना कोई सिद्धान्त है और न व्यवहार। थोडेसे प्रलोभनसे वह सब अनर्थ करने को प्रस्तुत हो जाता है। जाति, ज्ञान, पूजा, कुल, बल, ऋद्धि, तप और शरीर आदिके कारण मदमत्त होता है और अन्योको तुच्छ समझकर उनका तिरस्कार करता है। भय, आकाड्क्षा, घृणा, अन्यदोषप्रकाशन आदि दुर्गुणोका केन्द्र होता है। इसकी प्रवृत्तिके मूलमे एक ही बात है और वह है स्व-स्वरूपविभ्रम। उसे आत्मस्वरूपका कोई श्रद्धान नही। अत वह बाह्य पदार्थोमे लुभाया रहता है। यही मिथ्या दृष्टि सब दोषोकी जननी है, इसीसे अनन्त ससारका बन्ध होता है। दर्शनमोहनीय नामक कर्मके उदयमे यह दृष्टिमूढता होती है।

अविरति–चारित्रमोह नामक कर्मके उदयसे मनुष्यको चारित्र धारण करनेके परिणाम नही हो पाते। वह चाहता भी है तो भी कषायोका ऐसा तीव्र उदय रहता है जिससे न तो सकल चारित्र धारण कर पाता है और न देश चारित्र। कषाएँ चार प्रकार की है–

(१) अनन्तानुबन्धी क्रोध मान माया लोभ–अनन्त ससारका बध करानेवाली, स्वरूपाचरण चारित्रका प्रतिबन्ध करनेवाली, प्राय मिथ्यात्वसहचारिणी कषाय। पत्थरकी रेखाके समान।

(२) अप्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ–देश चारित्र-अणुव्रतोको धारण करनेके भावोको न होने देने वाली कषाय। इसके उदयसे जीव श्रावकके व्रतोको भी ग्रहण नही कर पाता। मिट्टीके रेखाके समान।

(३) प्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ–सपूर्ण चारित्रकी प्रतिबन्धिका कषाय। इसके उदयसे जीव सकल त्याग करके सपूर्ण व्रतोको धारण नही कर पाता। धूलि रेखाके समान।

(४) सज्वलन क्रोध मान माया लोभ–पूर्ण चारित्रमे किंचिन्मात्र दोष उपन्न करनेवाली कषाय। यथाख्यात चारित्रकी प्रतिबन्धिका। जलरेखाके समान।

इस तरह इन्द्रियोके विषयोमे तथा प्राण्यसयममे निरर्गल प्रवृत्ति होनेसे कर्मोका आस्रव होता है। अविरतिका निरोध कर विरतिभाव आनेपर कर्मोका आस्रव नही होता।

प्रमाद–असावधानीको प्रमाद कहते है। कुशल कर्मोमे अनादरका भाव होना प्रमाद है। पाचो इन्द्रियोके विषयोमे लीन होनेके कारण, राजकथा चोरकथा स्त्रीकथा और भोजनकथा इन चार विकथाओमे रस लनेके कारण, क्रोध मान माया और लोभ इन चार कषायोमे लिप्त रहनेके कारण, निद्रा और प्रणयमग्न होनेके कारण कर्तव्य पथमे अनादरका भाव होता है। इस असावधानी से कुशलकर्मके प्रति अनास्था तो होती ही है, साथही साथ हिसाकी भूमिका भी तैयार होने लगती है। हिसाके मुख्य हेतुओमे प्रमादका स्थान ही प्रमुख है। बाह्यमे जीवका घात हो या न हो किन्तु असावधान और प्रमादी व्यक्तिको हिसाका दोष सुनिश्चित है। प्रयत्नपूर्वक प्रवृत्ति करनेवाले अप्रमत्त साधकके द्वारा बाह्य हिसा होनेपर भी वह अहिसक है। अत प्रमाद आस्रवका मुख्य द्वार है। इसीलिए भ० महावीरने बारबार गौतम गणधरको चेताया है कि **"समय गोयम मा पमादए।"** अर्थात् गौतम, किसी भी समय प्रमाद न करो।

कषाय–आत्माका स्वरूप स्वभावत शान्त और निर्विकारी है। परन्तु क्रोध मान माया और लोभ ये चार कषाएँ आत्माको कस देती है और इसे स्वरूपच्युत कर देती है। ये चारो आत्माकी विभाव दशाएँ है। क्रोधकषाय द्वेष रूप है यह द्वेषका कार्य और द्वेषको उपन्न करती है। मान यदि क्रोधको उत्पन्न करता है तो द्वेष रूप है। लोभ रागरूप है। माया यदि लोभको जागृत करती है तो रागरूप है। तात्पर्य यह कि राग द्वेष मोह की दोषत्रिपुटीमे कषायका भाग ही मुख्य है। मोहरूप मिथ्यात्व दूर हो जानेपर भी सम्यग्दष्टिको राग-द्वेप रूप कषाये बनी रहती है। जिसमे लोभ कषाय तो पदप्रतिष्ठा और यशोलिप्साके

रूपमें बड़े बड़े मुनियोंको भी स्वरूपस्थित नहीं होने देती। यह राग द्वेष रूप द्वन्द्व ही समग्र अनर्थोंका मूल हेतु है। यही प्रमुख आस्रव है। न्यायसूत्र, गीता और पालीपिटकोंमें भी इसी द्वन्द्वको ही पापमूल बताया है। जैन शास्त्रोंका प्रत्येक वाक्य कषायशमन का ही उपदेश देता है। इसीलिए जैनमूर्तियाँ वीतरागता और अकिञ्चनताकी प्रतीक होती हैं। उनमें न द्वेष का साधन आयुध है और न रागका आधार स्त्री आदिका साहचर्य ही। वे तो परम वीतरागता और अकिंचनताका पावन सन्देश देती हैं।

इन कषायोंके सिवाय–हास्य रति अरति शोक भय जुगुप्सा (ग्लानि) स्त्रीवेद पुरुषवेद और नपुंसक वेद ये ९ नोकषाये हैं। इनके कारण भी आत्मामें विकार परिणति उत्पन्न होती है। अत ये भी आस्रव है।

योग–मन वचन और काय के निमित्तसे आत्माके प्रदेशोंमें जो परिस्पन्द अर्थात् क्रिया होती है उसे योग कहते हैं। योगकी साधारण प्रसिद्धि चित्तवृत्तिनिरोध रूप ध्यानके अर्थमें है पर जैन परम्परामें चूंकि मन वचन और कायसे होनेवाली आत्माकी क्रिया कर्मपरमाणुओंसे योग अर्थात् सम्बन्ध करानेमें कारण होती है अत इसे योग कहते है और योगनिरोधको ध्यान कहते हैं। आत्मा सक्रिय है। उसके प्रदेशोंमें परिस्पन्द होता है। मन वचन और कायके निमित्तसे सदा उसमे क्रिया होती रहती है। यह क्रिया जीवन्मुक्तके भी बराबर होती है। परमुक्तिसे कुछ समय पहिले अयोगकेवलि अवस्थामें मन वचन कायकी क्रियाका निरोध होता है और आत्मा निर्मल और निश्चल बन जाता है। सिद्ध अवस्थामें आत्माके पूर्ण शुद्धरूपका आविर्भाव होता है न उसमें कर्मजन्य मलिनता रहती और न योगजन्य चचलता ही। प्रधानरूपमें आस्रव तो योग ही है। इसीके द्वारा कर्मोंका आगमन होता है। शुभ योग पुण्यकर्मका आस्रव कराता है तथा अशुभ योग पापकर्मके आस्रवका कारण होता है। सबका शुभचिन्तन तथा अहिंसक विचारधारा शुभ मनोयोग है। हित मित प्रिय सम्भाषण शुभ वचनयोग है। परको बाधा न देनेवाली यत्नाचारपूर्वक प्रवृत्ति शुभ काय योग है। इस तरह इस आस्रव तत्त्व का ज्ञान मुमुक्षु को अवश्य ही होना चाहिए। साधारण रूपमें यह तो उसे ज्ञात कर ही लेना चाहिए कि हमारी अमुक प्रवृत्तियोंसे शुभास्रव होता है और अमुक प्रवृत्तियोंसे अशुभास्रव, तभी वह अनिष्ट प्रवृत्तियोंसे अपनी रक्षा कर सकेगा।

सामान्यतया **आस्रव दो प्रकारका** होता है–एक तो कषायानुरञ्जित योगसे होनेवाला साम्परायिक आस्रव जो बन्धका हेतु होकर ससारकी वृद्धि करता है तथा दूसरा केवल योगसे होनेवाला ईर्यापथ आस्रव जो कषाय न होनेसे आगे बन्धनका कारण नहीं होता। यह आस्रव जीवन्मुक्त महात्माओंके वर्तमान शरीरसम्बन्ध तक होता रहता है। यह जीवस्वरूपका विघातक नहीं होता।

प्रथम साम्परायिक आस्रव कषायानुरजित योगसे होनेके कारण बन्धक होता है। कषाय और योग प्रवृत्ति शुभरूप भी होती है और अशुभरूप भी। अत शुभ और अशुभ योगके अनुसार आस्रव भी शुभास्रव या पुण्यास्रव और अशुभास्रव अर्थात् पापास्रवके भेद से दो प्रकारका हो जाता है। साधारणतया साता वेदनीय, शुभ आयु, शुभ नाम और शुभ गोत्र ये पुण्य कर्म है और शेष ज्ञानावरण आदि घातिया और अघातियाँ कर्मप्रकृतियाँ पापरूप है। इस आस्रवमें कषायोंके तीव्रभाव, मन्दभाव, ज्ञातभाव, अज्ञातभाव, आधार और शक्ति आदिकी दृष्टिसे तारतम्य होता है। सरम्भ (सकल्प) समारभ (सामग्री जुटाना) आरम्भ (कार्यकी शुरूआत) कृत (स्वय करना) कारित (दूसरोंसे कराना) अनुमत (कार्यकी अनुमोदना करना) मन वचन काय योग और क्रोध मान माया लोभ ये चार कषाएँ परस्पर मिलकर ३×३×३×४×१०८ प्रकारके हो जाते हैं। इनसे आस्रव होता है। आगे ज्ञानावरण आदि कर्मोंमें प्रत्येकके आस्रव कारण बताते है–

ज्ञानावरण दर्शनावरण–ज्ञानी और दर्शनयुक्त पुरुषकी या ज्ञान और दर्शनकी प्रशसा सुनकर भीतरी द्वेषवश उनकी प्रशसा नहीं करना तथा मनमें दुष्टभावोंका लाना (प्रदोष) ज्ञानका और ज्ञानके साधनोंका अपलाप करना (निह्नव) योग्य पात्रको भी मात्सर्यवश ज्ञान नहीं देना, ज्ञानमें विघ्न डालना, दूसरेके द्वारा प्रकाशित ज्ञानकी अविनय करना, ज्ञानका गुण कीर्तन न करना, सम्यग्ज्ञानको मिथ्याज्ञान कहकर ज्ञानके नाशका अभिप्राय रखना आदि यदि ज्ञानके सम्बन्धमें हैं तो ज्ञानावरण के आस्रवके कारण होते हैं और

यदि दर्शनके सम्बन्धमे हे तो दर्शनावरणके आस्रवके कारण हो जाते हे। इसी तरह आचार्य और उपाध्यायसे शत्रुता रखना, अकाल अध्ययन, अरुचिपूर्वक पढना, पढनेमे आलस करना, व्याख्यान को अनादर पूर्वक सुनना, तीर्थोपरोध, बहुश्रुतके समक्ष भी ज्ञानका गर्व करना, मिथ्या उपदेश देकर दूसरेके मिथ्या ज्ञानमे कारण बनना, बहुश्रुतका अपमान करना, लोभादिवश तत्त्वज्ञानके पक्षका त्याग करके अतत्त्वज्ञानीय पक्षको ग्रहण करना, असम्बद्ध प्रलाप, सूत्र विरुद्ध व्याख्यान, कपटसे ज्ञानार्जन करना, शास्त्र विक्रय आदि जितने ज्ञान, ज्ञानी और ज्ञानके साधनोमे विघ्न और द्वेषोत्पादक भाव और क्रियाएँ होती है उन सबसे आत्मापर ऐसा सस्कार पडता है जो ज्ञानावरण कर्मके आस्रवका हेतु होता है।

देव गुरु आदिके दर्शनमे मात्सर्य करना, दर्शनमे अन्तराय करना, किसीकी आख फोड देना, इन्द्रियोका अभिमान करना, नेत्रोका अहकार करना, दीर्घ निद्रा, अतिनिद्रा, आलस्य, सम्यग्दृष्टिमे दोषोद्भावन, कुशास्त्र प्रशसा, गुरुजुगुप्सा आदि दर्शनके विघातक भाव और क्रियाएँ दर्शनावरण का आस्रव कराती हे।

असातावेदनीय—अपनेमे परमे और दोनोमे दुख शोक आदि उत्पन्न करनेसे असातावेदनीयका आस्रव होता हे। स्व पर या उभयमे दुख उत्पन्न करना, इष्टवियोगमे अत्यधिक विकलता और शोक करना, निन्दा मानभग या कर्कशवचन आदिसे भीतरही भीतर जलना, परितापके कारण अश्रुपातपूर्वक बहु विलाप करना, छाती कूटकर या सिर फोडकर आक्रन्दन करना, दुखमे आखे फोड लेना या आत्महत्या कर लेना, इस प्रकार रोना चिल्लाना कि सुननेवाले भी रो पडे, शोक आदिमे लघन करना, अशुभ प्रयोग, परनिन्दा, पिशुनता अदया, अग उपागोका छेदन भेदन ताडन, त्रास, अगुली आदिसे तर्जन करना, वचनोसे भर्त्सना करना, रोधन, बधन, दमन, आत्म प्रशसा, क्लेशोत्पादन, बहुपरिग्रह, आकुलता, मन वचन कायकी कुटिलता, पाप कार्योसे आजीविका करना, अनर्थदण्ड, विषमिश्रण, बाण जाल पिजरा आदिका बनाना इत्यादि जितने कार्य स्वय मे परमे या दोनोमे दुख आदिके उत्पादक है वे सब असाता वेदनीय कर्मके आस्रवमे कारण होते है।

सातावेदनीय—प्राणिमात्र पर दयाका भाव, मुनि और श्रावकके व्रत धारण करनेवाले व्रतियोपर अनुकम्पाके भाव, परोपकारार्थ दान देना, प्राणिरक्षा, इन्द्रियजय, क्षान्ति अर्थात् क्रोध मान मायाका त्याग, शौच अर्थात् लोभका त्याग, रागपूर्वक सयम धारण करना, अकामनिर्जरा अर्थात् शान्तिसे कर्मोके फलका भोगना, कायक्लेश रूप कठिन बाह्यतप, अर्हत्पूजा आदि शुभ राग, मुनि आदिकी सेवा आदि स्व पर तथा उभयमे निराकुलता सुखके उत्पादक विचार और क्रियाएँ सातावेदनीयके आस्रवका कारण होती हे।

दर्शनमोहनीय—जीवन्मुक्त केवली शास्त्र सघ धर्म और देवोकी निन्दा करना इनमे अवर्णवाद अर्थात् अविद्यमान दोषोका कथन करना दर्शन मोहनीय अर्थात् मिथ्यात्व कर्मका आस्रव करता है। केवली रोगी होते है, कवलाहारी होते है, नग्न रहते है पर वस्त्रयुक्त दिखाई देते है, इत्यादि केवलीका अवर्णवाद हे। शास्त्रमे मासाहार आदिका समर्थन करना श्रुतका अवर्णवाद है। शास्त्र मुनि आदि मलिन है, स्नान नही करते, कलिकालके साधु ह इत्यादि सघका अवर्णवाद है। धर्म करना व्यर्थ हे, अहिसा कायरता हे आदि धर्मका अवर्णवाद है। देव मद्यपायी और मासभक्षी होते हैं आदि देवोका अवर्णवाद है। साराश यह कि देव गुरु धर्म सघ और श्रुतके सम्बन्धमे अन्यथा विचार और मिथ्या धारणाएँ मिथ्यात्वको पोषण करती है और इससे दर्शनमोह का आस्रव होता है जिससे यथार्थ तत्त्वरुचि नही हो पाती।

चारित्र मोहनीय—स्वय और परमे कषाय उत्पन्न करना, व्रतशीलवान् पुरुषोमे दूषण लगाना, धर्मका नाश करना, धर्ममे अन्तराय करना, देश सयमियोसे व्रत और शीलका त्याग कराना, मात्सर्यादिसे रहित सज्जन पुरुषोमे मतिविभ्रम उपन्न करना, आर्त और रौद्र परिणाम आदि कषाय की तीव्रताके साधन कषाय चारित्र मोहनीयके आस्रवके कारण है। समीचीन धार्मिकोकी हसी करना, दीनजनोको देखकर हसना, काम विकारके भावो पूर्वक हसना, बहु प्रलाप तथा निरन्तर भाडो जैसी हसोड प्रवृत्तिसे हास्य नो कषायका आस्रव होता है। नाना प्रकार क्रीडा, विचित्र क्रीडा, देशादिके प्रति अनौत्सुक्य, व्रत शील आदिमे अरुचि आदि रति नोकषायके आस्रवके हेतु है। दूसरोमे अरति उत्पन्न करना, रतिका विनाश करना, पापशीलजनो

का संसर्ग, पाप क्रियाओंको प्रोत्साहन देना आदि अरति नोकषायके आस्रव के कारण हैं। अपने और दूसरेमें शोक उत्पन्न करना, शोकयुक्तका अभिनन्दन, शोकके वातावरणमें रुचि आदि शोक नोकषायके आस्रवके कारण हैं। स्व और परको भय उत्पन्न करना, निर्दयता, दूसरोंको त्रास देना, आदि भयके आस्रवके कारण हैं। पुण्यक्रियाओंमें जुगुप्सा करना, पर निन्दा आदि जुगुप्साके आस्रवके कारण हैं। परस्त्रीगमन, स्त्रीके स्वरूपको धारण करना, असत्य वचन, परवञ्चना, परदोष दर्शन, वृद्ध होकर भी युवकों जैसी प्रवृत्ति करना आदि स्त्रीवेद के आस्रवके हेतु हैं। अल्पक्रोध मायाका अभाव गर्वका अभाव, स्त्रियोंमें अल्प आसक्ति, ईर्षाका न होना, राग वर्धक वस्तुओंमें अनादर, स्वदार सन्तोष परस्त्रीत्याग आदि पुंवेदके आस्रवके कारण हैं। प्रचुर कषाय, गुह्येन्द्रियोंका विनाश, परांगनाका अपमान, स्त्री या पुरुषोंमें अनंग क्रीडा, व्रतशीलयुक्त पुरुषोंको कष्ट उत्पन्न करना, तीव्रराग आदि नपुंसक वेदनीय नोकषायके आस्रवके हेतु हैं।

नरकायु—बहुत आरम्भ और बहुपरिग्रह नरकायुका आस्रव कराते हैं। मिथ्यादर्शन, तीव्रराग, मिथ्याभाषण, परद्रव्यहरण, निःशीलता, तीव्र वैर, परोपकार न करना, यतिविरोध, शास्त्रविरोध, कृष्णलेश्या रूप अतितामसपरिणाम, विषयोंमें अतितृष्णा, रौद्र ध्यान, हिंसादि क्रूर कार्योंमें प्रवृत्ति, बाल वृद्ध स्त्री हत्या आदि क्रूरकर्म नरकायुके आस्रवके कारण होते हैं।

तिर्यञ्चायु—छल कपट आदि मायाचार, मिथ्या अभिप्रायसे धर्मोपदेश देना, अधिक आरम्भ, अधिक परिग्रह, निःशीलता, परवञ्चकता, नील लेश्या और कपोत लेश्या रूप तामस परिणाम। मरणकालमें आर्तध्यान, क्रूरकर्म, भेद करना, अनर्थोद्भावन, सोना चांदी आदिको खोटा करना, कृत्रिम चन्दनादि बनाना, जाति कुल शीलमें दूषण लगाना, सद्गुणोंका लोप, दोष दर्शन आदि पाशव भाव तिर्यंचायुके आस्रवके कारण होते हैं।

मनुष्यायु—अल्प आरम्भ, अल्प परिग्रह, विनय, भद्र स्वभाव, निष्कपट व्यवहार, अल्पकषाय, मरण-कालमें संक्लेश न होना, मिथ्यात्वी व्यक्तिमें भी नम्रभाव, सुखबोध्यता, अहिंसकभाव, अल्पक्रोध, दोष-रहितता, क्रूरकर्मोंमें अरुचि, अतिथिस्वागततत्परता, मधुर वचन, जगत्में अल्प आसक्ति, अनसूया, अल्प-संक्लेश, गुरु आदि की पूजा, कापोत और पीतलेश्याके राजस और अल्प सात्त्विक भाव, निराकुलता आदि मानवभाव मनुष्यायुके आस्रवके कारण होते हैं। स्वाभाविक मृदुता और निरभिमान वृत्ति मनुष्यायुके आस्रवके असाधारण हेतु हैं।

देवायु—सराग संयम अर्थात् अभ्युदयकी कामना रहते हुए संयम धारण करना, श्रावकके व्रत, सनता पूर्वक कर्मोंका फल भोगनारूप अकामनिर्जरा, सन्यासी एकदण्डी त्रिदण्डी परमहंस आदि तापसोंका बालतप और सम्यक्त्व आदि सात्त्विक परिणाम देवायुके आस्रवके कारण होते हैं।

नाम कर्म—मन वचन कायकी कुटिलता, विसंवादन अर्थात् श्रेयोमार्गमें अश्रद्धा उपन्न करके उससे च्युत करना, मिथ्यादर्शन, पैशुन्य, अस्थिरचित्तता, झूठे बाट तराजू गज आदि रखना, मिथ्या साक्षी देना, परनिन्दा, आत्मप्रसंसा, परद्रव्य ग्रहण, असत्यभाषण, अधिक परिग्रह, सदा विलासीवेश धारण करना, रूपमद, कठोरभाषण, असभ्य भाषण, आक्रोश, जान बूझकर छैल छबीला वेश धारण करना, वशीकरण चूर्ण आदिका प्रयोग, मन्त्र आदिके प्रयोगसे दूसरोंमें कुतूहल उत्पन्न करना, देवगुरु पूजाके बहाने गन्ध माला धूप आदि लाकर अपने रागकी पुष्टि करना, पर विडम्बना, परोपहास, ईंटोंके भट्टे लगाना, दावानल प्रज्वलित कराना, प्रतिमा तोडना, मन्दिर ध्वंस, उद्यान उजाडना, तीव्र क्रोध मान माया लोभ, पापजीविका आदि कार्योंसे अशुभ शरीर आदिके उत्पादक अशुभ नाम कर्म का आस्रव होता है।

इनसे विपरीत मन वचन कायकी सरलता, ऋजु प्रवृत्ति आदिसे सुन्दर शरीरोत्पादक शुभनाम कर्मका आस्रव होता है।

तीर्थंकर नाम—निर्मल सम्यग्दर्शन, जगद्धितैषिता, जगत्के तारनेकी प्रकृष्ट भावना, विनयसम्पन्नता, निरतिचार शीलव्रतपालन, निरन्तर ज्ञानोपयोग, संसार दुःखभीरुता, यथा शक्ति तप, यथाशक्ति त्याग,

समाधि, साधु सेवा, अर्हन्त आचार्य बहुश्रुत और प्रवचनमें भक्ति, आवश्यक क्रियाओमे सश्रद्ध निरालस्य प्रवृत्ति, शासन प्रभावना, प्रवचन वात्सल्य आदि सोलह भावनाएँ जगदुद्धारक तीर्थंकर प्रकृतिके आस्रवका कारण होती हैं। इनमें सम्यग्दर्शनके साथ होने वाली जगदुद्धार की तीव्र भावना ही मुख्य है।

नीचगोत्र—परनिन्दा, आत्मप्रशंसा, परगुणविलोप, अपनेमें अविद्यमान गुणोका प्रख्यापन, जातिमद, कुलमद, बलमद, रूपमद, श्रुतमद, ज्ञानमद, ऐश्वर्यमद तपोमद, परापमान, परहास्यकरण, परपरिवादन, गुरुतिरस्कार, गुरुओसे टकराकर चलना, गुरु दोषोद्भावन, गुरु विभेदन, गुरुओको स्थान न देना, भर्त्सना करना, स्तुति न करना, विनय न करना, उनका अपमान करना, आदि नीचगोत्रके आस्रवके कारण है।

उच्चगोत्र—पर प्रशंसा, आत्मनिन्दा, पर सद्गुणोद्भावन, स्वसद्गुणाच्छादन, नीचैर्वृत्ति--नम्रभाव, निर्मद भाव रूप अनुत्सेक, परका अपमान हास परिवाद न करना, मृदुभाषण आदि उच्चगोत्रके आस्रवके कारण होते हैं।

अन्तराय—दूसरोके दान लाभ भोग उपभोग और वीर्यमें विघ्न करना, दानकी निन्दा करना, देवद्रव्यका भक्षण, परवीर्यापहरण, धर्मोच्छेद, अधर्माचरण, परनिरोध, बन्धन, कर्णछेदन, गुह्यछेदन, इन्द्रिय विनाश आदि विघ्नकारक विचार और क्रियाएँ अन्तराय कर्मका आस्रव कराती हैं।

सारांश यह कि इन भावोंसे उन उन कर्मोंको स्थितिबन्ध और अनुभागबन्ध विशेष रूपसे होता है। वैसे आयुके सिवाय अन्य सात कर्मोंका आस्रव न्यूनाधिक भावसे प्रतिसमय होता रहता है। आयुका आस्रव आयुके त्रिभागमें होता है।

मोक्ष—बन्धनमुक्तिको मोक्ष कहते है। बन्धके कारणोंका अभाव होनेपर तथा सचित कर्मोंकी निर्जरा होनेपर समस्त कर्मोंका समूल उच्छेद होना मोक्ष है। आत्माकी वैभाविकी शक्तिका ससार अवस्थामें विभाव परिणमन हो रहा था। विभाव परिणमनके निमित्त हट जानेसे मोक्षदशामें उसका स्वभाव परिणमन हो जाता है। जो आत्माके गुण विकृत हो रहे थे वे ही स्वाभाविक दशामें आ जाते हैं। मिथ्यादर्शन सम्यग्दर्शन बन जाता है, अज्ञान ज्ञान और अचारित्र चारित्र। तात्पर्य यह कि आत्मा का सारा नकशा ही बदल जाता है। जो आत्मा मिथ्यादर्शनादि रूपसे अनादिकालसे अशुद्धिका पुंज बना हुआ था वही निर्मल निश्चल और अनन्त चैतन्यमय हो जाता है। उसका आगे सदा शुद्ध परिणमन ही होता है। वह चैतन्य निर्विकल्प है। वह निस्तरंग समुद्रकी तरह निर्विकल्प निश्चल और निर्मल है। न तो निर्वाण दशामें आत्माका अभाव होता है और न वह अचेतन ही हो जाता है। जब आत्मा एक स्वतन्त्र मौलिक द्रव्य है तब उसका अभाव हो ही नहीं सकता। उसमें परिवर्तन कितने ही हो जाँय पर अभाव नहीं हो सकता। किसीकी भी यह सामर्थ्य नहीं जो जगत्के किसीभी एक सत्का समूल उच्छेद कर सके।

बुद्धसे जब प्रश्न किया गया कि—'मरनेके बाद तथागत होते है या नहीं' तो उनने इस प्रश्नको अव्याकृत कोटिमें डाल दिया था। यही कारण हुआ कि बुद्धके शिष्योने निर्वाणके विषयमें दो तरहकी कल्पनाएँ कर डाली। एक निर्वाण वह जिसमें चित्तसन्तति निरास्रव हो जाती है और दूसरा निर्वाण वह जिसमें दीपकके समान चित्त सन्तति भी बुझ जाती है अर्थात् उसका अस्तित्व ही समाप्त हो जाता है। रूप वेदना विज्ञान संज्ञा और संस्कार इन पाँच स्कन्ध रूप ही आत्माको माननेका यह सहज परिणाम था कि निर्वाण दशामें उसका अस्तित्व न रहे। आश्चर्य है कि बुद्ध निर्वाण और आत्माके परलोकगामित्वका निर्णय बताए बिना ही दुःख निवृत्तिके उपदेशके सर्वांगीण औचित्यका समर्थन करते रहे। यदि निर्वाणमें चित्तसन्तति का निरोध हो जाता है, वह दीपककी तरह बुझ जाती है अर्थात् अस्तित्वशून्य हो जाती है तो उच्छेदवादके दोषसे बुद्ध कैसे बचे? आत्माके नास्तित्वसे इनकार तो इसी भयसे करते थे कि यदि आत्माको नास्ति कहते हैं तो उच्छेदवादका प्रसंग आता है और अस्ति कहते हैं तो शाश्वतवादका प्रसंग आता है। निर्वाणदशामें उच्छेद मानने और मरणके बाद उच्छेद माननेमें तत्त्वदृष्टिसे कोई विशेष अन्तर नहीं है। बल्कि चार्वाकका सहज उच्छेद सबको सुकर तथा अयत्नसाध्य होनेसे सहजग्राह्य होगा और बुद्धका निर्वाणोत्तर उच्छेद

जनेक प्रकारके ब्रह्मचर्यवास ध्यान आदिसे साध्य होनेके कारण दुर्ग्राह्य होगा। अत मोक्ष अवस्थामें शुद्ध चित्त सन्ततिकी सत्ता मानना ही उचित है। तत्त्वसग्रह पजिकामें (पृ० १०८) आचार्य कमलशीलने ससार ओर निर्वाणका प्रतिपादक यह प्राचीन श्लोक उद्धृत किया है—

"चित्तमेव हि ससारो रागादिक्लेशवासितम् ।
तदेव तैर्विनिर्मुक्त भवान्त इति कथ्यते ॥"

अर्थात् रागादिक्लेश-वासनामय चित्तको ससार कहते है और जब वही चित्त रागादि क्लेश वासनाओमे मुक्त हो जाता हे तव उसे भवान्त अर्थात् निर्वाण कहते है । यह जीवन्मुक्तिका वर्णन नही है किन्तु निर्वाणका। इस श्लोकमे प्रतिपादित ससार और मोक्षका स्वरूप ही युक्तिसिद्ध और अनुभवगम्य है। चित्तकी रागादि अवस्था ससार ह ओर उसकी रागादिरहितता मोक्ष। अत सर्वकर्मक्षयसे प्राप्त होनेवाला स्वात्मलाभ ही मोक्ष है। आत्माका अभाव या चेतन्यके अभावको मोक्ष नही कह सकते। रोगकी निवृत्तिका नाम आरोग्य ह न कि रोगी की ही निवृत्ति या समाप्ति। स्वास्थ्यलाभ ही आरोग्य हे न कि मृत्यु।

मोक्षके कारण—१ सवर—सवर रोकनको कहते है। सुरक्षाका नाम सवर है। जिन द्वारोसे कर्मोका आस्रव होता था उन द्वारोका निरोध कर देना सवर कहलाता है। आस्रवका मूल कारण योग है। अत योगनिवृत्ति ही मूलत सवरके पद पर प्रतिष्ठित हो सकती है। पर, मन वचन कायकी प्रवृत्तिको सर्वथा रोकना सभव नही हे। शारीरिक आवश्यकताओकी पूर्तिके लिए आहार करना मलमूत्रका विसर्जन करना चलना फिरना बोलना रखना उठाना आदि क्रियाएँ करनी ही पडती है। अत जितने अशोमे मन वचन कायकी क्रियाओका निरोध है उतने अशको गुप्ति कहते है। गुप्ति अर्थात् रक्षा। मन वचन और कायकी अकुशल प्रवृत्तियोसे रक्षा करना। यह गुप्ति ही सवरका प्रमुख कारण है। गुप्तिके अतिरिक्त समिति धर्म अनुप्रेक्षा परीषहजय ओर चारित्र आदिसे सवर होता हे। समिति आदिमे जितना निवृत्तिका भाग है उतना सवरका कारण होता है ओर प्रवृत्तिका अश शुभवन्धका हेतु होता है।

समिति—सम्यक प्रवृत्ति, सावधानीसे कार्य करना। ईर्या समिति—देखकर चलना। भाषा समिति—हित मित प्रिय वचन बोलना। एषणा समिति—विधिपूर्वक निर्दोष आहार लेना। आदान-निक्षेपण समिति—देख शोधकर किसी भी वस्तुका रखना उठाना। उत्सर्ग समिति—निर्जन्तु स्थानपर मल मूत्रका विसर्जन करना।

धर्म—आत्मस्वरूपमे धारण करानेवाले विचार ओर प्रवृत्तियॉ धर्म ह। उत्तम क्षमा—क्रोधका त्याग करना। क्रोधके कारण उपस्थित होनेपर भी विवेकवारिसे उन्हे शान्त करना। कायरता दोष है ओर क्षमा गुण। जो क्षमा आत्मामे दीनता उत्पन्न करे वह धर्म नही। उत्तम मार्दव—मृदुता, कोमलता, विनयभाव, मानका त्याग। ज्ञान पूजा कुल जाति वल ऋद्धि तप ओर शरीर आदिकी किचित् विशिष्टताके कारण आत्मस्वरूप को न भूलना, इनका अहकार न करना। अहकार दोष हे स्वमान गुण है। उत्तम आर्जव—ऋजुता, सरलता, मन वचन कायमे कुटिलता न होकर सरलभाव होना। जो मनमे हो, तदनुसारी ही वचन ओर जीवन व्यवहारका होना। माया का त्याग-सरलता गुण है भोदूपन दोष ह। उत्तम शौच—शुचिता, पवित्रता, निर्लोभ वृत्ति, प्रलोभनमे नही फसना। लोभ कषायका त्यागकर मनमे पवित्रता लाना। शौच गुण है पर बाह्य सोला और चोकापन्थ आदिके कारण छू छू करके दूसरो से घृणा करना दोषहै। उत्तम सत्य—प्रामाणिकता, विश्वास परिपालन, तथ्य स्पष्ट भाषण। सच बोलना धर्म है परन्तु परनिन्दाके लिए दूसरेके दोषोका ढिढोरा पीटना दोष हे। पर वाधाकारी-सत्य भी दोष हो सकता है। उत्तम सयम—इन्द्रिय विजय, प्राणि रक्षण। पाचो इन्द्रियोकी विषय, प्रवृत्ति पर अकुश रखना, निरर्गल प्रवृत्तिको रोकना, वश्येन्द्रिय होना। प्रणियोकी रक्षाका ध्यान रखते हुए खान-पान जीवन व्यवहारको अहिसाकी भूमिका पर चलाना। सयम गुण है पर भावशून्य बाह्य-क्रियाकाण्डमे का अत्यधिक आग्रह दोष है। उत्तम तप—इच्छानिरोध। मनकी आशा तृष्णाओको रोककर

प्रायश्चित्त विनय वैयावृत्त्य (सेवाभाव) स्वाध्याय और व्युत्सर्ग (परिग्रहत्याग) मे चित्तवृत्ति लगाना। ध्यान–चित्तकी एकाग्रता । उपवास, एकाशन, रसत्याग, एकान्तसेवन, मौन, शरीरको सुकुमार न होने देना आदि बाह्यतप है । इच्छानिवृत्ति रूप तप गुण है और मात्र बाह्य कायक्लेश, पचाग्नि तपना, हठ योग की कठिन क्रियाएँ बालतप है । उत्तमत्याग—दान देना, त्यागकी भूमिका पर आना । शक्त्यनुसार भूखोको भोजन, रोगी को औषधि, अज्ञाननिवृत्तिके लिए ज्ञानके साधन जुटाना और प्राणिमात्रको अभय देना । समाज और देशके निर्माणके लिए तन धन आदि साधनोका त्याग । लाभ पूजा नाम आदि के लिए किया जानेवाला दान उत्तम दान नही है । उत्तम आकिञ्चन्य–अकिञ्चनभाव, बाह्यपदार्थोमे ममत्व भावका त्याग । धन धान्य आदि बाह्यपरिग्रह तथा शरीरमे 'यह मेरा स्वरूप नही है, आत्माका धनतो उसका शुद्ध चैतन्यरूप है' 'नास्ति मे किञ्चन'—मेरा कुछ नही है आदि भावनाएँ आकिञ्चन्य है । कर्त्तव्यनिष्ठ रहकर भौतिकतासे दृष्टि हटाकर विशुद्ध आध्यात्मिक दृष्टि प्राप्त करना । उत्तम ब्रह्मचर्य–ब्रह्म अर्थात् आत्मस्वरूपमे विचरण करना । स्त्रीसुखसे विरक्त होकर समस्त शारीरिक मानसिक आत्मिक शक्तियोको आत्मविकासोन्मुख करना । मन शुद्धिके बिना केवल शारीरिक ब्रह्मचर्य न तो शरीरको ही लाभ पहुँचाता है और न मन और आत्मामे ही पवित्रता लाता है ।

अनुप्रेक्षा–सद्भावनाएँ आत्मविचार । जगत्मे प्रत्येक पदार्थ क्षणभगुर है, स्त्री पुत्र आदि पर पदार्थ स्वभावत अनित्य है अत इनके बिछुडनेपर क्लेश नही होना चाहिए । ससारमे मृत्युमुखसे बचानेवाला कोई नही । बडे बडे सम्राट् और साधनसम्पन्न व्यक्तियोकी आयुकी परिसमाप्ति होते ही इस नश्वर शरीरको छोड देना होता है । अत इस ध्रुवमृत्युमे घबडाना नही चाहिए । इस जगत्मे कोई किसीको शरण नही है । इस ससारमे यह जीव नाना योनियोमे परिभ्रमण करते हुए भी आत्मस्वरूपकी प्राप्ति नही करनेके कारण अनेक दुर्वासनाओमे वासित रहकर रागद्वेष आदि द्वन्द्वमे उलझा रहा । मै अकेला हूँ, मै स्वय एक स्वतत्र हूँ । स्त्री पुत्र धन धान्य मकान यहा तक कि शरीर भी मेरा नही है, हमारे स्वरूपसे जुदा है । यह शरीर मास रुधिर आदि सात धातुओसे बना हुआ है । इसमे नव द्वारोसे मल बहता रहता है । इसकी सेवा करते करते जीवन बीत गया । यह जब तक है तब तक अपना और जगत्का जो उपकार हो सकता हो, कर लेना चाहिये । जितने रागादि भाव और वासनाएँ है उनसे फिर दुर्भावोकी सृष्टि होती है कर्मोका आस्रव होता है, और उससे आत्माको बन्धनमे पडना पडता है । अत इन रागद्वेष आदि कषायोको छोड देना चाहिए । सद्विचार अहिंसकवृत्ति, समताभाव आदि आध्यात्मिक वृत्तियोमे रागादि कषायोका शमन होता है, आगे होनेवाले कुभाव रोके जा सकते है, सद्विचारोकी सृष्टि की जा सकती है, पुराने दुर्विचारोमे और खोटी आदतोसे धीरे धीरे उद्धार हो सकता है । यह अनन्तलोक अनन्त विचित्रताओसे भरा है । इसमे लिप्त होना मूर्खता है । व्यक्तिका उद्धार ही मुख्य है । लोकके प्राकृतिक रूपका तटस्थ भावमे चिन्तन करनेसे रागादि वृत्तियाँ अपने आप सकुचित होने लगती है । साक्षी बननेमे जो आनन्द है वह लिप्त होनेमे नही । ससारमे सब पदार्थ सुलभ है, बूढेमे जवान बननेके साधन भी विज्ञानने उपस्थित कर दिये है, पर बोधि अर्थात् सम्यग्ज्ञान–तत्त्वनिर्णय होना कठिन है । जिससे आत्मा शान्ति और निराकुलताका लाभ करे वह बोधि अत्यन्त दुर्लभ है । यह अहिंसाकी भावना, मानवमात्र के ही नही प्राणिमात्रके सुखकी आकाक्षा, जगत्के हितकी पुण्यभावना ही धर्म है । प्राणिमात्रमे मैत्रीभाव, गुणियोके गुणमे प्रमोदभाव, दुखी जीवोके दु खमे सहानुभूति और सवेदनाके विचार तथा जिनमे हमारी चित्तवृत्तिका मेल नही खाता उन विपरीत पुरुषोसे द्वेष न होकर तटस्थ भाव ही हमारी आत्माको तथा मानवसमाजको अहिंसक तथा उच्च भूमिकापर ले जा सकते है । ऐसी भावनाओको सदा चित्तमे भाते रहना चाहिये । इन विचारोसे सुसस्कृत चित्त समय आनेपर विचलित नही हो सकता सभी द्वन्द्वोमे समताभाव रख सकता है और कर्मो के आस्रवको रोककर सवरकी ओर ले जा सकता है ।

परीषहजय–साधकको भूख प्यास ठड गरमी बरसात डास मच्छर चलने फिरने सोनेमे आनेवाली ककड आदि बाधाएँ, वध आक्रोश मल रोग आदिकी बाधाओको शान्तिसे सहना चाहिए । नग्न रहने हुए भी स्त्री

आदिको देखकर अविकृत बने रहना चाहिए। चिरतपस्या करनेपर भी यदि कोई ऋद्धि सिद्धि प्राप्त न हो तो भी तपस्याके प्रति अनादर नही होना चाहिए। कोई सत्कार पुरस्कार करे तो हर्ष, न करे तो खेद नही करना चाहिए। यदि तपस्यासे कोई विशेष ज्ञान प्राप्त हो गया हो तो अहकार और प्राप्त न हुआ हो तो खेद नही करना चाहिए। भिक्षावृत्तिसे भोजन करते हुए भी दीनताका भाव आत्मामे नही आने देना चाहिए। इस तरह परीषहजयसे चरित्रमे दृढ निष्ठा होती है और इससे आस्रव रुककर सवर होता है।

चारित्र–चारित्र अनेक प्रकारका है। इसमे पूर्ण चारित्र मुनियोका होता है तथा देश चारित्र श्रावकोका। मुनि अहिसा सत्य अचौर्य ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह इन व्रतोका पूर्णरूपसे पालन करना है तथा श्रावक इनको एक अशसे। मुनियोके महाव्रत होते है तथा श्रावकोके अणुव्रत। इनके सिवाय सामायिक आदि चारित्र भी होते है। सामायिक—समस्त पापक्रियाओका त्याग, समताभावकी आराधना। छेदोपस्थापना—यदि व्रतोमे दूषण आ गया हो तो फिरसे उसमे स्थिर होना। परिहारविशुद्धि—इस चारित्रवाले व्यक्तिके शरीरमे इतना हलकापन आ जाता है जो सर्वत्र गमन करते हुए भी उसके शरीरसे हिसा नही होती। सूक्ष्म साम्पराय—अन्य सब कषायोका उपशम या क्षय होनेपर जिसके मात्र सूक्ष्म लोभकषाय रह जाती है उसके सूक्ष्मसाम्पराय चारित्र होता है। यथाख्यातचारित्र—जीवन्मुक्त व्यक्तिके समस्त कषायोके क्षय होनेपर होता है। जैसा आत्माका स्वरूप है वैसा ही उसका प्राप्त हो जाना यथाख्यात है। इस तरह गुप्ति समिति धर्म अनुप्रेक्षा परीषहजय और चारित्र आदिकी किलेबन्दी होनेपर कर्मशत्रुके प्रवेशका कोई अवसर नही रहता और पूर्णसवर हो जाता है।

निर्जरा–गुप्ति आदिसे सर्वत सवृत व्यक्ति आगामी कर्मोके आस्रवको तो रोक ही देता है साथ ही साथ पूर्वबद्ध कर्मोकी निर्जरा करके क्रमश मोक्षको प्राप्त करता है। निर्जरा झडनेको कहते है। यह दो प्रकारकी होती है—(१) औपक्रमिक या अविपाक निर्जरा (२) अनौपक्रमिक या सविपाक निर्जरा। तप आदि साधनाओके द्वारा कर्मोको बलात् उदयमे लाकर बिना फल दिये ही झडा देना अविपाक निर्जरा है। स्वाभाविक क्रमसे प्रति समय कर्मोका फल देकर झड जाना सविपाक निर्जरा है। यह सविपाक निर्जरा प्रतिसमय हर एक प्राणीके होती ही रहती है और नूतन कर्म बधते जाते है। गुप्ति समिति और खासकर तपरूपी अग्निके द्वारा कर्मोको उदयकालके पहिले ही भस्म कर देना अविपाक निर्जरा या औपक्रमिक निर्जरा है। सम्यग्दृष्टि, श्रावक, मुनि, अनन्तानुबन्धीका विसयोजन करनेवाला, दर्शनमोहका क्षय करनेवाला, उपशान्तमोह गुणस्थानवाला, क्षपकश्रेणीवाले, क्षीणमोही और जीवन्मुक्त व्यक्ति क्रमश असख्यात गुणी कर्मोकी निर्जरा करते है। 'कर्मोकी गति टल नही सकती' यह एकान्त नही है। यदि आत्मामे पुरुषार्थ हो और वह साधना करे तो समस्त कर्मोको अन्तर्मुहूर्तमे ही नष्ट कर सकता है। "**नाभुक्त क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि**।" अर्थात् सैकडो कल्पकाल बीत जानेपर भी बिना भोगे कर्मोका क्षय नही हो सकता–यह मत जैनोको मान्य नही। जैन तो यह कहते है कि "**ध्यानाग्नि सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुते क्षणात्**।" अर्थात् ध्यानरूपी अग्नि सभी कर्मोको क्षण भरमे भस्म कर सकती है। ऐसे अनेक दृष्टान्त मौजूद है—जिन्होने अपनी प्राक्साधनाका इतना बल प्राप्त कर लिया था कि साधुदीक्षा लेते ही उन्हे कैवल्य लाभ हो गया। पुरानी वासनाओको और रागद्वेष आदि कुसस्कारोको नष्ट करनेका एकमात्र मुख्य साधन है ध्यान अर्थात् चित्तवृत्तियोका निरोध करके उसे एकाग्र करना।

इस प्रकार भगवान् महावीरने बन्ध (दुख) बन्धके कारण (आस्रव) मोक्ष और मोक्षके कारण–सवर निर्जरा इन पाच तत्त्वोके साथ ही साथ आत्मतत्त्वके ज्ञानकी भी खास आवश्यकता बताई जिसे बन्धन और मोक्ष होता है तथा उस अजीव तत्त्वके ज्ञानकी जिसके कारण अनादिसे यह जीव बन्धनबद्ध हो रहा है।

मोक्षके साधन—वैदिक सस्कृति विचार या ज्ञानसे मोक्ष मानती है जब कि श्रमण सस्कृति आचार अर्थात् चारित्रको मोक्षका साधन स्वीकार करती है। यद्यपि वैदिक सस्कृतिमे तत्त्वज्ञानके साथ ही साथ वैराग्य और सन्यासको भी मुक्तिका अग माना है पर वैराग्य आदि का उपयोग तत्त्वज्ञानकी पुष्टिमे

होता है अर्थात् वैराग्यसे तत्त्वज्ञान परिपूर्ण होता है और फिर मुक्ति। जैन तीर्थकरोने "**सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्ग**" (तत्त्वार्थसूत्र १।१) सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रको मोक्षका मार्ग कहा है। ऐसा सम्यग्ज्ञान जो सम्यक्चारित्रका पोषक या वर्द्धक नही है मोक्षका साधन नही हो सकता। जो ज्ञान जीवनमे उतरकर आत्मशोधन करे वही मोक्षका कारण है। अन्तत सच्ची श्रद्धा और ज्ञानका फल चारित्रशुद्धि है। ज्ञान थोडा भी हो पर यदि उसने जीवनशुद्धिमे प्रेरणा दी है तो वह सम्यग्ज्ञान है। अहिंसा सयम और तप साधनात्मक वस्तुएँ हैं ज्ञानात्मक नही। अत जैनसस्कृतिने कोरे ज्ञानको भार ही बनाया है। तत्त्वोकी सच्ची श्रद्धा खासकर धर्मकी श्रद्धा मोक्ष-प्रासादका प्रथम सोपान है। आत्मधर्म अर्थात् आत्मस्वभावका ओर आत्मा तथा शरीरादि परपदार्थोका स्वरूपज्ञान होना—इनमे भेदविज्ञान होना ही **सम्यग्दर्शन** है। सम्यक्दर्शन अर्थात् आत्मस्वरूपका स्पष्ट दर्शन, अपने लक्ष्य और कल्याण-मार्गकी दृढ प्रतीति। भय आशा स्नेह और लोभादि किसी भी कारण से जो श्रद्धा चल और मलिन न हो सके, कोई साथ दे या न दे पर भीतरसे जिसके प्रति जीवनकी भी बाजी लगानेवाला परमावगाढ सकल्प हो वह जीवन्त श्रद्धा **सम्यक्दर्शन** है। इस ज्योतिके जगते ही साधकको अपने तत्त्वका स्पष्ट दर्शन होने लगता है। उसे स्वानुभूति—अर्थात् आत्मानुभव प्रतिक्षण होता है। वह समझता है कि धर्म आत्मस्वरूपकी प्राप्तिमे है, बाह्य पदार्थाश्रित क्रियाकाण्डमे नही। इसीलिए उसकी परिणति एक विलक्षण प्रकारकी हो जाती है। उसे आत्मकल्याण, मानवजातिका कल्याण, देश और समाजके कल्याणके मार्गका स्पष्ट भान हो जाता है। अपने आत्मासे भिन्न किसी भी परपदार्थकी अपेक्षा ही दुखका कारण है। सुख स्वाधीन वृत्तिमे है। अहिंसा भी अन्तत यही है कि हमारा परपदार्थसे स्वार्थसाधनका भाव कम हो। जैसे स्वय जीवित रहनेकी इच्छा है उसी तरह प्राणिमात्रका भी जीवित रहनेका अधिकार स्वीकार करे।

स्वरूपज्ञान और स्वाधिकार मर्यादाका ज्ञान **सम्यग्ज्ञान** है। उसके प्रति दृढ श्रद्धा **सम्यग्दर्शन** है और तद्रूप होनेके यावत् प्रयत्न **सम्यक्चारित्र** है। यथा—प्रत्येक आत्मा चैतन्यका धनी है। प्रतिक्षण पर्याय वदलते हुए भी उसकी अविच्छिन्न धारा अनन्तकालतक चलती रहेगी। उसका कभी समूल नाश न होगा। एक द्रव्यका दूसरे द्रव्यपर कोई अधिकार नही है। रागादि कषाये और वासनाएँ आत्माका निजरूप नही ह विकारभाव है। शरीर भी पर है। हमारा स्वरूप तो चैतन्यमात्र है। हमारा अधिकार अपनी गुणपर्यायो पर है। अपने विचार और अपनी क्रियाओको हम जैसा चाहे वैसा बना सकते है। दूसरेको बनाना बिगाडना हमारा स्वाभाविक अधिकार नही है। यह अवश्य है कि दूसरा हमारे बनने बिगडनेमे निमित्त होता है पर निमित्त उपादानकी योग्यताका ही विकास करता है। यदि उपादान कमजोर है तो निमित्तके द्वारा अत्यधिक प्रभावित हो सकता। अत बनना बिगडना बहुत कुछ अपनी भीतरी योग्यतापर ही निर्भर है। इसतरह अपने आत्माके स्वरूप और स्वाधिकारपर अटल श्रद्धा होना और आचार व्यवहारमे इसका उल्लघन न करनेकी दृढ प्रतीति होना **सम्यग्दर्शन** है।

सम्यग्दर्शनका सम्यग्दर्शन—

सम्यग्दर्शनका अर्थ मात्र यथार्थ देखना या वास्तविक पहिचान ही नही है, किन्तु उस दर्शनके पीछे होनेवाली दृढ प्रतीति जीवन्त श्रद्धा और उसको कायम रखनेकेलिए प्राणोकी भी बाजी लगा देनेवाला अटूट विश्वास ही वस्तुत सम्यग्दर्शनका स्वरूपार्थ है।

सम्यग्दर्शनमे दो शब्द है सम्यक् और दर्शन। सम्यक् शब्द सापेक्ष है, उसमे विवाद हो सकता है। एक मत जिसे सम्यक् समझता है दूसरा मत उसे सम्यक् नही मानकर मिथ्या मानता है। एक ही वस्तु परिस्थिति विशेषमे एक को सम्यक् और दूसरेको मिथ्या हो सकती है। दर्शनका अर्थ देखना या निश्चय करना है। इसमे भी भ्रान्तिकी सम्भावना है। सभी मत अपने अपने धर्मको दर्शन अर्थात् साक्षात्कार किया हुआ बताते है अत कौन सम्यक् और कौन असम्यक् तथा कौन दर्शन और कौन अदर्शन

ये प्रश्न मानव मस्तिष्कको आन्दोलित करते रहते हैं। इन्ही प्रश्नोके समाधानमे जीवन का लक्ष्य क्या है ? धर्मकी आवश्यकता क्यो है ? आदि प्रश्नोका समाधान निहित है ।

सम्यक्दर्शन एक क्रियात्मक शब्द है, अर्थात् सम्यक्-अच्छीतरह दर्शन–देखना। प्रश्न यह है कि–'क्यो देखना, किसको देखना और कैसे देखना।' 'क्यो देखना' तो इसलिए कि मनुष्य स्वभावत मननशील और दर्शनशील प्राणी होते है। उनका मन यह तो विचारता ही है कि—यह जीवन क्या है ? क्या जन्मसे मरणतक ही इसकी धारा है या आगे भी ? जिन्दगीभर जो अनेक द्वद्वो और सघर्पोसे जूझना है वह किस-लिए ? अत जब इसका स्वभाव ही मननशील है तथा ससारमे सैकडो मत प्रचारक मनुष्यको बलात् वस्तु-स्वरूप दिखाते हुए चारो ओर घूम रहे है, 'धर्म डूबा, सस्कृति डूबी, धर्मकी रक्षा करो, सस्कृतिको बचाओ' आदि धर्मप्रचारकोके नारे मनुष्यके कानके पर्दे फाट रहे है तब मनुष्यको न चाहने पर भी देखना तो पडेगा ही। यह तो करीब करीब निश्चित ही है कि मनुष्य या कोई भी प्राणी अपने लिए ही सब-कुछ करता है, उसे सर्वप्रिय वस्तु अपनी ही आत्मा है। उपनिषदोमे आता है कि "**आत्मनो वै कामाय सर्व प्रिय भवति।**" कुटुम्ब स्त्री पुत्र तथा शरीरका भी ग्रहण अपनी आत्माकी तुष्टिकेलिए किया जाता है। अत 'किसको देखना' इस प्रश्न का उत्तर है कि सर्वप्रथम उस आत्माको ही देखना चाहिए जिसकेलिए यह सब कुछ किया जा रहा है, और जिसके न रहने पर यह सब कुछ व्यर्थ है, वही आत्मा द्रष्टव्य है, उसीका सम्यक्दर्शन हमेकरना चाहिए। 'कैसे देखना' इस प्रश्न का उत्तर धर्म और सम्यग्दर्शन का निरुपण है।

जैनाचार्योने '**वत्थुस्वभावो धम्मो**' यह धर्मकी अन्तिम परिभाषा की है। प्रत्येक वस्तुका अपना निज स्वभाव ही धर्म है तथा स्वभावसे च्युत होना अधर्म है। मनुष्यका मनुष्य रहना धर्म है पशु बनना अधर्म है। आत्मा जब तक अपने स्वरूपमे है धर्मात्मा है, जहाँ स्वरूपसे च्युत हुआ अधर्मात्मा बना। अत जब स्वरूपस्थिति ही धर्म है तब धर्मकेलिए भी स्वरूपका जानना नितान्त आवश्यक है। यह भी जानना चाहिए कि आत्मा स्वरूपच्युत क्यो होता है ? यद्यपि जलका गरम होना उसकी स्वरूपच्युति है, एतावता वह अधर्म है पर जल चूकि जड है, अत उसे यह भान ही नही होता कि मेरा स्वरूप नष्ट हो गया है। जैन तत्त्वज्ञान तो यह कहता है कि जिस प्रकार अपने स्वरूपसे च्युत होना अधर्म है उसी प्रकार दूसरेको स्वरूपसे च्युत करना भी अधर्म है। स्वय क्रोध करके शान्तस्वरूपसे च्युत होना जितना अधर्म है उतना ही दूसरे के शान्तस्वरूपमे विघ्न करके उसे स्वरूपच्युत करना भी अधर्म है। अत ऐसी प्रत्येक विचार धारा, वचनप्रयोग और शारीरिक प्रवृत्ति अधर्म है जो अपनेको स्वरूपच्युत करती हो या दूसरेकी स्वरूपच्युतिका कारण होती हो ।

आत्माके स्वरूपच्युत होनेका मुख्य कारण है–स्वरूप और स्वाधिकारकी मर्यादाका अज्ञान। ससारमे अनन्त अचेतन और अनन्त चेतन द्रव्य अपना स्वतत्र अस्तित्व रखते है। प्रत्येक अपने स्वरूपमे परिपूर्ण है। इन सबका परिणमन मूलत अपने उपादानके अनुसार होकर भी दूसरेके निमित्तसे प्रभा-वित होता है। अनन्त अचेतन द्रव्योका यद्यपि सयोगोके आधारसे स्वरसत परिणमन होता रहता है पर जड होनेके कारण उनमे बुद्धिपूर्वक क्रिया नही हो सकती। जैसी जैसी सामग्री जुटती जाती है वैसा वैसा उनका परिणमन होता रहता है। मिट्टीमे यदि विष पड जाय तो उसका विषरूप परिणमन हो जायगा यदि क्षार पड जाय तो खारा परिणमन हो जायगा। चेतन द्रव्य ही ऐसे है जिनमे बुद्धिपूर्वक प्रवृत्ति होती है। ये अपनी प्रवृत्ति तो बुद्धिपूर्वक करते ही है साथ ही साथ अपनी बुद्धिके अनधिकार उपयोगके कारण दूसरे द्रव्योको अपने अधीन करनेकी कुचेष्टा भी करते है। यह सही है कि जबतक आत्मा अशुद्ध या शरीरपरतन्त्र है तबतक उसे परपदार्थोकी आवश्यकता होगी और वह परपदार्थोके बिना जीवित भी नही रह सकता। पर इस अनिवार्यस्थितिमे भी उसे यह सम्यक्दर्शन तो होना ही चाहिए कि–"यद्यपि आज मेरी अशुद्ध दशामे शरीरादिके परतन्त्र होनेके कारण नितान्त परवश स्थिति है और इसके लिए यत्किचित् परसग्रह आवश्यक है पर मेरा निसर्गत परद्रव्योपर कोई अधिकार नही है'

प्रत्येक द्रव्य अपना अपना स्वामी है।" इस परम व्यक्तिस्वातन्त्र्यकी उद्घोषणा जैन तत्त्वज्ञानियोंने अत्यंत निर्भयतासे की है। और इसके पीछे हजारों राजकुमार राजपाट छोड़कर इस व्यक्तिस्वातन्त्र्यकी उपासनामें लगते आए हैं। यही सम्यग्दर्शनकी ज्योति है।

प्रत्येक आत्मा अपनी तरह जगत्में विद्यमान अनन्त आत्माओंका भी यदि समान-आत्माधिकार स्वीकार कर ले और अचेतन द्रव्योंके संग्रह या परिग्रहको पाप और अनाधिकार चेष्टा मान ले तो जगत्में युद्ध संघर्ष हिंसा द्वेष आदि क्यों हों? आत्माके स्वरूपच्युत होनेका मुख्य कारण है परसंग्रहाभिलाषा और परपरिग्रहेच्छा। प्रत्येक मिथ्यादर्शी आत्मा यह चाहता है कि संसारके समस्त जीवधारी उसके इशारेपर चलें, उसके अधीन रहें, उसकी उच्चता स्वीकार करें। इसी व्यक्तिगत अनधिकार चेष्टाके फलस्वरूप जगत्में जाति वर्ण रंग आदिप्रयुक्त वैषम्यकी सृष्टि हुई है। एक जातिमें उच्चत्वका अभिमान होनेपर उसने दूसरी जातियोंको नीचा रखनेका प्रयत्न किया। मानवजातिके काफी बड़े भागको अस्पृश्य घोषित किया गया। गोरेरंगवालोंकी शासक जाति बनी। इस तरह जाति वर्ण और रंगके आधारसे गुट बने और इन गिरोहोंने अपने वर्गकी उच्चता और लिप्साकी पुष्टिकेलिए दूसरे मनुष्योंपर अवर्णनीय अत्याचार किए। स्त्रीमात्र भोगकी वस्तु रही। स्त्री और शूद्रका दर्जा अत्यन्त पतित समझा गया। जैन तीर्थंकरोंने इस अनधिकार चेष्टाको मिथ्यादर्शन कहा और बताया कि इस अनधिकार चेष्टाको समाप्त किये बिना सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति नहीं हो सकती। अतः मूलतः सम्यग्दर्शन—आत्मस्वरूपदर्शन और आत्माधिकारके ज्ञानमें ही परिसमाप्त है। शास्त्रोंमें इसका ही स्वानुभव, स्वानुभूति, स्वरूपानुभव जैसे शब्दोंसे वर्णन किया गया है। जैन परम्परामें सम्यक् दर्शनके विविधरूप पाए जाते हैं (१) तत्त्वार्थश्रद्धान (२) जिनदेव शास्त्र गुरुका श्रद्धान (३) आत्मा और परका भेदज्ञान आदि।

जैनदेव, जैनशास्त्र और जैनगुरुकी श्रद्धाके पीछे भी वही आत्मसमानाधिकारकी बात है। जैनदेव परम वीतरागताके प्रतीक हैं। उस वीतरागता और आत्ममात्रत्वके प्रति सम्पूर्ण निष्ठा रखे बिना शास्त्र और गुरुभक्ति भी अधूरी है। अतः जैनदेव शास्त्र और गुरुकी श्रद्धा का वास्तविक अर्थ किसी व्यक्तिविशेषकी श्रद्धा न होकर उन गुणोंके प्रति अटूट श्रद्धा है जिन गुणोंके वे प्रतीक हैं।

आत्मा और पदार्थोंका विवेकज्ञान भी उसी आत्मदर्शनकी ओर इशारा करता है। इसीतरह तत्त्वार्थश्रद्धानमें उन्हीं आत्मा, आत्माको बन्ध करने वाले और आत्माकी मुक्तिमें कारणभूत तत्त्वोंकी श्रद्धा ही अपेक्षित है। इस विवेचनसे स्पष्ट हो जाता है कि सम्यग्दर्शन आत्मस्वरूपदर्शन और आत्माधिकारका परिज्ञान तथा उसके प्रति अटूट जीवन्त श्रद्धारूप ही है। सम्यग्दृष्टाके जीवनमें परिग्रहसंग्रह और हिंसाका कोई स्थान नहीं रह सकता। वह तो मात्र अपनी आत्मापर ही अपना अधिकार समझकर जितनी दूसरी आत्माओंको या अन्य जडद्रव्योंको अधीन करने की चेष्टाएँ हैं उन सभीको अधर्म ही मानता है। इस तरह यदि प्रत्येक मानवको यह आत्मस्वरूप और आत्माधिकारका परिज्ञान हो जाय और वह जीवनमें इसके प्रति निष्ठावान् हो जाय तो संसारमें परम शान्ति और सहयोगका साम्राज्य स्थापित हो सकता है।

सम्यग्दर्शनके इस अन्तरस्वरूपकी जगह आज बाहरी पूजा-पाठने ले ली है। अमुक पद्धतिसे पूजन और अमुक प्रकारकी द्रव्यसे पूजा आज सम्यक्त्व समझी जाती है। जो महावीर और पद्मप्रभु वीतरागता के प्रतीक थे आज उनकी पूजा व्यापारलाभ, पुत्रप्राप्ति भूतबाधाशान्ति जैसी क्षुद्र कामनाओंकी पूर्तिके लिए ही की जाने लगी है। इतना ही नहीं इन तीर्थंकरोंका 'सच्चा दरबार' कहलाता है। इनके मन्दिरोंमें शासनदेवता स्थापित हुए हैं और उनकी पूजा और भक्तिने ही मुख्य स्थान प्राप्त कर लिया है। और यह सब हो रहा है सम्यग्दर्शनके पवित्र नामपर।

जिस सम्यग्दर्शनसे सम्पन्न चाण्डालको स्वामी समन्तभद्रने देवके समान बताया उसी सम्यग्दर्शनकी ओटमें और शास्त्रोंकी ओटमें जातिगत उच्चत्व नीचत्वके भावका प्रचार किया जा रहा है। जिस बाह्यपदार्थाश्रित या शरीराश्रित भावोंके विनाशकेलिए आत्मदर्शनरूप सम्यग्दर्शनका उपदेश दिया गया

था उन्ही शरीराश्रित पिण्डशुद्धि आदिके नामपर ब्राह्मणधर्मकी वर्णाश्रमव्यवस्थाको चिपटाया जा रहा है। इसतरह जबतक हमे सम्यग्दर्शनका ही सम्यग्दर्शन प्राप्त नही होगा तबतक न जाने क्या क्या अलाय-बलाय उसके पवित्र नामसे मानवजातिका पतन करती रहेगी। अत आत्मस्वरूप और आत्माधिकारकी मर्यादाको पोषण करने वाली धारा ही सम्यग्दर्शन है अन्य नही। यही धर्म है।

दो मिथ्यादर्शन–मैने आगे 'सस्कृतिके सम्यग्दर्शन' प्रकरणमे लिखा है कि–गर्भस्थ बालकके ९० प्रतिशत सस्कार मा बापके रजोवीर्यके परिपाकानुसार होते है और १० प्रतिशत सस्कार जन्मान्तरसे आते हैं। उन १० प्रतिशतमे भी जो मन्द सस्कार होगे वे इधरकी समग्रीसे प्रभावित होकर अपना अस्तित्व समाप्त कर देते हैं। अत जिन सस्कारोमे बालककी अपनी बुद्धि कोई कार्य नही कर सकती वे सब मा बाप और समाजव्यवस्थाकी देन हैं अर्थात् अगृहीत सस्कार हैं। जिन सस्कारोको या विचारोको बालक स्वय शिक्षा उपदेश आदिसे बुद्धिपूर्वक ग्रहण करता है वे गृहीत सस्कार है। अब विचारिए कि १८ या २० वर्षकी उमर तक, जबतक बालक शिष्य है तबतक मा बाप, समाजके बडेबूढे धर्मगुरु, धर्मप्रचारक, शिक्षक सभी उस मोमको अपने साचेमे ढालनेका प्रयत्न करते हैं। बालक सफेद कोरा कागज है। ये सब मा-बाप, शिक्षक और समाज आदि उस कोरे कागजपर अपने सस्कारानुसार काले लाल पीले धब्बे प्रतिक्षण लगाते रहते है और उसकी स्वरूपभूत सफेदीको रचमात्रभी अवशिष्ट नही रहने देना चाहते। जब वह बालिग होता है और अपने स्वरूपदर्शनका प्रयत्न करता है तो अपने मनरूपी कागजको पचरगा पाता है, दूसरे रग तो नाममात्रको है काला ही काला रग है। सारा जीवन उन धब्बो को साफ करनेमे ही बीत जाता है। साराश यह कि–यह अगृहीत मिथ्यात्व जो माँ बाप शिक्षक समाजव्यवस्था आदिसे कच्ची उमरमे प्राप्त होता है दुर्निवार है। गृहीत-मिथ्यात्वको तो जिसे कि वह बुद्धिपूर्वक स्वीकार करता है बुद्धि पूर्वक तुरत छोड भी सकता है। अत पहिली आवश्यकता है–माँ बाप समाज और शिक्षकवर्गको सम्यग्दृष्टा बनानेकी। अन्यथा ये स्वय तो मिथ्यादृष्टि बने ही है पर आगेकी नवपीढीको भी अपने काले विचारोसे दूषित करते रहेगे।

जिस प्रकार मिथ्यादर्शन दो प्रकारका है उसी प्रकार सम्यग्दर्शनके भी निसर्गज–अर्थात् बुद्धिपूर्वक प्रयत्नके बिना अनायास प्राप्त होनेवाला और अधिगमज अर्थात् बुद्धिपूर्वक–परोपदेशसे सीखा हुआ, इस प्रकार दो भेद है। जन्मान्तरसे आये हुए सम्यग्दर्शन सस्कारका निसर्गजमे ही समावेश है। अत जबतक माँ बाप, शिक्षक, समाजके नेता, धर्मगुरु और धर्मप्रचारक आदिको सम्यग्दर्शनका सम्यग्दर्शन न होगा तबतक ये अनेक निरर्थक क्रियाकाण्डो और विचारशून्य रूढियोकी शराब धर्म और सम्यग्दर्शनके नामपर नूतनपीढीको पिलाते जायगे और निसर्गमिथ्यादृष्टियोकी सृष्टि करते जायगे। अत नई पीढीके सुधारकेलिए व्यक्तिको सम्यग्दर्शन प्राप्त करना होगा। हमे उस मूलभूत तत्त्व–आत्मस्वरूप और आत्माधिकारको इन नेताओको समझाना होगा और इनमे करबद्ध प्रार्थना करनी होगी कि इन कच्चे बच्चोपर दया करो, इन्हे सम्यग्दर्शन और धर्मके नामपर बाह्यगत उच्चत्वनीचत्व शरीराश्रित पिण्डशुद्धि आदिमे न उलझाओ, थोडा थोडा आत्मदर्शन करने दो। परम्परागत रूढियोको धर्मका जामा मत पहिनाओ। बुद्धि और विवेकको जाग्रत होने दो। श्रद्धाके नामपर बुद्धि और विवेककी ज्योतिको मत बुझावो। अपनी प्रतिष्ठा स्थिर रखनेकेलिए नई पीढीके विकासको मत रोको। स्वय समझो जिससे तुम्हारे सपर्कमे आने वाले लोगोमे समझदारी आवे। रूढिचक्रिका आम्नाय परम्परा आदिके नामपर आख मूदकर अनुसरण न करो। तुम्हारा यह पाप नई पीढ़ीको भोगना पडेगा। भारतकी परतन्त्रता हमारे पूर्वजोकी ही गलती या सकुचित दृष्टिका परिणाम थी, और आज जो स्वतत्रता मिली वह गान्धीयुगके सम्यग्द्रष्टाओके पुरुषार्थका फल है। इस विचारधाराको प्राचीनता, हिन्दुत्व, धर्म और सस्कृतिके नामपर फिर तम छन्न मत करो।

साराश यह कि आत्मस्वरूप और आत्माधिकारके पोषक उपबृहक परिवर्धक और सशोधक कर्तव्योका प्रचार करो जिससे सम्यग्दर्शनकी परम्परा चले। व्यक्तिका पाप व्यक्तिको तो भोगना ही

पड़ता है पर उसका सूक्ष्म विष समाजशरीरमे व्याप्त होता है, जो सारे समाजको ही अज्ञातरूपसे नष्ट कर देता है। तुम तो समझ सकते हो पर तुम्हारे बच्चे तो तुम्हारे नामपर न जाने क्या क्या करते जायगे। अत उनकी खातिर स्वय सम्यग्द्रष्टा बननेका स्थिर प्रयत्न करो।

परम्परा का सम्यग्दर्शन—

प्राचीन नवीन या समीचीन ?

मनुष्यमे प्राचीनताका मोह इतना दृढ है कि अच्छी से अच्छी बातको वह प्राचीनताके अस्त्रसे उडा देता है और बुद्धि तथा विवेकको ताकमे रख उसे 'आधुनिक' कहकर आग्राह्य बनानेका दुष्ट प्रयत्न करता है। इस मूढ मानवको यह पता नही है, कि प्राचीन होनेसे ही कोई विचार अच्छा और नवीन होनेसे ही कोई बुरा नही कहा जा सकता। मिथ्यात्व हमेशा प्राचीन होता है, अनादिमे आता है और सम्यग्दर्शन नवीन होता है पर इससे मिथ्यात्व अच्छा ओर सम्यक्त्व बुरा नही हो सकता। आचार्य समन्तभद्रने धर्मदेशनाकी प्रतिज्ञा करते हुए लिखा है—**"देशयामि समीचीन धर्म कर्म-निवर्हणम।"** इसमे उनने प्राचीन या नवीन धर्मके उपदेश देनेकी बात नही कही है किंतु वे 'समीचीन' धर्मका उपदेश देना चाहते ह। जो समीचीन अर्थात् सच्चा हो बुद्धि और विवेकके द्वारा सम्यक् सिद्ध हुआ हो, वही ग्राह्य है न कि प्राचीन या नवीन। प्राचीनमे भी कोई बात समीचीन हो सकती है और नवीनमे भी कोई बात समीचीन। दोनोमे असमीचीन बाते भी हो सकती हे। अत परीक्षा कसौटीपर जो खरी समीचीन उतरे वही हमे ग्राह्य है। प्राचीनताके नामपर पीतल ग्राह्य नही हो सकता ओर नवीनताके कारण सोना त्याज्य नही। कसौटी रखी हुई है, जो कसनेपर समीचीन निकले वही ग्राह्य है।

आचार्य सिद्धसेन दिवाकरने बहुत खिन्न होकर इन प्राचीनता-मोहियोको सम्बोधित करते हुए छठवी द्वात्रिंशतिकामे बहुत मार्मिक चेतावनी दी है, जो प्रत्येक सशोधकको सदा स्मरण रखने योग्य है—

यदशिक्षितपण्डितो जनो विदुषामिच्छति वक्तुमग्रतः।
न च तत्क्षणमेव शीर्यते जगत किं प्रभवन्ति देवता॥

समीक्षक विद्वानोके सामने प्राचीनरूढिवादी बिना पढा पडितम्मन्य जब अटसट बोलनेका साहस करता है, वह तभी क्यो नही भस्म हो जाता ? क्या दुनियामे कोई न्याय-अन्यायको देखनेवाले देवता नही हे ?

पुरातनैर्या नियता व्यवस्थितिस्तथैव सा किं परिचिन्त्य सेत्स्यति।
तथेति वक्तु मृतरूढगौरवादह न जात प्रथयन्तु विद्विष॥

पुराने पुरुषोने जो व्यवस्था निश्चित की ह वह विचारनेपर क्या वैसी ही सिद्ध हो सकती है ? यदि समीचीन सिद्ध हो तो हम उसे समीचीनताके नामपर मान सकते हे, प्राचीनताके नामपर नही। यदि वह समीचीन सिद्ध नही होती तो मरे हुए पुरुषोके झूठे गौरवके कारण 'तथा' हॉ मे हॉ मिलानेके लिए मे उत्पन्न नही हुआ हूँ। मेरी इस समीचीनप्रियताके कारण यदि विरोधी बढ़ते है तो बढे। श्रद्धावश कब्रपर फूल तो चढाये जा सकते हे पर उनकी हर एक बातका अन्धानुसरण नही किया जा सकता।

बहुप्रकारा स्थितय परस्पर विरोधयुक्ता कथमाशु निश्चयः।
विशेषसिद्धावियमेव नेति वा पुरातनप्रेमजडस्य युज्यते॥

पुरानी परम्पराएँ बहुत प्रकारकी है, उनमे परस्पर पूर्व-पश्चिम जैसा विरोध भी है। अत बिना विचारे प्राचीनताके नामपर चटसे निर्णय नही दिया जा सकता। किसी कार्यविशेषकी सिद्धिके लिए 'यही व्यवस्था है, अन्य नही' 'यही पुरानी आम्नाय है' आदि जडताकी बाते पुरातनप्रेमी जड ही कह सकते हे।

जनोऽयमन्यस्य स्वयं पुरातनः पुरातनैरेव समो भविष्यति ।
पुरातनेष्वित्यनवस्थितेषु कः पुरातनोक्तान्यपरीक्ष्य रोचयेत् ॥

'आज जिसे हम नवीन कहकर उड़ा देना चाहते हैं वही व्यक्ति मरनेके बाद नई पीढ़ीकेलिए पुराना हो जायगा और पुरातनोंकी गिनतीमें शामिल हो जायगा। प्राचीनता अस्थिर है। जिन्हें आज हम पुराना कहते हैं वे भी अपने जमानेमें नए रहे होंगे और जो उस समय नवीन कहकर दुरदुराये जाते होंगे वे ही आज प्राचीन बने हुए हैं।' इस तरह प्राचीनता और पुरातनता जब कालकृत है और कालचक्रके परिवर्तनके अनुसार प्रत्येक नवीन पुरातनोंकी राशिमें सम्मिलित होता जाता है तब कोई भी विचार बिना परीक्षा किये इस गड़बड़ पुरातनताके नामपर कैसे स्वीकार किया जा सकता है ?

विनिश्चयं नैति यथा यथाऽलसस्तथा तथा निश्चितवत्प्रसीदति ।
अवन्ध्यवाक्या गुरवोऽहमल्पधीरिति व्यवस्यन् स्ववधाय धावति ॥

प्राचीनतामूढ आलसी जड़ निर्णयकी अशक्ति होनेके कारण अपने अनिर्णयमें ही निर्णयका भान करके प्रसन्न होता है। उसके तो यही अस्त्र है कि 'अवश्य ही इसमें कुछ तत्त्व होगा ? हमारे पुराने गुरु अमोघवचन थे, उनके वाक्य मिथ्या हो नहीं सकते, हमारी ही बुद्धि अल्प है जो उनके वचनों तक नहीं पहुँचती' आदि। इन सिद्धान्त आलसी पुराणप्रेमियोंकी ये सब बुद्धिहत्याके सीधे प्रयत्न हैं और इनके द्वारा वे आत्मविनाशकी ओर ही तेजीसे बढ़ रहे हैं।

मनुष्यवृत्तानि मनुष्यलक्षणैर्मनुष्यहेतोर्नियतानि तैः स्वयम् ।
अलब्धपाराण्यलसेषु कर्णवानगाधपाराणि कथं ग्रहीष्यति ॥

जिन्हें हम पुरातन कहते हैं वे भी मनुष्य ही थे और उन्होंने मनुष्योंकेलिए ही मनुष्यचरित्रोंका वर्णन किया है। उनमें कोई दैवी चमत्कार नहीं था। अतः जो आलसी या बुद्धिजड़ हैं उन्हें ही वे अगाध गहन या रहस्यमय मालूम हो सकते हैं पर जो समीक्षकचेता मनस्वी है वह उन्हें आख मूदकर 'गहन रहस्य'के नामपर कैसे स्वीकार कर सकता है।

यदेव किञ्चित् विषमप्रकल्पितं पुरातनैरुक्तमिति प्रशस्यते ।
विनिश्चिताप्यद्य मनुष्यवाक्कृतिर्न पठ्यते यत्स्मृतिमोह एव सः ॥

कितनी भी असम्बद्ध और असंगत बातें प्राचीनताके नामपर प्रशंसित हो रही हैं और चल रही हैं। उनकी असम्बद्धता 'पुरातनोक्त और हमारी अशक्ति' के नामपर भूषण बन रही है तथा मनुष्यकी प्रत्यक्षसिद्ध बोधगम्य और युक्तिप्रवण भी रचना आज नवीनताके नामपर दुरदुराई जा रही है। यह तो प्रत्यक्षके ऊपर स्मृतिकी विजय है। यह मात्र स्मृतिमूढता है। इसका विवेक या समीक्षणसे कोई सम्बन्ध नहीं है।

न गौरवाक्रान्तमतिर्विगाहते किमत्र युक्तं किमयुक्तमर्थतः ।
गुणावबोधप्रभवं हि गौरवं कुलाङ्गनावृत्तमतोऽन्यथा भवेत् ॥

पुरातनके मिथ्यागौरवका अभिमानी व्यक्ति युक्त और अयुक्तका विचार ही नहीं कर सकता। उसकी बुद्धि उस थोथे बड़प्पनसे इतनी दब जाती है कि उसकी विचारशक्ति सर्वथा रुद्ध हो जाती है। अन्तमें आचार्य लिखते हैं कि गौरव गुणकृत है। जिसमें गुण हैं वह चाहे प्राचीन हो या नवीन या मध्ययुगीन, गौरवके योग्य है। इसके सिवाय अन्य गौरवके नामका ढोल पीटना किसी कुलकामिनीके अपने कुलके नामसे सतीत्वको सिद्ध करनेके समान ही है।

कवि कालिदासने भी इन प्राचीनताबद्धबुद्धियोंको परप्रत्ययनेयबुद्धि कहा है। वे परीक्षकमतिकी सराहना करते हुए लिखते हैं—

पुराणमित्येव न साधु सर्वं न चापि काव्यं नवमित्यवद्यम् ।
सन्तः परीक्ष्यान्यतरद् भजन्ते मूढः परप्रत्ययनेयबुद्धिः ॥

अर्थात् सभी पुराना अच्छा और सभी नया बुरा नहीं हो सकता। समझदार परीक्षा करके उनमेंसे समीचीनको ग्रहण करते हैं। मूढ ही दूसरोंके बहकावेमें आता है।

अतः हम प्राचीनताके मोह और नवीनताके अनादरको छोड़कर समीचीनताकी ओर दृष्टि रखनी चाहिए तभी हम नूतन पीढ़ीकी मतिको समीचीन बना सकेंगे। इस प्राचीनताके मोहने असंख्य अन्धविश्वासों, कुरूढ़ियों, निरर्थक परम्पराओं और अनर्थक कुलाम्नायोंको जन्म देकर मानवकी सहजबुद्धिको अनन्त भ्रमोंमें डाल दिया है। अतः इसका सम्यग्दर्शन प्राप्तकर जीवनको समीक्षापूर्ण बनाना चाहिए।

संस्कृति का सम्यग्दर्शन—

मानवजातिका पतन—आत्म स्वरूपका अज्ञान ही मानवजातिके पतनका मुख्य कारण है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। यह अपने आसपासके मनुष्योंको प्रभावित करता है। बच्चा जब उत्पन्न होता है तो बहुत कम संस्कारोंको लेकर आता है। उत्पत्तिकी बात जाने दीजिये। यह आत्मा जब एक देहको छोड़कर दूसरा शरीर धारण करनेके लिए किसी स्त्रीके गर्भमें पहुँचता है तो बहुत कम संस्कारोंको लेकर जाता है। पूर्व जन्मकी यावत् शक्तियाँ उसी पर्यायके साथ समाप्त हो जाती हैं, कुछ सूक्ष्म संस्कार ही जन्मान्तर तक जाते हैं। उस समय उसका आत्मा सूक्ष्म कार्मण शरीरके साथ रहता है। वह जिस स्त्रीके गर्भमें पहुँचता है वहां प्राप्त वीर्यकण और रज कणसे बने हुए कललपिण्डमें विकसित होने लगता है। जैसे संस्कार उस रज-कण और वीर्यकणमें होंगे उनके अनुसार तथा माताके आहार-विहार-विचारोंके अनुकूल वह बढ़ने लगता है। वह तो कोमल मोमके समान है जैसा साचा मिल जायगा वैसा ढल जायगा। अतः उसका ९९ प्रति-शत विकास मातापिताके संस्कारोंके अनुसार होता है। यदि उनमें कोई शारीरिक या मानसिक बीमारी है तो वह बच्चेमें अवश्य आजायगी। जन्म लेनेके बाद वह मा बापके शब्दोंको सुनता है उनकी क्रियाओंको देखता है। आसपासके लोगोंके व्यवहारके संस्कार उसपर क्रमशः पड़ते जाते हैं। एक ब्राह्मणसे उत्पन्न बालकको जन्मते ही यदि किसी मुसलमानके यहां पालनेको रख दिया जाय तो उसमें सलाम दुआ करना, मांस खाना, उसी पात्रमें पानी पीना उसीसे टट्टी जाना आदि सभी बातें मुसल-मानों जैसी होने लगती हैं। यदि वह किसी भेडियेकी मांदमें चला जाता है तो वह चौपायोंकी तरह चलने लगता है कपड़ा पहिनना भी उसे नहीं सुहाता, नाखूनसे दूसरोंको नोचता है शरीरके आकारके सिवाय सारी बातें भेडियों जैसी हो जाती हैं। यदि किसी चाण्डालका बालक ब्राह्मणके यहां पले तो उसमें बहुत कुछ संस्कार ब्राह्मणोंके आ जाते हैं। हां, नौ माह तक चाण्डालीके शरीरसे जो संस्कार उसमें पड़े हैं वे कभी कभी उद्बुद्ध होकर उसके चाण्डालत्वका परिचय करा देते हैं। तात्पर्य यह कि मानवजाति की नूतन पीढ़ीके लिए बहुत कुछ मा बाप उत्तरदायी हैं। उनकी बुरी आदतें और खोटे विचार नवीन पीढ़ीमें अपना घर बना लेते हैं।

आज जगत्‌में सब चिल्ला रहे हैं कि—'संस्कृतिकी रक्षा करो, संस्कृति डूबी, संस्कृति डूबी उसे बचाओ।' इस संस्कृतिके नामपर उसके उपासकोंके दिमागमें अनेक प्रकारकी बेहूदगी भरी हुई है। कल्पित ऊँच-नीच भाव, अमुक-प्रकारके आचार-विचार, रहनसहन, बोलना-चालना, उठना बैठना आदि सभी शामिल हैं। इस तरह जब चारों ओर से संस्कृतिरक्षाकी आवाज आ रही है और वह उचित भी है, तो सबसे पहिले संस्कृतिकी ही परीक्षा होना जरूरी है। इसी संस्कृतिके नामपर मानवजातिके विनाशके साधनोंका पोषण भी किया जा रहा है। [illegible]

करनेकी योग्यता उसीमें है। यह भाव प्रत्येक जर्मनयुवकमें उत्पन्न किया गया। उसका परिणाम द्वितीय महायुद्धके रूपमें मानवजातिको भोगना पड़ा और ऐसी ही दुरभिसन्धियोंके प्रचारसे तीसरे महायुद्धकी सामग्री इकट्ठी की जा रही है।

भारतवर्षमें सहस्रों वर्षसे जातिगत उच्चता नीचता, छुआछूत, दासीदासप्रथा और स्त्रीको पददलित करनेकी संस्कृतिका प्रचार धर्मके ठेकेदारोंने किया और भारतीय प्रजाके बहुभागको अस्पृश्य घोषित किया। स्त्रियोंको मात्र भोगविलासकी सामग्री बनाकर उन्हें पशुसे भी बदतर अवस्थामें पहुँचा दिया। रामायण जैसे धर्म-ग्रन्थमें "ढोर गवार शूद्र पशु नारी ये सब ताड़नके अधिकारी।' जैसी व्यवस्थाएँ दी गयी हैं और मानवजातिमें अनेक कल्पित भेदोंकी सृष्टि करके एक वर्गके शोषणका, वर्गविशेषके शासन और विलासको प्रोत्साहन दिया, उसे पुण्यका फल बताया और उसीके उच्छिष्ट कणोंसे अपनी जीविका चलाई। नारी और शूद्र पशुके समान करार दिये गये और उन्हें दोनोंको नरक जानेका पात्र बनाया। इस धर्मव्यवस्था को आज संस्कृतिके नामसे पुकारा जाता है। जिस पुरोहितवर्गकी धर्मसे आजीविका चलती है उनकी पूरी सेना इस संस्कृतिकी प्रचारिका है। पशुओंको ब्रह्माने यज्ञके लिए उत्पन्न किया है अतः ब्रह्माजीके नियमके अनुसार उन्हें यज्ञमें झोंको। गौकी रक्षाके बहाने मुसल्मानोंको गालियाँ दी जाती हैं पर इन याज्ञिकोंकी यज्ञशालामें गोमेध यज्ञ धर्मके नामपर बराबर होते थे। अतिथि सत्कारके लिए उन्हें गायकी 'बछियाका भुर्ता बनानेमें कोई संकोच नहीं था। कारण स्पष्ट था—'ब्राह्मण ब्रह्माका मुख है, धर्मशास्त्रकी रचना उसके हाथमें थी।' अपने वर्गके हितके लिए वे जो चाहे लिख सकते थे। उनने तो यहाँतक लिखनेका साहस किया है कि—"ब्रह्माजीने सृष्टिको उत्पन्न करके ब्राह्मणोंको सौंप दी थी अर्थात् ब्राह्मण इस सारी सृष्टिके ब्रह्माजीसे नियुक्त स्वामी हैं। ब्राह्मणोंकी असावधानीसे ही दूसरे लोग जगत्के पदार्थोंके स्वामी बने हुए हैं। यदि ब्राह्मण किसीको मारकर भी उसकी सम्पत्ति छीन लेता है तो वह अपनी ही वस्तु वापिस लेता है। उसकी वह लूट न्याय्य है। वह उस व्यक्तिका उद्धार करता है।" इन ब्रह्ममुखोंने ऐसी ही स्वार्थपोषण करनेवाली व्यवस्थाएँ प्रचारित कीं, जिससे दूसरे लोग ब्राह्मणके प्रभुत्वको न भूलें। गर्भसे लेकर मरणतक सोलह संस्कार उनकी आजीविकाके लिए कायम हुए। मरणके बाद श्राद्ध, वार्षिक त्रैवार्षिक आदि श्राद्ध उनकी जीविकाके आधार बने। प्राणियोंके नैसर्गिक अधिकारोंको अपने आधीन बनानेके आधारपर संस्कृतिके नामसे प्रचार होता रहा है। ऐसी दशामें इस संस्कृतिका सम्यग्दर्शन हुए बिना जगत्में शान्ति और व्यक्तिकी मुक्ति कैसे हो सकती है? वर्गविशेषकी प्रभुताके लिए किया जानेवाला यह विषैला प्रचार ही मानवजातिके पतन और भारतकी पराधीनताका कारण हुआ है। आज भारतमें स्वातन्त्र्योदय होनेपर भी वही जहरीली धारा 'संस्कृतिरक्षा' के नामपर युवकोंके कोमल मस्तिष्कोंमें प्रवाहित करनेका पूरा प्रयत्न वही वर्ग कर रहा है।

हिंदीकी रक्षाके पीछे वही भाव है। पुराने समयमें इस वर्गने संस्कृतको महत्ता दी थी और संस्कृतके उच्चारणको पुण्य और दूसरी जनभाषा-अपभ्रंशके उच्चारणको पाप बताया था। नाटकोंमें स्त्री और शूद्रोंसे अपभ्रंश या प्राकृत भाषाका बुलवाया जाना उसी भाषाधारित उच्चनीच भावका प्रतीक है। आज संस्कृतनिष्ठ हिन्दीका समर्थन करनेवालोंका बड़ा भाग जनभाषाकी अवहेलनाके भावसे ओतप्रोत है। अतः जबतक जगत्के प्रत्येक द्रव्यकी अधिकारसीमाका वास्तविक यथार्थदर्शन न होगा तबतक यह धाँधली चलती ही रहेगी। धर्मरक्षा, संस्कृतिरक्षा, गोरक्षा, हिन्दीरक्षा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, धर्म संघ आदि इसके आवरण हैं।

जैन संस्कृतिने आत्माके अधिकार और स्वरूपकी ओर ही सर्वप्रथम ध्यान दिलाया और कहा कि इसका सम्यग्दर्शन हुए बिना बन्धनमोक्ष नहीं हो सकता। उसकी स्पष्ट घोषणा है—

(१) प्रत्येक आत्मा स्वतंत्र है उसका मात्र अपने विचार और अपनी क्रियाओंपर अधिकार है वह अपने ही गुण पर्यायका स्वामी है। अपने सुधार-बिगाड़का स्वयं जिम्मेदार है।

(२) कोई ऐसा ईश्वर नहीं जो जगत्के अनन्त पदार्थोंपर अपना नैसर्गिक अधिकार रखता हो, पुण्य पापका हिसाब रखता हो और स्वर्ग या नरकमें जीवोंको भेजता हो, सृष्टिका नियन्ता हो।

(३) एक आत्माका दूसरी आत्मापर तथा जड़ द्रव्योंपर कोई स्वाभाविक अधिकार नहीं है। दूसरी आत्माको अपने अधीन बनानेकी चेष्टा ही अनधिकार चेष्टा अत एव हिंसा और मिथ्या दृष्टि है।

(४) दूसरी आत्माएं अपने स्वयके विचारोंसे यदि किसी एकको अपना नियन्ता लोक-व्यवहारकेलिए नियुक्त करती या चुनती हैं तो यह उन आत्माओंका अपना अधिकार हुआ न कि उस चुने जानेवाले व्यक्तिका जन्मसिद्ध अधिकार। अत सारी लोक-व्यवहार व्यवस्था सहयोगपर ही निर्भर है न कि जन्मजात अधिकारपर।

(५) ब्राह्मण क्षत्रियादि वर्णव्यवस्था अपने गुणकर्मके अनुसार है जन्मसे नहीं।

(६) गोत्र एक जन्ममें भी बदलता है, वह गुण-कर्मके अनुसार परिवर्तित होता है।

(७) परद्रव्योंका संग्रह और परिग्रह ममकार और अहंकारका हेतु होनेसे बन्धकारक है।

(८) दूसरे द्रव्योंको अपने अधीन बनानेकी चेष्टा ही समस्त अशान्ति दुःख संघर्ष और हिंसाका मूल है। जहां तक अचेतन पदार्थोंके परिग्रहका प्रश्न है यह छीनाझपटीका कारण होनेसे सक्लेशकारक है, अत हेय है।

(९) स्त्री हो या पुरुष धर्ममें उसे कोई रुकावट नहीं। यह जुदी बात है कि स्त्री अपनी शारीरिक मर्यादाके अनुसार ही विकास कर सकती हो।

(१०) किसी वर्गविशेषका जन्मजात कोई धर्मका ठेका नहीं है। प्रत्येक आत्मा धर्मका अधिकारी है। ऐसी कोई क्रिया धर्म नहीं हो सकती जिसमें प्राणिमात्र का अधिकार न हो।

(११) भाषा भावोंको दूसरेतक पहुँचानेका माध्यम है। अत जनताकी भाषा ही ग्राह्य है।

(१२) वर्ण जाति रग और देश आदिके कारण आत्माधिकारमें भेद नहीं हो सकता, ये सब शरीराश्रित हैं।

(१३) हिंदू मुसलमान सिख ईसाई जैन बौद्ध आदि पन्थभेद भी आत्माधिकारके भेदक नहीं हैं।

(१४) वस्तु अनेकधर्मात्मक है उसका विचार उदारदृष्टिसे होना चाहिए।

सीधी बात तो यह है कि हमें एक ईश्वरवादी शासकसंस्कृतिका प्रचार इष्ट नहीं है। हमे तो प्राणिमात्रको समुन्नत बनानेका अधिकार स्वीकार करनेवाली सर्वसमभावी संस्कृतिका प्रचार करना है।

जबतक हम इस सर्वसमानाधिकारवाली सर्वसमा संस्कृतिका प्रचार नहीं करेंगे तबतक जातिगत उच्चत्व नीचत्व, वर्णाश्रित तुच्छत्व आदिके दूषित विचार पीढ़ी दरपीढ़ी मानवसमाजको पतनकी ओर ले जायगे। अत. मानव समाजकी उन्नतिके लिए आवश्यक है कि संस्कृति और धर्म विषयक दर्शन स्पष्ट और सम्यक् हो। उसका आधार सर्वजनमैत्री हो न कि वर्ग विशेषका प्रभुत्व या जाति विशेषका उच्चत्व।

इस तरह जब हम इस आध्यात्मिक संस्कृतिके विषयमें स्वयं सम्यग्दर्शन प्राप्त करेंगे तभी हम मानवजातिका विकास कर सकेंगे। इसतरह यदि हमारी दृष्टि मिथ्या हुई तो हम तो पतित हुए ही अपनी सन्तान और मानव जातिका बड़ा भारी अहित इस दिशामें सर्वंकष संस्कृतिका प्रचार करके करेंगे। अत मानवसमाजके पतनका मुख्य कारण मिथ्यादर्शन और उत्थानका मूल कारण सम्यग्दर्शन ही हो सकता है। जब हम स्वयं इस सर्वसमभावी [illegible]

[illegible]

साधनोकी सत्ता है अर्थात् आध्यात्मिक दृष्टिसे जो अत्यधिक अनधिकार चेष्टा कर पर द्रव्योंको हस्तगत करनेके कारण मिथ्यादृष्टि और बलवान् हैं वे उस सत्ताका उपयोग दूसरी आत्माओंको कुचलनेमे करना चाहते हे, और चाहते हैं कि ससारके अधिकसे अधिक पदार्थोपर उनका अधिकार हो ओर इसी लिप्साके कारण वे सघर्ष हिसा अशान्ति ईर्षा युद्ध जैसी तामस भावनाओंका सृजन कर विश्वको कलुषित कर रहे ह। धन्य है, इस भारतको जो उसने इस बीसवी सदीमे भी हिंसा बर्बरता के इस दानवयुगमे भी उसी आध्यात्मिक मानवताका सदेश देनेके लिए गान्धी जैसे सन्तको उत्पन्न किया। पर हाय अभागे भारत, तेरे ही एक कपूतने, कपूतने नही, उस सर्वकषा सस्कृतिने जिसम जातिगत उच्चत्व आदि कुभाव पुष्ट होते रहे हे और जिसके नाम पर करोडो धर्मजीवी लोगोकी आजीविका चलती है, उस सन्तके शरीरको गोलीका निशाना बनाया। गान्धीकी हत्या व्यक्तिकी हत्या नही है यह तो उस अहिसक सर्वसमा सस्कृतिके हृदयपर उस दानवी, साम्प्रदायिक, हिन्दूकी ओटमे हिसक विद्वेषिणी सर्वकषा सस्कृतिका प्रहार है । अत मानवजातिके विकास और समुत्थानके लिए हमे सस्कृति विषयक सम्यग्दर्शन प्राप्त करना ही होगा और सर्वसमा आध्यात्मिक अहिसक सस्कृतिके द्वारा आत्मस्वरूप और आत्माधिकारका सम्यग्ज्ञान लाभ करके उसे जीवनमे उतारना होगा तभी हम बन्धनमुक्त हो सकेगे, स्वय स्वतन्त्र रह सकेगे और दूसरोको स्वतन्त्र रहनेकी उच्चभूमिका तैयार कर सकेगे।

साराश यह कि पतनका, चाहे वह सामाजिक हो राष्ट्रीय हो या वैयक्तिक—मूल कारण मिथ्यादर्शन अर्थात् दृष्टिका मिथ्यापन-स्वरूपविभ्रम ही है। दृष्टिमिथ्यात्वके कारण ज्ञान मिथ्या बनता है ओर फिर समस्त क्रियाएँ और आचरण मिथ्या हो जाते है। उत्थानका क्रम भी दृष्टिके सम्यक्त्व अर्थात् सम्यग्दर्शनमे प्रारम्भ होता है। सम्यग्दर्शन होते ही ज्ञानकी गति सम्यक् हो जाती है ओर समस्त प्रवृत्तियाँ सम्यकत्वको प्राप्त हो जाती हे। इसप्रकार बन्धनका कारण मिथ्यात्व ओर मुक्तिका कारण सम्यक्त्व होता है।

अध्यात्म और नियतिवाद का सम्यग्दर्शन—

पदार्थस्थिति—"नाऽसतो विद्यते भावो नाऽभावो विद्यते सत"—जगतमे जो सत् है उसका सर्वथा विनाश नही हो सकता और सर्वथा नए किसी असत्का सद्रूपमे उत्पाद नही हो सकता। जितने मौलिक द्रव्य इस जगतमे अनादिसे विद्यमान है वे अपनी अवस्थाओमे परिवर्तित होते रहते हे। अनन्त जीव, अनन्तानन्त पुद्गल अणु, एक धर्मद्रव्य, एक अधर्मद्रव्य, एक आकाश ओर असख्य कालाणु इनसे यह लोक व्याप्त है। ये छह जातिके द्रव्य मौलिक हे, इनमेसे न तो एक भी द्रव्य कम हो सकता हे और न कोई नया उत्पन्न होकर इनकी सख्यामे वृद्धि ही कर सकता है। कोई भी द्रव्य अन्यद्रव्यरूपमे परिणमन नही कर सकता—जीव जीव ही रहेगा पुद्गल नही हो सकता। जिस तरह विजातीय द्रव्यरूपमे किसी भी द्रव्यका परिणमन नही होता उसी तरह एक जीव दूसरे सजातीय जीवद्रव्यरूप या एक पुद्गल दूसरे सजातीय पुद्गलद्रव्यरूपमे परिणमन भी नही कर सकता। प्रत्येक द्रव्य अपनी पर्यायो-अवस्थाओकी धारामे प्रवाहित हे। वह किसी भी विजातीय या सजातीय द्रव्यान्तरकी धारामे नही मिल सकता। यह सजातीय या विजातीय द्रव्यान्तरमे असक्रान्ति ही प्रत्येक द्रव्यकी मौलिकता है। इन द्रव्योमे धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य और कालद्रव्योका परिणमन सदा शुद्ध ही रहता है, इनमे विकार नही होता, एक जैसा परिणमन प्रतिसमय होता रहता है। जीव ओर पुद्गल इन दो द्रव्योम शुद्धपरिणमन भी होता है तथा अशुद्ध परिणमन भी। इन दो द्रव्योमे क्रियाशक्ति भी है जिससे इनमे हलन-चलन, आना-जाना आदि क्रियाएँ होती ह । शेष द्रव्य निष्क्रिय हे, वे जहाँ है वही रहते है। आकाश सर्वव्यापी है। धर्म और अधर्म लोकाकाशके बराबर हे। पुद्गल ओर काल अणुरूप है। जीव असख्यातप्रदेशी है और अपने शरीरप्रमाण विविध आकारोमे मिलता है। एक पुद्गलद्रव्य ही ऐसा हे जो सजातीय अन्य पुद्गलद्रव्योसे मिलकर स्कन्ध बन जाता हे और कभी कभी इनमे इतना रासायनिक मिश्रण हो जाता है कि उसके अणुओकी पृथक सत्ताका भान करना भी कठिन होता है। तात्पर्य यह कि जीवद्रव्य और पुद्गलद्रव्यमे अशुद्ध परिणमन होता है और वह एक दूसरे

के निमित्तसे। पुद्गलमे इतनी विशेषता है कि उसकी अन्य सजातीय पुद्गलोसे मिलकर स्कन्ध-पर्याय भी होती है पर जीवकी दूसरे जीवसे मिलकर स्कन्ध पर्याय नही होती। दो विजातीय द्रव्य बँधकर एक पर्याय प्राप्त नही कर सकते । इन दो द्रव्योके विविध परिणमनोका स्थूलरूप यह दृश्य जगत् है।

द्रव्य-परिणमन—प्रत्येक द्रव्य परिणामीनित्य है । पूर्वपर्याय नष्ट होती है, उत्तर उत्पन्न होती है पर मूलद्रव्यकी धारा अविच्छिन्न चलती है। यही उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यात्मकता प्रत्येक द्रव्यका निजी स्वरूप है। धर्म, अधर्म, आकाश और कालद्रव्योका सदा शुद्ध परिणमन ही होता है। जीवद्रव्यमे जो मुक्त जीव है उनका परिणमन शुद्ध ही होता है कभी भी अशुद्ध नही होता। ससारी जीव और अनन्त पुद्गलद्रव्यका शुद्ध और अशुद्ध दोनो ही प्रकारका परिणमन होता है। इतनी विशेषता है कि जो ससारी जीव एकबार मुक्त होकर शुद्ध परिणमनका अधिकारी हुआ वह फिर कभी भी अशुद्ध नही होगा, पर पुद्गलद्रव्यका कोई नियम नही है। ये कभी स्कन्ध बनकर अशुद्ध परिणमन करते है तो परमाणुरूप होकर अपनी शुद्ध अवस्थामे आ जाते है फिर स्कन्ध बन जाते है इस तरह उनका विविध परिणमन होता रहता है। जीव और पुद्गलमे वैभाविकी शक्ति है, उसके कारण विभाव परिणमनको भी प्राप्त होते है।

द्रव्यगतशक्ति—धर्म, अधर्म, आकाश ये तीन द्रव्य एक एक है। कालाणु असख्यात है। प्रत्येक कालाणुमे एक-जैसी शक्तियाँ है। वर्तना करनेकी जितने अविभागप्रतिच्छेदवाली शक्ति एक कालाणुमे है वैसी ही दूसरे कालाणुमे। इस तरह कालाणुओमे परस्पर शक्ति-विभिन्नता या परिणमनविभिन्नता नही है। पुद्गलद्रव्यके एक अणुमे जितनी शक्तियाँ है उतनी ही और वैसी ही शक्तियाँ परिणमन-योग्यताएँ अन्य पुद्गलाणुओमे है। मूलत पुद्गल-अणुद्रव्योमे शक्तिभेद, योग्यताभेद या स्वभावभेद नही है। यह तो सम्भव है कि कुछ पुद्गलाणु मूलत स्निग्ध स्पर्शवाले हो और दूसरे मूलत रूक्ष, कुछ शीत और कुछ उष्ण, पर उनके ये गुण भी नियत नही है, रूक्षगुणवाला भी अणु स्निग्धगुणवाला बन सकता है तथा स्निग्धगुणवाला भी रूक्ष, शीत भी उष्ण बन सकता है उष्ण भी शीत। तात्पर्य यह कि पुद्गलाणुओमे ऐसा कोई जातिभेद नही है जिससे किसी भी पुद्गलाणुका पुद्गलसम्बन्धी कोई परिणमन न हो सकता हो। पुद्गलद्रव्यके जितने भी परिणमन हो सकते है उन सबकी योग्यता और शक्ति प्रत्येक पुद्गलाणुमे स्वभावत है। यही द्रव्यशक्ति कहलाती है। स्कन्ध अवस्थामे पर्यायशक्तियाँ विभिन्न हो सकती है। जैसे किसी अग्निस्कन्धमे सम्मिलित परमाणुका उष्णस्पर्श और तेजोरूप था, पर यदि वह अग्निस्कन्धमे जुदा हो जाय तो उसका शीतस्पर्श तथा कृष्णरूप हो सकता है, और यदि वह स्कन्ध ही भस्म बन जाय तो सभी परमाणुओका रूप और स्पर्श आदि बदल सकते है।

सभी जीवद्रव्योकी मूल स्वभावशक्तियाँ एक जैसी है, ज्ञानादि अनन्तगुण और अनन्त चैतन्य-परिणमनकी शक्ति मूलत प्रत्येक जीवद्रव्यमे है। हाँ, अनादिकालीन अशुद्धताके कारण उनका विकास विभिन्न प्रकारसे होता है। चाहे भव्य हो या अभव्य दोनो ही प्रकारके प्रत्येक जीव एक-जैसी शक्तियोके आधार है। शुद्ध दशामे सभी एक जैसी शक्तियोके स्वामी बन जाते है और प्रतिसमय अखण्ड शुद्ध परिणमनमे लीन रहते है। ससारी जीवोमे भी मूलत सभी शक्तियाँ है। इतना विशेष है कि अभव्यजीवोमे केवल ज्ञानादि शक्तियोके आविर्भावकी शक्ति नही मानी जाती। उपर्युक्त विवेचनसे एक बात निर्विवादरूपसे स्पष्ट हो जाती है कि चाहे द्रव्य चेतन हो या अचेतन, प्रत्येक मूलत अपनी अपनी चेतन-अचेतन शक्तियोका धनी है उनमे कही कुछ भी न्यूनाधिकता नही है। अशुद्ध दशामे अन्य पर्यायशक्तियाँ भी उत्पन्न होती है और विलीन होती रहती है।

परिणमनके नियतत्वकी सीमा—उपर्युक्त विवेचनसे यह स्पष्ट है कि द्रव्योमे परिणमन होनेपर भी कोई भी द्रव्य सजातीय या विजातीय द्रव्यान्तररूपमे परिणमन नही कर सकता। अपनी धारामे सदा उसका परिणमन होता रहता है। द्रव्यगत मूल स्वभावकी अपेक्षा प्रत्येक द्रव्यके अपने परिणमन नियत है। किसी भी पुद्गलाणुके वे सभी पुद्गलसम्बन्धी परिणमन यथासमय हो सकते है और किसी भी जीवके जीवसम्बन्धी अनन्त परिणमन। यह तो सम्भव है कि कुछ पर्यायशक्तियोमे सीधा

सम्बन्ध रखनेवाले परिणमन कारणभूत पर्यायशक्तिके न होने पर न हो। जैसे प्रत्येक पुद्गलपरमाणु यद्यपि घट बन सकता है फिर भी जबतक अमुक परमाणु मिट्टी स्कन्धरूप पर्यायको प्राप्त न होंगे तब तक उनमें मिट्टीरूप पर्यायशक्तिके विकाससे होनेवाली घटपर्याय नहीं हो सकती। परन्तु मिट्टी पर्यायमें होनेवाली घट सकोरा आदि जितनी पर्यायें सम्भवित हैं वे निमित्त के अनुसार कोई भी हो सकती हैं। जैसे जीवमें मनुष्यपर्यायमें आँखसे देखनेकी योग्यता विकसित है तो वह अमुक समयमें जो भी सामने आयगा उसे देखेगा। यह कदापि नियत नहीं है कि अमुक समयमें अमुक पदार्थको ही देखनेकी उसमें योग्यता है शेषकी नहीं, या अमुक पदार्थमें उस समय उसके द्वारा ही देखे जानेकी योग्यता है अन्यके द्वारा नहीं। मतलब यह कि परिस्थितिवश जिस पर्यायशक्तिका द्रव्यमें विकास हुआ है उस शक्तिमें होनेवाले यावत्कार्योंमेंसे जिस कार्यकी सामग्री या बलवान् निमित्त मिलेंगे उसके अनुसार उसका वैसा परिणमन होता जायगा। एक मनुष्य गद्दीपर बैठा है उस समय उसमें हँसना-रोना, आश्चर्य करना, गम्भीरतासे सोचना आदि अनेक कार्योंकी योग्यता है। यदि बहुरूपिया सामने आजाय और उसकी उसमें दिलचस्पी हो तो हँसनेरूप पर्याय हो जायगी। कोई शोकका निमित्त मिल जाय तो रो भी सकता है। अकस्मात् बात सुनकर आश्चर्यमें डूब सकता है और तत्त्वचर्चा सुनकर गम्भीरतापूर्वक सोच भी सकता है। इसलिए यह समझना कि 'प्रत्येक द्रव्यका प्रतिसमयका परिणमन नियत है उसमें कुछ भी हेर-फेर नहीं हो सकता और न कोई हेर-फेर कर सकता है' द्रव्यके परिणमनस्वभावको गम्भीरतासे न सोचनेके कारण भ्रमात्मक है। द्रव्यगत परिणमन नियत है। अमुक स्थूलपर्यायगत शक्तियोंके परिणमन भी नियत हो सकते हैं, जो उस पर्यायशक्तिके सम्भावनीय परिणमनोंमेंसे किसी एकरूपमें निमित्तानुसार सामने आते हैं। जैसे एक अंगुली अगले समय टेढ़ी हो सकती है, सीधी रह सकती है, टूट सकती है, घूम सकती है, जैसी सामग्री और कारण-कलाप मिलेंगे उसमें विद्यमान इन सभी योग्यताओंमेंसे अनुकूल योग्यताका विकास हो जायगा। उस कारणशक्तिसे वह अमुक परिणमन भी नियत कराया जा सकता है जिसकी पूरी सामग्री अविकल हो और प्रतिबन्धक कारणकी सम्भावना न हो, ऐसी अन्तिम-क्षणप्राप्त शक्तिसे वह कार्य नियत ही होगा, पर इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि प्रत्येक द्रव्यका प्रतिक्षणका परिणमन सुनिश्चित है उसमें जिसे जो निमित्त होना है नियतिचक्रके पेटमें पड़कर ही वह उसका निमित्त बनेगा ही। यह अतिसुनिश्चित है कि हरएक द्रव्यका प्रतिसमय कोई न कोई परिणमन होना ही चाहिए। पुराने संस्कारोंके परिणामस्वरूप कुछ ऐसे निश्चित कार्यकारणभाव बनाए जा सकते हैं जिनमें यह नियत किया जा सकता है कि अमुक समयमें इस द्रव्यका ऐसा परिणमन होगा ही, पर इस कारणताकी अवश्यभाविता सामग्रीकी अविकलता तथा प्रतिबन्धक-कारणकी शून्यता पर ही निर्भर है। जैसे हल्दी और चूना दोनों एक जलपात्रमें डाले गये तो यह अवश्यभावी है कि उनका लालरंगका परिणमन हो। एक बात यहाँ यह खासतौरसे ध्यानमें रखनेकी है कि अचेतन परमाणुओंमें बुद्धिपूर्वक क्रिया नहीं हो सकती। उनमें अपने संयोगोंके आधारसे ही क्रिया होती है, भले ही वे संयोग चेतन द्वारा मिलाए गए हों या प्राकृतिक कारणोंसे मिले हों। जैसे पृथिवीमें कोई बीज पड़ा हो तो सरदी गरमीका निमित्त पाकर उसमें अंकुर आ जायगा और वह पल्लवित पुष्पित होकर पुनः बीजको उत्पन्न कर देगा। गरमीका निमित्त पाकर जल भाप बन जायगा। पुनः सरदीका निमित्त पाकर भाप जलके रूपमें बरसकर पृथिवीको शस्यश्यामल बना देगा। कुछ ऐसे भी अचेतन द्रव्योंके परिणमन हैं जो चेतन निमित्तसे होते हैं जैसे मिट्टीका घड़ा बनना या रुईका कपड़ा बनना। तात्पर्य यह कि अतीतके संस्कारवश वर्तमान क्षणमें जितनी और जैसी योग्यताएँ विकसित होंगी और जिनके विकासके अनुकूल निमित्त मिलेंगे द्रव्योंका वैसा वैसा परिणमन होता जायगा। भविष्यका कोई निश्चित कार्यक्रम द्रव्योंका बना हुआ हो और उसी सुनिश्चित अनन्त क्रमपर यह जगत चल रहा हो यह धारणा ही भ्रमपूर्ण है।

नियताऽनियतत्ववाद—जैन दृष्टिसे द्रव्यगत शक्तियाँ नियत हैं पर उनके प्रतिक्षणके परिणमन अनिवार्य होकर भी अनियत हैं। एक द्रव्यकी उस समयकी योग्यतासे जितने प्रकारके परिणमन हो सकते हैं उनमेंसे कोई भी परिणमन जिसके निमित्त और अनुकूल सामग्री मिल जायगी हो जायगा। तात्पर्य कि यह

प्रत्येक द्रव्यकी शक्तियाँ तथा उनमें होनेवाले परिणमनोंकी जाति सुनिश्चित है। कभी भी पुद्गलके परिणमन जीवमें तथा जीवके परिणमन पुद्गलमें नहीं हो सकते। पर प्रतिसमय कैसा परिणमन होगा यह अनियत है। जिस समय जो शक्ति विकसित होगी तथा अनुकूल निमित्त मिल जायगा उसके बाद वैसा परिणमन हो जायगा। अतः नियतत्व और अनियतत्व दोनों धर्म सापेक्ष हैं, अपेक्षा भेदसे सम्भव है।

जीवद्रव्य और पुद्गल द्रव्यका ही खेल यह जगत है। इनकी अपनी द्रव्यशक्तियाँ नियत हैं। संसारमें किसीकी शक्ति नहीं जो द्रव्यशक्तियोंमेंसे एकको भी कम कर सके या एकको बढ़ा सके। इनका आविर्भाव और तिरोभाव पर्यायके कारण होता रहता है। जैसे मिट्टी पर्यायको प्राप्त पुद्गलसे तेल नहीं निकल सकता, वह सोना नहीं बन सकती, यद्यपि तेल और सोना भी पुद्गल ही बनता है, क्योंकि मिट्टी पर्यायवाले पुद्गलोंकी वह योग्यता तिरोभूत है, उसमें घट आदि बनने की, अकुरको उत्पन्न करनेकी, बर्तनोंके शुद्ध करनेकी, प्राकृतिक चिकित्सामें उपयोग आनेकी आदि पचासों पर्याय योग्यताएँ विद्यमान हैं। जिसकी सामग्री मिलेगी अगले क्षणमें वही पर्याय उत्पन्न होगी। रेत भी पुद्गल है पर इस पर्यायमें घड़ा बननेकी योग्यता तिरोभूत है, अप्रकट है, उसमें सीमेंटके साथ मिलकर दीवालपर पुष्ट लेप करनेकी योग्यता प्रकट है, वह कांच बन सकती है या वहीं पर लिखी जानेवाली काली स्याहीका शोषण कर सकती है। मिट्टी पर्यायमें ये योग्यताएँ अप्रकट हैं। तात्पर्य यह कि —

(१) प्रत्येक द्रव्यकी मूलद्रव्यशक्तियाँ नियत हैं उनकी संख्यामें न्यूनाधिकता कोई नहीं कर सकता। पर्यायके अनुसार कुछ शक्तियां प्रकट रहती हैं और कुछ अप्रकट। इन्हें पर्याय योग्यता कहते हैं। (२) यह नियत है कि चेतन का अचेतनरूपसे तथा अचेतनका चेतनरूपसे परिणमन नहीं हो सकता। (३) यह भी नियत है कि एक चेतन या अचेतन द्रव्यका दूसरे सजातीय चेतन या अचेतन द्रव्य रूपसे परिणमन नहीं हो सकता। (४) यह भी नियत है कि दो चेतन मिलकर एक संयुक्त सदृश पर्याय उत्पन्न नहीं कर सकते जैसे कि अनेक अचेतन परमाणु मिलकर अपनी संयुक्त सदृश घट पर्याय उत्पन्न कर लेते हैं। (५) यह भी नियत है कि द्रव्यमें उस समय जितनी पर्याय योग्यताएँ हैं उनमें जिसके अनुकूल निमित्त मिलेंगे वही परिणमन आगे होगा, शेष योग्यताएँ केवल सद्भावमें रहेंगी। (६) यह भी नियत है कि प्रत्येक द्रव्यका कोई न कोई परिणमन अगले क्षणमें अवश्य होगा। यह परिणमन द्रव्यगत मूल योग्यताओं और पर्यायगत प्रकट योग्यताओंकी सीमाके भीतर ही होगा बाहर कदापि नहीं। (७) यह भी नियत है कि निमित्त उपादान द्रव्य की योग्यताका ही विकास करता है, उसमें नूतन-सर्वथा असद्भूत परिणमन उपस्थित नहीं कर सकता। (८) यह भी नियत है कि प्रत्येक द्रव्य अपने अपने परिणमनका उपादान होता है। उस समयकी पर्यायोग्यतारूप उपादानशक्तिकी सीमाके बाहिरका कोई परिणमन निमित्त नहीं ला सकता। परन्तु—

(१) यही एक बात अनियत है कि 'अमुक समयमें अमुक परिणमन ही होगा।' मिट्टीकी पिण्ड-पर्यायमें घड़ा सकोरा सुराई दिया आदि अनेक पर्यायोंके प्रकटानेकी योग्यता है। कुम्हारकी इच्छा और क्रिया आदिका निमित्त मिलनेपर उनमेंसे जिसकी अनुकूलता होगी वह पर्याय अगले क्षणमें उत्पन्न हो जायगी। यह कहना कि 'उस समय मिट्टीकी यही पर्याय होनी थी, उसका मेल भी सद्भाव रूपसे होना था पानीकी यही पर्याय होनी थी' द्रव्य और पर्यायगत योग्यताके अज्ञानका फल है।

नियतिवाद नहीं—जो होना होगा वह होगा ही, हमारा कुछ भी पुरुषार्थ नहीं है, इस प्रकारके निष्क्रिय नियतिवादके विचार जैनतत्त्वस्थितिके प्रतिकूल हैं। जो द्रव्यगत शक्तियाँ नियत हैं उनमें हमारा कोई पुरुषार्थ नहीं, हमारा पुरुषार्थ तो कोयलेकी हीरापर्यायके विकास करानेमें है। यदि कोयलेके लिए उसकी हीरापर्यायके विकासके लिए आवश्यक सामग्री न मिले, तो या तो वह जलकर भस्म बनेगा या फिर खानिमें ही पड़े पड़े समाप्त हो जायगा। इसका यह अर्थ नहीं है कि जिसमें उपादान शक्ति नहीं है उसका परिणमन भी निमित्तसे हो सकता है या निमित्तमें यह शक्ति है जो निरुपादानको परिणमन करा सके।

नियतिवाद-दृष्टिविष–एकबार 'ईश्वरवाद'के विरुद्ध छात्रोंने एक प्रहसन खेला था। उसमें एक ईश्वरवादी राजा था, जिसे यह विश्वास था कि ईश्वरने समस्त दुनियाके पदार्थोंका कार्यक्रम निश्चित कर दिया है। प्रत्येक पदार्थकी अमुक समयमें यह दशा होगी इसके बाद यह,सब सुनिश्चित है। कोई अकार्य होता तो राजा सदा यह कहता था कि—'हम क्या कर सकते हैं ? ईश्वरने ऐसा ही नियत किया था। ईश्वरके नियतिचक्रमें हमारा हस्तक्षेप उचित नहीं "ईश्वरकी मर्जी"। एकबार कुछ गुण्डोंने राजाके सामने ही रानीका अपहरण किया। जब रानीने रक्षार्थ चिल्लाहट शुरू की और राजाको क्रोध आया तब गुण्डोंके सरदारने जोरसे कहा–"ईश्वरकी मर्जी"। राजाके हाथ ढीले पड़ते हैं और वे गुण्डे रानीको उसके सामने ही उठा ले जाते हैं। गुण्डे रानीको भी समझाते हैं कि 'ईश्वरकी मर्जी यही थी' रानी भी 'विधिविधान' में अटल विश्वास रखती थी और उन्हें आत्म समर्पण कर देती है। राज्यमें अव्यवस्था फैलती है और परचक्रका आक्रमण होता है और राजाकी छातीमें दुश्मनकी जो तलवार घुसती है वह भी 'ईश्वरकी मर्जी' इस जहरीले विश्वासविषमें बुझी हुई थी और जिसे राजाने विधिविधान मानकर ही स्वीकार किया था। राजा और रानी गुण्डों और शत्रुओंके आक्रमणके समय "ईश्वरकी मर्जी" "विधिका विधान" इन्हीं ईश्वरास्त्रोंका प्रयोग करते थे और ईश्वरसे ही रक्षाकी प्रार्थना करते थे। पर न मालूम उस समय ईश्वर क्या कर रहा था ? ईश्वर भी क्या करता ? गुण्डे और शत्रुओंका कार्यक्रम भी उसीने बनाया था और वे भी 'ईश्वरकी मर्जी' और 'विधिविधान'की दुहाई दे रहे थे। इस ईश्वरवादमें इतनी गुंजाइश थी कि यदि ईश्वर चाहता तो अपने विधानमें कुछ परिवर्तन कर देता। आज श्री कानजी स्वामीकी 'वस्तुविज्ञानसार' पुस्तकको पलटते समय उस प्रहसनकी याद आ गई और ज्ञात हुआ कि यह नियतिवादका कालकूट 'ईश्वरवाद'से भी भयंकर है। ईश्वरवादमें इतना अवकाश है कि यदि ईश्वरकी भक्तिकी जाय या सत्कार्य किया जाय तो ईश्वरके विधानमें हेरफेर हो जाता है। ईश्वर भी हमारे सत्कर्म और दुष्कर्मोंके अनुसार ही फलका विधान करता है। पर यह नियतिवाद अभेद्य है। आश्चर्य तो यह है कि इसे 'अनन्त पुरुषार्थ'का नाम दिया जाता है। यह कालकूट कुन्दकुन्द, अध्यात्म, सर्वज्ञ, सम्यग्दर्शन और धर्मकी शक्करमें लपेट कर दिया जा रहा है। ईश्वरवादी सांपके जहरका एक उपाय (ईश्वर) तो है पर इस नियतिवादी कालकूटका इस भीषण दृष्टिविषका कोई उपाय नहीं, क्योंकि हर एक द्रव्यकी हर समयकी पर्याय नियत है।

मर्मान्त वेदना तो तब होती है जब इस मिथ्या एकांत विषको अनेकान्त अमृतके नामसे कोमलमति ,नई पीढ़ीको पिलाकर उन्हें अनन्त पुरुषार्थी कहकर सदाके लिए पुरुषार्थसे विमुख किया जा रहा है।

पुण्य और पाप क्यों?–जब प्रत्येक जीवका प्रतिसमयका कार्यक्रम निश्चित है, अर्थात् परकर्तृत्व तो है ही नहीं, साथ ही स्वकर्तृत्व भी नहीं है तब क्या पुण्य और क्या पाप ? किसी मुसलमानने जैनप्रतिमा तोड़ी, तो जब मुसलमानको उस समय प्रतिमाको तोड़ना ही था, प्रतिमाको उस समय टूटना ही था, सब कुछ नियत था तो विचारे मुसलमान का क्या अपराध ? वह तो नियतिचक्रका दास था। एक याज्ञिक ब्राह्मण बकरेकी बलि चढाता है तो क्यों उसे हिंसक कहा जाय—'देवीकी ऐसी ही पर्याय होनी थी, बकरेके गलेको कटना ही था,, छुरेको उसकी गर्दनके भीतर घुसना ही था, ब्राह्मणके मुहमें मांस जाना ही था, वेदमें ऐसा लिखा ही जाना था।' इस तरह पूर्वनिश्चित योजनानुसार जब घटनाएँ घट रही हैं तब उस विचारेको क्यों हत्यारा कहा जाय ? हत्याकाण्ड रूपी घटना अनेक द्रव्योंके सुनिश्चित परिणमनका फल है। जिस प्रकार ब्राह्मणके छुरेका परिणमन बकरेके गलेके भीतर घुसनेका नियत था उसी प्रकार बकरेके गलेका परिणमन भी अपने भीतर छुरा घुसवानेका निश्चित था। जब इन दोनों नियत घटनाओंका परिणाम बकरेका बलिदान है तो इसमें क्यों ब्राह्मणको हत्यारा कहा जाय ? किसी स्त्रीका शील भ्रष्ट करनेवाला व्यक्ति क्यों दुराचारी गुण्डा कहा जाय ? स्त्रीका परिणमन ऐसा ही होना था और पुरुषका भी ऐसा ही, दोनों के नियत परिणमनोंका नियत मेलरूप दुराचार भी नियत ही था फिर उसे गुण्डा और दुराचारी क्यों कहा जाय ?इस तरह इस श्रोत्र विषरूप (जिसके सुननेसे ही

पुरुषार्थहीनताका नशा आता है) नियतिवादमे जब अपने भावोका भी कर्तृत्व नही है अर्थात् ये भाव सुनिश्चित है तब पुण्य-पाप, हिंसा-अहिंसा, सदाचार-दुराचार, सम्यग्दर्शन और मिथ्यादर्शन क्या ?

गोडसे हत्यारा क्यो?—यदि प्रत्येक द्रव्यका प्रतिसमयका परिणमन नियत है, भले ही वह हमे न मालूम हो, तो किसी कार्यको पुण्य और किसी कार्यको पाप क्यो कहा जाय ? नाथूराम गोडसेने महात्माजीको गोली मारी तो क्यो नाथूरामको हत्यारा कहा जाय ? नाथूरामका उस समय वैसा ही परिणमन होना था महात्माजीका भी वैसा ही होना था और गोलीका और पिस्तौलका भी वैसा ही परिणमन निश्चित था। अर्थात् हत्या नाथूराम, महात्माजी, पिस्तौल और गोली आदि अनेक पदार्थोके नियत कार्यक्रमका परिणाम है। इस घटनासे सम्बद्ध सभी पदार्थोके परिणमन नियत थे। और उस सम्मिलित नियतिका परिणाम हत्या है। यदि यह कहा जाता है कि नाथूराम महात्माजीके प्राणवियोगरूप परिणमनमे निमित्त हुआ है अत अपराधी है तो महात्माजीको नाथूरामके गोली चलानेमे निमित्त होनेपर क्यो न अपराधी ठहराया जाय ? जिस प्रकार महात्माजीका वह परिणमन निश्चित था उसी प्रकार नाथूरामका भी। दोनो नियतिचक्रके सामने समानरूपसे दास थे । सो यदि नियतिदास नाथूराम हत्याका निमित्त होनेसे दोषी है तो महात्माजी भी नाथूरामकी गोली चलाने रूप पर्यायमे निमित्त होनेसे दोषी क्यो नही ? इन्हे जाने दीजिए, हम तो यह कहते है कि--पिस्तौलसे गोली निकलनी थी और गोलीको गाँधीजीकी छातीमे घुसना था इसलिए नाथूराम और महात्माजीकी उपस्थिति हुई । नाथूराम तो गोली और पिस्तौलके उस अवश्यम्भावी परिणमनका एक निमित्त था जो नियतिचक्र के कारण वहाँ पहुँच गया। जिनकी नियतिका परिणाम हत्या नामकी घटना है वे सब पदार्थ समानरूपसे नियतिचक्रसे प्रेरित होकर उस घटनामे अपने अपने नियत भवितव्यके कारण उपस्थित है। अब उनमे क्यो मात्र नाथूरामको पकडा जाता है ? बल्कि हम सबको उस दिन ऐसी खबर सुननी थी और श्री आत्माचरणको जज बनना था इसलिए वह सब हुआ। अत हम सबको और आत्माचरणको ही पकडना चाहिए । अत इस नियतिवादमे न कोई पुण्य है न पाप, न सदाचार न दुराचार । जब कर्तृत्व ही नही तब क्या सदाचार क्या दुराचार ? नाथूराम गोडसेको नियतिवादके आधारपर ही अपना बचाव करना चाहिए था, और सीधा आत्माचरणके ऊपर टूटना चाहिए था कि—चूँकि तुम्हे हमारे मुकदमेका जज होना था इसलिए इतना बडा नियतिचक्र चला और हम सब उसमे फसे। यदि सब चेतनोको छुडाना है तो पिस्तौल के भवितव्यको दोष देना चाहिए—न पिस्तोल का उस समय वैसा परिणमन होना होता, न वह गोडसेके हाथमे आती और न गाँधीजीकी छाती छिदती। सारा दोष पिस्तौलके नियत परिणमनका है। तात्पर्य यह कि इस नियतिवादमे सब साफ है। व्यभिचार, चोरी, दगाबाजी और हत्या आदि सबकुछ उन उन पदार्थोके नियत परिणमनके परिणाम है, इसमे व्यक्तिविशेषका क्या दोष ? अत इस सत्-असत् लोपक, पुरुषार्थ-विघातक नियतिवादके विषसे रक्षा करनी चाहिए ।

नियतिवादमें एक ही प्रश्न एक ही उत्तर—नियतिवादमे एक उत्तर है—'ऐसा हीहोना था, जो होना होगा सो होगा ही' इसमे न कोई तर्क है, न कोई पुरुषार्थ और न कोई बुद्धि । वस्तुव्यवस्थामे इस प्रकारके मृत विचारोका क्या उपयोग ? जगत्मे विज्ञानसम्मत कार्यकारणभाव है। जैसी उपादान योग्यता और जो निमित्त होंगे तदनुसार चेतन-अचेतनका परिणमन होता है। पुरुषार्थ निमित्त और अनुकूल सामग्रीके जुटानेमे है। एक अग्नि है, पुरुषार्थी यदि उसमे चन्दनका चूरा डाल देता है तो सुगन्धित धुआँ निकलकर कमरेको सुवासित कर देता है,यदि बाल आदि पडते है तो दुर्गन्धित धुआँ उत्पन्न हो जाता है। यह कहना अत्यन्त भ्रान्त है कि चूराको उसमे पडना था, पुरुषको उसमे डालना था, अग्निको उसे ग्रहण करना ही था। इसमे यदि कोई हेर-फेर करना है तो नियतिवादीका वही उत्तर कि 'ऐसा ही होना था।'' मानो जगत्के परिणमनोको 'ऐसा हीहोना था' इस नियति-पिशाचिनीने अपनी गोदमे ले रखा हो !

नियतिवादमें स्वपुरुषार्थ भी नही—नियतिवादमे अनन्त पुरुषार्थकी बात तो जाने दीजिये स्वपुरुषार्थ भी नही है। विचार तो कीजिये जब हमारा प्रत्येक क्षणका कार्यक्रम सुनिश्चित है और अनन्तकालका, उसमे हेरफेरका हमको भी अधिकार नही है तब हमारा पुरुषार्थ कहा ? और कहा हमारा सम्यग्दर्शन ?

हम तो एक महानियित चक्रके अश है ओर उसके परिचलनके अनुसार प्रतिक्षण चल रहे है । यदि हिंसा करते है तो नियत है, व्यभिचार करते है तो नियत है, चोरी करते है तो नियत है, पापचिन्ता करते है तो नियत है । हमारा पुरुषार्थ कहा होगा? कोई भी क्षण इस नियतिभूतकी मौजूदगीसे रहित नहीं है, जब हम सास लेकर कुछ अपना भविष्य निर्माण कर सके ।

भविष्य निर्माण कहाँ? इस नियतिवादमे भविष्य निर्माणकी सारी योजनाएँ हवा है । जिसे हम भविष्य कहते है वह भी नियतिचक्रमे सुनिश्चित है और होगा ही । जैन दृष्टि तो यह कहती है कि—तुममे उपादान योग्यता प्रति समय अच्छे और बुरे बननेकी, सत् और असत् होनेकी है, जैसा पुरुषार्थ करोगे, जैसी सामग्री जुटाओगे अच्छे बुरे भविष्यका निर्माण स्वय कर सकोगे।" पर जब नियतिचक्र निर्माण करनेकी बात पर ही कुठाराघात करके उसे नियत या सुनिश्चित कहता है तब हम क्या पुरुषार्थ करे ? हमारा हमारे ही परिणमनपर अधिकार नही है क्योकि वह नियत है । पुरुषार्थ-भ्रष्टताका इससे व्यापक उपदेश दूसरा नही हो सकता। इस नियतिचक्रमे सबका सब कुछ नियत है उसमे अच्छा क्या ? बुरा क्या ? हिंसा अहिंसा क्या ?

सबसे बडा अस्त्र सर्वज्ञत्व—नियतिवादी या तथोक्त अध्यात्मवादियोका सबसे बडा तर्क है कि—'सर्वज्ञ है या नही ? यदि सर्वज्ञ है तो वह त्रिकालज्ञ होगा अर्थात् भविष्यज्ञ भी होगा । फलत वह प्रत्येक पदार्थका अनन्तकाल तक प्रतिक्षण जो होना है उसे ठीक रूपमे जानता है। इस तरह प्रत्येक परमाणुकी प्रतिसमयकी पर्याय सुनिश्चित है उनका परस्पर जो निमित्तनैमित्तिकजाल है वह भी उसके ज्ञानके बाहिर नही है।' सर्वज्ञ माननेका दूसरा अर्थ है नियतिवादी होना। पर, आज जो सर्वज्ञ नहीं मानते उनके सामने हम नियतितन्त्रको कैसे सिद्ध कर सकते है ? जिस अध्यात्मवादके मूलमे हम नियतिवादको पनपाते है उस अध्यात्मदृष्टिसे सर्वज्ञता व्यवहारनयकी अपेक्षासे है । निश्चयनयसे तो आत्मज्ञतामे ही उसका पर्यवसान होता है, जैसा कि स्वय आचार्य कुन्दकुन्दने नियमसार (गा १५८) मे लिखा है—

"जाणदि पस्सदि सव्वं ववहारणएण केवली भगव ।
केवलणाणी जाणदि पस्सदि णियमेण अप्पाण ॥"

अर्थात्—केवली भगवान् व्यवहारनयसे सब पदार्थोको जानते देखते है । निश्चयसे केवलज्ञानी अपनी आत्माको ही जानता देखता है ।

अध्यात्मशास्त्रगत निश्चयनयकी भूतार्थता ओर परमार्थता तथा व्यवहारनयकी अभूतार्थता ओर अपरमार्थता पर विचार करनेसे तो अध्यात्मशास्त्रमे पूर्णज्ञानका पर्यवसान अन्तत आत्मज्ञानमे ही होता है। अत सर्वज्ञत्वकी दलीलका अध्यात्मचिन्तनमूलक पदार्थव्यवस्थामे उपयोग करना उचित नही है ।

समग्र और अप्रतिबद्ध कारण ही हेतु—अकलक देवने उस कारण को हेतु स्वीकार किया है जिसके द्वितीयक्षणमे नियमसे कार्य उत्पन्न हो जाय। उसमे भी यह शर्त है कि जब उसकी शक्तिमे कोई प्रतिबन्ध उपस्थित न हो तथा सामग्र्यन्तर्गत अन्य कारणोकी विकलता न हो। जैसे अग्नि धूमकी उत्पत्तिमे अनुकूल कारण है पर यह तभी कारण हो सकती है जब इसकी शक्ति किसी मन्त्र आदि प्रतिबन्धकने न रोकी हो तथा धूमोत्पादक सामग्री-गीला ईधन आदि पूरे रूपसे विद्यमान हो। यदि कारणका अमुक कार्यरूपमे परिणमन नियत हो तो प्रत्येक कारण को हेतु बनाया जा सकता था। पर कारण तबतक कार्य उत्पन्न नही कर सकता जबतक उसकी सामग्री पूर्ण न हो और शक्ति अप्रतिबद्ध न हो। इसका स्पष्ट अर्थ है कि शक्तिकी अप्रतिबद्धता और सामग्री की पूर्णता जबतक नही होगी तबतक अमुक अनुकूल भी कारण अपना अमुक परिणमन नही कर सकता । अग्निमे यदि गीला ईधन डाला जाय तो ही धूम उत्पन्न होगा अन्यथा वह धीरे २ राख बन जाएगी। यह बिल्कुल निश्चित नही है कि उसे उस समय राख बनना ही है या धूम पैदा करना ही है। यह तो अनुकूल सामग्री जुटाने की बात है। जिस परिणमनकी सामग्री जुटेगी वही परिणमन उसका होगा ।

रागादिका पुद्गलत्व—अध्यात्म शास्त्रमें रागादिको परभाव और पौद्गलिक बताया है। इसका कारण भी यह बताया गया है कि चूँकि ये भाव पुद्गलनिमित्तसे होते हैं अतः पुद्गलावलम्बन होनेसे पौद्गलिक हैं। सर्वार्थसिद्धिमें भावमनको इसीलिए पौद्गलिक बताया है कि वह पुद्गलनिमित्तक या पुद्गलावलम्बन है। रागादि या भावमनमें उपादान तो आत्मा ही है, आत्मा ही का परिणमन रागादि रूपमें होता है। यहाँ स्पष्टतः पुद्गलका या पर द्रव्य का सबलनिमित्तत्व स्वीकृत है। पर को निमित्त हुए बिना रागादिको परभाव कैसे कहा जा सकता है? अतः अध्यात्मभी उभयकारणोंसे कार्य होता है, इस सर्वसम्मत कार्यकारणभावका निषेध नहीं करता। "**सामग्री जनिका कार्यस्य नैकं कारणम्**" अर्थात् सामग्रीसे कार्य होता है एक कारणसे नहीं, यह अनुभवसिद्ध कार्यकारणव्यवस्था है। कार्य उभयजन्य होनेपर भी चूँकि अध्यात्म उपादानका सुधार करना चाहता है अतः उपादानपर ही दृष्टि रखता है, और वह प्रति समय अपने मूलस्वरूप की याद दिलाता रहता है कि तेरा वास्तविक स्वरूप तो शुद्ध है, यह रागादि-कुभाव परनिमित्त से उत्पन्न होते हैं अतः परनिमित्तोंको छोड़। इसीमें अनन्त पुरुषार्थ है न कि नियतिवादकी निष्क्रियतामें।

उभय कारणोंसे कार्य—कार्योत्पत्तिके लिए दोनों ही कारण चाहिए उपादान और निमित्त, जैसा कि अनेकान्तदर्शी स्वामी समन्तभद्रने कहा है कि "**यथा कार्यं बहिरन्तरुपाधिभिः**" अर्थात् कार्य बाह्य-अभ्यान्तर दोनों कारणोंसे होता है। वे बृहत्स्वयंभू स्तोत्रके वासुपूज्य स्तवनमें और भी स्पष्ट लिखते हैं कि—

"यद्वस्तु बाह्यं गुणदोषसूतेर्निमित्तमभ्यन्तरमूलहेतोः।
अध्यात्मवृत्तस्य तदङ्गभूतमभ्यन्तरं केवलमप्यलं न॥"

अर्थात् अन्तरंगमें विद्यमान मूलकारण अर्थात् उपादान योग्यताके गुण और दोषको प्रकट करनेमें जो बाह्य वस्तु कारण होती है वह उस उपादानके लिये अंगभूत अर्थात् सहकारी कारण है। केवल अभ्यन्तर कारण अपने गुणदोषकी उत्पत्तिमें समर्थ नहीं है। भले ही अध्यात्मवृत्त पुरुषके लिए बाह्यनिमित्त गौण हो जाँय पर उनका अभाव नहीं हो सकता। वे अन्तमें उपसंहार करते हुए और भी स्पष्ट लिखते हैं—

"बाह्येतरोपाधिसमग्रतेयं कार्येषु ते द्रव्यगतः स्वभावः।
नैवान्यथा मोक्षविधिश्च तेनाभिवन्द्यस्त्वमृषिर्बुधानाम्॥"

अर्थात् कार्योत्पत्तिके लिए बाह्य और आभ्यन्तर, निमित्त और उपादान दोनों कारणोंकी समग्रता पूर्णता ही द्रव्यगत निजस्वभाव है। इसके बिना मोक्ष नहीं हो सकता।

इस उभयकारणोंकी स्पष्ट घोषणाके रहते हुए भी केवल नियतिवादैकान्तका पोषण अनेकान्त दर्शन और अनन्त पुरुषार्थका रूप नहीं ले सकता।

यही अनाद्यनन्त वैज्ञानिक कारण-कार्यधारा ही द्रव्य है जिसमें पूर्वपर्याय अपनी सामग्रीके अनुसार सदृश, विसदृश, अर्धसदृश, अल्पसदृश आदिरूपसे अनेक पर्यायोंकी उत्पादक होती है। मान लीजिए एक जलबिन्दु है उसकी पर्याय बदल रही है, वह प्रतिक्षण जलबिन्दु रूपसे परिणमन कर रही है पर यदि गरमीका निमित्त मिलता है तो तुरन्त भाप बन जाती है। किसी मिट्टीमें यदि पड़ गई तो सम्भव है पृथिवी बन जाय। यदि सांपके मुँहमें चली गई तो जहर बन जायगी। तात्पर्य यह कि एकधारा पूर्व-उत्तर पर्यायोंकी बहती है उसमें जैसे जैसे संयोग होते जायेंगे उसका उस जातिमें परिणमन हो जायगा। गंगाकी धारा हरिद्वारमें जो है वह कानपुरमें नहीं। वह आगे कानपुरकी गटर आदिका संयोग पाकर इलाहाबादमें बदली और बनारसकी गन्दगी आदिके कारण बनारसकी गंगा जुदी ही हो जाती है। यहां यह कहना कि 'गंगाके जलके प्रत्येक परमाणुका प्रतिसमयका सुनिश्चित कार्यक्रम बना हुआ है उसका जिस समय जो परिणमन होना है वह होकर ही रहेगा' द्रव्यकी विज्ञानसम्मत कार्यकारणपरम्पराके प्रतिकूल है।

समयसारमें निमित्ताधीन उपादान परिणमन—समयसार (गा० ८६।८८) में जीव और कर्मका परस्पर निमित्तनैमित्तिक सम्बन्ध बताते हुए लिखा है कि—

"जीवपरिणामहेदु कम्मत्त पुग्गला परिणमति ।
पुग्गलकम्मणिमित्त तहेव जीवो वि परिणमदि ॥
ण वि कुव्वदि कम्मगुणे जीवो कम्म तहेव जीवगुणे ।
अण्णोण्णणिमित्तेण दु कत्ता आदा सएण भावेण ॥
पुग्गलकम्मकदाण ण दु कत्ता सव्वभावाण ।"

अर्थात्–जीवके भावोके निमित्तसे पुद्गलोकी कर्मरूप पर्याय होती है और पुद्गलकर्मोके निमित्तसे जीव रागादिरूपसे परिणमन करता है। इतना समझ लेना चाहिए कि जीव उपादान बनकर पुद्गलके गुणरूपसे परिणमन नही कर सकता और न पुद्गल उपादान बनकर जीवके गुणरूपसे परिणति कर सकता है। हाँ, परस्पर निमित्तनैमित्तिक सम्बन्धके अनुसार दोनोका परिणमन होता है। इस कारण उपादान दृष्टिसे आत्मा अपने भावोका कर्त्ता है पुद्गलके ज्ञानावरणादिरूप द्रव्यकर्मात्मक परिणमनका कर्त्ता नही है।

इस स्पष्ट कथनसे कुन्दकुन्दाचार्यकी कर्तृत्व-अकर्तृत्वकी दृष्टि समझमे आ जाती है। इसका विशद अर्थ यह है कि–प्रत्येक द्रव्य अपने परिणमनमे उपादान है, दूसरा उसका निमित्त हो सकता है उपादान नही। परस्पर निमित्तसे दोनो उपादानोका अपने अपने भावरूपसे परिणमन होता है। इसमे निमित्त-नैमित्तिकभावका निषेध कहाँ है? निश्चयदृष्टिसे परनिरपेक्ष आत्मस्वरूपका विचार है। उसमें कर्तृत्व अपने उपयोगरूपमे ही पर्यवसित होता है। अत कुन्दकुन्दके मतसे अध्यात्ममे द्रव्यस्वरूपका वही निरूपण है जो आगे समन्तभद्रादि आचार्योंने अपने ग्रन्थोमे किया है।

मूलमे भूल कहा?—इसमे कहाँ मूलमें भूल है? जो उपादान है वह उपादान ही है, जो निमित्त है वह निमित्त ही है। कुम्हार घटका कर्त्ता है यह कथन व्यवहार हो सकता है, कारण, कुम्हार वस्तुत अपनी हलन-चलनक्रिया तथा अपने घट बनानेके उपयोगका ही कर्त्ता है, उसके निमित्तसे मिट्टीके परमाणुओमे वह आकार उत्पन्न हो जाता है। मिट्टीको घटा बनना ही था और कुम्हारके हाथको वैसा होना ही था और हमे उसकी व्याख्या ऐसी करनी ही थी, आपको ऐसा प्रश्न करना ही था और हमे यह उत्तर देना ही था। ये सब बाते न अनुभवसिद्ध कार्यकारणभावके अनुकूल ही है और न तर्कसिद्ध ही।

परम स्वपुरुषार्थी कुन्दकुन्दका अध्यातम—आ० कुन्दकुन्दने अपने अध्यात्ममे यह बताया है कि यद्यपि कार्य निमित्त और उपादान दोनोसे होता है पर निमित्तको यह अहकार नही करना चाहिये कि "मैने ऐसा किया।" यदि उपादानकी योग्यता न होती तो निमित्त कुछ नही कर सकता था। पर केवल उपादान की योग्यता भी निमित्तके बिना अविकसित रह जाती है। प्रतिसमय विकसित होनेको सेकड़ो योग्यताएं है। जिसका अनुकूल निमित्त जुट जाता है उसका विकास हो जाता है। यही पुरुषार्थ है। श्री कुन्दकुन्द उस निमित्तपनेके अहकारको निकालनेके लिए पर-अकर्तृत्वकी भावना पर जोर देते है। पर यह नियतिवाद का भूत स्वकर्तृत्वको भी समाप्त कर रहा है। कुन्दकुन्द यह तो कहते ही है कि जीव अपने गुण-पर्यायोका कर्ता है। पर इस नियतिवादमे जब सब सुनियत है तब रचमात्र भी स्वकर्तृत्वको अवकाश नही है। कुन्दकुन्द जहा चरित्र दर्शन शील आदि पुरुषार्थो पर भार देकर यह कहते है कि इनके द्वारा अपनी आत्मामे बद्ध प्राचीन कर्मोकी निर्जरा करके शीघ्र मुक्त हो सकते है। वहा यह नियतिवाद कहता है—कि "शीघ्रताकी बात न करो, सब नियत है, होना होगा, हो जायगा।" कुन्दकुन्दकी दृष्टि तो यह है कि हम परकर्तृत्वका आरोप करकेही राग द्वेष मोहकी सृष्टि करते है। यदि हम यह समझ ले कि हम यदि किसीके परिणमनमे निमित्त हुए भी है तो इतने मात्रसे उसके स्वामी नही हो सकते, स्वामी तो उपादान ही होगा जिसका कि विकास हुआ है तो सारे झगडे ही समाप्त हो जॉय। पर इसका यह अर्थ तो कदापि नही है जो स्वपुरुषार्थ या स्वकर्तृत्व की भी स्वतन्त्रता नही है।

अध्यातमकी अकर्तृत्व भावनाका उपयोग–तब अध्यात्मशास्त्रकी अकर्तृत्वभावनाका क्या अर्थ है? अध्यात्ममे समस्त वर्णन उपादानयोग्यताके आधारसे किया गया है। निमित्त मिलानेपर भी यदि उपादान-

योग्यता विकसित नही होती,तो कार्य नही हो सकेगा। एक ही निमित्तभूत अध्यापकसे एक छात्र प्रथम श्रेणी-का विकास करता है जबकि दूसरा द्वितीय श्रेणीका और तीसरा अज्ञानीका अज्ञानी बना रहता है। अत अन्तत कार्य अन्तिमक्षणवर्ती उपादानयोग्यतासे ही होता है हाँ निमित्त उस योग्यताको विकासोन्मुख बनाते है। ऐसी दशामे अध्यात्मशास्त्रका कहना है कि निमित्तको यह अहकार नही होना चाहिए कि हमने उसे ऐसा बना दिया। निमित्तकारणको सोचना चाहिए कि–इसकी उपादानयोग्यता न होती तो मै क्या कर सकता था। अत अपनेमे कर्तृत्वजन्य अहकारकी निवृत्तिके लिए उपादानमे कर्तृत्वकी भावनाको दृढमूल करना चाहिए, ताकि परपदार्थके कर्तृत्वका अहकार हमारे चित्तमे आकर रागद्वेषकी सृष्टि न करे। बडेसे बडा कार्य करके भी मनुष्यको यही सोचना चाहिए कि 'मैने क्या किया ? यह तो उसकी उपादानयोग्यता का ही विकास है, मै तो एक साधारण निमित्त हू।' **'क्रिया हि द्रव्य विनयति नाद्रव्यम्'** अर्थात्–क्रिया योग्यमे परिणमन कराती है अयोग्यमे नही। इस तरह अध्यात्मकी अकर्तृत्व भावना हमे वीतरागताकी ओर ले जानेके लिए है, न कि उसका उपयोग नियतिवादके पुरुषार्थविहीन कुमार्गपर ले जानेको किया जाय।

'ज जस्स जम्मि' आदि भावनाए है–स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षामे सम्यग्दृष्टिके धर्म भावनाके चिन्तनमे ये दो गाथाएँ लिखी है–

"ज जस्स जम्मि देसे जेण विहाणेण जम्मि कालम्मि।
णाद जिणेण णियद जम्म व अहव मरण वा।। ३२१।।
त तस्स तम्मि देसे तेण विहाणेण तम्मि कालम्मि।
को चालेदु सक्को इदो वा अह जिणिदो वा।। ३२२।।'

अर्थात् जिसका जिस समय जहाँ जैसे जन्म या मरण होना है उसे इन्द्र या जिनेन्द्र कोई भी नही टाल सकता, वह होगा ही। प० दौलतरामजीने भी छहढालामे यही लिखा है–

"सुर असुर खगधिप जेते, मृग ज्यो हरि काल दले ते।
मणिमन्त्र तन्त्र बहु होई, मरते न बचावे कोई।।"

इस तरह मृत्युभय से साधकको निर्भय होकर पुरुपार्थी बननेके लिए नियतत्वकी भावनाका उप-देश है न कि पुरुषार्थसे विमुख होकर नियतिचक्रके निष्क्रिय कुमार्गपर पहुँचनेके लिए।

उक्त गाथाओका भावनीयार्थ यही है कि–जो जब होना है होगा उसमे कोई किसीका शरण नही है, आत्मनिर्भर रहकर जो आवे उसे सहना चाहिए। मृत्युको कोई नही टाल सका। इस तरह चित्तसमाधानके लिए भाई जानेवाली भावनाओसे वस्तुव्यवस्था नही हो सकती। अनित्य भावनामे ही कहते ह कि–'जगत् स्वप्नवत् है,' पर इसका यह अर्थ कदापि नही कि शून्यवादियोकी तरह जगत् पदार्थोकी सत्तासे शून्य है। बल्कि उसका यही तात्पर्य है कि स्वप्नकी तरह वह आत्महितके लिए वास्तविक कार्यकारी नही है। यहाँ सम्यग्दृष्टिकी चिन्तन-भावनामे स्वावलम्बनका उपदेश है, उससे पदार्थव्यवस्था नही की जा सकती।

निश्चय और व्यवहार–निश्चयनय वस्तुकी परनिरपेक्ष स्वभूत दशाका वर्णन करता है। वह यह बताता है कि प्रत्येक जीव स्वभावसे अनन्तज्ञान-दर्शन या अखण्ड चैतन्यका पिण्ड है। आज यद्यपि वह कर्मनिमित्तसे विभाव परणमन कर रहा है पर उसमे स्वभावभूत शक्ति अपने अखण्ड निर्विकार चैतन्य होनेकी है। व्यवहारनय परसापेक्ष अवस्थाओका वर्णन करता है। वह जहाँ आत्माको पर-घटपटादि पदार्थोके कर्तृत्वके वर्णनसम्बन्धी लम्बी उडान लेता है वहाँ निश्चयनय रागादि भावोके कर्तृ-त्वको भी आत्मकोटिसे बाहर निकाल देता है और आत्माको अपने शुद्ध भावोका ही कर्ता बताता है, अशुद्ध भावोका नही। निश्चयनयकी भूतार्थताका तात्पर्य यह है कि वही दशा आत्माके लिए वास्तविक उपादेय है, परमार्थ है। यह जो रागादिरूप विभावपरिणति है वह अभूतार्थ है अर्थात् आत्माके लिए उपादेय नही है, इसके लिए वह अपरमार्थ है, अग्राह्य है।

निश्चयनयका वर्णन हमारा लक्ष्य है–निश्चयनय जो वर्णन करता है कि म सिद्ध हूँ, बुद्ध हूँ, निर्विकार हूँ, निष्कषाय हूँ, यह सब हमारा लक्ष्य है। इसमे 'हूँ' के स्थानमे 'हो सकता हूँ' यह प्रयोग भ्रम उत्पन्न नही

करेगा। यह भाषाका एक प्रकार है। साधक अपनी अन्तर्जल्प अवस्थामें अपने ही आत्माको सम्बोधन करता है कि—हे आत्मन्, तू तो स्वभावसे सिद्ध है, बुद्ध है, वीतराग है, आज फिर यह तेरी क्या दशा हो रही है? तू कषायी और अज्ञानी बना है। यह पहला 'सिद्ध है बुद्ध है' वाला अंश दूसरे 'आज फिर तेरी क्या दशा हो रही है, तू कषायी अज्ञानी बना है' इस अंशसे ही परिपूर्ण होता है।

इस लिए निश्चयनय हमारे लिए अपने द्रव्यगत मूलस्वभावकी ओर संकेत करता है जिसके बिना हम कषायपंकमें नहीं निकल सकते। अतः निश्चयनयका सम्पूर्ण वर्णन हमारे सामने कागजपर मोटे मोटे अक्षरोंमें लिखा हुआ टँगा रहे ताकि हम अपनी मूलभूत उस परमदशाको प्राप्त करनेकी दिशामें प्रयत्नशील रहें। न कि 'हम तो सिद्ध हैं, कर्मोंसे अस्पृष्ट हैं' यह मानकर मिथ्या अहंकारका पोषण करें और जीवन्तचारित्र्यसे विमुख हो निश्चयैकान्तरूपी मिथ्यात्वको बढ़ावें।

निवेदन—मेरा यही निवेदन है कि, हम सब समन्तभद्रादि आचार्यों द्वारा प्रतिपादित उभयमुखी तत्त्वव्यवस्थाको समझें। कुन्दकुन्दके अध्यात्मसे अहंकार और परकर्तृत्व भावको नष्ट करें, कार्तिकेयकी भावनामें निर्भयता प्राप्त करें और अनेकान्त दृष्टि और अहिंसाके पुरुषार्थ द्वारा शीघ्र ही आत्मोन्नतिके असीम पुरुषार्थमें जुटें। भविष्यको हम बनाएंगे, वह हमारे हाथमें है। कर्मोंके उत्कर्षण अपकर्षण उदीरणा संक्रमण उद्वेलन आदि सभी हम अपने भावोंके अनुसार कर सकते हैं और इसी परम स्वपुरुषार्थकी घोषणा हमें इस छन्दमें सुनाई देती है—

"कोटि जन्म तप तपें ज्ञानबिन कर्म झड़ें जे। ज्ञानीके क्षणमें त्रिगुप्तितें सहज टरें ते॥"

यह त्रिगुप्ति स्वपुरुषार्थकी सूचना है। इसमें स्वोदयका स्थिर आश्वासन है। नियतिवाद एक अदार्शनिक सिद्धांतोंसे समुत्पन्न काल्पनिक भूत है। इसकी डाढ़ी पकड़कर हिला दीजिये और तत्त्वव्यवस्थाके दार्शनिक सिद्धांतोंके आधारसे इस श्रोत्रविषसे नई पीढ़ीको बचाइये। यह बड़ा सीधा उपाय है। न इसमें कुछ करना है न विचारना है एक ही बात याद कर लो "जो होना होगा सो होगा ही" भाई, इस बातका भी उपयोग जब तुम्हारा पुरुषार्थ थक जाय तो सांस लेनेके लिए कर लो, कुछ हर्ज नहीं, पर यह धर्म नहीं है। धर्म है—स्वपुरुषार्थ, स्वसंशोधन और स्वदृष्टि।

महावीरके समयमें मक्खलिगोशाल इस नियतिवादका प्रचारक था। आज सोनगढ़से नियतिवादकी आवाज फिरसे उठी है और वह भी कुन्दकुन्दके नामपर। भावनीय पदार्थ जुदा है उनसे तत्त्वव्यवस्था नहीं होती यह मैं पहले लिख चुका हूँ। यो ही भारतवर्षने नियतिवाद और ईश्वरवादके कारण तथा कर्मवादके स्वरूपको ठीक नहीं समझनेके कारण अपनी यह नितान्त परतन्त्र स्थिति उत्पन्न कर ली थी। किसी तरह अब नव-स्वातन्त्र्योदय हुआ है। इस युगमें वस्तुतत्त्वका वह निरूपण हो जिसमें सुन्दर समाजव्यवस्था-घटक व्यक्तिका निर्माण हो। धर्म और आध्यात्मके नामपर और कुन्दकुन्दाचार्यके शुनामपर आलस्य-पोषक पुण्य-पापलोपक नियतिवादका प्रचार न हो। हम सम्यक् तत्त्वव्यवस्थाको समझें और समन्तभद्रादि आचार्योंके द्वारा परिशीलित उभयमुखी तत्त्वव्यवस्थाका मनन करें।

निश्चय और व्यवहार का सम्यग्दर्शन—

"यस्मात् क्रिया प्रतिफलन्ति न भावशून्या" अर्थात् भावशून्य क्रियाएँ सफल नहीं होतीं। यह भाव क्या है? जिसके बिना समस्त क्रियाएँ निष्फल हो जाती हैं? यह भाव है निश्चयदृष्टि। निश्चय नय परनिरपेक्ष आत्मस्वरूपको कहता है। परमवीतरागता पर उसकी दृष्टि रहती है। जो क्रियाएँ इस परमवीतरागताकी साधक और पोषक हों वे ही सफल हैं। पुरुषार्थसिद्ध्युपायमें बताया है कि **"निश्चयमिह भूतार्थं व्यवहारं वर्णयन्त्यभूतार्थम्।"** अर्थात् निश्चयनय भूतार्थ है और व्यवहारनय अभूतार्थ। इस भूतार्थता और अभूतार्थताका क्या अर्थ है? 'जब आत्मामें इस समय रागद्वेष मोह आदि भाव उत्पन्न हो रहे हैं, आत्मा इन भावों रूपसे परिणमन कर रहा है, तब परनिरपेक्ष सिद्धवत्

स्वरूपके दर्शन उसमें कैसे किए जा सकते हैं?" यह शंका व्यवहार्य है, और इसका समाधान भी सीधा और स्पष्ट है कि—प्रत्येक आत्मामें सिद्धके समान अनन्त चैतन्य है, एक भी अविभाग प्रतिच्छेदकी न्यूनता किसी आत्माके चैतन्यमें नहीं है। मुक्तकी आत्मा असंख्यातप्रदेशवाली है, अखण्ड द्रव्य है। मूल द्रव्य-दृष्टिसे सभी आत्माओंकी स्थिति एकप्रकारकी है। विभाव परिणमनके कारण गुणोंके विकासमें न्यूनाधिकता आ गई है। संसारी आत्माएँ विभाव पर्यायोंको धारण कर नानारूपमें परिणत हो रही है। इस परिणमनमें मूल द्रव्यकी स्थिति जितनी सत्य और भूतार्थ है उतनी ही उसकी विभावपरिणतिरूप व्यवहार स्थिति भी सत्य और भूतार्थ है। पदार्थपरिणमनकी दृष्टिसे निश्चय और व्यवहार दोनों भूतार्थ और सत्य हैं। निश्चय जहाँ मूल द्रव्यस्वभावको विषय करता है, वहाँ व्यवहार परसापेक्ष पर्यायोंको विषय करता है, निर्विषय कोई नहीं है। व्यवहारकी अभूतार्थता इतनी ही है कि वह जिन विभाव पर्यायोंको विषय करता है वे विभाव पर्याएँ हेय हैं, उपादेय नहीं, शुद्ध द्रव्यस्वरूप उपादेय है, यही निश्चयकी भूतार्थता है। जिस प्रकार निश्चय द्रव्यके मूल स्वभावको विषय करता है उसी प्रकार शुद्ध सिद्ध पर्याय भी निश्चय का विषय है। तात्पर्य यह कि परनिरपेक्ष द्रव्य स्वरूप और परनिरपेक्ष पर्याएँ निश्चयका विषय हैं और परसापेक्ष परिणमन व्यवहारके विषय हैं। व्यवहारकी अभूतार्थता वहाँ है जहाँ आत्मा कहता है कि "मैं राजा हूँ, मैं विद्वान् हूँ, मैं स्वस्थ हूँ, मै ऊँच हूँ, यह नीच है, मेरा धर्माधिकार है, इसका धर्माधिकार नहीं है आदि" तब अन्तर्दृष्टि कहता है कि राजा विद्वान् स्वस्थ ऊँच नीच आदि वाह्यापेक्ष होनेसे हेय हैं इन रूप तुम्हारा मूलस्वरूप नहीं है, वह तो सिद्धके समान शुद्ध है, उसमें न कोई राजा है न रंक, न कोई ऊँच न नीच, न कोई रूपवान् न कुरूपी। उसकी दृष्टिमें सब अखण्ड चैतन्यमय समस्वरूप समाधिकार हैं। इस व्यवहारमें अहंकारको उत्पन्न करनेका जो जहर है, भेद खड़ा करनेकी जो कुटेव है, निश्चय उसीको नष्ट करता है और अभेद अर्थात् समत्वकी ओर दृष्टिको ले जाता है और कहता है कि—मूर्ख, क्या सोच रहा है, जिसे तू नीच और तुच्छ समझ रहा है वह भी अनन्त चैतन्यका अखण्ड मौलिक द्रव्य है, परकृत भेदमें तू अहंकारकी सृष्टि कर रहा है और भेदका पोषण कर रहा है, शरीराश्रित ऊँचनीचभावकी कल्पनासे धर्माधिकार जैसे शोषण अहंकारकी बात बोलता है? इस अनन्त विभिन्नतामय अहंकारपूर्ण व्यवहारसंसारमें निश्चय ही एक अमृतशलाका है जो दृष्टिमें व्यवहारका भेदविष नहीं चढ़ने देती।

पर ये निश्चयकी चरचा करने वाले ही जीवनमें अनन्त भेदोंको कायम रखना चाहते हैं। व्यवहारलोपका भय पग पगपर दिखाते हैं। यदि दस्सा मंदिरमें आकर पूजा कर लेता है तो इन्हें व्यवहार-लोपका भय व्याप्त हो जाता है। भाई, व्यवहारका विष दूर करना ही तो निश्चयका कार्य है। जब निश्चयके प्रसारका अवसर आता है तो क्यों व्यवहारलोपसे डरते हो? कबतक इस हेय व्यवहारसे चिपटे रहोगे और धर्मके नामपर भी अहंकारका पोषण करते रहोगे? अहंकारकेलिए और क्षेत्र पड़े हुए हैं, उन क्षेत्रोंमें तो अहंकार कर ही रहे हो? बाह्य विभूतिके प्रदर्शनसे अन्य व्यवहारोंमें दूसरोंसे श्रेष्ठ बनने का अभिमान पुष्ट कर ही लेते हो, इस धर्मक्षेत्रको तो समताकी भूमि बनने दो। धर्मके क्षेत्रको तो इससे अछूता रहने दो। आखिर यह अहंकारकी विषबेल कहाँ तक फैलाओगे? आज विश्व इस अहंकारकी भीषण ज्वालाओंमें भस्मसात् हुआ जा रहा है। गोरे कालेका अहंकार हिन्दू मुसल्मानका अहंकार धनी निर्धनका अहंकार, सत्ताका अहंकार, ऊँचनीचका अहंकार आदि छूत अछूतका अहंकार, आदि इस महत्त्वविष अहंकारनागकी नागदमनी औषधि निश्चयदृष्टि ही है। यह आत्मसमत्वको समभूमिपर [illegible] उसकी [illegible] कि—क्या, सबके गुण मूल क्या भिन्न हो? और इसलिए [illegible] भी तुम्हारा जैसी समन्यदर्शिता प्राप्त [illegible] तब तो औरोंके [illegible] अहंकारका सर्जन [illegible] [illegible] प्रतिष्ठा [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

पर यह जो भेदसृष्टि कर जाओगे उसका पाप मानवसमाजको भोगना पड़ेगा। यह पुराने पुरुषो द्वारा किये गये पापको भी बापके नामपर पोपता रहना चाहता है। हितकामनासे भी निश्चयदृष्टि—आत्मसमत्वकी दृ-ट को ग्रहण करो ओर पराश्रित व स्वय शान्तिलाभ करो और दूसरोको उसका मार्ग निष्कटक कर दो।

समयसारका सार यही है। कुन्दकुन्दकी आत्मा समयसारके गुणगानसे, उसे उसे चादी सोनेमे मढानेसे सन्तुष्ट नही हो सकती। वह तो समयसारको जीवनमे उत सकती है। यह जातिगत ऊँचनीच भाव, यह धर्मस्थानोमे किसीका अधिकार किसी सर्व विपोका समयसारके अमृतके साथ क्या मेल ? यह निश्चयमिथ्यात्वी निश्चयको तो कहेगा पर जीवनमे निश्चयकी उपेक्षाके ही कार्य करेगा, उसकी जड खोदने का

निश्चयनयका वर्णन तो कागजपर लिखकर सामने टाग लो। जिससे सदा तुम रहे। सच पूछो तो भगवान् जिनेन्द्रकी प्रतिमा उसी निश्चयनयकी प्रतिकृति है होकर हमे आत्ममात्रसत्यता सर्वात्मसमत्व और परमवीतरागताका पावन सन्देश देती है मानव उसका मात्र अभिषेक कर वाह्यपूजा करके ही कर्त्तव्यकी इतिश्री समझ लेता मिथ्या धर्मात्मत्वके अहकारका पोषण कर मदिरमे भी चौका लगानेका दुष्प्रयत्न करत मे आ सकता है अमुक नही' इन विधिनिषेधोकी कल्पित अहकारपोषक दीवारे खडी ओर परम्पराके नामपर तथा सस्कृतिरक्षाके नामपर सिरफुडोवल और मुकदमेवाजी की जाती है ओर इस तरह रौद्रानन्दी रूपका नग्न प्रदर्शन इन धर्मस्थानोमे आये दि

निश्चयनयावलम्बियोकी एक मोटी भ्रान्त धारणा यह है कि ये द्रव्यमे अशुद्धि न अशुद्ध कहते है और द्रव्यको सदा शुद्ध कहने का साहस करते है। जब जैनसिद्धान्तमे पृथक् सत्ता ही नही है तब केवल पर्याय ही अशुद्ध कैसे हो सकती है ? जब इन दोनोका त ही अशुद्ध है। दूसरे शब्दोमे द्रव्य ही पर्याय बनता है। द्रव्यशून्य पर्याय और पर्यायशून्य द्रव्य जब इस तरह दोनो एकसत्ताक ही है तब अशुद्धि पर्याय तक सीमित रहती है द्रव्यमे कथन स्वत नि सार हो जाता है। पर्यायके परिवर्तन होनेपर द्रव्य किसी अपरिवर्ति है और न ऐसा अपरिवर्तिष्णु कोई अश ही द्रव्यमे है जो परिवर्तनसे सर्वथा अछूता रह अखण्डका अखण्ड परिवर्तित होकर पर्याय नाम पाता है। उसकी परिवर्तित धारा अनाद्य रहती है, इसीको द्रव्य या ध्रौव्य कहते है। अत 'पर्याय अशुद्ध होती है ओर द्रव्य शु यह धारणा द्रव्यस्वरूप के अज्ञानका परिणाम है।

इसी धारणावश निश्चयमूढ 'मै सिद्ध हूँ, निर्विकार हूँ, कर्मबन्धनमुक्त हूँ' आ प्रयोग करने लगते है। और उसका समर्थन उपर्युक्त भ्रान्तधारणाके कारण करने लगते समझदार आजकी नितान्त अशुद्ध दशामे अपनेको शुद्ध माननेका भ्रान्त साहस भी नही कहना तो उचित है कि मुझमे सिद्ध होनेकी योग्यता है, म सिद्ध हो सकता हूँ, या जितने प्रदेशवाला जितने गुणधर्मवाला है उतने ही प्रदेशवाला उतने ही गुणधर्मवाला मे इतना ही है कि सिद्धके सब गुण निरावरण है और मेरे सावरण। इस तरह शक्ति प्रदे प्रतिच्छेदोकी दृष्टिसे समत्व कहना जुदी बात है। वह समानता तो सिद्धके समान निग पर इससे मात्र द्रव्योकी मौलिक एकजातीयताका निरूपण होता है न कि वर्तमान कालीन पर्यायोमे तो अन्तर महदन्तरम् है।

इसीतरह निश्चयनय केवल द्रव्यको विषय करता है यह धारणा भी मिथ्या है। पेक्ष स्वभावको विषय करनेवाला है चाहे वह द्रव्य हो या पर्याय। सिद्ध पर्याय परनि है, उसे निश्चयनय अवश्य विषय करेगा। जिस प्रकार द्रव्यके मूलस्वरूपपर दृष्टि रखनेसे आ

मिलती है उसी तरह सिद्ध पर्यायपर भी दृष्टि रखनेसे आत्मोन्मुखता होती है। अत निश्चय और व्यवहारका सम्यग् दर्शन करके हमें निश्चयनयके लक्ष्य-आत्मसमत्वको जीवनव्यवहारमें उतारनेका प्रयत्न करना चाहिए। धर्म-अधर्मकी भी यही कसौटी हो सकती है। जो क्रियाएँ आत्मस्वभावकी साधक हो परमवीतरागता और आत्मसमताकी ओर ले जाँय वे धर्म है शेष अधर्म।

परलोक का सम्यग्दर्शन—

धर्मक्षेत्रमें सब ओरसे 'परलोक सुधारो'की आवाज सुनाई देती है। परलोकका अर्थ है मरणोत्तर जीवन। हरएक धर्म यह दावा करता है कि उसके बताए हुए मार्गपर चलनेसे परलोक सुखी और समृद्ध होगा। जैनधर्ममें भी परलोकके सुखोंका मोहक वर्णन मिलता है। स्वर्ग और नरकका सांगोपांग विवेचन सर्वत्र पाया जाता है। ससारमें चार गतियाँ हैं—मनुष्यगति, तिर्यञ्चगति, नरकगति और देवगति। नरक अत्यन्त दु खके स्थान ह और स्वर्ग सासारिक अभ्युदयके स्थान। इनमे सुधार करना मानवशक्तिके बाहरकी बात है। इनकी जो रचना जहाँ है सदा वैसी रहनेवाली है। स्वर्गमें एक देवको कमसे कम सदायौवना बत्तीस देवियाँ अवश्य मिलती ह। शरीर कभी रोगी नही होता। खाने-पीनेकी चिन्ता नहीं। सब मन कामना होते ही समुपस्थित हो जाता है। नरकमे सब दु ख ही दु खकी सामग्री है।

यह निश्चित है कि एक स्थूल शरीरको छोडकर आत्मा अन्य स्थूल शरीरको धारण करता है। यही परलोक कहलाता है। मैं यह पहिले विस्तारसे बता आया हूँ कि आत्मा अपने पूर्वशरीरके साथ ही साथ उस पर्यायमें उपार्जित किये गए ज्ञान विज्ञान शक्ति आदिको वही छोड देता है, मात्र कुछ सूक्ष्म सस्कारोके साथ परलोकमें प्रवेश करता है। जिस योनिमें जाता है वहाँके वातावरणके अनुसार विकसित होकर बढता है। अब यह विचारनेकी बात है कि मनुष्यके लिए मरकर उपन्न होनेके दो स्थान तो ऐसे हैं जिन्हें मनुष्य इसी जन्ममें सुधार सकता है, अर्थात् मनुष्य योनि और पशु योनि इन दो जन्मस्थानोके सस्कार और वातावरणको सुधारना तो मनुष्यके हाथमें है ही। अपने स्वार्थकी दृष्टिसे भी आधे परलोकका सुधारना हमारी रचनात्मक प्रवृत्तिकी मर्यादामें है। बीज कितना ही परिपुष्ट क्यो न हो यदि खेत ऊबड खाबड है, उसमें कास आदि है, साप चूहे छछूदर आदि रहते हैं तो उस बीजकी आधी अच्छाई तो खेतकी खराबी और गन्दे वातावरणमें समाप्त हो जाता है। अत जिसप्रकार चतुर किसान बीजकी उत्तमत्ताकी चिन्ता करता है उसी प्रकार खेतको जोतने बखरने, उसे जीवजन्तुरहित करने, घास फूस उखाडने आदिकी भी पूरी पूरी कोशिश करना ही है, तभी उसकी खेती समृद्ध और आशातीत फलप्रसू होती है। इसी तरह हमे भी अपने परलोकके मनुष्यसमाज और पशुसमाज रूप दो खेतोको इस योग्य बना लेना चाहिए कि कदाचित् इनमें पुन शरीर धारण करना पडा तो अनुकूल सामग्री और सुन्दर वातावरण तो मिल जाय। यदि प्रत्येक मनुष्यको यह दृढ़ प्रतीति हो जाय कि हमारा परलोक यही मनुष्य समाज है और परलोक सुधारनेका अर्थ इसी मानव समाजको सुधारना है तो इस मानवसमाजका नकशा ही बदल जाय। इसी तरह पशुसमाजके प्रति भी सद्भावना उत्पन्न हो सकती है और उनके खानेपीने रहने आदिका समुचित प्रबन्ध हो सकता है। अमेरिकाकी गाएँ रेडियो सुनती है और सिनेमा देखती है। वहाँकी गोशालाएँ यहाँके मानवघोसलोंसे अधिक स्वच्छ और व्यवस्थित हैं।

परलोक अर्थात् दूसरेलोग, परलोकका सुधार अर्थात् दूसरे लोगोंका—मानवसमाजका सुधार। जब यह निश्चित है कि मरकर इन्ही पशुओ और मनुष्योंमें भी जन्म लेनेकी सभावना है तो समझदारी और सम्यग्दर्शनकी बात तो यह है कि इस मानव और पशु समाजमें आए हुए दोषोको निकालकर इन्हें निर्दोष बनाया जाय। यदि मनुष्य अपने कुकृत्योंसे मानवजातिमें क्षय, सुजाक, कोढ, मृगी आदि रोगोंकी सृष्टि करता है, इसे नीतिभ्रष्ट, आचारविहीन, कलह केन्द्र, और शराबखोर आदि बना देता है तो वह कैसे अपने मानव परलोकको सुखी कर सकेगा। आखिर उसे भी इसी नरकभूत समाजमें जन्म लेना पडेगा। इसी तरह गाय भैंस आदि पशुओकी दशा यदि मात्र मनुष्यके ऐहिक स्वार्थके ही आधारपर चली तो

उनका कोई सुधार नही हो सकता। उनके प्रति सद्भाव हो। यह समझे कि कदाचित् हमे इस योनिमे जन्म लेना पड़ा तो यही भोग हमे भोगना पडेगे। जो परम्पराएँ हम इनमे डाल रहे है उन्हीके चक्रमे हमे भी पिसना पडेगा। जैसा करोगे वैसा भरोगे, इसका वास्तविक अर्थ यही है कि यदि अपने कुकृत्योसे हम मानव समाज और पशु समाजको कलंकित करोगे तो परलोकमे कदाचित् इन्ही समाजोमे आना पडा तो उन अपने कुकृत्यो का भोग भोगना ही पडेगा।

मानव समाजका सुख दुख तत्कालीन समाज व्यवस्थाका परिणाम है। अत परलोकका सम्यग्दर्शन यही है कि जिस आधे परलोकका सुधार हमारे हाथमे है उसका सुधार ऐसी सर्वोदयकारिणी व्यवस्था करके करे जिसमे स्वर्गमे उत्पन्न होनेकी इच्छा ही न हो। यही मानवलोक स्वर्गलोकसे भी अधिक सर्वाभ्युदय कारक बन जाय। हमारे जीवनके असदाचार असयम कुटेव बीमारी आदि सीधे हमारे वीर्यकणको प्रभावित करते है और उससे जन्म लेनेवाली सन्ततिके द्वारा मानवसमाजमे वे सब बीमारियाँ और चरित्रभ्रष्टताएँ फैल जाती है। अत इनसे परलोक बिगडता है। इसका तात्पर्य यही है कि खोटे सस्कार सन्तति द्वारा उस मानवजातिमे घर कर लेते है जो मानवजाति कभी हमारा पुन परलोक बन सकती है। हमारे कुकृत्योने नरक बना हुआ यही मानवसमाज हमारे पुनर्जन्मका स्थान हो सकता है। यदि हमारा जीवन, मानवसमाज और पशुजातिके सुधार और उद्धारमे लग जाता है तो नरकमे जन्मलेनेका मौका ही नही आ सकता। कदाचित् नरकमे पहुँच भी गए तो अपने पूर्व सस्कारवश नारकियोको भी सुधारनेका प्रयत्न किया जा सकता है। तात्पर्य यह कि हमारा परलोक यही हमसे भिन्न अखिल मनुष्य समाज और पशुजाति है जिनका सुधार हमारे परलोकका आधा सुधार है।

दूसरा परलोक है हमारी सन्तति। हमारे इस शरीरसे होनेवाले यावत् सत्कर्म और दुष्कर्मोके रक्तद्वारा जीवित सस्कार हमारी सन्ततिमे आते है। यदि हममे कोढ क्षय या सुजाक जैसी सक्रामक बीमारियाँ है तो उसका फल हमारी सन्ततिको भोगना पडेगा। असदाचार और शराबखोरी आदिसे होनेवाले पापसस्कार रक्तद्वारा हमारी सन्ततिमे अकुरित होगे तथा बालकके जन्म लेनेके बाद वे पल्लवित पुष्पित और फलित होकर मानवजातिको नरक बनाएँगे। अत परलोकको सुधारनेका अर्थ है सन्ततिको सुधारना और सन्ततिको सुधारनेका अर्थ है अपनेको सुधारना। जबतक हमारी इस प्रकारकी अन्तर्मुखी दृष्टि न होगी तबतक हम मानवजातिके भावी प्रतिनिधियोके जीवनमे उन असख्य काली रेखाओको अकित करते जॉयगे जो सीधे हमारे असयम और पापाचारका फल है।

एक परलोक है—शिष्य परम्परा। जिस प्रकार मनुष्यका पुनर्जन्म रक्तद्वारा अपनी सन्ततिमे होता है उसी तरह विचारो द्वारा मनुष्यका पुनर्जन्म अपने शिष्योमे या आसपासके लोगोमे होता है। हमारे जैसे आचार-विचार होगे, स्वभावत शिष्योके जीवनमे उनका असर होगा ही। मनुष्य इतना सामाजिक प्राणी है कि वह जान या अनजानमे अपने आसपासके लोगोको अवश्य ही प्रभावित करता है। बापको बीडी पीता देखकर छोटे बच्चोको झूठे ही लकडीकी बीडी पीनेका शौक होता है और यह खेल आगे जाकर व्यसन का रूप ले लेता है। शिष्यपरिवार मोमका पिड है। उसे जैसे साचेमे ढाला जायगा ढल जायगा। अत मनुष्यके ऊपर अपने सुधार-बिगाडकी जबाबदारी तो है ही साथ ही साथ मानव समाजके उत्थान और पतनमे भी उसका साक्षात् और परम्परया खास हाथ है। रक्तजन्य सन्तति तो अपने पुरुषार्थद्वारा कदाचित् पितृजन्य कुसस्कारोसे मुक्त भी हो सकती है पर यह विचारसन्तति यदि जहरीली विचारधारासे बेहोश हुई तो उसे होशमे लाना बडा दुष्कर कार्य है। आजका प्रत्येक व्यक्ति इस नूतनपीढी पर ही आख गडाए हुए है। कोई उसे मजहबकी शराब पिलाना चाहता है तो कोई हिन्दुत्व की तो कोई जातिकी तो कोई अपनी कुल परम्परा की। न जाने कितने प्रकारकी विचारधाराओकी रग बिरगी शराबे मनुष्यकी दुर्बुद्धिने तैयार की है और अपने वर्गका उच्चत्व, स्वसत्ता स्थायित्व और स्थिर स्वार्थोकी सरक्षाके लिए विविध प्रकारके धार्मिक सास्कृतिक सामाजिक और राष्ट्रीय आदि सुन्दर मोहक पात्रोमे ढाल ढालकर भोली नूतन पीढीको पिलाकर उन्हे

स्वरूपच्युत किया जा रहा है। वे इसके नशेमे उस मानवसमत्वाधिकारको भूलकर अपने भाइयोका खून बहानेमें भी नही हिचकिचाते। इस मानवसंहारयुगमे पशुओके सुधार और उनकी सुरक्षाकी बात तो सुनता ही कौन है ? अत परलोक सुधारके लिए हमे परलोकके सम्यग्दर्शनकी अवश्यकता है। हमे समझना होगा कि हमारा पुरुषार्थ किस प्रकार उस परलोकको सुधार सकता है।

परलोकमे स्वर्गके सुखादिके लोभसे इस जन्ममे कुछ चारित्र या तपश्चरणको करना तो लम्बा व्यापार है। यदि ३२ देवियोके महासुखकी तीव्रकामनासे इस जन्ममे एक बूढी स्त्रीको छोडकर ब्रह्मचर्य धारण किया जाता हे तो यह केवल प्रवञ्चना है। न यह चारित्रका सम्यग्दर्शन है और न परलोकका। यह तो कामनाका अनुचित पोषण है, कषायकी पूर्तिका दुष्प्रयत्न है। अत परलोक सम्बन्धी सम्यग्दर्शन साधकके लिए अत्यावश्यक है।

कर्मसिद्धान्तका सम्यग्दर्शन–

जैन सिद्धान्तने सर्वग्रासी ईश्वरसे जिस किसी तरह मुक्ति दिलाकर यह घोषणा की थी कि प्रत्येक जीव स्वतन्त्र है। वह स्वय अपने भाग्यका विधाता है। अपने कर्मका कर्त्ता और उसके फलका भोक्ता है। परन्तु जिस पक्षी की चिरकालसे पिजरेमे परतन्त्र रहनेके कारण सहज उडनेकी शक्ति कुठित हो गई है उसे पिजडेसे बाहर भी निकाल दीजिए तो वह पिजडेकी ओर ही झपटता है। इसीतरह यह जीव अनादिसे परतन्त्र होनेके कारण अपने मूल स्वातन्त्र्य-आत्मसमानाधिकारको भूला हुआ हे। उसे इसकी याद दिलाते हे तो कभी वह भगवान्का नाम लेता है, तो कभी किसी देवी देवता का। और कुछ नही तो '**करमगति टाली नाहि टलै**' का नारा किसीने छीन ही नही लिया। 'विधिका विधान' 'भवितव्यता अमिट है' आदि नारे बच्चे से बूढेतक सभीकी जबानपर चढे हुए हे। ईश्वरकी गुलामीसे हटे तो यह कर्मकी गुलामी गले आ पडी।

मैने बन्धतत्त्वके विवेचनमे कर्मका स्वरूप विस्तारसे लिखा है। हमारे विचार, वचन व्यहार और शारीरिक क्रियाओके सस्कार हमारी आत्मापर प्रतिक्षण पडते है और उन सस्कारोको प्रबोध देनेवाले पुद्गल स्कन्ध आत्मामे सम्बन्धको प्राप्त हो जाते हे। आजका किया हुआ हमारा कर्म कल दैव बन जाता है। पुराकृत कर्मको ही दैव विधि भाग्य आदि शब्दोसे कहते हे। जो कर्म हमने किया है, जिसे हमने बोया है उसे चाहे तो दूसरे क्षण ही उखाडकर फेक सकते हे। हमारे हाथमें कर्मोकी सत्ता है। उनकी उदीरणा–समयसे पहिले उदयमे लाकर झडा देना, सक्रमण-साताको असाता और असाताको साता बना देना, उत्कर्षण–स्थिति और फल देनेकी शक्तिमे वृद्धि कर देना, अपकर्षण--स्थिति और फलदानशक्तिका ह्रास कर देना, उपशम –उदयमें न आने देना, क्षय–नाश करना, उद्वेलन क्षयोपशम आदि विविध दशाएँ हमारे पुरुपार्थके अधीन हे। अमुक कोई कर्म बधा इसका अर्थ यह कदापि नही कि वह वज्रलेप हो गया। बधनेके बाद भी हमारे अच्छे बुरे विचार और प्रवृत्तियोसे उसकी अवस्थामे सैकडो प्रकारके परिवर्तन होते रहते ह। हाँ, कुछ कर्म ऐसे जरूर बध जाते है जिन्हे टालना कठिन होता हे उनका फल उसीरूपमे भोगना पडता है। पर ऐसा कर्म सौ मे एक ही शायद होता है।

सीधीसी बात है–पुराना सस्कार और पुरानी वासना हमारे द्वारा ही उत्पन्न की गई थी। यदि आज हमारे आचार-व्यवहारमे शुद्धि आती है तो पुराने सस्कार धीरे धीरे या एकही झटकेमे समाप्त हो ही जायँगे। यह तो बलाबल की बात है। यदि आजकी तैयारी अच्छी हे तो प्राचीनको नष्ट किया जा सकता है, यदि कमजोरी है तो पुराने सस्कार अपना प्रभाव दिखाएँगे ही। ऐसी स्वतन्त्रस्थितिमे मे "**कर्मगति टाली नही टलै**" जैसे क्लीवविचारो का क्या स्थान है ? ये विचार तो उस समय शान्ति देनेके लिए है जब पुरुषार्थ करनेपर भी कोई प्रबल आघात आ जावे, उस समय सान्त्वना और सास लेनेके लिए इनका उपयोग है। कर्म बलवान् था, पुरुषार्थ उतना प्रबल नही हो सका अत फिर पुरुषार्थ कीजिए। जो अवश्यभावी बाते हे उनके द्वारा कर्मकी गतिको अटल बताना उचित नही है। एक शरीर धारण किया है, समयानुसार वह जीर्ण शीर्ण

होगा ही। अब यहाँ यह कहना कि 'कितना भी पुरुषार्थ कर लो मृत्युसे बच नहीं सकते और इसलिए कर्मगति अटल है,' वस्तुस्वरूपके अज्ञानका फल है। जब वह किंचित्काल स्थायी पर्याय है तो आगे पीछे उसे जीर्ण शीर्ण होना ही पड़ेगा। इसमें पुरुषार्थ इतना ही है कि यदि युक्त आहार-विहार और संयमपूर्वक चला जायगा तो जिन्दगी लम्बी और सुखपूर्वक चलेगी। यदि असदाचार और असंयम करोगे तो शरीर क्षय आदि रोगोंका घर होकर जल्दी क्षीण हो जायगा। इसमें कर्मकी क्या अटलता है? यदि कर्म वस्तुत टल होता तो ज्ञानी जीव त्रिगुप्ति आदि साधनाओं द्वारा उसे क्षणभरमें काटकर सिद्ध नहीं हो सकेंगे। र इस आशयकी पुरुषार्थप्रवण घोषणाएँ मूलत शास्त्रोंमें मिलती ही हैं।

स्पष्ट बात है कि कर्म हमारी क्रियाओं और विचारोंके परिणाम हैं। प्रतिकूल विचारोंके द्वारा र्वसंस्कार हटाए जा सकते हैं। कर्मकी दशाओंमें विविध परिवर्तन जीवके भावोंके अनुसार प्रतिक्षण होते ी रहते हैं। इसमें अटलपना क्या है। कमजोरके लिए कर्महीं क्या, कुत्ता भी अटल है, पर सबलके लिए गेई भी अटल नहीं है। परन्तु कर्मको टालनेके लिए शारीरिक बलकी आवश्यकता नहीं है, इसके लिये ाहिए आत्मबल। चूँकि कर्मोंके बन्धन आत्माके ही विकारी भावोंसे, आत्माकी ही कमजोरीसे हुए । अत उसकी निवृत्ति भी आत्माके ही स्वभावोंसे, स्वसंशोधनसे ही हो सकती है। यही आत्मबल यदि है ो फिर किसी कर्मकी ताकत नहीं जो तुम्हें प्रभावित कर सके।

श्री पंडित टोडरमलजीने मोक्षमार्ग प्रकाशमें काल लब्धि और भवितव्यके सम्बन्धमें स्पष्ट लिखा है के—**"काललब्धि और होनहार तो किछू वस्तु नाहीं। जिस काल विषै कार्य बनै सोई काललब्धि और जो ार्य भया सो होनहार।"** मैं अध्यात्मके विवेचनमें बता आया हूँ कि प्रतिक्षण वस्तुमें अनेक परिणमनोंकी ारतमभूत योग्यताएँ रहती हैं। जैसे निमित्त और जैसी सामग्री जुट जायगी तदनुकूल योग्यताका परि- ामन होकर उसका विकास हो जायगा। इसमें स्वपुरुषार्थ और स्वशक्तिको पहिचानेकी आवश्यकता है। जिस जैनधर्मने ईश्वर जैसी दृढमूल समर्थ और बहुप्रचलित कल्पनाका उच्छेद करके जीवस्वातन्त्र्य- ा स्वावलम्बी उपदेश दिया उसमें कर्म अमिट और विधिविधान अटल कैसे हो सकता है? जो हमारी ालती है उसे हम कभी भी सुधार सकते हैं। यह अवश्य है कि जितनी पुरानी भूलें और आदतें होंगी उन्हें ्टानेके लिए उतना ही प्रबल पुरुषार्थ करना होगा। इसके लिए समय भी अपेक्षित हो सकता है। इसके अर्थ पुरुषार्थमें, अविश्वास कदापि नहीं करना चाहिए।

कर्मके सम्बन्धमें एक भ्रम यह भी है कि कर्मके बिना पत्ता भी नहीं हिलता। संसारके अनेकों कार्य अपने अपने अनुकूल प्रतिकूल संयोगोंसे होते रहते हैं। उन उन पदार्थोंके सन्निधानमें जीवके साता और असाताका परिपाक होता है। जैसे ठंडी हवा अपने कारणोंसे चल रही है। स्वस्थ पुरुषकी सातामें वह नोकर्म हो जाती है और निमोनियाँ रोगीके असातामें नोकर्म बन जाती है। यह कहना कि 'हमारे साताके उदयने हवाको चला दिया और रोगीके असाताके उदयने, भूल है। ये तो नोकर्म हैं। इनकी समुत्पत्ति अपने कारणोंसे होती है। और ये उन कर्मोंके उदयकी सामग्री बन जाते हैं। यह भी ठीक है कि द्रव्य क्षेत्र कालभावकी सामग्रीके अनुसार कर्मोंके उदयमें—उसकी फलदान शक्तिमें तारतम्य हो जाता है। 'लाभान्तरायका उदय लाभको रोकता है और उसका क्षयोपशम लाभका कारण है' इसका आन्तरिक अर्थ तो यही है कि जीवमें उसके क्षयोपशमसे उस लाभको अनुभवनकी योग्यता होती है। बाह्य पदार्थोंका मिलना आदि उस योग्यता- जन्य पुरुषार्थ आदिके फल हैं।

यह भी निश्चित है कि आत्मा भौतिक जगत्को प्रभावित करता है। आत्माके प्रभावके साक्षी मैस्मरेजिम, हिप्नाटिज्म आदि हैं। अत आत्मपरिणामोंके अनुसार भौतिक जगत्में भी परिवर्तन प्रायः हुआ करते हैं। पर नैयायिकोंकी तरह जैनकर्म अमेरिकामें उत्पन्न होनेवाली हमारी भोग्य साबुनमें कारण नहीं हो सकता। कर्म अपनी आसपासकी सामग्रीको प्रभावित करता है। अमेरिकामें उत्पन्न साबुन अपने कारणोंसे उत्पन्न हुई है। हाँ, जिससमय वह हमारे संपर्क में आ जाती है तबसे हमारी

साताके नोकर्म हो जाती हैं। रास्तेमे पडा हुआ एक पत्थर सैकडो जीवोके सैकडो प्रकारके परिणमन-मे तत्काल निमित्त बन जाता है, इसका यह अर्थ कदापि नही है कि उस पत्थर को उत्पन्न करनेमे उन सैकडो जीवोके पुण्य-पापने कोई कार्य किया है। ससारके पदार्थोकी उत्पत्ति अपने-अपने कारणोसे होती है। उत्पन्न पदार्थ एक दूसरेकी साता असाताके लिए कारण हो जाते हैं। एक ही पदार्थ समयभेदसे एकजीव या नाना-जीवोके राग द्वेष और उपेक्षाका निमित्त होता रहता है। किसीका त्रैकालिक रूप सदा एकसा नही रहता। अत कर्मका सम्यग्दर्शन करके हमे अपने पुरुषार्थको पहिचान कर स्वात्मदृष्टि हो तदनुकूल सत्पुरुषार्थमे लगना चाहिए। वही पुरुपार्थ सत् है जो आत्मस्वरूप का साधक हो और आत्माधिकारकी मर्यादाको न लाघता हो।

ससारके अनन्त अचेतन पदार्थोका परिणमन यद्यपि उनकी उपादान योग्यताके अनुसार होता है पर उनका विकास पुरुष निमित्तसे अत्यधिक प्रभावित होता है। प्रत्येक परमाणुमे पुद्गलकी वे सब शक्तियाँ है जो किसी भी एक पुद्गलाणु द्रव्यमे हो सकती है अत उपादान योग्यताकी कमी तो किसीमे भी नही है। रह जाती है पर्याययोग्यता, सो पर्याययोग्यता परिणमनोके अनुसार बदल जायगी। रेत पर्यायसे मामूली कुम्हार आदि निमित्तोसे घटरूप परिणमनका विकास नही हो सकता जैसे कि मिट्टीका हो जाता है पर काचकी भट्टीमे या चीनी मिट्टीके कारखानेमे उसी रेत पर्यायका काचके घडे रूपसे और चीनी मिट्टीके घडे रूपसे स्थिरतर सुन्दर परिणमन विकसित हो जाता है। अचेतन पदार्थोके परिणमन जैसे स्वत बुद्धिशून्य होनेके कारण सयोगाधीन है वैसे चेतन पदार्थोके परिणमन मात्र सयोगाधीन ही नही है। 'जबतक यह आत्मा परतन्त्र है तबतक उसे कुछ सयोगाधीन परिणमन करना भी पडते हो फिर भी वह उन सयोगोसे मुक्त होकर इन परिणमनोसे मुक्ति पा सकते है।' चेतन अपनी स्वशक्तिकी तरतमताके अनुसार अपने परिणमनोमे स्वाधीन बन सकता है। उसमे कर्म अर्थात् हमारे पुराने सस्कार तभी तक बाधक हो सकते हैं जबतक हम अपने प्रयोगो द्वारा उनपर विजय नही पा लेते। उन पुराने सस्कार और विकारोसे जो पुद्गलद्रव्य हमारी आत्मासे बधा था, उसकी अपनी स्वत सामर्थ्य कुछ नही है उसे बल तो हमारे सस्कार और हमारी वासनाओसे ही प्राप्त होता है।

इसके सम्बन्धमे साख्यकारिकामे बहुत उपयुक्त दृष्टान्त वेश्या का दिया है। जिस प्रकार वेश्या हमारी वासनाओका बल पाकर ही हमे नानाप्रकारसे नचाती है, हम उसके इशारेपर चलते हैं, उसे ही अपना सर्वस्व मानते है, चूमते हैं, चाटते है, जैसा वह कहती है वैसा करते है। पर जिस समय हम स्वय वासनानिर्मुक्त होकर स्वरूपदर्शी होते है उस समय वेश्या का बल समाप्त हो जाता है और वह हमारी गुलाम होकर हमे रिझानेकी चेष्टा करती है, पुन वासना जाग्रत करनेका प्रयत्न करती है। यदि हम पक्के रहे तो वह स्वय असफल प्रयत्न होकर हमे छोड देती है, और समझती है कि अब इनपर रग नही जम सकता। यही हालत कर्मपुद्गलकी है। वह तो हमारी वासनाओका बल पाकर ही सस्पन्द होता है। बधा भी हमारी वासनाओके कारण ही था और छूटेगा या निसार होगा तो हमारी वासनानिर्मुक्त परिणतिसे ही। कर्मका बल हमारी वासना है और वह यदि निर्बल होगा तो हमारी वीतरागतामे ही। शास्त्रोमे मोहनीयको कर्मोका राजा कहा है और ममकार तथा अहकारको मोहराजका मन्त्री। मोह अर्थात् मिथ्यादर्शन, राग और द्वेष। बाह्य पदार्थोमे ये 'मेरे है' इस ममकारसे तथा 'मै ज्ञानी हूँ' 'रूपवान् हूँ' इत्यादि अहकारसे राग द्वेषकी सृष्टि होती है और मोहराज की सेना तैयार हो जाती है। जिस समय इस मोहराजका पतन हो जाता है उस समय सेना अपने आप निर्वीर्य होकर तितर बितर हो जाती है। साथ रह गया इन कुभावोके साथ बधनेवाला पुद्गल। सो वह तो बिचारा पर द्रव्य है। वह यदि आत्मामे पडा भी रहा तो भी हानिकारक नही। सिद्धशिलापर भी सिद्धोके पास अनन्त पुद्गलाणु पडे होगे पर वे उनमे रागादि उत्पन्न नही कर सकते क्योकि उनमे भीतरसे वे कुभाव नही है। अत मोहनीयके नष्ट होने ही, वीतरागता आते ही वह बधा हुआ द्रव्यभी झड जायगा, या न भी झडा वहाँ ही बना रहा तो भी उसमे जो कर्मपना आया है वह समाप्त हो जायगा, वह मात्र पुद्गलपिड रह जायगा। कर्मपना

तो हमारी ही वासनासे उसमे आया था सो समाप्त हो जायगा। "**करम विचारे कौन, भूल मेरी अधिकाई। अग्नि सहे घनघात लोहकी सगति पाई।**" यह स्तुति हम रोज पढते हे। इसमे कर्मशास्त्रका सारा तत्त्व भरा हुआ है। तात्पर्य यह कि–कर्म हमारी लगाई हुई खेती है उसे हमी सीचते है। चाहे तो उसे निर्जीव कर दे चाहे तो सजीव। पर पुरानी परतन्त्रताके कारण आत्मा इतना निर्वल हो गया है कि उसकी अपनी कोई आवाज ही नही रह गई है। आत्मामे जितना सम्यग्दर्शन ओर स्वरूप-स्थितिका वल आयगा उतना ही वह सवल होगा और पुरानी वासनाएँ समाप्त होती जॉयगी। इस तरह कर्मके यथार्थ रूपको समझ कर हमे अपनी शक्तिकी पहिचान करनी चाहिए और उन सद्गुणो और सत्प्रवृत्तियोका सवर्धन तथा पोषण करना चाहिए जिससे पुरानी कुवासनाएँ नष्ट होकर वीतराग चिन्मय स्वरूपकी पुन प्रतिष्ठा हो।

शास्त्रका सम्यग्दर्शन–

वैदिक परम्परा ओर जैनपरम्परामे महत्त्वका मौलिक भेद यह है कि वैदिक परम्परा धर्म-अधर्मव्यवस्थाके लिए वेदोको प्रमाण मानती है जव कि जैन परम्पराने वेद या किसी शास्त्रकी केवल शास्त्र होने के ही कारण प्रमाणता स्वीकार नही की है। धर्म अधर्मकी व्यवस्थाके लिए पुरुषके तत्त्वज्ञानमूलक अनुभवको प्रमाण माना है। वैदिक परम्परामे स्पष्ट घोषणा है कि––'**धर्मे चोदनैव प्रमाणम्**' अर्थात् धर्मव्यवस्थामे अन्तिम प्रमाण वेद है। इसीलिए वेदपक्षवादी मीमासकने पुरुषकी सर्वज्ञतासे ही इनकार कर दिया है। वह धर्मादि अतीन्द्रिय पदार्थोके सिवाय अन्य पदार्थोका यथासभव प्रत्यक्षादि प्रमाणोसे ज्ञान मानता है, पर धर्मका ज्ञान वेद के ही द्वारा मानता है। जव कि जैन परम्परा प्रारम्भसे ही वीतरागी पुरुषके तत्त्वज्ञानमूलक वचनोको धर्मादिमे प्रमाण मानती आई है। इसीलिए इस परम्परामे पुरुषकी सर्वज्ञता स्वीकृत हुई है। इस विवेचनसे इतना स्पष्ट है कि कोई भी शास्त्र मात्र शास्त्र होनेके कारण ही जैन परम्पराको स्वीकार्य नही हो सकता जव तक कि उसके वीतराग–यथार्थ-वेदिप्रणीतत्व का निश्चय न हो जाय। साक्षात् सर्वज्ञकृतत्वके निश्चय या सर्वज्ञप्रणीत मूल-परम्परागतत्व के निश्चयके विना कोई भी शास्त्र धर्मके विषयमे प्रमाणकोटिमे उपस्थित नही किया जा सकता।

वेदकी गुलामीको जैन तत्त्वज्ञानियोने हमारे ऊपरसे उतारकर हमे पुरुषानुभवमूलक पौरुषेय वचनोको परीक्षापूर्वक माननेकी राय दी है। पर शास्त्रोके नामपर अनेक मूल परम्परामे अनिर्दिष्ट विषयोके सग्राहक भी शास्त्र तैयार हो गये है। अत हमे यह विवेक तो करना ही होगा कि इस शास्त्रके द्वारा प्रतिपाद्य विषय मूल अहिसापरम्परामे मेल खाते है या नही ? अथवा तत्कालीन ब्राह्मणधर्मके प्रभावसे प्रभावित हुए है। श्री पडित जुगुलकिशोरजी मुख्तारने ग्रन्थपरीक्षाके तीन भागोमे अनेक ऐसे ही ग्रन्थोकी आलोचना की है जो उमास्वामी ओर पूज्यपाद जैसे युगनिर्माता आचार्योके नामपर वनाए गए हैं। जिस जन्मना जातिव्यवस्थाका जैन सस्कृतिने अस्वीकार किया था कुछ पुराणग्रन्थोमे वही अनेक सस्कार और परिकरोके साथ विराजमान है। जैनसस्कृति वाह्य आडम्वरोमे शून्य अध्यात्म-अहिसक सस्कृति है। उसमे प्राणिमात्रका अधिकार है। ब्राह्मणधर्ममे धर्मका उच्चाधिकारी ब्राह्मण है जव कि जैन सस्कृतिने धर्मका प्रत्येक द्वार मानवमात्रकेलिए उन्मुक्त रखा है। किसी भी जातिका किसी भी वर्णका मानव धर्मके उच्च स्तर तक विना किसी रुकावटके पहुँच सकता है। पर कालक्रमसे यह सस्कृति ब्राह्मणधर्मसे पराभूत हो गई है ओर इसमे भी वर्णव्यवस्था और जातिगत उच्चनीच भाव आदि शामिल हो गये हैं। तर्पण श्राद्ध उपाध्यायप्रथा आदि इसमे भी प्रचलित हुए हैं। यज्ञोपवीतादि सस्कारोने जोर पकडा है। दक्षिण मे तो जैन और ब्राह्मणमे फर्क करना भी कठिन हो गया है। तदनुसार ही अनेक ग्रन्थोकी रचनाएँ हुई और सभी शास्त्रके नामपर प्रचलित हैं। त्रिवर्णाचार और चर्चासागर जैसे ग्रन्थ भी शास्त्रके खातेमे खत-याए हुए हैं। शासन देवताओकी पूजा प्रतिष्ठा दायभाग आदिके शास्त्र भी वने है। कहनेका तात्पर्य

यह कि मात्र शास्त्र होनेके कारण ही हर एक पुस्तक प्रमाण और ग्राह्य नही कही जा सकती। अनेक टीका-कारोनेभी मूलग्रन्थका अभिप्राय समझनेमे भूले की है। अस्तु।

हमे यह तो मानना ही होगा कि शास्त्र पुरुषकृत है। यद्यपि वे महापुरुष विशिष्ट ज्ञानी ओर लोक कल्याणकी सद्भावनावाले थे पर क्षायोपशमिकज्ञानवश या परम्परावश मतभेदकी गुजायश तो हो ही सकती है। ऐसे अनेक मतभेद गोम्मटसार आदिमे स्वय उल्लिखित है। अत शास्त्र विषयक सम्यग्दर्शन भी प्राप्त करना होगा कि शास्त्रमे किस युगमे किस पात्रके लिए किस विवक्षासे क्या बात लिखी गई है? उनका ऐतिहासिक पर्यवेक्षण भी करना होगा। दर्शनशास्त्रके ग्रन्थोमे खण्डन मण्डन के प्रसगमे तत्कालीन या पूर्वकालीन ग्रन्थोका परस्परमे आदान-प्रदान पर्याप्त रूपसे हुआ है। अत आत्म-सशोधकको जैन सस्कृतिकी शास्त्र विषयक दृष्टि भी प्राप्त करनी होगी। हमारे यहा गुणकृत प्रमाणता है। गुणवान् वक्ताके द्वारा कहा गया वह शास्त्र जिसमे हमारी मूलधारासे विरोध न आता हो, प्रमाण है।

इसीतरह हमे मन्दिर, सस्था, समाज, शरीर, जीवन, विवाह आदिका सम्यग्दर्शन करके सभी प्रवृत्तियोकी पुनारचना आत्मसमत्वके आधारसे करनी चाहिए तभी मानव जातिका कल्याण और व्यक्तिकी मुक्ति हो सकेगी।

तत्त्वाधिगम के उपाय—

"ज्ञान प्रमाणमात्मादेरुपायो न्यास इष्यते।
नयो ज्ञातुरभिप्रायो युक्तितोऽर्थपरिग्रह ॥"—लघीय०।

अकलकदेवने लघीयस्त्रय स्ववृत्तिमे बताया है कि जीवादि तत्त्वोका सर्वप्रथम निक्षेपोके द्वारा न्यास करना चाहिए, तभी प्रमाण और नयसे उनका यथावत् सम्यग्ज्ञान होता है। ज्ञान प्रमाण होता है। आत्मादिको रखनेका उपाय न्यास है। ज्ञाताके अभिप्रायको नय कहते है। प्रमाण और नय ज्ञानात्मक उपाय है और निक्षेप वस्तुरूप है। इसीलिए निक्षेपोमे नययोजना कषायपाहुडचूर्णि आदिमे की गई है कि अमुक नय अमुक निक्षेपको विषय करता है।

निक्षेप—निक्षेपका अर्थ है रखना अर्थात् वस्तुका विश्लेषण कर उसकी स्थितिकी जितने प्रकारकी सभावनाएँ हो सकती है उनको सामने रखना। जैसे 'राजाको बुलाओ' यहाँ राजा और बुलाना इन दो पदोका अर्थबोध करना है। राजा अनेक प्रकारके होते है यथा 'राजा' इस शब्दको भी राजा कहते है, पट्टीपर लिखे हुए 'राजा' इन अक्षरोको भी राजा कहते है, जिस व्यक्तिका नाम राजा है उसे भी राजा कहते है, राजाके चित्रको या मूर्तिको भी राजा कहते है, शतरजके मुहरो मे भी एक राजा होता है, जो आगे राजा होनेवाला है उसे भी लोग आजसे ही राजा कहने लगते है, राजाके ज्ञानको भी राजा कहते है, जो वर्तमानमे शासनाधिकारी है उसे भी राजा कहते है। अत हमे कौन राजा विवक्षित है? बच्चा यदि राजा माँगता है तो उस समय किस राजाकी आवश्यकता होगी, शतरजके समय कौन राजा अपेक्षित होता है। अनेक प्रकारके राजाओसे अप्रस्तुतका निराकरण करके विवक्षित राजाका ज्ञान करा देना निक्षेपका प्रयोजन है। राजाविषयक सशयका निराकरण कर विवक्षित राजाविषयक यथार्थबोध करा देना ही निक्षेपका कार्य है। इसी तरह बुलाना भी अनेक प्रकारका होता है। तो 'राजाको बुलाओ' इस वाक्यमे जो वर्तमान शासनाधिकारी है वह भावराजा विवक्षित है, न शब्दराजा, न ज्ञानराजा न लिपि-राजा न मूर्तिराजा न भावीराजा आदि। पुरानी परम्परामे अपने विवक्षित अर्थका सटीक ज्ञान करानेकेलिए प्रत्येक शब्दके सभावित वाच्यार्थोको सामने रखकर उनका विश्लेषण करनेकी परिपाटी थी। आगमोमे प्रत्येक शब्दका निक्षेप किया गया है। यहा तक कि 'शेष' शब्द और 'च' शब्द भी निक्षेप विधिमे भुलाये नही गये है। शब्द ज्ञान और अर्थ तीन प्रकारसे व्यवहार चलते है। कही शब्दव्यवहारसे कार्य चलता

है तो कहीं ज्ञानसे तो कहीं अर्थसे। बच्चेको डरानेके लिए शेर शब्द पर्याप्त है। शेरका ध्यान करनेके लिए शेरका ज्ञान भी पर्याप्त है। पर सरकसमें तो शेर पदार्थ ही चिघाड़ सकता है।

विवेचनीय पदार्थ जितने प्रकारका हो सकता है उतने सब संभावित प्रकार सामने रखकर अप्रस्तुतका निराकरण करके विवक्षित पदार्थको पकड़ना निक्षेप है। तत्त्वार्थसूत्रकारने इस निक्षेपको चार भागोंमें बाँटा है—शब्दात्मक व्यवहारका प्रयोजक नामनिक्षेप है, इसमें वस्तुमें उस प्रकारके गुण जाति क्रिया आदिका होना आवश्यक नहीं है जैसा उसे नाम दिया जा रहा है। किसी अन्धेका नाम भी नयनसुख हो सकता है और किसी सूखकर काँटा हुए दुर्बल व्यक्तिको भी महावीर कहा जा सकता है। ज्ञानात्मक व्यवहारका प्रयोजक स्थापना निक्षेप है। इस निक्षेपमें ज्ञानके द्वारा तदाकार या अतदाकार में विवक्षित वस्तुकी स्थापना कर ली जाती है और संकेत ज्ञानके द्वारा उसका बोध करा दिया जाता है। अर्थात्मक निक्षेप द्रव्य और भावरूप होता है। जो पर्याय आगे होनेवाली है उसमें योग्यताके बलपर आज भी वह व्यवहार करना अथवा जो पर्याय हो चुकी है उसका व्यवहार वर्तमानमें भी करना द्रव्यनिक्षेप है जैसे युवराजको राजा कहना और राजपदका जिसने त्याग कर दिया है उसको भी राजा कहना। वर्तमानमें उस पर्यायवाले व्यक्तिमें ही वह व्यवहार करना भावनिक्षेप है, जैसे सिंहासनस्थित शासनाधिकारीको राजा कहना। आगमोंमें द्रव्य, क्षेत्र, काल आदिको मिलाकर यथासंभव पांच, छह और सात निक्षेप भी उपलब्ध होते हैं परन्तु इन निक्षेपका प्रयोजन इतना ही है कि शिष्यको अपने विवक्षित पदार्थका ठीक ठीक ज्ञान हो जाय। धवला टीकामें (पृ० ३१) निक्षेपके प्रयोजनोंका संग्रह करनेवाली यह प्राचीन गाथा उद्धृत है—

"अवगयनिवारणट्ठं पयदस्स परूवणाणिमित्तं च।
संसयविणासणट्ठं तच्चत्थवधारणट्ठं च॥"

अर्थात्—अप्रकृतका निराकरण करनेके लिए, प्रकृतका निरूपण करनेके लिए, संशयका विनाश करनेके लिए और तत्त्वार्थका निर्णय करनेके लिए निक्षेपकी उपयोगिता है।

प्रमाण, नय और स्याद्वाद—निक्षेप विधिसे वस्तुको फैलाकर अर्थात् उसका विश्लेषण कर प्रमाण और नयके द्वारा उसका अधिगम करनेका क्रम शास्त्रसम्मत और व्यवहारोपयोगी है। ज्ञानकी गति दो प्रकारसे वस्तुको जाननेकी होती है। एक तो अमुक अंशके द्वारा पूरी वस्तुको जाननेकी और दूसरी उसी अमुक अंशको जाननेकी। जब ज्ञान पूरी वस्तुको ग्रहण करता है तब वह प्रमाण कहा जाता है तथा जब वह एक अंशको जानता है तब नय। पर्वतके एक भागके द्वारा पूरे पर्वतका अखण्ड भावमें ज्ञान प्रमाण है और उसी अंश का ज्ञान नय है। सिद्धान्तमें प्रमाणको सकलादेशी तथा नयको विकलादेशी कहा है उसका यही तात्पर्य है कि प्रमाण ज्ञात वस्तुभागके द्वारा सकल वस्तुको ही ग्रहण करता है जब कि नय उसी विकल अर्थात् एक अंशको ही ग्रहण करता है। जैसे आंखसे घटके रूपको देखकर रूपमुखेन पूर्ण घटका ग्रहण करना सकलादेश है और घटमें रूप है इस रूपांशको जानना विकलादेश अर्थात् नय है। अनन्तधर्मात्मक वस्तुका यावत् विशेषोंके साथ सम्पूर्ण रूपसे ग्रहण करना तो अल्पज्ञानियोंके वशकी बात नहीं है वह तो पूर्ण ज्ञानका कार्य हो सकता है। पर प्रमाणज्ञान तो अल्पज्ञानियोंका भी कहा जाता है अतः प्रमाण और नय की भेदक रेखा यही है कि जब ज्ञान अखंड वस्तु पर दृष्टि रखे तब प्रमाण तथा जब अंशपर दृष्टि रखे तब नय। वस्तुमें सामान्य और विशेष दोनों प्रकारके धर्म पाए जाते हैं। प्रमाण ज्ञान सामान्यविशेषात्मक पूर्ण वस्तुको ग्रहण करता है जब कि नय केवल सामान्य अंशको या विशेष अंशको। यद्यपि केवल सामान्य और केवल विशेषरूप वस्तु नहीं है पर नय वस्तुको अंशभेद करके ग्रहण करता है। वक्ताके अभिप्रायविशेषको ही नय कहते हैं। नय जब विवक्षित अंशको ग्रहण करके भी इतर अंशोंका निराकरण नहीं करता उनके प्रति तटस्थ रहता है तब सुनय कहलाता है और जब वही एक अंशका आग्रह करके दूसरे अंशोंका निराकरण करने लगता है तब दुर्नय कहलाता है।

नय—विचार व्यवहार साधारणतया तीन भागोमे बाँटे जा सकते है—१ ज्ञानाश्रयी, २ अर्थाश्रयी, ३ शब्दाश्रयी। अनेक ग्राम्य व्यवहार या लौकिक व्यवहार सकल्पके आधारसे ही चलते है। जैसे रोटी बनाने या कपडा बुननेकी तैयारी के समय रोटी बनाता हूँ, कपडा बुनता हूँ, इत्यादि व्यवहारोमे सकल्पमात्रमे ही रोटी या कपडा व्यवहार किया गया है। इसी प्रकार अनेक प्रकार के औपचारिक व्यवहार अपने ज्ञान या सकल्पके अनुसार हुआ करते है। दूसरे प्रकारके व्यवहार अर्थाश्रयी होते है—अर्थमे एक ओर एक नित्य व्यापी और सन्मात्ररूपसे चरम अभेदकी कल्पना की जा सकती है तो दूसरी ओर क्षणिकत्व परमाणुत्व और निरशत्वकी दृष्टिसे अन्तिम भेदकी। इन दोनो अन्तोके बीच अनेक अवान्तर भेद और अभेदोका स्थान है। अभेद कोटि औपनिषद अद्वैतवादियोकी है। दूसरी कोटि वस्तुकी सूक्ष्मतम वर्तमानक्षणवर्ती अर्थपर्यायके ऊपर दृष्टि रखनेवाले क्षणिकनिरश-परमाणुवादी बौद्धोकी है। तीसरी कोटिमे पदार्थको अनेक प्रकारसे व्यवहारमे लानेवाले नैयायिक वैशेषिक आदि दर्शन है। तीसरे प्रकारके शब्दाश्रित व्यवहारोमे भिन्न कालवाचक, भिन्न कारकोमे निष्पन्न, भिन्न वचनवाले, भिन्न पर्यायवाले, और विभिन्न क्रियावाचक शब्द एक अर्थको या अर्थकी एक पर्यायको नही कह सकते। शब्दभेदसे अर्थभेद होना ही चाहिए। इस तरह इन ज्ञान अर्थ और शब्दका आश्रय लेकर होनेवाले विचारोके समन्वयके लिए नयदृष्टियोका उपयोग है।

इसमे, सकल्पाधीन यावत् ज्ञानाश्रित व्यवहारोके ग्राहक नैगमनयको सकल्पमात्रग्राही बताया है। तत्त्वार्थभाष्यमे अनेक ग्राम्य व्यवहारोका तथा औपचारिक लोकव्यवहारोका स्थान इसी नयकी विषयमर्यादा मे निश्चित किया है।

आ० सिद्धसेनने अभेदग्राही नैगमका सग्रहनयमे तथा भेदग्राही नैगमका व्यवहार नयमे अन्तर्भाव किया है। इससे ज्ञात होता है कि वे नैगमको सकल्पमात्रग्राही मानकर अर्थग्राही स्वीकार करते है। अकलङ्कदेवने यद्यपि राजवार्तिकमे पूज्यपादका अनुसरण करके नैगमनयको सकल्पमात्रग्राही लिखा है फिरभी लघीयस्त्रय(का० ३९)मे उन्होने नैगमनयको अर्थके भेदको या अभेदको ग्रहण करनेवाला भी बताया है। इसीलिए इन्होने स्पष्ट रूपसे नैगम आदि ऋजुसूत्रान्त चार नयोको अर्थनय माना है।

अर्थाश्रित अभेदव्यवहारका, जो "**आत्मैवेदं सर्वम्**" आदि उपनिषद्‌वाक्योसे व्यक्त होता है, परसग्रहनयमे अन्तर्भाव होता है। यहाँ एक बात विशेष रूपसे ध्यान देने योग्य है कि जैनदर्शनमे दो या अधिक द्रव्योमे अनुस्यूत सत्ता रखनेवाला कोई सत् नामका सामान्यपदार्थ नही है। अनेक द्रव्योका सद्रूपसे जो सग्रह किया जाता है वह सत्सादृश्यके निमित्तसे ही किया जाता है न कि सदेकत्वकी दृष्टिसे। हा, सदेकत्वकी दृष्टिसे प्रत्येक सत्की अपनी क्रमवर्ती पर्यायोका और सहभावी गुणोका अवश्य सग्रह हो सकता है, पर दो सत्मे अनुस्यूत कोई एक सत्त्व नही है। इस परसग्रहके आगे तथा एक परमाणुकी वर्तमानकालीन एक अर्थपर्यायसे पहिले होनेवाले यावत् मध्यवर्ती भेदोका व्यवहारनयमे समावेश होता है। इन अवान्तर भेदोको न्यायवैशेषिक आदि दर्शन ग्रहण करते है। अर्थकी अन्तिम देशकोटि परमाणुरूपता तथा चरमकालकोटि क्षणमात्रस्थायिताको ग्रहण करनेवाली बौद्ध दृष्टि ऋजुसूत्रकी परिधिमे आती है। यहाँतक अर्थको सामने रखकर भेद तथा अभेद ग्रहण करनेवाले अभिप्राय बनाये गये है। इसके आगे शब्दाश्रित विचारोका निरूपण किया जाता है।

काल, कारक, सख्या तथा धातुके साथ लगनेवाले भिन्न भिन्न उपसर्ग आदिकी दृष्टिसे प्रयुक्त होनेवाले शब्दोके वाच्य अर्थ भी भिन्न भिन्न है, इस कालादिभेदसे शब्दभेद मानकर अर्थभेद माननेवाली दृष्टिका शब्दनयमे समावेश होता है। एक ही साधनमे निष्पन्न तथा एक कालवाचक भी अनेक पर्यायवाची शब्द होते है, इन पर्यायवाची शब्दोके भेदसे अर्थभेद माननेवाला समभिरूढनय है। एवम्भूतनय कहता है कि जिस समय जो अर्थ जिस क्रियामे परिणत हो उसी समय उसमे तत्क्रियासे निष्पन्न शब्दका प्रयोग होना चाहिए। इसकी दृष्टिसे सभी शब्द क्रियावाची है। गुणवाचक शुक्लशब्द भी शुचिभवन-

रूप क्रियासे, जातिवाचक अश्वशब्द आशुगमनरूप क्रियासे, क्रियावाचक चलति शब्द चलनेरूप क्रियासे नामवाचक यदृच्छाशब्द देवदत्त आदि भी 'देवने इसको दिया' इस क्रियासे निष्पन्न हुए है। इस तरह ज्ञान, अर्थ ओर शब्दको आश्रय लेकर होनेवाले ज्ञाताके अभिप्रायोका समन्वय इन नयोमे किया गया है। यह समन्वय एक खास शर्तपर हुआ है। वह शर्त यह है कि कोई भी दृष्टि या अभिप्राय अपने प्रतिपक्षी अभिप्रायका निराकरण नही कर सकेगा। इतना हो सकता है कि जहाँ एक अभिप्रायकी मुख्यता रहे वहाँ दूसरा अभिप्राय गौण हो जाय। यही सापेक्षभाव नयका प्राण है, इसीसे नय सुनय कहलाता है। आ० समन्तभद्र आदिने सापेक्षको सुनय तथा निरपेक्षको दुर्नय बतलाया है।

इस सक्षिप्त कथनमे सूक्ष्मतासे देखा जाय तो दो प्रकारकी दृष्टियाँ ही मुख्यरूपसे कार्य करती है एक अभेद दृष्टि और दूसरी भेददृष्टि। इन दृष्टियोका अवलम्बन चाहे ज्ञान हो या अर्थ अथवा शब्द, पर कल्पना भेद या अभेद दो ही रूप से की जा सकती है। उस कल्पनाका प्रकार चाहे कालिक, दैशिक या स्वारूपिक कुछ भी क्यो न हो। इन दो मूल आधारभूत दृष्टियोको द्रव्यनय और पर्यायनय कहते है। अभेदको ग्रहण करनेवाला द्रव्यार्थिकनय है तथा भेदग्राही पर्यायार्थिकनय है। इन्हे मूलनय कहते है, क्योकि समस्त नयोके मूल आधार यही दो नय होते है। नैगमादिनय तो इन्हीकी शाखा-प्रशाखाएँ है। द्रव्यास्तिक, मातृकापदास्तिक, निश्चयनय, शुद्धनय आदि शब्द द्रव्यार्थिकके अर्थमे तथा उत्पन्नास्तिक, पर्यायास्तिक, व्यवहारनय, अशुद्धनय, आदि पर्यायार्थिकके अर्थमे व्यवहृत होते है।

इन नयोमे उत्तरोत्तर सूक्ष्मता एव अल्पविषयता है। नैगमनय सकल्पग्राही होनेसे सत् असत् दोनोको विषय करता था इसलिए सन्मात्रग्राही सग्रहनय उससे सूक्ष्म एव अल्पविषयक होता है। सन्मात्रग्राही सग्रहनयसे सद्विशेषग्राही व्यवहार अल्पविषयक एव सूक्ष्म हुआ। त्रिकालवर्ती सद्विशेष-ग्राही व्यवहारनयसे वर्तमानकालीन सद्विशेष-अर्थपर्यायग्राही ऋजुसूत्र सूक्ष्म है। शब्दभेद होनेपर भी अभिन्नार्थग्राही ऋजुसूत्रसे कालादि भेदसे शब्दभेद मानकर भिन्न अर्थको ग्रहण करनेवाला शब्दनय सूक्ष्म है। पर्यायभेद होनेपर भी अभिन्न अर्थको ग्रहण करनेवाले शब्दनयसे पर्यायवाची शब्दोके भेदसे अर्थभेदग्राही समभिरूढ अल्पविषयक एव सूक्ष्मतर हुआ। क्रियाभेदसे अर्थभेद नही माननेवाले समभिरूढसे क्रिया-भेद होनेपर भी अर्थभेदग्राही एवम्भूत परमसूक्ष्म एवम्अत्यल्पविषयक है।

नय-दुर्नय—नय वस्तुके एक अशको ग्रहण करके भी अन्य धर्मोका निराकरण नही करता उन्हे गौण करता है। दुर्नय अन्यधर्मोका निराकरण करता है। नय साक्षेप होता है दुर्नय निरपेक्ष। प्रमाण उभयधर्मग्राही है। अकलङ्कदेवने बहुत सुन्दर लिखा है—**"धर्मान्तरादानोपेक्षाहानिलक्षणत्वात् प्रमाण-नयदुर्नयाना प्रकारान्तरासभवाच्च, प्रमाणात् तदतत्स्वभावप्रतिपत्ते तत्प्रतिपत्ते तदन्यनिराकृतेश्च"** (अष्टा-श० अष्टसह० पृ० २९०) अर्थात् प्रमाण तत् और अतत् सभी अशोसे पूर्ण वस्तुको जानता है, नयसे केवल तत्-विवक्षित अशकी प्रतिपत्ति होती है और दुर्नय अपने अविषय अशोका निराकरण करता है। नय धर्मान्तरोकी उपेक्षा करता है जबकि दुर्नय धर्मान्तरोकी हानि अर्थात् निराकरण करनेकी दुष्टता करता है। प्रमाण सकलादेशी और नय विकलादेशी होता है। यद्यपि दोनोका कथन शब्दसे होता है फिर भी दृष्टिभेद होने से यह अन्तर हो जाता है। (यथा, 'स्यादस्ति घट यह वाक्य जब सकला-देशी होगा तब अस्तिके द्वारा पूर्ण वस्तुको ग्रहण कर लेगा। जब यह विकलादेशी होगा तब अस्तिको मुख्य-तथा शेषधर्मोको गौण करेगा)। विकलादेशी नय विवक्षित एक धर्मको मुख्यरूपसे तथा शेषको गौणरूपसे ग्रहण करते है जबकि सकलादेशी प्रमाणका प्रत्येक वाक्य पूर्ण वस्तुको समानभावसे ग्रहण करता है। सकलादेशी वाक्योमे भिन्नताका कारण है—शब्दोच्चारणकी मुख्यता। जिस प्रकार एक पूरे चौकोण कागजको क्रमश चारो कोने पकडकर पूराका पूरा उठाया जा सकता है उसी प्रकार अनन्तधर्मा वस्तुके किसी भी धर्मके द्वारा पूरीकी पूरी वस्तु ग्रहण की जा सकती है। इसमे वाक्योमे परस्पर भिन्नता इतनी ही है कि उस धर्मके द्वारा या तद्वाचक शब्दप्रयोग करके वस्तुको ग्रहण कर रहे है।) इसी शब्दप्रयोगकी मुख्यता

से प्रमाणसप्तभंगीका प्रत्येक वाक्य भिन्न हो जाता है। नयसप्तभंगीमे एक धर्म प्रधान होता है तथा अन्यधर्म गौण। इसमे मुख्यधर्म ही गृहीत होता है, शेषका निराकरण तो नही होता पर ग्रहण भी नही होता। यही सकलादेश और विकलादेशका पार्थक्य है। 'स्यात्' शब्दका प्रयोग दोनोमे होता है। सकलादेशमे प्रयुक्त होनेवाला स्यात् शब्द यह बताता है कि जैसे अस्तिमुखेन सकल वस्तुका ग्रहण किया गया है वैसे 'नास्ति' आदि अनन्त मुखोसे भी ग्रहण हो सकता है। विकलादेशका स्यात् शब्द विवक्षित धर्मके अतिरिक्त अन्य शेष धर्मोका वस्तुमे अस्तित्व सूचित करता है।

स्याद्वाद

स्याद्वाद—जैनदर्शनने सामान्यरूपसे यावत् सत्को परिणामीनित्य माना है। प्रत्येक सत् अनन्त धर्मात्मक है। उसका पूर्णरूप वचनोके अगोचर है। अनेकान्तात्मक अर्थका निर्दुष्ट रूपसे कथन करनेवाली भाषा स्याद्वाद रूप होती है। उसमे जिस धर्मका निरूपण होता है उसके साथ 'स्यात्' शब्द इसलिए लगा दिया जाता है जिससे पूरी वस्तु उसी धर्मरूप न समझ ली जाय। अविवक्षित शेष धर्मोका अस्तित्व भी उसमे है यह प्रतिपादन 'स्यात्' शब्दसे होता है।

स्याद्वादका अर्थ है—स्यात्—अमुक निश्चित अपेक्षासे। अमुक निश्चित अपेक्षासे घट अस्ति ही है और अमुक निश्चित अपेक्षासे घट नास्ति ही है। स्यात्का अर्थ न शायद है न सम्भवत और न कदाचित् ही। 'स्यात्' शब्द सुनिश्चित दृष्टिकोणका प्रतीक है। इस शब्दके अर्थको पुराने मतवादी दार्शनिकोने ईमानदारीसे समझनेका प्रयास तो नही ही किया था किंतु आज भी वैज्ञानिक दृष्टिकी दुहाई देनेवाले दर्शनलेखक उसी भ्रान्त परम्पराका पोषण करते आते है।

स्याद्वाद—सुनयका निरूपण करनेवाली भाषा पद्धति है। 'स्यात्' शब्द यह निश्चितरूपसे बताता है कि वस्तु केवल इसी धर्मवाली ही नहीं है उसमे इसके अतिरिक्त भी धर्म विद्यमान है। तात्पर्य यह कि—अविवक्षित शेष धर्मोका प्रतिनिधित्व स्यात् शब्द करता है। 'रूपवान् घट' यह वाक्य भी अपने भीतर 'स्यात्' शब्दको छिपाए हुए है। इसका अर्थ है कि 'स्यात् रूपवान् घट' अर्थात् चक्षु इन्द्रियके द्वारा ग्राह्य होनेसे या रूप गुणकी सत्ता होनेसे घडा रूपवान् है, पर रूपवान् ही नही है उसमे रस गन्ध स्पर्श आदि अनेक गुण, छोटा, बडा आदि अनेक धर्म विद्यमान हैं। इन अविवक्षित गुणधर्मोके अस्तित्वकी रक्षा करनेवाला 'स्यात्' शब्द है। 'स्यात्' का अर्थ शायद या सम्भावना नहीं है किन्तु निश्चय है। अर्थात् घडे मे रूपके अस्तित्वकी सूचना तो रूपवान् शब्द दे ही रहा है। पर उन उपेक्षित शेष धर्मोके अस्तित्वकी सूचना 'स्यात्' शब्दसे होती है। साराश यह कि 'स्यात्' शब्द 'रूपवान'के साथ नहीं जुटता है, किन्तु अविवक्षित धर्मोके साथ। वह 'रूपवान्'को पूरी वस्तु पर अधिकार जमानेसे रोकता है और कह देता है कि वस्तु बहुत बडी है उसमे रूप भी एक है। ऐसे अनन्त गुणधर्म वस्तुमे लहरा रहे है। अभी रूपकी विवक्षा या उसपर दृष्टि होनेसे वह सामने है या शब्दमे उच्चरित हो रहा है सो वह मुख्य हो सकता है पर वही सब कुछ नही है। दूसरे क्षणमे रसकी मुख्यता होनेपर रूप गौण हो जायगा और वह अविवक्षित शेष धर्मोकी राशिमे शामिल हो जायगा।

'स्यात्' शब्द एक प्रहरी है, जो उच्चरित धर्मको इधर उधर नही जाने देता। वह उन अविवक्षित धर्मोका सरक्षक है। इसलिए 'रूपवान्'के साथ 'स्यात्' शब्दका अन्वय करके जो लोग घडेमे रूपकी भी स्थितिको स्यात्का शायद या सभावना अर्थ करके सदिग्ध बनाना चाहते है वे भ्रममे है। इसीतरह 'स्यादस्ति घट' वाक्यमे 'घट अस्ति' यह अस्तित्व अश घटमे सुनिश्चितरूपसे विद्यमान है। स्यात् शब्द उस अस्तित्वकी स्थिति कमजोर नही बनाता किन्तु उसकी वास्तविक आशिक स्थितिकी सूचना देकर अन्य नास्ति आदि धर्मोके सद्भावका प्रतिनिधित्व करता है। साराश यह कि 'स्यात्' पद एक स्वतत्र पद है जो वस्तुके शेषाशका प्रतिनिधित्व करता है। उसे डर है कि कही अस्ति नामका धर्म, जिसे शब्दसे उच्चरित होनेके कारण प्रमुखता मिली है, पूरी वस्तुको न हडप जाय, अपने अन्य नास्ति

आदि सहयोगियोके स्थानको समाप्त न कर दे। इसलिए वह प्रतिवाक्यमे चेतावनी देता रहता है कि हे भाई अस्ति, तुम वस्तुके एक अश हो, तुम अपने अन्य नास्ति आदि भाइयोके हकको हडपनेकी चेष्टा नही करना। इस भयका कारण है–'नित्य ही है, अनित्य ही है' आदि अशवाक्योने अपना पूर्ण अधिकार वस्तुपर जमाकर अनधिकार चेष्टा की है और जगत्मे अनेक तरह से वितण्डा और सघर्ष उत्पन्न किये है। इसके फलस्वरूप पदार्थके साथ तो अन्याय हुआ ही है पर इस वाद-प्रतिवादने अनेक मतवादोकी सृष्टि करके अहकार हिसा सघर्ष अनुदारता परमतासहिष्णुता आदिसे विश्वको अशान्त और आकुलतामय बना दिया है। 'स्यात्' शब्द वाक्यके उस जहरको निकाल देता है जिसमे अहकारका सर्जन होता है ओर वस्तुके अन्य धर्मोके सद्भावमे इनकार करके पदार्थके साथ अन्याय होता है।

'स्यात्' शब्द एक निश्चित अपेक्षाको द्योतन करके जहाँ 'अस्तित्व' धर्मकी स्थिति सुदृढ और सहेतुक बनाता है वहाँ उसकी उस सर्वहरा प्रवृत्तिको भी नष्ट करता है जिससे वह पूरी वस्तुका मालिक बनना चाहता है। वह न्यायाधीशकी तरह तुरन्त कह देता है कि–हे अस्ति, तुम अपने अधिकारकी सीमाको समझो। स्वद्रव्य-क्षेत्र-काल-भावकी दृष्टि से जिस प्रकार तुम घटमे रहते हो उसी तरह पर द्रव्यादिकी अपेक्षा 'नास्ति' नामका तुम्हारा भाई भी उसी घटमे है। इसी प्रकार घटका परिवार बहुत बडा है। अभी तुम्हारा नाम लेकर पुकारा गया है, इसका इतना ही अर्थ है कि इस समय तुमसे काम है, तुम्हारा प्रयोजन है, तुम्हारी विवक्षा है। अत इस समय तुम मुख्य हो। पर इसका यह अर्थ कदापि नही है कि–तुम अपने समानाधिकारी भाइयोके सद्भावको भी नष्ट करनेका दुष्प्रयास करो। वास्तविक बात तो यह है कि यदि 'पर'की अपेक्षा 'नास्ति' धर्म न हो तो जिस घडेमे तुम रहते हो वह घडा घडा ही न रहेगा कपडा आदि पररूप हो जायगा। अत जैसी तुम्हारी स्थिति है वैसी ही पररूपकी अपेक्षा 'नास्ति' धर्मकी भी स्थिति है। तुम उनकी हिसा न कर सको इसके लिए अहिंसाका प्रतीक 'स्यात्' शब्द तुमसे पहिले ही वाक्यमे लगा दिया जाता है। भाई अस्ति, यह तुम्हारा दोष नही है। तुम तो बराबर अपने नास्ति आदि अनन्त भाइयोको वस्तुमे रहने देते हो और बडे प्रेमसे सबके सब अनन्त धर्मभाई हिलमिलकर रहते हो पर इन वस्तुदर्शियोकी दृष्टिको क्या कहा जाय! इनकी दृष्टि ही एकागी है। ये शब्दके द्वारा तुममेसे किसी एक 'अस्ति' आदिको मुख्य करके उसकी स्थिति इतनी अहकारपूर्ण कर देना चाहते है जिससे वह 'अस्ति' अन्यका निराकरण करने लग जाय। बस, 'स्यात्' शब्द एक अञ्जन है जो उनकी दृष्टिको विकृत नही होने देता और उसे निर्मल तथा पूर्णदर्शी बनाता है। इस अविवक्षित-सरक्षक, दृष्टिविषहारी, शब्दको सुधारूप बनानेवाले, सचेतक प्रहरी, अहिसक भावनाके प्रतीक, जीवन्त न्यायरूप, सुनिश्चित अपेक्षाद्योतक 'स्यात्' शब्दके स्वरूपके साथ हमारे दार्शनिकोने न्याय तो किया ही नही किन्तु उसके स्वरूपका शायद, सभव है, 'कदाचित्' जैसे भ्रष्ट पर्यायोसे विकृत करनेका दुष्ट प्रयत्न अवश्य किया है तथा अभी भी किया जा रहा है।

सबसे थोथा तर्क तो यह दिया जाता है कि–'घडा जब अस्ति है तो नास्ति कैसे हो सकता है, घडा जब एक है तो अनेक कैसे हो सकता है, यह तो प्रत्यक्ष विरोध है' पर विचार तो करो घडा घडा ही है, कपडा नही, कुरसी नही, टेबिल नही, गाय नही, घोडा नही तात्पर्य यह कि वह घटभिन्न अनन्त पदार्थरूप नही है। तो यह कहनेमे आपको क्यो सकोच होता है कि 'घडा अपने स्वरूपसे अस्ति है, घटभिन्न पररूपोसे नास्ति है। इस घडेमे अनन्त पररूपोकी अपेक्षा 'नास्तित्व' धर्म है, नही तो दुनियामे कोई शक्ति घडेको कपडा आदि बननेसे रोक नही सकती थी। यह 'नास्ति' धर्म ही घडेको घडे रूपमे कायम रखनेका हेतु है। इसी नास्ति धर्मकी सूचना 'अस्ति'के प्रयोगके समय 'स्यात्' शब्द दे देता है। इसी तरह घडा एक है। पर वही घडा रूप रस गन्ध स्पर्श छोटा बडा हलका भारी आदि अनन्त शक्तियोकी दृष्टिसे अनेक रूपमे दिखाई देता है या नही? यह आप स्वय बतावे। यदि अनेक रूपमे दिखाई देता है तो आपको यह कहनेमे क्यो कष्ट होता है कि–'घडा द्रव्य-रूपसे एक है, पर अपने

गुण धर्म और शक्ति आदिकी दृष्टिसे अनेक है।' कृपा कर सोचिए कि वस्तुमे जब अनेक विरोधी धर्मोका प्रत्यक्ष हो ही रहा है ओर स्वय वस्तु अनन्त विरोधी धर्मोका अविरोधी क्रीडास्थल है तव हमे उसके स्वरूपको विकृत रूपमे देखनेकी दुर्दृष्टि तो नही करनी चाहिए। जो 'स्यात्' शब्द वस्तुके इस पूर्ण-रूप दर्शनकी याद दिलाता है उसे ही हम 'विरोध सशय' जैसी गालियोसे दुरदुराते है। किमाश्चर्यमत परम्। यहाँ धर्मकीर्तिका यह श्लोकाश ध्यानमे आ जाता है कि–

"यदीय स्वयमर्थेभ्यो रोचते तत्र के वयम्"

अर्थात्–यदि यह अनेकधर्मरूपता वस्तुको स्वय पसन्द है, उसमे है, वस्तु स्वय राजी है तो हम बीचमे काजी बननेवाले कौन? जगत्का एक एक कण इस अनन्तधर्मताका आकर है। हमे अपनी दृष्टि निर्मल और विशाल बनानेकी आवश्यकता है। वस्तुमे कोई विरोध नही है। विरोध हमारी दृष्टिमे है। ओर इस दृष्टिविरोधकी अमृता(गुरबेल)'स्यात्' शब्द है, जो रोगीको कटु तो जरूर मालूम होती है पर इसके विना यह दृष्टिविषम-ज्वर उतर भी नही सकता।

प्रो० बलदेव उपाध्यायने भारतीय दर्शन (पृ० १५५)मे स्याद्वादका अर्थ वताते हुए लिखा है कि–"स्यात् (शायद, सम्भवत) शब्द अस् धातुके विधिलिंगके रूपका तिङन्त प्रतिरूपक अव्यय माना जाता है। घडेके विषयमे हमारा परामर्श 'स्यादस्ति–सभवत यह विद्यमान है' इसी रूपमे होना चाहिए।" यहाँ 'स्यात्' शब्दको शायदका पर्यायवाची तो उपाध्यायजी स्वीकार नही करना चाहते। इसीलिए वे शायद शब्दको कोष्ठकमे लिखकर भी आगे 'सभवत' शब्दका समर्थन करते है। वैदिक आचार्योमे शकराचार्यने शाकरभाष्यमे स्याद्वादको सशयरूप लिखा है इसका सस्कार आज भी कुछ विद्वानोके माथेमे पडा हुआ है और वे उस सस्कारवश स्यात्का अर्थ शायद लिख ही जाते है। जव यह स्पष्ट रूपसे अवधारण करके कहा जाता है कि–'घट स्यादस्ति अर्थात् घडा अपने स्वरूपमे है ही।' 'घट स्यान्नास्ति–घट स्वभिन्न पररूपसे नही ही है' तव सशयको स्थान कहाँ है? स्यात् शब्द जिस धर्मका प्रतिपादन किया जा रहा है उससे भिन्न अन्य धर्मोके सद्भावको सूचित करता है। वह प्रति समय श्रोता को यह सूचना देना चाहता है कि वक्ताके शब्दोसे वस्तुके जिस स्वरूपका निरूपण हो रहा है वस्तु उतनी ही नही है उसमे अन्य धर्म भी विद्यमान है। जब कि सशय और शायदमे एक धर्म निश्चित नही होता। जैनके अनेकान्तमे अनन्त ही धर्म निश्चित है, ओर उनके दृष्टिकोण भी निश्चित है तव सशय और शायदकी उस भ्रान्त परम्पराको आज भी अपनेको तटस्थ माननेवाले विद्वान् भी चलाए जाते है। यह रूढिवादका ही माहात्म्य है।

इसी सस्कारवश प्रो० बलदेवजी स्यात्के पर्यायवाचियोमे शायद शब्दको लिखकर (पृ०१७३) जैन दर्शनकी समीक्षा करते समय शकराचार्यकी वकालत इन शब्दोमे करते है कि–"यह निश्चित ही है कि इसी समन्वय दृष्टिसे वह पदार्थोके विभिन्न रूपोका समीकरण करता जाता तो समग्र विश्वमे अनुस्यूत परम तत्त्व तक अवश्य ही पहुँच जाता। इसी दृष्टिको ध्यानमे रखकर शकराचार्यने इस 'स्याद्वाद'का मार्मिक खण्डन अपने शारीरिक भाष्य (२।२।३३)मे प्रबल युक्तियोके सहारे किया है।" पर उपाध्यायजी, जब आप स्यात्का अर्थ निश्चित रूपसे 'सशय' नही मानते तब शकराचार्यके खण्डनका मार्मिकत्व क्या रह जाता है? आप कृपाकर **स्व० महामहोपाध्याय डॉ० गगानाथझाके** इन वाक्योको देखे—

"जबसे मैने शकराचार्य द्वारा जैन सिद्धान्तका खडन पढा है, तबसे मुझे विश्वास हुआ है कि इस सिद्धान्तमे बहुत कुछ है जिसे वेदान्तके आचार्यो ने नही समझा।"

श्री फणिभूषण अधिकारी तो और स्पष्ट लिखते है कि–"जैनधर्मके स्याद्वाद सिद्धान्तको जितना गलत समझा गया है उतना किसी अन्य सिद्धान्तको नही। यहाँ तक कि शकराचार्य भी इस

दोषसे मुक्त नही है। उन्होने भी इस सिद्धान्तके प्रति अन्याय किया है। यह बात अल्पज्ञ पुरुषोके लिए क्षम्य हो सकती थी। किन्तु यदि मुझे कहने का अधिकार है तो मैं भारतके उस महान् विद्वान्के लिए तो अक्षम्य ही कहूँगा, यद्यपि मैं इस महर्षिको अतीव आदरकी दृष्टिसे देखता हूँ। ऐसा जान पडता है कि उन्होने इस धर्मके दर्शनशास्त्रके मूलग्रन्थोके अध्ययनकी परवाह नही की।"

जैन दर्शन स्याद्वाद सिद्धान्तके अनुसार वस्तुस्थितिके आधारसे समन्वय करता है। जो धर्म वस्तुमे विद्यमान है उन्हीका समन्वय हो सकता है। जैनदर्शनको आप वास्तव बहुत्ववादी लिख आये है। अनेक स्वतत्र सत् व्यवहारके लिए सद्रूपसे एक कहे जायँ पर वह काल्पनिक एकत्व वस्तु नही हो सकता? यह कैसे सम्भव है कि चेतन और अचेतन दोनो ही एक सत्के प्रातिभासिक विवर्त हो? जिस काल्पनिक समन्वयकी ओर उपाध्यायजी सकेत करते है उस ओर भी जैन दार्शनिकोने प्रारम्भसे ही दृष्टिपात किया है। परमसग्रह नयकी दृष्टिसे सद्रूपसे यावत् चेतन अचेतन द्रव्योका सग्रह करके 'एक सत्' इस शब्दव्यवहारके करनेमे जैन दार्शनिकोको कोई आपत्ति नही है। सैकडो काल्पनिक व्यवहार होते है, पर इससे मौलिक तत्त्वव्यवस्था नही की जा सकती? एक देश या एक राष्ट्र अपनेमे क्या वस्तु है? समय समय पर होनेवाली बुद्धिगत दैशिक एकताके सिवाय एक देश या एक राष्ट्र का स्वतत्र अस्तित्व ही क्या है? अस्तित्व जुदा जुदा भूखण्डोका अपना है। उसमें व्यवहारकी सुविधाके लिए प्रान्त और देश सज्ञाएँ जैसे काल्पनिक है व्यवहारसत्य है उसी तरह एक सत् या एक ब्रह्म काल्पनिकसत् होकर व्यवहारसत्य तो बन सकता है और कल्पनाकी दौडका चरम बिन्दु भी हो सकता है पर उसका तत्त्वसत् या परमार्थसत् होना नितान्त असम्भव है। आज विज्ञान एटम तकका विश्लेषण कर चुका है और सब मौलिक अणुओकी पृथक् सत्ता स्वीकार करता है। उनमे अभेद और इतना बडा अभेद जिसमे चेतन अचेतन मूर्त अमूर्त आदि सभी लीन हो जायँ कल्पनासाम्राज्यकी अन्तिम कोटि है। और इस कल्पनाकोटिको परमार्थसत् न मानने के कारण यदि जैन दर्शनका स्याद्वाद सिद्धान्त आपको मूलभूत तत्त्वके स्वरूप समझानेमे नितान्त असमर्थ प्रतीत होता है तो हो, पर वह वस्तुसीमाका उल्लघन नही कर सकता और न कल्पनालोककी लबी दौड ही लगा सकता है।

स्यात् शब्दको उपाध्यायजी सशयका पर्यायवाची नही मानते यह तो प्राय निश्चित है क्योकि आप स्वय लिखते है (पृ० १७३) कि--"यह अनेकान्तवाद सशयवादका रूपान्तर नही है" पर आप उसे सभववाद अवश्य कहना चाहते है। परन्तु स्यात्का अर्थ 'सभवत' करना भी न्याय सगत नही है क्योकि सभावना सशयमे जो कोटिया उपस्थित होती है उनकी अर्धनिश्चितताकी ओर सकेत मात्र है, निश्चय उससे भिन्न ही है। उपाध्यायजी स्याद्वादको सशयवाद और निश्चयवादके बीच सभावनावादकी जगह रखना चाहते है जो एक अनध्यवसायात्मक अनिश्चयके समान है। परन्तु जब स्याद्वाद स्पष्टरूपसे डकेकी चोट यह कह रहा है कि--घडा स्यादस्ति अर्थात् अपने स्वरूप, अपने क्षेत्र, अपने काल और अपने आकार इस स्वचतुष्टयकी अपेक्षा है ही यह निश्चित अवधारण है। घडा स्वसे भिन्न यावत् परपदार्थोकी दृष्टिसे नही ही है यह भी निश्चित अवधारण है। इस तरह जब दोनो धर्मोका अपने अपने दृष्टिकोणसे घडा अविरोधी आधार है तब घडेको हम उभयदृष्टिसे अस्ति-नास्ति रूप भी निश्चित ही कहते है। पर शब्दमे यह सामर्थ्य नही है कि घटके पूर्णरूपको--जिसमे अस्ति-नास्ति जैसे एक-अनेक, नित्य-अनित्य आदि अनेको युगल-धर्म लहरा रहे है--कह सके, अत समग्रभावसे घडा अवक्तव्य है। इस प्रकार जब स्याद्वाद सुनिश्चित दृष्टिकोणोसे तत्तत् धर्मोके वास्तविक निश्चयकी घोषणा करता है तब इसे सभावनावादमे कैसे रखा जा सकता है? स्यात् शब्दके साथ ही एवकार भी लगा रहता है जो निर्दिष्ट धर्मके अवधारणको सूचित करता है तथा स्यात् शब्द उस निर्दिष्ट धर्मसे अतिरिक्त अन्य धर्मोकी निश्चित स्थितिकी सूचना देता है। जिससे श्रोता यह न समझ ले कि वस्तु इसी धर्मरूप है। यह स्याद्वाद

कल्पित धर्मों तक व्यवहारके लिए भले ही पहुँच जाय पर वस्तुव्यवस्थाके लिए वस्तुकी सीमाको नहीं लाँघता। (अत न यह सशयवाद है, न अनिश्चयवाद है और न सभावनावाद ही, किंतु खरा अपेक्षा-प्रयुक्त निश्चयवाद है।)

इसी तरह **डॉ० देवराजजीका** पूर्वी और पश्चिमी दर्शन (पृ० ६५)मे किया गया स्यात् शब्द का 'कदाचित्' अनुवाद भी भ्रामक है। कदाचित् शब्द कालापेक्ष है। इसका सीधा अर्थ है किसी समय। और प्रचलित अर्थमे यह सशयकी ओर ही झुकता है। स्यात् का प्राचीन अर्थ है कथञ्चित्–अर्थात् किसी निश्चित प्रकारसे, स्पष्ट शब्दोमे अमुक निश्चित दृष्टिकोणसे। इस प्रकार अपेक्षाप्रयुक्त निश्चय-वाद ही स्याद्वादका अभ्रान्त वाच्यार्थ है।

महापडित राहुल साकृत्यायनने तथा इत पूर्व प्रो० जैकोबी आदिने स्याद्वादकी उत्पत्तिको सजयवेलट्ठिपुत्तके मतसे वतानेका प्रयत्न किया है। राहुलजीने दर्शन-दिग्दर्शन (पृ० ४९६)मे लिखा है कि –"आधुनिक जैनदर्शनका आधार स्याद्वाद है। जो मालूम होता है सजयवेलट्ठिपुत्तके चार अग वाले अनेकान्तवादको लेकर उसे सात अगवाला किया गया है। (सजयने तत्त्वो (परलोक देवता)के बारेमे कुछ भी निश्चयात्मक रूप से कहनेसे इनकार करते हुए उस इनकारको चार प्रकार कहा है–

१ है ? नही कह सकता।
२ नही है ? नही कह सकता।
३ है भी और नही भी ? नही कह सकता।
४ न है और न नही है ? नही कह सकता।

इसकी तुलना कीजिए जैनोके सात प्रकारके स्याद्वादसे—

१ है ? हो सकता है (स्यादस्ति)
२ नही है ? नही भी हो सकता है (स्यान्नास्ति)
३ है भी और नही भी ? है भी और नही भी हो सकता (स्यादस्ति च नास्ति च)

उक्त तीनो उत्तर क्या कहे जा सकते हैं (–वक्तव्य है) ? इसका उत्तर जैन 'नही'मे देते है–

४ स्याद् (हो सकता है) क्या यह कहा जा सकता है (–वक्तव्य) है ? नही, स्याद् अ-वक्तव्य है।
५ 'स्यादस्ति' क्या यह वक्तव्य है ? नही, 'स्याद् अस्ति' अवक्तव्य है।
६ 'स्याद् नास्ति' क्या यह वक्तव्य है ? नही, 'स्याद् नास्ति' अवक्तव्य है।
७ 'स्याद् अस्ति च नास्ति च' क्या यह वक्तव्य है ? नही 'स्यादस्ति च नास्ति च' अ-व क्त व्य है।)

दोनोके मिलानेसे मालूम होगा कि जैनोने सजयके पहिलेवाले तीन वाक्यो (प्रश्न और उत्तर दोनो) को अलग करके अपने स्याद्वादकी छह भगियाँ बनाई हैं और उसके चौथे वाक्य 'न है और न नही है' को जोडकर 'सद्' भी अवक्तव्य है यह सातवाँ भग तैयार कर अपनी सप्तभगी पूरी की। इस प्रकार एक भी सिद्धान्त (–स्याद) की स्थापना न करना जो कि सजय का वाद था, उसीको सजयके अनुयायियोके लुप्त हो जानेपर जैनोने अपना लिया और उसके चतुर्भगी न्यायको सप्तभगीमे परिणत कर दिया।"

राहुलजीने उक्त सन्दर्भमे सप्तभगी और स्याद्वादको न समझकर केवल शब्दसाम्य से एक नये मतकी सृष्टि की है। यह तो ऐसा ही है जैसे कि चोरसे 'क्या तुम अमुक जगह गये थे ? यह पूछनेपर वह कहे कि "मै नही कह सकता कि गया था" और जज अन्य प्रमाणोसे यह सिद्धकर दे कि चोर अमुक जगह गया था। तव शब्दसाम्य देखकर यह कहना कि जजका फैसला चोरके बयानसे निकला है।

सजयवेलट्ठिपुत्तके दर्शनका विवेचन स्वय राहुलजीने (पृ० ४९१) इन शब्दोमे किया है–

"यदि आप पूछे–'क्या परलोक है?' तो यदि मैं समझता होऊँ कि परलोक है तो आपको बतलाऊँ कि परलोक है। मैं ऐसा भी नही कहता, वैसा भी नही कहता दूसरी तरहसे भी नही कहता। मैं यह भी नही कहता कि वह नही है। मैं यह भी नही कहता कि वह नही नही है। परलोक नही है। परलोक नही नही है। परलोक है भी और नही भी है। परलोक न है और नही है।"

सजयके परलोक, देवता, कर्मफल और मुक्तिके सम्बन्धके ये विचार शतप्रतिशत अनिश्चयवादके है। वह स्पष्ट कहता है कि–"यदि मैं जानता होऊँ तो बताऊँ।" सजयको परलोक मुक्ति आदिके स्वरूप का कुछ भी निश्चय नही था। इसलिए उसका दर्शन बकौल राहुलजीके मानवकी सहजबुद्धिको भ्रममें नहीं डालना चाहता ओर न कुछ निश्चयकर भ्रान्त धारणाओकी पुष्टि ही करना चाहता है। तात्पर्य यह कि सजय घोर अनिश्चयवादी था।

बुद्ध और सजय–बुद्धने "लोकनित्य है, अनित्य है, नित्य-अनित्य है, न नित्य न अनित्य है, लोक अन्तवान् है, नही है, है–नही है, न है न नही है, निर्वाणके बाद तथागत होते है, नही होते, होते–नही होते, न होते न नही होते, जीव शरीरसे भिन्न है, जीव शरीरसे भिन्न नही है।" (माध्यमिक वृत्ति पृ० ४४६) इन चौदह वस्तुओको अव्याकृत कहा है। मज्झिमनिकायमे (२।२३) इनकी सख्या दश है। इसमे आदिके दो प्रश्नोमे तीसरा और चोथा विकल्प नही गिनाया गया है। इनके अव्याकृत होनेका कारण बुद्धने बताया है कि इनके बारेमे कहना सार्थक नही, भिक्षुचर्याके लिए उपयोगी नही, न यह निर्वेद निरोध शान्ति परमज्ञान या निर्वाणके लिए आवश्यक है। तात्पर्य यह कि बुद्धकी दृष्टिमे इनका जानना मुमुक्षुके लिए आवश्यक नही था। दूसरे शब्दोमे बुद्ध भी सजयकी तरह इनके बारेमें कुछ कहकर मानवकी सहज बुद्धिको भ्रममे नही डालना चाहते थे और न भ्रान्त धारणाओको पुष्ट ही करना चाहते थे। हाँ सजय जब अपनी अज्ञानता या अनिश्चयको साफ साफ शब्दोमे कह देता है कि यदि मैं जानता होऊँ तो बताऊँ, तब बुद्ध अपने जानने न जाननेका उल्लेख न करके उस रहस्यको शिष्योके लिए अनुपयोगी, बताकर अपना पीछा छुडा लेते है। किसी भी तार्किकका यह प्रश्न अभी तक असमाहित ही रह जाता है कि इस अव्याकृतता और सजयके अनिश्चयवादमें क्या अन्तर है? सिवाय इसके कि सजय फक्कड-की तरह खरी खरी बात कह देता है और बुद्ध बडे आदमियोकी शालीनताका निर्वाह करते है।

बुद्ध ओर सजय ही क्या, उस समयके वातावरणमे आत्मा लोक परलोक और मुक्तिके स्वरूपके सम्बन्धमे—है (सत्), नही (असत्) है–नही (सत्असत् उभय), न है न नही है (अवक्तव्य या अनुभय)' ये चार कोटियाँ गूँज रही थी। कोई भी प्राश्निक किसी भी तीर्थंकर या आचार्यसे बिना किसी सकोचके अपने प्रश्नको एक साँसमे ही उक्त चार कोटियोमे विभाजित करके ही पूँछता था। जिस प्रकार आज कोई भी प्रश्न मजदूर ओर पूँजीपति, शोषक और शोष्यके द्वन्द्वकी छायामे ही सामने आता है, उसी प्रकार उस समय आत्मा आदि अतीन्द्रिय पदार्थोंके प्रश्न सत् असत् उभय और अनुभय-अनिर्वचनीय इस चतुष्कोटिमे आवेष्टित रहते थे। उपनिषद् और ऋग्वेद मे इस चतुष्कोटिके दर्शन होते है। विश्वके स्वरूपके सम्बन्धमें सत्से असत् हुआ? या सत्से सत् हुआ? विश्व सत् रूप है? या असत् रूप है, या सदसत् उभयरूप है या सदसत् दोनो रूपसे अनिर्वचनीय है? इत्यादि प्रश्न उपनिषद् और वेदमें बराबर उपलब्ध होते हैं? ऐसी दशामे राहुलजीका स्याद्वादके विषयमे यह फतवा दे देना कि सजयके प्रश्नोके शब्दोसे या उसकी चतुर्भगीको तोडमरोडकर सप्तभगी बनी–कहाँतक उचित है यह वे स्वय विचारें।

बुद्धके समकालीन जो छह तीर्थिक थे उनमें निग्गण्ठ नाथपुत्र महावीरकी, सर्वज्ञ और सर्वदर्शी के रूपमे प्रसिद्धि थी। वे सर्वज्ञ और सर्वदर्शी थे या नही यह इस समयकी चरचा का विषय नही है, पर वे विशिष्ट तत्त्वविचारक थे और किसी भी प्रश्नको सजयकी तरह अनिश्चयकोटि या

विक्षेपकोटिमें और बुद्धकी तरह अव्याकृत कोटिमें डालने वाले नहीं थे और न शिष्योंकी सहज जिज्ञासाको अनुपयोगिताके भयप्रद चक्करमें डुबा देना चाहते थे। उनका विश्वास था कि संघके पँचमेल व्यक्ति जब तक वस्तुतत्त्वका ठीक निर्णय नहीं कर लेते तबतक उनमें बौद्धिक दृढता और मानसबल नहीं आ सकता। वे सदा अपने समानशील अन्य संघके भिक्षुओंके सामने अपनी बौद्धिक दीनताके कारण हतप्रभ रहेंगे और इसका असर उनके जीवन और आचार पर आये बिना नहीं रहेगा। वे अपने शिष्योंको पर्देबन्द पद्मिनियोंकी तरह जगत्के स्वरूप विचारकी बाह्य हवासे अपरिचित नहीं रखना चाहते थे, किन्तु चाहते थे कि प्रत्येक मानव अपनी सहज जिज्ञासा और मननशक्तिको वस्तुके यथार्थ स्वरूपके विचारकी ओर लगावे। न उन्हें बुद्धकी तरह यह भय व्याप्त था कि यदि आत्माके सम्बन्धमें 'है' कहते हैं तो शाश्वतवाद अर्थात् उपनिषद्वादियोंकी तरह लोग नित्यत्वकी ओर झुक जायेंगे और 'नहीं है' कहनेसे उच्छेदवाद अर्थात् चार्वाककी तरह नास्तिकत्वका प्रसंग प्राप्त होगा, अतः इस प्रश्नको अव्याकृत रखना ही श्रेष्ठ है। वे चाहते थे कि मौजूद तर्कोंका और संशयोंका समाधान वस्तुस्थितिके आधारसे होना ही चाहिये। अतः उन्होंने वस्तुस्वरूपका अनुभव कर यह बताया कि जगत्का प्रत्येक सत् चाहे वह चेतनजातीय हो या अचेतनजातीय परिवर्तनशील है। वह निसर्गतः प्रतिक्षण परिवर्तित होता रहता है। उसकी पर्याय बदलती रहती है। उसका परिणमन कभी सदृश भी होता है कभी विसदृश भी। पर परिणमनसामान्यके प्रभावसे कोई भी अछूता नहीं रहता। यह एक मौलिक नियम है कि किसी भी सत्का सर्वथा उच्छेद नहीं हो सकता, वह परिवर्तित होकर भी अपनी मौलिकता या सत्ताको नहीं खो सकता। एक परमाणु है वह हाइड्रोजन बन जाय, जल बन जाय, भाप बन जाय, फिर पानी हो जाय, पृथिवी बन जाय, और अनन्त आकृतियों या पर्यायोंको धारण कर ले, पर अपने द्रव्यत्व या मौलिकत्व को नहीं खो सकता। किसीकी ताकत नहीं जो उस परमाणुकी हस्ती या अस्तित्वको मिटा सके। तात्पर्य यह कि जगत्में जितने 'सत्' हैं उतने बने रहेंगे, उनमेंसे एक भी कम नहीं हो सकता, एक दूसरे में विलीन नहीं हो सकता। इसी तरह न कोई नया 'सत्' उत्पन्न हो सकता है। जितने हैं उनका ही आपसी संयोग वियोगोंके आधारसे यह विश्व जगत् (गच्छतीति जगत् अर्थात् नाना रूपोंको प्राप्त होना) बनता रहता है।

तात्पर्य यह कि—विश्वमें जितने सत् हैं उनमें से न तो एक कम हो सकता है और न एक बढ सकता है। अनन्त जड़ परमाणु, अनन्त आत्माएँ, एक धर्मद्रव्य, एक अधर्म द्रव्य, एक आकाश और असंख्य कालाणु इतने सत् हैं। इनमें धर्म अधर्म आकाश और काल अपने स्वाभाविक रूपमें सदा विद्यमान रहते हैं उनका विलक्षण परिणमन नहीं होता। इसका अर्थ यह नहीं है कि ये कूटस्थ नित्य हैं किन्तु इनका प्रतिक्षण जो परिणमन होता है, वह सदृश स्वाभाविक परिणमन ही होता है। आत्मा और पुद्गल ये दो द्रव्य एक दूसरेको प्रभावित करते हैं। जिस समय आत्मा शुद्ध हो जाता है उस समय वह भी अपने प्रतिक्षणभावी स्वाभाविक परिणमनका ही स्वामी रहता है, उसमें विलक्षण परिणति नहीं होती। जबतक आत्मा अशुद्ध है तबतक ही इसके परिणमनपर सजातीय जीवान्तरका और विजातीय पुद्गलका प्रभाव आनेसे विलक्षणता आती है। इसकी नानारूपता प्रत्येकको स्वानुभवसिद्ध है। जड़ पुद्गल ही एक ऐसा विलक्षण द्रव्य है जो सदा सजातीयसे भी प्रभावित होता है और विजातीय चेतनसे भी। इसी पुद्गल द्रव्यके चमत्कार आज विज्ञानके द्वारा हम सबके सामने प्रस्तुत हैं। इसीके हीनाधिक संयोग-वियोगोंके फलस्वरूप असंख्य आविष्कार हो रहे हैं। विद्युत् शब्द आदि इसीके रूपान्तर हैं, इसीकी शक्तियां हैं। जीवकी अशुद्ध दशा इसीके संपर्कसे होती है। अनादिसे जीव और पुद्गलका ऐसा संयोग है जो पर्यायान्तर लेनेपर भी जीव इसके संयोगसे मुक्त नहीं हो पाता और उसमें विभाव परिणमन–राग द्वेष मोह अज्ञानरूप दशाएँ होती रहती हैं। जब यह जीव अपनी चारित्रसाधना

द्वारा इतना समर्थ और स्वरूपप्रतिष्ठ हो जाता है कि उस पर बाह्य जगत्का कोई भी प्रभाव न पड सके तो वह मुक्त हो जाता है और अपने अनन्त चैतन्यमे स्थिर हो जता है। मुक्त जीव अपने प्रतिक्षण परिवर्तित स्वाभाविक चैतन्यमे लीन रहता है। फिर उसमे अशुद्ध दशा नही होती। अनन्त पुद्गल परमाणु ही ऐसे है जिनमे शुद्ध या अशुद्ध किसी भी दशामे दूसरे सयोगके आधारसे नाना आकृतियाँ और अनेक परिणमन सभव है तथा होते रहते है। इस जगत् व्यवस्थामे किसी एक ईश्वर जैसे नियन्ताका कोई स्थान नही है। यह तो अपने अपने सयोग-वियोगोसे परिणमनशील है। प्रत्येक पदार्थका अपना सहज स्वभावजन्य प्रतिक्षणभावी परिणमनचक्र चालू है। यदि कोई दूसरा सयोग आ पडा और उस द्रव्यने इसके प्रभावको आत्मसात् किया तो परिणमन तत्प्रभावित हो जायगा, अन्यथा वह अपनी गतिसे बदलता चला जायगा। हाँइड्रोजनका एक अणु अपनी गतिसे प्रतिक्षण हाइड्रोजन रूपमे बदल रहा है। यदि ऑक्सीजनका अणु उसमे आ जुटा तो दोनो का जलरूप परिणमन हो जायगा। वे दोनो एक जलबिन्दु रूपसे सदृश सयुक्त परिणमन कर लेगे। यदि किसी वैज्ञानिकके विश्लेषणप्रयोगका निमित्त मिला तो वे दोनो फिर जुदा जुदा भी हो सकते है। यदि अग्निका सयोग मिल गया तो भाप बन जायँगे। यदि सापके मुखका सयोग मिला विषविन्दु हो जायेगे। तात्पर्य यह कि यह विश्व साधारणतया पुद्गल और अशुद्ध जीवके निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्धका वास्तविक उद्यान है। परिणमनचक्र पर प्रत्येक द्रव्य चढा हुआ है। वह अपनी अनन्त योग्यताओके अनुसार अनन्त परिणमनोको क्रमश धारण करता है। समस्त 'सत्' के समुदायका नाम लोक या विश्व है। इस दृष्टिसे अब आप लोकके शाश्वत और अशाश्वत वाले प्रश्नको विचारिए—

(१) क्या लोक शाश्वत है? हाँ, लोक शाश्वत है। द्रव्योकी सख्या की दृष्टिसे, अर्थात् जितने सत् इसमे है उनमेका एक भी सत् कम नही हो सकता और न उसमे किसी नये सत्की वृद्धि ही हो सकती है। न एक सत् दूसरेमे विलीन ही हो सकता है। कभी भी ऐसा समय नही आ सकता जो इसके अगभूत द्रव्योका लोप हो या वे समाप्त हो जाँय।

(२) क्या लोक अशाश्वत है? हाँ, लोक अशाश्वत है, अगभूत द्रव्योके प्रतिक्षण भावी परिणमनो की दृष्टि से? अर्थात् जितने सत् है वे प्रतिक्षण सदृश या विसदृश परिणमन करते रहते है। इसमे दो क्षण तक ठहरनेवाला कोई परिणमन नही है। जो हमे अनेक क्षण ठहरनेवाला परिणमन दिखाई देता है वह प्रतिक्षणभावी सदृश परिणमनका स्थूल दृष्टिसे अवलोकनमात्र है। इस तरह सतत परिवर्तनशील सयोग-वियोगोकी दृष्टिसे विचार कीजिये तो लोक अशाश्वत है, अनित्य है, प्रतिक्षण परिवर्तित है।

(३) क्या लोक शाश्वत और अशाश्वत दोनो रूप है? हाँ, क्रमश उपर्युक्त दोनो दृष्टियोसे विचार कीजिए तो लोक शाश्वत भी है (द्रव्य दृष्टिसे) अशाश्वत भी (पर्याय दृष्टिसे)। दोनो दृष्टि कोणो को क्रमश प्रयुक्त करनेपर और उन दोनो पर स्थूल दृष्टिसे विचार करनेपर जगत् उभयरूप ही प्रतिभासित होता है।

(४) क्या लोक शाश्वत और अशाश्वत दोनो रूप नही है? आखिर उसका पूर्णरूप क्या है? हाँ, लोकका पूर्णरूप अवक्तव्य है, नही कहा जा सकता। कोई शब्द ऐसा नही जो एक साथ शाश्वत और अशाश्वत इन दोनो स्वरूपोको तथा उसमे विद्यमान अन्य अनन्त धर्मोको युगपत् कह सके। अत शब्दकी असामर्थ्यके कारण जगत्का पूर्णरूप अवक्तव्य है, अनुभय है, वचनातीत है।

इस निरूपणमे आप देखेंगे कि वस्तुका पूर्णरूप वचनोके अगोचर है, अनिर्वचनीय या अवक्तव्य है। यह चौथा उत्तर वस्तुके पूर्णरूपको युगपत् कहनेकी दृष्टिसे है। पर वही जगत् शाश्वत कहा जाता है द्रव्यदृष्टिसे, अशाश्वत कहा जाता है पर्यायदृष्टिसे। इस तरह मूलत चौथा, पहिला और दूसरा ये तीन प्रश्न मौलिक है। तीसरा उभयरूपताका प्रश्न तो प्रथम और द्वितीयके सयोगरूप

हैं। अब आप विचारे कि सजयने जब लोकके शाश्वत और अशाश्वत आदिके बारेमें स्पष्ट कह दिया कि मैं जानता होऊँ तो बताऊँ और बुद्धने कह दिया कि इनके चक्करमें न पडो, इसका जानना उपयोगी नही है, तब महावीरने उन प्रश्नोका वस्तुस्थितिके अनुसार यथार्थ उत्तर दिया और शिष्योकी जिज्ञासा का समाधान कर उनको बौद्धिक दीनतासे त्राण दिया। इन प्रश्नोका स्वरूप इस प्रकार है--

प्रश्न	सजय	बुद्ध	महावीर
१. क्या लोक शाश्वत है ?	मै जानता होऊँ तो बताऊँ, (अनिश्चय, विक्षेप)	इसका जानना अनुपयोगी है (अव्याकृत अकथनीय)	हाँ, लोक द्रव्य दृष्टिसे शाश्वत है, इसके किसी भी सत्का सर्वथा नाश नही हो सकता।
२ क्या लोक अशाश्वत है ?	,,	,,	हाँ, लोक अपने प्रतिक्षण भावी परिवर्तनोकी दृष्टिसे अशाश्वत है, कोई भी परिवर्तन दो क्षणस्थायी नही है।
३ क्या लोक शाश्वत और अशाश्वत है ?	,,	,,	हाँ, दोनो दृष्टिकोणोसे क्रमश विचार करने पर लोकको शाश्वत भी कहते हैं ओर अशाश्वत भी।
४ क्या लोक दोनो रूप नही है अनुभय है ?	,,	,,	हाँ, ऐसा कोई शब्द नही जो लोकके परिपूर्ण स्वरूपको एक साथ समग्र भावसे कह सके। अत पूर्णरूप से वस्तु अनुभय है, अवक्तव्य है, अनिर्वचनीय है।

सजय ओर बुद्ध जिन प्रश्नोका समाधान नही करते, उन्हे अनिश्चय या अव्याकृत कहकर अपना पिण्ड छुडा लेते हे, महावीर उन्हीका वास्तविक युक्तिसगत समाधान करते हे। इस पर भी राहुलजी, और स्व० धर्मानन्द कोसम्बी आदि यह कहनेका साहस करते है कि 'सजयके अनुयायियोके लुप्त हो जानेपर सजयके वादको ही जैनियोने अपना लिया।' यह तो ऐसाही हे जैसे कोई कहे कि "भारतमे रही परतन्त्रताको ही परतन्त्रताविधायक अग्रेजोके चले जानेपर भारतीयोने उसे अपरतन्त्रता (स्वतन्त्रता) रूपसे अपना लिया हे, क्योकि अपरतन्त्रतामे भी 'प र त न्त्र ता' ये पॉच अक्षर तो मौजूद हे ही। या हिसाको ही बुद्ध और महावीरने उसके अनुयायियोके लुप्त होनेपर अहिसारूपसे अपना लिया है क्योकि अहिसा मे भी 'हि सा' ये दो अक्षर है ही।" यह देखकर तो और भी आश्चर्य होता है कि--आप (पृ० ४८४) अनिश्चिततावादियोकी सूचीमे सजयके साथ निग्गठ नाथपुत्र (महावीर) का नाम भी लिख जाते हे, तथा (पृ० ४९१) सजयको अनेकान्तवादी भी। क्या इसे धर्मकीतिके शब्दोमे 'धिग् व्यापक तम' नही कहा जा सकता ?

'स्यात्' शब्दके प्रयोगमे साधारणतया लोगोको सशय अनिश्चय या सभावनाका भ्रम होता है। पर यह तो भाषाकी पुरानी शैली है उस प्रसगकी, जहॉ एक वादका स्थापन नही होता। एकाधिक भेद या विकल्पकी सूचना जहॉ करनी होती है वहॉ 'स्यात्' पदका प्रयोग भाषाकी शैलीका एक रूप रहा है जैसा कि मज्झिमनिकायके महाराहुलोवाद सुत्तके निम्नलिखित अवतरणसे ज्ञात होता है--"कतमा राहुल च तेजो-

धातु ? तेजोधातु सिया अज्झत्तिका सिया बाहिरा।" अर्थात् तेजो धातु स्यात् आध्यात्मिक है, स्यात् बाह्य है। यहाँ सिया (स्यात्) शब्दका प्रयोग तेजो धातुके निश्चित भेदोकी सूचना देता है न कि उन भेदोका संशय अनिश्चय या सभावना बताता है। आध्यात्मिक भेद के साथ प्रयुक्त होनेवाला स्यात् शब्द इस बातका द्योतन करता है कि तेजो धातु मात्र आध्यात्मिक ही नही है किन्तु उससे व्यतिरिक्त बाह्य भी है। इसी तरह 'स्यादस्ति'मे अस्तिके साथ लगा हुआ 'स्यात्' शब्द सूचित करता है कि अस्तिसे भिन्न धर्म भी वस्तुमे है केवल अस्तिधर्मरूप ही वस्तु नही है। इस तरह 'स्यात्' शब्द न शायदका न अनिश्चयका और न सम्भावनाका सूचक है किन्तु निर्दिष्ट धर्मके सिवाय अन्य अशेष धर्मोकी सूचना देता है (जिससे श्रोता वस्तुको निर्दिष्ट धर्ममात्र रूप ही न समझ बैठे)।

सप्तभगी—वस्तु मूलत अनन्तधर्मात्मक है। उसमे विभिन्न दृष्टियोसे विभिन्न विवक्षाओसे अनन्त धर्म है। प्रत्येक धर्मका विरोधी धर्म भी दृष्टिभेदसे वस्तुमे सम्भव है। जैसे 'घट स्यादस्ति' मे घट है अपने द्रव्य क्षेत्र काल भावकी मर्यादामे। जिस प्रकार घटमे स्वचतुष्टयकी अपेक्षा अस्तित्व धर्म है उसी तरह घटव्यतिरिक्त अन्य पदार्थोका नास्तित्व भी घटमे है। यदि घटभिन्न पदार्थोका नास्तित्व घटमे न पाया जाय तो घट और अन्य पदार्थ मिलकर एक हो जायँगे। अत घट स्यादस्ति और स्यान्नास्ति रूप है। इसी तरह वस्तुमे द्रव्यदृष्टिसे नित्यत्व और पर्यायदृष्टिसे अनित्यत्व आदि अनेक विरोधी युगल धर्म रहते है। एक वस्तुमे अनन्त सप्तभग बनते है। जब हम घटके अस्तित्वका विचार करते है तो अस्तित्वविषयक सात भग हो सकते है। जैसे सजयके प्रश्नोत्तर या बुद्धके अव्याकृत प्रश्नोत्तरमे हम चार कोटि तो निश्चित रूपसे देखते है—सत् असत् उभय और अनुभय। उसी तरह गणित के हिसाबसे तीन मूल भगोको मिलानेपर अधिकसे अधिक सात अपुनरुक्त भग हो सकते है। (जैसे घडेके अस्तित्वका विचार प्रस्तुत है तो पहिला अस्तित्व, धर्म दूसरा तद्विरोधी नास्तित्व धर्म और तीसरा धर्म होगा अवक्तव्य जो वस्तुके पूर्ण रूपकी सूचना देता है कि वस्तु पूर्णरूपसे वचनके अगोचर है, उसके विराट् रूपको शब्द नही छू सकते। अवक्तव्य धर्म इस अपेक्षासे है कि दोनो धर्मोको युगपत् कहनेवाला शब्द ससारमे नही है। अत वस्तु यथार्थत वचनातीत है, अवक्तव्य है।) इस तरह मूलमे तीन भग है—

१ स्यादस्ति घट २ स्यान्नास्ति घट ३ स्यादवक्तव्यो घट

अवक्तव्यके साथ स्यात् पद लगानेका भी अर्थ है कि वस्तु युगपत् पूर्ण रूपमे यदि अवक्तव्य है, तो क्रमश अपने अपूर्ण रूपमे वक्तव्य भी है और वह अस्ति नास्ति आदि रूपमे वचनोका विषय भी होती है। अत वस्तु स्याद् अवक्तव्य है। जब मूल भग तीन है तब उनके द्विसयोगी भग भी तीन होगे तथा त्रिसयोगी भग एक होगा। जिस तरह चतुष्कोटिमे सत् और असत्को मिलाकर प्रश्न होता है कि "क्या सत् होकर भी वस्तु असत् है?" उसी तरह ये भी प्रश्न हो सकते है कि—१ क्या सत् होकर भी वस्तु अवक्तव्य है? २ क्या असत् होकर भी वस्तु अवक्तव्य है? ३ क्या सत्असत् होकर भी वस्तु अवक्तव्य है? इन तीनो प्रश्नोका समाधान सयोगज चार भगोमे है। अर्थात्—

(४) अस्ति नास्ति उभय रूप वस्तु है—स्वचतुष्टय अर्थात स्वद्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव और परचतुष्टय पर क्रमश दृष्टि रखनेपर और दोनोकी सामूहिक विवक्षा रहने पर।

(५) अस्ति अवक्तव्य वस्तु है—प्रथम समयमे स्वचतुष्टय और द्वितीय समयमे युगपत् स्वपरचतुष्टय पर क्रमश दृष्टि रखनेपर और दोनोकी सामूहिक विवक्षा रहने पर।

(६) नास्ति अवक्तव्य वस्तु है—प्रथम समयमे परचतुष्टय और द्वितीय समयमे युगपत् स्वपर चतुष्टयकी क्रमश दृष्टि रखनेपर और दोनोकी सामूहिक विवक्षा रहने पर।

(७) अस्ति नास्ति अवक्तव्य वस्तु है—प्रथम समयमे स्वचतुष्टय, द्वितीय समयमे परचतुष्टय तथा तृतीय समयमे युगपत् स्व-पर चतुष्टय पर क्रमश दृष्टि रखने पर और तीनोकी सामूहिक विवक्षा रहने पर।

जब अस्ति और नास्ति की तरह अवक्तव्य भी वस्तुका धर्म है तब जैसे अस्ति और नास्तिको मिलाकर चौथा भंग बन जाता है वैसे ही अवक्तव्यके साथ भी अस्ति, नास्ति और अस्तिनास्तिकोमिलाकर पाँचवें छठवें और सातवें भंगकी सृष्टि हो जाती है।

इस तरह गणितके सिद्धान्तके अनुसार तीन मूल वस्तुओंके अधिकसे अधिक अपुनरुक्त सात ही भंग हो सकते हैं। तात्पर्य यह है कि वस्तुके प्रत्येक धर्मको लेकर सात प्रकारकी जिज्ञासा हो सकती है, सात प्रकारके प्रश्न हो सकते है अत उनके उत्तर भी सात प्रकारके ही होते है।

दर्शनदिग्दर्शनमें श्री **राहुलजी** ने पाँचवे छठवे और सातवे भंगको जिस भ्रष्ट तरीकेसे तोड़ा-मरोड़ा है वह उनकी अपनी निरी कल्पना और अतिसाहस है। जब वे दर्शनोको व्यापक नई और वैज्ञानिक दृष्टिसे देखना चाहते है तो किसी भी दर्शनकी समीक्षा उसके स्वरूपको ठीक समझ कर ही करनी चाहिए। वे अवक्तव्य नामक धर्मको, जो कि सत्‌के साथ स्वतन्त्रभावसे द्विसंयोगी हुआ है, तोडकर अ-वक्तव्य करके संजयके 'नही' के साथ मेल बैठा देते है और 'संजय[1]' के घोर अनिश्चयवादको ही अनेकान्तवाद कह देते है। किमाश्चर्यमत परम्।

श्री सम्पूर्णानन्दजी 'जैनधर्म' पुस्तककी प्रस्तावना (पृ० ३) में अनेकान्तवादकी ग्राह्यता स्वीकार करके भी सप्तभंगी न्यायको बालकी खाल निकालनेके समान आवश्यकतासे अधिक बारीकीमे जाना समझते हैं। पर सप्तभंगीको आजसे ढाई हजार वर्ष पहिलेके वातावरणमे देखनेपर वे स्वयं उसे समयकी माँग कहे बिना नही रह सकते। अढाई हजार वर्ष पहिले आबाल गोपाल प्रत्येक प्रश्नको सहज तरीकेसे 'सत् असत् उभय और अनुभय' इन चार कोटियोंमे गूँथ कर ही उपस्थित करते थे और उस समयके भारतीय आचार्य उत्तर भी चतुष्कोटिका ही, हाँ या ना मे देते थे, तब तीर्थंकर महावीरने मूल तीन भंगोंके गणितके नियमानुसार अधिकसे अधिक सात प्रश्न बनाकर उनका समाधान सप्तभंगी द्वारा किया जो निश्चितरूपसे वस्तुकी सीमाके भीतर ही रहा है। सात भंग बनाने का उद्देश्य यह है कि—वस्तुमे अधिकसे अधिक सात ही प्रश्न हो सकते है। अवक्तव्य वस्तुका मूलरूप है, सत् और असत् ये दो धर्म इस तरह मूल धर्म तीन है। इनके अधिकसे अधिक मिला जुडाकर सात ही प्रश्न हो सकते हैं। इन सब संभव प्रश्नोंका समाधान करना ही सप्तभंगी न्यायका प्रयोजन है। यह तो जैसे को तैसा उत्तर है अर्थात् यदि तुम कल्पना करके सात प्रश्नो की संभावना करते हो तो उसी तरह उत्तर भी वास्तविक तीन धर्मोको मिलाकर सात हो सकते है। इतना ध्यानमे रहना चाहिए कि एक एक धर्मको लेकर ऐसे अनन्त सात भंग वस्तुमे बन सकते है। अनेकान्तवादने जगत्‌के वास्तविक अनेक सत्का अपलाप नही किया और न वह केवल कल्पनाके क्षेत्रमे विचरा है।

मेरा उन दार्शनिकोसे निवेदन है कि भारतीय परम्परामे जो सत्यकी धारा है उसे 'दर्शनग्रन्थ' लिखते समय भी कायम रखें और समीक्षाका स्तम्भ तो बहुत सावधानी और उत्तरदायित्वके साथ लिखनेकी कृपा करें जिससे दर्शन केवल विवाद और भ्रान्त परम्पराओंका अजायबघर न बने, वह जीवन में संवाद लावे और दर्शनप्रणेताओंको समुचित न्याय दे सके।

इस तरह जैनदर्शनने दर्शन शब्दकी काल्पनिक भूमिकासे निकलकर वस्तु सीमापर खड़े होकर जगत्‌मे वस्तुस्थितिके आधारसे संवाद समीकरण और यथार्थ तत्त्वज्ञानकी दृष्टि दी। जिसकी उपासनासे विश्व अपने वास्तविक रूपको समझकर निरर्थक विवादसे बचकर सच्चा संवादी बन सकता है।

---

[1] जैन कथाग्रन्थोंमे महावीरके बालजीवनकी एक घटनाका वर्णन आता है कि—'संजय और विजय नामके दो साधुओंका संशय महावीरको देखने हो नष्ट हो गया था, इसलिए इनका नाम सन्मति रखा गया था।' सम्भव है यह संजय-विजय संजयवेलट्ठिपुत्त ही हों और इसीके संशय या अनिश्चयका नाश महावीरके सप्तभंगीन्यायसे हुआ हो। यहाँ वेलट्ठिपुत्त विशेषण भ्रष्ट होकर विजय नामका दूसरा साधु बन गया है।

अनेकान्तदर्शनका सांस्कृतिक आधार—

भारतीय विचार परम्परामें स्पष्टत दो धाराएँ है। एक धारा वेदको प्रमाण मानने वाले वैदिक दर्शनोकी है और दूसरी वेदको प्रमाण न मानकर पुरुषानुभव या पुरुषसाक्षात्कारको प्रमाण माननेवाले श्रमण सन्तोकी। यद्यपि चार्वाक दर्शन भी वेदको प्रमाण नही मानता किन्तु उसने आत्माका अस्तित्व जन्मसे मरण पर्यन्त ही स्वीकार किया है। उसने परलोक, पुण्य, पाप, और मोक्ष जैसे आत्मप्रतिष्ठित तत्त्वो को तथा आत्मसंशोधक चारित्र आदिकी उपयोगिताको स्वीकृत नही किया है। अत अवैदिक होकर भी वह श्रमणधारामे सम्मिलित नही किया जा सकता। श्रमणधारा वैदिक परम्पराको न मानकर भी आत्मा, जड़भिन्न ज्ञान सन्तान, पुण्य-पाप, परलोक निर्वाण आदिमे विश्वास रखती है, अत पाणिनिकी परिभाषा के अनुसार आस्तिक है। वेदको या ईश्वरको जगत्कर्ता न माननेके कारण श्रमणधाराको नास्तिक कहना उचित नही है, क्योकि अपनी अमुक परम्पराको न माननेके कारण यदि श्रमण नास्तिक है तो श्रमणपरम्परा को न माननेके कारण वैदिक भी मिथ्यादृष्टि आदि विशेषणो से पुकारे गये है।

श्रमणधाराका सारा तत्त्वज्ञान या दर्शनविस्तार जीवन-शोधन या चारित्र्य वृद्धिके लिए हुआ था। वैदिक परम्परामे तत्त्वज्ञानको मुक्तिका साधन माना है, जब कि श्रमणधारामे चारित्र को। वैदिकपरम्परा वैराग्य आदिसे ज्ञानको पुष्ट करती है, और विचारशुद्धि करके मोक्ष मान लेती है जब कि श्रमणपरम्परा कहती है कि उस ज्ञान या विचारका कोई मूल्य नही जो जीवनमे न उतरे। जिसकी सुवाससे जीवनशोधन न हो वह ज्ञान या विचार मस्तिष्कके व्यायामसे अधिक कुछ भी महत्त्व नही रखते। जैन परम्परामे तत्त्वार्थसूत्रका आद्यसूत्र है—"**सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्ग:**" (तत्त्वार्थसूत्र १।१) अर्थात् सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रकी आत्मपरिणति मोक्षका मार्ग है। यहाँ मोक्षका साक्षात् कारण चारित्र है। सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान तो उस चारित्रके परिपोषक है। बौद्ध परम्पराका अष्टाग मार्ग भी चारित्रका ही विस्तार है। तात्पर्य यह कि श्रमणधारामे ज्ञानकी अपेक्षा चारित्रका ही अन्तिम महत्त्व रहा है और प्रत्येक विचार और ज्ञानका उपयोग चारित्र अर्थात् आत्मशोधन या जीवनमे सामञ्जस्य स्थापित करनेके लिए किया गया है। श्रमण सन्तोने तप और साधनाके द्वारा वीतरागता प्राप्त की और उसी परमवीतरागता, समता या अहिसा की उत्कृष्ट ज्योतिको विश्वमे प्रचारित करनेके लिए विश्वतत्त्वोका साक्षात्कार किया। इनका साध्य विचार नही आचार था, ज्ञान नही चारित्र्य था, वाग्विलास या शास्त्रार्थ नही, जीवनशुद्धि और सवाद था।

अहिसाका अन्तिम अर्थ है—जीवमात्रमे (चाहे वह स्थावर हो या जगम, पशु हो या मनुष्य, ब्राह्मण हो या क्षत्रिय, वैश्य हो या शूद्र, गोरा हो या काला, एतद्देशीय हो या विदेशी) देश, काल, शरीराकार, वर्ण, जाति, रग आदिके आवरणोसे परे होकर समत्व दर्शन। प्रत्येक जीव स्वरूपसे चैतन्य शक्तिका अखण्ड शाश्वत आधार है। वह कर्म या वासनाओके कारण वृक्ष, कीडा-मकोडा, पशु और मनुष्य आदि शरीरोको धारण करता है, पर अखण्ड चैतन्यका एक भी अश उसका नष्ट नही होता। वह वासना या रागद्वेषादिके द्वारा विकृत अवश्य हो जाता है। मनुष्य अपने देश काल आदि निमित्तोसे गोरे या काले किसी भी शरीरको धारण किए हो, अपनी वृत्ति या कर्मके अनुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र किसी भी श्रेणीमे उसकी गणना व्यवहारत की जाती हो, किसी भी देशमे उत्पन्न हुआ हो, किसी भी सन्तका उपासक हो, वह इन व्यावहारिक निमित्तोसे ऊँच या नीच नही हो सकता। किसी वर्णविशेषमे उत्पन्न होनेके कारण ही वह धर्मका ठेकेदार नही बन सकता। मानवमात्र के मूलत समान अधिकार है, इतना ही नही किन्तु पशु-पक्षी, कीडे-मकोडे, वृक्ष आदि प्राणियोके भी। अमुक प्रकार की आजीविका या व्यापारके कारण कोई भी मनुष्य किसी मानवाधिकारसे वचित नही हो सकता। यह मानवसमत्वभावना, प्राणिमात्रमे समता और उत्कृष्ट सत्त्वमैत्री अहिसाके ही विकसित रूप है। श्रमणसन्तोने यही कहा है कि—एक मनुष्य किसी भूखण्डपर या अन्य भौतिक साधनोपर अधिकार कर लेनेके कारण जगत्मे महान् बनकर दूसरोके निर्दलनका जन्मसिद्ध अधिकारी नही हो सकता। किसी वर्णविशेषमे उत्पन्न होनेके कारण दूसरोका शासक या धर्म का ठेकेदार नही हो सकता। भौतिक साधनो

की प्रतिष्ठा बाह्यमे कदाचित् हो भी पर धर्मक्षेत्रमे प्राणिमात्रको एक ही भूमिपर बैठना होगा। हर एक प्राणीको धर्मकी शीतल छायामे समानभावसे सन्तोषकी साँस लेनेका सुअवसर है। आत्मसमत्व, वीतरागत्व या अहिसाके विकाससेही कोई महान् हो सकता है न कि जगत्मे विषमता फैलानेवाले हिसक परिग्रहके सग्रहसे। आदर्श त्याग है न कि सग्रह। इस प्रकार जाति, वर्ण, रग, देश, आकार, परिग्रहसग्रह आदि विषमता और सघर्षके कारणो से परे होकर प्राणिमात्रको समत्व, अहिसा और वीतरागताका पावन सन्देश इन श्रमणसन्तोने उस समय दिया जब यज्ञ आदि क्रियाकाण्ड एक वर्गविशेषकी जीविकाके साधन बने हुए थे। कुछ गाय, सोना और स्त्रियोकी दक्षिणासे स्वर्गके टिकिट प्राप्त हो जाते थे, धर्मके नामपर गोमेध अजामेध क्वचित् नरमेधतक का खुला बाजार था, जातिगत उच्चत्व नीचत्वका विष समाजशरीरको दग्ध कर रहा था, अनेक प्रकारसे सत्ताको हथियानेके षडयन्त्र चालू थे। उस बर्बर युगमे मानवसमत्व और प्राणिमैत्रीका उदारतम सन्देश इन युगधर्मी सन्तोने नास्तिकताका मिथ्या लाछन सहते हुए भी दिया और भ्रान्त जनताको सच्ची समाजरचनाका मूलमन्त्र बताया।

पर, यह अनुभवसिद्ध बात है कि अहिसाकी स्थायी प्रतिष्ठा मनशुद्धि और वचनशुद्धिके बिना नही हो सकती। हम भले ही शरीरसे दूसरे प्राणियोकी हिसा न करे पर यदि वचन व्यवहार और चित्तगत-विचार विषम और विसवादी है तो कायिक अहिसा पल ही नही सकती। अपने मनके विचार अर्थात् मतको पुष्ट करनेके लिए ऊँच नीच शब्द बोले जायँगे और फलत हाथापाईका अवसर आए बिना न रहेगा। भारतीय शास्त्रार्थोका इतिहास ऐसे अनेक हिसा काण्डोके रक्तरञ्जित पन्नोमे भरा हुआ है। अत यह आवश्यक था कि अहिसाकी सर्वांगीण प्रतिष्ठाके लिए विश्वका यथार्थ तत्त्वज्ञान हो और विचार शुद्धिमूलक वचनशुद्धिकी जीवनव्यवहारमे प्रतिष्ठा हो। यह सम्भव ही नही है कि एक ही वस्तुके विषय मे परस्पर विरोधी मतवाद चलते रहे, अपने पक्षके समर्थनके लिए उचित अनुचित शास्त्रार्थ होते रहे, पक्षप्रतिपक्षोका सगठन हो, शास्त्रार्थ मे हारनेवालेको तैलकी जलती कडाहीमे जीवित तल देने जैसी हिसक होडे भी लगे, फिर भी परस्पर अहिसा बनी रहे!

भगवान् महावीर एक परम अहिसक सन्त थे। उनने देखा कि आजका सारा राजकारण धर्म और मतवादियोके हाथमे है। जबतक इन मतवादोका वस्तुस्थितिके आधारसे समन्वय न होगा तबतक हिसाकी जड नही कट सकती। उनने विश्वके तत्त्वोका साक्षात्कार किया और बताया कि विश्वका प्रत्येक चेतन और जड तत्त्व अनन्त धर्मोका भण्डार है। उसके विराट् स्वरूपको साधारण मानव परिपूर्ण रूपमे नही जान सकता। उसका क्षुद्र ज्ञान वस्तुके एक एक अशको जानकर अपनेमे पूर्णता का दुरभिमान कर बैठा है। विवाद वस्तुमे नही है। विवाद तो देखनेवालोकी दृष्टिमे है। काश ये वस्तुके विराट् अनन्त-धर्मात्मक या अनेकात्मक स्वरूपकी झाँकी पा सकते। उनने इस अनेकान्तात्मक तत्त्वज्ञानकी ओर मतवादियोका ध्यान खीचा और बताया कि—देखो, प्रत्येक वस्तु अनन्त गुण पर्याय और धर्मोका अखण्ड पिण्ड है। यह अपनी अनाद्यनन्त सन्तानरूप स्थितिकी दृष्टिसे नित्य है। कभी भी ऐसा समय नही आ सकता जब विश्वके रगमञ्चसे एक कणका भी समूल विनाश हो जाय। साथ ही प्रतिक्षण उसकी पर्याये बदल रही है, उनके गुण-धर्मोमे भी सदृश या विसदृश परिवर्तन हो रहा है, अत वह अनित्य भी है। इसी तरह अनन्त गुण, शक्ति, पर्याय और धर्म प्रत्येक वस्तुकी निजी सम्पत्ति है। इनमेसे हमारा स्वल्प ज्ञानलव एक एक अशको विषय करके क्षुद्र मतवादोकी सृष्टि कर रहा है। आत्माको नित्य सिद्ध करनेवालोका पक्ष अपनी सारी शक्ति आत्माको अनित्य सिद्ध करने वालोकी उखाड पछाडमे लगा रहा है तो अनित्यवादियोका गुट नित्यवादियोको भला बुरा कह रहा है।

महावीरको इन मतवादियोकी बुद्धि और प्रवृत्ति पर तरस आता था। वे बुद्धकी तरह आत्म-नित्यत्व और अनित्यत्व परलोक और निर्वाण आदिको अव्याकृत (अकथनीय) कहकर बौद्धिक तमकी

सृष्टि नहीं करना चाहते थे। उनने इन सभी तत्त्वोंका यथार्थ स्वरूप बताकर शिष्योंको प्रकाशमें लाकर उन्हें मानस समताकी समभूमिपर ला दिया। उनने बताया कि वस्तुको तुम जिस दृष्टिकोणसे देख रहे हो वस्तु उतनी ही नहीं है, उसमें ऐसे अनन्त दृष्टिकोणोंसे देखे जानेकी क्षमता है, उसका विराट् स्वरूप अनन्त धर्मात्मक है। तुम्हें जो दृष्टिकोण विरोधी मालूम होता है उसका ईमानदारी से विचार करो, वह भी वस्तुमें विद्यमान है। चित्तसे पक्षपातकी दुरभिसन्धि निकालो और दूसरेके दृष्टिकोणको भी उतनी ही प्रामाणिकतासे वस्तुमें खोजो, वह वहीं लहरा रहा है। हाँ, वस्तुकी सीमा और मर्यादाका उल्लंघन नहीं होना चाहिए। तुम चाहो कि जडमें चेतनत्व मिल जाय या चेतनमें जडत्व, तो नहीं मिल सकता क्योंकि प्रत्येक पदार्थके अपने निजी धर्म निश्चित हैं। मैं प्रत्येक वस्तुको अनन्तधर्मात्मक कह रहा हूँ, सर्वधर्मात्मक नहीं। अनन्त धर्मोंमें चेतनके सम्भव अनन्त धर्म चेतनमें मिलेंगे तथा अचेतनगत धर्म अचेतनमें। चेतनके गुण-धर्म अचेतनमें नहीं पाये जा सकते और न अचेतन के चेतन में। हाँ, कुछ ऐसे सामान्य धर्म भी हैं जो चेतन और अचेतन दोनोंमें साधारण रूपसे पाए जाते हैं। तात्पर्य यह कि वस्तुमें बहुत गुंजाइश है। वह इतनी विराट् है, जो तुम्हारे अनन्त दृष्टिकोणोंसे देखी और जानी जा सकती है। एक क्षुद्र-दृष्टिका आग्रह करके दूसरेकी दृष्टिका तिरस्कार करना या अपनी दृष्टिका अहंकार करना वस्तुके स्वरूपकी नासमझीका परिणाम है। हरिभद्रसूरिने बहुत सुन्दर लिखा है कि—

"आग्रही बत निनीषति युक्ति तत्र यत्र मतिरस्य निविष्टा।
पक्षपातरहितस्य तु युक्तिर्यत्र तत्र मतिरेति निवेशम्॥" (लोकतत्त्वनिर्णय)

अर्थात्—आग्रही व्यक्ति अपने मतपोषणके लिए युक्तियाँ ढूँढता है, युक्तियोंको अपने मतकी ओर ले जाता है, पर पक्षपातरहित मध्यस्थ व्यक्ति युक्तिसिद्ध वस्तुस्वरूपको स्वीकार करनेमें ही अपनी मति की सफलता मानता है।

अनेकान्त दर्शन भी यही सिखाता है कि युक्तिसिद्ध वस्तुस्वरूपकी ओर अपने मतको लगाओ न कि अपने निश्चित मतकी ओर वस्तु और युक्तिकी खींचातानी करके उन्हें बिगाडनेका दुष्प्रयास करो, और न कल्पनाकी उडान इतनी लम्बी लो जो वस्तु की सीमाको ही लाँघ जाय। तात्पर्य यह है कि मानससमताके लिए यह वस्तुस्थितिमूलक अनेकान्त तत्त्वज्ञान अत्यावश्यक है। इसके द्वारा इस नरतन-धारी को ज्ञात हो सकेगा कि वह कितने पानीमें है, उसका ज्ञान कितना स्वल्प है, और वह किस दुरभिमानसे हिंसक मतवादका सर्जन करके मानवसमाजका अहित कर रहा है। इस मानस अहिंसात्मक अनेकान्त दर्शनसे विचारोंमें या दृष्टिकोणोंमें कामचलाऊ समन्वय या ढीलाढाला समझौता नहीं होता, किन्तु वस्तुस्वरूपके आधारसे यथार्थ तत्त्वज्ञानमूलक संवाद दृष्टि प्राप्त होती है।

डॉ० सर राधाकृष्णन् इण्डियन फिलासफी (जिल्द १ पृ० ३०५–६) में स्याद्वादके ऊपर अपने विचार प्रकट करते हुए लिखते हैं कि—"इससे हमें केवल आपेक्षिक अथवा अर्धसत्यका ही ज्ञान हो सकता है, स्याद्वादसे हम पूर्ण सत्यको नहीं जान सकते। दूसरे शब्दोंमें—स्याद्वाद हमें अर्धसत्योंके पास लाकर पटक देता है और इन्हीं अर्धसत्योंको पूर्ण सत्य मान लेनेकी प्रेरणा करता है। परन्तु केवल निश्चित अनिश्चित अर्धसत्योंको मिलाकर एक साथ रख देनेसे वह पूर्णसत्य नहीं कहा जा सकता।" आदि।

क्या सर राधाकृष्णन् यह बतानेकी कृपा करेंगे कि स्याद्वादने निश्चित अनिश्चित अर्धसत्योंको पूर्ण सत्य माननेकी प्रेरणा कैसे की है? हाँ, वह वेदान्तकी तरह चेतन और अचेतनके काल्पनिक अभेदकी दिमागी दौडमें अवश्य शामिल नहीं हुआ, और न वह किसी ऐसे सिद्धान्तका समन्वय करनेकी सलाह देता है जिसमें वस्तुस्थितिकी उपेक्षा की गई हो। सर राधाकृष्णन्को पूर्णसत्य रूपसे वह काल्पनिक अभेद या ब्रह्म इष्ट है जिसमें चेतन अचेतन मूर्त अमूर्त सभी काल्पनिक रीतिसे समा जाते हैं। वे स्याद्वादकी समन्वयदृष्टिको अर्धसत्योंके पास लाकर पटकना समझते हैं, पर जब प्रत्येक वस्तु स्वरूपतः अनन्तधर्मात्मक

है तब उस वास्तविक नतीजेपर पहुँचनेको अर्धसत्य कैसे कह सकते हैं? हाँ, स्याद्वाद उस प्रामाणविरुद्ध काल्पनिक अभेदकी ओर वस्तुस्थितिमूलक दृष्टिसे नहीं जा सकता। वैसे, सग्रहनयकी एक चरम अभेदकी कल्पना जैनदर्शनकारोने भी की है और उस परम सग्रहनयकी अभेद दृष्टिसे बताया है कि–"सर्वमेक मदविशेषात' अर्थात्–जगत् एक है, सद्रूपसे चेतन और अचेतन मे कोई भेद नही है। पर यह एक कल्पना है, क्योकि ऐसा एक सत् नही है जो प्रत्येक मौलिक द्रव्यमे अनुगत रहता हो। अत. यदि सर राधाकृष्णनको चरम अभेदकी कल्पना ही देखनी हो तो वे परमसग्रहनयके दृष्टिकोणमे देख सकते हैं, पर वह केवल कल्पना ही होगी, वस्तुस्थिति नही। पूर्णसत्य तो वस्तुका अनेकान्तात्मक रूपसे दर्शन ही है न कि काल्पनिक अभेदका दर्शन।

इसी तरह **प्रो० बलदेव उपाध्याय** इस स्याद्वादसे प्रभावित होकर भी सर राधाकृष्णन्का अनुसरण कर स्याद्वादको मूलभूततत्त्व (एक ब्रह्म?) के स्वरूपके समझनेमे नितान्त असमर्थ बतानेका साहस करते हैं। इनने तो यहाँ तक लिख दिया है कि–"इसी कारण यह व्यवहार तथा परमार्थके बीचोंबीच तत्त्वविचारको कतिपय क्षणके लिए विस्रम्भ तथा विराम देनेवाले विश्रामगृहसे बढकर अधिक महत्त्व नही रखता।" (भारतीय दर्शन पृ० १७३)। आप चाहते हैं कि प्रत्येक दर्शनको उस काल्पनिक अभेदतक पहुँचना चाहिए। पर स्याद्वाद जब वस्तुविचार कर रहा है तब वह परमार्थसत् वस्तुकी सीमाको कैसे लाँघ सकता है? ब्रह्मैकवाद न केवल युक्तिविरुद्ध ही है किन्तु आजके विज्ञानसे उसके एकीकरणका कोई वास्तविक मूल्य सिद्ध नही होता। विज्ञानने एटमका भी विश्लेषण किया है और प्रत्येककी अपनी स्वतन्त्र सत्ता स्वीकार की है। अत यदि स्याद्वाद वस्तुकी अनेकान्तात्मक सीमा पर पहुँचाकर बुद्धिको विराम देता है तो यह उसका भूषण ही है। दिमागी अभेदसे वास्तविक स्थितिकी उपेक्षा करना मनोरञ्जनसे अधिक महत्त्वकी बात नही हो सकती।

इसी तरह श्रीयुत **हनुमन्तराव एम. ए.** ने अपने "Jain Instrumental theory of knowledge" नामक लेखमे लिखा है कि–"स्याद्वाद सरल समझौतेका मार्ग उपस्थित करता है, वह पूर्ण सत्य तक नही ले जाता।" आदि। ये सब एक ही प्रकारके विचार है जो स्याद्वादके स्वरूपको न समझनेके या वस्तुस्थितिकी उपेक्षा करनेके परिणाम हैं। मैं पहिले लिख चुका हूँ कि–महावीरने देखा कि–वस्तु तो अपने स्थानपर अपने विराट् रूपमे प्रतिष्ठित है, उसमे अनन्त धर्म, जो हमे परस्पर विरोधी मालूम होते हैं, अविरुद्ध भावसे विद्यमान हैं, पर हमारी दृष्टिमे विरोध होनेसे हम उसकी यथार्थ स्थितिको नही समझ पा रहे हैं।

जैन दर्शन वास्तव-बहुत्ववादी है। वह दो पृथक् सत्ताक वस्तुओको व्यवहारके लिए कल्पनासे अभिन्न कह भी दे, पर वस्तुकी निजी मर्यादाका उल्लघन नही करना चाहता। जैन दर्शन एक व्यक्तिका अपने गुण-पर्यायोसे वास्तविक अभेद तो मानता है, पर दो व्यक्तियोमे अवास्तविक अभेदको नही मानता। इस दर्शनकी यही विशेषता है, जो यह परमार्थ सत् वस्तुकी परिधिको न लाँघकर उसकी सीमामे ही विचार करता है और मनुष्योको कल्पनाकी उड़ानसे विरत कर वस्तुकी ओर देखनेको बाध्य करता है। जिस चरम अभेद तक न पहुँचनेके कारण अनेकान्त दर्शनको सर राधाकृष्णन् जैसे विचारक अर्धसत्योका समुदाय कहते हैं उस चरम अभेदको भी अनेकान्त दर्शन एक व्यक्तिका एक धर्म मानता है। वह उन अभेदकल्पकोको कहता है कि वस्तु इससे भी बडी है अभेद तो उसका एक धर्म है। दृष्टिको ओर उदार तथा विशाल करके वस्तुके पूर्ण रूपको देखो, उसमे अभेद एक कोनेमे पडा होगा और अभेदके अनन्तो भाई-बन्धु उसमे तादात्म्य हो रहे होगे। अत इन ज्ञानलवधारियोको उदारदृष्टि देनेवाले तथा वस्तुकी झाँकी दिखानेवाले अनेकान्तदर्शनने वास्तविक विचारकी अन्तिम रेखा खीची है, और यह सब हुआ है मानससमतामूलक तत्त्वज्ञानकी खोजसे। (जब इस प्रकार वस्तुस्थिति ही अनेकान्तमयी या अनन्तधर्मात्मिका है तब सहज

ही मनुष्य यह सोचने लगता है कि दूसरा वादी जो कह रहा है उसकी सहानुभूतिसे समीक्षा होनी चाहिये और वस्तुस्थिति मूलक समीकरण होना चाहिये। इस स्वीयस्वल्पता और वस्तुकी अनन्तधर्मताके वातावरणसे निरर्थक कल्पनाओका जाल टूटेगा और अहकारका विनाश होकर मानससमताकी सृष्टि होगी, जो कि अहिसाका सजीवन बीज है। इस तरह मानस समताके लिए अनेकान्तदर्शन ही एकमात्र स्थिर आधार हो सकता है। जब अनेकान्त दर्शनसे विचारशुद्धि हो जाती है तब स्वभावत वाणीमे नम्रता और परसमन्वयकी वृत्ति उत्पन्न हो जाती है। वह वस्तुस्थितिको उल्लघन करनेवाले शब्दका प्रयोग ही नही कर सकता। इसीलिए जैनाचार्योने वस्तुकी अनेकधर्मात्मकताका द्योतन करनेके लिए 'स्यात्' शब्दके प्रयोगकी आवश्यकता बताई है। शब्दोमे यह सामर्थ्य नही जो कि वस्तुके पूर्णरूपको युगपत् कह सके। वह एक समयमे एक ही धर्म को कह सकता है। अत उसी समय वस्तुमे विद्यमान शेष धर्मो की सत्ताका सूचन करनेके लिए 'स्यात्' शब्दका प्रयोग किया जाता है। 'स्यात्'का 'सुनिश्चित दृष्टिकोण' या 'निर्णीत अपेक्षा' ही अर्थ है 'शायद, सम्भव, कदाचित्' आदि नही। 'स्यादस्ति' का वाच्यार्थ है—'स्वरूपादिकी अपेक्षासे वस्तु है ही' न कि 'शायद है', 'कदाचित् है' आदि। सक्षेपत जहा अनेकान्त दर्शन चित्तमे समता, मध्यस्थभाव, वीतरागता, निष्पक्षताका उदय करता है वहाँ स्याद्वाद वाणीमे निर्दोषता आनेका पूरा अवसर देता है।

इस प्रकार अहिसाकी परिपूर्णता और स्थायित्वकी प्रेरणाने मानस शुद्धिके लिए अनेकान्त-दर्शन और वचन शुद्धिके लिए स्याद्वाद जैसी निधियोको भारतीय संस्कृतिके कोषागारमे दिया है। बोलते समय वक्ताको सदा यह ध्यान रहना चाहिए कि वह जो बोल रहा है उतनी ही वस्तु नही है, किन्तु बहुत बडी है, उसके पूर्णरूप तक शब्द नही पहुँच सकते। इसी भावको जतानेके लिए वक्ता 'स्यात्' शब्दका प्रयोग करता है। 'स्यात्' शब्द विधिलिड्मे निष्पन्न होता है, जो अपने वक्तव्यको निश्चित रूपमे उपस्थित करता है न कि सशय रूपमे। जैन तीर्थकरोने इस तरह सर्वांगीण अहिसाकी साधनाका वैयक्तिक और सामाजिक दोनो प्रकारका प्रत्यक्षानुभूत मार्ग बताया है। उनने पदार्थोके स्वरूपका यथार्थ निरूपण तो किया ही, साथ ही पदार्थोके देखनेका, उनके ज्ञान करनेका और उनके स्वरूपको वचनसे कहनेका नया वस्तुस्पर्शी मार्ग बताया। इस अहिंसक दृष्टिसे यदि भारतीय दर्शनकारोने वस्तुका निरीक्षण किया होता तो भारतीय जल्पकथाका इतिहास रक्तरजित न हुआ होता और धर्म तथा दर्शनके नामपर मानवताका निर्दलन नही होता। पर अहकार और शासन भावना मानवको दानव बना देती है। उस पर भी धर्म और मतका 'अहम्' तो अति दुर्निवार होता है। परन्तु युग युगमे ऐसे ही दानवोको मानव बनानेके लिए अहिसक सन्त इसी समन्वय दृष्टि, इसी समता भाव और इसी सर्वांगीण अहिसाका सन्देश देते आए है। यह जैन दर्शनकी ही विशेषता है जो वह अहिसाकी तह तक पहुँचनेके लिए केवल धार्मिक उपदेश तक ही सीमित नही रहा अपि तु वास्तविक स्थितिके आधारसे दार्शनिक गुत्थियो को सुलझानेकी मौलिक दृष्टि भी खोज सका। न केवल दृष्टि ही किन्तु मन वचन और काय इन तीनो द्वारोसे होनेवाली हिंसाको रोकनेका प्रशस्ततम मार्ग भी उपस्थित कर सका।

आज **डॉ भगवान्दास** जैसे मनीषी समन्वय और सब धर्मोकी मौलिक एकताकी आवाज बुलन्द कर रहे है। वे वर्षोसे कह रहे है कि समन्वय दृष्टि प्राप्त हुए बिना स्वराज्य स्थायी नही हो सकता, मानव मानव नही रह सकता। उन्होने अपने 'समन्वय' और 'दर्शन का प्रयोजन' आदि ग्रन्थोमे इसी समन्वय तत्त्वका भूरि भूरि प्रतिपादन किया है। जैन ऋषियोने इस समन्वय (स्याद्वाद) सिद्धान्त पर ही सख्याबद्ध ग्रन्थ लिखे है। इनका विश्वास है कि जबतक दृष्टिमे समीचीनता नही आयगी तबतक मतभेद और सघर्ष बना ही रहेगा। नए दृष्टिकोणसे वस्तु स्थिति तक पहुँचना ही विसवादसे हटाकर जीवनको सवादी बना सकता है। जैन दर्शनकी भारतीय संस्कृतिको यही देन है। आज हमे जो स्वातन्त्र्यके दर्शन हुए है वह इसी अहिसाका पुण्यफल है। कोई यदि विश्वमे भारतका मस्तक ऊँचा रखता है तो यह निरुपाधि—वर्ण जाति रग देश आदिकी क्षुद्र उपाधियोसे रहित-अहिसा भावना ही

सदादि अनुयोग–प्रमाण और नयके द्वारा जाने गए तथा निक्षेपके द्वारा अनेक सभवित रूपोमे सामने रखे गए पदार्थोसे ही तत्त्वज्ञानोपयोगी प्रकृत अर्थका यथार्थ बोध हो सकता है। उन निक्षेपके विषय भूत पदार्थोमे दृढताकी परीक्षाके लिए या पदार्थके अन्य विविध रूपोके परिज्ञानके लिए अनुयोग अर्थात् अनुकूल प्रश्न या पश्चाद्भावी प्रश्न होते हैं। जिनसे प्रकृत पदार्थकी वास्तविक अवस्थाका पता लग जाता है। प्रमाण और नय सामान्यतया तत्त्वका ज्ञान कराते है। निक्षेप विधिसे अप्रकृतका निराकरण-कर प्रस्तुतको छाट लिया जाता है। फिर छटी हुई प्रस्तुत वस्तुका निर्देशादि और सदादि द्वारा सविवरण पूरी अवस्थाओका ज्ञान किया जाता है। निक्षेपसे छटी हुई वस्तुका क्या नाम है? (निर्देश) कौन उसका स्वामी है? (स्वामित्व) कैसे उत्पन्न होती है? (साधन) कहाँ रहती है? (अधिकरण), कितने कालतक रहती है? (स्थिति) कितने प्रकारकी है? (विधान), उसकी द्रव्य-क्षेत्र काल भाव आदिमे क्या स्थिति है। अस्तित्वका ज्ञान 'सत्' है। उसके भेदोकी गिनती सख्या है। वर्तमान निवास क्षेत्र है। त्रैकालिक निवासपरिधि स्पर्शन है। ठहरनेकी मर्यादा काल है। अमुक अवस्थाको छोड़कर पुन उस अवस्थामे प्राप्त होनेतकके विरहकालको अन्तर कहते है। औपशमिक आदि भाव है। परस्पर सख्याकृत तारतम्यका विचार अल्पबहुत्व है। साराश यह कि निक्षिप्त पदार्थका निर्देशादि और सदादि अनुयोगोके द्वारा यथावत् सविवरण ज्ञान प्राप्त करना मुमुक्षुकी अहिसा आदि साधनाओके लिए आवश्यक है। जीवरक्षा करने के लिए जीवकी द्रव्य क्षेत्र काल भाव आदिकी दृष्टिसे परिपूर्ण स्थितिका ज्ञान अहिंसकको जरूरी ही है।

इस तरह प्रमाण नय निक्षेप और अनुयोगोके द्वारा तत्त्वोका यथार्थ अधिगम करके उनकी दृढ प्रतीति और अहिसादि चारित्रकी परिपूर्णता होनेपर यह आत्मा बन्धनमुक्त होकर स्वस्वरूपमे प्रतिष्ठित हो जाता है। यही मुक्ति है।

"श्रुतादर्थमनेकान्तमधिगम्याभिसन्धिभि ।
परीक्ष्य तॉस्तान् तद्धर्माननेकान् व्यावहारिकान् ॥७३॥
नयानुगतनिक्षेपैरुपायैर्भेदवेदने ।
विरचय्यार्थवाक्प्रत्ययात्मभेदान् श्रुतार्पितान् ॥५४॥
अनुयुज्यानुयोगैश्च निर्देशादिभिदा गतैः ।
द्रव्याणि जीवादीन्यात्मा विवृद्धाभिनिवेशन ॥७५॥
जीवस्थानगुणस्थानमार्गणास्थानतत्त्ववित् ।
तपोनिर्जीर्णकर्माय विमुक्तः सुखमृच्छति ॥७६॥

अर्थात्–अनेकान्तरूप जीवादि पदार्थोको श्रुत-शास्त्रोसे सुनकर प्रमाण और अनेक नयोके द्वारा उनका यथार्थ परिज्ञान करना चाहिए। उन पदार्थोके अनेक व्यावहारिक और पारमार्थिक गुण-धर्मोकी परीक्षा नय दृष्टियोसे की जाती है। नयदृष्टियोके विषयभूत निक्षेपोके द्वारा वस्तुका अर्थ ज्ञान और शब्द आदि रूपसे विश्लेपण कर उसे फैलाकर उनमेसे अप्रकृतको छोड प्रकृतको ग्रहण कर लेना चाहिए। उस छटे हुए प्रकृत अशका निर्देश आदि अनुयोगोमे अच्छी तरह बारबार पूछकर सविवरण पूर्णज्ञान प्राप्त कर लेना चाहिए। इस तरह जीवादि पदार्थोका खासकर आत्मतत्त्वका जीवस्थान गुणस्थान और मार्गणा स्थानोमे दृढतर ज्ञान करके उनपर गाढ विश्वास रूप सम्यग्दर्शनकी वृद्धि करनी चाहिए। इस तत्त्वश्रद्धा और तत्त्वज्ञानके होनेपर परपदार्थोसे विरक्ति इच्छानिरोधरूप तप और चारित्र आदिमे समस्त कुसस्कारोका विनाशकर पूर्व कर्मोकी निर्जरा कर, यह आत्मा विमुक्त होकर अनन्त चैतन्यमय स्वस्वरूपमे प्रतिष्ठित हो जाता है।

———

ग्रन्थका बाह्य स्वरूप—

तत्त्वार्थाधिगमसूत्र जैनपरम्परा की गीता बाइबिल कुरान या जो कहिए एक पवित्र ग्रन्थ है। इसमे बन्धनमुक्तिके कारणोका सागोपाग विवेचन है। जैनधर्म और जैनदर्शनके समस्त मूल आधारोकी सक्षिप्त सूचना इस सूत्र ग्रन्थसे मिल जाती है। भ० महावीरके उपदेश अर्धमागधी भाषामे होते थे जो उस समय मगध और विहारकी जनवोली थी। शास्त्रोमे बताया है कि यह अर्धमागधी भाषा अठारह महाभाषा और सातसौ लघुभाषाओ के शब्दोसे समृद्ध थी। एक कहावत है–"कोस कोस पर पानी बदले चारकोस पर पर बानी।" सो यदि मगध देश काशीदेश और विहार देशमे चार चार कोसपर बदलनेवाली बोलियोकी वास्तविक गणना की जाय तो वे ७१८ से कही अधिक हो सकती होगी। अठारह महाभाषाएँ मुख्य मुख्य अठारह जनपदोकी राजभाषाएँ कही जाती थी। इनमे नाममात्रका ही अन्तर था। क्षुल्लकभाषाओका अन्तर तो उच्चारणकी टोनका ही समझना चाहिए। जो हो, पर महावीरका उपदेश उसमयकी लोकभाषामे होता था जिसमे सस्कृत जैसी वर्गभाषाका कोई स्थान नही था। बुद्धकी पालीभाषा और महावीरकी अर्धमागधी भाषा करीब करीब एक जैसी भाषाएँ है। इनमे वही चारकोसकी बानी वाला भेद है। अर्धमागधीको सर्वार्धमागधी भाषा भी कहते है और इसका विवेचन करते हुए लिखा है–

"**अर्ध भगवद्भाषाया मगधदेशभाषात्मकम् अर्ध च सर्वदेशभाषात्मकम्**" अर्थात्–भगवान्‌की भाषामे आधे शब्द तो मगध देशकी भाषा मागधी के थे और आधे शब्द सभी देशोकी भाषाओके थे। तात्पर्य यह कि अर्धमागधी भाषा वह लोकभाषा थी जिसे प्राय सभी देशके लोग समझ सकते थे। यह स्वाभाविक भी है, क्योकि महावीरकी जन्मभूमि मगध देश थी, अत मागधी उनकी मातृभाषा थी और उन्हे अपना विश्वशान्तिका अहिसा सन्देश सब देशोकी कोटि कोटि उपेक्षित और पतित जनता तक भेजना था अत उनकी बोलीमे सभी देशोकी बोलीके शब्द शामिल थे और यह भाषा उस समयकी सर्वाधिक जनताकी अपनी बोली थी अर्थात् सबकी बोली थी।

जनबोलीमे उपदेश देनेका कारण बतानेवाला एक प्राचीन श्लोक मिलता है—

"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणा न्दृणा चारित्र्यकाङ्क्षिणाम्।
प्रतिबोधनाय तत्त्वज्ञैः सिद्धान्त प्राकृतः कृतः ॥"

अर्थात्–बालक स्त्री या मूर्खसे मूर्ख लोगोको, जो अपने चारित्र्यको समुन्नत करना चाहते है, प्रतिबोध देनेके लिए भगवान्‌का उपदेश प्राकृत अर्थात् स्वाभाविक जनबोलीमे होता था न कि सस्कृत अर्थात् बनी हुई बोली–कृत्रिम वर्गभाषामे। इन जनबोलीके उपदेशोका सकलन 'आगम' कहा जाता है। इसका बडा विस्तार था। उस समय लेखनका प्रचार नही हुआ था। सब उपदेश कण्ठपरम्परा से सुरक्षित रहते थे। एक दूसरेसे सुनकर इनकी धारा चलती थी अत ये 'श्रुत' कहे जाते थे। महावीरके निर्वाणके बाद यह श्रुत परम्परा लुप्त होने लगी और ६८३ वर्ष बाद एक अगका पूर्ण ज्ञान भी शेष न रहा। अगके एक देशका ज्ञान रहा। श्वेताम्बर परम्परामे बौद्ध सगीतियोकी तरह वाचनाएँ हुई और अन्तिम वाचना देवर्धिगणि क्षमाश्रमणके तत्त्वावधानमे वीरसवत् ९८० वि० स० ५१० मे वलभीमे हुई। इसमे आगमोका त्रुटित अत्रुटित जो रूप उपलब्ध था सकलित हुआ। दिगम्बर परम्परामे ऐसा कोई प्रयत्न हुआ या नही इसकी कुछ भी जानकारी नही है। दिगम्बर परम्परामे विक्रमकी द्वितीय तृतीय शताब्दीमे आचार्य भूतबलि पुष्पदन्त और गुणधरने षट्खडागम और कसायपाहुडकी रचना आगमाश्रित साहित्यके आधारसे की। पीछे कुन्दकुन्द आदि आचार्योने आगम परम्पराको केन्द्रमे रखकर तदनुसार स्वतन्त्र ग्रन्थ रचना की।

अनुमान है कि विक्रमकी तीसरी चौथी शताब्दीमे उमास्वामी भट्टारकने इस तत्त्वार्थसूत्रकी रचना की थी। इसीसे जैन परम्परामे सस्कृतग्रन्थनिर्माणयुग प्रारम्भ होता है। इस तत्त्वार्थसूत्रकी रचना इतने

मूलभूत तत्त्वोंको सग्रह करनेकी असाम्प्रदायिक दृष्टिसे हुई है कि इसे दोनो जैन सम्प्रदाय थोडे बहुत पाठभेद-से प्रमाण मानते आए है। श्वे० परम्परामे जो पाठ प्रचलित है उसमे और दिगम्बर पाठमे कोई विशिष्ट साम्प्रदायिक मतभेद नही है। दोनो परम्पराओके आचार्योने इसपर दशो टीका ग्रन्थ लिखे है। इस सूत्र ग्रन्थको दोनो परम्पराओमे एकता स्थापना का मूल आधार बनाया जा सकता है।

इसे मोक्षशास्त्र भी कहते है क्योकि इसमे मोक्षके मार्ग और तदुपयोगी जीवादि तत्त्वोका ही सविस्तार निरूपण है। इसमे दश अध्याय है। प्रथमके चार अध्यायोमे जीवका, पाचवेमे अजीव का, छठवे और सातवे अध्यायमे आस्रवका, आठवे अध्यायमे बन्धका, नौवे मे सवरका तथा दशवे अध्यायमे मोक्षका वर्णन है। प्रथम अध्यायमे मोक्षकामार्ग सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्रको बताकर जीवादि सात तत्त्वोके अधिगमके उपाय प्रमाण नय निक्षेप और निर्देशादि सदादि अनुयोगोका वर्णन है। पाच ज्ञान उनका विषय आदिका निरूपण करके उनमे प्रत्यक्ष परोक्ष विभाग उनका सम्यक्त्व मिथ्यात्व ओर नयोका विवेचन किया गया है। द्वितीय अध्यायमे जीवके औपशमिक आदि भाव, जीवका लक्षण, शरीर, इन्द्रियाँ, योनि जन्म आदिका सविस्तार निरूपण है। तृतीय अध्यायमे जीवके निवासभूत–अधोलोक और मध्यलोक गत भूगोलका उसके निवासियोकी आयु कायस्थिति आदिका पूरा पूरा वर्णन है। चौथे अध्यायमे ऊर्ध्वलोकका देवोके भेद लेश्याएँ आयु काय परिवार आदिका वर्णन है। पाचवे अध्यायमे अजीवतत्त्व अर्थात् पुद्गल धर्म अधर्म आकाश और काल द्रव्योका समग्र वर्णन है। द्रव्योकी प्रदेश सख्या, उनके उपकार, शब्दादिका पुद्गल पर्यायत्व, स्कन्ध बननेकी प्रक्रिया आदि पुद्गल द्रव्यका सर्वागीण विवेचन है। छठवे अध्यायमे ज्ञानावर-णादि कर्मोके आस्रवका सविस्तार निरूपण है। किन किन वृत्तियो और प्रवृत्तियोसे किस किस कर्मका आस्रव होता है, कैसे आस्रवमे विशेषता होती है, कौन कर्म पुण्य है, और कौन पाप आदिका विशद विवेचन है। सातवे अध्यायमे शुभ आस्रवके कारण, पुण्यरूप अहिसादि व्रतोका वर्णन है। इसमे व्रतोकी भावनाएँ उनके लक्षण अतिचार आदिका स्वरूप बताया गया है। आठवे अध्यायमे प्रकृतिबन्ध आदि चारो बन्धोका, कर्म-प्रकृतियोका उनकी स्थिति आदिका निरूपण है। नौवे अध्यायमे सवर तत्त्वका पूरा पूरा निरूपण है। इसमे गुप्ति समिति धर्म अनुप्रेक्षा परिषहजय चारित्र तप ध्यान आदिका सभेदप्रभेद निरूपण है। दशवे अध्यायमे मोक्षका वर्णन है। सिद्धोमे भेद किन निमित्तोसे हो सकता है। जीव ऊर्ध्वगमन क्यो करता है? सिद्ध अवस्थामे कौन कौन भाव अवशिष्ट रह जाते है आदिका निरूपण है।

यह अकेला तत्त्वार्थसूत्र जैन ज्ञान, जैन भूगोल, खगोल, जैनतत्त्व, कर्मसिद्धान्त, जैन चारित्र आदि समस्त मुख्य मुख्य विषयोका अपूर्व आकर है।

मगल श्लोक—'**मोक्षमार्गस्य नेतारम्** श्लोक तत्त्वार्थसूत्रका मगल श्लोक है या नही यह विषय विवादमे पडा हुआ है। यह श्लोक उमास्वामि कर्तृक है इसका स्पष्ट उल्लेख श्रुतसागरसूरिने प्रस्तुत तत्त्वार्थवृत्तिमे किया है। वे इसकी उत्थानिकामे लिखते है कि–द्वैयाक नामक भव्यके प्रश्नका उत्तर देनेकलिए उमास्वामि भट्टारकने यह मगल श्लोक बनाया। द्वैयाकका प्रश्न है–'भगवन्, आत्माका हित क्या है?' उमास्वामी उसका उत्तर 'सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्ग' सूत्र मे देते है। पर उन्हे उत्तर देनेके पहिले मगलाचरण करनेकी आवश्यकता प्रतीत होने लगती है। श्रुतसागरके पहिले विद्यानन्दि आचार्यने आप्त परीक्षा (पृ० ३) मे भी इस श्लोकको सूत्रकारके नामसे उद्धृत किया है। पर यही विद्यानन्द 'तत्त्वार्थ-सूत्रकारै उमास्वामिप्रभृतिभि' जैसे वाक्य भी आप्त परीक्षा (पृ० ५४) मे लिखते है जो उमास्वामिके साथ ही साथ प्रभृति शब्दसे सूचित होनेवाले आचार्योको भी तत्त्वार्थसूत्रकार माननेका या सूत्र शब्दकी गौणार्थताका प्रसग उपस्थित करते है। यद्यपि अभयनन्दि श्रुतसागर जैसे पश्चाद्वर्ती ग्रन्थकारोने इस श्लोकको तत्त्वार्थसूत्रका मगल लिख दिया है पर इनके इस लेखमे निम्नलिखित अनुपपत्तियाँ है जो इस श्लोकको पूज्यपाद की सर्वार्थसिद्धिका मगलश्लोक माननेको वाध्य करती है—

(१) पूज्यपादने इस मगलश्लोककी न तो उत्थानिका लिखी और न व्याख्या की। इस मगलश्लोक-

के बाद ही प्रथमसूत्रकी उत्थानिका शुरू होती है।

(२) अकलंकदेव तत्त्वार्थवार्तिकमे न इस श्लोककी व्याख्या करते है और न इसके पदोपर कुछ ऊहापोह ही करते हैं।

(३) विद्यानन्द स्वय तत्त्वार्थश्लोकवार्तिकमे इसकी व्याख्या नही करते। इनने प्रसगत इस श्लोक के प्रतिपाद्य अर्थका समर्थन अवश्य किया है। यदि विद्यानन्द स्वय ऐतिहासिक दृष्टिसे इसके कर्तृत्वके सम्बन्धमे असदिग्ध होते तो वे इसकी यथावद् व्याख्या भी करते।

(४) तत्त्वार्थसूत्रके व्याख्याकार समस्त श्वेताम्बरीय आचार्योने इस श्लोककी व्याख्या नहीं की और न तत्त्वार्थसूत्रके प्रारम्भमे इस श्लोककी चर्चा ही की है।

यह श्लोक इतना असम्प्रादायिक और जैन आप्त स्वरूपका प्रतिनिधित्व करनेवाला है कि इसे सूत्रकारकृत होनेपर कोई भी कितना भी कट्टर श्वे० आचार्य छोड नही सकता था।

अनेकान्त पत्रके पाचवे वर्षके अकोमे इस श्लोकके ऊपर अनुकूल-प्रतिकूलचरचा चल चुकी है। फिर भी मेरा मत उपर्युक्त कारणोके आधारसे इस श्लोकको मूलसूत्रकारकृत माननेका नहीं है। (यह श्लोक पूज्यपाद ने सर्वार्थसिद्धि टीकाके प्रारम्भमे बनाया है इस निश्चयको बदलनेका कोई प्रबल हेतु अभीतक मेरी समझमे नही आया।)

लोकवर्णन और भूगोल–जैनधर्म और जैन दर्शन जिसप्रकार अपने सिद्धान्तोके स्वतन्त्र प्रतिपादक होनेसे अपना मौलिक और स्वतन्त्र अस्तित्व रखते हैं उस प्रकार जैन गणित या जैन भूगोल आदिका स्वतन्त्र स्थान नही है। 'कोई भी गणित हो, वह दो और दो चार ही कहेगा। आजके भूगोलको चाहे जैन लिखे या अजैन जैसा देखेगा या सुनेगा वैसा ही लिखेगा। उत्तरमे हिमालय और दक्षिणमे कन्याकुमारी ही जैन भूगोलमे रहेगी। तथ्य यह है कि धर्म और दर्शन जहाँ अनुभवके आधारपर परिवर्तित और सशोधित होते रहते है वहाँ भूगोल अनुभवके अनुसार नही किन्तु वस्तुगत परिवर्तनके अनुसार बदलता है। एक नदी जो पहिले अमुक गावसे बहती थी कालक्रमसे उसकी धारा मीलो दूर चली जाती है। भूकम्प, ज्वालामुखी और बाढ आदि प्राकृतिक परिवर्तनकारणोसे भूगोलमे इतने बडे परिवर्तन हो जाते है जिसकी कल्पना भी मनुष्यको नही हो सकती। हिमालयके अमुक भागोमे मगर और बडी बडी मछलियोके अस्थि-पजरोका मिलना इस बातका अनुमापक है कि वहाँ कभी जलीय भाग था। पुरातत्त्वके अन्वेषणोने ध्वसावशेषोसे यह सिद्ध कर दिया है कि भूगोल कभी स्थिर नही रहता वह कालक्रमसे बदलता जाता है। राज्य परिवर्तन भी अन्त भौगिलिक सीमाओको बदलनेमे कारण होते है। पर समग्र भूगोलका परिवर्तन मुख्यतया जलका स्थल और स्थलका जलभाग होनेके कारण ही होता है। गाँवो और नदियोके नाम भी उत्तरोत्तर अपभ्रष्ट होते जाते है और कुछके कुछ बन जाते है। इस तरह कालचक्रका ध्रुवभावी प्रभाव भूगोलका परिवर्तन बराबर करता रहता है। जैन शास्त्रोमे जो भूगोल और खगोलका वर्णन मिलता है उसकी परम्परा करीब तीन हजार वर्ष पुरानी है। आजके भूगोलसे उसका मेल भले ही न बैठे पर इतने मात्रसे उस परम्पराकी स्थिति सर्वथा सन्दिग्ध नही कही जा सकती। आजसे २॥-३हजारवर्ष पहिले सभी सम्प्रदायोमे भूगोल और खगोलके विषयमे प्राय यही परम्परा प्रचलित थी जो जैन परम्परामे निबद्ध है। बौद्ध वैदिक और जैन तीनो परम्पराके भूगोल और खगोल सम्बन्धी वर्णन करीब करीब एक जैसे हैं। वही जम्बूद्वीप, विदेह, सुमेरु, देवकुरु,उत्तरकुरु, हिमवान्, आदि नाम और वैसीही लाखो योजनकी गिनती। (इनका तुलनात्मक अध्ययन हमे इस निष्कर्षपर पहुँचाता है कि उस समय भूगोल और खगोलकी जो परम्परा श्रुतानुश्रुत परिपाटीसे जैनाचार्योको मिली उसे उन्होने लिपिबद्ध कर दिया है। उस समय भूगोलका यही रूप रहा होगा जैसा कि हमे प्राय भारतीय परम्पराओमे मिलता है। आज हमे जिस रूपमे मिलता है उसे उसी रूपमे माननेमे क्या आपत्ति है? भूगोलका रूप सदा शाश्वत तो रहता नही। जैन परम्परा इस ग्रन्थके तीसरे और चौथे अध्यायके पढनेसे ज्ञात हो सकती है।) बौद्ध और वैदिक परम्पराके भूगोल और खगोलका वर्णन इस प्रकार है—

बौद्ध परम्परा अभिधर्मकोशके आधारसे—

असख्यात वायुमण्डल है जो कि नीचेके भागमे सोलह लाख योजन गम्भीर है। जलमण्डल ११२०००० योजन गहरा है। जलमण्डलमे ऊपर ८००००० योजन भागको छोडकर नीचेका भाग ३२०००० योजन भाग सुवर्णमय है। जलमण्डल और काञ्चनमण्डलका व्यास १२०३४५० योजन है और परिधि ३६४०३५० योजन है।

काञ्चनमण्डलमे मेरु, युगन्धर, ईषाधर, खदिरक्, सुदर्शन, अश्वकर्ण, वितनक और निमिन्धर ये ८ पर्वत है। ये पर्वत एक दूसरेको घेरे हुए है। निमिन्धर पर्वतको घेरकर जम्बूद्वीप, पूर्वविदेह, अवर-गोदानीय और उत्तरकुरु ये चार द्वीप है। सबसे बाहर चक्रवाल पर्वत है। सात पर्वत सुवर्णमय है। चक्रवाल लोहमय है। मेरुके ४ रग है। उत्तरमे सुवर्णमय, पूर्वमे रजतमय, दक्षिणमे नीलमणिमय और पश्चिममे वैदूर्यमय है। मेरु पर्वत ८०००० योजन जलके नीचे है और इतना ही जलके ऊपर है। मेरु पर्वतकी ऊँचाईसे अन्य पर्वतोकी ऊँचाई क्रमश आधी आधी होती गई है। इस प्रकार चक्रवाल पर्वतकी ऊँचाई ३१२ ॥ योजन है। सब पर्वतोका आधा भाग जलके ऊपर है। इन पर्वतोके बीचमे सात सीता (समुद्र) है। प्रथम समुद्रका विस्तार ८०००० योजन है। अन्य समुद्रोका विस्तार क्रमश आधा-आधा होता गया है। अन्तिम समुद्रका विस्तार ३२०००० योजन है।

मेरुके दक्षिण भागमे जम्बूद्वीप शकटके समान अवस्थित है। मेरुके पूर्व भागमे पूर्वविदेह अर्धचन्द्राकार है। मेरुके पश्चिम भागमे अवरगोदानीय मण्डलाकार है। इसकी परिधि ७५०१ योजन है। और व्यास २५०० योजन है। मेरुके उत्तरभागमे उत्तर कुरुद्वीप चतुष्कोण है। इसकी सीमाका मान ८००० योजन है। चारो द्वीपोके मध्यमे आठ अन्तर द्वीप है। उनके नाम ये है—देह, विदेह, पूर्वविदेह, कुरु कौरव, चामर, अवर चामर, शाठ और उत्तरमत्री। मार द्वीपमे राक्षस रहते है। अन्य द्वीपोमे मनुष्य रहते है।

जम्बूद्वीपके उत्तर भागमे पहले तीन फिर तीन और फिर तीन इस प्रकार ९ कीटाद्रि है। इसके बाद हिमालय है। हिमालयके उत्तरमे पचास योजन विस्तृत अनवतप्त नामका सरोवर है। इसके बाद गन्धमादन पर्वत है। अनवतप्त सरोवरसे गगा, सिधु, वक्षु और सीता ये चार नदियाँ निकली है। अनवतप्तके समीपमे जम्बूवृक्ष है जिससे इस द्वीपका नाम जम्बूद्वीप पडा।

जम्बू द्वीपके नीचे बीस योजन परिमाण अवीचि नरक है। इसके बाद प्रतापन, तपन, महारौरव रौरव, सघात, कालसूत्र और सजीवक—ये सात नरक है। इस प्रकार कुल आठ नरक है। नरकोमे चारो पार्श्वोमे असिपत्रवन, श्यामशबलश्वस्थान, अय शाल्मलीवन और वैतरणी नदी ये चार उत्सद (अधिक पीडाके स्थान) है। जम्बू द्वीपके अधोभागमे तथा महानरकोके धरातलमे आठ शीतलनरक भी है। उनके नाम निम्न प्रकार है—अर्बुद, निरर्बुद, अटट, हहव, उत्पलपद्म और महापद्म।

मेरु पर्वतके अधोभागमे (अर्थात् युगन्धर पर्वतके समतलमे) चन्द्रमा और सूर्य भ्रमण करते है। चन्द्रमण्डलका विस्तार ५० योजन है तथा सूर्यमण्डलका विस्तार ५१ योजन है। चारो द्वीपोमे एक साथ ही अर्धरात्रि, सूर्यास्त, मध्यान्ह और सूर्योदय होते है, अर्थात् जिस समय जम्बूद्वीपमे मध्याह्न होता है उसी समय उत्तरकुरुमे अर्धरात्रि, पूर्वविदेहमे सूर्यास्त और अवरगोदानीयमे सूर्योदय होता है। चन्द्रमाकी विकलागताका दर्शन सूर्यके समीप होनेसे तथा अपनी छायासे आवृत होनेके कारण होता है।

मेरुके चार विभाग है। ये चारो विभाग क्रमश दस हजार योजन के अन्तरालसे ऊपर है। पूर्वमे पहिले विभागमे करोटपाणि यक्ष रहते है। इनका राजा धृतराष्ट्र है। दक्षिणमे द्वितीयभागमे मालाधर यक्ष रहते है। इनका राजा विरुढक है। पश्चिममे तीसरे भागमे सदाम्द देव रहते है। इनका राजा विरूपाक्ष है। उत्तरमे चौथे भागमे चातुर्महाराजिक देव रहते है। इनका राजा वैश्रवण

है। मेरुके समान अन्य सात पर्वतोमे भी देव रहते हैं।

त्रयस्त्रिश स्वर्गलोक का विस्तार ८०००० योजन है। वहा चारो दिशाओंके बीच मे वज्रपाणि-देव रहते है। त्रायस्त्रिशलोकके मध्यभागमे सुदर्शन नामका सुवर्णमय नगर है। इस नगरके मध्यमे वैजयन्त नामका इन्द्रका प्रासाद है। यह नगर बाह्य भागमे चार उद्योनोसे सुशोभित है। इन उद्यानोकी चारो दिशाओमे वीस योजनके अन्तरालसे देवोके क्रीडास्थल है। पूर्वोत्तर दिग्भागमे पारिजात देवद्रुम है। दक्षिण-पश्चिम भागमे सुधर्मा नामकी देव सभा है। त्रायस्त्रिश लोकसे ऊपर याम, तुषित, निर्माणरति, और परनिर्मित-वशवर्ती देव विमानोमे रहते है। महाराजिक और त्रायस्त्रिशदेव मनुष्योके समान कामसेवन करते है। याम आलिगनसे, तुषित पाणिसयोगसे, निर्माणरति हास्यसे और परनिर्मितवशवर्ती देव अवलोकनसे कामसुखका अनुभव करते है। कामधातुमे देव पाच या दस वर्षके बालक जसे उत्पन्न होते है। रूप-धातुमे पूर्ण शरीरधारी और वस्त्र सहित उत्पन्न होते है। ऋद्धिवल अथवा अन्य देवोकी सहायताके विना देव अपने ऊपर देवलोकको नही देख सकते।

जम्बूद्वीपवासी मनुष्योका परिमाण (शरीरकी ऊँचाई) ३॥ या ४ हाथ है। पूर्वविदेहवासी मनुष्यो का परिणाम ७ या ८ हाथ है। गोदानीयवासियो का परिमाण १४ या १६ हाथ है। और उत्तर कुरुवासी मनुष्योका परिमाण २८ या ३२ हाथ है। चातुर्महाराजिक देवोका परिमाण पावकोश त्रायस्त्रिशदेवोका आधाकोश, यामोका पौनकोश, तुषितोका एक कोश, निर्माणरतियोका सवाकोश और परिनिर्मितवशवर्ती देवोका परिमाण डेड कोश है।

उत्तरकुरुमे मनुष्योकी आयु एक हजार वर्ष है। पूर्व विदेहमें ५०० वर्ष आयु है। गोदानीयमें २५० वर्ष आयु है। लेकिन जम्बू-द्वीपमे मनुष्योकी आयु निश्चित नही है। कल्पके अन्तमे दस वर्ष की आयु रह जाती है। उत्तरकुरुमे आयुके वीचमे मृत्यु नही होती है। अन्य पूर्वविदेह आदि द्वीपोमे तथा देवलोकमे वीचमे मृत्यु होती है।

वैदिक परम्परा योगदर्शन-व्यासभाष्यके आधारसे—

भुवन विन्यास—लोक सात होते है। प्रथम लोकका नाम भूलोक है। अन्तिम अवीचि नरकसे लेकर मेरुपृष्ठ तक भूलोक है। द्वितीय लोक का नाम अन्तरिक्ष लोक है। मेरुपृष्ठसे लेकर ध्रुव तक अन्त-रिक्ष लोक है। अन्तरिक्षलोकमे ग्रह, नक्षत्र और तारा है। इसके ऊपर स्वर्लोक है। स्वर्लोकके भेद है—माहेन्द्रलोक, प्राजापत्यमहर्लोक, ओर ब्रह्मलोक आदि। ब्रह्मलोकके तीन भेद है—जनलोक, तपोलोक और सत्यलोक। इस प्रकार स्वर्लोकके पाच भेद होते है।

अवीचिनरकसे ऊपर छह महानरक है। उनके नाम निम्न प्रकार है—महाकाल, अम्बरीष, रौरव, महारौरव, कालसूत्र और अन्धतामिस्र। ये नरक क्रमश घन (शिलाशकल आदि पार्थिव पदार्थ), सलिल, अनल, अनिल, आकाश और तमके आधार (आश्रय) है। महानरकोके अतिरिक्त कुम्भीपाक आदि अनन्त उपनरक भी है। इन नरकोमे अपने अपने कर्मोके अनुसार दीर्घायुवोले प्राणी उत्पन्न होकर दुख भोगते है। अवीचिनरकसे नीचे सात पाताललोक है जिनके नाम निम्न प्रकार है—महातल, रसातल, अतल, सुतल, वितल, तलातल और पाताल।

भूलोकका विस्तार—इस पृथ्वीपर सात द्वीप है। भूलोकके मध्यमे सुमेरु नामक स्वर्णमय पर्वत-राज है जिसके शिखर रजत, वैडूर्य, स्फटिक, हेम और मणिमय है। सुमेरु पर्वतके दक्षिणपूर्वमे जम्बू नामका वृक्ष है जिसके कारण लवणोदधिसे वेष्टित द्वीपका नाम जम्बूद्वीप है। सूर्य निरन्तर मेरुकी प्रद-क्षिणा करता रहता है। मेरुसे उत्तरदिशामे नील श्वेत और शृगवान् ये तीन पर्वत है। प्रत्येक पर्वतका विस्तार दो हजार योजन है। इन पर्वतोके बीचमे रमणक, हिरण्यमय और उत्तरकुरु ये तीन क्षेत्र है। प्रत्येक क्षेत्रका विस्तार नौ योजन है। नीलगिरि मेरुसे लगा हुआ है। नीलगिरिके उत्तरमे रमणक क्षेत्र है। श्वेत—

पर्वतके उत्तरमे हिरण्यमय क्षेत्र है। शृगवान् पर्वतके उत्तरमे उत्तरकुरु है। मेरुसे दक्षिणदिशामे भी निषध, हेमकूट और हिम नामक दो दो हजार योजन विस्तारवाले तीन पर्वत है। इन पर्वतोके बीचमे हरि-वर्ष, किम्पुरुष और भारत ये तीन क्षेत्र है। प्रत्येक क्षेत्रका विस्तार नौ हजार योजन है।

मेरुसे पूर्वमे माल्यवान् पर्वत है। माल्यवान् पर्वतसे समुद्रपर्यन्त भद्राश्व नामक देश है—इस देशमे भद्राश्वनामक क्षेत्र है। मेरुसे पश्चिममे गन्धमादन पर्वत है। गन्धमादन पर्वतसे समुद्रपर्यन्त केतुमाल नामक देश है—क्षेत्रका नाम भी केतुमाल है। मेरुके अधोभागमे इलावृत नामक क्षेत्र है। इसका विस्तार पचास हजार योजन है। इस प्रकार जम्बूद्वीपमे नौ क्षेत्र है। एक लाख योजन विस्तारवाला यह जम्बूद्वीप दो लाख योजन विस्तारवाले लवण समुद्रसे घिरा हुआ है। जम्बूद्वीपके विस्तारसे क्रमश दूने दूने विस्तार वाले छह द्वीप और है—शाक, कुश, क्रौञ्च, शाल्मल, मगध और पुष्करद्वीप। सातो द्वीपोको घेरे हुए सात समुद्र है। जिनके पानीका स्वाद क्रमश इक्षुरस, सुरा, घृत, दधि माड, दूध और मीठा जैसा है। सातो द्वीप तथा सातो समुद्रोका परिमाण पचास करोड योजन है।

पातालोमे, समुद्रोमे और पर्वतोपर असुर, गन्धर्व, किन्नर, किम्पुरुष, यक्ष, राक्षस, भूत, प्रेत, पिशाच आदि देव रहते है। सम्पूर्ण द्वीपोमे पुण्यात्मा देव और मनुष्य रहते है। मेरु पर्वत देवोकी उद्यानभूमि है। वहा मिश्रवन, नन्दन, चैत्ररथ, सुमानस इत्यादि उद्यान है। सुधर्मा नामकी देवसभा है। सुदर्शन नगर है तथा इस नगरमे वैजयन्त प्रासाद है। ग्रह, नक्षत्र और तारा ध्रुव (ज्योतिर्विशेष) मेरुके ऊपर स्थित है। इनका भ्रमण वायुके विक्षेपसे होता है।

स्वर्लोकका वर्णन—माहेन्द्रलोकमे छह देवनिकाय है–त्रिदश, अग्निष्वात्तायाम्य, तुषित, अपरिनिर्मितवशवर्ति और परिनिर्मितवशवर्ति। ये देव सकल्पसिद्ध (सकल्पमात्रसे सबकुछ करनेवाले) अणिमा आदि ऋद्धि तथा ऐश्वर्यसे सपन्न, एक कल्प की आयु वाले, औपपादिक (माता पिताके सयोगके विना लक्षण-मात्रमे जिनका शरीर उत्पन्न हो जाता है) तथा उत्तमोत्तम अप्सराओसे युक्त होते है। महर्लोकमे पाच देवनिकाय है–कुमुद, ऋभव, प्रतर्दन, अञ्जनाभ और प्रचिताभ। ये देव महाभूतोको वशमे रखनेमे स्वतत्र होते है तथा ध्यानमात्रसे तृप्त हो जाते है। इनकी आयु एक हजार कल्पकी है। प्रथम ब्रह्मलोक (जनलोकमे) चार देवनिकाय है–ब्रह्मपुरोहित, ब्रह्मकायिक, प्रब्रह्ममहाकायिक और अमर। ये देव भूत और इन्द्रियोको वशमे रखने वाले होते है। ब्रह्मपुरस्थित देवोकी आयु दो हजार कल्पकी है। अन्य देवनिकायोमे आयु क्रमश दूनी दूनी है। द्वितीय ब्रह्मलोकमे (तपोलोकमे) तीन देवनिकाय है—आभास्वर, महाभास्वर और सत्यमहाभास्वर। ये देव भूत और इन्द्रिय और अन्त करणको वशमे रखने-वाले होते है। इनकी आयु पहले निकायकी अपेक्षा क्रमश दूनी है। ये देव ऊर्ध्वरेतस् होते है तथा ध्यानमात्र से तृप्त हो जाते है। इनका ज्ञान ऊर्ध्वलोक तथा अधोलोकमे अप्रतिहत होता है। तृतीय ब्रह्मलोक (सत्य-लोक)मे चार देवनिकाय है—अच्युत, शुद्धनिवास, सत्याभ और सज्ञा सज्ञि। इन देवोके घर नही होते। इनका निवास अपनी आत्मामे ही होता है। क्रमश ये ऊपर स्थित है। प्रधान (प्रकृति) को वशमे रखने वाले तथा एक सर्गकी आयुवाले है। अच्युतदेव सवितर्क ध्यानसे सुखी रहते है। शुद्धनिवासदेव सविचार ध्यानसे सुखी रहते है। सत्याभदेव आनन्दमात्र ध्यानसे सुखी रहते है। सज्ञासज्ञि देव अस्मिता-मात्र ध्यानसे सुखी रहते है। ये सात लोक तथा अवान्तर सात लोक सब ब्रह्मलोक (ब्रह्माण्ड) के अंतर्गत है।

वैदिक परम्परा श्रीमद्भागवतके आधारसे–

भूलोकका वर्णन—यह भूलोक सात द्वीपोमे विभाजित है। जिनमे प्रथम जम्बूद्वीप है। इसका विस्तार एक लाख योजन है तथा यह कमलपत्रके समान गोलाकार है।

इस द्वीपमे आठ पर्वतोसे विभक्त नौ क्षेत्र है। प्रत्येक क्षेत्रका विस्तार नौ हजार योजन है। मध्यमे इलावृत नामका क्षेत्र है। इस क्षेत्रके मध्यमे सुवर्णमय मेरु पर्वत है। मेरुकी ऊँचाई नियुतयोजन

प्रमाण है। मूलमे मेरु पर्वत सोलह हजार योजन पृथ्वीके अन्दर है तथा शिखर पर बत्तीस हजार योजन फैला हुआ है। मेरुके उत्तरमे नील, श्वेत तथा शृगवान् ये तीन मर्यादागिरि है जिनके कारण रम्यक, हिरण्मय और कुरुक्षेत्रोका विभाग होता है। इसी प्रकार मेरुसे दक्षिणमे निषध, हेमकूट, हिमालय ये तीन पर्वत है जिनके द्वारा हरिवर्ष, किम्पुरुष और भारत इन तीन क्षेत्रोका विभाग होता है। इलावृत क्षेत्रसे पश्चिममे माल्यवान् पर्वत है जो केतुमाल देशकी सीमा का कारण है। इलावृतसे पूर्वमे गन्धमादन पर्वत है जससे भद्राश्व देशका विभाग होता है। मेरुके चारो दिशाओमे मन्दर, मेरुमन्दर, सुपार्श्व और कुमुद ये चार अवष्टम्भ पर्वत है। चारो पर्वतोपर आम्र, जम्बू, कदम्ब और न्यग्रोध ये चार विशालवृक्ष है। चारो पर्वतोपर चार तालाब है जिनका जल दूध, मधु, इक्षुरस तथा मिठाई जैसे स्वादका है। नन्दन, चैत्ररथ, वैभ्राजक और सर्वतोभद्र ये चार देवोद्यान है। इन उद्योनोमे देव देवागनाओ सहित विहार करते है। मन्दर पर्वतके ऊपर ११ सौ योजन ऊँचे आम्र वृक्षसे पर्वतके शिखर जैसे स्थूल और अमृतके समान रस-वाले फल गिरते है। मन्दर पर्वतसे अरुणोदा नदी निकलकर पूर्व मे इलावृत क्षेत्रमे बहती है। अरुणोदा नदीका जल आम्र वृक्षके फलोके कारण अरुण रहता है। इसी प्रकार मेरुमन्दर पर्वतके ऊपर जम्बूद्वीप वृक्षके फल गिरते है। मेरुमन्दरपर्वतसे जम्बू नामकी नदी निकलकर दक्षिणमे इलावृत क्षेत्रमे बहती है। जम्बूवृक्षके फलोके रससे युक्त होनेके कारण इस नदीका नाम जम्बू नदी है। सुपार्श्व पर्वत पर कदम्ब वृक्ष है। सुपार्श्व पर्वतसे पाच नदिया निकलकर पश्चिममे इलावृत क्षेत्रमे बहती है। कुमुद पर्वत पर शातवल्श नामका बट वृक्ष है। कुमुद पर्वतसे पयोनदी, दधिनदी, मधुनदी, घृतनदी, गुडनदी, अन्ननदी, अम्बरनदी, शय्यासननदी, आभरणनदी आदि सब कामोको तृप्त करनेवाली नदिया निकलकर उत्तरमे इलावृत क्षेत्रमे बहती है। इन नदियोके जलके सेवन करनेसे कभी भी जरा, रोग, मृत्यु, उपसर्ग आदि नही होते है। मेरुके मूलमे कुरग, कुरर, कुसुम्भ आदि वीस पर्वत है। मेरुसे पूर्वमे जठर और देवकूट, पश्चिममे पवन और परिपात्र, दक्षिणमे कैलास और करवीर, उत्तरमे त्रिशृग और मकर इस प्रकार आठ पर्वत है। मेरुके शिखर पर भगवान की शातकौम्भी नामकी चतुष्कोण नदी है। इस नगरीके चारो ओर आठ लोकपालोके आठ नगर है।

सीता, अलकनन्दा, चक्षु और भद्रा इस प्रकार चार नदिया चारो दिशाओमे बहती हुई समुद्रमे प्रवेश करती है। सीता नदी ब्रह्मसदनकेसर ,अचल आदि पर्वतोके शिखरोसे नीचे नीचे होकर गन्धमादन पर्वतके शिखरपर गिरकर भद्राश्व क्षेत्रमे बहती हुई पूर्वमे क्षार समुद्रमे मिलती है। इसी प्रकार चक्षु नदी माल्य-वान् पर्वतके शिखरसे निकलकर केतुमाल क्षेत्रमे बहती हुई समुद्रमे मिलती है। भद्रा नदी मेरुके शिखरसे निकलकर शृगवान् पर्वतके शिखरसे होकर उत्तरकुरुमे बहती हुई उत्तरके समुद्रमे मिलती है। अलक-नन्दा नदी ब्रह्मसदन पर्वतसे निकलकर भारतक्षेत्रमे बहती हुई दक्षिणके समुद्रमे मिलती है। इसी प्रकार अनेक नद और नदिया प्रत्येक क्षेत्रमे बहती है। भारतवर्ष ही कर्मक्षेत्र है। शेष आठ क्षेत्र स्वर्गवासी पुरुषोके स्वर्गभोगसे बचे हुए पुण्योके भोगनेके स्थान है।

अन्य द्वीपोका वर्णन–जिस प्रकार मेरु पर्वत जम्बूद्वीपसे घिरा हुआ है उसी प्रकार जम्बूद्वीप भी अपने ही समान परिमाण और विस्तारवाले खारे जलके समुद्रसे परिवेष्टित है। क्षार समुद्रभी अपनेसे दूने प्लक्षद्वीपसे घिरा हुआ है। जम्बूद्वीपमे जितना बडा जामुनका पेड है उतने ही विस्तारवाला यहा प्लक्ष (पाकर)का वृक्ष है। इसीके कारण इसका नाम प्लक्षद्वीप हुआ। इस द्वीपमे शिव, यवस सुभद्र, शान्त, क्षेम, अमृत और अभय ये सात क्षेत्र है। मणिकूट, वज्रकूट, इन्द्रसेन, ज्योतिष्मान् सुपर्ण, हिरण्य-ष्ठीव और मेखमाल ये सात पर्वत है। अरुण, नृम्ण, आगिरसी, सावित्री, सुप्रभाता, ऋतम्भरा और सत्यम्भरा ये सात नदिया है।

प्लक्षद्वीप अपने ही समान विस्तारवाले इक्षुरसके समुद्रसे घिरा हुआ है। उससे आगे उससे दुगुने परिमाणवाला शाल्मली द्वीप है जो उतने ही परिमाणवाले मदिराके सागरसे घिरा हुआ है। इस द्वीपमे

शाल्मली (सेमर)का वृक्ष है जिसके कारण इस द्वीपका नाम शाल्मलीद्वीप हुआ। इस द्वीपमे सुरोचन, सौमनस्य, रमणक, देववर्ष, पारिभद्र और अविज्ञात ये सात क्षेत्र है। स्वरस, शतश्रृंग, वामदेव, कुन्द, मुकुन्द, पुष्पवर्ष और सहस्रश्रुति ये सात पर्वत है। अनुमति, सिनीवाली, सरस्वती, कुहु, रजनी, नन्दा और राका ये नदिया है।

मदिराके समुद्रसे आगे उसके दूने विस्तारवाला कुशद्वीप है। यह द्वीप अपने ही परिमाणवाले घृतके समुद्रसे घिरा हुआ है। इसमे एक कुशोका झाड है इसीसे इस द्वीपका नाम कुशद्वीप है। इस द्वीपमे भी सात क्षेत्र है। चक्र, चतु श्रृग, कपिल, चित्रकूट, देवानीक ऊर्ध्वरोमा और द्रविण ये सात पर्वत है। रसकुल्या, मधुकुल्या, मित्रवृन्दा, देवगर्भा, घृतच्युता और मन्त्रमाला ये सात नदिया है।

घृत समुद्रसे आगे उससे द्विगुण परिमाणवाला क्रौञ्चद्वीप है। यह द्वीप भी अपने समान विस्तार-वाले दूधके समुद्रसे घिरा हुआ है। यहा क्रौञ्च नामका एक बहुत बडा पर्वत है उसीके कारण इसका नाम क्रौञ्च द्वीप हुआ। इस द्वीपमे भी सात क्षेत्र हैं। शुक्ल, वर्धमान, भोजन, उपबर्हिण, नन्द, नन्दन और सर्वतोभद्र ये सात पर्वत है। तथा अभया, अमृतौघा, आर्यका, तीर्थवती, वृतिरूपवती, पवित्रवती और शुक्ला ये सात नदिया है।

इसी प्रकार क्षीरसमुद्रसे आगे उसके चारो ओर बत्तीस लाख योजन विस्तारवाला शाकद्वीप है जो अपने ही समान परिमाणवाले मठेके समुद्रसे घिरा हुआ है। इसमे शाक नामका एक बहुत बडा वृक्ष है वही इस द्वीपके नामका कारण है। इस द्वीपमे भी सात क्षेत्र सात पर्वत तथा सात नदियाँ है।

इसी प्रकार मठेके समुद्रसे आगे उससे दूने विस्तारवाला पुष्कर द्वीप है। वह चारो ओर अपने समान विस्तारवाले मीठे जलके समुद्रसे घिरा हुआ है। वहा एक बहुत बडा पुष्कर (कमल) है जो इस द्वीपके नामका कारण है। इस द्वीपके बीचोबीच इसके पूर्वीय और पश्चिमीय विभागोकी मर्यादा निश्चित करनेवाला मानसोत्तर नामका एक पर्वत है। यह दस हजार योजन ऊँचा और इतना ही लम्बा है।

इस द्वीपके आगे लोकालोक नामका एक पर्वत है। लोकालोक पर्वत सूर्यसे प्रकाशित और अप्रकाशित भूभागोके बीच मे स्थित है इसीसे इसका यह नाम पडा। यह इतना ऊँचा और इतना लम्बा है कि इसके एक ओरसे तीनो लोकोको प्रकाशित करने वाली सूर्यसे लेकर ध्रुव पर्यंत समस्त ज्योतिमण्डलकी किरणे दूसरी ओर नही जा सकती।

समस्त भूगोल पचास करोड योजन है। इसका चौथाई भाग (१२॥ करोड योजन) यह लोकालोक पर्वत है।

इस प्रकार भूलोक का परिमाण समझना चाहिए। भूलोकके परिमाणके समान ही द्युलोकका भी परिमाण है। इन दोनो लोकोके बीचमे अन्तरिक्ष लोक है, जिसमे सूर्य, चन्द्रमा, ग्रह, नक्षत्र और ताराओका निवास है। सूर्यमण्डलका विस्तार दस हजार योजन है और चन्द्रमण्डलका विस्तार बारह हजार योजन है।

अतल आदि नीचेके लोको का वर्णन—भूलोकके नीचे अतल, वितल, सुतल, तलातल, महातल, रसातल, और पाताल नामके सात भू-विवर (बिल) है। ये क्रमश नीचे नीचे दस दस हजार योजनकी दूरी पर स्थित है। प्रत्येक बिलकी लम्बाई चौडाई भी दस दस हजार योजनकी है। ये भूमिके बिल भी एक प्रकारके स्वर्ग है। इनमे स्वर्गसे भी अधिक विषयभोग ऐश्वर्य, आनन्द, सन्तानसुख और धन-सपत्ति है।

नरकोका वर्णन—समस्त नरक अट्ठाइस है। जिनके नाम निम्न प्रकार है—तामिस्र, अन्ध-तामिस्र, रौरव, महारौरव, कुम्भीपाक, कालसूत्र, असिपत्रवन, सूकरमुख, अन्धकूप, कृमिभाजन, सन्दश, तप्तसूर्मि, वज्रकण्टकशाल्मली, वैतरणी, पूयोद, प्राणरोध, विशसन, लालाभक्ष, सारमेयादन, अवीचि, अय-पान, क्षारकर्दम, रक्षोगणभोजन, शूलप्रोत, दन्दशूक, अवटरोधन, पर्यावर्तन, और सूचीमुख।

जो पुरुष दूसरोके धन सन्तान, अथवा स्त्रियोका हरण करता है उसे अत्यन्त भयानक यमदूत कालपाशमे बाधकर बलात्कारसे तामिस्र नरकमे गिरा देता है। इसी प्रकार जो पुरुष किसी दूसरेको धोखा देकर उसकी स्त्री आदिको भोगता है वह अन्धतामिस्र नरकमे पडता है। जो पुरुष इस लोकमे यह शरीर ही मै हूँ और ये स्त्री धनादि मेरे है ऐसी बुद्धिसे दूसरे प्राणियोसे द्रोह करके अपने कुटुम्बके पालन पोपण मे ही लगा रहता है वह रौरव नरकमे गिरता है। जो क्रूर मनुष्य इस लोकमे अपना पेट पालनेके लिए जीवित पशु या पक्षियोको राँधता है उसे यमदूत कुम्भीपाक नरकमे ले जाकर खौलते हुए तेलमे राधते है। जो पुरुष इस लोकमे खटमल आदि जीवोकी हिंसा करता है वह अन्धकूप नरकमे गिरता है। इस लोकमे यदि कोई पुरुष अगम्या स्त्रीके साथ सम्भोग करता है अथवा कोई स्त्री अगम्य पुरुषसे व्यभिचार करती है तो यमदूत उसे तप्तसूर्मि नरकमे ले जाकर कोडोसे पीटते है। तथा पुरुपको तपाए हुए लोहेकी स्त्री-मूर्तिसे और स्त्रीको तपायी हुई पुरुष-प्रतिमासे आलिगन कराते है। जो पुरुष इस लोकमे पशु आदि सभीके साथ व्यभिचार करता है उसे यमदूत वज्रकण्टकशाल्मली नरकमे ले जाकर वज्रके समान कठोर काटोवाले सेमरके वृक्षपर चढाकर फिर नीचेकी ओर खीचते है। जो राजा या राजपुरुष इस लोकमे श्रेष्ठकुल मे जन्म पाकर भी धर्मकी मर्यादाका उच्छेद करते है वे उस मर्यादातिक्रमके कारण मरने पर वैतरणी नदीमे पटके जाते है। यह नदी नरकोकी खाईके समान है। यह नदी मल, मूत्र, पीव, रक्त, केश, नख, हड्डी, चर्बी, मास, मज्जा आदि अपवित्र पदार्थो से भरी हुई है। जो पुरुष इस लोकमे नरमेधादिके द्वारा भैरव, यक्ष, राक्षस, आदिका यजन करते है उन्हे वे पशुओकी तरह मारे गये पुरुष यमलोकमे राक्षस होकर तरह तरहकी यातनाएँ देते है तथा रक्षोगणभोजन नामक नरकमे कसाइयोके समान कुल्हाडीसे काट काटकर उसका लोहू पीते है तथा जिस प्रकार वे मासभोजी पुरुष इस लोकमे उनका मास भक्षण करके आनन्दित होते थे उसी प्रकार वे भी उनका रक्तपान करते और आनन्दित होकर नाचते-गाते है।

इसी प्रकार अन्य नरकोमे भी प्राणी अपने-अपने कर्मके अनुसार दुःख भोगते है।

वैदिक परम्परा (विष्णु पुराणके आधारसे–)

भूलोकका वर्णन–इस पृथ्वीपर सात द्वीप है जिनके नाम ये है–जम्बू प्लक्ष, शाल्मलि, कुश, क्रौञ्च, शाक और पुष्कर। ये द्वीप लवण, इक्षु, सुरा, घृत, दधि, दुग्ध और जल इन सात समुद्रोंसे घिरे हुए है।

सब द्वीपोके मध्यमे जम्बूद्वीप है। जम्बूद्वीपके मध्यमे सुवर्णमय मेरु पर्वत है जो ८४ हजार योजन ऊँचा है। मेरुके दक्षिणमे हिमवान्, हेमकूट और निषध पर्वत है तथा उत्तरमे नील, श्वेत और शृगी पर्वत है। मेरुके दक्षिणमे भारत, किम्पुरुष और हरिवर्ष ये तीन क्षेत्र है तथा उत्तरमे रम्यक, हिरण्मय और उत्तर-कुरु ये तीन क्षेत्र है। मेरुके पूर्वमे भद्रापूर्व क्षेत्र है तथा पश्चिममे केतुमाल क्षेत्र है। इन दोनो क्षेत्रोके बीचमे इलावृत क्षेत्र है। इलावृत क्षेत्रके पूर्व मे मन्दर, दक्षिणमे गन्धमादन, पश्चिममे विपुल, उत्तरमे सुपार्श्व पर्वत है। मेरुके पूर्वमे शीतान्त, चक्रमुञ्च, कुररी, माल्यवान् वैकङ्का आदि पर्वत है। दक्षिणमे त्रिकूट, शिशिर, पतङ्ग, रुचक, निषध आदि पर्वत है, पश्चिममे शिखिवास, वैदूर्य, कपिल, गन्धमादन आदि पर्वत है और उत्तरमे शखकूट, ऋषभ, हस, नाग आदि पर्वत है।

मेरुके पूर्वमे चैत्ररथ, दक्षिणमे गन्धमादन, पश्चिममे वैभ्राज और उत्तरमे नन्दनवन है। अरुणोद, महाभद्र असितोद और मानस ये सरोवर है।

मेरुके ऊपर जो ब्रह्मपुरी है उसके पाससे गगानदी चारो दिशाओमे वहती है। सीता नदी भद्रापूर्वक्षेत्रसे होकर पूर्व समुद्रमे मिलती है। अलकनन्दा नदी भारतक्षेत्रसे होकर समुद्रमे प्रवेश करती है। चक्षु नदी केतुमाल क्षेत्रमे बहती हुई समुद्रमे मिलती है और भद्रानदी उत्तरकुरुमे वहती हुई समुद्रमे प्रवेश करती है।

इलावृतक्षेत्रके पूर्वमे जठर और देवकूट, दक्षिणमे गन्धमादन और कैलाश और पश्चिममे निषध और पारिपात्र और उत्तरमे त्रिश्रृग और जारुधि पर्वत है। पर्वतोके बीचमे सिद्धचारण देवोसे सेवित खाई है और उनमे मनोहर नगर तथा वन है।

समुद्रके उत्तरमे तथा हिमालयके दक्षिणमे भारत क्षेत्र है। इसमे भरतकी सन्तति रहती है। इसका विस्तार नौ हजार योजन है। इस क्षेत्रमे महेद्र, मलय, सह्य, शुक्तिमान्, ऋक्ष, विंध्य, और पारिपात्र ये सात क्षेत्र है।

इस क्षेत्रमे इन्द्रद्वीप, कशेरुमान, ताम्रवण, गधहस्तिमान्, नागद्वीप, सौम्य, गन्धर्व, वारुण और सागरसवृत ये नव द्वीप है। हिमवान् पर्वतसे शतद्रु, चन्द्रभागा आदि नदियाँ निकली है। पारिपात्र पर्वतसे वेदमुख, स्मृतिमुख आदि नदियाँ निकली है। विध्य पर्वतसे नर्मदा, सुरसा आदि नदियाँ निकली है। ऋषि पर्वतसे तापी, पयोष्णि, निर्विन्ध्या आदि नदियाँ निकली है। सह्य पर्वतसे गोदावरी, भीमरथी, कृष्ण-वेणी आदि नदियाँ निकली है। मलय पर्वतसे कृतमाल, ताम्रपर्णी आदि नदियाँ निकली है। महेन्द्र पर्वतसे त्रिसामा, आयकुल्या, आदि नदियाँ निकली है। शुक्तिमान् पर्वतसे त्रिकुल्या, कुमारी आदि नदियाँ निकली है।

प्लक्षद्वीप–इस द्वीपमे शान्तिमय, शिगिर, सुखद, आनन्द, शिव, क्षेमक, और ध्रुव ये सात क्षेत्र हैं। तथा गोमेद्र, चन्द्र, नारद, दुन्दुभि, सामक, सुमन और वैभ्राजि ये सात पर्वत है। अनुतप्ता, शिखी, विपाशा, त्रिदिवा, क्रमु, अमृता और सुकृता, ये सात नदियाँ है।

शाल्मलिद्वीप–इस द्वीपमे श्वेत, हरित, जीमूत, रोहित, वैद्युत, मानस और सुप्रभ ये सात क्षेत्र है। कुमुद, उन्नत, वलाहक, द्रोण, कङ्क, महिष और ककुद्म ये सात पर्वत है। योनी, तोया, वितृष्णा, चन्द्रा, शुक्ला, विमोचनी और निवृत्ति ये सात नदियाँ है।

कुशद्वीप–इस द्वीपमे उद्भिद्, वेणुमत्, वैरथ, लम्बन, धृति, प्रभाकर, और कपिल ये सात क्षेत्र है। विद्रुम, हेमशैल, द्युतिमान्, पुष्पवान्, कुशेशय, हयि और मन्दराचल ये सात पर्वत है। धूतपापा, शिवा, पवित्रा, समति, विद्युदभा, मही आदि सात नदियाँ है।

क्रौञ्च द्वीप–इस द्वीपमे कुशल, मन्दक, उष्ण, पीवर, अन्धकारक, मुनि और दुन्दुभि ये सात क्षेत्र है। क्रौञ्च, वामन, अन्धकारक, देवावृत, पुण्डरीकवान्, दुन्दुभि और महाशैल ये सात पर्वत है। गौरी, कुमुद्वती, सन्ध्या, रात्रि, मनोजवा, क्षान्ति और पुण्डरीका ये सात नदियाँ है।

शाक द्वीप–इस द्वीपमे जलद, कुमार, सुकुमार, मनीचक, कुसुमोद, मौदाकि और महाद्रुम ये सात क्षेत्र है। उदयगिरि, जलाधर, वतक, श्याम अस्तगिरि, अञ्चिकेय और केसरी ये सात पर्वत है। सुकुमारी, कुमारी, नलिनी, धेनुका, इक्षु, वेणुका और गभस्ती ये सात नदियाँ है।

पुष्कर द्वीप–इस द्वीपमे महावीर और धातकीखण्ड ये दो क्षेत्र है। मानुसोत्तर पर्वत पुष्करद्वीप के बीचमे स्थित है। अन्य पर्वत तथा नदियाँ इस द्वीपमे नही है।

भूगोलकी इन परम्पराओका तुलनात्मक अध्ययन हमे इस नतीजे पर पहुँचाता है कि आजसे दो ढाई हजार वर्ष पहिले भूगोल और लोक वर्णनकी करीब करीब एक जैसी अनुश्रुतियाँ प्रचलित थी। जैन अनुश्रुतिको प्रकृत तत्त्वार्थसूत्रके तृतीय और चतुर्थ अध्यायमे निबद्ध किया गया है। लोकका पुरुषाकार वर्णन भी योगभाष्यमे पाया जाता है। अत ऐतिहासिक और उस समयकी साधनसामग्रीकी दृष्टिसे भारतीय परम्पराओका लोकवर्णन अपनी खास विशेषता रखता है। आजके उपलब्ध भूगोलमे प्राचीन स्थानोकी खोज करनेपर बहुत कुछ तथ्य सामने आ सकता है।

<u>प्रस्तुतवृत्ति</u>–इस वृत्तिका नाम तत्त्वार्थवृत्ति है जैसा कि स्वय श्रुतिसागरसूरिने ही प्रारम्भमें लिखा–है "वक्ष्ये तत्त्वार्थवृत्ति निजविभवतयाऽह श्रुतोदन्वदाख्य।" अर्थात् मै श्रुतसागर अपनी शक्तिके अनुसार तत्त्वार्थवृत्तिको कहूँगा। अध्यायोके अन्तमे आनेवाली पुष्पिकाओमे इसके 'तत्त्वार्थटीकायाम्,

'तात्पर्यसञ्ज्ञाया तत्त्वार्थवृत्तौ' ये दो प्रकारके उल्लेख मिलते है। यद्यपि द्वितीय उल्लेखमे इसका 'तात्पर्य' यह नाम सूचित किया गया है, परन्तु स्वय श्रुतसागरसूरिको तत्त्वार्थवृत्ति यही नाम प्रचारित करना इष्ट था। वे इस ग्रन्थके अन्तमे इसे तत्त्वार्थवृत्ति ही लिखते है। यथा–"एषा तत्त्वार्थवृत्ति र्यैर्विचार्यते" आदि। तत्त्वार्थटीका यह एक साधारण नाम है, जो कदाचित् पुष्पिकामे लिखा भी गया हो, पर प्रारम्भ श्लोक और अन्तिम उपसहारवाक्यमे 'तत्त्वार्थवृत्ति' इन समुल्लेखोके वलसे इसका 'तत्त्वार्थवृत्ति' नाम ही फलित होता है।

इस तत्त्वार्थवृत्तिको श्रुतसागरसूरिने स्वतत्रवृत्तिके रूपमे बनाया है। परन्तु ग्रन्थके पढते ही यह भान होता है कि यह पूज्यपादकृत सर्वार्थसिद्धिकी ही व्याख्या है। इसमे सर्वार्थसिद्धि ग्रन्थ तो प्राय. पूराका पूरा ही समा गया है। कही सर्वार्थसिद्धिकी पक्तियोको दो चार शब्द नए जोडकर अपना लिया, है, कही उनकी व्याख्या की है, कही विशेषार्थ दिया है और कही उसके पदोकी सार्थकता दिखाई है। अत प्रस्तुतवृत्तिको सर्वार्थसिद्धिकी अविकल व्याख्या तो नही कह सकते। हाँ, सर्वार्थसिद्धि को लगानेमे इससे सहायता पूरी पूरी मिल जाती है।

श्रुतसागरसूरि अनेक शास्त्रोके पण्डित थे। उनने स्वय ही अपना परिचय प्रथम अध्याय की पुष्पिका मे दिया है। उसका भाव यह है–"अनवद्य गद्य पद्य विद्याके विनोदसे जिनकी मति पवित्र है, उन मतिसागर यतिराजकी प्रार्थनाको पूरा करनेमे समर्थ, तर्क, व्याकरण, छन्द, अलङ्कार साहित्यादिशास्त्रोमे जिनकी बुद्धि अत्यन्त तीक्ष्ण है, देवेन्द्रकीर्ति भट्टारकके प्रशिष्य और विद्यानन्दिदेवके शिष्य श्रुतसागरसूरिके द्वारा रचित तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक राजवार्तिक सर्वार्थसिद्धि न्यायकुमुदचन्द्र- प्रमेयकमलमार्त्तण्ड प्रचण्ड-अष्टसहस्री आदि ग्रन्थोके पाण्डित्यका प्रदर्शन करानेवाली तत्त्वार्थटीकाका प्रथम अध्याय समाप्त हुआ।"

इन्होने अपने को स्वय कलिकालसर्वज्ञ, कलिकालगौतम, उभयभाषाकविचक्रवर्ती, तार्किका शिरोमणि, परमागमप्रवीण आदि विशेषणोसे भी अलकृत किया है।

इन्होने सर्वार्थसिद्धिके अभिप्रायके उद्घाटनका पूरा पूरा प्रयत्न किया है। सत्सख्यासूत्रमे सर्वार्थसिद्धिके सूत्रात्मक वाक्योकी उपपत्तिया इसका अच्छा उदाहरण है। जैसे–(१) सर्वार्थसिद्धिमे क्षेत्रप्ररूपणामे सयोगकेवलीका क्षेत्र लोकका असख्येय भाग असख्येय वहुभाग और सर्वलोक वताया है। इसका अभिप्राय इस प्रकार वताया है–"लोकका असख्येय भाग दण्ड कपाट समुद्घात की अपेक्षा है। सो कैसे? यदि केवली कायोत्सर्गसे स्थित है तो दण्ड समुद्घातको प्रथम समयमे बारह अगुल प्रमाण समवृत्त या मूलशरीर प्रमाण समवृत्त रूपसे करते है। यदि बैठे हुए है तो शरीरसे तिगुना या वातवलयसे कम पूर्ण लोक प्रमाण दण्ड समुद्घात करते है। यदि पूर्वाभिमुख है तो कपाट समुद्घातको उत्तर-दक्षिण एक धनुषप्रमाण प्रथम समयमे करते है। यदि उत्तराभिमुख है तो पूर्व-पश्चिम करते है। इस प्रकार लोकका असख्यातैकभाग होता है। प्रतर अवस्थामे केवली तीन वातवलयकम पूर्णलोकको निरन्तर आत्मप्रदेशोसे व्याप्त करते है। अत लोकका असख्यात वहुभाग क्षेत्र हो जाता है। पूरण अवस्थामे सर्वलाक क्षेत्र हो जाता है।

(२) वेदकसम्यक्त्वकी छचासठ सागर स्थिति–सौधर्मस्वर्गमे २ सागर, शुक्रस्वर्गमे १६ सागर, शतारमे १८ सागर, अष्टम ग्रैवेयकमे ३० सागर, इस प्रकार छ्यासठ सागर हो जाते है। अथवा सौधर्ममे दो वार उत्पन्न होनेपर ४ सागर, सनत्कुमारमे ७ सागर, ब्रह्म स्वर्गमे दस सागर, लान्तवमे १४ सागर, नवम ग्रैवेयकमे ३१ सागर, इस प्रकार ६६ सागर स्थिति होती है। अन्तिम ग्रैवेयककी स्थितिमे मनुष्यायुओका जितना काल होगा उतना कम समझना चाहिये।

(३) सासादन सम्यग्दृष्टिका लोकका देशोन ८ भाग या १२ भाग स्पर्शन–परस्थान विहारकी अपेक्षा सासादन सम्यग्दृष्टि देव नीचे तीसरे नरक तक जाते है तथा ऊपर अच्युत स्वर्ग तक। सो नीचे दो राजू और ऊपर ६ राजू, इस प्रकार आठ राजू हो जाते है। छठवे नरकका सासादन मारणान्तिक समुद्घात

मध्यलोक तक ५ राजू और लोकान्तवर्ती बादरजलकाय या वनस्पतिकायमे उत्पन्न होनेके कारण ७ राजू इस प्रकार १२ राजू हो जाते है । कुछ प्रदेश सासादनके स्पर्शयोग्य नही होते अत देशोन समझ लेना चाहिए।

इस प्रकार समस्त सूत्रमे सर्वार्थसिद्धिके अभिप्रायको खोलनेका पूर्ण प्रयत्न किया गया है । न केवल इसी सूत्रको ही, किन्तु समग्र ग्रन्थ को ही लगानेका विद्वत्तापूर्ण प्रयास किया गया है ।

परन्तु शास्त्रसमुद्र इतना अगाध और विविध भग तरगोसे युक्त है कि उसमे कितना भी कुशल अवगाहक क्यो न हो चक्करमे आ ही जाता है । इसीलिए बड़े बडे आचार्योने अपने छद्मस्थज्ञान और चचल क्षायोपशमिक उपयोग पर विश्वास न करके स्वय लिख दिया है कि—"को न विमुह्यति शास्त्रसमुद्रे ।" श्रुतसागरसूरि भी इसके अपवाद नही है । यथा—

(१) सर्वार्थसिद्धिमे "द्रव्याश्रया निर्गुणा गुणा" (५।४१) सूत्रकी व्याख्यामे 'निर्गुण' इस विशेपण की सार्थकता बताते हुए लिखा है कि—"निर्गुण इति विशेपण द्वचणुकादिनिवृत्त्यर्थम्, तान्यपि हि कारणभूतपरमाणुद्रव्याश्रयाणि गुणवन्ति तु तस्मात् 'निर्गुणा' इति विशेपणात्तानि निर्वर्तितानि भवन्ति ।" अर्थात् द्वचणुकादि स्कन्ध नैयायिको की दृष्टिसे परमाणुरूप कारणद्रव्यमे आश्रित होनेसे द्रव्याश्रित है और रूपादि गुणवाले होनेसे गुणवाले भी है अत इनमे भी उक्त गुणका लक्षण अतिव्याप्त हो जायगा । इसलिए इनकी निवृत्तिके लिए 'निर्गुणा' यह विशेषण दिया गया है । इसकी व्याख्या करते हुए श्रुतसागरसूरि लिखते है कि—

"निर्गुणा. इति विशेपण द्वचणुकत्र्यणुकादिस्कन्धनिषेधार्थम्, तेन स्कन्धाश्रया गुणा गुणा नोच्यन्ते । कस्मात् ? कारणभूतपरमाणुद्रव्याश्रयत्वात्, तस्मात् कारणात् निर्गुणा इति विशेपणात् स्कन्धगुणा गुणा न भवन्ति पर्यायाश्रयत्वात् ।" अर्थात्—'निर्गुणा' यह विशेषण द्वचणुक त्र्यणुकादि स्कन्धके निषेधके लिए है । इससे स्कन्धमे रहनेवाले गुण गुण नही कहे जा सकते क्योकि वे कारणभूत परमाणुद्रव्यमे रहते है । इसलिए स्कन्धके गुण गुण नही हो सकते क्योकि वे पर्यायमे रहते है । यह हेतुवाद बडा विचित्र है और जैन सिद्धान्त के प्रतिकूल भी । जैनसिद्धान्तमे रूपादि चाहे घटादिस्कन्धोमे रहनेवाले हो या परमाणुमे, सभी गुण कहे जाते है । ये स्कन्धके गुणोको गुण ही नही कहना चाहते क्योकि वे पर्यायाश्रित है । यदि वे यह कहते कि कारणपरमाणुओको छोडकर स्कन्धकी स्वतत्र सत्ता नही है और इसलिए स्कन्धाश्रित गुण स्वतत्र नही है तो कदाचित् सगत भी था । पर इस कथनका प्रकृत 'निर्गुण' पदकी सार्थकतासे कोई मेल नही बैठता । इस असगतिके कारण आगेके शकासमाधानमे भी असगति हो गई है । यथा—सर्वार्थसिद्धिमे है कि—घटकी सस्थान-आकार आदि पर्याएँ भी द्रव्याश्रित है और स्वय गुणरहित है अत उन्हे भी गुण कहना चाहिए । इसका समाधान यह कर दिया गया है कि जो हमेशा द्रव्याश्रित हो, रूपादि गुण सदा द्रव्याश्रित रहते है, जब कि घटके सस्थानादि सदा द्रव्याश्रित नही है । इस शका-समाधानका सर्वार्थसिद्धिका पाठ यह है—

"ननु पर्याया अपि घटसस्थानादयो द्रव्याश्रया निर्गुणाश्च, तेषामपि गुणत्व प्राप्नोति । द्रव्याश्रया इति वचनान्नित्य द्रव्यमाश्रित्य वर्तन्ते, गुणा इति विशेपणात् पर्यायाश्च निवर्तिता भवन्ति, ते हि कादाचित्का इति ।"

इस शकासमाधानको श्रुतसागर सूरि इस रूपमे उपस्थित करते है—

"ननु घटादिपर्यायाश्रिता सस्थानादयो ये गुणा वर्तन्ते, तेषामपि सस्थानादीना गुणत्वमायाति [illegible] [illegible], सतो घट[illegible] द्रव्याणीत्युच्यन्ते । [illegible] भवता । ये नित्य द्रव्यमाश्रित्य वर्तन्ते त एव गुणा भवन्ति न तु पर्यायाश्रया गुणा भवन्ति, पर्यायाश्रिता गुणा [illegible] [illegible] वर्तन्ते इति ।

इस व्याख्यामे श्रुतसागरसूरि सस्थानादिको घटादिका गुण कह रहे है, और [illegible] [illegible] [illegible] फिर भी [illegible] [illegible] क्यो किया गया है ।

(२) सर्वार्थसिद्धि (८।२)मे 'जीव' शब्दकी सार्थकता बताते हुए लिखा है कि '[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] । [illegible] [illegible] [illegible]—

दिति ।" अर्थात्–'हाथरहित अमूर्त आत्मा कैसे कर्म ग्रहण करता है' इस शका का उत्तर है 'जीव' पदका ग्रहण । प्राणधारण और आयु सवधके कारण जीव बना हुआ आत्मा कर्म ग्रहण करता है, आयुसम्बन्धसे रहित होकर सिद्ध अवस्थामे नही । यहा श्रुतसागरसूरि 'नायुर्विरहात्' वाले अशको इस रूपमे लिखते हैं– "आयु सम्बन्धविरहे जीवस्यानाहारकत्वात् एकद्वित्रिसमयपर्यन्त कर्म नादत्ते जीव एक द्वौ त्रीन् वाऽना-हारक इति वचनात् ।" अर्थात्–आयुसम्बन्धके विना जीव अनाहारक रहता है और वह एक दो तीन समय तक कर्मको ग्रहण नही करता क्योकि एक दो तीन समय तक अनाहारक रहता है ऐसा कथन है। यहा कर्मग्रहणकी बात है, पर श्रुतसागरसूरि उसे नोकर्म ग्रहणरूप आहारमे लगा रहे है, जिसका कि आयु-सम्बन्धविरहसे कोई मेल नही है । ससार अवस्थामे कभी भी जीव आयुसबधमे शून्य नहीं होता। विग्रहगतिमे भी उसके आयुसबध होता ही है ।

(३) सर्वार्थसिद्धि (८।२)मे ही 'स' शब्दकी सार्थकता इसलिए बताई गई है कि इससे गुणगुणिबन्धकी निवृत्ति हो जाती है । नैयायिकादि शुभ अशुभ क्रियाओसे आत्मामे ही 'अदृष्ट' नामके गुणकी उत्पत्ति मानते है उसीसे आगे फल मिलता है । इसे ही बन्ध कहते हैं । दूसरे शब्दोमे यही गुणगुणिबन्ध कह-लाता है । आत्मा गुणीमे अदृष्ट नामके उसीके गुणका सम्बन्ध हो गया । इसका व्याख्यान श्रुतसागर-सूरि इस प्रकार करते है–

"तेन गुणगुणिबन्धो न भवति । यस्मिन्नेव प्रदेशे जीवस्तिष्ठति तस्मिन्नेव प्रदेशे केवलज्ञाना-दिक न भवति किंतु अपरत्रापि प्रसरति ।" अर्थात्–इसलिए गुणगुणिबन्ध–गुणका गुणिके प्रदेशो तक सीमत रहना–नही होता । जिस प्रदेशमे जीव है उसी प्रदेशमे ही केवल ज्ञानादि नही रहते किन्तु वह अन्यत्र भी फैलता है । यहा, गुणगुणिबन्धका अनोखा ही अर्थ किया है, और यह दिखानेका प्रयत्न किया है कि गुणी चाहे अल्पदेशोमे रहे पर गुण उसके साथ बद्ध नहो है वह अन्यत्र भी जा सकता है । जो स्पष्ट त. सिद्धातसमर्थित नही है ।

(४) पृ० २७० प० ११ मे एकेन्द्रियके भी असप्राप्तासृपाटिका सहननका विधान किया है।

(५) पृ० २७५ मे सर्व मूलप्रकृतियोके अनुभागको स्वमुखसे विपाक मानकर भी 'मतिज्ञाना-वरणका मतिज्ञानावरणरूप से ही विपाक होता है' यह उत्तरप्रकृतिका दृष्टान्त उपस्थित किया गया है।

(६) पृ० २८१मे गुणस्थानोका वर्णन करते समय लिखा है कि मिथ्यादृष्टि गुणस्थानसे सम्यग्दृष्टि गुणस्थानमे पहुँचनेवाला जीव प्रथमप्रथमोपशम सम्यक्त्वमे ही दर्शनमोहनीयकी तीन और अनन्तानुबन्धी चार इन सात प्रकृतियोका उपशम करता है । जो सिद्धान्तविरुद्ध है क्योकि प्रथमोशमसम्यक्त्वमे दर्शनमोह-नीय की केवल एक प्रकृति मिथ्यात्व और अनन्तानुबधी चार इस तरह पाच प्रकृतियोके उपशमसे ही प्रथमोशम सम्यक्त्व बताया गया है । सातका उपशम तो जिनके एकबार सम्यक्त्व हो चुकता है उन जीवोके दुवारा प्रथमोशमके समय होता है ।

(७) आदाननिक्षेपसमितिमे—मयूरपिच्छ के अभावमे वस्त्रादिके द्वारा प्रतिलेखनका विधान किया गया है, यह दिगम्बर परम्पराके अनुकूल नही है ।

(८) सूत्र ८।४७ मे द्रव्यलिंगकी व्याख्या करते हुए श्रुतसागरसूरिने असमर्थ मुनियोको अपवाद-रूपसे वस्त्रादिग्रहण इन शब्दोमे स्वीकार किया है—

"केचिदसमर्था महर्षय शीतकालादौ कम्बलशब्दवाच्य कौशेयादिक गृहणन्ति, न तत् प्रक्षालयन्ति, न तत् सीव्यन्ति, न प्रयत्नादिक कुर्वन्ति, अपरकाले परिहरन्ति । केचिच्छरीरे उत्पन्नदोषा लज्जितत्वात् तथा कुर्वन्तीति व्याख्याना माराधनाभगवतीप्रोक्ताभिप्रायेण अपवादरूप ज्ञातव्यम् । 'उत्सर्गापवादयोरपवादो विधिर्बलवान्' इत्युत्सर्गेण तावद् यथोक्तमाचेलक्यं प्रोक्तमस्ति, आर्यसमर्थदोषवच्छरीराद्यपेक्षया अपवाद-व्याख्याने न दोष ।"

अर्थात् भगवती आराधनाके अभिप्रायानुसार असमर्थ या दोषयुक्त शरीरवाले साधु शीतकालमे वस्त्र ले लेते है, पर वे न तो उसे धोते है न सीते है और न उसके लिए प्रयत्न ही करते है, दूसरे समयमे उसे छोड देते है। उत्सर्गलिग तो अचेलकता है पर आर्या असमर्थ ओर दोषयुक्त शरीरवालोकी अपेक्षा अपवादलिगमे भी दोष नही है।

भगवती आराधना (गा० ४२१) की अपराजितसूरिकृत विजयोदया टीकामे कारणापेक्ष यह अपवादमार्ग स्वीकार किया गया है। (इसका कारण स्पष्ट है कि अपराजितसूरि यापनीयसघके आचार्य थे और यापनीय आगमवाचनाओको प्रमाण मानते थे। उन आगमोमे आए हुए उल्लेखोके समन्वयके लिए अपराजितसूरिने यह व्यवस्था स्वीकार की है।) परन्तु श्रुतसागरसूरि तो कट्टर दिगम्बर थे, वे कैसे इस चक्करमे आ गये ?

भाषा और शैली—तत्त्वार्थवृत्तिकी शैली सरल और सुबोध है। प्रत्येक स्थानमे नूतन पर सुमिल शब्दोका प्रयोग दृष्टिगोचर होता है। सैद्धान्तिक बातोका खुलासा और दर्शनगुत्थियोके सुलझानेका प्रयत्न स्थान स्थान पर किया गया है। भाषाके ऊपर तो श्रुतसागरसूरिका अद्भुत अधिकार है। जो क्रिया एक जगह प्रयुक्त है वही दूसरे वाक्यमे नही मिल सकती। प्रमाणोको उद्धृत करनेमे तो इनके श्रुतसागरत्वका पूरा पूरा परिचय मिल जाता है। इस वृत्ति मे निम्नलिखित ग्रन्थो और ग्रन्थकारोका उल्लेख नाम लेकर किया गया है। अनिर्दिष्टकर्तृक गाथाएँ और श्लोक भी इस वृत्तिमे पर्याप्त रूपमे सगृहीत है। इस वृत्तिमे उमास्वामी (उमास्वाति भी) समन्तभद्र पूज्यपाद अकलकदेव विद्यानन्दि प्रभाचन्द्र नेमिचन्द्रदेव योगीन्द्रदेव मतिसागर देवेन्द्रकीर्तिभट्टारक आदि ग्रन्थकारोके तथा सर्वार्थसिद्धि राजवार्तिक अष्टसहस्री भगवतीआराधना सस्कृतमहापुराणपजिका प्रमेयकमलमार्तण्ड न्यायकुमुदचन्द्र आदि ग्रन्थोके नामोल्लेख है। इनके अतिरिक्त सोमदेवके यशस्तिलकचम्पू आशाधरके प्रतिष्ठापाठ वसुनन्दिश्रावकाचार आत्मानुशासन आदिपुराण त्रिलोकसार पचास्तिकाय प्रवचनसार नियमसार पचसग्रह प्रमेयकमलमार्तण्ड बारसअणुवेक्खा परमात्मप्रकाश आराधनासार गोम्मटसार बृहत्स्वयभूस्तोत्र रत्नकरण्डश्रावकाचार श्रुतभक्ति पुरुषार्थसिद्धयुपाय नीतिसार द्रव्यसग्रह कातन्त्रसूत्र सिद्धभक्ति हरिवशपुराण षड्दर्शनसमुच्चय पाणिनिसूत्र इष्टोपदेश न्यायसग्रह ज्ञानार्णव अष्टागहृदय द्वात्रिंशद्द्वात्रिंशतिका शाकटायनव्याकरण तत्त्वसार सागारधर्मामृत आदि ग्रथोके श्लोक गाथा आदि उद्धृत किये गये है।

इस प्रकार यह वृत्ति अतिशयपाण्डित्यपूर्ण और प्रमाणसग्रहा है। श्रुतसागरसूरिने इसे सर्वोपयोगी बनानेका पूरा पूरा प्रयत्न किया है।

ग्रन्थकार

इस विभागमे सूत्रकार उमास्वामी और वृत्तिकारके समय आदिका परिचय कराना अवसरप्राप्त है। सूत्रकार उमास्वामीके सबधमे अनेक विवाद है—वे किस आम्नायके थे ? क्या तत्त्वार्थभाष्यके अन्तमें पाई जानेवाली प्रशस्ति उनकी लिखी है ? क्या तत्त्वार्थभाष्य स्वोपज्ञ नही है ? मूल सूत्रपाठ कौन है ? वे कब हुए थे ? आदि। इस सबधमे (श्रीमान् प० सुखलालजीने अपने तत्त्वार्थसूत्रकी प्रस्तावनामे पर्याप्त विवेचन किया है और उमास्वामीको श्वे० परम्पराका बताया है, तत्त्वार्थभाष्य स्वोपज्ञ है और उसकी प्रशस्तिमे सन्देह करनेका कोई कारण नही है।) इनने उमास्वामीके समयकी अवधि विक्रमकी दूसरीसे पाचवी सदी तक निर्धारित की है।

(श्री प० नाथूरामजी प्रेमीने भारतीय विद्याके सिघी स्मृति अकमे 'उमास्वातिका तत्त्वार्थसूत्र और उनका सम्प्रदाय" शीर्षक लेखमे उमास्वातिको यापनीय सघका आचार्य सिद्ध किया है। इसके प्रमाणमें उन्होने मैसूरके नगरताल्लुके ४६ न०के शिलालेखमे आया हुआ यह श्लोक उद्धृत किया है—

"तत्त्वार्थसूत्रकर्त्तारम् उमास्वामिमुनीश्वरम् ।
श्रुतिकेवलिदेशीयं वन्देऽहं गुणमन्दिरम् ॥"

इस श्लोकमें उमास्वामीको 'श्रुतकेवलिदेशीय' विशेषण दिया है और यही विशेषण यापनीयसंघाग्रणी शाकटायन आचार्यको भी लगाया जाता है। अतः उमास्वामी यापनीयसंघकी परम्परामें हुए हैं। इधर पं० जुगलकिशोरजी मुख्तार उमास्वामीको दिगम्बर परम्पराका स्वीकार करते हैं तथा भाष्यको स्वोपज्ञ नहीं मानते। यद्यपि यह भाष्य अकलंकदेवसे पुराना है क्योंकि इनने राजवार्तिकमें भाष्यगत कारिकाएँ उद्धृत की हैं और भाष्यमान्य सूत्रपाठकी आलोचना की है तथा भाष्यकी पंक्तियोंको वार्तिक भी बनाया है।

इस तरह तत्त्वार्थसूत्र, भाष्य और उमास्वामीके संबंधके अनेक विवाद हैं जो गहरी छानबीन और स्थिर गवेषणाकी अपेक्षा रखते हैं। मैंने जो सामग्री इकट्ठी की है वह इस अवस्थामें नहीं है कि उससे कुछ निश्चित परिणाम निकाला जा सके। अतः तत्त्वार्थवार्तिककी प्रस्तावनाके लिए यह विषय स्थगित कर रहा हूँ।

वृत्तिकर्ता श्रुतसागरसूरि वि० १६वीं शताब्दीके विद्वान् हैं। इनके समय आदिके सम्बन्धमें श्रीमान् प्रेमीजीने 'जैन साहित्य और इतिहास'में सांगोपांग विवेचन किया है। उनका वह लेख यहां साभार उद्धृत किया जाता है।

श्रुतसागरसूरि

ये मूलसंघ, सरस्वतीगच्छ, बलात्कारगणमें हुए हैं और इनके गुरुका नाम विद्यानन्दि था। विद्यानन्दि देवेन्द्रकीर्तिके और देवेन्द्रकीर्ति पद्मनन्दिके* शिष्य और उत्तराधिकारी थे। विद्यानन्दिके बाद मल्लिभूषण और उनके बाद लक्ष्मीचन्द्र भट्टारक-पदपर आसीन हुए थे। श्रुतसागर शायद गद्दीपर बैठे ही नहीं, फिर भी वे भारी विद्वान् थे। मल्लिभूषणको उन्होंने अपना गुरुभाई लिखा है।

विद्यानन्दिका भट्टारक-पट्ट गुजरातमें ही किसी स्थानपर था, परन्तु कहां पर था, इसका उल्लेख नहीं मिला§।

अत्राह कश्चित्–हेतुरूपोऽर्थः प्रचुरोऽपि दृष्टान्तसमर्थनं विना वस्तुसाधनसमर्थो न भवति **"पक्षे हेतुदृष्टान्तसाधितं वस्तु परमार्थम् ।"** [ ] इति वचनात् । इत्युपन्यासे पूर्वोक्तानामूर्ध्वगमनहेतूनां क्रमेण दृष्टान्तसूचनं सूत्रमाह—

आविद्धकुलालचक्रवद् व्यपगतलेपालांबुवदेरण्ड-बीजवदग्निशिखावच्च ॥७॥

आविद्धं भ्रामितं यत्कुलालचक्रं कुम्भकारभ्रामितम्[2] आविद्धकुलालचक्रम् । आविद्धकुलालचक्रमिव आविद्धकुलालचक्रवत् । कुम्भकारप्रयोगेण यत्कृतं करदण्डचक्रसंयोगपूर्वकं भ्रमणं तद्भ्रमणं कुम्भ[3]कारशयदण्डचक्रसंयोगे विरतेऽपि सति पूर्वप्रयोगाद् यथा आसंस्कारक्षयाच्चक्रस्य भ्रमणं भवति तथा मुक्तस्याप्यूर्ध्वगमनं भवतीति पूर्वहेतोः पूर्वदृष्टान्तः । व्यपगतलेपालांबुवत् । व्यपगतो विश्लिष्टो लेपो यस्मा[4]दलांबुफलात् शुष्कतुम्बकफलात् तद् व्यपगतलेप, तच्च तदलांबु च तुम्बफलं व्यपगतलेपालांबु, व्यपगतलेपाबु इव व्यपगतलेपाबुवत् । यथा मृत्तिकालेपोत्पादितगुरुत्वम् अलाबु जले क्षिप्तं सत् जलस्याधो गच्छति बुडति निमज्जति । जलक्लेदविश्लिष्टमृतिकाबन्धनं सत् लघुतरं सदूर्ध्वमेव गच्छति तथा जीवोऽपि विश्लिष्टकर्मकर्दम ऊर्ध्वमेव गच्छति । इति द्वितीयहेतोर्द्वितीयदृष्टान्तः । एरण्डबीजवत् । एरण्डस्य वातारिवृक्षस्य यद्बीजमेरण्डबीजम्, एरण्डबीजमिव एरण्डबीजवत् । यथैरण्डबीजकोशलक्षणबन्धच्छेदात् गतिं करोति तथा जीवोऽपि कर्मबन्धच्छेदादूर्ध्वगमनं करोति । इति तृतीयस्य

---

१ –स्योर्ध्वं गमन– आ०, द०, ज० । २ –भ्रमितम् ता० । ३ –काराशय– आ०, द०, ज० । ४ –दालाबु– ता, द० ।

हेतोस्तृतीयो दृष्टान्तः । तथा अग्निशिखावत् । अग्नेः शिखा प्रदीपकलिका अग्निशिखा अग्निशिखेव अग्निशिखावत् । यथा अग्निशिखा तिर्यग्गमनप्रकृतिमारुतसम्बन्धरहिता सती स्वभावादूर्ध्वं गच्छति तथा मुक्तजीवोऽपि कर्माऽभावे ऊर्ध्वगमनस्वभावा[1]दूर्ध्वमेव गच्छति। इति चतुर्थस्य हेतोश्चतुर्थो दृष्टान्तः । असङ्गबन्धच्छेदयोः को विशेषः ? परस्परप्राप्तिमात्रं सङ्गः । परस्परानुप्रवेशोऽविभागेनावस्थितिर्बन्ध इत्यसङ्गबन्धच्छेदयोर्भेदः । ५

अथ यद्यूर्ध्वगमनस्वभावो जीवस्तर्हि मुक्तः सन्नूर्ध्वगमनं कुर्वन्नेव त्रिभुवनमस्तकात् परतोऽपि किं न गच्छतीति प्रश्ने सति सूत्रमिदमाहुः—

धर्मास्तिकायाभावात् ॥ ८ ॥

धर्मास्तिकायस्याभावो धर्मास्तिकायाभावस्तस्माद् धर्मास्तिकायाभावात् परतो न गच्छतीति वाक्यशेषः । अस्यायमर्थः—गत्युपकारकारणं धर्मास्तिकायः, स तु धर्मा- १० स्तिकायो लोकान्तात् परतोऽलोके न वर्तते तेन मुक्तजीवः परतोऽपि न गच्छति । यदि परतोऽपि गच्छति तदा लोकालोकविभागो न भवति । तदुक्तम्—

"संते वि धम्मदव्वे अहो ण गच्छेइ तह य तिरियं वा ।
उड्ढग्गमणसहावो मुक्को जीवो हवे जम्हा ॥" [तत्त्वसा० गा० ७१]

अथ मुक्तजीवा गतिजातिप्रभृतिकर्महेतुरहिता अमी अभेदव्यवहारा भविष्यन्तीति १५ शङ्कायां कथञ्चिद् भेदव्यवहारस्थापनार्थमिदं सूत्रमाहुः—

क्षेत्रकालगतिलिङ्गतीर्थचारित्रप्रत्येकबुद्धबोधितज्ञानावगाहनान्तरसङ्ख्याल्पबहुत्वतः साध्याः ॥ ९ ॥

क्षेत्रञ्च कालश्च गतिश्च लिङ्गञ्च तीर्थञ्च चारित्रञ्च प्रत्येकबुद्धबोधितश्च ज्ञानञ्च अवगाहनञ्च अन्तरञ्च सङ्ख्या च अल्पबहुत्वञ्च क्षेत्रकालगतिलिङ्गतीर्थचारित्रप्रत्येकबुद्ध- २० बोधितज्ञानावगाहनान्तरसङ्ख्याल्पबहुत्वानि तेभ्यस्ततः । एभिर्द्वादशभिः क्षेत्रादिभिः प्रश्नैः सिद्धाः साध्या विकल्पनीया भवन्ति भेदव्यवहारवन्तो वर्तन्ते इत्यर्थः । कस्मात् ? प्रत्युत्पन्नभूतानुग्रहतन्त्रनययुग्मार्पणवशात् । प्रत्युत्पन्नो नयः ऋजुसूत्रः । भूताऽनुग्रहतन्त्रो नयो व्यवहारः । तथाहि—क्षेत्रव्यवहारस्तावत् कस्मिन् क्षेत्रे सिद्धाः सिद्ध्यन्ति । प्रत्युत्पन्नग्राहिनयात् ऋजुसूत्रनयान्निश्चयनयादिति यावत् स्वप्रदेशलक्षणे सिद्धिक्षेत्रे सिद्ध्यन्ति । भूतग्राहिनयाद् २५ व्यवहारनयादाकाशप्रदेशे जन्मोद्दिश्य पञ्चदशसु कर्मभूमिषु वा सिद्ध्यन्ति । संहरणमुद्दिश्यार्धतृतीयद्वीपलक्षणे मानुषक्षेत्रे सिद्धाः सिद्ध्यन्ति । तत्संहरणं द्विप्रकारं स्वकृतं परकृतञ्च । चारणविद्याधराणामेव स्वकृतम् । देवचारणविद्याधरैः कृतं परकृतम् । अथ कस्मिन् काले सिद्ध सिद्ध्यति ? प्रत्युत्पन्ननयादेकस्मिन्समये सिद्ध्यन् सिद्धो भवति । ऋजुसूत्राद्याश्चत्वारो

[1] –भाव ऊ–आ०, द०, ज० ।

नयाः प्रत्युत्पन्नविषया वर्तन्ते । शेषास्त्रयो नया नैगमसङ्ग्रहव्यवहाराख्या उभयविषया[1] इति वेदितव्यम् । भूतप्रज्ञापननयाज्जन्मतः संहरणाच्चेति द्विप्रकारादविशेषेण उत्सर्पिण्यवसर्पिण्योर्जातः सिद्ध्यति । विशेषेण तु अवसर्पिण्याः सुषमदुःषमाया अन्ते भागे दुःषमसुषमायाञ्च जातः सिद्ध्यति । दुःषमसुषमायां जातो दुःषमायां सिद्ध्यति । दुःषमायां जातो दुःषमायां न

५ सिद्ध्यति । [2]अन्यदा दुःषमदुःषमायां जातः सुषमसुषमायां जातः सुषमायां जातः दुःषमायाम् अन्त्यभागरहितायां सुषमदुःषमायाञ्च जातो नैव सिद्ध्यति । संहरणापेक्षया उत्सर्पिण्यवसर्पिण्याञ्च सर्वस्मिन् काले च सिद्ध्यति । अथ कस्या गतौ सिद्धः सिद्ध्यति ? सिद्धगतौ मनुष्यगतौ वा सिद्ध्यति । अथ केन लिङ्गेन सिद्धिर्भवति ? [3]अवेदत्वेन त्रिभिर्वेदैर्वा सिद्धिर्भवति भावतो न तु द्रव्यतः । द्रव्यतस्तु पुंवेदेनैव सिद्धिर्भवति । अथवा लिङ्गशब्देन निर्ग्रन्थ-

१० लिङ्गेन सिद्धिर्भवति । भूतनयापेक्षया सग्रन्थलिङ्गेन वा सिद्धिर्भवति **"साहारणासाहारणे ।"** [सिद्धभ० ५] इति वचनात् । अथ कस्मिंस्तीर्थे सिद्धिर्भवति ? तीर्थकरतीर्थे गणधरानगारकेवलिलक्षणेतरतीर्थे च सिद्धिर्भवति । अथ केन चारित्रेण सिद्धिर्भवति ? इत्यनुयोगे विशेषव्यपदेशरहितेन एषोऽहं सर्वसावद्ययोगविरतोऽस्मीत्येवं रूपेण साममायिकेन ऋजु[4]सूत्रतया यथाख्यातेनैकेन सिद्धिर्भवति । व्यवहारनयात् पञ्चभिश्चारित्रैः सिद्धिर्भवति । परिहारविशुद्धि-

१५ संज्ञकचारित्ररहितैश्चतुर्भिश्चारित्रैर्वा सिद्धिर्भवति । स्वशक्तिनिमित्तज्ञानात् प्रत्येकबुद्धाः सिद्ध्यन्ति । परोपदेशनिमित्तज्ञानात् बोधितबुद्धाः सिद्ध्यन्ति एतद्विकल्पद्वयमपि मिलित्वा एकोऽधिकारः । अथ केन ज्ञानेन सिद्धिर्भवतीति प्रश्ने ऋजुसूत्रनयादेकेन केवलज्ञानेन सिद्धिर्भवति । व्यवहारनयात् पश्चात्कृत[5]मतिज्ञानश्रुतज्ञानद्वयेन मतिश्रुतावधिज्ञानत्रयेण मतिश्रुतमनःपर्ययज्ञानत्रयेण वा सिद्धिर्भवति, मतिश्रुतावधिमनःपर्ययज्ञानचतुष्टयेन वा सिद्धि-

२० र्भवति । अस्यायमर्थः–मतिश्रुतयोः पूर्वं स्थित्वा पश्चात् केवलज्ञानं [6]समुत्पाद्य सिद्धा भवन्ति । तथा मतिश्रुतावधिषु पूर्वं स्थित्वा पश्चात् केवलमुत्पाद्य सिद्ध्यन्ति । अथवा मतिश्रुतमनःपर्ययेषु स्थित्वा केवलं लब्ध्वा सिद्ध्यन्ति । तथा मतिश्रुतावधिमनःपर्ययेषु पूर्वं स्थित्वा पश्चात् केवलमुत्पाद्य सिद्ध्यन्ति । तथा चोक्तम्—

"पच्छायडेय सिद्धे दुगतिगचदुणाणपंचचदुरयमे ।

२५ पडिवडिदापडिवडिदे संजमसंमत्तणाणमादीहिं ॥" [सिद्ध भ० ४]

अथ केनावगाहनेन निर्वृत्तिर्भवतीति प्रश्ने तदुच्यते–जीवप्रदेशव्यापित्वं तावदवगाहनमुच्यते । तदवगाहनं द्विप्रकारम् उत्कृष्टावगाहनं जघन्यावगाहनञ्चेति । तत्रोत्कृष्टमवगाहनं सपादानि पञ्चधनुःशतानि । जघन्यावगाहनमर्द्धचतुर्थारत्नयः । यः किल षोडशे वर्षे सप्तहस्त-

१ –या तु इ– आ०, द०, ज० । २ यदा आ०, द०, ज० । ३ आवेदेन आ०, द०, ज० । ४ –सूत्रनयात् आ०, द०, ज० । ५ –मतिश्रुत– ता० । ६ उत्पाद्य ता० ।

परिणामशरीरो भविष्यति स गर्भाष्टमे वर्षे अर्धचतुर्थारत्निप्रमाणो भवति, तस्य च मुक्तिर्भवति। मध्ये नाना भेदावगाहनेन सिद्धिर्भवति। सिध्यतां पुरुषाणां किमन्तरं भवतीति प्रश्ने निकृष्टत्वेन द्वौ समयौ भवतः उत्कर्षेण अष्टसमया अन्तरं भवति। द्वावपि भेदौ जघन्यस्य। जघन्येन एकः समयः। उत्कर्षेण षण्मासा अन्तरं भवति। अथ कया सङ्ख्यया सिद्ध्यन्ति? ५ जघन्येन एकसमये एकः सिद्ध्यति। उत्कर्षेण अष्टोत्तरशतसंख्या एकसमये सिद्ध्यन्ति। अथाल्पबहुत्वमुच्यते—प्रत्युत्पन्ननयात् सिद्धिक्षेत्रे सिद्ध्यन्ति तेषामल्पबहुत्वं नास्ति। भूतपूर्वनयात्तु विचार्यते—क्षेत्रसिद्धा द्विप्रकाराः जन्मक्षेत्रतः संहरणक्षेत्रतश्च। क्षेत्राणां विभागः कर्मभूमिरकर्मभूमिश्च। तथा क्षेत्रविभागः समुद्रद्वीपाः ऊर्ध्वमधस्तिर्यक् च। तत्र ऊर्ध्वलोकसिद्धा अल्पे। अधोलोकसिद्धाः संख्येयगुणाः। तिर्यक्लोकसिद्धाः संख्येयगुणाः। सर्वस्तोकाः १० समुद्रसिद्धाः। द्वीपसिद्धाः संख्येयगुणाः। एवमविशेषेण व्याख्यानम्। विशेषेण तु सर्वस्तोकाः लवणोदसिद्धाः। कालोदसिद्धाः संख्येयगुणाः। जम्बूद्वीपसिद्धाः संख्येयगुणाः। धातकीखण्डसिद्धाः संख्येयगुणाः। पुष्करद्वीपार्धसिद्धाः संख्येयगुणा इति। एवं कालादिविभागेऽपि परमागमानुसारेणाल्पबहुत्वं बोद्धव्यम्। तथाहि—कालस्त्रिप्रकारः उत्सर्पिणी अवसर्पिण्यनुत्सर्पिण्यनवसर्पिणी चेति। तत्र सर्वतः स्तोकाः उत्सर्पिणीसिद्धाः। अवसर्पिणीसिद्धा विशेषा- १५ धिकाः। अनुत्सर्पिण्यनवसर्पिणीसिद्धाः संख्येयगुणाः। ऋजुसूत्रनयापेक्षया तु एकसमये सिद्ध्यन्तीत्यल्पबहुत्वं नास्ति। गतिं प्रति विचार्यते—ऋजुसूत्रापेक्षया सिद्धगतौ सिद्ध्यन्तीति तत्राल्पबहुत्वं नास्ति। व्यवहारापेक्षयापि मनुष्यगतौ सिद्ध्यन्तीति तत्राप्यल्पबहुत्वं नास्ति। एकान्तरगतावल्पबहुत्वमस्तीति तद्विचार्यते। सर्वतः स्तोकाः तिर्यग्योन्यन्तरगतिसिद्धाः। मनुष्ययोन्यन्तरगतिसिद्धाः संख्येयगुणाः। नारकयोन्यन्तरगतिसिद्धाः संख्येयगुणाः। स्वर्ग- २० योन्यन्तरगतिसिद्धाः संख्येयगुणाः। लिङ्गं प्रति अल्पबहुत्वं विचार्यते—ऋजुसूत्रनयापेक्षया अवेदात्सिद्ध्यन्तीति नास्ति अल्पबहुत्वम्। व्यवहारनयात्तु सर्वतः स्तोकाः नपुंसकवेदसिद्धाः स्त्रीवेदसिद्धाः संख्येयगुणाः। पुंवेदसिद्धाः संख्येयगुणाः। तथा चोक्तम्—

"बीस णपुंसयवेया थीवेया तह य होंति चालीसा।
२५ पुंवेया अडयाला समये गंते सिद्धा य॥" [ ]

एवं तीर्थचारित्रादिभेदैरप्यल्पबहुत्वं परमागमात्सिद्धम्।

एषा तत्त्वार्थवृत्तिर्यैर्विचार्यते शिष्येभ्यः उपदिश्यते च तैर्जिनवचनामृतस्वादिभिः पुरुषैः शृण्वद्भिः पठद्भिश्च परम[1]मुक्तिसुखामृतं निजकरे कृतं देवेन्द्रनरेन्द्रसुखं किमुच्यते।

---

१ परमसुखा- आ०, द०, ज०।

श्रीवर्द्धमानमकलङ्कसमन्तभद्रः श्रीपूज्यपादसदुमापतिपूज्यपादम् ।
विद्यादिनन्दिगुणरत्नमुनीन्द्रसेव्यं भक्त्या नमामि परितः श्रुतसागराप्त्यै ॥

इति सूरिश्रीश्रुतसागरविरचितायां तात्पर्यसंज्ञायां तत्त्वार्थवृत्तौ
दशमः पादः समाप्तः ।[1]

---

१ श्रीकुन्दकुन्दाचार्यश्रीमदुमास्वामिश्रीविद्यानन्दिसूरिश्रीश्रुतसागर सूरिभ्यो नमो नमः । ग्रन्थाग्रम् ९००४। श्रीरस्तु । ता० । इत्यनवद्यगद्यपद्यविद्याविनोदितप्रमोदपीयूषरसपानपावनमतिसभाजरत्नराजमतिसागरयतिराजराजितार्थनसमर्थेन तर्कव्याकरणछन्दोऽलङ्कारसाहित्यादिशास्त्रनिशितमतिय-ना श्रीमद्देवेन्द्रकीर्तिभट्टारकप्रशिष्येण शिष्येण सकलविद्वज्जनविहितचरणसेवस्य श्रीविद्यानन्दिदेवस्य सछर्दितमिथ्यामतदुर्गरेण श्रुतसागरेण सूरिणा विरचिताया श्लोकवार्तिकराजवार्तिकसवार्थसिद्धिन्यायकुमुदचन्दोदयप्रमेयकमलमार्तण्डप्रचण्डाष्टसहस्त्रीप्रमुखग्रन्थसन्दर्भावलोकनबुद्धिविराजिताया तत्त्वार्थटीकाया दशमोऽध्यायः समाप्तः । इति तत्त्वार्थस्य श्रुतसागरी टीका समाप्ता । आ०, द०, ज० ।

तत्त्वार्थवृत्ति

[हिन्दी-सार]

तत्त्वार्थवृत्ति

हिन्दी-सार

इस पञ्चम कालमें गणधरदेवके समान श्रीनिर्ग्रन्थाचार्य उमास्वामि भट्टारकसे भव्यवर द्वैयाकने प्रश्न किया कि-भगवन्, आत्मा का हित क्या है? उमास्वामि भट्टारक द्वैयाक भव्यके प्रश्नका 'सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्रके द्वारा प्राप्त होने वाला मोक्ष आत्माका हित है' यह उत्तर देनेके पहिले इष्टदेवको नमस्कार कर मङ्गल करते है—

"मोक्षमार्गस्य नेतारं भेत्तारं कर्मभूभृताम् ।
ज्ञातारं विश्वतत्त्वानां वन्दे तद्गुणलब्धये ॥"

आत्माके ज्ञानादि गुणोंको घातने वाले ज्ञानावरणादि कर्मोंका भेदन करके जो समस्त तत्त्व अर्थात् मोक्षोपयोगी पदार्थोंके पूर्णज्ञाता हैं, तथा जिनने मोक्षमार्गका नेतृत्व किया है उन परमात्मा को उक्तगुणों की प्राप्तिके लिए नमस्कार करता हूं।

द्वैयाक ने पूंछा कि मोक्षका स्वरूप क्या है?

उमास्वामि भट्टारकने कहा—समस्त कर्ममलोंसे रहित आत्माकी शुद्ध अवस्थाका नाम मोक्ष है। इस अवस्थामे आत्मा स्थूल और सूक्ष्म दोनों प्रकारके शरीरोसे रहित हो अशरीरी हो जाता है। अपने स्वाभाविक अनन्तज्ञान निर्बाध अनन्त सुख आदि गुणोंसे परिपूर्ण हो चिदानन्द स्वरूप हो जाता है। यह आत्माकी अन्तिम विलक्षण अवस्था है। यह शुद्ध दशा सदा एकसी वनी रहती है। इसका कभी विनाश नही होता। यह दशा इन्द्रियज्ञानका विषय न होनेसे अत्यन्त परोक्ष है, इस लिए विभिन्न वादी मोक्षके स्वरूपकी अनेक प्रकारसे कल्पना करते हैं। जैसे—

(१) सांख्यका मत है कि-पुरुषका स्वरूप चैतन्य है। ज्ञान चैतन्यसे पृथक् वस्तु है। ज्ञान प्रकृतिका धर्म है, यही ज्ञेय अर्थात् पदार्थोंको जानता है। चैतन्य पदार्थोंको नहीं जानता। मोक्ष अवस्थामे आत्मा चैतन्य स्वरूप रहता है ज्ञान स्वरूप नही।

इस मतमे ये दूषण हैं—ज्ञानसे भिन्न चैतन्य कोई वस्तु नहीं है। चैतन्य ज्ञान बुद्धि आदि पर्यायवाची हैं इनमे अर्थभेद नही है। स्व तथा पर पदार्थोंका जानना चैतन्यका स्वरूप है। यदि चैतन्य अपने स्वरूप तथा पर पदार्थोंको नहीं जानता तो वह गधेके सींगकी तरह असत् ही हो जायगा। निराकार अर्थात् ज्ञेयको न जानने वाले चैतन्यकी कोई सत्ता नहीं है।

(२) वैशेषिक-बुद्धि, सुख, दुख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म और सस्कार इन आत्माके नव विशेष गुणोंके अत्यन्त उच्छेद होनेको मोक्ष कहते हैं। ये विशेषगुण आत्मा और मनके संयोगसे उत्पन्न होते है। चूंकि मोक्षमे आत्माका मनसे संयोग नहीं रहता अतः इन गुणोंका अत्यन्त उच्छेद हो जाता है—

इस मतमे सबसे बड़ा दूषण यह है कि—यदि आत्माके बुद्धि आदि विशेष गुण नष्ट हो जाते हैं तो आत्माका स्वरूप ही क्या बचता है ? अपने विशेष लक्षणोंसे रहित वस्तु अवस्तु ही हो जायगी।

(३) बौद्ध मानते हैं कि—जिस प्रकार तैलके न रहनेसे दीपक बुझ जाता है उसी प्रकार राग-स्नेहके क्षय हो जानेसे आत्मा-ज्ञानसन्तानका शान्त हो जाना मोक्ष है।

इनकी यह प्रदीपनिर्वाणकी तरह आत्मनिर्वाणकी कल्पना भी उचित नहीं है। कारण आत्माका अत्यन्त अभाव नही हो सकता, वह सत् पदार्थ है।

मोक्षके कारणोंके विषयमें भी विवाद है—

नैयायिक आदि ज्ञानको ही मोक्ष कारण मानते हैं इनके मतमे चारित्रका उपयोग तत्त्वज्ञानकी पूर्णतामे होता है। कोई श्रद्धान मात्रसे मोक्षकी प्राप्ति मानते हैं। मीमांसक क्रियाकाण्डरूप चारित्रसे मोक्षकी प्राप्ति स्वीकार करते हैं। किन्तु जिसप्रकार रोगी औषधिके ज्ञानमात्रसे या ज्ञानशून्य हो जिस किसी दवाके पीलेनेमात्रसे अथवा रुचि या विश्वास रहित हो मात्र दवाके ज्ञान या उपयोगमात्रसे नीरोग नही हो सकता उसी प्रकार अकेले श्रद्धान, ज्ञान या चारित्रसे भवरोगका विनाश नही हो सकता। देखो—

लंगड़ेको इष्टदेशका ज्ञान है पर क्रिया न होनेसे उसका ज्ञान उसी तरह व्यर्थ है जिसप्रकार अन्धेकी क्रिया ज्ञानशून्य होने से। श्रद्धानरहित व्यक्तिका ज्ञान और चारित्र दोनों ही कार्यकारी नहीं है। अतः श्रद्धान, ज्ञान और चारित्र तीनों मिलकर ही कार्यकारी हैं।

मोक्षमार्ग क्या है ?

सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः ॥ १ ॥

सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्र तीनों मिलकर ही मोक्ष का मार्ग हैं।

मोक्षोपयोगी तत्त्वोंके प्रति दृढ़ विश्वास करना सम्यग्दर्शन है। तत्त्वोंका सशय, विपर्यय और अनिश्चिततासे रहित यथावत् ज्ञान सम्यग्ज्ञान है। संसारको बढ़ानेवाली क्रियाओंसे विरक्त तत्त्वज्ञानीका कर्मोंका आस्रव करनेवाली क्रियाओंसे विरत होना सम्यक् चारित्र है।

इस सूत्रमे 'सम्यक्' शब्दका सम्बन्ध दर्शन, ज्ञान और चारित्रसे कर लेना चाहिए।

सम्यग्दर्शनका स्वरूप—

तत्त्वार्थश्रद्धानं सम्यग्दर्शनम् ॥ २ ॥

पदार्थके अपने स्वरूपको तत्त्व कहते है। तत्त्वार्थ अर्थात् पदार्थोके यथावत् स्वरूपकी श्रद्धा या रुचिको सम्यग्दर्शन कहते है।

अर्थ शब्दके प्रयोजन, वाच्य, धन, हेतु, विषय, प्रकार, वस्तु, द्रव्य आदि अनेक अर्थ होते है। इनमे पदार्थ अर्थ लेना चाहिए धन आदि नहीं।

दर्शन शब्दका प्रसिद्ध अर्थ देखना है, फिर भी दर्शन शब्द जिस 'दृशिर्' धातुसे बना है उसके अनेक अर्थ होते हैं, अतः मोक्षमार्गका प्रकरण होनेसे यहाँ देखना अर्थ न लेकर रुचि करना, दृढ़ विश्वास करना अर्थ लेना चाहिए। यदि देखना अर्थ किया जायगा

तो देखना तो सभी आंखवाले प्राणियोंको होता है अतः सभीके सम्यग्दर्शन मानना होगा। देखना मात्र मोक्षका मार्ग नही हो सकता।

सम्यग्दर्शन दो प्रकारका है-एक सराग सम्यग्दर्शन और दूसरा वीतराग सम्यग्दर्शन।

प्रशम संवेग अनुकम्पा आर आस्तिक्यसे पहिचाना जानेवाला सम्यग्दर्शन सराग सम्यग्दर्शन है। रागादि दोषोंके उपशमको प्रशम कहते हैं। विविध दुःखमय संसारसे डरना संवेग है। प्राणिमात्रके दुःख दूर करनेकी इच्छासे चित्तका दयामय होना अनुकम्पा है। देव, शास्त्र, व्रत और तत्त्वोंमें दृढ़प्रतीतिको आस्तिक्य कहते हैं। वीतराग सम्यग्दर्शन आत्मविशुद्धि रूप होता है।

सम्यग्दर्शनकी उत्पत्तिके प्रकार—

तन्निसर्गादधिगमाद्वा ॥ ३ ॥

यह सम्यग्दर्शन स्वभावसे अर्थात् परोपदेशके विना और अधिगमसे अर्थात् परोपदेशसे उत्पन्न होता है।

शंका—निसर्गज सम्यग्दर्शनमे भी अर्थाधिगम तो अवश्य ही रहता है क्योंकि पदार्थोंके के ज्ञान हुए बिना श्रद्धान कैसा ? तब इन दोनों सम्यग्दर्शनोंमे वास्तविक भेद क्या है ?

समाधान—दोनों ही सम्यग्दर्शनोंमें अन्तरङ्ग कारण दर्शनमोह कर्मका उपशम या क्षयोपशम समान है। इस अन्तरङ्ग कारणकी समानता रहनेपर भी जो सम्यग्दर्शन गुरूपदेशके बिना उत्पन्न हो वह निसर्गज कहा जाता है, जो गुरूपदेशसे हो वह अधिगमज। निसर्गज सम्यग्दर्शनमे भी प्रायः गुरूपदेश अपेक्षित रहता है पर उसे स्वाभाविक इसलिए कहते हैं कि उसके लिए गुरुको विशेष प्रयत्न नही करना पड़ता सहज ही शिष्यको सम्यग्दर्शन ज्योति प्राप्त हो जाती है।

शंका—"जो पहिले कहा जाता है उसीका विधान या निषेध होता है" यह व्याकरण का प्रसिद्ध नियम है। अतः इस सूत्रमे 'तत्' पद न भी दिया जाय फिर भी पूर्वसूत्रसे 'सम्यग्दर्शन' का सम्बन्ध जुड़ ही जाता है तब इस सूत्र मे 'तत्' पद क्यो दिया गया है ?

समाधान—जिस प्रकार सम्यग्दर्शन शब्द पूर्ववर्ती है उसी प्रकार मोक्षमार्ग शब्द भी पूर्ववर्ती है। मोक्षमार्ग प्रधान है। अतः "समीपवर्तियोंमे भी प्रधान बलवान् होता है" इस नियमके अनुसार इस सूत्रमें मोक्षमार्गका सम्बन्ध जुड़ सकता है। इस दोषको दूर करनेके लिए और सम्यग्दर्शनका सम्बन्ध जोड़नेके लिए इस सूत्रमें 'तत्' पद दिया गया है।

तत्त्व क्या है—

जीवाजीवास्रवबन्धसंवरनिर्जरामोक्षास्तत्त्वम् ॥ ४ ॥

जीव अजीव आस्रव बन्ध संवर निर्जरा और मोक्ष ये सात तत्त्व हैं।

जिसमे ज्ञान-दर्शनादिरूप चेतना पायी जाय वह जीव है। जिसमे चेतना न हो वह अजीव है। कर्मोके आने को आस्रव कहते है। आए हुए कर्मोका आत्मप्रदेशोंसे सम्बन्ध होना बन्ध है। कर्मोके आनेको रोकना संवर है। पूर्वसंचित कर्मोका क्रमशः क्षय होना निर्जरा है। समस्त कर्मोका पूर्णरूपसे आत्मासे पृथक् होना मोक्ष है।

संसार और मोक्ष जीवके ही होते हैं अतः सर्वप्रथम जीव तत्त्व कहा है। जीव अजीवके निमित्तसे ही संसार या मोक्ष पर्यायको प्राप्त होता है अतः जीवके बाद अजीव का कथन किया है। जीव और अजीवके निमित्तसे ही आस्रव होता है अतः इसके बाद आस्रव तथा आस्रवके बाद बन्ध होता है अतः उसके बाद बन्ध का निर्देश किया है। बन्ध को रोकनेवाला संवर होता है अतः बन्ध के बाद संवर तथा जिसने आगामी कर्मोका संवर कर लिया है उसीके संचित कर्मोंकी निर्जरा होती है इसलिए उसके अनन्तर निर्जराका कथन किया गया है। सबके अन्तमे मोक्ष प्राप्त होता है अतः मोक्षका निर्देश अन्तमे किया गया है

पुण्य और पापका आस्रव और बन्ध तत्त्वमे अन्तर्भाव हो जाता है अतः उन्हे पृथक् नहीं कहा है।

प्रश्न–आस्रव बन्ध संवर निर्जरा और मोक्ष ये पाच तत्त्व द्रव्य और भावरूप होते हैं। उनमे द्रव्यरूप तत्त्वोंका अजीवमे तथा भावरूप तत्त्वोंका जीवमे अन्तर्भाव किया जा सकता है, अत. दो ही तत्त्व कहना चाहिए ?

उत्तर–इस मोक्षशास्त्रमे मोक्ष तो प्रधान है अतः उसे तो अवश्य कहना ही होगा। मोक्ष संसारपूर्वक होता है। अतः संसारका कारण बन्ध और आस्रव भी कहने चाहिए, इसी तरह मोक्षके कारण सवर और निर्जरा भी। तात्पर्य यह कि प्रधान कार्य संसार और मोक्ष तथा उनके प्रधान कारण आस्रव बन्ध और संवर निर्जराका कथन किया गया है। सवर और निर्जराका फल मोक्ष है तथा आस्रव और बन्धका फल संसार। यद्यपि संसार और मोक्ष मे आस्रवादि चारोंका अन्तर्भाव किया जा सकता है फिर भी जिस प्रकार 'क्षत्रिय आए हैं, शूरवर्मा भी' इस वाक्यमे सामान्य क्षत्रियोंमे अन्तर्भूत शूरवर्माका पृथक् कथन विशेष प्रयोजनसे किया जाता है उसी प्रकार विशेष प्रयोजनके लिए ही आस्रवादिक तत्त्वोंका भिन्न भिन्न रूपसे कथन किया है।

प्रश्न–जीवादिक सात द्रव्यवाची हैं तथा तत्त्वशब्द भाववाची है अतः इनमे व्याकरणशास्त्रके नियमानुसार एकार्थप्रतिपादकत्वरूप सामानाधिकरण्य नही बन सकता ?

उत्तर–द्रव्य और भावमे अभेद है अतः दोनों एकार्थप्रतिपादक हो सकते हैं। अथवा जीवादिकमे तत्त्वरूप भावका आरोप करके सामानाधिकरण्य बन जाता है।

सामानाधिकरण्य होने पर भी मोक्ष शब्द पुल्लिग तथा तत्त्वशब्द नपुसकलिग बना रह सकता है। क्योंकि बहुतसे शब्द अजहल्लिङ्ग अर्थात् अपने लिङ्गको न छोड़नेवाले होते है। इसी तरह वचनभेद भी हो जाता है। 'सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः' इस प्रथमसूत्रमे भी इसी तरह सामाधिकरण्य बन जाता है।

शब्दव्यवहार जिन अनेक निमित्तोंसे होता है, उन प्रकारोंको कहते है—

नामस्थापनाद्रव्यभावतस्तन्न्यासः ॥ ५ ॥

नाम स्थापना द्रव्य और भावसे सम्यग्दर्शनादि और जीवादि पदार्थोका व्यवहारके लिए विभाग या निक्षेप (दृष्टिके सामने रखना) होता है।

शब्दकी प्रवृत्ति द्रव्य क्रिया जाति और गुणके निमित्तसे देखी जाती है। जैसे डवित्थ-लकड़ीके मृगमें काष्ठद्रव्यको निमित्त लेकर मृगशब्दका प्रयोग होता है। करनेवालेको कर्त्ता कहना क्रियानिमित्तक है। द्विजत्व जातिके निमित्तसे होनेवाला द्विजव्यवहार जातिनिमित्तक है। फीके लालगुणके निमित्तसे होनेवाला पाटलव्यवहार गुणनिमित्तक है। शब्दके इन द्रव्य गुणादि प्रवृत्तिनिमित्तोंकी अपेक्षा न करके व्यवहारके

लिए अपनी इच्छानुसार नाम रख लेना नाम निक्षेप है। जैसे किसी लड़केकी गजराज यह संज्ञा।

लकड़ीमे खोदे गए, सूतसे काढ़े गए, गोबर आदिसे लीपे गए वस्तुके आकारमे 'यह वही है' इस प्रकारकी स्थापना तदाकारस्थापना है। शतरंजके अतदाकार मुहरोंमे हाथी घोड़ा आदिकी कल्पना, अतदाकारस्थापना है।

जो गुणवाला था, है तथा रहेगा वह द्रव्य है।

वर्तमान पर्यायवाला द्रव्य ही भाव कहलाता है।

जैसे—जीवनगुणकी अपेक्षाके बिना जिस किसी पदार्थको जीव कहना नामजीव है। उस आकारवाले या उस आकारसे रहित पदार्थमे उस जीवकी कल्पना स्थापना-जीव है। जैसे हाथी घोड़ेके आकारवाले खिलोनों को या शतरंजके मुहरोको हाथी घोड़ा कहना। जीवशास्त्र को जाननेवाला किन्तु वर्तमानमे उसमे उपयुक्त न रहनेवाला आत्मा आगमद्रव्यजीव है। ज्ञाताका शरीर, कर्म, नोकर्म आदि नोआगमद्रव्यजीव है। सामान्य-रूपसे नोआगमद्रव्यजीव नही है क्योंकि कोई अजीव जीव नही बनता। पर्यायकी दृष्टिसे नोआगमद्रव्यजीवकी कल्पना हो सकती है। जैसे कोई मनुष्य मरकर देव होनेवाला है उसे आज भी भाविनोआगमद्रव्यदेव कह सकते हैं। अथवा जो आज जीवशास्त्रको नही जानता पर आगे जानेगा वह भी भाविनोआगमद्रव्यजीव कहा जा सकता है।

जीवशास्त्रको जानकर उसमे उपयुक्त आत्मा आगमभावजीव है। जीवन पर्यायसे युक्त आत्मा नोआगमभावजीव है।

इस तरह अनेक प्रकारके जीवोंमेंसे अप्रस्तुत जीवोंको छोड़कर प्रकृतजीवको पहिचाननेके लिए निक्षेपकी आवश्यकता है। तात्पर्य यह है कि हमें किस समय कौनसा जीव अपेक्षित है यह समझना निक्षेपका प्रयोजन है। जैसे जब बच्चा शेरके लिए रो रहा हो तब स्थापना शेरकी आवश्यकता है। शेरसिह पुकारनेपर शेरसिह नामवाले व्यक्तिकी आवश्यकता है। आदि।

'नामस्थापनाद्रव्यभावतो न्यासः' इतना ही सूत्र बनानेसे प्रधानभूत सम्यग्दर्शना-दिका ही ग्रहण होता अतः प्रधानभूत सम्यग्दर्शनादि तथा उनके विषयभूत जीवादि सभीका संग्रह करनेके लिए खासतौरसे सर्वसंग्राहक 'तत्' शब्द दे दिया है।

नामादिनिक्षेपके विषयभूत जीवादि पदार्थो को जानने का उपाय बतलाते हैं—

प्रमाणनयैरधिगमः ॥ ६ ॥

प्रमाण और नयके द्वारा जीवादिपदार्थोंका ज्ञान होता है। प्रमाण स्वार्थ और परार्थके भेदसे दो प्रकारका है। श्रुत स्वार्थ और परार्थ दोनों प्रकार का है। अन्य प्रमाण स्वार्थ ही है। ज्ञानात्मकको स्वार्थ तथा वचनात्मक को परार्थ कहते है। नय वचन-विकल्परूप होते हैं।

सूत्रमे नय शब्दको अल्पस्वरवाला होनेसे प्रमाण शब्दके पहिले कहना चाहिए था लेकिन नयकी अपेक्षा प्रमाण पूज्य है अतः प्रमाण शब्द पहिले कहा गया है। नयकी अपेक्षा प्रमाण पूज्य इसलिये है कि प्रमाणके द्वारा जाने गये पदार्थोके एक देशको ही नय जानता है। प्रमाण सम्पूर्ण पदार्थको जानता है। नय पदार्थके एकदेश को जानता है। प्रमाण सकलादेशी होता है और नय विकलादेशी। नय दो प्रकारका है एक द्रव्यार्थिक

तथा दूसरा पर्यायार्थिका भावनिक्षेप पर्यायार्थिक नयका विषय है तथा शेष द्रव्यार्थिक नयके। चारों ही निक्षेप प्रमाणके विषय होते हैं इसीलिए प्रमाण सकलादेशी कहलाता है।

जीवादि-पदार्थोंके अधिगमके उपायान्तरको बतलाते हैं—

निर्देशस्वामित्वसाधनाधिकरणस्थितिविधानतः ॥ ७ ॥

निर्देश, स्वामित्व, साधन, अधिकरण, स्थिति और विधान इनके द्वारा भी जीवादि-पदार्थोंका ज्ञान होता है। स्वरूपमात्रका कहना निर्देश है। अधिकारीका नाम बतलाना स्वामित्व है। उत्पत्तिके कारणको साधन कहते हैं। आधार अधिकरण है। कालके प्रमाणको स्थिति कहते हैं। भेद का नाम विधान है।

जैसे सम्यग्दर्शनमे—तत्त्वार्थश्रद्धानको सम्यग्दर्शन कहते है यह निर्देश हुआ। सामान्यसे सम्यग्दर्शनका स्वामी जीव है। विशेपरूपसे चौदह मार्गणाओंकी अपेक्षा सम्यग्दर्शनके स्वामीका वर्णन इस प्रकार है—

नरकगतिमे सातों ही नरकोंमे पर्याप्तक नारकियोंके दो सम्यग्दर्शन होते हैं औपशमिक और क्षायोपशमिक। प्रथम नरकमे पर्याप्तक और अपर्याप्तक दोनोंके क्षायिक और क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन होते हैं। जिस जीवने पहिले नरक आयुका बन्ध कर लिया है वह जीव बादमे क्षायिक या क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन युक्त होनेपर प्रथम नरकमें ही उत्पन्न होगा द्वितीयादि नरकोंमे नही, अतः प्रथम नरकमे अपर्याप्त अवस्थामे भी सम्यग्दर्शन हो सकता है।

प्रश्न–क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शनयुक्त जीव तिर्यञ्च, मनुष्य और नरकमे उत्पन्न नही होता है अतः अपर्याप्तक नारक आदिके वेदकसम्यक्त्व कैसे बनेगा ?

उत्तर–नरकादि आयुका बन्ध होनेके बाद जिस जीवने दर्शन मोहका क्षपण प्रारंभ किया है वह वेदकसम्यक्त्वी-जीव नरक आदिमे जाकर क्षपणकी समाप्ति करेगा। अतः नरक और तिर्यञ्चगतिमे अपर्याप्त दशामे भी क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन हो सकता है।

तिर्यञ्चगतिमें औपशमिक सम्यग्दर्शन पर्याप्तकोंके ही होता है। क्षायिक और क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन पर्याप्तक और अपर्याप्तक दोनोंके ही होते हैं। तिर्यञ्चिनीके क्षायिक सम्यदर्शन नही होता। क्योंकि कर्मभूमिज मनुष्य ही दर्शन मोहके क्षपणका प्रारंभक होता है और क्षपणके प्रारभ कालके पहिले तिर्यञ्च आयु का बन्ध हो जानेपर भी भोगभूमिमे तिर्यञ्च ही होगा तिर्यञ्चिनी नही।

कहा भी है—"कर्मभूमिमे उत्पन्न होनेवाला मनुष्य ही केवलीके पादमूलमें दर्शनमोहके क्षपणका प्रारभक होता है, किन्तु क्षपण की समाप्ति चारों गतियोंमे हो सकती है।"

औपशमिक और क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन पर्याप्तक तिर्यञ्चिनीके ही होते हैं अपर्याप्तकके नही।

मनुष्यगतिमे क्षायिक और क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन पर्याप्तक और अपर्याप्तक दोनो प्रकारके मनुष्यों को होता है। औपशमिक पर्याप्तकोंके ही होता है अपर्याप्तकोंके नहीं। पर्याप्त मनुष्यणीके ही तीनों सम्यग्दर्शन होते है अपर्याप्तकके नही। मनुष्यिणीके क्षायिक सम्यग्दर्शन भाववेद की अपेक्षा बतलाया है।

देवगतिमे पर्याप्तक और अपर्याप्तक देवोंके तीनों ही सम्यग्दर्शन होते हैं।

प्रश्न–अपर्याप्तक देवोंके उपशम सम्यग्दर्शन कैसे हो सकता है क्योंकि उपशम सम्यग्दर्शन युक्त प्राणीका मरण नहीं होता ?

उत्तर—मिथ्यात्वपूर्वक उपशमसम्यग्दर्शनयुक्त प्राणीका मरण नहीं होता किन्तु वेदक-पूर्वक [illegible] प्राणीका [illegible] होता है। क्योंकि वेदक-पूर्वक उपशमसम्यग्-दर्शनयुक्त [illegible] श्रेणीका आरोहण करता है और श्रेण्यारोहणके अनन्तर चारित्रमोहके [illegible] साथ मरण होनेपर अपर्याप्तक देवोंके औपशमिक सम्यग्दर्शन होता है।

विशेष—भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देव तथा देवियोंके क्षायिक नहीं होता। [illegible] और [illegible] [illegible] क्षायिक नहीं होता। [illegible] [illegible] पर्याप्त देवियों [illegible] [illegible]

इन्द्रियोंकी अपेक्षासे पंचेन्द्रियोंके [illegible] सम्यग्दर्शन होते हैं। [illegible] चतुरिन्द्रिय पर्यन्त कोई सम्यग्दर्शन नहीं होता।

कायकी [illegible] त्रसकायिकोंके तीनों ही [illegible] होते हैं। [illegible] एक भी नहीं।

योगकी अपेक्षा तीनो योगवाले जीवोंके तीनों ही सम्यग्दर्शन होते हैं। अयोगियोंके क्षायिक ही होता है।

वेदकी अपेक्षा तीनों वेदोंमे तीनों ही सम्यग्दर्शन होते हैं। अवेद अवस्थामे औप-शमिक और क्षायिक होता है।

कपाय की अपेक्षा चारों कपायोंमें तीनों ही सम्यग्दर्शन होते है। अकपाय अवस्थामें औपशमिक और क्षायिक होते हैं।

ज्ञानकी अपेक्षा मति, श्रुत, अवधि और मनःपर्ययज्ञानियोंके तीनों ही सम्यग्दर्शन होते हैं। केवलीके क्षायिक ही होता है।

संयमकी अपेक्षा सामायिक और छेदोपस्थापना सयममें तीनों ही होते हैं। परिहार-विशुद्धि संयममें वेदक और क्षायिक ही होता है।

प्रश्न—परिहारविशुद्धि संयममे उपशमसम्यग्दर्शन क्यों नही होता ?

उत्तर—मनःपर्यय, परिहारविशुद्धि, औपशमिकसम्यक्त्व और आहारकऋद्धि इनमेंसे एकके होनेपर अन्य तीन नही होते। विशेप यह है कि मनःपर्ययके साथ मिथ्यात्वपूर्वक औपशमिकका निपेध है वेदकपूर्वक का नहीं। कहा भी है—

"मनःपर्यय, परिहारविशुद्धि, उपशमसम्यक्त्व और आहारक-आहारकमिश्र इनमेंसे एकके होनेपर शेप नही होते।"

सूक्ष्मसाम्पराय और यथाख्यातसंयममे औपशमिक और क्षायिक होता है। संय-तासंयत और असंयतों के तीनों ही सम्यग्दर्शन होते हैं।

दर्शनकी अपेक्षा चक्षुःदर्शन, अचक्षुःदर्शन और अवधिदर्शनमे तीनों ही होते हैं। केवलदर्शनमें क्षायिक ही होता है।

लेश्याकी अपेक्षा छहों लेश्याओमे तीनों ही होते हैं। अलेश्यावस्थामें क्षायिक ही।

भव्यत्वकी अपेक्षा भव्योंके तीनों ही होते है। अभव्योंके एक भी नही।

सम्यक्त्वकी अपेक्षासे अपनी-अपनी अपेक्षा तीनों सम्यग्दर्शन होते हैं।

संज्ञाकी अपेक्षा संज्ञियोंके तीनों ही होते है। असंज्ञियोंके एक भी नही। संज्ञी और असंज्ञी दोनो अवस्थाओंसे जो रहित हैं उनके क्षायिक ही होता है।

आहारकी अपेक्षा आहारकोंके भी तीनों ही होते है। छद्मस्थ अनाहारकोंके भी तीनों ही सम्यग्दर्शन होते है। समुद्घातप्राप्तकेवलीके क्षायिक ही होता है।

साधनके दो भेद है—अभ्यन्तर और बाह्य। सम्यग्दर्शनका अन्तरङ्ग साधन दर्शनमोह का उपशम, क्षय अथवा क्षयोपशम है। बाह्यसाधन प्रथम, द्वितीय और तृतीय नरकमे

[illegible] श्रवण और वेदनाका अनुभव [illegible] सम्यक्त्वके जातिस्मरण और वेदना। अनुभव ये दो सम्यग्दर्शनके [illegible]। [illegible] मनुष्योंके जातिस्मरण, धर्मश्रवण और वेदनाका अनुभव ये तीन साधन [illegible] सौधर्म स्वर्गसे सहस्रार स्वर्ग पर्यन्तके देवोंके जातिस्मरण, धर्मश्रवण, जिनमहिमदर्शन और देवर्द्धिदर्शन ये चार साधन है। आनत, प्राणत, आरण और अच्युत स्वर्गवासी देवोंके [illegible] तीन ही साधन हैं। नवग्रैवेयकवासी देवोंके जातिस्मरण और धर्मश्रवण [illegible] [illegible]।

प्रश्न–ग्रैवेयकवासी देव अहमिन्द्र [illegible] उनके धर्मश्रवण कैसे हो [illegible] है ?

उत्तर–कोई सम्यग्दृष्टि जीव तत्त्वचर्चा या शास्त्रका मनन [illegible] वह [illegible] [illegible]। चर्चामें सम्यग्दर्शनको प्राप्त [illegible] प्रमाण, नय [illegible] की अपेक्षा वहां तत्त्वचर्चा नहीं होती किन्तु सामान्यरूपसे तत्त्वविचार-तो होता ही है। अतः ग्रैवेयकमें भी धर्मश्रवण संभव है।

अनुदिश और अनुत्तरविमानवासी देव सम्यग्दर्शनसहित ही उत्पन्न होते हैं।

अधिकरण दो प्रकारका है– अभ्यन्तर और बाह्य। सम्यग्दर्शनका अभ्यन्तर अधिकरण आत्मा ही है। बाह्य अधिकरण लोकनाडी (त्रसनाली) है। जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, काल और आकाशका अधिकरण निश्चयनयसे स्वप्रदेश ही हैं और व्यवहारनयसे आकाश अधिकरण है। जीवका शरीर और क्षेत्र आदि आधार है।

घट पटादि पुद्गलोंका भूमि आदि आधार है। अपने गुण और पर्यायोंका आधार द्रव्य होता है। स्थितिके दो भेद है– उत्कृष्ट और जघन्य। उपशम सम्यग्दर्शनकी उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त है। क्षायिक सम्यग्दर्शनकी ससारी जीवकी जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त है उत्कृष्ट स्थिति आठ वर्ष और अन्तर्मुहूर्त कम दो पूर्वकोटि सहित तेतीस सागर है। यह इस प्रकार है– कोई मनुष्य कर्मभूमिमे पूर्वकोटि आयुवाला उत्पन्न हुआ और गर्भसे आठ वर्षके बाद अन्तर्मुहूर्तमे दर्शन मोहका क्षपण करके सम्यग्दृष्टि होकर सर्वार्थसिद्धिमे तेतीस सागरकी आयु लेकर उत्पन्न हुआ। पूनः पूर्वकोटि आयुवाला मनुष्य होकर कर्मक्षय करके मोक्ष प्राप्त कर लेता है।

मुक्त जीवकी क्षायिक सम्यग्दर्शनकी स्थिति सादि और अनन्त है।

क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शनकी जघन्यस्थिति अन्तर्मुहूर्त है। उत्कृष्ट स्थिति ६६ सागर है।

प्रश्न–६६ सागर स्थिति कैसे होती है ?

उत्तर–सौधर्म स्वर्गमें २ सागर शुक्रमे १६ सागर, शतारमे१८ सागर, और अष्टम ग्रैवेयकमे ३० सागर इस प्रकार ६६ सागर होते है। अथवा सौधर्म स्वर्गमे दो बार उत्पन्न होनेसे ४ सागर, सनत्कुमारमे ७ सागर, ब्रह्ममे १० सागर, लान्तवमे १४ सागर और नवम ग्रैवेयकमे ३१ सागर इस प्रकार ६६ सागर होते है। स्वर्गोंकी आयुके अन्तिम सागरमेसे मनुष्यायु कम कर लेनी चाहिए क्योकि स्वर्गसे च्युत होकर मनुष्य होता है, पुनः स्वर्ग जाता है। अतः ६६ सागर से अधिक स्थिति नही होती।

विधान–सामान्यसे सम्यग्दर्शन एक ही है। विशेषसे निसर्गज और अधिगमजके भेदसे दो प्रकारका है। उपशम, क्षय और क्षयोपशमके भेदसे उसके तीन भेद है।

आज्ञा, मार्ग, उपदेश, सूत्र, बीज, संक्षेप, विस्तार अर्थ, अवगाढ और परमावगाढके भेदसे सम्यग्दर्शनके दश भेद भी होते हैं। इनका स्वरूप इस प्रकार है–

शास्त्राभ्यासके विना वीतरागकी आज्ञासे ही जो श्रद्धान होता है वह आज्ञासम्यक्त्व है। दर्शनमोहके उपशम होनेसे शास्त्राभ्यासके विना ही मोक्षमार्गमें श्रद्धान होना मार्गसम्यक्त्व है। तीर्थंकर आदि श्रेष्ठ पुरुषोंके चरित्रश्रवणसे उत्पन्न हुए श्रद्धानको उपदेशसम्यक्त्व कहते हैं। आचारसूत्र को सुननेसे जो श्रद्धान होता है वह सूत्रसम्यक्त्व है। गणितमें वतलाये हुए बीजाक्षरोंके द्वारा करणानुयोगके गहन पदार्थोंका श्रद्धान हो जाना बीजसम्यक्त्व है। तत्त्वोंका संक्षिप्त ज्ञान होने पर भी तत्त्वोंमें रुचि होना संक्षेपसम्यक्त्व है। द्वादशांगको सुनकर जो श्रद्धान उत्पन्न होता है उसको विस्तारसम्यक्त्व कहते हैं। किसी पदार्थके देखने या अनुभव करनेसे होनेवाले श्रद्धानका नाम अर्थसम्यक्त्व है। बारह अङ्ग और अङ्ग बाह्य इस प्रकार सम्पूर्ण श्रुतका पारगामी होनेपर जो श्रद्धान होता है वह अवगाढसम्यक्त्व है। केवलीके केवलज्ञानसे जाने हुए पदार्थोंमें श्रद्धानका नाम परमावगाढ़सम्यक्त्व है।

सम्यग्दर्शनके प्ररूपक शब्द संख्यात हैं अतः संख्यात भेद भी होते हैं। श्रद्धान करनेवाले और श्रद्धेयके भेदसे असंख्यात और अनन्तभेद भी होते हैं।

प्रश्न—असंख्यात और अनन्तभेद कैसे होते हैं?

उत्तर—श्रद्धान करनेवालोंके असंख्यात और अनन्त भी भेद होते हैं और श्रद्धेय पदार्थके भी उतने ही भेद होते हैं क्योंकि श्रद्धेय पदार्थ श्रद्धाताके विषय होते हैं। अतः विषय और विषयी अथवा श्रद्धाता और श्रद्धेय के भेदसे असंख्यात और अनन्त भेद हो सकते हैं।

जीवादि पदार्थोंके अधिगमके उपायान्तर को बतलाते हैं—

सत्सङ्ख्याक्षेत्रस्पर्शनकालान्तरभावाल्पबहुत्वैश्च ॥ ८ ॥

सत् शब्दके साधु, अर्चित, प्रशस्त, सत्य और अस्तित्व इस प्रकार कई अर्थ हैं। उनमें से यहाँ सत्का अर्थ अस्तित्व है। संख्या भेद को कहते हैं। निवासका नाम क्षेत्र है। वर्तमानकालवर्ती निवासको क्षेत्र कहते हैं। त्रिकालवर्ती क्षेत्रको स्पर्शन कहते हैं। मुख्य और व्यवहारके भेदसे काल दो प्रकारका है। विरहकालको अन्तर कहते हैं। औपशमिकादि परिणामोंको भाव कहते हैं। एक दूसरेकी अपेक्षा विशेष ज्ञानको अल्पबहुत्व कहते हैं

सूत्रमें आया हुआ 'च' शब्द समुच्चयार्थक है अर्थात् चशब्द का तात्पर्य है कि केवल प्रमाण, नय और निर्देश आदिके द्वारा ही जीव आदिका अधिगम नहीं होता किन्तु सत्संख्या आदिके द्वारा भी अधिगम होता है।

यद्यपि पूर्वसूत्रमें कहे हुए निर्देश शब्दसे सत्का, विधानसे संख्या का, अधिकरणसे क्षेत्र और स्पर्शनका, स्थितिसे कालका ग्रहण हो जाता है। नामादि निक्षेपसे भावका भी ग्रहण हो चुका है, फिर भी सत् आदिका ग्रहण विस्तृत अभिप्रायवाले शिष्योंकी दृष्टिसे किया है।

अब जीव द्रव्यमें सत् आदिका वर्णन करते हैं—

जीव चौदह गुणस्थानोंमें पाये जाते हैं। गुणस्थान इस प्रकार हैं—१ मिथ्यादृष्टि २—सासादनसम्यग्दृष्टि ३ सम्यग्मिथ्यादृष्टि ४ असंयतसम्यग्दृष्टि ५ देशसंयत ६ प्रमत्तसंयत

७ अप्रमत्तसंयत ८ अपूर्वकरण ९ अनिवृत्तिकरण १० सूक्ष्मसाम्पराय ११ उपशान्त[illegible] १२ क्षीणकपाय १३ सयोगकेवली १४ अयोगकेवली। इन चौदह गुणस्थानोमे जीवों[illegible] वर्णन चौदह मार्गणाओंकी अपेक्षा किया गया है। मार्गणाएँ ये है—१ गति २ इन्द्रिय ३ काय ४ योग ५ वेद ६ कपाय ७ ज्ञान ८ सयम ९ दर्शन १० लेश्या ११ भव्यत्व १२ सम्यक्त्व १३ संज्ञा १४ आहार।

सामान्यसे जीवमे मिथ्यादृष्टिसे अयोगकेवलीपर्यन्त सभी गुणस्थान पाये जाते हैं।

विशेषसे गतिकी अपेक्षा नरकगतिमें सातों ही नरकोंमें मिथ्यादृष्टि आदि ४ गुणस्थान होते हैं। तिर्यञ्चगतिमे देशसयत सहित ५ गुणस्थान हैं। मनुष्यगतिमे १४ ही गुणस्थान होते हैं। देवगतिमें आदिके ४ गुणस्थान होते है।

इन्द्रियकी अपेक्षा एकेन्द्रियसे चतुरिन्द्रियपर्यन्त प्रथम गुणस्थान ही होता है। पञ्चेन्द्रियके १४ ही गुणस्थान होते है।

कायकी अपेक्षा पृथिवी आदि स्थावरकायमें प्रथम गुणस्थान होता है। त्रसकायमें १४ ही होते हैं।

योगकी अपेक्षा तीनों योगोंमे सयोगकेवलीपर्यन्त गुणस्थान होते हैं। अयोग अवस्थामे केवल अयोगकेवली गुणस्थान होता है।

वेदकी अपेक्षा तीनों वेदोमें अनिवृत्तिबादरपर्यन्त ९ गुणस्थान होते है।

वेदरहित जीवोंके अनिवृत्तिबादरसे अयोगकेवली पर्यन्त ६ गुणस्थान होते हैं।

अनिवृत्तिबादर गुणस्थानके ६ भाग होते हैं। उनमेसे प्रथम ३ भागोंमे वेदकी निवृत्ति न होनेसे वे सवेद है और अन्तके ३ भाग अवेद हैं। अतः अनिवृत्तिकरण सवेद और अवेद दोनों प्रकारका है।

कपायकी अपेक्षा क्रोध, मान और मायामे अनिवृत्तिबादर पर्यन्त ९ गुणस्थान होते है। लोभ कषायमे मिथ्यादृष्टि आदि १० गुणस्थान होते हैं। अकपाय अवस्थामे उपशान्त कषायसे अयोगकेवली पर्यन्त ४ गुणस्थान होते है।

ज्ञानकी अपेक्षा कुमति, कुश्रुत और कुअवधिमे प्रथम और द्वितीय गुणस्थान होते हैं। सम्यग्मिथ्यादृष्टिके ज्ञान या अज्ञान नहीं होता किन्तु अज्ञान सहित ज्ञान होता है। कहा भी है—मिश्रमे तीन ज्ञान तीन अज्ञानसे मिश्रित होते है। इसलिये यहॉपर मिश्र गुणस्थानका वर्णन नही किया गया है। मिश्रका वर्णन अज्ञान प्ररूपणामे ही किया गया है क्योंकि सम्यग्मिथ्यादृष्टिका ज्ञान यथार्थ वस्तुको नही जानता है।

मति, श्रुत ओर अवधिज्ञानमे असयतसम्यग्दृष्टिसे क्षीणकपायपर्यन्त ९ गुणस्थान होते हैं। मनःपर्ययज्ञानमे प्रमत्तसंयतसे क्षीणकपायपर्यन्त ७ गुणस्थान होते हैं। केवलज्ञानमे सयोगकेवली और अयोगकेवली ये दो गुणस्थान होते हैं।

सयम की अपेक्षा सामायिक और छेदोपस्थापना संयममे प्रमत्त आदि चार गुणस्थान होते है। परिहारविशुद्धिसंयममे प्रमत्त और अप्रमत्त दो गुणस्थान होते हे। सूक्ष्मसाम्पराय सयममे सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थान ही होता है। यथाख्यात सयममे उपशान्तकपायसे अयोगकेवलीपर्यन्त ४ गुणस्थान होते हैं। देशसयममे पञ्चम गुणस्थान ही होता है। असयत अवस्थामे आदिके ४ गुण-स्थान होते है।

दर्शनकी अपेक्षा चक्षु और अचक्षुदर्शनमें आदिके १२ गुणस्थान होते हैं। अवधिदर्शनमे असंयतसम्यग्दृष्टि आदि ९ गुणस्थान होते है। केवलदर्शनमे अन्तके दो गुणस्थान होते हैं।

लेश्याकी अपेक्षा कृष्ण, नील और कापोत लेश्यामें मिथ्यादृष्टि आदि ४ गुणस्थान होते हैं। पीत और पद्म लेश्यामें आदिके ७ गुणस्थान होते हैं। शुक्ल लेश्यामें आदिके १३ गुणस्थान होते ह। १४ वाँ गुणस्थान लेश्यारहित है।

भव्यत्वकी अपेक्षा भव्योंके १४ ही गुणस्थान होते हैं। अभव्यके पहिला गुणस्थान ही होता है।

सम्यक्त्वकी अपेक्षा क्षायिकसम्यक्त्वमें असयतसम्यग्दृष्टि आदि ११ गुणस्थान होते हैं। वेदकसम्यक्त्वमें असंयतसम्यग्दृष्टि आदि ४ गुणस्थान होते हैं। औपशमिक सम्यक्त्वमे असंयतसम्यग्दृष्टि आदि ८ गुणस्थान होते हैं। सासादनसम्यग्दृष्टिके एक सासादन गुणस्थान ही होता है। सम्यग्मिथ्यादृष्टिके सम्यग्मिथ्यादृष्टि गुणस्थान ही होता है। मिथ्यादृष्टिके मिथ्यादृष्टि गुणस्थान ही होता है।

संज्ञाकी अपेक्षा संज्ञीके आदिसे १२ गुणस्थान होते हैं। असंज्ञीके प्रथम गुणस्थान ही होता है। अन्तके दो गुणस्थानोंमे संज्ञी और असंज्ञी व्यवहार नही होता।

आहारकी अपेक्षा आहारकके आदिसे १३ गुणस्थान होते हैं। अनाहारकके विग्रहगतिमे मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि और असंयतसम्यग्दृष्टि ये तीन गुणस्थान होते है। समुद्धात करनेवाले सयोगकेवली और अयोगकेवली अनाहारक होते हैं। सिद्ध गुणस्थान रहित होते हैं।

संख्याप्ररूपणाका वर्णन भी सामान्य और विशेपकी अपेक्षा किया गया है। सामान्यसे मिथ्यादृष्टि जीव अनन्तानन्त है। सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि, असयतसम्यग्दृष्टि और देशसंयत पल्यके असंख्यातवे भाग प्रमाण है। यह इस प्रकार है—द्वितीय गुणस्थानमे बावन करोड़ ५२००००००, तृतीयमे एक सो चार करोड़ १०४००००००, चतुर्थमे सात सौ करोड़ ७००००००००, और पञ्चमगुणस्थानमे तेरह करोड़ १३०००००० संख्या है। कहा भी है—देशविरतमे तेरह करोड़, सासादनमे बावन करोड़, मिश्रमे एक सो चार करोड़ और असयतमे सात सौ करोड़ जीवों की संख्या है।

प्रमत्तसंयत कोटिपृथक्त्व प्रमाण हैं।

प्रश्न—पृथक्त्व किसे कहते हैं ?

उत्तर—तीनसे अधिक और नौसे कम संख्याको पृथक्त्व कहते हैं। प्रमत्तसयत जीवों की सख्या ५९३९८२०६ है।

अप्रमत्तसयत जीव संख्यात हैं अर्थात् २९६९९१०३ हैं।

अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण, सूक्ष्मसाम्पराय और उपशान्तकपाय ये चार उपशमक है इनमे प्रत्येक गुणस्थानके आठ २ समय होते है और आठ समयोंमे क्रमशः १६,२४,३०,३६, ४२,४८,५४,५४ सामान्यसे उत्कृष्ट संख्या है। विशेषसे प्रथम समयने १,२,३ इत्यादि १६ तक उत्कृष्ट संख्या होती है। इसी प्रकार द्वितीय आदि समयोंमे समझना चाहिए। कहा भी है—१६,२४,३०,३६,४२,४८,५४,५४ संख्याप्रमाण उपशमक होते है।

प्रत्येक गुणस्थानमें २९९ उपशमक होते है।

प्रश्न–१६ आदि आठ समयोंकी संख्याका जोड़ ३०४ होता है फिर २९९ कैसे बतलाया ?

उत्तर–आठ समयोंमें औपशमिक निरन्तर होते हैं किन्तु पूर्ण संख्यामे ५ कम होते हैं। अत. चारों गुणस्थानोंके उपशमकोंकी सख्या ११९६ है।

अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण, सूक्ष्मसाम्पराय, क्षीणकपाय और अयोगकेवली इन गुणस्थानोंमे प्रत्येकके आठ आठ समय होते हैं। और प्रत्येक समय की सख्या उपशमकसे द्विगुणी है। कहा भी है—

३२, ४८, ६०, ७२, ८४, ९६, १०८, १०८ क्रमशः प्रथम आदि समयोंकी संख्या है। प्रत्येक गुणस्थान मे सम्पूर्ण सख्या ५९८ है।

प्रश्न—इन गुणस्थानोंमे भी ६०८ संख्या होती है, ५९८ किस प्रकार संभव है ?

उत्तर—जिस प्रकार उपशमकों की संख्यामे ५ कम हो जाते हैं उसी प्रकार क्षपकोंकी संख्यामे भी द्विगुणी हानि होने से १० कम हो जाते हैं। अतः ५९८ ही संख्या होती है। इस प्रकार ५ क्षपक गुणस्थानों की समस्त सख्या २९९० है। कहा भी है—

क्षीण कपायो की सख्या २९९० है।

सयोगकेवली भी उपशमकों की अपेक्षा द्विगुणित हैं। अतः प्रथम समयमे १, २, ३ इत्यादि ३२ पर्यन्त उत्कृष्ट संख्या है। इसी प्रकार द्वितीय आदि समयोंमे समझना चाहिए।

प्रश्न—क्षपकोंकी तरह ही सयोगकेवलियोंकी सख्या है। अतः सयोगकेवलीका पृथक् वर्णन क्यों किया ?

उत्तर—आठ समयवर्ती समस्त केवलियोंकी संख्या ८९८५०२ है। अतः समुदित संख्याकी अपेक्षा क्षपकोंसे विशेषता होनेके कारण सयोगकेवलीका वर्णन पृथक् किया है। कहा भी है—

'जिनों की संख्या ८ लाख ९८ हजार ५०२ है।'

प्रमत्तसयतसे अयोगकेवली पर्यन्त एक समयवर्ती समस्त जीवोंकी उत्कृष्ट संख्या ८९९९९९७ है। इस प्रकार सामान्य संख्याका वर्णन हुआ।

क्षेत्रका वर्णन सामान्य और विशेपकी अपेक्षा किया गया है। सामान्यसे मिथ्यादृष्टियों का क्षेत्र सर्वलोक है। सासादन सम्यग्दृष्टिसे क्षीणकपाय पर्यन्त और अयोगकेवलीका क्षेत्र लोकके असख्यातवे भाग है। सयोगकेवलीका क्षेत्र लोकका असंख्यातवाँ भाग अथवा लोकके असख्यात भाग या सर्वलोक है।

प्रश्न—सयोगकेवलीका लोकके असख्यातवे भाग क्षेत्र कैसे है ?

उत्तर—दण्ड और कपाटकी अपेक्षा लोकके असंख्यातवें भाग क्षेत्र होता है। इसका विवरण इस प्रकार है—यदि समुद्घात करने वाला कायोत्सर्गसे स्थित है तो दण्डसमुद्घातको बारह अङ्गुल प्रमाण समवृत्त (गोलाकार) करेगा अथवा मूल शरीरप्रमाण समवृत्त करेगा। और यदि बैठा हुआ है तो प्रथम समयमे शरीरसे त्रिगुण बाहुल्य अथवा तीन वातवलय कम लोक प्रमाण करेगा। कपाटसमुद्घातको यदि पूर्वाभिमुख होकर करेगा तो दक्षिण-उत्तरकी ओर एक धनुप प्रमाण विस्तार होगा। और उत्तराभिमुख होकर करेगा तो पूर्व-पश्चिमकी ओर द्वितीय समयमे आत्मप्रसर्पण करेगा इसका विशेप व्याख्यान सस्कृत महापुराणपञ्जिकामें है। प्रतरकी अपेक्षा लोकके असख्यात भाग प्रमाण क्षेत्र होता है। प्रतर अवस्थामें

सयोगकेवली तीनों वातवलयोंके नीचे ही आत्मप्रदेशोंसे लोकको व्याप्त करता है। लोक पूरण अवस्थामें तीनों वातवलयोंको भी व्याप्त करता है। अतः सर्वलोक भी क्षेत्र होता है।

स्पर्शन भी सामान्य और विशेषके भेदसे दो प्रकार का है। सामान्यसे मिथ्यादृष्टियों के द्वारा सर्वलोक स्पृष्ट है। असंख्यात करोड़ योजन प्रमाण आकाशके प्रदेशोंको एक राजू कहते हैं। और तीन सौ तेतालीस राजू प्रमाण लोक होता है। लोकमें स्वस्थानविहार परस्थान विहार और मारणान्तिक उपपाद प्राणियोंके द्वारा किया जाता है। स्वस्थानविहार की अपेक्षा सासादन सम्यग्दृष्टियोंके द्वारा लोकका असंख्यातवां भाग स्पर्श किया जाता है। परस्थानविहार की अपेक्षा सासादनदेवों द्वारा तृतीयनरक पर्यन्त विहार होनेसे दो राजू क्षेत्र स्पृष्ट है। अच्युत स्वर्गके उपरिभाग पर्यन्त विहार होनेसे ६ राजू क्षेत्र स्पृष्ट है। इस प्रकार लोकके ८, १२ या कुछ कम १४ भाग स्पृष्ट हैं।

प्रश्न–द्वादश भाग किस प्रकार स्पृष्ट होते हैं?

उत्तर–सप्तम नरकमें जिसने सासादन आदि गुण स्थानोंको छोड़ दिया है वही जीव मारणान्तिक समुद्घात करता है इस नियमसे षष्ठ नरकसे मध्यलोक पर्यन्त सासादन-सम्यग्दृष्टि जीव मारणान्तिकको करता है। और मध्यलोकसे लोकके अग्रभागपर्यन्त बादरपृथ्वी, अप् और वनस्पति कायमें उत्पन्न होता है। अतः ७ राजू क्षेत्र यह हुआ। इस प्रकार १२ राजू क्षेत्र हो जाता है। यह नियम है कि सासादनसम्यग्दृष्टि जीव वायुकायिक, तेजकायिक, नरक और सर्वसूक्ष्म कायिकोंमें उत्पन्न नहीं होता है। कहा भी है।

तेजकायिक, वायुकायिक, नरक और सर्वसूक्ष्मकायिकको छोड़कर बाकीके स्थानोंमें सासादन जीव उत्पन्न होता है।

प्रश्न–देशोन क्षेत्र कैसे होता है?

उत्तर–कुछ प्रदेश सासादन सम्यग्दृष्टिके स्पर्शन योग्य नहीं होते हैं इसलिये देशोन क्षेत्र हो जाता है। आगे भी देशोनता इसी प्रकार समझनी चाहिए।

सम्यग्मिथ्यादृष्टि और असंयतसम्यग्दृष्टियोंके द्वारा लोक का असंख्यातवाँ भाग, लोकके आठ भाग अथवा कुछ कम १४ भाग स्पृष्ट है।

प्रश्न–किस प्रकार से?

उत्तर–सम्यग्मिथ्यादृष्टि और असंयतसम्यग्दृष्टि देवोंके द्वारा परस्थानविहारकी अपेक्षा आठ राजू स्पृष्ट है।

संयतासंयतोंके द्वारा लोकका असंख्यातवां भाग, छह भाग अथवा कुछ कम चौदह भाग स्पृष्ट हैं।

प्रश्न–किस प्रकार से?

स्वयम्भूरमणमें स्थित संयतासंयत तिर्यञ्चोंके द्वारा मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा छह राजू स्पृष्ट हैं।

प्रमत्तसंयतसे अयोगकेवली पर्यन्त गुणस्थानवर्ती जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान ही है। क्योंकि प्रमत्तसंयत आदिका क्षेत्र नियत है और भवान्तरमें उत्पादस्थान भी नियत है। अतः चतुष्कोण रज्जुके प्रदेशोंमें निवास न होनेसे लोकके असंख्यातवां भाग स्पर्शन है। सयोगकेवलीका भी क्षेत्रके समान ही लोकका असंख्यातवां भाग लोकके असंख्यात बहुभाग अथवा सर्वलोक स्पर्शन है।

काल—सामान्य और विशेषके भेदसे काल दो प्रकारका है।

सामान्यसे मिथ्यादृष्टियोंमें नाना जीवोंकी अपेक्षा सर्वकाल है। एक जीवकी अपेक्षा कालके तीन भेद होते है। किसी जीवका काल अनादि और अनन्त है, किसीका अनादि और सान्त है। तथा किसीका सादि और सान्त है। सादि और सान्तकाल जघन्य अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तनकाल है।

सासादन सम्यग्दृष्टियोंमें सब जीवोंकी अपेक्षा जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असख्यातवे भाग है। एक जीवकी अपेक्षा जघन्यकाल एक समय और उत्कृष्ट काल ६ आवली है। असंख्यात समयकी एक आवली होती है। सख्यात आवलियोंके समूहको उच्छ्वास कहते है। सात उच्छ्वासका एक स्तोक होता है। सात स्तोकका एक लव होता है। ३८½ लवकी एक नाली होती है। दो नालीका एक मुहूर्त होता है अर्थात् ३७७३ उच्छ्वासोंके समूहको मुहूर्त कहते है। एक समय अधिक आवलीसे अधिक और एक समय कम मुहूर्तके समयको अन्तर्मुहूर्त कहते हैं। इसके असंख्यात भेद हैं।

सम्यग्मिथ्यादृष्टियोंमे नाना जीवोंकी अपेक्षा जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्टकाल पल्यके असख्यातवे भाग है। एक जीवकी अपेक्षा जघन्य और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त ही है। असयतसम्यग्दृष्टिके नाना जीवोंकी अपेक्षा सर्वकाल है। एक जीवकी अपेक्षा जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्टकाल कुछ अधिक तेतीस सागर है। क्योंकि कोई पूर्वकोटि आयुवाला मनुष्य आठ वर्ष और अन्तर्मुहूर्तके बाद सम्यक्त्वको प्राप्त कर विशेष तपके द्वारा सर्वार्थसिद्धिमे उत्पन्न हो सकता है। वही जीव सर्वार्थसिद्धिसे मनुष्य भवमे आकर आठ वर्षके बाद संयम ग्रहण करके मोक्ष प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार कुछ अधिक तेतीस सागर काल हो जाता है।

देशसंयतके नाना जीवोंकी अपेक्षा सर्वकाल है। एक जीवकी अपेक्षा जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्टकाल कुछ कम एक पूर्वकोटि है।

प्रमत्त और अप्रमत्त जीवोंमें नाना जीवोंकी अपेक्षा सर्वकाल है। एक जीवकी अपेक्षा जघन्यकाल एक समय है। क्योंकि कोई प्रमत्तगुणस्थानवर्ती जीव अपनी आयुके एक समय शेष रहनेपर अप्रमत्तगुणस्थानको प्राप्तकर मरण करता है। इसी प्रकार अप्रमत्तगुणस्थानवर्ती जीव अपनी आयुके एक समय शेष रहनेपर प्रमत्तगुणस्थानको प्राप्तकर मृत्युको प्राप्त होता है। इस प्रकार दोनो गुणस्थानोंमे एक जीवका जघन्यकाल एक समय है। और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है।

चारों उपशमकोंके नाना और एक जीवकी अपेक्षा जघन्यकाल एक समय और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। क्योंकि चारों उपशमक एक साथ ५४ तक हो सकते हैं और यह सम्भव है कि उपशमश्रेणीमे प्रवेश करते ही सबका एक साथ मरण हो जाय। इसलिये जघन्यसे एक समय काल बन सकता है।

प्रश्न–इस प्रकारसे मिथ्यादृष्टिका काल भी एक समय क्यों नही होता?

उत्तर–जिस जीवने मिथ्यात्वको प्राप्त कर लिया है उसका अन्तर्मुहूर्तके बीचमे मरण नही हो सकता। कहा भी है कि सम्यग्दर्शनसे मिथ्यात्वको प्राप्त कर लेनेपर अनन्तानुबन्धी कषायोंका एक आवली पर्यन्त पाक नही होता है और अन्तर्मुहूर्तके मध्यम मरण भी नहीं होता है।

सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव मरणसमयमे उस गुणस्थानको छोड़ देता है अतः उसका भी काल एक समय नहीं है। असंयत और सयतासंयत जीव भी अन्तर्मुहूर्तके भीतर मरण नहीं करता अतः इसका भी काल एक समय नही है।

चारों क्षपक और अयोगकेवलीका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक जीव और नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर्मुहूर्त है। क्योंकि चारों क्षपक और अयोगकेवली ये नियमसे मोक्षगामी होते हैं अतः इनका बीचमे मरण नहीं हो सकता।

सयोगकेवलीका नाना जीवोंकी अपेक्षा सर्वकाल है और एक जीवकी अपेक्षा अन्तर्मुहूर्त है। क्योंकि सयोगकेवली गुणस्थानवर्ती जीव अन्तर्मुहूर्तके अनन्तर अयोग-केवली गुणस्थानको प्राप्त करता है।

उत्कृष्ट काल कुछ कम एक पूर्वकोटि है। क्योंकि कोई जीव आठ वर्षके वादमे तप-को ग्रहण करके केवलज्ञानको प्राप्त कर सकता है। अतः आठ वर्ष कम हो जानेसे कुछ कम पूर्वकोटि काल होता है।

एक गुणस्थानसे दूसरे गुणस्थानमे जाने पर जवतक पुनः उसी गुणस्थानकी प्राप्ति नही होती उतने कालको अन्तर कहते है।

अन्तरका विचार सामान्य और विशेष दो प्रकारसे होता है। सामान्यसे मिथ्यादृष्टि-गुणस्थानमे नाना जीवकी अपेक्षा अन्तर नही है। एक जीवकी अपेक्षा जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छयासठ सागर अर्थात् १३२ सागर है।

क्योंकि कोई जीव वेदक सम्यक्त्वको प्राप्त करनेपर उत्कृष्टकाल ६६ सागर तक सम्यक्त्वी रह सकता है। पुनः अन्तर्मुहूर्त पर्यन्त सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थानमे रहनेके बाद पल्यके असख्यात भाग बीत जानेपर औपशमिक सम्यक्त्वको ग्रहण करनेकी योग्यता होती है। इतने अन्तरके बाद पुनः वेदकसम्यक्त्वको ग्रहण करनेकी योग्यता होती है। इस तरह वेदक-सम्यक्त्वको पुनः ग्रहण करके ६६ सागर बिताता है। इस तरह दो वार छयासठ सागर अन्तर आ जाता है।

सासादन सम्यग्दृष्टि गुणस्थानमे नानाजीवोंकी अपेक्षा जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्दर पल्यके असंख्यातवे भाग है। एक जीवकी अपेक्षा जघन्य अन्तर पल्यके असख्यातवे भाग और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तन है।

सम्यग्मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमे नाना जीवोकी अपेक्षा सासादनगुणस्थानकी तरह ही अन्तर है। एक जीवकी अपेक्षा जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम अर्ध-पुद्गलपरिवर्तन है।

असयतसम्यग्दृष्टिसे अप्रमत्तसंयततक नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर नही है। एक जीवकी अपेक्षा जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तन है। चारो उपशमकोंके नाना जीवोंकी अपेक्षा जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व है। एक जीवकी अपेक्षा जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तन है।

चारों क्षपक और अयोगकेवलीके नाना जीवोकी अपेक्षा जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर छह माह है। एक जीवकी अपेक्षा अन्तर नही है।

सयोगकेवलीके नाना जीव अथवा एक जीवकी अपेक्षा अन्तर नहीं है।

सामान्य और विशेषके भेदसे भाव दो प्रकारका है। सामान्यसे मिथ्यादृष्टिगुण-स्थानमे मिथ्यात्व' प्रकृतिका उदय होनेसे औदयिक भाव है। सासादनगुणस्थानमे पारिणा-मिक भाव होता है।

प्रश्न–अनन्तानुबन्धिकषायके उदयसे द्वितीय गुणस्थान होता है अतः इस गुण-स्थानमे औदयिक भाव क्यों नही बतलाया ?

अपेक्षा

उत्तर–मिथ्यादृष्टि आदि चार गुणस्थानोंमे दर्शनमोहनीयके उदय आदिकी अपेक्षासे भावोंका वर्णन किया गया है। और सासादनगुणस्थानमे दर्शनमोहनीयके उदय, उपशम, क्षय और क्षयोपशम न होनेसे पारिणामिक भावका सद्भाव आगममे कहा है।

मिश्रगुणस्थानमे क्षायोपशमिक भाव होता है।

प्रश्न–सर्वघाती प्रकृतियोंके उदय न होनेपर और देशघाती प्रकृतियोंके उदय होनेपर क्षायोपशमिक भाव होता है। लेकिन सम्यग्मिथ्यात्वप्रकृति देशघाती नहीं है क्योंकि आगममें उसको सर्वघाती बतलाया है। अतः तृतीय गुणस्थानमें क्षायोपशमिक भाव कैसे सभव है ?

उत्तर–उपचारसे सम्यग्मिथ्यात्वप्रकृति भी देशघाती है। सम्यग्मिथ्यात्वप्रकृति एकदेशसे सम्यक्त्वका घात करती है। वह मिथ्यात्वप्रकृतिके समान सम्यक्त्वका सर्वघात नहीं करती। सम्यग्मिथ्यात्वप्रकृतिके उदय होनेपर सर्वज्ञके द्वारा उपदिष्ट तत्त्वोंमे चलाचलरूप परिणाम होते है। अतः सम्यग्मिथ्यात्वप्रकृति उपचारसे देशघाती है और देशघाती होनेसे तीसरे गुणस्थानमे क्षायोपशमिकभावका सद्भाव युक्तिसंगत है।

अविरतसम्यग्दृष्टि गुणस्थानमे औपशमिक, क्षायिक और क्षायोपशमिक भाव होते है। असंयत औदयिक भावसे होता है। संयतासंयत, प्रमत्तसयत और अप्रमत्तसंयत गुणस्थानोंमे क्षायोपशमिक भाव होता है। चारो उपशमक गुणस्थानोंमे औपशमिक भाव होता है। चारो क्षपक, सयोगकेवली और अयोगकेवली गुणस्थानोंमे क्षायिक भाव होता है।

अल्पबहुत्वका वर्णन भी सामान्य और विशेषके भेदसे किया गया है। सामान्यसे अपूर्वकरण, अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसापराय इन तीन उपशम गुणस्थानों मे उपशमक सब से कम है। आठ समयोंमे क्रमसे प्रवेश करने पर इनकी जघन्य संख्या १, २, ३ इत्यादि है और उत्कृष्ट सख्या १६, २४, ३०, ३६, ४२, ४८, ५४, ५४ है। अपने २ गुणस्थान कालमे इनकी सख्या बराबर है। उपशान्तकषाय गुणस्थानवर्ती जीवों की संख्या सख्याके वर्णनमे बतलाई जा चुकी है। उपशमक जीवो की सख्या सबसे कम होनेके कारण पहिले इनका वर्णन किया गया है। तीन उपशमकों को कषाय सहित होनेसे उपशान्त कषायसे पृथक् निर्देश किया गया है। तीन क्षपक गुणस्थानवर्ती जीव उपशमकोसे संख्यातगुने हैं। सूक्ष्मसाम्परायसंयत विशेष अधिक है। क्योंकि सूक्ष्मसाम्परायमे उपशमक और क्षपक दोनों का ग्रहण किया गया है।

क्षीणकषाय गुणस्थानवर्ती जीवों की संख्या सख्याके वर्णनमे बतलाई जा चुकी है। सयोगकेवली और अयोगकेवली जीवों की सख्या प्रवेश की अपेक्षा बराबर है। अपने कालमे सर्वसयोगकेवलियोंकी संख्या ८९८५०२ है। अप्रमत्तसयत सख्यातगुने है। प्रमत्तसयत संख्यातगुने है। संयतासयत संख्यातगुने हैं। सयतासयतोंमे अल्पबहुत्व नही है, क्योंकि सयतों की तरह इनमे गुणस्थान का भेद नही है। सासादन सम्यग्दृष्टि सख्यातगुने ५२०००००० है। सम्यग्मिथ्यादृष्टि सख्यातगुने १०४०००००० हैं। असयतसम्यग्दृष्टि सख्यातगुने ७०००००००० है। मिथ्यादृष्टि अनन्तगुने हैं।

इस प्रकार सत् सख्या आदि का गुणस्थानोंमे सामान्य की अपेक्षासे वर्णन किया गया है। विशेष की अपेक्षासे वर्णन विस्तारभय से नही किया है।

सम्यग्ज्ञान का वर्णन—

मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलानि ज्ञानम् ॥ ९ ॥

मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय और केवल ये पाँच सम्यग्ज्ञान है।

मति ज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशम होने पर पाँच इन्द्रियों और मन के द्वारा जो ज्ञान होता है वह मतिज्ञान है। श्रुतज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशम होने पर मतिज्ञानके द्वारा जाने हुए पदार्थों को विशेषरूपसे जानना श्रुतज्ञान है। इन्द्रिय और मन की सहायताके विना रूपी पदार्थों का जो स्पष्ट ज्ञान होता है वह अवधिज्ञान है। नीचे अधिक और ऊपर अल्प विषय को जानने के कारण इसको अवधि कहते हैं। देव अवधिज्ञानसे नीचे सातवें नरक पर्यन्त और ऊपर अपने विमान की ध्वजा पर्यन्त देखते हैं। अथवा विषय नियत होनेके कारण इसको अवधि कहते हैं। अवधिज्ञान रूपी पदार्थ को ही जानता है। दूसरेके मनमें स्थित पदार्थको (मन की बात को) जानने वाले ज्ञानको मनःपर्यय कहते हैं। मनःपर्यय ज्ञानमें मनको सहायक होनेके कारण मतिज्ञानका प्रसङ्ग नहीं हो सकता क्योंकि मन निमित्तमात्र होता है जैसे 'आकाशमें चन्द्रमा को देखो' यहाँ आकाश केवल निमित्त है अतः मन मनःपर्यय ज्ञान का कारण नहीं है। जिसके लिए मुनिजन वाह्य और अभ्यन्तर तप करते हैं उसे केवल ज्ञान कहते हैं। सम्पूर्ण द्रव्यों और उनकी त्रिकालवर्ती पर्यायों को युगपत् जानने वाले असहाय (दूसरे की अपेक्षा रहित) ज्ञान को केवलज्ञान कहते हैं।

केवल ज्ञान की प्राप्ति सबसे अन्तमें होती है अतः इसका ग्रहण अन्तमें किया है। केवलज्ञानके समीपमें मनःपर्यय का ग्रहण किया है क्योंकि दोनों का अधिकरण एक ही है। दोनों यथाख्यातचारित्रवालेके होते हैं। केवलज्ञानसे अवधिज्ञान को दूर रखा है क्योंकि वह केवलज्ञानसे विप्रकृष्ट (दूर) है। प्रत्यक्षज्ञानोंके पहिले परोक्षज्ञान मति और श्रुति को रखा है क्योंकि दोनों की प्राप्ति सरल है। सब प्राणी दोनों ज्ञानो का अनुभव करते है।

मति और श्रुतज्ञान की पद्धति श्रुत परिचित और अनुभूत है। वचन से सुनकर उसके एकबार स्वरूपसंवेदन को परिचित कहते हैं, तथा वार वार भावना को अनुभूत कहते हैं।

ज्ञान की प्रमाणता

तत्प्रमाणे ॥ १० ॥

ऊपर कहे हुये मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय और केवल ये पाँचों ही ज्ञान प्रमाण हैं। अन्य सन्निकर्ष या इन्द्रिय आदि प्रमाण नहीं हो सकते। इन्द्रिय और पदार्थके सम्बन्ध को सन्निकर्ष कहते हैं। यदि सन्निकर्ष प्रमाण हो तो सूक्ष्म (परमाणु आदि) व्यवहित (राम, रावण आदि) और विप्रकृष्ट (मेरु आदि) अर्थो का ग्रहण नहीं हो सकता क्योंकि इन्द्रियोंके साथ इन पदार्थोंका सन्निकर्ष संभव नहीं है। और उक्त पदार्थों का प्रत्यक्ष न होनेसे कोई सर्वज्ञ भी नहीं हो सकेगा। अतः सन्निकर्ष को प्रमाण मानने वालों (नैयायिक) के यहाँ सर्वज्ञाभाव हो जायगा। दूसरी बात यह भी है कि चक्षु और मन अप्राप्यकारी (पदार्थसे सम्बन्ध किए बिना ही जानने वाले) है। अतः सब इन्द्रियों के द्वारा सन्निकर्ष न होनेसे सन्निकर्षको प्रमाण माननेमें अव्याप्ति दोष भी आता है। उक्त कारणोंसे इन्द्रिय भी प्रमाण नहीं हो सकती। चक्षु आदि इन्द्रियों का विषय अल्प है और ज्ञेय अनन्त है।

प्रश्न—(नैयायिक) जैन ज्ञानको प्रमाण मानते है अतः उनके यहाँ प्रमाणका फल नहीं बनेगा क्योंकि अर्थाधिगम (ज्ञान) को ही फल कहते हैं। पर जब वह ज्ञान प्रमाण हो गया तो फल क्या होगा ? प्रमाण तो फलवाला अवश्य होता है। सन्निकर्ष या इन्द्रिय को प्रमाण माननेमें तो अर्थाधिगम (ज्ञान) प्रमाणका फल बन जाता है।

उत्तर—यदि सन्निकर्ष प्रमाण है और अर्थाधिगम फल है तो जिस प्रकार सन्निकर्ष दो वस्तुओं (इन्द्रिय और घटादिअर्थ) मे रहता है उसी प्रकार अर्थाधिगमको भी दोनों में रहना चाहिये। और ऐसा होने पर घटादिकको भी ज्ञान होने लगेगा। यदि नैयायिक यह कहे कि आत्माको चेतन होनेसे ज्ञान आत्मामे ही रहता है तो उसका ऐसा कहना भी ठीक नही है क्योंकि नैयायिकके मतमे सब अर्थ स्वभावसे अचेतन हैं और आत्मामें चेतनत्व गुण का समवाय (सम्बन्ध) होनेसे आत्मा चेतन होता है। यदि नैयायिक आत्मा को स्वभावसे चेतन मानते हैं तो उनके मत का विरोध होगा। क्योंकि उनके मतमे आत्माको भी स्वभावसे अचेतन बतलाया है।

जैनोंके मतमे ज्ञान को प्रमाण मानने पर भी फलका अभाव नहीं होगा, क्योंकि अर्थके जान लेनेपर आत्मामें एक प्रकारकी प्रीति उत्पन्न होती है इसीका नाम फल है। अथवा उपेक्षा या अज्ञाननाशको फल कहेंगे। किसी वस्तुमे राग और द्वेष का न होना उपेक्षा है। तृण आदि वस्तुके ज्ञान होने पर उपेक्षा होती है। किसी पदार्थको जानने से उस विषयक अज्ञान दूर हो जाता है। यही प्रमाण के फल हैं।

प्रश्न—यदि प्रमेयको जानने के लिये प्रमाणकी आवश्यकता है तो प्रमाणको जानने के लिये भी अन्य प्रमाणकी आवश्यकता होगी। और इस तरह अनवस्था दोप होगा। अप्रामाणिक अनन्त अर्थो की कल्पना करने को अनवस्था कहते हैं।

उत्तर—प्रमाण दीपककी तरह स्व और परका प्रकाशक होता है। अतः प्रमाणको जाननेके लिये अन्य प्रमाणकी आवश्यकता नही है। जिस प्रकार दीपक अपना भी प्रकाश करता है और घटपटादि पदार्थोंको भी प्रकाशित करता है उसी प्रकार प्रमाण भी अपनेको जानता है तथा अन्य पदार्थो को भी जानता है। यदि प्रमाण अपनेको नहीं जानेगा तो स्वाधिगमका अभाव होनेसे स्मृतिका भी अभाव हो जायगा। और स्मृतिका अभाव होनेसे लोकव्यवहारका भी अभाव हो जायगा। क्योंकि प्रायः लोकव्यवहार स्मृतिके आधारपर ही चलता है।

प्रमाणके प्रत्यक्ष और परोक्ष ये दो भेद बतलानेके लिये सूत्रमे द्विवचनका प्रयोग किया है। अन्य वादी प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान, आगम, अर्थापत्ति और अभाव इन प्रमाणोंको पृथक् २ प्रमाण मानते हैं। पर वस्तुतः इनका अन्तर्भाव प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रमाणमे ही हो जाता है।

परोक्ष प्रमाण—

आद्ये परोक्षम् ॥ ११ ॥

मति और श्रुतज्ञान परोक्ष प्रमाण है। श्रुतज्ञानको मतिज्ञानके समीपमें होनेके कारण श्रुतज्ञानका ग्रहण भी आद्यशब्दके द्वारा हो जाता है। इन्द्रिय, मन, प्रकाश और गुरुके उपदेश आदिको पर कहते है। मतिज्ञानावरण और श्रुतज्ञानावरणके क्षयोपशमको भी पर कहते हैं। उक्त प्रकार 'पर' की सहायतासे जो ज्ञान उत्पन्न होता है वह परोक्ष है।

प्रत्यक्ष प्रमाण—

प्रत्यक्षमन्यत् ॥ १२ ॥

अवधि, मनःपर्यय और केवल ये तीन ज्ञान प्रत्यक्ष हैं। अक्ष आत्माको कहते हैं। जो ज्ञान, इन्द्रिय आदिकी सहायताके विना केवल आत्माकी सहायतासे उत्पन्न होते हैं वह प्रत्यक्ष हैं।

यहाँ ज्ञानका अधिकार (प्रकरण) होनेसे अवधिदर्शन और केवलदर्शन प्रत्यक्ष प्रमाण नही हो सकते । और 'सम्यक्' शब्दका अधिकार होनेसे विभङ्गज्ञान (कुअवधि) भी प्रमाण नहीं हो सकता है। विभङ्गज्ञान मिथ्यात्वके उदयके कारण अर्थोंका विपरीत बोध करता है।

जो लोग इन्द्रिय जन्य ज्ञान को प्रत्यक्ष मानते हैं उनके यहाॅ सर्वज्ञ को प्रत्यक्ष-ज्ञान नही हो सकेगा । सर्वज्ञका ज्ञान इन्द्रियपूर्वक नही होता है। यदि सर्वज्ञका ज्ञान भी इन्द्रियपूर्वक होने लगे तो वह सर्वज्ञ ही नही हो सकता है, क्योंकि इन्द्रियोंके द्वारा सब पदार्थोंका ज्ञान असंभव है। यदि सर्वज्ञके मानस प्रत्यक्ष माना जाय तो मनका उपयोग भी क्रमिक होता है अतः सर्वज्ञत्वका अभाव हो जायगा। आगमसे पदार्थों को जानकर भी कोई सर्वज्ञ नही हो सकता; क्योंकि आगम भी प्रत्यक्षज्ञानपूर्वक होता है। पदार्थों का प्रत्यक्ष किए बिना आगम प्रमाण नही हो सकता। योगिप्रत्यक्षको यदि इन्द्रियजन्य स्वीकार किया जाता है तो सर्वज्ञाभावका प्रसङ्ग ज्योंका त्यों बना रहता है। अतः इन्द्रियजन्य ज्ञानको प्रत्यक्ष मानना ठीक नही है। प्रत्यक्ष वही है जो केवल आत्माकी सहायतासे उत्पन्न हो।

मतिज्ञानके विशेष—

मतिः स्मृतिः संज्ञा चिन्ताऽभिनिबोध इत्यनर्थान्तरम् ॥ १३ ॥

मति, स्मृति, संज्ञा, चिन्ता, अभिनिबोध इत्यादि मतिज्ञानके नामान्तर हैं। यद्यपि इनमें स्वभावकी अपेक्षा भेद है, लेकिन रूढ़िसे ये सब मतिज्ञान ही कहे जाते हैं। जैसे इन्दन (क्रीडा) आदि क्रियाकी अपेक्षासे भेद होनेपर भी एक ही शचीपति (इन्द्र) के इन्द्र, शक्र, पुरन्दर आदि भिन्न भिन्न नाम हैं। मति, स्मृति आदि ज्ञान मतिज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमसे होते हैं, इनका विषय भी एक ही है और श्रुत आदि ज्ञानोंमें ये भेद नहीं पाये जाते हैं, अतः ये सब मतिज्ञानके ही नामान्तर हैं।

पाॅच इन्द्रिय और मनसे जो अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणाज्ञान होता है वह मति है। स्वसंवेदन और इन्द्रियज्ञान साव्यवहारिक प्रत्यक्ष भी कहे जाते हैं। तत् (वह) इस प्रकार अतीत अर्थके स्मरण करनेको स्मृति कहते हैं। 'यह वही है', 'यह उसके सदृश है' इस प्रकार पूर्व और उत्तर अवस्थामे रहनेवाले पदार्थकी एकता, सदृशता आदिके ज्ञानको संज्ञा (प्रत्यभिज्ञान) कहते है। किन्ही दो पदार्थोंमे कार्यकारण आदि सम्बन्धके ज्ञानको चिन्ता (तर्क) कहते हैं। जैसे अग्निके बिना धूम नहीं होता है, आत्माके बिना शरीर व्यापार, वचन आदि नही हो सकते हैं। इस प्रकार विचारकर उक्त पदार्थोंमें कार्यकारण सम्बन्धका ज्ञान करना तर्क है। एक प्रत्यक्ष पदार्थको देखकर उससे सम्बन्ध रखनेवाले अप्रत्यक्ष अर्थका ज्ञान करना अभिनिबोध (अनुमान) है जैसे पर्वतमे धूमको देखकर अग्निका ज्ञान करना। आदि शब्दसे प्रतिभा, बुद्धि, मेधा आदिका ग्रहण करना चाहिये। दिन या रात्रिमें कारणके बिना ही जो एक प्रकारका स्वतः प्रतिभास हो जाता है वह प्रतिभा है। जैसे प्रातः मुझे इष्ट वस्तुकी प्राप्ति होगी या कल मेरा भाई आयगा आदि। अर्थको ग्रहण करनेकी शक्ति को बुद्धि कहते है। और पाठको ग्रहण करनेकी शक्तिका नाम मेधा है।

कहा भी है—आगमाश्रित ज्ञान मति है। बुद्धि तत्कालीन पदार्थका साक्षात्कार करती है अ.अतीतको तथा मेधा त्रिकालवर्ती पदार्थोंका परिज्ञान करती है।

मतिज्ञानकी उत्पत्तिके कारण—

तदिन्द्रियानिन्द्रियनिमित्तम् ॥ १४ ॥

मतिज्ञान पाँच इन्द्रिय और मनके निमित्तसे उत्पन्न होता है।

परम ऐश्वर्यको प्राप्त करनेवाले आत्माको इन्द्र और इन्द्रके लिङ्ग (चिह्न) को इन्द्रिय कहते हैं। मतिज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशम होनेपर आत्माको अर्थकी उपलब्धिमें जो सहायक होता है वह इन्द्रिय है। अथवा जो सूक्ष्म-अर्थ (आत्मा) का सद्भाव सिद्ध करे वह इन्द्रिय है। स्पर्शन आदि इन्द्रियके व्यापारको देखकर आत्माका अनुमान किया जाता है। अथवा नामकर्मकी इन्द्र संज्ञा है और जिसकी रचना नामकर्मके द्वारा हुई हो वह इन्द्रिय है। अर्थात् स्पर्शन, रसना आदिको इन्द्रिय कहते हैं। मनको अनिन्द्रिय कहते हैं। अनिन्द्रिय, मन, अन्तःकरण ये सब पर्यायवाची शब्द हैं।

प्रश्न—स्पर्शन आदिकी तरह मनको इन्द्रका लिङ्ग (अर्थोपलब्धि में सहायक) होनेपर भी अनिन्द्रिय क्यों कहा ?

उत्तर—यहाँ इन्द्रिय के निषेध का नाम अनिन्द्रिय नहीं है किन्तु ईषत् इन्द्रिय का नाम अनिन्द्रिय है। जैसे 'अनुदरा कन्या' (बिना उदर की कन्या) कहने का तात्पर्य यह नहीं है कि उसके 'उदर है ही नहीं' किन्तु इसका इतना ही अर्थ है कि उसका उदर छोटा है। मनको अनिन्द्रिय इसीलिये कहा है कि जिस प्रकार चक्षु आदि इन्द्रियोंका स्थान और विषय निश्चित है इस प्रकार मनका स्थान और विषय निश्चित नहीं है। तथा चक्षु आदि इन्द्रियाँ कालान्तरस्थायी है और मन क्षणस्थायी है। मनको अन्तः-करण भी कहते है क्योंकि यह गुणदोषादि के विचार और स्मरण आदि व्यापारों मे इन्द्रिय की अपेक्षा नहीं रखता है और चक्षु आदि बाह्य इन्द्रियों की तरह पुरुषों को दिखाई नहीं देता।

"अनन्तरस्य विधिः प्रतिषेधो वा" इस नियमके अनुसार पहिले मतिज्ञानका वर्णन होने से इस सूत्र मे भी मतिज्ञानका ही वर्णन समझा जाता। फिर भी मतिज्ञान-का निर्देश करनेके लिये सूत्रमे दिया गया 'तत्' शब्द यह बतलाता है कि आगेके सूत्रमे भी मतिज्ञानका सम्बन्ध है। अर्थात् अवग्रह आदि मतिज्ञानके ही भेद हैं। 'तत्' शब्दके बिना यह अर्थ हो जाता कि मति, स्मृति आदि मतिज्ञान है और श्रुत इन्द्रिय और अनिन्द्रियके निमित्तसे होता है तथा अवग्रह आदि श्रुत के भेद हैं।

मतिज्ञानके भेद—

अवग्रहेहावायधारणाः ॥१५॥

मतिज्ञानके अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा ये चार भेद हैं।

विषय और विषयी अर्थात् पदार्थ और इन्द्रियोके सम्बन्ध होनेपर सबसे पहिले सामान्य दर्शन होता है और दर्शनके अनन्तर जो प्रथम ज्ञान होता है वह अवग्रह है। अर्थात् प्रत्येक ज्ञानके पहिले दर्शन होता है। दर्शनके द्वारा वस्तुकी सत्तामात्रका ग्रहण होता है जैसे सामने कोई वस्तु है। फिर दर्शनके बाद यह शुक्ल रूप है इस प्रकारके ज्ञानका नाम अवग्रह है।

अवग्रहसे जाने हुये अर्थको विशेषरूपसे जाननेकी इच्छाके बाद 'ऐसा होना चाहिए' इस प्रकार भवितव्यता प्रत्यय रूप ज्ञान को ईहा कहते है। जैसे यह

शुक्ल वस्तु बलाका (बकपंक्ति) होना चाहिए। अथवा ध्वजा होना चाहिए। ईहा ज्ञानको संशय नही कह सकते क्योंकि यथार्थमे ईहामे एक वस्तुके ही निर्णयकी इच्छा रहती है जैसे यह बलाका होना चाहिये। विशेष चिन्होंको देखकर उस वस्तुका निश्चय कर लेना अवाय है। जैसे उड़ना, पखोंका चलाना आदि देखकर निश्चय करना कि यह बलाका ही है। अवायसे जाने हुये पदार्थको कालान्तरसे नही भूलना धारणा है। धारणा ज्ञान स्मृतिमे कारण होता है।

मतिज्ञानके उत्तरभेद—

बहुबहुविधक्षिप्रानिःसृताऽनुक्तध्रुवाणां सेतराणाम् ॥ १६ ॥

बहु, बहुविध, क्षिप्र, अनिःसृत, अनुक्त और ध्रुव तथा इनसे उलटे एक, एकविध, अक्षिप्र, निःसृत, उक्त और अध्रुव इन बारह प्रकारके अर्थोंका अवग्रह आदि ज्ञान होता है।

एक ही प्रकारके बहुत पदार्थोंका नाम बहु है। बहु शब्द संख्या और परिमाणको बतलाता है जैसे 'बहुत आदमी' इस वाक्यमें बहुत शब्द दो से अधिक संख्याको बतलाता है। और 'बहुत दाल भात' यहाँ बहुशब्द परिमाणवाची है। अनेक प्रकारके पदार्थोंको बहुविध कहते हैं। जिसका ज्ञान शीघ्र हो जाय वह क्षिप्र है। जिस पदार्थके एकदेशको देखकर सर्वदेशका ज्ञान हो जाय वह अनिःसृत है। वचनसे बिना कहे जिस वस्तुका ज्ञानहो जाय वह अनुक्त है। बहुत काल तक जिसका यथार्थज्ञान बना रहे वह ध्रुव है। एक पदार्थ को एक और एक प्रकारके पदार्थोको एकविध कहते हैं। जिसका ज्ञान शीघ्र न हो वह अक्षिप्र है। प्रकट पदार्थो को निःसृत कहते हैं। वचन को सुनकर अर्थ का ज्ञान होना उक्त है। जिसका ज्ञान बहुत समय तक एकसा न रहे वह अध्रुव है।

उक्त बारह प्रकारके अर्थोके इन्द्रिय और मनके द्वारा अवग्रह आदि चार ज्ञान होते हैं। अतः मतिज्ञानके १२×४×६=२८८ भेद हुये। यह भेद अर्थावग्रहके हैं। व्यञ्जनावग्रहके ४८ भेद आगे बतलाये जाँयगे। इस प्रकार मतिज्ञानके कुल २८८+४८=३३६ भेद होते हैं।

ज्ञानावरणकर्मके क्षयोपशमके प्रकर्षसे बहु आदिका ज्ञान होता है और ज्ञानावरणके क्षयोपशमके अप्रकर्षसे एक आदि पदार्थो का ज्ञान होता है।

बहु और बहुविधिमे भेद—एक प्रकारके पदार्थोको बहु और बहुत प्रकारके पदार्थोको बहुविध कहते है।

उक्त और निःसृतमे भेद—दूसरेके उपदेशपूर्वक जो ज्ञान होता है वह उक्त है और परोपदेशके बिना स्वय ही जो ज्ञान होता है वह निःसृत है।

कोई 'क्षिप्रनिःसृत'—ऐसा पाठ मानते है। इसका अर्थ यह है कि कोई व्यक्ति कानसे शब्दको सुनकर ही यह शब्द मोरका है अथवा मुर्गेका है यह समझ लेता है। कोई शब्दमात्रका ही ज्ञान कर पाता है। इनमे यह मयूरका ही शब्द है अथवा मुर्गेका ही शब्द है इस प्रकारका निश्चय हो जाना निःसृत है।

ध्रुवावग्रह और धारणामे भेद—प्रथम समयमे जैसा अवग्रह हुआ है द्वितीयादि समयोंमे उसी रूपमे वह बना रहे, उससे कम या अधिक न हो इसका नाम ध्रुवावग्रह है। ज्ञानावरणकर्मके क्षयोपशमकी विशुद्धि और सक्लेशके मिश्रणसे कभी अल्पका अवग्रह, कभी बहुतका अवग्रह, इस प्रकार कम या अधिक होते रहना अध्रुवावग्रह है, किन्तु धारणा गृहीत अर्थो को कालान्तरमे नही भूलनेका कारण होती है। धारणासे ही कालान्तरमे किसी वस्तुका स्मरण होता है। इस प्रकार इनमे अन्तर है।

अर्थस्य ॥ १७ ॥

ऊपर कहे गए बहु आदि बारह भेद अर्थके होते हैं। चक्षु आदि इन्द्रियोंके विषयभूत स्थिर और स्थूल वस्तुको अर्थ कहते हैं। द्रव्यको भी अर्थ कहते हैं।

यद्यपि बहु आदि कहनेसे ही यह सिद्ध हो जाता है कि बहु आदि अर्थ ही हैं। लेकिन इस सूत्रको बनानेका प्रयोजन नैयायिकके मतका निराकरण करना है। नैयायिक मानते हैं कि स्पर्शन आदि पाँच इन्द्रियोंके द्वारा स्पर्श आदि पाँच गुणोंका ही ज्ञान होता है अर्थका नहीं। लेकिन उनका ऐसा मानना ठीक नहीं है। क्योंकि उनके मतमें गुण अमूर्त हैं और अमूर्त वस्तुके साथ मूर्त इन्द्रियका सन्निकर्ष नहीं हो सकता है। पर हमारे (जैनोंके) मतके अनुसार इन्द्रियसे द्रव्यका सन्निकर्ष होता है और चूँकि रूप आदि गुण द्रव्यसे अपृथक् हैं अतः द्रव्यके ग्रहण होनेपर रूप आदि गुणोंका ग्रहण हो जाता है। द्रव्यके सन्निकर्षसे तद्-भिन्न गुणोंमें भी सन्निकर्षका व्यवहार होने लगता है, वस्तुतः उनसे सीधा सन्निकर्ष नहीं है।

व्यञ्जनावग्रह—

व्यञ्जनस्यावग्रहः ॥ १८ ॥

अव्यक्त शब्द आदि पदार्थोंका केवल अवग्रह ही होता है, ईहादि तीन ज्ञान नहीं होते। बहु आदि बारह प्रकारके अव्यक्त अर्थोंका अवग्रह ज्ञान चक्षु और मनको छोड़कर शेष चार इन्द्रियोंसे होता है। अतः व्यञ्जनावग्रह मतिज्ञानके १२×४=४८ भेद होते हैं।

व्यक्त ग्रहण करनेको अर्थावग्रह और अव्यक्त ग्रहण करनेको व्यञ्जनावग्रह कहते हैं। जिस प्रकार नवीन मिट्टीका वर्तन एक, दो बूँद पानी डालनेसे गीला नहीं होता है लेकिन वार वार पानी डालनेसे वही वर्तन गीला हो जाता है उसी प्रकार एक, दो समय तक श्रोत्रादिके द्वारा शब्द आदिका स्पष्ट ज्ञान नही होता तब तक व्यञ्जनावग्रह ही रहता है और स्पष्टज्ञान होनेपर उस अर्थ मे ईहा आदि ज्ञान भी होते हैं। यह सूत्र नियामक है अर्थात् यह वतलाता है कि व्यञ्जनरूप अर्थका अवग्रह ही होता है ईहादि नहीं।

न चक्षुरनिन्द्रियाभ्याम् ॥ १९ ॥

चक्षु और मनके द्वारा व्यञ्जनावग्रह नही होता है।

चक्षु और मन अप्राप्यकारी हैं अर्थात् ये विना स्पर्श या सम्बन्ध किये ही अर्थका ज्ञान करते हैं। स्पर्शन आदि इन्द्रियाँ अग्नि को छूकर यह जानती हैं कि यह गर्म है किन्तु चक्षु और मन पदार्थ के साथ सन्निकर्ष (सम्बन्ध) के विना ही उसका ज्ञान कर लेते हैं।

आगम और युक्तिके द्वारा चक्षुमें अप्राप्यकारिताका निश्चय होता है। आगममें बताया है कि—श्रोत्र स्पृष्ट शब्द को जानता है। स्पर्शनेन्द्रिय, रसनेन्द्रिय तथा घ्राणेन्द्रिय अपने स्पर्श रस और गन्ध विषयो को स्पृष्ट और बद्ध अर्थात् पदार्थके सम्बन्धसे इन्द्रियमे अमुकप्रकार का रासायनिक सम्बन्ध होने पर ही जानती हैं। लेकिन चक्षु इन्द्रिय सम्बन्ध के विना दूर से ही रूपको अस्पृष्ट और अवद्ध रूपसे जानती है। इस विषयमे युक्तिभी है—यदि चक्षु प्राप्यकारी होता तो अपनी आखमे लगाये गये अजन का प्रत्यक्ष होना चाहिये था। लेकिन ऐसा नही होता है। दूसरी वात यह भी है कि यदि चक्षु प्राप्यकारी हो तो उसके द्वारा दूरवर्ती पदार्थों का प्रत्यक्ष नहीं होना चाहिये। जब कि चक्षु पासके पदार्थ (अजन) को नहीं जानता है और दूरके पदार्थों को जानता है तो यह निर्विवाद सिद्ध है कि चक्षु अप्राप्यकारी है।

श्रुतज्ञान का वर्णन—

श्रुतं मतिपूर्वं द्व्यनेकद्वादशभेदम् ॥ २० ॥

श्रुतिज्ञान मतिज्ञानपूर्वक होता है और उसके दो, अनेक तथा बारह भेद हैं।

मतिज्ञान श्रुतज्ञानका कारण है। पहिले मतिज्ञान होता है और बादमे श्रुतज्ञान। किसीका ऐसा कहना ठीक नहीं है कि मतिज्ञानको श्रुतज्ञानका कारण होनेसे श्रुतज्ञान मतिज्ञान ही है पृथक् ज्ञान नहीं है। क्योंकि यह कोई नियम नहीं है कि कार्य कारणके समान ही होता है। घटके कारण दण्ड, चक्र आदि भी होते हैं लेकिन घट, दण्ड आदि रूप नही होता है। अतः श्रुतज्ञान मतिज्ञानसे भिन्न है। मतिज्ञान श्रुतज्ञानका निमित्तमात्र है। श्रुतज्ञान मतिरूप नहीं होता। मतिज्ञानके होनेपर भी बलवान् श्रुतावरण कर्मके उदय होनेसे पूर्ण श्रुतज्ञान नही होता।

श्रुतज्ञानको जो अनादिनिधन बतलाया है वह अपेक्षाभेदसे ही। किसी देश या कालमें किसी पुरुषने श्रुतज्ञानकी उत्पत्ति नहींकी है। अमुक द्रव्यादिकी अपेक्षासे ज्ञानका आदि भी होता है तथा अन्त भी। चतुर्थ आदि कालोंमे, पूर्वविदेह आदि क्षेत्रोंमे और कल्पके आदिमे श्रुतज्ञान सामान्य अर्थात् सन्ततिकी अपेक्षा अनादिनिधन है। जैसे अकुर और बीजकी सन्तति अनादि होती है। लेकिन तिरोहित श्रुत-ज्ञानका वृषभसेन आदि गणधरोंने प्रवर्तन किया इसलिए वह सादि भी है। भगवान् महावीरसे जो शब्दवर्गणाएँ निकली वे नष्ट हुईं अतः उनकी अपेक्षा श्रुतज्ञानका अन्त माना जाता है। अतः श्रुतज्ञान सादि है और मतिज्ञानपूर्वक होता है।

मीमासक वेदको अपौरुषेय मानते हैं। लेकिन उनका ऐसा मानना ठीक नहीं है। क्योंकि शब्द, पद और वाक्योंके समूहका नाम ही तो वेद है और शब्द आदि अनित्य है तो फिर वेद नित्य कैसे हो सकता है। उनका ऐसा कहना भी ठीक नही है कि वेद यदि पौरुषेय होते तो वेदोंके कर्ताका स्मरण होना चाहिये। क्योंकि यह कोई नियम नही है कि जिसके कर्ताका स्मरण न हो वह अपौरुषेय है। ऐसा नियम होनेसे चोरीका उपदेश भी अपौरुषेय हो जायगा और अपौरुषेय होनेसे प्रमाण भी हो जायगा। अतः वेद पौरुषेय ही है। दूसरे वादी वेदके कर्ताको मानते ही है। नैयायिक चतुराननको, जैन कालासुरको और बौद्ध अष्टकको वेदका कर्ता मानते है।

प्रश्न–प्रथम सम्यक्त्व की उत्पत्तिके समय मति और श्रुत दोनों ज्ञानों की उत्पत्ति एक साथ होती है अतः श्रुतज्ञान मतिपूर्वक कैसे हुआ ?

उत्तर–प्रथम सम्यक्त्व की उत्पत्ति होनेसे कुमति और कुश्रुतज्ञान सम्यग्ज्ञान रूप हो जाते हैं। प्रथम सम्यक्त्वसे मति और श्रुतज्ञानमें सम्यक्त्वपना आता है किन्तु श्रुतज्ञान की उत्पत्ति तो मतिपूर्वक ही होती है। आराधनासारमें भी कहा है कि जिस प्रकार दीपक और प्रकाशमें एक साथ उत्पन्न होने पर भी कारण-कार्य भाव है उसी तरह सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञानमें भी। सम्यग्दर्शन पूर्वमें क्रमशः उत्पन्न ज्ञानोंमें सम्यक्त्व व्यपदेश का कारण होता है। यद्यपि सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान एक साथ ही उत्पन्न होते हैं लेकिन सम्यग्दर्शन ज्ञानके सम्यक्त्वपनेमें हेतु होता है जैसे एक साथ उत्पन्न होने वाले दीपक और प्रकाशमें दीपक प्रकाशका हेतु होता है।

प्रश्न–श्रुतज्ञानपूर्वक भी श्रुतज्ञान होता है। जैसे किसीने घटशब्द सुनकर घ और ट अक्षरोंका जो ज्ञान होता है वह मतिज्ञान है, तथा घट शब्दसे घट अर्थका

ज्ञान श्रुतज्ञान है। घट अर्थके ज्ञानके बाद जलधारण करना घटका कार्य है इत्यादि उत्तरवर्ती सभी ज्ञान श्रुतज्ञान है। अतः यहाँ श्रुत से श्रुतकी उत्पत्ति हुई। उसी प्रकार किसीने धूम देखा यह मतिज्ञान हुआ। और धूम देखकर अग्निको जाना यह श्रुतज्ञान हुआ। पुनः अग्निज्ञान (श्रुतज्ञान) से अग्नि जलाती है इत्यादि उत्तर-कालीन ज्ञान श्रुतज्ञान है। इसलिये श्रुतज्ञान से भी श्रुतज्ञान की उत्पत्ति होती है।

उत्तर—श्रुतज्ञान पूर्वक जो श्रुत होता है वह भी उपचारसे मतिपूर्वक ही कहा जाता है। क्योंकि मतिज्ञानसे उत्पन्न होनेवाला प्रथम श्रुत उपचारसे मति कहा जाता है। अतः ऐसे श्रुतसे उत्पन्न होनेवाला द्वितीय श्रुतज्ञान मतिपूर्वक ही सिद्ध होता है। अतः मति-पूर्वक श्रुत होता है ऐसा माननेमें कोई विरोध नहीं है।

श्रुतज्ञानके दो भेद हैं—अङ्गबाह्य और अङ्गप्रविष्ट। अङ्गबाह्यके अनेक और अङ्ग-प्रविष्टके बारह भेद है।

अङ्गबाह्यके मुख्य चौदह भेद निम्न प्रकार हैं—

१ सामायिक-इसमे विस्तारसे सामायिकका वर्णन किया गया है।

२ स्तव—इसमे चौबीस तीर्थकरोंकी स्तुति है।

३ वन्दना— इसमे एक तीर्थकरकी स्तुति की जाती है।

४ प्रतिक्रमण—इससें किये हुये दोषोंका निराकरण बतलाया है।

५ वैनयिक—इसमे चार प्रकारकी विनयका वर्णन है।

६ कृतिकर्म—इसमे दीक्षा, शिक्षा आदि सत्कर्मोंका वर्णन है।

७ दशवैकालिक—इसमे यतियोंके आचारका वर्णन है। इसके वृक्ष, कुसुम आदि दश अध्ययन हैं।

८ उत्तराध्ययन—इसमे भिक्षुओंके उपसर्ग सहनके फलका वर्णन है।

९ कल्पव्यवहार—इसमें यतियोंको सेवन योग्य विधिका वर्णन और अयोग्य सेवन करने पर प्रायश्चितका वर्णन है।

१० कल्पाकल्प—इसमे यति और श्रावकोंके किस समय क्या करना चाहिए क्या नही इत्यादि निरूपण है।

११ महाकल्प इसमे यतियोंकी दीक्षा, शिक्षा सस्कार आदिका वर्णन है।

१२ पुण्डरीक—इसमे देवपदकी प्राप्ति कराने वाले पुण्यका वर्णन है।

१३ महापुण्डरीक—इसमे देवाङ्गनापदके हेतुभूत पुण्यका वर्णन है।

१४ अशीतिका—इसमे प्रायश्चित्तका वर्णन है। इन चौदह भेदोंको प्रकीर्णक कहते है।

आचार्योंने अल्प आयु, अल्पबुद्धि और हीनबलवाले शिष्योंके उपकारके लिये प्रकीर्णकों की रचना की है। वास्तवमे तीर्थकर परमदेव और सामान्य केवलियोने जो उपदेश दिया उसकी गणधर तथा अन्य आचार्योंने शास्त्ररूपमे रचना की। और वर्तमान कालवर्ती आचार्य जो रचना करते है वह भी आगमके अनुसार होनेसे प्रकीर्णकरूपसे प्रमाण है। प्रकीर्णक शास्त्रोंका प्रमाण २५०३३८० श्लोक और १५ अक्षर हैं।

अङ्गप्रविष्टके बारह भेद है—

१ आचाराङ्ग—इसमे यतियोंके आचारका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या अठारह हजार है।

२ सूत्रकृताङ्ग—इसमें ज्ञान, विनय, छेदोपस्थापना आदि क्रियाओंका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या छत्तीस हजार है।

३ स्थानाङ्ग—एक दो तीन आदि एकाधिक स्थानोंमें षड्द्रव्य आदिका निरूपण है। इसके पदोंकी संख्या बयालीस हजार है।

४ समवायाङ्ग—इसमें धर्म, अधर्म, लोकाकाश,एकजीव असंख्यातप्रदेशी है। सातवे नरकका मध्यबिल जम्बूद्वीप,सर्वार्थसिद्धिका विमान और नन्दीश्वर द्वीपकी वापी इन सबका एकलाख योजन प्रमाण है, इत्यादि वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या चौसठ हजार है।

५ व्याख्याप्रज्ञप्ति—इसमें जीव हैं या नही इत्यादि प्रकारके गणधरके द्वारा किये गये साठ हजार प्रश्नोंका वर्णन है। इसके पदोंकी सख्या दो लाख अट्ठाईस हजार है।

६ ज्ञातृकथा—इसमे तीर्थकरों और गणधरोंकी कथाओंका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या पॉच लाख पचास हजार है।

७ उपासकाध्ययन—इसमें श्रावकोंके आचारका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या ग्यारह लाख सत्तर हजार है।

८ अन्तःकृतदश—प्रत्येक तीर्थकरके समयमें दश दश मुनि होते है जो उपसर्गों-को सहकर मोक्ष पाते हैं। उन मुनियोंकी कथाओंका इसमें वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या तेईस लाख अट्ठाईस हजार है।

९ अनुत्तरौपपादिकदश—प्रत्येक तीर्थंकरके समय दश दश मुनि होते है जो उपसर्गोंको सहकर पॉच अनुत्तर विमानोंमें उत्पन्न होते हैं। उन मुनियोंकी कथाओं-का इसमे वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या बानवे लाख चवालीस हजार है।

१० प्रश्नव्याकरण—इसमे प्रश्नके अनुसार नष्ट, मुष्टिगत आदिका उत्तर है। इसके पदोंकी संख्या तेरानवे लाख सोलह हजार है।

११ विपाकसूत्र—इसमें कर्मोके उदय, उदीरणा और सत्ताका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या एक करोड़ चौरासी लाख है।

१२ दृष्टिवाद नामक बारहवे अङ्गके पॉच भेद हैं—१ परिकर्म, २ सूत्र, ३ प्रथमानुयोग, ४ पूर्वगत और ५ चूलिका। इनमें परिकर्मके पॉच भेद हैं—१ चन्द्रप्रज्ञप्ति, २ सूर्यप्रज्ञप्ति, ३ जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति, ४ द्वीपसागरप्रज्ञप्ति और ५ व्याख्याप्रज्ञप्ति।

१ चन्द्रप्रज्ञप्ति—इसमे चन्द्रमाके आयु, गति, वैभव आदिका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या छत्तीस लाख पॉच हजार है। २ सूर्यप्रज्ञप्ति–इसमें सूर्यकी आयु, गति, वैभव आदिका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या पॉच लाख तीन हजार है। ३ जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति–इसमे जम्बूद्वीपका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या तीन लाख पचीस हजार है। ४ द्वीपसागरप्रज्ञप्ति–इसमे सभी द्वीप और सागरोंका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या बावन लाख छत्तीस हजार है। ५ व्याख्याप्रज्ञप्ति–इसमे छह द्रव्योंका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या चौरासी लाख छत्तीस हजार है।

२ सूत्र–इसमें जीवके कर्तृत्व, भोक्तृत्व आदिकी सिद्धि तथा भूतचैतन्यवादका खण्डन है। इसके पदोंकी संख्या अठासी लाख है।

३ प्रथमानुयोग–इसमे तिरसठ शलाका महापुरुषोंका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या पॉच हजार है।

४ पूर्वगतके उत्पादपूर्व आदि चौदह भेद है।

१ उत्पादपूर्व–इसमें वस्तुके उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या एक करोड़ है।

२ अग्रायणीपूर्व–इसमें अंगोंके प्रधानभूत अर्थोंका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या छयानवे लाख है।

३ वीर्यानुप्रवादपूर्व–इसमें बलदेव, वासुदेव, चक्रवर्ती, इन्द्र, तीर्थकर आदिके बलका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या सत्तर लाख है।

४ अस्तिनास्तिप्रवादपूर्व—इसमे जीव आदि वस्तुओंके अस्तित्व और नास्तित्वका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या साठ लाख है।

५ ज्ञानप्रवादपूर्व—इसमे आठ ज्ञान, उनकी उत्पत्तिके कारण और ज्ञानोंके स्वामीका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या एक कम एक करोड़ है।

६ सत्यप्रवादपूर्व—इसमे वर्ण, स्थान, दो इन्द्रिय आदि प्राणी और वचनगुप्तिके संस्कारका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या एक करोड़ और छह है।

७ आत्मप्रवादपूर्व—इसमे आत्माके स्वरूपका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या छब्बीस करोड़ है।

८ कर्मप्रवादपूर्व—इसमे कर्मोंके बन्ध, उदय, उपशम और उदीरणाका वर्णन है। इसके पदोंकी सख्या एक करोड़ अस्सी लाख है।

९ प्रत्याख्यानपूर्व—इसमे द्रव्य और पर्यायरूप प्रत्याख्यानका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या चौरासी लाख है।

१० विद्यानुप्रवाद—इसमें पाँच सौ महाविद्याओं, सात सौ क्षुद्रविद्याओं और अष्टाग-महानिमित्तोंका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या एक करोड़ दश लाख है।

११ कल्याणपूर्व—इसमे तीर्थकर, चक्रवर्ती, बलभद्र, वासुदेव, इन्द्र आदिके पुण्यका वर्णन है। इसके पदोंकी सख्या छब्बीस करोड़ है।

१२ प्राणावायपूर्व—इसमे अष्टांग वैद्यविद्या, गारुडविद्या और मन्त्र-तन्त्र आदिका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या तेरह करोड़ है।

१३ क्रियाविशालपूर्व—इसमे छन्द, अलकार और व्याकरणकी कलाका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या नौ करोड़ है।

१४ लोकबिन्दुसार—इसमे निर्वाणके सुखका वर्णन है। इसके पदोंकी सख्या साढ़े बारह करोड़ है।

प्रथमपूर्वमे दश, द्वितीयमें चौदह, तृतीयमें आठ, चौथेमे अठारह, पॉचवेंमे बारह, छठवेमे बारह, सातवेंमे सोलह, आठवेंमे बीस, नौवेमे तीस, दशवेंमे पन्द्रह, ग्यारहवेंमें दश, बारहवेंमे दश, तेरहवेमे दश और चौदहवे पूर्वमे दश वस्तुएँ हैं।

सब वस्तुओंकी संख्या एक सौ पञ्चानवे है। एक-एक वस्तुमे बीस-बीस प्राभृत होते हैं। सब प्राभृतोंको संख्या तीन हजार नौ सौ है।

५ चूलिकाके पॉच भेद हैं—१ जलगता चूलिका, २ स्थलगता चूलिका, ३ मायागता चूलिका, ४ आकाशगता चूलिका और ५ रूपगता चूलिका।

१ जलगता चूलिका—इसमे जलको रोकने, जलको वर्षाने आदिके मन्त्र-तन्त्रोंका वर्णन है। इसके पदोंकी संख्या दो करोड़ नौ लाख नवासी हजार दो सौ है।

२ स्थलगता चूलिका—इसमे थोड़े ही समयमे अनेक योजन गमन करनेके मन्त्र-तन्त्रोंका वर्णन है।

३ मायागता चूलिका—इसमें इन्द्रजाल आदि मायाके उत्पादक मन्त्र-तन्त्रोंका वर्णन है।

४ आकाशगता चूलिका—इसमें आकाशमें गमनके कारणभूत मन्त्र-तन्त्रोंका वर्णन है।

५ रूपगता चूलिका—सिंह, व्याघ्र, गज, उरग, नर, सुर आदिके रूपों (वेष) को धारण करानेवाले मन्त्र-तन्त्रोंका वर्णन है। इन सबके पदोंकी संख्या जलगता चूलिका के पदोंकी संख्याके बराबर ही है। इस प्रकार बारहवे अङ्गके परिकर्म आदि पाँच भेदोंका वर्णन हुआ।

इक्यावन करोड़ आठ लाख चौरासी हजार छः सौ साढ़े इक्कीस अनुष्टुप् एक पदमें होते हैं। एक पदके ग्रन्थोंकी संख्या ५१०८८४६२१½ है।

अङ्गपूर्वश्रुतके एक सौ बारह करोड़ तेरासी लाख अट्ठावन हजार पद होते हैं।

भवप्रत्यय अवधिज्ञान—

भवप्रत्ययोऽवधिर्देवनारकाणाम् ॥ २१ ॥

भवप्रत्यय अवधिज्ञान देव और नारकियोंके होता है।

आयु और नाम कर्मके निमित्तसे होनेवाली जीवकी पर्यायको भव कहते हैं। देव और नारकियोंके अवधिज्ञानका कारण भव होता है अर्थात् इनके जन्मसे ही अवधिज्ञान होता है।

प्रश्न–यदि देव और नारकियोंके अवधिज्ञानका कारण भव है तो कर्मका क्षयोपशम कारण नहीं होगा।

उत्तर–जिस प्रकार पक्षियोंके आकाशगमनका कारण भव होता है शिक्षा आदि नही, उसी प्रकार देव और नारकियोंके अवधिज्ञानका प्रधान कारण भव ही है। क्षयोपशम गौण कारण है। व्रत और नियमके न होने पर भी देव और नारकियोंके अवधिज्ञान होता है। यदि देव और नारकियोंके अवधिज्ञानका कारण भव ही होता तो सबको समान अवधिज्ञान होना चाहिए, लेकिन देवो और नारकियोंमें अवधिज्ञानका प्रकर्ष और अपकर्ष देखा जाता है। यदि सामान्यसे भव ही कारण हो तो एकेन्द्रिय आदि जीवों-को भी अवधिज्ञान होना चाहिए। अतः देवों और नारकियोंके अवधिज्ञानका कारण भव ही नही है किन्तु कर्मका क्षयोपशम भी कारण है।

सम्यग्दृष्टि देव और नारकियोंके अवधि होता है और मिथ्यादृष्टियोंके विभङ्गावधि।

सौधर्म और ऐशान इन्द्र प्रथम नरक तक, सनत्कुमार और माहेन्द्र द्वितीय नरक तक, ब्रह्म और लान्तव तृतीय नरक तक, शुक्र और सहस्रार चौथे नरक तक, आनत और प्राणत पाँचवे नरक तक, आरण और अच्युत इन्द्र छठवे नरक तक और नव ग्रैवेयकोंमे उत्पन्न होने वाले देव सातवे नरक तक अवधिज्ञानके द्वारा देखते हैं। अनुदिश और अनुत्तर विमानवासी देव सर्वलोकको देखते हैं।

प्रथम नरकके नारकी एक योजन, द्वितीय नरकके नारकी आधा कोश कम एक योजन, तीसरे नरकके नारकी तीन गव्यूति, (गव्यूतिका परिमाण दो कोस है) चौथे नरकके नारकी अढ़ाई गव्यूति, पाँचवें नरकके नारकी दो गव्यूति, छठवें नरकके नारकी डेढ़ गव्यूति और सातवे नरकके नारकी एक गव्यूति तक अवधिज्ञानके द्वारा देखते हैं।

क्षयोपशम निमित्तक अवधिज्ञान—

क्षयोपशमनिमित्तः षड्विकल्पः शेषाणाम् ॥२२॥

क्षयोपशमके निमित्तसे होनेवाला अवधिज्ञान मनुष्य और तिर्यञ्चोंके होता है। इसके छह भेद हैं—अनुगामी, अननुगामी, वर्धमान, हीयमान, अवस्थित और अनवस्थित।

अवधिज्ञानावरण कर्मके देशघाती स्पर्धकोंका उदय होनेपर उदयप्राप्त सर्वघाती स्पर्द्धकोंका उदयाभावी क्षय और अनुदयप्राप्त सर्वघाती स्पर्धकों का सदवस्थारूप उपशम होनेको क्षयोपशम कहते हैं। मनुष्य और तिर्यञ्चोंके अवधिज्ञानका कारण क्षयोपशम ही है भव नहीं।

अवधिज्ञान संज्ञी और पर्याप्तकोंके होता है। संज्ञी और पर्याप्तकोंमे भी सबके नही होता है किन्तु सम्यग्दर्शन आदि कारणोंके होनेपर उपशान्त और क्षीणकर्म वाले जीवोंके अवधिज्ञान होता है।

अनुगामी—जो अवधिज्ञान सूर्यके प्रकाशकी तरह जीवके साथ दूसरे भवमे जावे वह अनुगामी है।

अननुगामी—जो अवधि जीवके साथ नही जाता है वह अननुगामी है।

वर्धमान—जिस प्रकार अग्निमे इन्धन डालनेसे अग्नि बढ़ती है उसी प्रकार सम्यग्दर्शन आदि से विशुद्ध परिणाम होनेपर जो अवधिज्ञान वढता रहे वह वर्धमान है।

हीयमान—इन्धन समाप्त हो जानेसे अग्निकी तरह जो अवधिज्ञान सम्यग्दर्शन आदि गुणोंकी हानि और आर्त्त-रौद्र परिणामोंकी वृद्धि होनेसे जितना उत्पन्न हुआ था उससे अङ्गुलके असख्यातवे भाग पर्यन्त घटता रहे वह हीयमान है।

अवस्थित—जो अवधिज्ञान जितना उत्पन्न हुआ है केवलज्ञानकी प्राप्ति अथवा आयुकी समाप्ति तक उतना ही रहे, घटे या बढ़े नहीं वह अवस्थित है।

अनवस्थित—सम्यग्दर्शन आदि गुणोंकी वृद्धि और हानि होनेसे जो अवधिज्ञान बढ़ता और घटता रहे वह अनवस्थित है।

ये छह भेद देशावधिके ही हैं। परमावध और सर्वावधि चरमशरीरी विशिष्ट संयमीके ही होते है। इनमे हानि और वृद्धि नही होती है।

गृहस्थावस्थामे तीर्थङ्करके और देव तथा नारकियोंके देशावधि ही होता है।

मनःपर्ययज्ञानके भेद—

ऋजुविपुलमती मनःपर्ययः ॥ २३ ॥

मनःपर्ययज्ञानके दो भेद हैं—ऋजुमति और विपुलमति।

जो मन, वचन और कायके द्वारा किये गये दूसरेके मनोगत सरल अर्थको जाने वह ऋजुमति है। जो मन, वचन, और कायके द्वारा किये गये दूसरेके मनोगत कुटिल अर्थको जानकर वहाँ से लौटे नही, वहीं स्थिर रहे वह विपुलमति है।

वीर्यान्तराय और मनःपर्यय ज्ञानावरणके क्षयोपशम तथा अङ्गोपाङ्ग नामकर्मके उदय होनेपर दूसरेके मनोगत अर्थको जाननेको मनःपर्यय कहते हैं। ऋजुमति मनः पर्यय कालकी अपेक्षा अपने और अन्य जीवोंके गमन और आगमनकी अपेक्षा जघन्यसे दो या तीन भवोंको और उत्कृष्टसे सात या आठ भवोंको जानता है। और क्षेत्रकी

अपेक्षा जघन्य गव्यूति पृथक्त्व और उत्कृष्ट योजन पृथक्त्वके भीतर जानता है। विपुलमति मनःपर्यय कालकी अपेक्षा जघन्य सात या आठ भवोंको और उत्कृष्ट असंख्यात भवोंको जानता है। क्षेत्रकी अपेक्षा जघन्य योजनपृथक्त्व और उत्कृष्ट मानुषोत्तर पर्वतके भीतर जानता है बाहर नहीं।

ऋजुमति और विपुलमतिमें अन्तर--

विशुद्ध्यप्रतिपाताभ्यां तद्विशेषः ॥ २४ ॥

विशुद्धि और अप्रतिपातकी अपेक्षा ऋजुमति और विपुलमतिमें विशेपता है।

मनःपर्ययज्ञानावरणके क्षयोपशमसे आत्माके परिणामोंकी निर्मलताका नाम विशुद्धि है संयमसे पतित नही होना अप्रतिपात है। उपशान्तकषाय गुणस्थानवर्तीके चारित्रमोहका उदय आनेके कारण प्रतिपात होता है। क्षीणकषायका नहीं।

द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा ऋजुमतिसे विपुलमति विशुद्धतर है। सर्वावधि कार्मणद्रव्यके अनन्तवे भागको जानता है। उस अनन्तवें भागके भी अनन्तवे भागको ऋजुमति जानता है। और ऋजुमतिके विषयके अनन्तवे भागको विपुलमति जानता है। इस प्रकार सूक्ष्मसे सूक्ष्म द्रव्यको जाननेके कारण द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा विमुलमति ऋजुमतिसे विशुद्धतर है। अप्रतिपातकी अपेक्षा भी विपुलमतिमे विशेषता है। विपुलमति मनःपर्ययज्ञानियोंके चारित्रकी उत्तरोत्तर वृद्धि होती रहती है अतः उसका प्रतिपात (पतन) नहीं होता है। ऋजुमति मनःपर्ययज्ञानियोंके चारित्रकी कषायके उदयसे हानि होनेसे उसका प्रतिपात हो जाता है।

अवधि और मनःपर्ययज्ञानमे विशेपता—

विशुद्धिक्षेत्रस्वामिविषयेभ्योऽवधिमनःपर्यययोः ॥ २५ ॥

अवधि और मनःपर्ययज्ञानमें विशुद्धि, क्षेत्र, स्वामी और विपयकी अपेक्षा विशेषता है।

सूक्ष्म वस्तुको जाननेके कारण अवधिज्ञानसे मनःपर्ययज्ञान विशुद्ध है। मनःपर्ययज्ञानसे अवधिज्ञानका क्षेत्र अधिक है। अवधिज्ञान तीन लोकमे होनेवाली पुद्गलकी पर्यायोंको और पुद्गलसे सम्बन्धित जीवकी पर्यायोंको जानता है। मनःपर्ययज्ञान मानुषोत्तर पर्वतके भीतर ही जानता है। मनःपर्ययज्ञान मनुष्योंमे उत्पन्न होता है, देव, नारकी और तिर्यञ्चोंके नहीं। मनुष्योंमे भी गर्भजोंके ही होता है संमूर्च्छनोंके नहीं। गर्भजोंमे भी कर्मभूमिजोंके ही होता है भोगभूमिजोंके नहीं। कर्मभूमिजोंमे भी पर्याप्तकोंके ही होता है अपर्याप्तकोंके नही। पर्याप्तकोंमे भी सम्यग्दृष्टियोंके ही होता है मिथ्यादृष्टि आदिके नही। सम्यग्दृष्टियोंमेभी संयतोंके होता है असंयतोंके नहीं। सयतोंमें भी छठवें गुणस्थानसे बारहवे गुणस्थान तक होता है तेरहवे और चौदहवें गुणस्थानमे नहीं होता है। उनमे भी प्रवर्धमान चारित्रवालोंके ही होता है हीयमानचारित्रवालोंके नही। प्रवर्धमानचारित्रवालोंमे भी सात प्रकार की ऋद्धियोंमे से किसी एक ऋद्धिके धारीके ही होता है अनृद्धिधारीके नहीं। ऋद्धिधारियोंमे भी किसीके ही होता है सबके नहीं। अतः मनःपर्ययज्ञानके स्वामी विशिष्टसयमवाले ही होते है। अवधिज्ञान चारों ही गतियोंमें होता है।

मति और श्रुतज्ञानका विषय-

मतिश्रुतयोर्निबन्धो द्रव्येष्वसर्वपर्यायेषु ॥ २६ ॥

मति और श्रुतज्ञानका विषय छहों द्रव्योंकी कुछ पर्यायें हैं। अर्थात् मति और श्रुत द्रव्योंकी समस्त पर्यायोंको नही जानते हैं किन्तु थोड़ी पर्यायोंको जानते हैं।

प्रश्न-धर्म, अधर्म आदि अतीन्द्रिय द्रव्योंमे इन्द्रियजन्य मतिज्ञानकी प्रवृत्ति कैसे हो सकती है?

उत्तर—अनिन्द्रिय या मन नामकी एक इन्द्रिय है। नोइन्द्रियावरणके क्षयोपशम होनेपर अनिन्द्रियके द्वारा धर्मादि द्रव्योंकी पर्यायोंका अवग्रह आदि रूपसे ग्रहण होता है। और मतिज्ञानपूर्वक श्रुतज्ञान भी उन विषयोंमे प्रवृत्त होता है। अतः मति और श्रुतके द्वारा धर्मादि द्रव्योंकी पर्यायोंको जाननेमें कोई विरोध नहीं है।

अवधिज्ञानका विषय—

रूपिष्ववधेः ॥ २७ ॥

अवधिज्ञान पुद्गल द्रव्यकी कुछ पर्यायोको और पुद्गलसे सम्बन्धित जीवकी कुछ पर्यायोंको जानता है सब पर्यायोंको नही। अवधिज्ञानका विषय रूपी द्रव्य ही है अरूपी द्रव्य नही।

मनःपर्ययज्ञानका विषय—

तदनन्तभागे मनःपर्ययस्य ॥ २८ ॥

अवधिज्ञान की तरह मनःपर्ययज्ञान सर्वावधिज्ञानके द्वारा जाने गये द्रव्यके अनन्तवें भाग को जानता है।

केवलज्ञानका विषय—

सर्वद्रव्यपर्यायेषु केवलस्य ॥ २९ ॥

केवलज्ञानका विषय समस्त द्रव्य और उनकी सम्पूर्ण पर्याये है। केवलज्ञान सम्पूर्ण द्रव्योंकी त्रिकालवर्ती सब पर्यायोंको एक साथ जानता है।

एकजीवके एक साथ ज्ञान होनेका परिमाण—

एकादीनि भाज्यानि युगपदेकस्मिन्ना चतुर्भ्यः ॥ ३० ॥

एकजीवमे एक साथ कमसे कम एक और अधिकसे अधिक चार ज्ञान हो सकते है। यदि एक ज्ञान होगा तो केवलज्ञान। दो होंगे तो मति और श्रुत। तीन होंगे तो मति, श्रुत, अवधि या मति, श्रुत और मनःपर्यय। चार ज्ञान हों तो मति, श्रुत, अवधि और मनःपर्यय होंगे। केवलज्ञान क्षायिक है और अन्य ज्ञान क्षायोपशमिक है। अतः केवलज्ञानके साथ क्षायोपशमिक ज्ञान नहीं हो सकते।

कुमति, कुश्रुत और कुअवधि—

मतिश्रुतावधयो विपर्ययश्च ॥ ३१ ॥

मति, श्रुत और अवधिज्ञान विपरीत भी होते हैं, अर्थात् मिथ्यादर्शनके उदय होनेसे ये ज्ञान मिथ्याज्ञान कहलाते हैं। मिथ्याज्ञानके द्वारा जीव पदार्थोको विपरीत रूपसे जानता

[illegible] के संसर्गसे इन ज्ञानोंमें मिथ्यापन आ जाता है जैसे कडुवी तुंबीमें दूध [illegible] हो जाता है।

प्रश्न-मणि, सोना आदि द्रव्य अपवित्र स्थानमें गिर जानेपर भी दूषित नहीं होते हैं [illegible] प्रकार मिथ्यादर्शनके संसर्ग होनेपर भी मति आदि ज्ञानोंमें कोई दोष नही [illegible]ना चाहिए ?

उत्तर--परिणमन करानेवाले द्रव्यके मिलनेपर मणि, सोना आदि भी दूपित हो जाते [illegible] इसी प्रकार मिथ्यादर्शनके ससर्गसे मति आदि ज्ञान भी दूपित हो जाते हैं।

प्रश्न-दूधमें कड़वापन आधारके दोपसे आ जाता है लेकिन कुमति आदि ज्ञानोंके विषयमे यह वात नहीं है। जिस प्रकार सम्यग्दृष्टि मति, श्रुत और अवधिज्ञानके द्वारा रूपादि पदार्थोंको जानता है उसी प्रकार मिथ्यादृष्टि भी कुमति, कुश्रुत और कुअवधिज्ञानके द्वारा रूपादि पदार्थोंको जानता है।

उक्त प्रश्नके उत्तरमें आचार्य यह सूत्र कहते है—

सदसतोरविशेषाद्यदृच्छोपलब्धेरुन्मत्तवत् ॥ ३२ ॥

सत् (विद्यमान) और असत् (अविद्यमान) पदार्थको विशेपताके बिना अपनी इच्छानुसार जाननेके कारण मिथ्यादृष्टिका ज्ञान भी उन्मत्त (पागल) पुरुषके ज्ञानकी तरह मिथ्या ही है।

मिथ्यादृष्टि जीव कभी सत् रूपादिकको असत् और असत् रूपादिकको सत् रूपसे जानता है। और कभी सत् रूपादिकको सत् और असत् रूपादिकको असत् भी जानता है। अतः सत् और असत् पदार्थका यथार्थ ज्ञान न होनेके कारण उसका ज्ञान मिथ्या है। जैसे पागल कभी अपनी माताको भार्या और भार्याको माता समझता है और कभी माताको माता और भार्याको भार्या ही समझता है। लेकिन उसका ज्ञान ठीक नहीं है क्योंकि वह माता और भार्याके भेदको नहीं जानता है।

मिथ्यादर्शनके उदयसे आत्मामें पदार्थोंके प्रति कारणविपर्यय, भेदाभेदविपर्यय और स्वरूपविपर्यय होता है।

कारणविपर्यय—वेदान्तमतावलम्वी संसारका मूल कारण केवल एक अमूर्त ब्रह्मको ही मानते हैं। साख्य नित्य प्रकृति (प्रधान) को ही कारण मानते हैं। नैयायिक कहते हैं पृथ्वी, जल, तेज और वायुके पृथक्-पृथक् परमाणु हैं जो अपने अपने कार्योंको उत्पन्न करते हैं। बौद्ध मानते है कि पृथ्वी, जल, तेज और वायु ये चार भूत हैं और वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्श ये चार भौतिकधर्म हैं। इन आठोंके मिलनेसे एक अष्टक परमाणु उत्पन्न होता है। वैशेषिक मानते हैं कि पृथ्वीका गुण कर्कशता, जलका गुण द्रवत्व, तेजका गुण उष्णत्व और वायुका गुण बहना है। इन सबके परमाणु भी भिन्न भिन्न है। इस प्रकार कल्पना करना कारणविपर्यास है।

भेदाभेदविपर्यास—नैयायिक मानते हैं कि कारणसे कार्य भिन्न ही होता है। कुछ लोग कार्यको कारणसे अभिन्न ही मानते है। यह भेदाभेदविपर्यय है।

स्वरूपविपर्यय—रूपादिकको निर्विकल्पक मानना, रूपादिककी सत्ता ही नहीं मानना, रूपादिकके आकार रूपसे परिणत केवल विज्ञान ही मानना और ज्ञानकी आलम्बनभूत वाह्य वस्तुको नही मानना। इसी प्रकार और भी प्रत्यक्ष और अनुमानके विरुद्ध कल्पना

करना स्वरूपविपर्यय है। अतः मिथ्यादर्शनके साथ जो ज्ञान होता और सम्यग्दर्शनके साथ जो ज्ञान होता है वह सम्यग्ज्ञान है।

नयोंका वर्णन—

नैगमसंग्रहव्यवहारर्जुसूत्रशब्दसमभिरूढैवंभूता नयाः ॥ ३३ ॥

नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ और एवंभूत ये सात नय हैं।

जीवादि वस्तुओंमे नित्यत्व, अनित्यत्व आदि अनेक धर्म पाये जाते हैं। द्रव्य या पर्याय की अपेक्षासे किसी एक धर्मके कथन करनेको नय कहते हैं। अथवा ज्ञाताके अभिप्राय विशेपका नय कहते हैं। नयके दो भेद है—द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक। द्रव्यको प्रधानरूपसे विपय करनेवाले नयको द्रव्यार्थिक और पर्यायको प्रधानरूपसे विपय करनेवाले नयको पर्यायार्थिक कहते हैं। नैगम, संग्रह और व्यवहार ये तीन नय द्रव्यार्थिक है। और ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ और एवंभूत ये चार नय पर्यायार्थिक है।

भविष्यमे उत्पन्न होनेवाली वस्तुका संकल्प करके वर्तमानमें उसका व्यवहार करना नैगमनय है। जैसे कोई पुरुप हाथ मे कुठार (कुल्हाड़ी) लेकर जा रहा था। किसीने उससे पूछा कि कहॉ जा रहे हो ? उसने उत्तर दिया कि प्रस्थ (अनाज नापनेका काठका पात्र-पैली) लेनेको जा रहा हूँ। वास्तवमे वह प्रस्थ लेनेके लिये नही जा रहा है किन्तु प्रस्थके लिये लकड़ी लेनेको जा रहा है। फिर भी उसने भविष्यमे बननेवाले प्रस्थका वर्तमान मे संकल्प करके कह दिया कि प्रस्थ लेने जा रहा हूँ। इसी प्रकार लकड़ी, पानी आदि सामग्रीको इकट्ठे करनेवाले पुरुषसे किसीने पूछा कि क्या कर रहे हो ? उसने उत्तर दिया कि रोटी बना रहा हूँ। यद्यपि उस समय वह रोटी नही बना रहा है लेकिन नैगम नयकी अपेक्षा उसका ऐसा कहना ठीक है।

जो भेदकी विवक्षा न करके अपनी जातिके समस्त अर्थोंका एक साथ ग्रहण करे वह संग्रह नय है। जैसे 'सत्' शब्दसे संसारके समस्त सत् पदार्थो का, 'द्रव्य' शब्दसे जीव, पुद्गल आदि द्रव्योंका और 'घट' शब्दसे छोटे बड़े आदि समस्त घटोंका ग्रहण करना संग्रह नयका काम है।

संग्रह नयके द्वारा ग्रहण किये गये पदार्थोंके विधिपूर्वक भेद व्यवहार करनेको व्यवहारनय कहते हैं। जैसे संग्रह नय 'सत्' के द्वारा समस्त सत् पदार्थोंका ग्रहण करता है। पर व्यवहारनय कहता है कि सत्के दो भेद हैं द्रव्य और गुण। द्रव्यके भी दो भेद हैं। जीव और अजीव। जीवके नरकादि गतियोंके भेदसे चार भेद है और अजीव द्रव्यके पुद्गल आदि पॉच भेद है। इस प्रकार व्यवहारनयके द्वारा वहॉ तक भेद किये जाते हैं जहॉ तक हो सकते हैं। अर्थात् परम संग्रहनयके विपय परम अभेदसे लेकर ऋजुसूत्र नयके विषयभूत परमभेदके बीचके समस्त विकल्प व्यवहारनयके ही हैं।

भूत और भविष्यत् कालकी अपेक्षा न करके केवल वर्तमान समयवर्ती एक पर्यायको ग्रहण करनेवाले नयको ऋजुसूत्र नय कहते हैं। ऋजुसूत्रनयका विपय अत्यन्त सूक्ष्म होनेसे इस विपयमे कोई दृष्टान्त नही दिया जा सकता।

प्रश्न—ऋजुसूत्र नयके द्वारा पदार्थोंका कथन करनेसे लोक व्यवहारका लोप ही हो जायगा।

उत्तर—यहाँ केवल ऋजुसूत्रनय का विषय दिखलाया गया है। लोक व्यवहारके लिये तो अन्य नय हैं ही। जैसे मृत व्यक्तिको देखकर कोई कहता है कि 'संसार अनित्य है' लेकिन सारा संसार तो अनित्य नहीं है। उसी प्रकार ऋजुसूत्रनय अपने विषयको जानता है लेकिन इससे लोकव्यवहारकी निवृत्ति नहीं हो सकती।

उक्त चार नय अर्थनय और आगेके तीन नय शब्दनय कहलाते हैं।

जो लिङ्ग, संख्या, कारक आदिके व्यभिचार का निषेध करता है वह शब्दनय है। लिङ्गव्यभिचार–पुष्यः नक्षत्र, पुष्यः तारका–पुष्य नक्षत्र, पुष्य तारा। यहाँ पुल्लिङ्ग पुष्य शब्दके साथ नपुसकलिङ्ग नक्षत्र और स्त्रीलिग तारा शब्दका प्रयोग करना लिङ्गव्यभिचार है संख्याव्यभिचार—आपः तोयम्, वर्षाः ऋतुः यहाँ बहुवचनान्त आपः शब्दके साथ तोयम् एकवचनान्त शब्दका और बहुवचनान्त वर्षाः शब्दके साथ एकवचनान्त ऋतु शब्दका प्रयोग करना संख्याव्यभिचार है। कारकव्यभिचार—सेना पर्वतमधिवसति—पर्वतमे सेना रहती है। यहाँ पर्वते इस प्रकार अधिकरण (सप्तमी) कारक होना चाहिये था लेकिन है कर्म (द्वितीया) कारक। यह कारकव्यभिचार है। पुरुषव्यभिचार—एहि मन्ये रथेन यास्यसि ? न यास्यसि, यातस्ते पिता। आओ, तुम ऐसा मानते हो कि 'मैं रथसे जाऊँगा', लेकिन तुम रथसे नहीं जा सकते हो, तुम्हारे बाप रथसे चले गये हैं। यहाँ 'मन्ये' उत्तम पुरुषके स्थानमे 'मन्यसे' मध्यम पुरुष और 'यास्यसि' मध्यम पुरुषके स्थानमे 'यास्यामि' उत्तम पुरुष होना चाहिये था। यह पुरुष व्यभिचार है। कालव्यभिचार—विश्वदृश्वा अस्य पुत्रो जनिता—इसके ऐसा पुत्र होगा जिसने विश्वको देख लिया है। यहाँ भविष्यत् कालके कार्यको अतीतकालमे बतलाया गया है। यह कालव्यभिचार है। उपग्रहव्यभिचार—स्था धातु परस्मैपदी है। लेकिन सम् आदि कुछ उपसर्गों के संयोगसे स्था धातुको आत्मनेपदी बना देना जैसे संतिष्ठते, अवतिष्ठते। इसीप्रकार अन्य परस्मैपदी धातुओंको आत्मनेपदी और आत्मनेपदी धातुओंको परस्मैपदी बना देना उपग्रह व्यभिचार है। उक्त प्रकारके सभी व्यभिचार शब्दनयकी दृष्टिसे ठीक नहीं है। इसकी दृष्टिसे उचित लिङ्ग, संख्या आदिका ही प्रयोग होना चाहिये।

प्रश्न–ऐसा होनेसे लोकव्यवहारमे जो उक्त प्रकारके प्रयोग देखे जाते हैं वह नहीं होंगे।

उत्तर–यहां केवल तत्त्वकी परीक्षाकी गई है। विरोध होनेसे तत्त्वकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। औषधि रोगीकी इच्छानुसार नहीं दी जाती है। विरोध भी नहीं होगा क्योंकि व्याकरण शास्त्रकी दृष्टिसे उक्त प्रयोगोंका व्यवहार होगा ही।

एक ही अर्थ को शब्दभेदसे जो भिन्न २ रूपसे जानता है वह समभिरूढ़ नय है। जैसे इन्द्राणीके पतिके ही इन्द्र, शक्र और पुरन्दर ये तीन नाम है, लेकिन समभिरूढनयकी दृष्टिसे परमैश्वर्यपर्यायसे युक्त होनेके कारण इन्द्र, शकन-शासन पर्यायसे युक्त होनेके कारण शक्र और पुरदारण पर्यायसे युक्त होनेके कारण पुरन्दर कहा जाता है।

जो पदार्थ जिस समय जिस पर्याय रूपसे परिणत हो उस समय उसको उसी रूप ग्रहण करनेवाला एवभूतनय है। जैसे इन्द्र तभी इन्द्र कहा जायगा जब वह ऐश्वर्यपर्यायसे युक्त हो. पूजन या अभिषेकके समय वह इन्द्र नहीं कहलायगा। तथा गायको गौ तभी कहेंगे जब वह गमन करती हो, सोने या बैठनेके समय उसको गौ नहीं कहेंगे।

उक्त नयोंका विषय उत्तरोत्तर सूक्ष्म है। नैगमकी अपेक्षा संग्रहनयका विषय अल्प है। नैगमनय भाव और अभाव दोनों को विषय करता है लेकिन संग्रहनय

केवल सत्ता (भाव) को ही विषय करता है। इसी प्रकार आगे समझ लेना चाहिये। पहिले पहिले के नय आगे आगे के नयोंके हेतु होते हैं। जैसे नैगमनय संग्रहनयका हेतु है, संग्रहनय व्यवहारनयका हेतु है इत्यादि।

उक्तनय परस्पर सापेक्ष होकर ही सम्यग्दर्शनके कारण होते हैं जैसे तन्तु परस्पर सापेक्ष होकर (वस्त्ररूपसे परिणत होकर) ही शीतनिवारण आदि अपने कार्यको करते है। जिस प्रकार तन्तु पृथक् पृथक् रहकर अपना शीतनिवारण कार्य नहीं कर सकते, उसी प्रकार परस्पर निरपेक्ष नयभी अर्थक्रिया नही कर सकते हैं।

प्रश्न–तन्तुका दृष्टान्त ठीक नहीं है; क्योंकि पृथक् २ तन्तुभी अपनी शक्तिके अनुसार अपना कार्य करते ही हे लेकिन निरपेक्ष नय तो कुछ भी अर्थक्रिया नहीं कर सकते।

उत्तर–आपने हमारे अभिप्रायको नही समझा। हमने कहा था कि निरपेक्ष तन्तु वस्त्रका काम नहीं कर सकते। आपने जो पृथक् २ तन्तुओंके द्वारा कार्य बतलाया वह तन्तुओंका ही कार्य है वस्त्रका नही। तन्तुभी अपना कार्य तभी करता है जब उसके अवयव परस्परसापेक्ष होते हैं। अतः तन्तुका दृष्टान्त बिलकुल ठीक है। इसलिये परस्पर सापेक्ष नयोंके द्वारा ही अर्थक्रिया हो सकती है।

जिस प्रकार तन्तुओंमें शक्तिकी अपेक्षासे वस्तुकी अर्थक्रियाका सद्भाव माना जाता है उसी तरह निरपेक्ष नयोमें भी सम्यग्दर्शन की अङ्गता शक्तिरूपमे है ही पर अभिव्यक्ति सापेक्ष दशामे ही होगी।

प्रथम अध्याय समाप्त

द्वितीय अध्याय

सप्त तत्त्वोंमे से जीवके स्वतत्त्वको बतलाते हैं—

औपशमिकक्षायिकौ भावौ मिश्रश्च जीवस्य स्वतत्त्वमौदयिकपरिणामिकौ च ॥ १ ॥

औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक, औदयिक और पारिणामिक जीवके ये पांच असाधारण भाव हैं।

कर्मके अनुदय को उपशम कहते है। कर्मोके उपशमसे होनेवाले भावोंको औपशमिक भाव कहते हैं। कर्मोके क्षयसे होने वाले भाव क्षायिक भाव कहलाते हैं। सर्वघाति स्पर्द्धकों का उदयाभाविक्षय, आगामी कालमे उदय आनेवाले सर्वघाति स्पर्द्धकोंका सदवस्थारूप उपशम और देशघाति स्पर्द्धकोंके उदयको क्षयोपशम कहते हैं और क्षयोपशमजन्य भावोंको क्षायोपशमिक भाव कहते है। कर्मोके उदयसे होनेवाले भावोंको औदयिकभाव कहते हैं। कर्मोके उदय, उपशम, क्षय और क्षयोपशमकी अपेक्षा न रखनेवाले भावोंको पारिणामिकभाव कहते है।

भव्यजीवके पाँचों ही भाव होते हैं। अभव्यके औपशमिक और क्षायिक भावोंको छोड़कर अन्य तीन भाव होते है।

उक्त भावोंके भेदोंको बतलाते हैं—

द्विनवाष्टादशैकविंशतित्रिभेदा यथाक्रमम् ॥ २ ॥

उक्त भावोंके क्रमसे दो, नव, अठारह, इक्कीस और तीन भेद होते हैं।

औपशमिक भावके भेद—

सम्यक्त्वचारित्रे ॥ ३ ॥

औपशमिक सम्यक्त्व और औपशमिक चारित्र ये दो औपशमिक भाव हैं। अनन्तानुबन्धि क्रोध, मान, माया, लोभ, मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व प्रकृतियोंके उपशमसे औपशमिक सम्यक्त्व होता है।

अनादि मिथ्यादृष्टि जीवके काललब्धि आदि कारणोंके मिलने पर उपशम होता है।

कर्मयुक्त भव्य जीव संसारके कालमेसे अर्द्धपुद्गल परिवर्तन काल शेष रहनेपर औपशमिक सम्यक्त्वके योग्य होता है यह एक काललब्धि है। आत्मामे कर्मोकी उत्कृष्ट स्थिति अथवा जघन्य स्थिति होने पर औपशमिक सम्यक्त्व नहीं हो सकता किन्तु अन्तः कोटाकोटिसागर प्रमाण कर्मोकी स्थिति होनेपर और निर्मल परिणामोंसे उस स्थितिमे से संख्यात हजार सागर स्थिति कम होजाने पर औपशमिक सम्यक्त्वके योग्य आत्मा होता है। यह दूसरी काललब्धि है।

भव्य, पञ्चेन्द्रिय, समनस्क, पर्याप्तक और सर्वविशुद्ध जीव औपशमिक सम्यक्त्वको उत्पन्न करता है। यह तीसरी काल लब्धि है।

आदि शब्दसे जातिस्मरण, जिनमहिमादर्शनादि कारणोंसे भी सम्यक्त्व होता है।

सोलह कषाय और नव नो कषायोंके उपशमसे औपशमिक चारित्र होता है।

क्षायिक भावके भेद—

ज्ञानदर्शनदानलाभभोगोपभोगवीर्याणि च ॥ ४ ॥

ज्ञान, दर्शन, दान, लाभ, भोग, उपभोग, वीर्य और च शब्दसे सम्यक्त्व और चारित्र ये नव क्षायिक भाव हैं।

केवलज्ञानावरणके क्षयसे केवलज्ञान क्षायिक है। केवलदर्शनावरणके क्षयसे केवलदर्शन क्षायिक होता है। दानान्तरायके क्षयसे अनन्त प्राणियोंका अनुग्रह करने वाला अनन्त अभयदान होता है। लाभान्तरायके क्षयसे अनन्तलाभ होता है। इसीसे केवली भगवान की शरीरस्थितिके लिए परम शुभ सूक्ष्म अनन्त परमाणु प्रतिसमय आते हैं। इसलिए कवलाहार न करने परभी उनके शरीरकी स्थिति बराबर बनी रहती है। भोगान्तरायके क्षयसे अनन्तभोग होता है। जिससे गन्धोदकवृष्टि पुष्पवृष्टि आदि होती हैं। उपभोगान्तरायके क्षयसे अनन्त उपभोग होता है; इससे छत्र चमर आदि विभूतियाँ होती है। वीर्यान्तरायके क्षयसे अनन्त वीर्य होता है। केवली क्षायिकवीर्यके कारण केवलज्ञान और केवलदर्शनके द्वारा सर्वद्रव्यों और उनकी पर्यायों को जानने और देखनेके लिये समर्थ होते हैं।

चार अनन्तानुबन्धी और तीन दर्शनमोहनीय इन सप्त प्रकृतियोंके क्षयसे क्षायिक सम्यक्त्व होता है। सोलह कषाय और नव नोकषायों के क्षयसे क्षायिकचारित्र होता है।

क्षायिक दान, भोग, उपभोगादिका प्रत्यक्ष कार्य शरीर नाम और तीर्थङ्कर नामकर्मके उदयसे होता है। चूंकि सिद्धोंके उक्त कर्मोका उदय नही है अतः इन भावोकी सत्ता अनन्तवीर्य और अव्याबाध सुखके रूपमे ही रहती है। कहा भी है—अनन्त आनन्द, अनन्त ज्ञान, अनन्त ऐश्वर्य, अनन्तवीर्य और परमसूक्ष्मता जहाँ पाई जाय वही मोक्ष है।

मिश्रभावके भेद—

ज्ञानाज्ञानदर्शनलब्धयश्चतुस्त्रित्रिपञ्चभेदाः सम्यक्त्वचारित्रसंयमासंयमाश्च ॥५॥

मति, श्रुत, अवधि और मनःपर्यय ये चार ज्ञान, कुमति कुश्रुत और कुअवधि ये तीन अज्ञान, चक्षुदर्शन अचक्षुदर्शन और अवधिदर्शन ये तीन दर्शन, क्षायोपशमिक दान, लाभ भोग, उपभोग और वीर्य ये पाच लब्धि, क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक चारित्र और सयमासंमय ये क्षायोपशमिक भाव हैं।

अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन सर्वघाति प्रकृतियोंके उदयाभावी क्षय तथा आगामी कालमे उदय आने वाले उक्त प्रकृतियोंके निषेकों का सदवस्थारूप उपशम और सम्यक्त्वप्रकृतिके उदय होने पर क्षायोपशमिक सम्यक्त्व होता है।

अनन्तानुवन्धी आदि बारह कषायोंका उदयाभावी क्षय तथा आगामी कालमे उदयमे आनेवाले इन्हीं प्रकृतियोंके निषेकोंका सदवस्थारूप उपशम और सज्वलन तथा नव नोकषायका उदय होनेपर क्षायोपशमिक चारित्र होता है।

अनन्तानुबन्धी आदि आठ कषायोंका उदयाभावी क्षय तथा आगामी कालमे उदयमे आनेवाले इन्हीं प्रकृतियोंके निषेकोंका सदवस्था रूप उपशम और प्रत्याख्यानावरण आदि सत्रह कषायोंका उदय होनेसे संयमासयम होता है।

सूत्रमे आए हुए च शब्दसे संज्ञित्व और सम्यग्मिथ्यात्वका ग्रहण किया गया है।

औदयिक भावके भेद—

गतिकषायलिङ्गमिथ्यादर्शनाज्ञानासंयतासिद्धलेश्याश्चतुश्चतुस्त्र्येकैकैकषड्भेदाः ॥ ६ ॥

चार गति, चार कषाय, तीन वेद, मिथ्यादर्शन, अज्ञान, असंयम, असिद्धत्व, आर लेश्या ये इक्कीस औदयिक भाव हैं।

गतिनाम कर्मके उदयसे उन उन गतियोके भावोंको प्राप्त होना गति है। कपायोंका उदय औदयिक है। वेदोंके उदयसे वेद औदयिक होते है। मिथ्यात्व कर्मके उदयसे मिथ्यात्व आदयिक है।

ज्ञानावरण कर्मके उदयसे पदार्थका ज्ञान नहीं होना अज्ञान है।

मिश्र भावोंमे जो अज्ञान है उसका तात्पर्य मिथ्याज्ञानसे है और यहाँ अज्ञानका अर्थ ज्ञानका अभाव है।

सभी कर्मोंके उदयकी अपेक्षा असिद्ध भाव है।

कपायके उदयसे रंगी हुई मन वचन कायकी प्रवृत्ति को लेश्या कहते है।

लेश्याके द्रव्य और भावके रूपसे दो भेद हैं। यहाँ भाव लेश्याका ही ग्रहण किया गया है। योगसे मिश्रित कपायकी प्रवृत्तिको लेश्या कहते हैं। कृष्ण, नील कापोत, पीत, पद्म और शुक्ल इन लेश्याओंके दृष्टान्त निम्न प्रकार हैं—

आमके फल खानेके लिए छह पुरुषोंके छह प्रकारके भाव होते हैं। एक व्यक्ति आम खानेके लिए पेड़को जड़से उखाड़ना चाहता है। दूसरा पेड़को पीढ़से काटना चाहता है। तीसरा डालियाँ काटना चाहता है। चौथा फलोंके गुच्छे तोड़ लेना चाहता है। पाचवाँ केवल पके फल तोड़नेकी बात सोचता है। और छठवाँ नीचे गिरे हुए फलोंको ही खाकर परम तृप्त हो जाता है। इसी प्रकारके भाव कृष्ण आदि लेश्याओं में होते हैं।

प्रश्न–आगममे उपशान्तकपाय, क्षीणकषाय और सयोगकेवलीके शुक्ललेश्या वताई गई है लेकिन जब उनके कषायका उदय नही है तब लेश्या कैसे संभव है?

उत्तर–'उक्त गुणस्थानोंमे जो योगधारा पहिले कपायसे अनुरञ्जित थी वही इस समय बह रही है, यद्यपि उसका कपायांश निकल गया है' इस प्रकारके भूतपूर्वप्रज्ञापन नयकी अपेक्षा वहाँ लेश्याका सद्भाव है। अयोगकेवलीके इस प्रकारका योग भी नही है इसलिए वे पूर्णतः लेश्यारहित होते है।

पारिणामिक भाव—

जीवभव्याभव्यानि च ॥ ७ ॥

जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व ये तीन पारिणामिक भाव हैं। जीवत्व अर्थात् चेतनत्व। सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्ररूप पर्याय प्रकट होनेकी योग्यताको भव्यत्व कहते है तथा अयोग्यताको अभव्यत्व।

सूत्रमे दिए गए 'च' शब्दसे अस्तित्व, वस्तुत्व, द्रव्यत्व, प्रमेयत्व, अगुरुलघुत्व, प्रदेशवत्त्व, मूर्तत्व, अमूर्तत्व, चेतनत्व, अचेतनत्व आदि भावोंका ग्रहण किया गया है अर्थात् ये भी पारिणामिक भाव है।

ये भाव अन्य द्रव्योंमे भी पाये जाते हैं इसलिये जीवके असाधारण भाव न होने से सूत्रमे इन भावोंको नही कहा है।

प्रश्न–पुद्गल द्रव्यमे चेतनत्व और जीव द्रव्यमे अचेतनत्व कैसे संभव है?

उत्तर–जैसे दीपककी शिखा रूपसे परिणत तेल दीपककी शिखा हो जाता है उसी

प्रकार जीवके द्वारा शरीर रूपसे गृहीत पुद्गल भी उपचारसे जीव कहे जाते हैं। इसी प्रकार जिस जीवमें आत्मविवेक नही है वह उपचरित असद्भूत व्यवहारनयकी अपेक्षा अचेतन कहा जाता है। इसी प्रकार जीवके मूर्तत्व और पुद्गलके अमूर्तत्व भी औपचारिक है।

प्रश्न–मूर्त कर्मोके साथ जब जीव एकमेक हो जाता है तव उन दोनोंमे परस्पर क्या विशेषता रहती है?

उत्तर–यद्यपि बन्धकी अपेक्षा दोनों एक हो जाते है फिर भी लक्षणभेदसे दोनोंमे भिन्नता भी रहती है—जीव चेतनरूप है और पुद्गल अचेतन। इसी तरह अमूर्तत्व भी जीवमे ऐकान्तिक नहीं है।

जीवका लक्षण—

उपयोगो लक्षणम् ॥ ८ ॥

जीवका लक्षण उपयोग है। बाह्य और अभ्यन्तर निमित्तोंके कारण आत्माके चैतन्य स्वरूपका जो ज्ञान और दर्शन रूपसे परिणमन होता है उसे उपयोग कहते है।

यद्यपि उपयोग जीवका लक्षण होनेसे आत्माका स्वरूप ही है फिर भी जीव और उपयोगमे लक्ष्य-लक्षणकी अपेक्षा भेद है। जीव लक्ष्य है और उपयोग लक्षण।

उपयोग के भेद—

स द्विविधोऽष्टचतुर्भेदः ॥ ९ ॥

उपयोगके मुख्य दो भेद हैं—ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोग। ज्ञानोपयोगके मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय, केवल, कुमति, कुश्रुत और कुअवधि ये आठ भेद हैं। दर्शनोपयोगके चक्षु, अचक्षु, अवधि और केवलदर्शनके भेदसे चार भेद है। ज्ञान साकार और दर्शन निराकार होता है। वस्तुके विशेष ज्ञानको साकार कहते हैं। और सत्तावलोकन मात्रका नाम निराकार है।

छद्मस्थोंके पहिले दर्शन और बादमे ज्ञान होता है। किन्तु अर्हन्त, सिद्ध और सयोग-केवलियोंके ज्ञान और दर्शन एक साथ ही होता है।

प्रश्न–ज्ञानसे पहिले दर्शनका ग्रहण करना चाहिये क्योंकि दर्शन पहिले होता है?

उत्तर–दर्शनसे पहिले ज्ञानका ग्रहण ही ठीक है क्योंकि ज्ञानमे थोड़े स्वर है और पूज्य भी है।

जीव के भेद—

संसारिणो मुक्ताश्च ॥ १० ॥

ससारी और मुक्तके भेदसे जीव दो प्रकारके है।

यद्यपि संसारी जीवो की अपेक्षा मुक्त पूज्य है फिर भी मुक्त होनेके पहिले जीव ससारी होता है अतः संसारी जीवों का ग्रहण पहिले किया है।

पञ्च परिवर्तन को ससार कहते है।। द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव, और भाव ये पाच परिवर्तन है। द्रव्यपरिवर्तनके दो भेद है–नोकर्म द्रव्यपरिवर्तन और द्रव्य कर्मपरिवर्तन।

किसी जीवने एक समयमे औदारिक, वैक्रियिक और आहारक शरीर तथा पट् पर्याप्तियोंके योग्य स्निग्ध, रस, वर्ण गन्ध आदि गुणोंसे युक्त पुद्गल परमाणुओ को तीव्र, मन्द या मध्यम भावोंसे ग्रहण किया और दूसरे समयमे उन्हें छोड़ा। फिर अनन्त वार अगृहीत

परमाणुओं को बीचमे गृहीत परमाणुओं को तथा मिश्र परमाणुओं को ग्रहण किया इसके अनन्तर वही जीव उन्हीं स्निग्ध आदि गुणोंसे युक्त उन्ही तीव्र आदि भावोंसे उन्हीं पुद्गल परमाणुओं को औदारिक आदि शरीर और पर्याप्ति रूपसे ग्रहण करता है। इसी क्रमसे जब समस्त पुद्गलपरमाणुओं का नोकर्म रूपसे ग्रहण हो जाता है तब एक नोकर्मद्रव्य परिवर्तन होता है।

एक जीवने एक समयमें अष्ट कर्म रूपसे अमुक पुद्गल परमाणुओं को ग्रहण किया और एक समय अधिक अवधि प्रमाण कालके वाद उन्हें निर्जीण किया। नोकर्मद्रव्यमे वताए गए क्रमके अनुसार फिर वही, जीव उन्ही परमाणुओं को उन्ही कर्म रूपसे ग्रहण करे। इस प्रकार समस्त परमाणुओं को जव क्रमशः कर्म रूपसे ग्रहण कर चुकता है तव एक कर्मद्रव्य परिवर्तन होता है। इन नोकर्मद्रव्यपरिवर्तन और कर्मद्रव्यपरिवर्तनके समूह का नाम द्रव्य परिवर्तन है।

सर्वजघन्य अवगाहनावाला अपर्याप्त सूक्ष्मनिगोद जीव लोकके आठ मध्य प्रदेशों को अपने शरीरके मध्यमें करके उत्पन्न हुआ और मरा। पुनः उसी अवगाहनासे अङ्गुलके असख्यातवें भाग प्रमाण आकाशके जितने प्रदेश हैं उतनी बार वही उत्पन्न हो। फिर अपनी अवगाहना में एक प्रदेश क्षेत्र को बढ़ावे। और इसी क्रमसे जव सर्वलोक उस जीवका जन्म क्षेत्र बन जाय तब एक क्षेत्रपरिवर्तन होता है।

कोई जीव उत्सर्पिणी कालके प्रथम समयमे उत्पन्न हो, पुनः द्वितीय उत्सर्पिणी कालके द्वितीय समयमें उत्पन्न हो। इसी क्रमसे तृतीय चतुर्थ आदि उत्सर्पिणी कालके तृतीय चतुर्थ आदि समयोंमें उत्पन्न होकर उत्सर्पिणी कालके सर्व समयोंमे जन्म ले और इसी क्रमसे मरण भी करे। अवसर्पिणी कालके समयोंमे भी उत्सर्पिणी काल की तरह ही वही जीव जन्म और मरण को प्राप्त हो तब एक काल परिवर्तन होता।

भवपरिवर्तन चतुर्गतियोमे परिभ्रमणको भव परिवर्तन कहते हैं। नरक गतिमे जघन्य आयु दश हजार वर्ष है। कोई जीव प्रथम नरकमे जघन्य आयु वाला उत्पन्न हो, दश हजार वर्पके जितने समय हैं उतनी वार प्रथम नरक मे जघन्य आयुका वन्ध कर उत्पन्न हो। फिर वही जीव एक समय अधिक आयुको वढ़ाते हुये क्रमसे तेतीस सागर आयुको नरकमे पूर्ण करे तव एक नरकगतिपरिवर्तन होता है। तिर्यञ्चगतिमे कोई जीव अन्तर्मुहूर्त प्रमाण जघन्य आयुवाला उत्पन्न हो पुनः द्वितीय वार उसी आयुसे उत्पन्न हो। इस प्रकार एक समय अधिक आयु का वन्ध करते हुये तीन पल्य की आयु को समाप्त करनेपर एक तिर्यग्गति परिवर्तन होता है। मनुष्यगति परिवर्तन तिर्यग्गति परिवर्तनके समान ही समझ लेना चाहिये। देवगति परिवर्तन नरकगति परिवर्तन की तरह ही है। किन्तु देवगतिमें आयुमे एक समयाधिक वृद्धि इकतीस सागर तक ही करनी चाहिए। कारण मिथ्यादृष्टि अन्तिम ग्रैवेयक तक ही उत्पन्न होता है। इस प्रकार चारों गतिके परिवर्तन है।

पञ्चेन्द्रिय, सञ्ज्ञी पर्याप्तक मिथ्यादृष्टी जीवके जो कि ज्ञानावरण कर्म की सर्वजघन्य अन्तः कोटाकोटि स्थिति वन्ध करता है कपायाध्यवसाय स्थान असख्यात लोकप्रमाण होते है। और इनमे संख्यात भाग वृद्धि, असंख्यात भाग वृद्धि, अनन्त भाग वृद्धि, सख्यात गुण वृद्धि, असंख्यात गुण वृद्धि, अनन्त गुण वृद्धि इस प्रकार की वृद्धि भी होती रहती है। अन्तःकोटाकोटि की स्थितिमे सर्वजघन्य कपायाध्यवसायस्थाननिमित्तक अनुभाग अध्यवसायके स्थान असख्यातलोक प्रमाण होते है। सर्वजघन्य स्थिति, सर्वजघन्य कपायाध्यवसाय स्थान और सर्वजघन्य अनुभागाध्यवसायके होनेपर सर्वजघन्य योगस्थान होता है।

पुनः वही स्थिति, कषायध्यायवसाय स्थान और अनुभागाध्यवसायस्थानके होने पर असंख्यात भागवृद्धिसहित द्वितीय योगस्थान होता है। इसप्रकार श्रेणीके असख्यातवे भाग प्रमाण योगस्थान होते है। योगस्थानोंमें अनन्तभागवृद्धि और अनन्तगुणवृद्धि रहित केवल चार प्रकारकी ही वृद्धि होती है। पुनः उसी स्थिति और उसी कषायाध्यवसाय स्थानको प्राप्त करने वाले जीवके द्वितीय अनुभागाध्यवसायस्थान होता है। इसके योगस्थान पूर्ववत् ही होते है। इसप्रकार असंख्यात लोक प्रमाण अनुभागाध्यवसायस्थान होते हैं। पुनः उसी स्थितिका बन्ध करने वाले जीवके द्वितीय कषायाध्यवसाय स्थान होता है। इसके अनुभागाध्यवसायस्थान और योगस्थान पूर्ववत् ही होते हैं। इसप्रकार असंख्यात लोक प्रमाण कषायाध्यवसाय स्थान होते है। इस तरह जघन्य आयुमे एक २ समयकी वृद्धिक्रमसे तीस कोटाकोटि सागरकी उत्कृष्टस्थिति को पूर्ण करे। उक्त क्रमसे सर्वकर्मोकी मूलप्रकृतियों और उत्तरप्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिसे लेकर उत्कृष्ट स्थिति पर्यन्त कषाय, अनुभाग और योगस्थानों को पूर्ण करने पर एक भावपरिवर्तन होता है।

संसारी जीवके भेद—

समनस्काऽमनस्काः ॥ ११ ॥

ससारी जीव समनस्क और अमनस्कके भेदसे दो प्रकारके होते है। मनके दो भेद हैं द्रव्यमन ओर भावमन। द्रव्य मन पुद्गलविपाकी कर्मके उदयसे होता है। वीर्यान्तराय तथा नोइन्द्रियावरणकर्मके क्षयोपशमसे होने वाली आत्माकी विशुद्धि को भावमन कहते हैं। सूत्रमे समनस्क को गुणदोषविचारक होने के कारण अर्चित होने से पहिले कहा है।

संसारिणस्त्रसस्थावराः ॥ १२ ॥

संसारी जीवोंके त्रस ओर स्थावरके भेदसे भी दो भेद होते है। त्रस नाम कर्मके उदयसे त्रस और स्थावर नामकर्मके उदयसे स्थावर होते है। त्रस का मतलब यह नही है कि जो चले फिरे वे त्रस हैं और जो स्थिर रहें वे स्थावर हैं। क्योंकि इस लक्षण के अनुसार वायु आदि त्रस हो जॉयगे और गर्भस्थ जीव स्थावर हो जॉयगे।

प्रश्न–इस सूत्रमे संसारी शब्दका ग्रहण नही करना चाहिये क्योंकि 'ससारिणो मुक्ताश्च' इस सूत्रमे ससारी शब्द आ चुका है।

उत्तर–पूर्व सूत्रमे कहे हुये समनस्क और अमनस्क भेद ससारी जीवके ही होते हैं इस बातको बतलानेके लिये इस सूत्रमे ससारी शब्दका ग्रहण किया गया है। इस शब्दका ग्रहण न करनेसे संसारी जीव समनस्क होते हैं और मुक्त जीव अमनस्क होते हैं ऐसा विपरीत अर्थ भी हो सकता था। तथा ससारी जीव त्रस और मुक्त जीव स्थावर होते हैं ऐसा अर्थ भी किया जा सकता था। अतः इस सूत्रमे संसारी शब्दका होना अत्यन्त आवश्यक है।

त्रस शब्दको अल्प स्वरवाला और ज्ञान और उसमे दर्शन रूप सभी उपयोगोंकी सभावना होनेके कारण सूत्रमे पहिले कहा है।

स्थावर के भेद—

पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतयः स्थावराः ॥ १३ ॥

पृथिवीकायिक, अप्कायिक, तेजकायिक, वायुकायिक और वनस्पतिकायिक ये पॉच प्रकारके स्थावर है।

मार्गमें पड़ी हुई धूलि आदि पृथिवी है। पृथिवीकायिक जीवके द्वारा परित्यक्त ईंट आदि पृथिवीकाय है। पृथिवी और पृथिवीकायके स्थावर नामकर्मका उदय न होनेसे वह निर्जीव है अतः उसकी विराधना नहीं होती। जिसके पृथिवीकाय विद्यमान हैं वह पृथिवीकायिक है। जिसके पृथिवी नामकर्मका उदय है लेकिन जिसने पृथिवीकायको प्राप्त नहीं किया है ऐसे विग्रह गतिमे रहनेवाले जीवको पृथिवीजीव कहते हैं।

पृथिवीके मिट्टी, रेत, कंकड, पत्थर, शिला, नमक, लोहा, तांबा, रांगा, सीसा, चांदी, सोना, हीरा, हरताल, हिंगुल, मनःशिला, गेरू, तूतिया, अंजन प्रवाल, अभ्रक, गोमेद, राजवर्तमणि, पुलकमणि, स्फटिकमणि, पद्मरागमणि, वैडूर्यमणि, चन्द्रकान्त, जलकान्त, सूर्यकान्त, गैरिकमणि, चन्दनमणि, मरकतमणि, पुष्परागमणि, नीलमणि, विद्रुममणि आदि छत्तीस भेद हैं।

बिलोडा गया, इधर उधर फैलाया गया और छौंना गया पानी जल कहा जाता है। जलकायिक जीवोंसे छोड़ा गया पानी और गरम किया हुआ पानी जलकाय है। जिसमे जलजीव रहता है उसे जलकायिक कहते हैं। विग्रहगतिमे रहने वाला वह जीव जलजीव कहलाता है जो आगे जलपर्यायको ग्रहण करेगा।

इधर उधर फैली हुई या जिसपर जल सींच दिया गया है या जिसका बहु भाग भस्म वन चुका है ऐसी अग्निको अग्नि कहते हैं। अग्निजीवके द्वारा छोड़ी गई भस्म आदि अग्निकाय कहलाते हैं। इनकी विराधना नहीं होती। जिसमें अग्निजीव विद्यमान है उसे अग्निकायिक कहते हैं। विग्रहगतिमे प्राप्त वह जीव अग्निजीव कहलाता है जिसके अग्निनामकर्मका उदय है और आगे जो अग्नि शरीरको ग्रहण करेगा।

जिसमे वायुकायिक जीव आ सकता है ऐसी वायुको अर्थात् केवल वायुको वायु कहते हैं। वायुकायिक जीवके द्वारा छोड़ी गई, वीजना आदिसे चलाई गई हवा वायुकाय कहलाती है। वायुजीव जिसमे मौजूद है ऐसी वायु वायुकायिक कही जाती है। विग्रहगति प्राप्त, वायुको शरीर रूपसे ग्रहण करने वाला जीव वायुजीव है।

छेदी गई, भेदी गई या मर्दित की गई गीली लता आदि वनस्पति हैं। सूखी वनस्पति जिसमे वनस्पतिजीव नही हैं वनस्पतिकाय हैं। सजीव वृक्ष आदि वनस्पतिकायिक हैं। विग्रहगतिवर्ती वह जीव वनस्पतिजीव कहलाता है जिसके वनस्पतिनामकर्मका उदय है तथा जो आगे वनस्पतिको शरीर रूपसे ग्रहण करेगा।

प्रत्येक कायके चार भेदोंमे से प्रथम दो भेद स्थावर नहीं कहलाते क्योंकि वे अजीव है तथा इनके स्थावर नामकर्मका उदय भी नही है।

एकेन्द्रियके चार प्राण होते हैं-स्पर्शन इन्द्रिय, कायबल, आयु और श्वसोच्छ्वास।

त्रस जीवोंके भेद—

द्वीन्द्रियादयस्त्रसाः ॥ १४ ॥

द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय ओर पञ्चेन्द्रिय जीव त्रस होते है। शंख, कौंड़ी, सीप, जोंक, आदि दोइन्द्रिय जीव है। चीटी, बिच्छू, पटार, जूॅ, खटमल आदि तीन इन्द्रिय जीव हैं। मक्खी, पतंग, भौंरा, मधुमक्खी, मकड़ी आदि चतुरिन्द्रिय जीव हैं। पञ्चेन्द्रिय जीव अण्डायिक पोतायिक आदिके भेदसे अनेक प्रकारके है। यथा—अण्डायिक—अण्डेसे उत्पन्न होनेवाले सर्प, बमनी, पक्षी आदि। पोतायिक—जो प्राणी गर्भमे जरायु आदि आवरणसे रहित होकर रहते है उन्हें पोतायिक कहते है। जैसे कुत्ता, बिल्ली, सिंह, व्याघ्र,

असंज्ञी होते है। संज्ञियों के शिक्षा, शब्दार्थग्रहण आदि क्रिया होती है। यद्यपि असंज्ञियों के आहार, भय,मैथुन और परिग्रह ये चार सञ्ज्ञाएँ होतीं हैं तथा इच्छा प्रवृत्ति आदि होती हैं फिर भी शिक्षा, शब्दार्थग्रहण आदि क्रिया न होने से वे सञ्ज्ञी नहीं कहलाते।

विग्रहगतिमे गमनके कारणको बतलाते है–

विग्रहगतौ कर्मयोगः ॥२५॥

विग्रहगतिमे कार्मण काययोग होता है। विग्रह शरीरको कहते हैं। नवीन शरीरको ग्रहण करनेके लिये जो गति होती है वह विग्रहगति है। आत्मा एक शरीरको छोड़कर दूसरे शरीरको ग्रहण करनेके लिये कार्मण काययोगके निमित्त से गमन करता है।

अथवा विरुद्ध ग्रहणको विग्रह कहते हैं अर्थात् कर्मका ग्रहण होने पर भी नोकर्म है के अग्रहणको विग्रह कहते है। और विग्रह होनेसे जो गति होती है वह विग्रहगति कहलाती है।

सर्वशरीरके कारणभूत कार्मण शरीरको कर्म कहते हैं। और मन, वचन, काय वर्गणाके निमित्तसे होनेवाले आत्माके प्रदेशोंके परिस्पन्दका नाम योग है। अर्थात विग्रह रूपसे गति होने पर कर्मोंका आदान और देशान्तरगमन दोनों होते हैं।

जीव और पुद्गलके गमनके प्रकारको बतलाते है–

अनुश्रेणि गतिः ॥२६॥

जीव और पुद्गलका गमन श्रेणीके अनुसार होता है। लोकके मध्यभागसे ऊपर, नीचे तथा तिर्यक् दिशामे क्रमसे सन्निविष्ट आकाशके प्रदेशोंकी पङ्क्तिको श्रेणी कहते है।

प्रश्न–यहाँ जीव द्रव्यका प्रकरण होनेसे जीवकी गतिका वर्णन करना तो ठीक है लेकिन पुद्गलकी गतिका वर्णन किस प्रकार सगत है ?

उत्तर–'विग्रहगतौ कर्मयोगः' इस सूत्रमे गतिका ग्रहण हो चुका है। अतः इस सूत्रमे पुनः गतिका ग्रहण, और आगामी 'अविग्रहा जीवस्य' सूत्रमे जीव शब्दका ग्रहण इस बातको बतलाते हैं कि यहाँ पुगद्लकी, गतिका भी प्रकरण है।

प्रश्न–ज्योतिपी देवों तथा मेरुकी प्रदक्षिणाके समय विद्याधर आदिकी गति श्रेणीके अनुसार नहीं होती है। अतः गतिको अनुश्रेणि बतलाना ठीक नही है।

उत्तर–नियत काल और नियत क्षेत्रमे गति अनुश्रेणि बतलायी है। कालनियम–संसारी जीवोंकी मरणकालमे भवान्तर प्राप्तिके लिये और मुक्त जीवोंकी ऊर्ध्वगमन कालमे जो गति होती है वह अनुश्रेणि ही होती है। देशनियम—ऊर्ध्वलोकसे अधोगति, अधोलोकसे ऊर्ध्वगति, तिर्यग्लोकसे अधोगति अथवा ऊर्ध्वगति अनुश्रेणि ही होती है।

पुद्गलोंकी भी जो लोकान्त तक गति होती है वह अनुश्रेणि ही होती है। अन्य गति का कोई नियम नहीं है।

मुक्त जीव की गति—

अविग्रहा जीवस्य ॥ २७ ॥

मुक्त जीवकी गति विग्रहरहित अर्थात् सीधी होती है। मोड़ा या वक्रताको विग्रह कहते है। यद्यपि इस सूत्रमे सामान्य जीवका ग्रहण किया गया है फिर भी आगामी "विग्रह-

वती च संसारिणः प्राक् चतुर्भ्यः' सूत्रमें संसारी शब्द आनेसे इस सूत्रमें मुक्त जीवका ही ग्रहण करना चाहिये।

'अनुश्रेणि गतिः' इसी सूत्रसे यह सिद्ध हो जाता है कि जीव और पुद्गलोंकी गति श्रेणीका व्यतिक्रम करके नहीं होती है अतः 'अविग्रहा जीवस्य' यह सूत्र निरर्थक होकर यह बतलाता है कि पहिले सूत्रमें बतलाई हुई गति कहीं पर विश्रेणि अर्थात् श्रेणीका उल्लंघन करके भी होती है।

संसारी जीवकी गति—

विग्रहवती च संसारिणः प्राक् चतुर्भ्यः ॥ २८ ॥

संसारी जीवकी गति मोड़ा सहित और मोड़ा रहित दोनों प्रकारकी होती है और इसका समय चार समयसे पहिले अर्थात् तीन समय तक है।

संसारी जीवोंकी विग्रहरहित गतिका काल एक समय है। मुक्त जीवोंकी गतिका काल भी एक समय है। विग्रह रहित गतिका नाम इषु गति है। जिस प्रकार बाणकी गति सीधी होती है। उसी प्रकार यह गति भी सीधी होती है।

एक मोड़ा, दो मोड़ा और तीन मोड़ावाली गतिका काल क्रमसे दो समय, तीन समय और चार समय है।

एक मोड़ावाली गतिका नाम पाणिमुक्ता है। जिस प्रकार हाथसे तिरछे फेके हुए द्रव्य की गति एक मोड़ा युक्त होती है उसी प्रकार इस गतिमे भी जीवको एक मोड़ा लेना पड़ता है। दो मोड़ावाली गतिका नाम लाङ्गलिका है। जिस प्रकार हल दो ओर मुड़ा रहता है उसी प्रकार यह गति भी दो मोड़ा सहित होती है। तीन मोड़ावाली गतिका नाम गोमूत्रिका है। जिस प्रकार गायके मूत्रमें कई मोड़े पड़ जाते हैं उसी प्रकार इस गतिमे भी जीवको तीन मोड़ा लेने पड़ते हैं।

इस प्रकार मोड़ा लेनेमे अधिकसे अधिक तीन समय लगते हैं। गोमूत्रिका गतिमे जीव चौथे समयमे कहीं न कहीं अवश्य उत्पन्न हो जाता है।

यद्यपि इस सूत्रमे समय शब्द नहीं आया है किन्तु आगेके सूत्रमे समय शब्द दिया गया है अतः यहाँपर भी समयका ग्रहण कर लेना चाहिये।

विग्रह रहित गतिका समय—

एकसमयाऽविग्रहा ॥ २९ ॥

मोड़ारहित गतिका काल एक समय है। गमन करनेवाले जीव और पुद्गलोंकी लोक पर्यन्त गति भी व्याघातरहित होनेसे एक समयवाली होती है।

विग्रह गतिमें अनाहारक रहनेका समय—

एकं द्वौ त्रीन्वाऽनाहारकः ॥ ३० ॥

विग्रहगति में जीव एक, दो या तीन समय तक अनाहारक रहता है।

औदारिक, वैक्रियिक, और आहारक शरीर तथा छह पर्याप्तियोंके योग्य पुद्गल परमाणुओंके ग्रहण को आहार कहते है। इस प्रकारका आहार जिसके न हो वह अनाहारक कहलाता है। विग्रह रहित गतिमे जीव आहारक होता है।

एक मोड़ा सहित पाणिमुक्ता गतिमें जीव प्रथम समयमें अनाहारक रहता है और द्वितीय समयमे आहारक हो जाता है।

दो मोड़ा युक्त लाङ्गलिका गतिमे जीव दो समय तक अनाहारक रहता है और तृतीय समयमे आहारक हो जाता है। तीन मोड़ा युक्त गोमूत्रिका गतिमे जीव तीन समय तक अनाहारक रहता है और चौथे समयमे नियमसे आहारक हो जाता है।

ऋद्धिप्राप्त यतिका आहारक शरीर आहार युक्त होता है।

जन्म के भेद—

सम्मूर्छनगर्भोपपादा जन्म ॥ ३१ ॥

संसारी जीवोंके जन्मके तीन भेद हैं-समूर्च्छन, गर्भ और उपपाद।

माता-पिताके रज और वीर्यके विना पुद्गल परमाणुओंके मिलने मात्रसे ही शरीरकी रचनाको संमूर्च्छन जन्म कहते हैं।

माताके गर्भमे शुक्र और शोणितके मिलनेसे जो जन्म होता है उसको गर्भ जन्म कहते हैं अथवा जहाँ माताके द्वारा युक्त आहारका ग्रहण हो वह गर्भ कहलाता है।

जहाँ पहुँचते ही सम्पूर्ण अङ्गों की रचना हो जाय वह उपपाद है। देव और नारकियोंके उत्पत्तिस्थानको उपपाद कहते है।

योनियों के भेद-

सचित्तशीतसंवृताः सेतरा मिश्राश्चैकशस्तद्योनयः ॥३२॥

सचित्त, शीत, संवृत, अचित्त, उष्ण, विवृत और सचित्ताचित्त, शीतोष्ण, सवृत-विवृत ये नौ समूर्च्छन आदि जन्मों की योनियाँ है।

च शब्द समुच्चयार्थक है। अर्थात् उक्त योनियाँ परस्पर मे भी मिश्र होती है और मिश्रयोनियाँ भी दूसरी योनियों के साथ मिश्र होती है।

योनि और जन्म मे आधार और आधेय की अपेक्षासे भेद है। योनि आधार हैं और जन्म आधेय है।

साधारण वनस्पतिकायिकों के सचित्त योनि होती है, क्योंकि ये जीव परस्पराश्रय रहते हैं। नारकियोंके अचित्त योनि होती है, क्योंकि इनका उपपाद स्थान अचित्त होता है। गर्भजों के सचित्ताचित्त योनि होती है, क्योंकि शुक्र और शोणित अचित्त होते है और आत्मा अथवा माता का उदर सचित्त होता है। वनस्पति कायिक के अतिरिक्त पृथिव्यादि कायिक संमूर्च्छनोंके अचित्त और मिश्र योनि होती है। देव और नारकियोंके शीतोष्णयोनि होती है क्योंकि उनके कोई उपपादस्थान शीत होते हैं और कोई उष्ण। तेजःकायिकोंके उष्णयोनि होती है अन्य पृथिव्यादि कायिकों के शीत, उष्ण और शीतोष्ण योनियाँ होतीं है। देव, नारकी और एकेन्द्रियोंके संवृत योनि होती है। विकलेन्द्रियोंके विवृत योनि होती है। गर्भजोंके संवृत-विवृत योनि होती है।

योनियोंके उत्तरभेद चौरासी लाख होते है-नित्य निगोद, इतरनिगोद, पृथिवी, अप् तेज और वायुकायिकों मे प्रत्येकके सात सात लाख ६×७=४२, वनस्पति कायिकों के दश लाख, विकलेन्द्रियोमे प्रत्येकके दो लाख २×३=६, देव, नारकी और तिर्यञ्चोंमे प्रत्येकके चार चार लाख ३×४=१२ और मनुष्योंके चौदह लाख योनियाँ होती हैं। इस प्रकार ४२+१०+६+१२+१४=८४ लाख योनियाँ होती है।

गर्भ जन्मके स्वामी—

जरायुजाण्डजपोतानां गर्भः ॥ ३३ ॥

जरायुज, अण्डज और पोत इन जीवोंके गर्भ जन्म होता है।

जालके समान मांस और रुधिरके वस्त्राकार आवरण को जरायु कहते हैं। इस जरायुसे आच्छादित हो-जो जीव पैदा होते हैं उनको जरायुज कहते हैं। जो जीव अण्डेसे पैदा होते हैं उनको अण्डज कहते हैं। जो जीव पैदा होते ही परिपूर्ण शरीर युक्त हो चलने फिरने लग जावें और जिनपर गर्भमे कोई आवरण न रहता हो उनको पोत कहते हैं।

उपपाद जन्म के स्वामी–

देवनारकाणामुपपादः ॥३४॥

देव और नारकियोंके उपपाद जन्म होता है। देव उपपाद शय्यासे उत्पन्न होते हैं। नारकी उपपाद छत्तोंसे नीचेकी ओर मुंहकरके गिरते हैं।

समूर्च्छन जन्म के स्वामी—

शेषाणां सम्मूर्च्छनम् ॥३५॥

गर्भ और उपपाद जन्मवाले प्राणियोंसे अतिरिक्त जीवोंके सम्मूर्च्छन जन्म होता है।

उक्त तीनों सूत्र उभयतः नियमार्थक हैं। अर्थात् जरायुज, अण्डज और पोतोंके गर्भ जन्म ही होता है अथवा गर्भजन्म जरायुज, अण्डज और पोतोंकेही होता है। इसी प्रकार उपपाद और समूर्च्छनमे भी दुतरफा नियम घटा लेना चाहिये।

शरीरोंका वर्णन—

औदारिकवैक्रियिकाहारकतैजसकार्मणानि शरीराणि ॥ ३६ ॥

औदारिक, वैक्रियिक, आहारक, तैजस और कार्मण ये पॉच शरीर होते हैं।

औदारिक नामकर्मके उदयसे होनेवाले स्थूल शरीरको औदारिक कहते हैं। गर्भसे उत्पन्न होनेवाले शरीर को औदारिक कहते है अथवा जिसका प्रयोजन उदार हो उसे औदारिक कहते हैं। वैक्रियिक नाम कर्मके उदयसे अणिमा आदि अष्टगुणसहित और नाना प्रकार की क्रिया करनेमे समर्थ जो शरीर होता है उसको वैक्रियिक शरीर कहते हैं। वैक्रियिक शरीर धारी जीव मूल शरीरसे 'अनेक शरीरोंको बना लेता है। देवोंका मूल शरीर जिनेन्द्र देवके जन्म कल्याणक आदि उत्सवोंमें नही जाता है किन्तु उत्तर शरीर ही जाता है।

सूक्ष्मपदार्थका ज्ञान और असंयमके परिहारके लिये छठवे गुणस्थानवर्ती मुनिके मस्तकसे जो एक हाथका सफेद पुतला निकलता है उसको आहारक शरीर कहते हैं।

विशेष—जब प्रमत्तसंयत मुनिको किसी सूक्ष्मपदार्थमें अथवा सयमके नियमोंमे सन्देह उत्पन्न होता है तो वह विचारता है कि तीर्थकरके दर्शन बिना यह सन्देह दूर नहीं होगा और तीर्थकर इस स्थानमे है नही। इस प्रकारके विचार करने परही तालुमें रोमाग्रके अष्टम भाग प्रमाण एक छिद्र हो जाता है और उस छिद्रसे एक हाथका विम्बाकार सफेद पुतला निकलता है। वह पुतला जहाँ पर भी तीर्थकर परमदेव गृहस्थ, छद्मस्थ, दीक्षित अथवा केवली किसी भी अवस्था के हों, जाता है और तीर्थकरके शरीरको स्पर्श करके लौटकर पुनः उसी तालुछिद्रसे शरीरमे प्रविष्ट हो जाता है। तब उस मुनिका सदेह दूर होजाता है और वह सुखी एवं प्रसन्न होता है।

तैजस नामकर्मके उदयसे होनेवाले तेज युक्त शरीरको तैजस शरीर कहते है।

कार्मण नामकर्मके उदयसे होनेवाले ज्ञानावरणादि आठ कर्मोंके समूहको कार्मण शरीर कहते हैं। यद्यपि सभी शरीरोंका कारण कर्म होता है फिर भी प्रसिद्धिका कारण कर्म विशेषरूपसे बतलाया है।

शरीरोंमे सूक्ष्मत्व—

परं परं सूक्ष्मम् ॥ ३७ ॥

पूर्वकी अपक्षा आगे आगेके शरीर सूक्ष्म हैं। अर्थात् औदारिकसे वैक्रियिक सूक्ष्म है, वैक्रियिकसे आहारक इत्यादि।

शरीरोंके प्रदेश—

प्रदेशतोऽसंख्येयगुणं प्राक् तैजसात् ॥ ३८ ॥

तैजस शरीरसे पहिलेके शरीर प्रदेशोंकी अपेक्षा असंख्यातगुणे हैं। अर्थात् औदारिकसे वैक्रियिक शरीरके प्रदेश असंख्यातगुणे हैं और वैक्रियिकसे आहारकके प्रदेश असंख्यातगुणे हैं। औदारिकादि शरीरोंमे उत्तरोत्तर प्रदेशोंकी अधिकता होनेपर भी उनके संगठनमें लोह पिण्डके समान घनत्व होनेसे सूक्ष्मता है और पूर्व पूर्वके शरीरोंमे प्रदेशों-की न्यूनता होनेपर भी तूलपिण्डके समान शिथिलत्व होनेसे स्थूलता है। यहाँ पल्यका असंख्यातवाँ भाग अथवा श्रेणीका असंख्यातवाँ भाग गुणाकार हैं।

अनन्तगुणे परे ॥ ३९ ॥

अन्तके दो शरीर प्रदेशोंकी अपेक्षा अनन्तगुणे हैं। अर्थात् आहारकसे तैजसके प्रदेश अनन्तगुणे है और तैजससे कार्मण शरीरके अनन्तगुणे है। यहाँ गुणाकार का प्रमाण अभव्यों का अनन्तगुणा और सिद्धोंका अनन्त भाग है।

अप्रतिघाते ॥ ४० ॥

तैजस और कार्मण शरीर प्रतिघात रहित हैं। अर्थात् ये न तो मूर्तीक पदार्थसे स्वयं रुकते हैं और न किसीको रोकते हैं। यद्यपि वैक्रियिक और आहारक शरीर भी प्रतिघात रहित हैं लेकिन तैजस और कार्मण शरीरकी विशेषता यह है कि उनका लोकपर्यन्त कही भी प्रतिघात नही होता। वैक्रियिक और आहारक शरीर सर्वत्र अप्रतिघाती नही हैं इनका क्षेत्र नियत है।

अनादिसम्बन्धे च ॥ ४१ ॥

तैजस और कार्मण शरीर आत्माके साथ अनादिकालसे सम्बन्ध रखने वाले है। च शब्दसे इनका सादि सम्बन्ध भी सूचित होता है क्योंकि पूर्व तैजस कार्मण शरीरके नाश होनेपर उत्तर शरीरकी उत्पत्ति होती है। लेकिन इनका आत्माके साथ कभी असम्बन्ध नही रहता। अतः सन्ततिकी अपेक्षा अनादिसम्बन्ध है और विशेषकी अपेक्षा सादि सम्बन्ध है।

सर्वस्य ॥ ४२ ॥

उक्त दोनों शरीर सब ससारी जीवोंके होते हैं।

एक जीवके एक साथ कितने शरीर हो सकते हैं।

तदादीनि भाज्यानि युगपदेकस्याचतुर्भ्यः ॥ ४३ ॥

एक साथ एक जीवके कमसे कम दो और अधिकसे अधिक चार शरीर हो सकते हैं। दो शरीर तैजस और कार्मण, तीन-तैजस, कार्मण और औदारिक अथवा तैजस, कार्मण और वैक्रियिक, चार-तैजस, कार्मण, औदारिक और आहारक। एक साथ पाँच शरीर नहीं हो सकते, जिस संयतके आहारक शरीर होता है उसके वैक्रियिक नहीं होता, और जिन देव नारकियोंके वैक्रियिक शरीर होता है उनके आहारक नहीं होता।

कार्मण शरीरकी विशेषता—

निरुपभोगमन्त्यम् ॥ ४४ ॥

अन्तका कार्मण शरीर उपभोग रहित है। इन्द्रियोंके द्वारा शब्दादि विषयोंके ग्रहण करनेको उपभोग कहते हैं। विग्रहगतिमे द्रव्येन्द्रियकी रचना न होनेसे कार्मण शरीर उपभोग रहित होता है। यद्यपि तैजस शरीर भी उपभोग रहित है लेकिन उसमे योगनिमित्तकता न होनेसे स्वय ही निरुपभोगत्व सिद्ध हो जाता है।

औदारिक शरीरका स्वरूप—

गर्भसम्मूर्च्छनजमाद्यम् ॥ ४५ ॥

गर्भ और संमूर्च्छन जन्मसे उत्पन्न होनेवाले सभी शरीर औदारिक होते हैं।

वैक्रियिक शरीरका स्वरूप—

औपपादिकं वैक्रियिकम् ॥ ४६ ॥

उपपाद जन्मसे उत्पन्न होने वाले शरीर वैक्रियिक होते है।

लब्धिप्रत्ययश्च ॥ ४७ ॥

वैक्रियिक शरीर लब्धिजन्य भी होता है। विशेष तपसे उत्पन्न हुई ऋद्धिका नाम लब्धि है। लब्धिजन्य वैक्रियिक शरीर छठवे गुणस्थानवर्ती मुनिके होता है।

उत्तर वैक्रियिक शरीरका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

तीर्थकरोंके जन्म आदि कल्याणकोंके समय और नन्दीश्वर द्वीप आदिके चैत्यालयोंकी वन्दनाके समय पुनः पुनः अन्त मुहूर्तके वाद नूतन नूतन वैक्रियिक शरीरकी रचना कर लेने के कारण अधिक समय तक भी वैक्रियिकशरीरनिमित्तक कार्य होता रहता है। देवों को वैक्रियिक शरीरके बनानेमें किसी प्रकारके दुःखका अनुभव न होकर सुखका ही अनुभव होता है।

तैजसमपि ॥ ४८ ॥

तैजस शरीर भी लब्धिजन्य होता है।

तैजस शरीर दो प्रकार है—निःसरणात्मक और अनिःसरणात्मक।

निःसरणात्मक—किसी उग्रचारित्रवाले यतिको किसी निमित्तसे अति क्रोधित हो जाने पर उनके वाये कन्धेसे वारह योजन लम्बा ओर नौ योजन चौड़ा जलती हुई अग्नि के समान और काहलके आकार वाला तैजस शरीर वाहर निकलता है। और दाह्य वस्तुके पास जाकर उसको भस्मसात् कर देता है। पुनः यतिके शरीरमे प्रवेश करके यतिको भी भस्म कर देता है। यह निःसरणात्मक तैजस शरीरका लक्षण है।

अनिःसरणात्मक तैजस शरीर औदारिक, वक्रियिक और आहारक इन तीनों शरीरोंके भीतर रहकर इनकी दीप्तिमें कारण होता है ।

आहारक शरीरका लक्षण—

शुभं विशुद्धमव्याघाति चाहारकं प्रमत्तसंयतस्यैव ॥ ४९ ॥

आहारक शरीर शुभ, विशुद्ध और व्याघात रहित है । इसका कारण शुभ होनेसे शुभ और कार्य विशुद्ध होनेसे विशुद्ध है । आहारक शरीरसे किसीका व्याघात नही होता और न अन्य किसीके द्वारा आहारक शरीरका व्याघात होता है अतः अव्याघाती है ।

यह शरीर प्रमत्तसंयतके ही होता है । एव शब्द अवधारणार्थक है । अर्थात् आहारक शरीर प्रमत्तसंयतके ही होता है । ऐसा नही कि प्रमत्तसयतके आहारक ही होता है । क्योंकि ऐसा नियम मानने पर औदारिक आदि शरीरोंका निषेध हो जायगा ।

च शब्द उक्त अर्थ का समुच्चय करता है । अर्थात् सयमके परिपालनके लिये, सूक्ष्म पदार्थके ज्ञानके लिये अथवा लब्धिविशेषके सद्भाव का ज्ञान करनेके लिये छठवे गुणस्थानवर्ती मुनिके मस्तकके तालुभागसे एक हाथ का पुतला निकलता है । भरत या ऐरावत क्षेत्रमे स्थित मुनिको केवलीके अभावमे सूक्ष्म पदार्थमे सशय होने पर वह पुतला विदेह क्षेत्रमे जाकर और तीर्थकरके शरीरको स्पर्श कर लौट आता है । उसके आने पर मुनिका सन्देह दूर हो जाता है । यदि मुनि स्वयं विदेह क्षेत्रमे जाते तो असयम का दोष लगता ।

वेदों के स्वामी–

नारकसंमूर्च्छिनो नपुंसकानि ॥५०॥

नारकी और संमूर्च्छन जीवोंके नपुसकलिङ्ग होता है ।

न देवाः ॥५१॥

देवोंके नपुंसकलिङ्ग नही होता केवल स्त्रीलिङ्ग और पुरुषलिङ्ग ही होता है ।

शेषास्त्रिवेदाः ॥५२॥

शेष जीवोंके तीनों ही लिङ्ग होते है ।

अकाल मरण किनके नहीं होता–

औपपादिकचरमोत्तमदेहासंख्येयवर्षायुषोऽनपवर्त्यायुषः ॥५३॥

उपपादजन्मवाले देव और नारकियों का, चरमोत्तम शरीरवाले तद्भव मोक्षगामियों का तीर्थकर परमदेव तथा असख्यात वर्ष की आयुवाले मनुष्य और तिर्यञ्चों का अकाल मरण नही होता । इससे सिद्ध होता है कि अन्य जीवो का अकाल मरण होता है । यदि अन्य जीवोंका अकाल मरण न होता हो तो दया, धर्मोपदेश और चिकित्सा आदि बातें निरर्थक हो जायँगी ।

विशेष–चरमोत्तम–चरम का अर्थ है अन्तिम और उत्तम का अर्थ है उत्कृष्ट । चरम शरीरी गुरुदत्त पाण्डव आदि का मोक्ष उपसर्गके समय हुआ है तथा उत्तम देहधारी सुभौम ब्रह्मदत्त आदिकी और कृष्णकी जरत्कुमारके बाणसे अपमृत्यु हुई है अतः चरम और उत्तम दोनों विशेषणोंको एक साथ लगाना चाहिये । जिससे चरम शरीरियों मे उत्तम पुरुष तीर्थङ्कर ही सिद्ध होते है ।

द्वितीय अध्याय समाप्त

तृतीय अध्याय

नरकोंका वर्णन—

रत्नशर्करावालुकापङ्कधूमतमोमहातमःप्रभा भूमयो घनाम्बुवाताकाशप्रतिष्ठाः सप्ताधोऽधः ॥ १ ॥

रत्नप्रभा, शर्कराप्रभा, वालुकाप्रभा, पङ्कप्रभा, धूमप्रभा, तमः प्रभा और महातमः प्रभा ये सात नरक क्रमसे नीचे-नीचे स्थित हैं। ये क्रमशः घनोदधिवातवलय, घनवातवलय और तनुवातवलय-से वेष्टित हैं। और तीनों वातवलय आकाशके आश्रित हैं। रत्नप्रभा सहित भूमि रत्नप्रभा है, इस मे मन्द अन्धकार है। शर्कराप्रभा सहित भूमि शर्कराप्रभा है, इसमे बहुत कम तेज है। बालु-काप्रभा भूमि अन्धकारप्राय है। आगेकी भूमियाँ उत्तरोत्तर अन्धकारमय ही है। वालुका-प्रभाके स्थानमें बालिकाप्रभा भी पाठ देखा जाता है। महातमःप्रभा का तमस्तमःप्रभा यह दूसरा नाम है। ये वातवलय नरकोंके नीचे भी हैं। घनोदधिवातवलय गोमूत्रके रंगके समान है। घनवात मूंगके रंग का है। तनुवातवलय अनेक रगका है। तीनों वातवलय क्रमशः लोकके नीचेके भागमे तथा सप्तमपृथिवीके अन्तिम भाग तक एक बाजूमे बीस बीस हजार योजन मोटे हैं। सप्तमपृथिवीके अन्तमें क्रमशः सात, पाँच और चार योजन मोटे हैं। फिर क्रमशः घटते हुए मध्यलोकमे पांच, चार और तीन योजन मोटे रह जाते हैं। फिर क्रमशः बढ़कर ब्रह्मलोकके पास सात पाच और चार योजन मोटे हो जाते हैं। पुनः क्रमशः घटकर लोकके अन्तिम भागमें पांच चार और तीन योजन रह जाते हैं। लोक शिखरपर दो कोस, एक कोस तथा सवा चार सौ धनुष कम एक कोश प्रमाण मोटे हैं।

नरकों का विस्तार इस प्रकार है—

प्रथम पृथिवी एक लाख अस्सी हजार योजन मोटी है। इसके तीन भाग हैं–१ खरभाग २ पङ्कभाग और ३ अब्बहुलभाग। खरभागका विस्तार सोलह हजार योजन, पङ्कभागका चौरासी हजार योजन और अब्बहुलभागका अस्सी हजार योजन है। खरभागके ऊपर और नीचे एक एक हजार योजन छोड़कर शेष भागमें तथा पंकभागमे भवनवासी और व्यन्तरदेव रहते है और अब्बहुलके भागमे नारकी रहते है। द्वितीय आदि पृथिवियोंका विस्तार क्रमसे ३२, २८, २४, २०, १६ और ८ हजार योजन है। सातों नरकोंके प्रस्तारों की संख्या क्रमसे १३, ११, ९, ७, ५, ३, और १ है। प्रथम नरकमे १३ और सप्तम नरकमे केवल एक प्रस्तार है।

सातों नरकों के रूढनाम इस प्रकार है—

१ घम्मा, २ वशा ३ शैला या मेघा ४ अञ्जना ५ अरिष्टा ६ मघवी और ७ माघवी।

सातों नरकोंमे बिलोंकी सख्याको बतलाते है—

तासु त्रिंशत्पञ्चविंशतिपञ्चदशदशत्रिपञ्चोनैकनरकशतसहस्राणि पञ्च चैव यथाक्रमम् ॥ २ ॥

उन प्रथम आदि नरकोंमे क्रमसे तीस लाख, पचीस लाख, पन्द्रह लाख, दश लाख, तीन लाख, पाँच कम एक लाख और पाँच बिल है। सम्पूर्ण बिलों की संख्या चौरासी लाख है।

नारकियोंका वर्णन--

नारका नित्याशुभतरलेश्यापरिणामदेहवेदनाविक्रियाः ॥ ३ ॥

नारकी जीव सदा ही अशुभतर लेश्या, परिणाम, देह, वेदना और विक्रियावाले होते हैं। उनके कृष्ण नील और कापोत ये तीन अशुभ लेश्याये होती हैं। प्रथम और द्वितीय नरकमे कापोत लेश्या होती है। तृतीय नरकके उपरिभागमे कापोत और अधोभागमे नील लेश्या है। चतुर्थ नरकमे नील लेश्या है। पञ्चम नरकमे ऊपर नील और नीचे कृष्ण लेश्या है। छठवे और सातवे नरकमे कृष्ण और परम कृष्ण लेश्या है। उक्त वर्णन द्रव्यलेश्याओं का है जो आयुपर्यन्त रहती हैं। भावलेश्याएँ अन्तर्मुहूर्तमे बदलती रहती हैं अतः उनका वर्णन नहीं किया गया।

स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण और शब्द को परिणाम कहते हैं। शरीर को देह कहते हैं। अशुभ नामकर्मके उदयसे नारकियोंके परिणाम और शरीर अशुभतर होते हैं।

प्रथम नरकमे नारकियोंके शरीर की ऊँचाई सात धनुष तीन हाथ और छह अङ्गुल है। आगेके नरकोंमे क्रमसे दुगुनी २ ऊँचाई होती गई है, जो सातवे नरकमे ५०० धनुष हो जाती है। शीत और उष्णतासे होनेवाले दुःखका नाम वेदना है। नारकियोंको शीत और उष्णताजन्य तीव्र दुःख होता है। प्रथम नरकसे चतुर्थ नरक तक उष्ण वेदना होती है। पञ्चम नरकके ऊपरके दो लाख बिलोंमे उष्ण वेदना है और नीचेके एक लाख बिलोंमें शीत वेदना है। मतान्तरसे पांचवे नरकके ऊपरके दो लाख पचीस बिलोंमे उष्ण वेदना तथा २५ कम एक लाख बिलोंमे शीत वेदना है। छठे और सातवें नरकमे उष्ण वेदना है। शरीरकी विकृतिको विक्रिया कहते हैं। अशुभ कर्मके उदयसे उनकी विक्रिया भी अशुभ ही होती है। शुभ करना चाहते है पर होती अशुभ है।

परस्परोदीरितदुःखाः ॥ ४ ॥

नारकी जीव परस्परमे एक दूसरेको दुःख उत्पन्न करते हैं। वहाँ सम्यग्दृष्टि जीव अवधिज्ञानसे और मिथ्यादृष्टि विभङ्गावधिज्ञानसे दूरसे ही दुःखका कारण समझ लेते है और दुःखी होते है। पासमे आनेपर एक दूसरेको देखते ही क्रोध बढ़ जाता है पुनः पूर्व भवके स्मरण और तीव्र वैरके कारण वे कुत्तोंकी तरह एक दूसरेको भोंकते हैं तथा अपने द्वारा बनाये हुये नाना प्रकारके शस्त्रों द्वारा एक दूसरेको मारनेमे प्रवृत्त हो जाते हैं। इस प्रकार नारकी जीव रातदिन कुत्तोंकी तरह लड़कर काटकर मारकर स्वयं ही दुःख पैदा करते रहते है। एक दूसरे को काटते हैं, छेदते है, सीसा गला कर पिलाते है, वैतरिणीमे ढकेलते है, कड़ाहीमे झोंक देते है आदि।

संक्लिष्टासुरोदीरितदुःखाश्च प्राक् चतुर्थ्याः ॥ ५ ॥

चौथे नरकसे पहिले अर्थात् तृतीय नरक पर्यन्त अत्यन्त सक्लिष्ट परिणामोंके धारक अम्बाम्बरीप आदि कुछ असुरकुमारोंके द्वारा भी नारकियोंको दुःख पहुँचाया जाता है। असुरकुमार देव तृतीय नरक तक जाकर पूर्वभवका स्मरण कराके नारकियोंको परस्परमे लड़ाते है और लड़ाईको देखकर स्वय प्रसन्न होते है। च शब्दसे ये असुरकुमार देव पूर्व सूत्रमे कथित दुःख भी पहुँचाते है ऐसा समझना चाहिये।

नरकोंमें आयुका वर्णन—

तेष्वेकत्रिसप्तदशसप्तदशद्वाविंशतित्रयस्त्रिंशत्सागरोपमा सत्त्वानां परा स्थितिः ॥ ६ ॥

उन नरकोंमे नारकी जीवोंकी उत्कृष्ट आयु क्रमसे एक सागर, तीन सागर, सात सागर, दश सागर, सत्रह सागर, बाईस सागर और तेतीस सागर है।

प्रथम नरकके प्रथम पटलमें जघन्य आयु १० हजार वर्ष है। प्रथम पटलमे जो उत्कृष्ट आयु है वही द्वितीय पटलमें जघन्य आयु है। यही क्रम सातों नरकोंमें है।

पटलोंमें उत्कृष्ट स्थिति इस प्रकार है।

नरक	१ पटल	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३
१	९० हजार वर्ष	९० ला. वर्ष	असं० पूर्व	१/१० सागर	१/५ सागर	३/१० सागर	४/१० सागर	१/२ सागर	६/१० सागर	७/१० सागर	८/१० सागर	९/१० सा०	१ सागर
२	१ २/११ सागर	१ ४/११ सागर	१ ६/११ सागर	१ ८/११ सागर	१ १०/११ सागर	२ १/११ सागर	२ ३/११ सागर	२ ५/११ सागर	२ ७/११ सागर	२ ९/११ सागर	३ सागर		
३	३ ४/९ सागर	३ ८/९ सागर	४ ३/९ सागर	४ ७/९ सागर	५ २/९ सागर	५ ६/९ सागर	६ १/९ सागर	६ ५/९ सागर	७ सागर				
४	७ ३/७ सागर	७ ६/७ सागर	८ २/७ सागर	८ ५/७ सागर	९ १/७ सागर	९ ४/७ सागर	१० सागर						
५	११ २/५ सागर	१२ ४/५ सागर	१४ १/५ सागर	१५ ३/५ सागर	१७ सागर								
६	१८ २/३ सागर	२० १/३ सागर	२२ सागर										
७	३३ सागर												

इन नरकोंमे मद्यपायी, मांसभक्षी, यज्ञमे बलि देनेवाले, असत्यवादी, परद्रव्यका हरण करनेवाले, परस्त्री लम्पटी, तीव्रलोभी, रात्रिमे भोजन करनेवाले, स्त्री, बालक, वृद्ध और ऋषिके साथ विश्वासघात करनेवाले, जिनधर्मनिन्दक, रौद्रध्यान करनेवाले तथा इसी प्रकारके अन्य पाप कर्म करनेवाले जीव पैदा होते हैं।

उत्पत्तिके समय इन जीवोंके ऊपरकी ओर पैर और मस्तक नीचेकी ओर रहता है। नारकी जीवों को क्षुधा, तृषा आदिकी तीव्र वेदना आयु पर्यन्त सहन करनी पड़ती है। क्षण भरके लिये भी सुख नही मिलता है।

असंज्ञी जीव प्रथम नरक तक, सरीसृप (रेंगने वाले) द्वितीय नरक तक, पक्षी तृतीय नरक तक, सर्प चतुर्थनरक तक, सिंह पाँचवें नरक तक, स्त्री छठवे नरक तक और मत्स्य सातवें नरक तक जाते हैं।

यदि कोई प्रथम नरकमें लगातार जावे तो आठ वार जा सकता है। अर्थात् कोई जीव प्रथम नरकमे उत्पन्न हुआ, फिर वहाँसे निकल कर मनुष्य या तिर्यञ्च हुआ, पुनः प्रथम नरकमे उत्पन्न हुआ। इस प्रकार वह जीव प्रथम नरकमे ही जाता रहे तो आठ वार तक जा सकता है। इसी प्रकार द्वितीय नरकमे सात वार, तृतीय नरकमे छह वार, चौथे नरकमें पाँच वार, पाँचवे नरकमे चार वार, छठवे नरकमें तीन वार और सातवे नरकमें दो वार तक लगातार उत्पन्न हो सकता है।

सातवें नरकसे निकला हुआ जीव तिर्यञ्च ही होता है और पुनः नरकमे जाता है। छठवें नरकसे निकला हुआ जीव मनुष्य हो सकता है और सम्यग्दर्शनको भी प्राप्त कर सकता है लेकिन देशव्रती नहीं हो सकता। पञ्चम नरकसे निकला हुआ जीव देशव्रती हो सकता है लेकिन महाव्रती नहीं। चौथे नरकसे निकला हुआ जीव मोक्ष भी प्राप्त कर सकता है। प्रथम, द्वितीय और तृतीय नरकसे निकला हुआ जीव तीर्थकर भी हो सकता है।

मध्यलोकका वर्णन—

जम्बूद्वीपलवणोदादयः शुभनामानो द्वीपसमुद्राः ॥ ७ ॥

मध्यलोकमे उत्तम नामवाले जम्बूद्वीप आदि और लवणसमुद्र आदि असंख्यात द्वीप समुद्र हैं।

१ जम्बूद्वीप, १ लवणसमुद्र, २ धातकी खण्डद्वीप, २ कालोद समुद्र, ३ पुष्करवरद्वीप, ३ पुष्करवर समुद्र, ४ वारुणीवरद्वीप ४ वारुणीवर समुद्र, ५ क्षीरवर द्वीप ५ क्षीरवर समुद्र, ६ घृतवर द्वीप, ६ घृतवर समुद्र, ७ इक्षुवर द्वीप ७ इक्षुवर समुद्र, ८ नन्दीश्वर द्वीप, ८ नन्दीश्वर समुद्र, ९ अरुणवर द्वीप, ९ अरुणवर समुद्र। इस प्रकार स्वयम्भूरमण समुद्र पर्यन्त एक दूसरेको घेरे हुये असख्यात द्वीप और समुद्र हैं। अर्थात् पच्चीस कोटि उद्धारपल्योंके जितने रोम खण्ड हों उतनी ही द्वीप-समुद्रों की सख्या है।

मेरुसे उत्तर दिशामे उत्तर कुरु नामक उत्तम भोगभूमि है। उसके मध्यमे नाना रत्नमय एक जम्बूवृक्ष है। जम्बूवृक्षके चारों ओर चार परिवार वृक्ष हैं। प्रत्येक परिवार वृक्षके भी एक लाख च्यालीस हजार एक सौ पन्द्रह परिवार वृक्ष है। समस्त जम्बू वृक्षोंकी सख्या १४०१२० है। मूल जम्बूवृक्ष ५०० योजन ऊँचा है। मध्यमे जम्बू वृक्षके होनेसे ही इस द्वीपका नाम जम्बूद्वीप पड़ा। उत्तर कुरुकी तरह देवकुरुके मध्यमे शाल्मलि वृक्ष है। प्रत्येक वृक्षके ऊपर रत्नमय जिनालय है। इसी प्रकार धातकी द्वीपमे धातकी वृक्ष और पुष्करवर द्वीपमे पुष्करवर वृक्ष है।

द्वीप और समुद्रोंका विस्तार और रचना—

द्विर्द्विर्विष्कम्भाः पूर्वपूर्वपरिक्षेपिणो वलयाकृतयः ॥ ८ ॥

प्रत्येक द्वीप समुद्र दूने दूने विस्तारवाले, एक दूसरेको घेरे हुये तथा चूड़ीके आकारवाले (गोल) हैं।

जम्बू द्वीपका विस्तार एक लाख योजन, लवण समुद्रका दो लाख योजन, धातकी द्वीपका चार लाख योजन, कालोद समुद्रका आठ लाख योजन, पुष्करवर द्वीपका सोलह लाख योजन, पुष्करवर समुद्रका बत्तीस लाख योजन विस्तार है। इसी क्रमसे स्वयम्भूरमण समुद्र पर्यन्त द्वीप और समुद्रोंका विस्तार दूना है। जिस प्रकार धातकी द्वीपका विस्तार जम्बूद्वीप और लवण समुद्रके विस्तारसे एक योजन अधिक है उसी प्रकार असख्यात समुद्रोंके विस्तारसे स्वयभूरमण समुद्रका विस्तार एक लाख योजन अधिक है। पहिले पहिले के द्वीप समुद्र आगे आगे के द्वीप समुद्रोको घेरे हुये है। अर्थात् जम्बूद्वीपको लवण समुद्र, लवण समुद्रको धातकी द्वीप, धातकी द्वीपको कालोद समुद्र घेरे हुये है। यही क्रम आगे भी है।

ये द्वीप समुद्र चूडीके समान गोलाकार है। त्रिकोण, चतुष्कोण या अन्य आकार वाले नही हैं।

जम्बू द्वीपकी रचना और विस्तार—

तन्मध्ये मेरुनाभिर्वृत्तो योजनशतसहस्रविष्कम्भो जम्बूद्वीपः ॥ ९ ॥

उन असख्यात द्वीप समुद्रोंके बीचमे एक लाख योजन विस्तारवाला जम्बूद्वीप है। जम्बूद्वीपके मध्यमे मेरु है अतः मेरुको जम्बूद्वीपकी नाभि कहा गया है। जम्बू द्वीपका आकार गोल है।

मेरु पर्वत एक लाख योजन ऊँचा है। वह एक हजार योजन भूमिसे नीचे और ९९ हजार योजन भूमिसे ऊपर है। भूमिपर भद्रशाल वन है। भद्रशाल वनसे पांच सौ योजन ऊपर नन्दनवन है। नन्दनवनसे त्रेसठ हजार योजन ऊपर सौमनसवन है। सौमनसवन से साढ़े पैतिस हजार योजन ऊपर पाण्डुकवन है। मेरु पर्वतकी शिखर चालीस योजन ऊँची है। इस शिखिरकी ऊँचाईका परिमाण पाण्डुकवनके परिमाणके अन्तर्गत ही है।

जम्बूद्वीपका एक लाख योजन विस्तार कोटके विस्तार सहित है। जम्बू द्वीपका कोट आठ योजन ऊँचा है, मूलमें बारह योजन, मध्यमे आठ योजन और ऊपर भी आठ योजन विस्तार है। उस कोटके दोनों पार्श्वों में दो कोश ऊँची रत्नमयी दो वेदी हैं। प्रत्येक वेदीका विस्तार एक योजन एक कोश और एक हजार सात सौ पचास धनुष है। दोनों वेदियोंके बीचमें महोक्ष देवोंके अनादिधन प्रासाद है जो वृक्ष वापी, सरोवर, जिनमन्दिर आदिसे विभूपित हैं। उस कोटके पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर चारों दिशाओंमे क्रमसे विजय, वैजयन्त, जयन्त और अपराजित नामके चार द्वार है। द्वारोंकी ऊँचाई आठ योजन और विस्तार चार योजन है। द्वारोंके आगे अष्ट प्रतिहार्यसंयुक्त जिनप्रतिमा हैं।

जम्बू द्वीपकी परिधि तीन लाख सोलह हजार दो सौ सत्ताईस योजन तीन कोश एक सौ अट्ठाईस धनुप और साढ़े तेरह अंगुलसे कुछ अधिक है।

क्षेत्रोंका वर्णन—

भरतहैमवतहरिविदेहरम्यकहैरण्यवतैरावतवर्षाः क्षेत्राणि ॥ १० ॥

जम्बू द्वीपमें भरत, हैमवत, हरि, विदेह, रम्यक, हैरण्यवत और ऐरावत ये अनादि-निधन नामवाले सात क्षेत्र हैं।

हिमवान् पर्वत और पूर्व-दक्षिण-पश्चिम समुद्रके बीचमे धनुपके आकारका भरत क्षेत्र है। इसके गङ्गा-सिन्धु नदी और विजयार्द्ध पर्वतके द्वारा छह खण्ड हो गये है।

भरतक्षेत्रके बीचमे पच्चीस योजन ऊँचा रजतमय विजयार्द्ध पर्वत है जिसका विस्तार पचास हजार योजन है। विजयार्द्ध पर्वत पर और पॉच म्लेच्छखण्डोंमे चौथे कालके आदि और अन्तके समान काल रहता है। इसलिये वहॉपर शरीरकी ऊँचाई उत्कृष्ट पॉच सौ धनुष और जघन्य सात हाथ है। उत्कृष्ट आयु पूर्वकोटि और जघन्य एक सौ बीस वर्ष है।

विजयार्द्ध पर्वतसे दक्षिण दिशाके बीचमे अयोध्या नगरी है। विजयार्द्ध पर्वतसे उत्तरदिशामे और क्षुद्रहिमवान् पर्वतसे दक्षिण दिशामे गङ्गा-सिन्धु नदियों तथा म्लेच्छखण्डोंके मध्यमे एक योजन ऊँचा और पचास योजन लम्बा, जिनालय सहित सुवर्णरत्नमय वृपभ-नामका पर्वत है। इस पर्वत पर चक्रवर्ती अपनी प्रशस्ति लिखते है।

हिमवान्-महाहिमवान् पर्वत और पूर्व-पश्चिम समुद्रके मध्यमे हैमवत क्षेत्र है। इसमे जघन्य भोगभूमि की रचना है। हैमवत क्षेत्रके मध्यमे गोलाकार, एक हजार योजन ऊँचा, एक योजन लम्बा शब्दवान् पर्वत है।

जघन्य भोगभूमिमे शरीरकी ऊँचाई एक कोश, एकपल्यकी आयु और प्रियङ्गुके समान श्यामवर्ण शरीर होता है। वहाँके प्राणी एक दिनके बाद आँवला प्रमाण भोजन करते है। आयुके नव मास शेष रहने पर गर्भसे स्त्री पुरुष युगल पैदा होते हैं। नवीन युगलके उत्पन्न होते ही पूर्व युगल का छींक और जँभाईसे मरण हो जाता है। उनका शरीर बिजलीके समान विघटित हो जाता है। नूतन युगल अपने अँगूठे को चूसते हुये सात दिन तक सीधे सोता रहता है। पुनः सात दिन तक पृथिवीपर सरकता है। इसके बाद सात दिनतक मधुर वाणी बोलते हुये पृथिवीपर लडखड़ाते हुये चलता है। चौथे सप्ताहमे अच्छी तरह चलने लगता है। पाँचवे सप्ताहमे कला और गुणों को धारण करनेके योग्य हो जाता है। छठवे सप्ताहमे तरुण होकर भोगोंको भोगने लगता है। और सातवे सप्ताहमे सम्यक्त्वको ग्रहण करनेके योग्य हो जाता है। सब युगल दश कोश ऊँचे दश प्रकारके कल्पवृक्षोंसे उत्पन्न भोगों को भोगते है। भोगभूमिके जीव आर्य कहलाते है क्योंकि वहाँ पुरुष स्त्रीको आर्या और स्त्री पुरुष को आर्य कहकर बुलाती है।

१ मद्याग जातिके कल्पवृक्ष मद्यको देते है। मद्यका तात्पर्य शराब या मदिरासे नहीं हैं किन्तु दूध, दधि, घृत, आदिसे बनी हुई सुगन्धित द्रव्यको कामशक्तिजनक होनेसे मद्य कहा गया है

२ वादित्राङ्ग जातिके कल्पवृक्ष मृदग, भेरी, वीणा आदि नाना प्रकारके बाजोंको देते है।

३ भूषणाङ्ग जातिके कल्पवृक्ष हार, मुकुट, कुण्डल आदि नाना प्रकारके आभूषणों को देते हैं।

४ माल्याङ्ग नामके कल्पवृक्ष अशोक, चम्पा, पारिजात आदिके सुगन्धित पुष्प, माला आदि को देते हैं।

५ ज्योतिरङ्ग जातिके कल्पवृक्ष सूर्यादिकके तेज को भी तिरस्कृत कर देते है।

६ दीपाङ्ग जातिके कल्पवृक्ष नाना प्रकारके दीपकोको देते है जिनके द्वारा लोग घरोंके अन्दर अन्धकार युक्त स्थानोंमे प्रकाश करते है।

६ गृहाङ्ग जातिके कल्पवृक्ष प्राकार और गोपुर युक्त रत्नमय प्रासादोका निर्माण करते है।

८ भोजनाङ्ग कल्पवृक्ष छह रस युक्त और अमृतमय दिव्य आहार को देते हैं।

९ भाजनाङ्ग जातिके कल्पवृक्ष मणि और सुवर्ण थाली, घड़ा आदि बर्तनों को देते है।

१० वस्त्राङ्ग जातिके कल्पवृक्ष नाना प्रकारके सुन्दर और सूक्ष्मवस्त्रों को देते है।

वहाँपर अमृतके समान स्वादयुक्त अत्यन्त कोमल चार अङ्गुल प्रमाण घास होती है जिसको गाये चरती है। वहाँ की भूमि पञ्चरत्नमय है। कही कही पर मणि और सुवर्णमय क्रीड़ा पर्वत है। वापी, सरोवर और नदियोंमे रत्नों की सीढ़ियाँ लगी है। वहाँ पचेन्द्रिय तिर्यञ्च मास नही खाते और न परस्परमे विरोध ही करते है।

वहाँ विकलत्रय नही होते है। कोमल हृदयवाले, मन्दकषायी, और शीलादिसंयुक्त मनुष्य ऋषियों को आहारदान देनेसे और तिर्यञ्च उस आहारकी अनुमोदना करनेसे भोग भूमिमे उत्पन्न होते है। सम्यग्दृष्टी जीव वहाँसे मरकर सौधर्म-ऐशान स्वर्गमे उत्पन्न होते है।

महाहिमवान् और निषध पर्वत तथा पूर्व और पश्चिम समुद्रके बीचमे हरि क्षेत्र है। इसके मध्यमे वेदाढ्य नामका पटहाकार पर्वत है। हरि क्षेत्रमे मध्यम भोग भूमिकी रचना है।

मध्यम भोगभूमिमे शरीरकी ऊँचाई दो कोश, आयु दो पल्य और वर्ण चन्द्रमाके

समान होता है। वहाँके प्राणी दो दिनके बाद विभीतक (बहेरे) फलके बराबर भोजन करते हैं। कल्पवृक्ष बीस योजन ऊँचे होते हैं। अन्य वर्णन जघन्य भोगभूमिके समान ही है।

निपध नील पर्वत तथा पूर्व और पश्चिम समुद्रके बीचमे विदेह क्षेत्र है। विदेह क्षेत्रके चार भाग है—१ मेरु पर्वतसे पूर्वमें पूर्व विदेह, २ पश्चिममे अपरविदेह, ३ दक्षिणमे देवकुरु ४ और उत्तर में उत्तरकुरु। विदेह क्षेत्रमें कभी जिनधर्मका विनाश नहीं होता है, धर्मकी प्रवृत्ति सदा रहती है और वहाँसे मरकर मनुष्य प्रायः मुक्त हो जाते हैं, अतः इस क्षेत्र का नाम विदेह पड़ा। विदेह क्षेत्रमे तीर्थंकर सदा रहते है। यहाँ भरत और ऐरावत क्षेत्रके समान चौवीस तीर्थकर होनेका नियम नही है। देवकुरु, उत्तरकुरु, पूर्व विदेह और अपर विदेहके कोनेमे गजदन्त नामके चार पर्वत हैं। इनकी लम्बाई तीस हजार दो सौ नव योजन, चौड़ाई पाँच सौ योजन और ऊँचाई चार सौ योजन है। ये गजदन्त मेरुसे निकले हैं। इनमेसे दो गजदन्त निपधपर्वतकी ओर और दो गजदन्त नील पर्वतकी ओर गये है। दक्षिणदिग्वर्ती गजदन्तोंके बीचमे देवकुरु नामक उत्तम भोगभूमि है। देवकुरुके मध्यमे एक शाल्मलि वृक्ष है। उत्तरदिग्वर्ती गजदन्तोके बीचमे उत्तरकुरु है।

उत्तर भोगभूमिमे शरीर की ऊँचाई तीन कोस, आयु तीन पल्य और वर्ण उदीयमान सूर्यके समान है। वहाँके मनुष्य तीन दिनके वाद वेरके वरावर भोजन करते हैं। कल्पवृक्षों की ऊँचाई तीस गव्यूती है। मेरुके चारों ओर भद्रशाल नामका वन है। उस वनसे पूर्व और पश्चिममें निपध और नीलपर्वतसे लगी हुई दो वेदी हैं।

पूर्वविदेहमें सीता नदीके होनेसे इसके दो भाग हो गये है, उत्तर भाग और दक्षिण भाग। उत्तर भागमे आठ क्षेत्र हैं।

वेदी और वक्षार पर्वतके बीचमें एक क्षेत्र है। वक्षार पर्वत और दो विभङ्ग नदियोंके वीचमे दूसरा क्षेत्र है। विभंग नदी और वक्षार पर्वतके मध्यमे तीसरा क्षेत्र है। वक्षार पर्वत और दो विभग नदियोंके बीचमे चौथा क्षेत्र है। विभंग नदी और वक्षार पर्वतके बीचमे पाँचवा क्षेत्र है। वक्षार पर्वत और दो विभग नदियोंके अन्तरालमे छठवाँ क्षेत्र है। विभंग नदी और वक्षार पर्वतके बीचमे सातवाँ क्षेत्र है। वक्षार पर्वत और वनवेदिकाके मध्यमें आठवाँ क्षेत्र है। इस प्रकार चार वक्षार पर्वतों, तीन विभग नदियों और दो वेदियोंके नौ खण्डोंसे विभक्त होकर आठ क्षेत्र हो जाते है। इन आठ क्षेत्रोंके नाम इस प्रकार है–१ कच्छा, २ सुकच्छा, ३ महाकच्छा, ४ कच्छकावती ५ आवर्ता ६ लाङ्गलावर्ता ७ पुष्कला और ८ पुष्कलावती। इन क्षेत्रोंके बीचमे आठ मूल पत्तन है—१ क्षेमा, २ क्षेमपुरी, ३ अरिष्टा, ४ अरिष्टपुरी ५ खड्गा, ६ मञ्जूपा ७ ओपधी और पुण्डरीकिणी। प्रत्येक क्षेत्रके वीचसे गगा और सिन्धु नामकी दो दो नदियाँ है जो नील पर्वतसे निकली है और सीता नदीमे मिल गई है। प्रत्येक क्षेत्रमे एक एक विजयार्द्ध पर्वत है। प्रत्येक क्षेत्रमे विजयार्ध पर्वतसे उत्तरकी ओर और नील पर्वतसे दक्षिणकी ओर वृपभगिरि नामक पर्वत है। इस पर्वतपर चक्रवर्ती अपनी प्रसिद्धि लिखते है। आठो ही क्षेत्रोमे छह छह खण्ड है–पाँच पाँच म्लेच्छ और एक एक आर्य खण्ड। आठों ही आर्यखण्डोंने एक एक उपसमुद्र है। प्रत्येक क्षेत्रमे सीतानदीके अन्तमें व्यन्तरदेव रहते है जो चक्रवर्तियों द्वारा वशमे किये जाते है।

सीता नदीसे दक्षिण दिशामे भी आठ क्षेत्र हैं, पूर्वदिशामे वनवेदी है, वनवेदीके वाद वक्षारपर्वत, विभङ्गानदी, वक्षारपर्वत, विभङ्गानदी, वक्षारपर्वत, विभङ्गानदी, वक्षारपर्वत और वनवेदी ये क्रमसे नौ स्थान हैं। इनके द्वारा विभक्त हो जानेसे आठ क्षेत्र हो जाते

हैं—१ वत्सा, २ सुवत्सा, ३ महावत्सा, ४ वत्सकावती, ५ रम्या, ६ रम्यका, ७ रमणीया, ८ मङ्गलावती। इन आठ क्षेत्रोंके मध्यमें आठ मूलपत्तन हैं—१ सुसीमा, २ कुण्डला, ३ अपराजिता, ४ प्रभङ्करी, ५ अङ्कवती, ६ पद्मावती, ७ शुभा, ८ रत्नसंचया। आठों क्षेत्रोंमेंसे प्रत्येकमें दो दो गङ्गा-सिन्धु नदियाँ बहती हैं जो निषध पर्वतसे निकली हैं और सीता नदीमें मिल गई हैं। आठों क्षेत्रोंके मध्यमें आठ विजयार्द्ध पर्वत भी हैं। उक्त आठ नगरियोंसे उत्तरमें सीतानदीके दक्षिण पार्श्वोंमें आठ उपसमुद्र हैं। निषधपर्वतसे उत्तरमें और विजयार्द्ध पर्वतोंसे दक्षिणमें आठ वृषभगिरि हैं जिनपर चक्रवर्ती अपने अपने दिग्विजयके वर्णनको लिखते हैं। आठों क्षेत्र दो खण्डों (५ म्लेच्छ और १ आर्य) से शोभायमान हैं। सीता नदीमें मागधवरतनुप्रभास नामक व्यन्तरदेव रहते हैं।

सीतोदा नदी अपरविदेहके बीचसे निकलकर पश्चिम समुद्रमें मिली है। उसके द्वारा दो विदेह हो गये हैं—दक्षिणविदेह और उत्तर विदेह। उत्तर विदेहका वर्णन पूर्वविदेहके समान ही है।

सीतोदा नदीके दक्षिण तटपर जो क्षेत्र हैं उनके नाम—१ पद्मा, २ सुपद्मा, ३ महापद्मा, ४ पद्मकावती, ५ शङ्खा, ६ नलिना, ७ कुमुदा, ८ सरिता।

इन क्षेत्रोंके मध्यकी आठ मूल नगरियोंके नाम—१ अश्वपुरी, २ सिंहपुरी, ३ महापुरी, ४ विजयापुरी, ५ अरजा, ६ विरजा ७ अशोका, ८ वीतशोका। सीतोदा नदीके उत्तर तट पर जो आठ क्षेत्र हैं उनके नाम—१ वप्रा, २ सुवप्रा, ३ महावप्रा, ६ वप्रकावती, ५ गन्धा, ६ सुगन्धा, ७ गन्धिला, ८ गन्धमादिनी। इन क्षेत्रोंसम्बन्धी आठ मूलनगरियोंके नाम—१ विजया, वैजयन्ती, ३ जयन्ती, ४ अपराजिता, ५ चक्रा, ६ खड्गा, ७ अयोध्या, ८ अवध्या। क्षेत्र और पश्चिम समुद्रकी वेदीके मध्यमें भूतारण्य वन है।

नील और रुक्मि पर्वत तथा पूर्व और पश्चिम समुद्रके बीचमें रम्यक क्षेत्र है। रम्यक क्षेत्रमें मध्यम भोगभूमिकी रचना है। इसका वर्णन हरि क्षेत्रके समान है। रम्यक क्षेत्रके मध्यमें गन्धवान् पर्वत है।

रुक्मि और शिखरिपर्वत तथा पूर्व और पश्चिम समुद्रके बीचमें हैरण्यवत क्षेत्र है। इस क्षेत्रमें जघन्य भोगभूमिकी रचना है। इसका वर्णन हैमवत क्षेत्रके समान है। हैरण्यवत क्षेत्रके मध्यमें माल्यवान् पर्वत है।

शिखरिपर्वत और पूर्व, अपर, उत्तर समुद्रके बीचमें ऐरावत क्षेत्र है। ऐरावत क्षेत्रका वर्णन भरत क्षेत्रके समान है।

पाँचों मेरु सम्बन्धी ५ भरत, ५ ऐरावत और ५ विदेह इस प्रकार १५ कर्मभूमियाँ हैं।

५ हैमवत, ५ हरि, ५ रम्यक, ५ हैरण्यवत, ५ देवकुरु और ५ उत्तरकुरु इस प्रकार ३० भोगभूमियाँ हैं।

विकलत्रयजीव कर्मभूमिमें ही होते हैं। लेकिन समवसरणमें नहीं होते हैं। कर्म भूमिसे अतिरिक्त मनुष्यलोकमें, पाताललोकमें और स्वर्गोंमें भी विकलत्रय नहीं होते हैं।

क्षेत्रोंका विभाग करनेवाले पर्वतोंके नाम—

तद्विभाजिनः पूर्वापरायता हिमवन्महाहिमवन्निषधनीलरुक्मिशिखरिणो वर्षधरपर्वताः ॥ ११ ॥

भरत आदि सात क्षेत्रोंका विभाग करनेवाले, पूर्वसे पश्चिम तक लम्बे हिमवान्, महाहिमवान्, निषध, नील, रुक्मि और शिखरी ये अनादिनिधननामवाले छह पर्वत हैं।

भरत और ऐरावत क्षेत्रकी सीमापर सौ योजन ऊँचा और पच्चीस योजन भूमिगत

हिमवान् पर्वत है। हैमवत और हरिक्षेत्रकी सीमापर दो सौ योजन ऊँचा और पचास योजन भूमिगत महाहिमवान् पर्वत है। हरि और विदेह क्षेत्रकी सीमापर चार सौ योजन ऊँचा और सौ योजन भूमिगत निषध पर्वत है। विदेह और रम्यक क्षेत्रकी सीमापर चार सो योजन ऊँचा और एक सौ योजन भूमिगत नील पर्वत है। रम्यक और हैरण्यवत क्षेत्रकी सीमापर दो सौ योजन ऊँचा और पचास योजन भूमिगत रुक्मि पर्वत है। हैरण्यवत और ऐरावत क्षेत्रकी सीमापर सौ योजन ऊँचा और पच्चीस योजन भूमिगत शिखरी पर्वत है।

पर्वतोंके रंगका वर्णन—

हेमार्जुनतपनीयवैडूर्यरजतहेममयाः ॥ १२ ॥

उन पर्वतोंका रंग सोना, चाँदी, सोना, वैडूर्यमणि, चाँदी और सोनेके समान है।

हिमवान् पर्वतका वर्ण सोनेके समान अथवा चीनके वस्त्रके समान पीला है। महाहिमवान्का रङ्ग चाँदीके समान सफेद है। निषध पर्वतका रंग तपे हुये सोनेके समान लाल है। नील पर्वतका वर्ण वैडूर्यमणिके समान नील है। रुक्मी पर्वतका वर्ण चाँदीके समान सफेद है। शिखरी पर्वतका रग सोनेके समान पीला है।

पर्वतोंका आकार—

मणिविचित्रपार्श्वा उपरि मूले च तुल्यविस्ताराः ॥ १३ ॥

उन पर्वतोंके तट नाना प्रकारके मणियोंसे शोभायमान हैं जो देव, विद्याधर और चारण ऋषियोंके चित्तको भी चमत्कृत कर देते हैं। पर्वतोंका विस्तार ऊपर, नीचे और मध्यमे समान है।

पर्वतोंपर स्थित सरोवरोंके नाम—

पद्ममहापद्मतिगिञ्छकेशरिमहापुण्डरीकपुण्डरीका ह्रदास्तेषामुपरि ॥ १४ ॥

हिमवान् आदि पर्वतोंके ऊपर क्रमसे पद्म, महापद्म, तिगिञ्छ, केसरी, महापुण्डरीक और पुण्डरीक ये छह सरोवर हैं।

प्रथम सरोवरकी लम्बाई चौड़ाई—

प्रथमो योजनसहस्रायामस्तदर्द्धविष्कम्भो ह्रदः ॥ १५ ॥

हिमवान् पर्वतके ऊपर स्थित प्रथम सरोवर एक हजार योजन लम्बा और पाँच सौ योजन चौड़ा है। इसका तल भाग वज्रमय और तट नाना रत्नमय है।

प्रथम सरोवरकी गहराई—

दशयोजनावगाहः ॥ १६ ॥

पद्म सरोवर दश योजन गहरा है।

तन्मध्ये योजनं पुष्करम् ॥ १७ ॥

पद्म सरोवरके मध्यमे एक योजन विस्तारवाला कमल है। एक कोस लम्बे उसके पत्ते हैं और दो कोस विस्तारयुक्त कर्णिका है। कर्णिकाके मध्यमे एक कोस प्रमाण विस्तृत श्री देवीका प्रासाद है। वह कमल जलसे दो कोस ऊपर है। पत्र और कर्णिकाके विस्तार सहित कमलका विस्तार एक योजन होता है।

अन्य सरोवरोंके विस्तार आदिका वर्णन—

तद्द्विगुणद्विगुणा ह्रदाः पुष्कराणि च ॥ १८ ॥

आगेके सरोवरों और कमलोंका विस्तार प्रथम सरोवर और उसके कमलके विस्तारसे दूना दूना है। अर्थात् महापद्म दो हजार योजन लम्बा, एक हजार योजन चौड़ा और वीस योजन गहरा है। इसके कमलका विस्तार दो योजन है। इसी प्रकार महापद्मके विस्तारसे दूना विस्तार तिगिञ्छ ह्रदका है। केसरी, महापुण्डरीक और पुण्डरीक ह्रदोंका विस्तार क्रमसे तिगिञ्छ, महापद्म और पद्म ह्रदके विस्तारके समान है। इनके कमलोंका विस्तार भी तिगिञ्छ आदिके कमलोंके विस्तारके समान है।

कमलोंमे रहनेवाली देवियोंके नाम—

तन्निवासिन्यो देव्यः श्रीह्रीधृतिकीर्तिबुद्धिलक्ष्म्यः पल्योपमस्थितयः ससामानिकपरिषत्काः ॥ १९ ॥

उन पद्म आदि सरोवरोंके कमलों पर क्रमसे श्री, ह्री, धृति, कीर्ति, बुद्धि और लक्ष्मी ये छह देवियाँ सामानिक और परिषद् जातिके देवों के साथ निवास करती हैं। देवियों की आयु एक पल्य है।

छहों कमलोंकी कर्णिकाओंके मध्यमे एक कोस लम्बे, अर्द्धकोस चौड़े और कुछ कम एक कोस ऊँचे इन देवियोंके प्रासाद हैं जो अपनी कान्तिसे शरदऋतुके निर्मल चन्द्रमा की प्रभाको भी तिरस्कृत करते हैं। कमलोंके परिवार कमलों पर सामानिक और परिषद् देव रहते हैं। श्री, ह्री और धृति देवियाँ अपने अपने परिवार सहित सौधर्म इन्द्रकी सेवामे तत्पर रहती हैं और कीर्ति, बुद्धि और लक्ष्मी देवियाँ ऐशान इन्द्रकी सेवामे तत्पर रहती हैं।

नदियोका वर्णन—

गङ्गासिन्धुरोहिद्रोहितास्याहरिद्धरिकान्तासीतासीतोदानारीनरकान्तासुवर्णरूप्यकूलारक्तारक्तोदाः सरितस्तन्मध्यगाः ॥ २० ॥

गङ्गा, सिन्धु, रोहित्, रोहितास्या, हरित्, हरिकान्ता, सीता, सीतोदा, नारी, नरकान्ता, सुवर्णकूला, रूप्यकूला, रक्ता और रक्तोदा ये चौदह नदियाँ भरत आदि सात क्षेत्रोंमे बहती हैं।

नदियोंके बहनेका क्रम—

द्वयोर्द्वयोः पूर्वाः पूर्वगाः ॥ २१ ॥

दो दो नदियोंमे से पहिली पहिली नदी पूर्व समुद्रमे जाती है। अर्थात् गङ्गा-सिन्धुमे गङ्गा नदी पूर्व समुद्रको जाती है, रोहित्-रोहितस्यामे रोहित् नदी पूर्व समुद्रको जाती है। यही क्रम आगे भी है।

हिमवान् पर्वतके ऊपर जो पद्म ह्रद है उसके पूर्व तोरणद्वारसे गङ्गा नदी निकली है जो विजयार्द्ध पर्वतको भेदकर म्लेच्छ खण्डमे बहती हुई पूर्व समुद्रमे मिल जाती है। पद्मह्रदके पश्चिम तोरणद्वारसे सिन्धु नदी निकली है जो विजयार्द्ध पर्वत को भेदकर म्लेच्छ खण्डमे बहती हुई पश्चिम समुद्रमे मिल जाती है। ये दोनों नदियाँ भरत क्षेत्रमे बहती हैं। हिमवान् पर्वतके ऊपर स्थित पद्मह्रदके उत्तर तोरणद्वारसे रोहितास्या नदी निकली है जो जघन्य भोगभूमिमे बहती हुई पश्चिम समुद्रमे मिल जाती है। महापद्मह्रदके दक्षिण तोरण-

द्वारसे रोहित् नदी निकली है जो जघन्य भोगभूमिमे बहती हुई पूर्व समुद्रमें मिल जाती है। रोहित और रोहितास्या नदी हैमवत क्षेत्रमे बहती हैं। महापद्महृदके उत्तरतोरण-द्वारसे हरिकान्ता नदी निकली है जो मध्यम भोगभूमिमें बहती हुई पश्चिम समुद्रमें मिल जाती है। निषध पर्वतके ऊपर स्थित तिगिञ्छ ह्रदके दक्षिण तोरणद्वारसे हरित नदी निकली है जो मध्यम भोगभूमिमें बहती हुई पूर्व समुद्रमे मिलती है। हरित और हरिकान्ता नदियाँ हरिक्षेत्रमे बहती हैं।

तिगिञ्छ ह्रदके उत्तर तोरणद्वारसे सीतोदा नदी निकली है जो अपरविदेह और उत्तम भोगभूमिमें बहती हुई पश्चिम समुद्रमें मिल जाती हैं। नील पर्वतपर स्थित केसरी ह्रदके दक्षिण तोरणद्वारसे सीता नदी निकली है जो उत्तम भोगभूमि और पूर्व विदेहमें बहती हुई पूर्व समुद्रमे मिल जाती हैं। सीता और सीतोदा नदियाँ विदेह क्षेत्रमें बहती हैं।

केसरी ह्रदके उत्तर तोरणद्वारसे नरकान्ता नदी निकली है जो मध्यम भोगभूमिमे बहती हुई पश्चिम समुद्रमे मिल जाती है। रुक्मि पर्वतपर स्थित महापुण्डरीक ह्रदके दक्षिण तोरणद्वारसे नारी नदी निकली है जो मध्यम भोगभूमिमें बहती हुई पूर्व समुद्रमें मिल जाती है। नारी और नरकान्ता नदी रम्यक क्षेत्रमें बहती है।

महापुण्डरीक ह्रदके उत्तर तोरणद्वारसे रूप्यकूला नदी निकली है जो जघन्य भोगभूमिमें बहती हुई पश्चिम समुद्रमें मिल जाती है। शिखरी पर्वतपर स्थित पुण्डरीक ह्रदके दक्षिण तोरणद्वारसे सुवर्णकूला नदी निकली है जो जघन्य भोगभूमिमें बहती हुई पूर्व समुद्रमे मिलती है। सुवर्णकूला और रूप्यकूला नदी हैरण्यवत क्षेत्रमें बहती हैं।

पुण्डरीक ह्रदके पश्चिम तोरणद्वारसे रक्तोदा नदी निकली है जो विजयार्द्ध पर्वतको भेदकर म्लेच्छ खण्डमें बहती हुई पश्चिम समुद्रमें मिल जाती है। पुण्डरीक ह्रदके पूर्व तोरण-द्वारसे रक्ता नदी निकली है जो विजयार्ध पर्वतको भेदकर म्लेच्छ खण्डमे बहती हुई पूर्व समुद्रमे मिलती है। रक्ता और रक्तोदा नदी ऐरावत क्षेत्रमें बहती है।

देवकुरुके मध्यमे सीतोदा नदी सम्बन्धी पाँच ह्रद हैं। प्रत्येक ह्रदके पूर्व और पश्चिम तटोंपर पाँच पाँच सिद्धकूट नामक क्षुद्र पर्वत हैं। इस प्रकार पाँचों ह्रदोंके तटोंपर पचास क्षुद्र पर्वत है। ये पर्वत पचास योजन लम्बे, पच्चीस योजन चौड़े और सेतीस योजन ऊँचे हैं। प्रत्येक पर्वतके ऊपर अष्टप्रातिहार्यसंयुक्त, रत्न, सुवर्ण और चाँदीसे निर्मित, पल्यङ्कासनारूढ़ और पूर्वाभिमुख एक एक जिनप्रतिमा है।

अपर विदेहमे भी सीतोदा नदी सम्बन्धी पाँच ह्रद हैं। इन ह्रदोंके दक्षिण और उत्तर तटोंपर पाँच पाँच सिद्धकूट नामके क्षुद्र पर्वत हैं। अन्य वर्णन पूर्ववत् है।

इसी प्रकार उत्तर कुरुमें सीता नदी सम्बन्धी पाँच ह्रद हैं। इन ह्रदोंके पूर्व और पश्चिम तटोंपर पूर्ववत् पचास सिद्धकूट पर्वत हैं। पूर्व विदेहमें भी सीता नदी सम्बन्धी पाँच ह्रद है। इन ह्रदोंके दक्षिण और उत्तर तटोंपर पचास सिद्धकूट पर्वत है। इस प्रकार जम्बूद्वीपके मेरु सम्बन्धी सिद्धकूट दो सौ हैं और पाँचों मेरु सम्बन्धी सिद्धकूटोंकी संख्या एक हजार है।

शेषास्त्वपरगाः ॥ २२ ॥

पूर्व सूत्रमे कही गई नदियोंसे शेष बची हुई नदियाँ पश्चिम समुद्रको

जाती हैं। अर्थात् गङ्गा और सिन्धुमें से सिन्धु पश्चिम समुद्रको जाती है। यही क्रम आगे भी है।

नदियोंका परिवार—

चतुर्दशनदीसहस्रपरिवृता गङ्गासिन्ध्वादयो नद्यः ॥ २३ ॥

गङ्गा सिन्धु आदि नदियाँ चौदह हजार परिवार नदियोंसे सहित हैं।

यद्यपि बीसवें सूत्र गत 'सरितस्तन्मध्यगाः' इस वाक्यमें आये हुये सरित् शब्दसे इस सूत्रमें भी नदीका सम्बन्ध हो जाता क्योंकि यह नदियोंका प्रकरण है फिर भी इस सूत्रमें 'नद्यः' शब्दका ग्रहण यह सूचित करता है कि आगे आगेकी युगल नदियोंके परिवारनदियोंकी सख्या पूर्व पूर्वकी सख्यासे दूनी दूनी है।

यदि 'चतुर्दशनदीसहस्रपरिवृता नद्यः' इतना ही सूत्र बनाते तो 'अनन्तरस्य विधिर्वा प्रतिषेधो वा' इस नियमके अनुसार 'शेषास्त्वपरगाः' इस सूत्रमें कथित पश्चिम समुद्रको जानेवाली नदियोंका ही यहा ग्रहण होता। और 'चतुर्दशनदीसहस्रपरिवृता गङ्गाद्यो नद्यः' ऐसा सूत्र करनेपर पूर्व समुद्रको जानेवाली नदियोंका ही ग्रहण होता। अतः सब नदियोंको ग्रहण करनेके लिये 'गङ्गासिन्ध्वादयो' वाक्य सूत्रमें आवश्यक है।

गगा और सिन्धु नदियोंकी परिवार नदिया चौदह चौदह हजार, रोहित और रोहितास्या नदियोंकी परिवार नदियां अट्ठाईस अट्ठाईस हजार, हरित और हरिकान्ता नदियोंकी परिवार नदियाँ छप्पन छप्पन हजार, सीता और सीतोदा नदियोंमें प्रत्येककी परिवार नदियाँ एक लाख बारह हजार हैं। नारी और नरकान्ता, सुवर्णकूला और रूप्यकूला, रक्ता और रक्तोदा नदियोंके परिवार नदियोंकी सख्या क्रमसे हरित और हरिकान्ता, रोहित और रोहितास्या, गंगा और सिन्धु नदियोंके परिवार नदियोकी संख्याके समान है।

भोगभूमिकी नदियोंमे त्रस जीव नहीं होते हैं। जम्बूद्वीप सम्बन्धी मूल नदियाँ अठत्तर हैं। इनकी परिवार नदियोंकी संख्या पन्द्रह लाख बारह हजार है। जम्बूद्वीपमें विभंग नदियाँ बारह हैं।

इस प्रकार पञ्चमेरु सम्बन्धी मूल नदियाँ तीन सौ नव्वे हैं और इनकी परिवार नदियोंकी सख्या पचत्तर लाख साठ हजार है। विभग नदियोकी संख्या साठ है।

भरत क्षेत्रका विस्तार—

भरतः षड्विंशतिपञ्चयोजनशतविस्तारः षट्चैकोनविंशतिभागाः योजनस्य ॥२४॥

भरत क्षेत्रका विस्तार पाँच सौ छब्बीस योजन और एक योजनके उन्नीस भागोंमे से छह भाग है। ५२६ $\frac{6}{19}$ योजन विस्तार है।

आगेके पर्वत और क्षेत्रोंका विस्तार—

तद्द्विगुणद्विगुणविस्तारा वर्षधरवर्षा विदेहान्ताः ॥ २५ ॥

आगे आगेके पर्वत और क्षेत्रोंका विस्तार भरत क्षेत्रके विस्तारसे दूना दूना है। लेकिन यह क्रम विदेह क्षेत्र पर्यन्त ही है। विदेह क्षेत्रसे उत्तरके पर्वतो और क्षेत्रोंका विस्तार विदेह क्षेत्रके विस्तारसे आधा आधा होता गया है।

भरत क्षेत्रके विस्तारसे हिमवान् पर्वतका विस्तार दूना है। हिमवान् पर्वतके विस्तार-

से हैमवत क्षेत्रका विस्तार दूना है। यही क्रम विदेह क्षेत्र पर्यन्त है। विदेह क्षेत्रके विस्तार-से नील पर्वतका विस्तार आधा है, नील पर्वतके विस्तारसे रम्यक क्षेत्रका विस्तार आधा है। यह क्रम ऐरावत क्षेत्र पर्यन्त है।

उत्तरा दक्षिणतुल्याः ॥ २६ ॥

उत्तरके क्षेत्र और पर्वतोंका विस्तार दक्षिण ओरके क्षेत्र और पर्वतोंके विस्तारके समान है। अर्थात् रम्यक, हैरण्यवत और ऐरावत क्षेत्रोंका विस्तार क्रमसे हरि, हैमवत और भरतक्षेत्रके विस्तारके समान है। नील, रुक्मि और शिखरी पर्वतोंका विस्तार क्रमसे निषध, महाहिमवान् और हिमवान् पर्वतोंके विस्तारके बराबर है।

भरत और ऐरावत क्षेत्रमे कालका परिवर्तन—

भरतैरावतयोर्वृद्धिह्रासौ षट्समयाभ्यामुत्सर्पिण्यवसर्पिणीभ्याम् ॥ २७ ॥

भरत और ऐरावत क्षेत्रमे उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी कालके छह समयों द्वारा जीवोंकी आयु, काय, सुख, आदिकी वृद्धि और हानि होती रहती है। क्षेत्रोंकी हानि वृद्धि नहीं होती। कोई आचार्य 'भरतैरावतयोः' पदमे षष्ठी द्विवचन न मान्कर सप्तमीका द्विवचन मानते हैं। उनके मतसे भी उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी कालके द्वारा भरत और ऐरावत क्षेत्र-की वृद्धि और हानि नही होती किन्तु भरत और ऐरावत क्षेत्रमे रहनेवाले मनुष्योंकी आयु-उपभोग आदिकी वृद्धि और हानि होती है। उत्सर्पिणी कालमे आयु और उपभोग आदिकी वृद्धि और अवसर्पिणी कालमे हानि होती है।

प्रत्येक उत्सर्पिणी और अवसर्पिणीके छह छह भेद हैं। अवसर्पिणी कालके छह भेद— १ सुषमसुषमा, २ सुषमा, ३ सुषमदुषमा, ४ दुःषमसुषमा, ५ दुःषमा, ६ अतिदुःषमा। उत्सर्पिणी कालके छह भेद—१ अतिदुःषमा, २ दुषमा, ३ दुःषमसुषमा, ४ सुषमदुःषमा, ५ सुषमा, ६ सुषमसुषमा।

यद्यपि वर्तमानमे अवसर्पिणी काल होनेसे सूत्रमें अवसर्पिणीका ग्रहण पहिले होना चाहिये लेकिन उत्सर्पिणी शब्दको अल्प स्वरवाला होनेसे पहिले कहा है।

सुषमसुषमा चार कोड़ाकोड़ी सागर, सुषमा तीन कोड़ाकोड़ी सागर, सुषमदुःषमा दो कोड़ाकोड़ी सागर, दुःषमसुषमा ब्यालीस हजार वर्ष कम एक कोड़ाकोड़ी सागर, दुःषमा इक्कीस हजार वर्ष और अतिदुःषमा इक्कीस हजार वर्षका है।

अवसर्पिणीके प्रथम कालमे उत्तम भोगभूमिकी, द्वितीय कालमें मध्यम भोगभूमिकी और तृतीय कालमे जघन्य भोगभूमिकी रचना होती है। तृतीय कालमे पल्यके आठवें भाग बाकी रहनेपर सोलह कुलकर उत्पन्न होते हैं। पन्द्रह कुलकरोंकी मृत्यु तृतीय कालमे ही हो जाती है लेकिन सोलहवे कुलकरकी मृत्यु चौथे कालमे होती है।

प्रथम कुलकरकी आयु पल्यके दशम भाग प्रमाण है। ज्योतिरङ्ग कल्पवृक्षोंकी ज्योति के मन्द हो जानेके कारण चन्द्र और सूर्यके दर्शनसे मनुष्योंको भयभीत होनेपर प्रथम कुलकर उनके भयका निवारण करता है। द्वितीय कुलकरकी आयु पल्यके सौ भागोंमे से एक भाग प्रमाण है। द्वितीय कुलकरके समयमे ताराओंको देखकर भी लोग डरने लगते हैं अतः वह उनके भयको दूर करता है। तृतीय कुलकरकी आयु पल्यके हजार भागो मे से एक भाग प्रमाण है। वह सिंह, व्याघ्र आदि हिंसक जीवोंसे उत्पन्न भयका परिहार करता है। चतुर्थ कुलकरकी आयु पल्यके दश हजार भागोंमें से एक भाग प्रमाण है। वह

सिंह, व्याघ्र आदिके भयको निवारण करनेके लिये लाठी आदि रखना सिखाता है। पाँचवे कुलकरकी आयु पल्यके लाख भागोंमे से एक भाग प्रमाण है। वह कल्पवृक्षोंकी सीमाको वचन द्वारा नियत करता है क्योंकि उसके कालमें कल्पवृक्ष कम हो जाते हैं और फल भी कम लगते हैं। छठवे कुलकरकी आयु पल्यके दश लाख भागोंमे से एक भाग प्रमाण है। वह गुल्म आदि चिन्होंसे कल्पवृक्षोंकी सीमाको नियत करता है क्योंकि उसके कालमे कल्पवृक्ष बहुत कम रह जाते है और फल भी अत्यल्प लगते हैं। सातवें कुलकरकी आयु पल्यके करोड़ भागोंमे से एक भाग प्रमाण है। वह शूरताके उपकरणोंका उपदेश और हाथी आदिपर सवारी करना सिखाता है। आठवें कुलकरकी आयु पल्यके दश करोड़ भागोंमे से एक भाग प्रमाण है। वह सन्तानके दर्शनसे उत्पन्न भयको दूर करता है। नवम कुलकरकी आयु पल्यके सौ करोड़ भागोंमे से एक भाग प्रमाण है। वह सन्तानको आशीर्वाद देना सिखाता है। दशम कुलकरकी आयु पल्यके हजार करोड़ भागों मे से एक भाग प्रमाण है। वह बालकोंके रोने पर चन्द्रमा आदिके दर्शन तथा अन्य क्रीड़ाके उपाय बतलाता है। ग्यारहवे कुलकरकी आयु पल्यके हजार करोड़ भागोंम से एक भाग प्रमाण है। उसके कालमे युगल (पुरुष और स्त्री) अपनी सन्तानके साथ कुछ दिन तक जीवित रहता है। बारहवे कुलकर की आयु पल्यके लाख करोड भागोंमे से एक भाग प्रमाण है। वह जल को पार करने के लिये नौका आदि की रचना करना सिखाता तथा पर्वत आदिपर चढ़ने और उतरनेके लिये सीढ़ी आदिको बनवानेका उपाय बताता है। उसके कालमें युगल अपनी सन्तानके साथ बहुत काल तक जीवित रहता है। मेघोंके अल्प होनेके कारण वर्षा भी अल्प होती है। इस कारणसे छोटी छोटी नदियाँ और छोटे छोटे पर्वत भी हो जाते है। तेरहवे कुलकरकी आयु पल्यके दश लाख करोड भागोंमे से एक भाग प्रमाण है। वह जरायु (गर्भजन्मसे उत्पन्न प्राणियों के जरायु होती है) आदिके मलको दूर करना सिखाता है। चौदहवे कुलकरकी आयु पूर्व कोटि वर्ष प्रमाण है। वह सन्तानके नाभिनाल को काटना सिखाता है। उसके कालमें प्रचुर मेघ अधिक वर्षा करते है। बिना बोये धान्य पैदा होता है। वह धान्यको खानेका उपाय तथा अभक्ष्य औषधि और अभक्ष्य वृक्षोंका त्याग बतलाता है। पन्द्रहवाँ कुलकर तीर्थकर होता है। सोलहवा कुलकर उसका पुत्र चक्रवर्ती होता है। इन दोनोंकी आयु चौरासी लाख पूर्वकी होती है।

सुषमदुषमा नामक चौथे कालके आदिमे मनुष्य विदेह क्षेत्रके मनुष्योके समान पाँच सौ धनुप ऊँचे होते हैं। इस कालमे तेईस तीर्थकर उत्पन्न होते है और मुक्त भी होतेहै। ग्यारह चक्रवर्ती, नव बलभद्र, नव वासुदेव, नव प्रति वासुदेव और ग्यारह रुद्र भी इस काल मे उत्पन्न होते है। वासुदेवोंके कालमे नव नारद भी उत्पन्न होते हैं तथा ये कलहप्रिय होनेके कारण नरक जाते है। चौथे कालके अन्तमे मनुष्योंकी आयु एक सौ बीस वर्ष और शरीरकी ऊँचाई सात हाथ रह जाती है। दुःषमा नामक पञ्चम कालके आदिमे मनुष्योंकी आयु एक सौ बीस वर्ष और शरीर की ऊँचाई सात हाथ होती है। और अन्तमे आयु बीस वर्ष और शरीरकी ऊँचाई साढ़े तीन हाथ रह जाती है

अतिदुःषमा नामक छठवे कालके आदिमे मनुष्योंकी आयु बीस वर्ष होती है और अन्तमे आयु सोलह वर्ष और शरीरकी ऊँचाई एक हाथ रह जाती है। छठवे कालके अन्तमे प्रलय काल आता है। प्रलय कालमे सरस, विरस, तीक्ष्ण, रूक्ष, उष्ण, विष और क्षारमेघ क्रमसे सात सात दिन बरसते है। सम्पूर्ण आर्य खण्डमे प्रलय होने पर मनुष्योके बहत्तर युगल शेष रह जाते है। चित्राभूमि निकल आती है। बराबर हो जाती है। इस

प्रकार दश कोड़ाकोड़ी सागरका अवसर्पिणी काल समाप्त होता है। इसके बाद दश कोड़ाकोड़ी सागरका उत्सर्पिणी काल प्रारंभ होता है।

उत्सर्पिणीके अतिदुपमा नामक प्रथम कालके आदिमे उनचास दिन पर्यन्त लगातार क्षीरमेघ बरसते हैं, पुनः अमृतमेघ भी उतने ही दिन पर्यन्त बरसते हैं। आदिमें मनुष्योंकी आयु सोलह वर्ष और शरीरकी ऊँचाई एक हाथ रहती है और अन्तमे आयु बीस वर्ष और शरीरकी ऊँचाई साढ़े तीन हाथ हो जाती है। मेघोंके बरसनेसे पृथिवी कोमल हो जाती है। ओपधि, तरु, गुल्म, तृण आदि रससहित हो जाते हैं। पूर्वोक्त युगल बिलोंसे निकलकर सरस धान्य आदिके उपभोगसे सहर्ष रहते हैं।

दुषमा नामक द्वितीय कालके आदिमे मनुष्योंकी आयु बीस वर्ष और शरीरकी ऊँचाई साढ़े तीन हाथ होती है। द्वितीय कालमे एक हजार वर्ष शेप रहने पर चौदह कुलकर उत्पन्न होते हैं। ये कुलकर अवसर्पिणी कालके पञ्चम कालके राजाओंकी तरह होते है। तेरह कुलकर द्वितीय कालमें ही उत्पन्न होते हैं और मरते भी द्वितीय कालमे ही है। लेकिन चौदहवाँ कुलकर उत्पन्न तो द्वितीय कालमें होता है लेकिन मरता तृतीय कालमें है। चौदहवें कुलकरका पुत्र तीर्थंकर होता हैं और तीर्थंकरका पुत्र चक्रवर्ती होता है। इन दोनोंकी उत्पत्ति तीसरे कालमे होती है।

दुपमसुपमा नामक तृतीय कालके आदिमें मनुष्योंकी आयु एक सौ बीस वर्प और शरीरकी ऊँचाई सात हाथ होती है। और अन्तमे आयु कोटिपूर्व वर्प और शरीरकी ऊँचाई सवा पॉच सौ धनुप प्रमाण होती है। इस कालमे शलाकापुरुप उत्पन्न होते हैं।

सुषमदुषमा नामक चौथे कालमे जघन्य भोगभूमिकी रचना, सुषमा नामक पञ्चम कालमें मध्यम भोगभूमिकी रचना और सुषमसुषमा नामक छठे कालमे उत्तम भोगभूमिकी रचना होती है।

चौथे, पॉचवे और छठवे कालमें एक भी ईति नहीं होती है। ज्योतिरङ्ग कल्पवृक्षोंके प्रकाशसे रातदिनका विभाग भी नही होता है। मेघवृष्टि, शीतबाधा, उष्णबाधा, क्रूरमृगबाधा आदि कभी नही होती है। इस प्रकार दश कोड़ाकोडी सागरका उत्सर्पिणीकाल समाप्त हो जाता है। पुनः अवसर्पिणी काल आता है। इस प्रकार अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी कालका चक्र चलता रहता है। उत्सर्पिणीके दश कोड़ाकोड़ी सागर और अवसर्पिणीके दश कोड़ाकोड़ी सागर इस प्रकार बीस कोड़ाकोड़ी सागरका एक कल्प होता है। एक कल्पमे भोगभूमिका काल अठारह कोड़ाकोड़ी सागर है। भोगभूमिके मनुष्य मधुरभापी, सर्वकलाकुशल, समान भोग वाले, पसीनेसे रहित और ईर्ष्या, मात्सर्य, कृपणता, ग्लानि, भय, विषाद, काम आदिसे रहित होते है। उनको इष्टवियोग और अनिष्टसयोग नहीं होता। आयुके अन्तमे जॅभाई लेनेसे पुरुपकी और छींकसे स्त्रीकी मृत्यु हो जाती है। वहॉ नपुसक नही होते हैं। सब मृग (पशु) विशिष्ट घासका चरने वाले और समान आयुवाले होते है।

अन्य भूमियोंका वर्णन—

ताभ्यामपरा भूमयोऽवस्थिताः ॥ २८ ॥

भरत और ऐरावत क्षेत्रको छोड़कर अन्य भूमियॉ सदा अवस्थित रहती हैं। उनमे कालका परिवर्तन नही होता। हैमवत, हरि और देवकुरुमे क्रमसे अवसर्पिणी कालके तृतीय, द्वितीय और प्रथम कालकी सत्ता रहती है। इसी प्रकार हैरण्यवत, रम्यक और उत्तर कुरुमे भी कालकी अवस्थिति समझना चाहिये।

हैमवत आदि क्षेत्रोंमें आयुका वर्णन—

एकद्वित्रिपल्योपमस्थितयो हैमवतकहारिवर्षकदैवकुरवकाः ॥ २९ ॥

हैमवत, हरिक्षेत्र तथा देवकुरुमें उत्पन्न होनेवाले प्राणियोंकी आयु क्रमशः एक पल्य, दो पल्य और तीन पल्यकी है। शरीरकी ऊंचाई क्रमशः दो हजार धनुष, चार हजार धनुष और छह हजार धनुष है। भोजन क्रमशः एक दिन बाद, दो दिन बाद तथा तीन दिन बाद करते है। शरीरका रग क्रमसे नील कमलके समान, कुन्द पुष्पके समान और कांचन वर्ण होता है।

उत्तरके क्षेत्रोंमें आयुकी व्यवस्था—

तथोत्तराः ॥ ३० ॥

उत्तरके क्षेत्रोंके निवासियोंकी आयु दक्षिण क्षेत्रोंके निवासियोंके समान ही है। अर्थात् हैरण्यवत,रम्यक क्षेत्र तथा उत्तर कुरुमें उत्पन्न होनेवाले प्राणियोंकी आयु क्रमशः एक, दो और तीन पल्यकी है।

विदेह क्षेत्रमें आयुकी व्यवस्था—

विदेहेषु संख्येयकालाः ॥ ३१ ॥

विदेह क्षेत्रमे सख्यातवर्षकी आयु होती है। प्रत्येक मेरुसम्बन्धी पाँच पूर्वविदेह और पाँच अपर विदेह होते है। इन दोनों विदेहोंको महाविदेह कहते हैं। विदेहमे उत्कृष्ट आयु पूर्वकोटि वर्ष और जघन्य आयु अन्तर्मुहूर्त है।

विदेहमें सदा दुषमसुषमा काल रहता है। मनुष्योंके शरीरकी ऊँचाई पाँच सौ धनुष है। वहाँके मनुष्य प्रतिदिन भोजन करते हैं।

सत्तर लाख करोड़ और छप्पन हजार करोड़ वर्षोंके समूहका नाम एक पूर्व है। अर्थात् ७०५६०००००००००० वर्षका पूर्व होता है।

भरत क्षेत्रका दूसरी तरहसे विस्तारवर्णन—

भरतस्य विष्कम्भो जम्बूद्वीपस्य नवतिशतभागः ॥ ३२ ॥

भरतक्षेत्रका विस्तार जम्बूद्वीपके एक सौ नब्वेवाँ भाग है। अर्थात् जम्बूद्वीपके एक सौ नब्वे भाग करने पर एक भाग भरत क्षेत्रका विस्तार है।

जम्बू द्वीपके अन्तमे एक वेदी है उसका विस्तार जम्बूद्वीपके विस्तारमे ही सम्मिलित है। इसी प्रकार सभी द्वीपोंकी वेदियोंका विस्तार द्वीपोंके विस्तारके अन्तर्गत ही है। लवण समुद्रके मध्यमे चारों दिशाओंमे पाताल नाम वाले अलञ्जलाकार चार बड़वानल है जो एक लाख योजन गहरे, मध्यमे एक लाख योजन विस्तारयुक्त और मुख तथा मूलमे दश हजार योजन विस्तारवाले हैं। चारों विदिशाओंमे चार क्षुद्र बड़वानल भी है। जिनकी गहराई दश हजार योजन, मध्यमे विस्तार दश हजार योजन और मुख तथा मूलमे विस्तार एक हजार योजन है। इन आठ बड़वानलोंके आठ अन्तरालोंमे से प्रत्येक अन्तरालमे पंक्तिमे स्थित एक सौ पच्चीस वाडव हैं जिनकी गहराई एक हजार योजन, मध्य में विस्तार एक हजार योजन और मुख तथा मूलमे पाँच सौ योजन विस्तार है। इस प्रकार

बड़वानलोंकी संख्या एक हजार आठ है। इन बड़वानलोंके अन्तरालमें भी छोटे छोटे बहुत से बड़वानल हैं। प्रत्येक बड़वानलके तीन भाग हैं। नीचेके भागमें वायु, मध्य भागमें वायु और जल, और ऊपरके भागमें केवल जल रहता है। जब वायु धीरे धीरे नीचेके भागसे ऊपरके भागमें चढ़ती है तो मध्यम भागका जल वायुसे प्रेरित होनेके कारण ऊपरको चढ़ता है। इस प्रकार बड़वानलका जल समुद्रमें मिलनेके कारण समुद्रका जल तटके ऊपर आ जाता है। पुनः जब वायु धीरे धीरे नीचेको चली जाती है तब समुद्रका जल भी घट जाता है।

लवण समुद्रमे ही वेला (तट) है अन्य समुद्रोंमे नही। अन्य समुद्रोंमे बड़वानल भी नही हैं क्योंकि सब समुद्र एक हजार योजन गहरे हैं। लवण समुद्रका ही जल उन्नत है अन्य समुद्रोंका जल सम (बराबर) है।

लवणसमुद्रके जलका स्वाद नमकके समान, वारुणीसमुद्रके जलका स्वाद मदिरा के समान, क्षीर समुद्रके जलका स्वाद दूधके समान, घृतोद समुद्रके जलका स्वाद घृतके समान, कालोद, पुष्कर और स्वयम्भूरमण समुद्रके जलका स्वाद जलके समान और अन्य समुद्रोंके जलका स्वाद इक्षुरसके समान है।

लवण, कालोद और स्वयभूरमण समुद्रमें ही जलचर जीव होते हैं, अन्य समुद्रोंमें नही। लवण समुद्रमें नदियोंके प्रवेश द्वारोंमे मत्स्योंका शरीर नौ योजन और समुद्रके मध्य में नदियोंके प्रवेश द्वारोंमे मत्स्योंके शरीरका विस्तार अठारह योजन और समुद्रके मध्यमे छत्तीस योजन है। स्वयंभूरमण समुद्रके तटपर रहनेवाली मछलियोंके शरीरका विस्तार पॉच सौ योजन और समुद्रके मध्यमें एक हजार योजन है। लवण, कालोद और पुष्करवर समुद्रमें ही नदियोंके प्रवेशद्वार है, अन्य समुद्रोंमे नहीं हैं। अन्य समुद्रों की वेदियॉ भित्ति के समान हैं।

धातकीखण्ड द्वीपका वर्णन—

द्विर्धातकीखण्डे ॥ ३३ ॥

धातकीखण्ड द्वीपमें क्षेत्र, पर्वत आदि की सख्या आदि समस्त बातें जम्बूद्वीप से दूनी दूनी हैं।

धातकी खण्ड द्वीपकी दक्षिण दिशामे दक्षिणसे उत्तर तक लम्बा इष्वाकार नामक पर्वत है जो लवण और कालोद समुद्रकी वेदियोंको स्पर्श करता है। और उत्तर दिशामे भी इसी तरहका दूसरा इष्वाकार नामक पर्वत है। प्रत्येक पर्वत चार लाख योजन लम्बे हैं। दोनों इष्वाकार पर्वतोंसे धातकीखण्डके दो भाग हो गये है एक पूर्व धातकीखण्ड और दूसरा अपर धातकीखण्ड। प्रत्येक भागके मध्यमे एक एक मेरु है। पूर्वदिशामे पूर्वमेरु और पश्चिम दिशामे अपरमेरु है। प्रत्येक मेरु सम्बन्धी भरतआदि सातक्षेत्र औरहिमवान् आदि छह पर्वत हैं। इस प्रकार धातकीखण्डमे क्षेत्र और पर्वतोंकी सख्या जम्बूद्वीपसे दूनी है। जम्बूद्वीपमें हिमवान् आदि पर्वतोंका जो विस्तार है उससे दूना विस्तार धातकीखण्डके हिमवान् आदि पर्वतोंका है लेकिन ऊँचाई और गहराई जम्बूद्वीपके समान ही है। इसी तरह विजयार्द्ध पर्वत और वृत्तवेदाढ्य पर्वतोंकी सख्या भी जम्बूद्वीपके समान है। धातकीखण्डमे हिमवान् आदि पर्वत चक्रके आरे के समान है और क्षेत्र आरोंके छिद्रके आकारके हैं।

पुष्करद्वीपका वर्णन—

पुष्करार्धे च ॥ ३४ ॥

पुष्कर द्वीपके अर्द्धभाग में भी सब रचना जम्बूद्वीपसे दूनी है।

धातकीखण्ड द्वीपके समान पुष्करार्धमे भी दक्षिणसे उत्तर तक लम्बे और आठ लाख योजन विस्तृत दो इष्वाकार पर्वत हैं। इस कारण पुष्करार्द्धके दो भाग हो गये है। दोनों भागोंमें दो मेरु पर्वत हैं एक पूर्वमेरु और दूसरा अपरमेरु। प्रत्येक मेरुसम्बन्धी भरत आदि सात क्षेत्र और हिमवान् आदि छह पर्वत है। पुष्करार्ध द्वीपमे सारी रचना धातकीखण्ड द्वीपके समान ही है। विशेषता यह है कि पुष्करार्धके हिमवान् आदि पर्वतोंका विस्तार धातकीखण्डके हिमवान् आदि पर्वतोंके विस्तारसे दूना है। पुष्करद्वीपके मध्यमे गोलाकार मानुषोत्तर पर्वत है अतः इस पर्वतसे विभक्त होने के कारण इसका नाम पुष्करार्द्ध पड़ा। आधे पुष्कर द्वीपमे ही मनुष्य हैं अतः पुष्करार्द्ध का ही वर्णन यहाँ किया गया है।

मनुष्य क्षेत्रकी सीमा—

प्राङ् मानुषोत्तरान्मनुष्याः ॥ ३५ ॥

मानुषोत्तर पर्वतके पहिले ही मनुष्य होते है, आगे नही। मानुषोत्तर पर्वतके बाहर विद्याधर और ऋद्धिप्राप्त मुनि भी नही जाते है। मनुष्य क्षेत्रके त्रस भी बाहर नही जाते है। पुष्करार्द्धकी नदियाँ भी मानुषोत्तरके बाहर नही बहती है।

जब मनुष्य क्षेत्रके बाहर मृत कोई तिर्यञ्च या देव मनुष्यक्षेत्रमे आता है तो मनुष्यगत्यानुपूर्वी नाम कर्मका उदय होनेसे मानुषोत्तरके बाहर भी उसको उपचारसे मनुष्य कह सकते है। दण्ड, कपाट, प्रतर और लोकपूरण समुद्घातके समय भी मानुषोत्तरसे बाहर मनुष्य जाता है।

मनुष्योंके भेद—

आर्या म्लेच्छाश्च ॥ ३६ ॥

मनुष्योंके दो भेद हैं—आर्य और म्लेच्छ।

जो गुणोंसे सहित हों अथवा गुणवान् लोग जिनकी सेवा करे उन्हे आर्य कहते हैं। जो निर्लज्जतापूर्वक चाहे जो कुछ बोलते है वे म्लेच्छ है।

आर्योंके दो भेद है—ऋद्धिप्राप्त आर्य और ऋद्धिरहित आर्य। ऋद्धिप्राप्त आर्योंके ऋद्धियोंके भेदसे आठ भेद है। आठ ऋद्धियोंके नाम—बुद्धि, क्रिया, विक्रिया, तप, बल, औषध, रस और क्षेत्र।

बुद्धि ऋद्धिप्राप्त आर्योंके अठारह भेद हैं। १ अवधिज्ञानी २ मनःपर्ययज्ञानी ३ केवलज्ञानी, ४ बीजबुद्धिवाले, ५ कोष्ठबुद्धिवाले, ६ सम्भिन्नश्रोत्री, ७ पदानुसारी, ८ दूरसे स्पर्श करनेमे समर्थ, ९ दूरसे रसास्वाद करनेमे समर्थ, १० दूरसे गध ग्रहण करनेमे समर्थ, ११ दूरसे सुननेमे समर्थ, १२ दूरसे देखनेमे समर्थ, १३ दश पूर्वके ज्ञाता, १४ चौदह पूर्वके ज्ञाता, १५ आठ महा निमित्तोंके जाननेवाले, १६ प्रत्येक बुद्ध, १७ वाद विवाद करने वाले और १८ प्रज्ञाश्रमण। एक बीजाक्षरके ज्ञानसे समस्त शास्त्रका ज्ञान हो जानेको बीजबुद्धि कहते है। धान्यागारमे संगृहीत विविध धान्योंकी तरह जिस बुद्धिमे सुने हुये वर्ण आदिका बहुत कालतक विनाश नहीं होता है वह कोष्ठबुद्धि है।

क्रिया ऋद्धि दो प्रकारकी है—जंघादिचारणत्व और आकाशगामित्व। जंघादिचारणत्वके नौ भेद हैं—

१ जंघाचारणत्व—भूमिसे चार अंगुल ऊपर आकाशमें गमन करना।

२ श्रेणिचारणत्व—विद्याधरोंकी श्रेणिपर्यन्त आकाशमें गमन करना।

३ अग्निशिखाचारणत्व—अग्निकी ज्वालाके ऊपर गमन करना।

४ जलचारणत्व—जलको विना छुए जलपर गमन करना।

५ पत्रचारणत्व—पत्तेको विना छुए पत्तेपर गमन करना।

६ फलचारणत्व—फलको विना छुए फलपर गमन करना।

७ पुष्पचारणत्व—पुष्पको विना छुए पुष्पपर गमन करना।

८ वीजचारणत्व—वीजको बिना छुए वीजपर गमन करना।

९ तन्तुचारणत्व—तन्तुको विना छुए तन्तुपर गमन करना।

पैरोंके उत्क्षेपण और निक्षेपण (उठाना और रखना) के विना आकाशमें गमन करना, पर्यङ्कासनसे आकाशमे गमन करना, ऊपरको स्थित होकर आकाशमे गमन करना, अथवा सामान्यरूपसे वैठकर आकाशमे गमन करना आकाशगामित्व है।

अणिमा आदिके भेदसे विक्रिया ऋद्धि अनेक प्रकारकी है।

अणिमा—शरीरको सूक्ष्म वना लेना अथवा (कमलनाल) में भी प्रवेश करके चक्रवर्तीके परिवारकी विभूतिको वना लेना अणिमा है।

महिमा—शरीरको बड़ा बना लेना महिमा है।

लघिमा—शरीरको छोटा बना लेना लघिमा है।

गरिमा—शरीरको भारी वना लेना गरिमा है।

प्राप्ति—भूमिपर रहते हुए भी अङ्गुलिके अग्र भागसे मेरुकी शिखर, चन्द्र, सूर्य आदिको स्पर्श करनेकी शक्तिका नाम प्राप्ति ऋद्धि है।

प्राकाम्य—जलमे भूमिकी तरह चलना और भूमिपर जलकी तरह गमन करना, अथवा जाति, क्रिया, गुण, द्रव्य, सैन्य आदिका वनाना प्राकाम्य है।

ईशित्व—तीन लोकके प्रभुत्वको पाना ईशित्व है।

वशित्व—सम्पूर्ण प्राणियोंको वशमे करनेकी शक्तिका नाम वशित्व है।

अप्रतीघात—पर्वत पर भी आकाशकी तरह गमन करना, अनेक रूपोंका वनाना अप्रतीघात है।

कामरूपित्व—मूर्त और अमूर्त अनेक आकारोंका वनाना कामरूपित्व है।

अन्तर्धान—रूपको अदृष्ट बना लेना।

तप ऋद्धिके सात भेद हैं—१ घोरतप, २ महातप, ३ उग्रतप, ४ दीप्ततप, ५ तप्ततप, ६ घोरगुणब्रह्मचारिता और ७ घोरपराक्रमता।

घोरतप—सिंह, व्याघ्र, चीता, स्वापद आदि दुष्टप्राणियोंसे युक्त गिरिकन्दरा आदि स्थानोंमे और भयानक श्मशानोंमे तीव्र आतप, शीत आदिकी बाधा होनेपर भी घोर उपसर्गोंका सहना घोरतप है।

महातप—पक्ष, मास, छह मास और एक वर्षका उपवास करना महातप है। एक वर्षके उपवासके उपरान्त पारणा होती है और केवलज्ञान भी हो जाता है। इसलिये एक वर्षसे अधिक उपवास नहीं होता है।

उग्रतप—पञ्चमीको, अष्टमीको और चतुर्दशीको उपवास करना और दो या तीन बार आहार न मिलने पर तीन, चार अथवा पाँच उपवास करना उग्रतप है।

दीप्ततप—शरीरसे बारह सूर्यों जैसी कान्तिका निकलना दीप्ततप है।

तप्ततप—तपे हुये लोहपिण्ड पर गिरी हुई जलकी बूँदकी तरह आहार ग्रहण करते ही आहारका पता न लगना अर्थात् आहारका पच जाना तप्ततप है।

घोरगुणब्रह्मचारिता—सिंह, व्याघ्र आदि क्रूर प्राणियोंसे सेवित होना घोरगुण-ब्रह्मचारिता है।

घोरपराक्रमता—मुनियोंको देखकर भूत, प्रेत, राक्षस, शाकिनी आदिका डर जाना घोरपराक्रमता है।

बलऋद्धिके तीन भेद हैं—मनोबल, वचनबल और कायबल।

मनोबल—अन्तर्मुहूर्तमें सम्पूर्ण श्रुतको चिन्तन करनेकी सामर्थ्यका नाम मनोबल है।

वचनबल—अन्तर्मुहूर्तमें सम्पूर्ण श्रुतको पाठ करनेकी शक्तिका नाम वचनबल है।

कायबल—एक मास, चार मास, छह मास और एक वर्ष तक भी कायोत्सर्ग करनेकी शक्ति होना अथवा अङ्गुलीके अग्रभागसे तीनों लोकोंको उठाकर दूसरी जगह रखनेकी सामर्थ्यका होना कायबल है।

औषधऋद्धि आठ प्रकारकी है। जिन मुनियोंकी निम्न आठों बातोंके द्वारा प्राणियोंके रोग नष्ट हो जाते हैं वे मुनि औषधऋद्धिके धारी होते हैं।

१ विट् (मल) लेपन, २ मलका एकदेश छूना, ३ अपक्व आहारका स्पर्श, ४ सम्पूर्ण अङ्गोंके मलका स्पर्श, ५ निष्ठीवनका स्पर्श, ६ दन्त, केश, नख, मूत्र आदिका स्पर्श ७ कृपादृष्टिसे अवलोकन और ८ कृपासे दाँतोंका दिखाना।

रस ऋद्धिके छह भेद हैं—१ आस्यविष—किसी दृष्टिगत प्राणीको 'मर जाओ' ऐसा कहनेपर उस प्राणीका तत्क्षण ही मरण हो जाय—इस प्रकारकी सामर्थ्यका नाम आस्यविष अथवा वाग्विष है।

२ दृष्टिविष—किसी क्रुद्ध मुनिके द्वारा किसी प्राणीके देखे जानेपर उस प्राणीका उसी समय मरण हो जाय इस प्रकारकी सामर्थ्यका नाम दृष्टिविष है।

३ क्षीरस्रावी—नीरस भोजन भी जिन मुनियोंके हाथमें आनेपर क्षीरके समान स्वादयुक्त हो जाता है, अथवा जिनके वचन क्षीरके समान संतोष देनेवाले होते हैं वे क्षीरस्रावी कहलाते है।

४ मध्वास्रावी—नीरस भोजन भी जिन मुनियोंके हाथमें आनेपर मधुके स्वादको देनेवाला हो जाता है और जिनके वचन श्रोताओंको मधुके समान लगते हैं वे मुनि मध्वास्रावी हैं।

५ सर्पिरास्रावी—नीरस भोजन भी जिनके हाथमें आनेपर घृतके स्वादयुक्त हो जाता है और जिनके वचन श्रोताओंको घृतके स्वाद जैसे लगते हैं वे मुनि सर्पिरास्रावी हैं।

६ अमृतास्रावी—जिनके हस्तगत भोजन अमृतके समान हो जाता है और जिनके वचन अमृत जैसे लगते हैं वे मुनि अमृतास्रावी है।

क्षेत्र ऋद्धिके दो भेद है। अक्षीणमहानसऋद्धि और अक्षीणआलयऋद्धि।

किसी मुनिको किसी घरमें भोजन करनेपर उस घरमें चक्रवर्तीके परिवारको भोजन करनेपर भी अन्नकी कमी न होनेकी सामर्थ्यका नाम अक्षीण महानस ऋद्धि है।

किसी मुनिको किसी मन्दिरमें निवास करनेपर उस स्थानमें समस्त देव, मनुष्य और तिर्यञ्चोंको परस्पर बाधा रहित निवास करनेकी शक्तिका नाम अक्षीणालय ऋद्धि है।

ऋद्धिरहित आर्योंके पॉच भेद हैं— १ सम्यक्त्वार्य, २ चारित्रार्य, ३ कर्मार्य, ४ जात्यार्य और ५ क्षेत्रार्य।

व्रतरहित सम्यग्दृष्टी सम्यक्त्वार्य हैं।

चारित्रको पालने वाले यति चारित्रार्य हैं।

कर्मार्यों के तीन भेद हैं—सावद्य कर्मार्य, अल्पसावद्य कर्मार्य और असावद्यकर्मार्य।

सावद्य कर्मार्यके छह भेद हैं—असि, मसि, कृषि, विद्या, शिल्प और वाणिज्यकर्मार्य।

तलवार, धनुष्, बाण, छुरी, गदा, आदि नाना प्रकारके आयुधों को चलानेमे चतुर असि कर्मार्य हैं। आयव्यय आदि लिखने वाले अर्थात् मुनीम या क्लर्क मसिकर्मार्य हैं। खेती करने वाले कृषि कर्मार्य हैं। गणित आदि बहत्तर कलाओंमें प्रवीण विद्या कर्मार्य हैं। निर्णेजक नाई आदि शिल्प कर्मार्य है। धान्य, कपास, चन्दन, सुवर्ण आदि पदार्थोके व्यापार को करने वाले वाणिज्यकर्मार्य हैं।

श्रावक अल्प सावद्य कर्मार्य होते हैं और मुनि असावद्य कर्मार्य हैं।

इक्ष्वाकु आदि वंशमें उत्पन्न होने वाले जात्यार्य कहलाते हैं। वृषभनाथ भगवान्के कुलमे उत्पन्न होनेवाले इक्ष्वाकुवंशी, भरतके पुत्र अर्ककीर्तिके कुलमे उत्पन्न होनेवाले सूर्यवंशी, बाहुबलिके पुत्र सोमयशके कुलमे उत्पन्न होनेवाले सोमवंशी, सोमप्रभ श्रेयांसके कुलमे उत्पन्न होनेवाले कुरुवंशी, अकम्पन महाराजके कुलमे उत्पन्न होनेवाले नाथवंशी, हरिकान्त राजाके कुलमे उत्पन्न होनेवाले हरिवंशी, यदुराजाके कुलमे उत्पन्न होनेवाले यादव, काश्यप राजाके कुलमे उत्पन्न होनेवाले उग्रवंशी कहलाते हैं।

कौशल, गुजरात, सौराष्ट्र, मालव, काश्मीर आदि देशोंमें उत्पन्न होनेवाले क्षेत्रार्य कहलाते हैं।

म्लेच्छ दो प्रकारके होते हैं—अन्तर्द्वीपज और कर्मभूमिज।

लवण समुद्रमे आठों दिशाओंमे आठ द्वीप हैं। इन द्वीपोंके अन्तरालमे भी आठ द्वीप हैं। हिमवान् पर्वतके दोनों पार्श्वोमे दो द्वीप हैं। शिखरी पर्वतके दोनों पार्श्वोंमे दो द्वीप हैं। और दोनों विजयार्द्ध पर्वतोके दोनों पार्श्वोंमे चार द्वीप हैं। इस प्रकार लवण समुद्रमे चौबीस द्वीप हैं, इनको कुभोगभूमि कहते हैं।

चारों दिशाओंमे जो चार द्वीप हैं वे समुद्र की वेदीसे पॉच सौ योजनकी दूरी पर हैं। इनका विस्तार सौ योजन है। चारों विदिशाओंके चार द्वीप और अन्तरालके आठ द्वीप समुद्रकी वेदीसे साढ़े पॉच सौ योजनकी दूरी पर हैं उनका विस्तार पचास योजन है। पर्वतोंके अन्तमे जो आठ द्वीप हैं वे समुद्रकी वेदीसे छह सौ योजनकी दूरी पर हैं। इनका विस्तार पच्चीस योजन है।

पूर्वदिशाके द्वीपमे एक पैर वाले मनुष्य होते हैं। दक्षिण दिशाके द्वीपमे मनुष्य शृङ्ग (सींग) सहित होते हैं। पश्चिम दिशाके द्वीपमे पूँछवाले मनुष्य होते हैं। उत्तर दिशाके द्वीपमे गूँगे मनुष्य होते हैं। आग्नेय दिशामें शश (खरहा) के समान कान वाले और नैर्ऋत्य दिशामें शष्कुलीके समान कानवाले मनुष्य होते हैं। वायव्य दिशामें मनुष्योंके कान इतने बड़े होते हैं कि वे उनको ओढ़ सकते हैं। ऐशान दिशामें मनुष्योंके लम्बे कान वाले मनुष्य होते हैं।

पूर्व और आग्नेयके अन्तरालमे अश्वके समान मुखवाले आग्नेय और दक्षिणके अन्तराल मे सिहके समान मुखवाले, दक्षिण और नैऋत्यके अन्तरालमे भषण–कुत्तेके समान मुखवाले, नैऋत्य और पश्चिमके अन्तरालमे गर्वर (उल्लू) के समान मुखवाले, पश्चिम और वायव्यके अन्तरालमें शूकरके समान मुखवाले, वायव्य और उत्तरके अन्तरालमे व्याघ्रके समान मुखवाले, उत्तर और ऐशानके अन्तरालमे काकके समान मुखवाले और ऐशान और पूर्वके अन्तराल मे कपि (बन्दर)के समान मुखवाले मनुष्य होते हैं।

हिमवान् पर्वतके पूर्व पार्श्वमे मछलीके समान मुखवाले और पश्चिम पार्श्वमे काले मुखवाले, शिखरी पर्वतके पूर्व पार्श्वमे मेघके समान मुखवाले और पश्चिम पार्श्वमे विद्युत्‌के, दक्षिणदिशाके विजयार्द्धके पूर्व पार्श्वमें गायके समान मुखवाले और पश्चिम पार्श्वमे मेषके समान मुखवाले और उत्तरदिशामे विजयार्द्धके पूर्व पार्श्वमे हाथीके समान मुखवाले और पश्चिम पार्श्वमे दर्पणके समान मुखवाले मनुष्य होते हैं।

एक पैरवाले मनुष्य मिट्टी खाते हैं और गुहाओंमे रहते हैं। अन्य मनुष्य वृक्षोंके नीचे रहते हैं और फल-पुष्प खाते हैं। इनकी आयु एक पल्य और शरीरकी ऊँचाई दो हजार धनुष है।

उक्त चौबीस द्वीप लवणसमुद्रके भीतर है। इसी प्रकार लवणसमुद्रके बाहर भी चौबीस द्वीप है। लवण समुद्रके कालोदसमुद्रसम्बन्धी भी अड़तालीस द्वीप है। सब मिलाकर छ्यानवे म्लेच्छ द्वीप होते है। ये सब द्वीप जलसे एक योजन ऊपर है। इन द्वीपोंमे उत्पन्न होनेवाले मनुष्य अन्तर्द्वीपज म्लेच्छ कहलाते है।

पुलिन्द, शबर, यवन, खस, बर्बर आदि कर्मभूमिज म्लेच्छ है।

कर्म भूमियोंका वर्णन—

भरतैरावतविदेहाः कर्मभूमयोऽन्यत्र देवकुरूत्तरकुरुभ्यः ॥ ३७ ॥

पॉच भरत, पॉच ऐरावत और देवकुरु एवं उत्तर कुरुको छोड़कर पॉच विदेह–इस प्रकार पन्द्रह कर्मभूमियॉ है।

इसके अतिरिक्त भूमियॉ भोगभूमि ही है किन्तु अन्तर्द्वीपोमे कल्पवृक्ष नही होते।

भोगभूमिके सब मनुष्य मरकर देव ही होते है। किसी आचार्यका ऐसा मत है कि चार अन्तर्द्वीप हैं वे कर्मभूमिके समीप हैं अतः उनमे उत्पन्न होने वाले मनुष्य चारों गतियोंमे जा सकते है।

मानुषोत्तर पर्वतके आगे और स्वयम्भूरमण द्वीपके मध्यमें स्थित स्वयंप्रभ पर्वतके पहिले जितने द्वीप हैं उन सबमे एकेन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय जीव ही होते है। ये द्वीप कुभोगभूमि कहलाते हैं। इनमे असख्यात वर्षकी आयुवाले और एक कोस ऊँचे पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च ही होते है, मनुष्य नही। इनके आदिके चार गुणस्थान ही हो सकते हैं।

मानुषोत्तर पर्वत सत्रह सौ इक्कीस योजन ऊँचा है, और चार सौ तीस योजन भूमिके अन्दर है, मूलमे एक सौ बाईस योजन, मध्यमे सात सौ तेतीस योजन, ऊपर चार सौ चौबीस योजन विस्तारवाला है। मानुषोत्तरके ऊपर चारों दिशाओंमे चार चैत्यालय हैं।

सर्वार्थसिद्धिको देनेवाला उत्कृष्ट शुभकर्म और सातवे नरकमें ले जानेवाला उत्कृष्ट अशुभ कर्म यहीं पर किया जाता है। तथा असि, मसि, कृषि, वाणिज्य आदि कर्म यही पर

किया जाता है इसलिये इनको कर्मभूमि कहते हैं। यद्यपि सम्पूर्ण जगत्‌मे ही कर्म किया जाता है किन्तु उत्कृष्ट शुभ और अशुभ कर्मका आश्रय होनेसे इनको ही कर्मभूमि कहा गया है।

स्वयम्प्रभ पर्वतसे आगे लोकके अन्त तक जो तिर्यञ्च है उनके पॉच गुणस्थान हो सकते हैं। उनकी आयु एक पूर्वकोटिकी है। वहॉके मत्स्य सातवे नरकमें ले जाने वाले पापका बन्ध करते हैं। कोई कोई थलचर जीव स्वर्ग आदिके हेतुभूत पुण्यका भी उपार्जन करते है। इसलिये आधा स्वयंभूरमण द्वीप, पूरा स्वयंभूरमण समुद्र और समुद्रके बाहर चारों कोने कर्मभूमि कहलाते है।

मनुष्योंकी आयुका वर्णन—

नृस्थिती परावरे त्रिपल्योपमान्तर्मुहूर्ते ॥ ३८ ॥

मनुष्योंकी उत्कृष्ट आयु तीन पल्य और जघन्य आयु अन्तर्मुहूर्त है।

पल्यके तीन भेद हैं—व्यवहार पल्य, उद्धार पल्य और अद्धा पल्य।

व्यवहार पल्यसे सख्याका, उद्धार पल्यसे द्वीप समुद्रोंका और अद्धा पल्यसे कर्मो की स्थितिका वर्णन किया जाता है। व्यवहार पल्यका स्वरूप प्रमाणाङ्गुलसे परिमित एक प्रमाण योजन होता है। अवसर्पिणी कालके प्रथम चक्रवर्तीके अङ्गुलको प्रमाणाङ्गुल कहते है। चौबीस प्रमाणाङ्गुलका एक हाथ होता है। चार हाथका एक दण्ड होता है। दो हजार दण्डोंकी एक प्रमाणगव्यूति होती है। चार गव्यूतिका एक प्रमाणयोजन होता है। अर्थात् पॉच सौ मानव योजनोंका एक प्रमाणयोजन होता है। मानव योजनका स्वरूप—

आठ परमाणुओंका एक त्रसरेणु होता है। आठ त्रसरेणुओंका एक रथरेणु होता है। आठ रथरेणुओंका एक चिकुराग्र होता है। आठ चिकुराग्रोंकी एक लिक्षा होती है। आठ लिक्षाओंका एक सिद्धार्थ होता है। आठ सिद्धार्थोंका एक यव होता है। आठ यवोंका एक अङ्गुल होता है। छह अङ्गुलोंका एक पाद होता है। दो पादोंकी एक वितस्ति होती है। दो वितस्तियोंकी एक रति होती है। चार रतियोंका एक दण्ड होता है। दो हजार दण्डोंकी एक गव्यूति होती है। चार गव्यूतिका एक मानवयोजन होता है। और पांच सौ मानव-योजनोंका एक प्रमाणयोजन होता है।

एक प्रमाणयोजन लम्बा, चौड़ा और गहरा एक गोल गड्ढा हो। सात दिन तकके भेपके बच्चोंके बालोंको कैंचीसे कतर कर इस प्रकार टुकड़े किये जाय कि फिर दूसरा टुकड़ा न हो सके। उन सूक्ष्म बालोंके टुकड़ोंसे वह गड्ढा कूट कूटकर भर दिया जाय इस गड्ढे को व्यवहारपल्य कहते है। पुनः सौ वर्षके बाद उस गड्ढेमेसे एक एक टुकड़ा निकाला जावे। इस क्रमसे सम्पूर्ण रोमखण्डोंके निकलनेमें जितना समय लगे उतने समयको व्यवहारपल्योपम कहते है।

पुनः असख्यात करोड़ वर्षोंके जितने समय हो उतने समयोंसे प्रत्येक रोमखण्डो-का गुणा करे और इस प्रकारके रोमखण्डोंसे फिर उस गड्ढेको भर दिया जाय। इस गड्ढे-का नाम उद्धारपल्य है। पुनः एक एक समयके बाद एक एक रोमखण्डको निकालना चाहिए। इस क्रमसे सम्पूर्ण रोमखण्डोंके निकलनेमे जितना समय लगे उतने समयको उद्धार-पल्योपम कहते है। दश कोड़ाकोड़ी उद्धारपल्योंका एक उद्धारसागर होता है।

अढ़ाई उद्धारसागरों अथवा पच्चीस कोड़ाकोड़ी उद्धारपल्योंके जितने रोमखण्ड होते हैं उतने ही द्वीप समुद्र हैं।

एक वर्षके जितने समय होते है उनसे उद्धारपल्यके प्रत्येक रोमखण्डका गुणा करे और ऐसे रोमखण्डोंसे फिर वह गड्ढा भर दिया जाय तब इस गड्ढेका नाम अद्धा पल्य है। पुनः एक एक समयके बाद एक एक रोमखण्डको निकालने पर समस्त रोमखण्डोंके निकलनेमें जितने समय लगें उतने कालका नाम अद्धापल्योपम है।

दश कोड़ाकोड़ी अद्धापल्योंका एक अद्धासागर होता है। और दश कोड़ाकोड़ी अद्धासागरोंकी एक उत्सर्पिणी होती है। अवसर्पिणीका प्रमाण भी यही है।

अद्धापल्योपमसे नरक तिर्यञ्च देव और मनुष्योंकी कर्मकी स्थिति, आयुकी स्थिति कायकी स्थिति और भवकी स्थिति गिनी जाती है।

तिर्यञ्चोंकी स्थिति—

तिर्यग्योनिजानाञ्च ॥ ३९ ॥

मनुष्योंकी तरह तिर्यञ्चोंकी भी उत्कृष्ट और जघन्य आयु क्रमसे तीन पल्य और अन्तर्मुहूर्त है।

इस अध्याय मे नरक, द्वीप, समुद्र, कुलपर्वत, पद्मादि ह्रद, गंगादि नदी, मनुष्योंके भेद, मनुष्य तिर्यञ्चोंकी आयु आदिका वर्णन है।

तृतीय अध्याय समाप्त

चतुर्थ अध्याय

देवोंके भेद—

देवाश्चतुर्णिकायाः ॥ १ ॥

देवोंके चार भेद हैं—भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी और कल्पवासी।

देवगति नाम कर्मके उदय होनेपर और नाना प्रकारकी विभूति युक्त होनेके कारण जो द्वीप, समुद्र, पर्वत आदि स्थानोंमें अपनी इच्छानुसार क्रीड़ा करते हैं उनको देव कहते हैं। जातिकी अपेक्षा 'देवाश्चतुर्णिकायः' ऐसा एकवचनान्त सूत्र होनेपर भी काम चल जाता फिर भी सूत्रमें बहुवचनका प्रयोग प्रत्येक निकायके अनेक भेद बतलानेके लिये किया गया है।

देवोंमें लेश्याका वर्णन—

आदितस्त्रिषु पीतान्तलेश्याः ॥ २ ॥

भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंके कृष्ण, नील, कापोत और पीत ये चार लेश्याएँ ही होती हैं।

निकायोंके प्रभेद—

दशाष्टपञ्चद्वादशविकल्पाः कल्पोपपन्नपर्यन्ताः ॥ ३ ॥

भवनवासी देवोंके दश भेद, व्यन्तर देवोंके आठ भेद, ज्योतिषी देवोंके पाँच भेद और कल्पोपपन्न अर्थात् सोलहवें स्वर्गतकके देवोंके बारह भेद होते हैं। ग्रैवेयक आदिमें सब अहमिन्द्र ही होते हैं इसलिये वहाँ कोई भेद नहीं है।

देवोंके सामान्य भेद—

इन्द्रसामानिकत्रायस्त्रिंशपारिषदात्मरक्षलोकपालानीकप्रकीर्ण-काभियोग्यकिल्विषिकाश्चैकशः ॥ ४ ॥

प्रत्येक निकायके देवोंमे इन्द्र, सामानिक, त्रायस्त्रिंश, पारिषद, आत्मरक्ष, लोकपाल, अनीक, प्रकीर्णक, आभियोग्य और किल्विषक-ये दश भेद होते हैं।

इन्द्र—जो अन्य देवोंमे नही रहनेवाली अणिमा आदि ऋद्धियोंको प्राप्तकर असाधारण ऐश्वर्यका अनुभव करते हैं उनको इन्द्र कहते हैं।

सामानिक—आज्ञा और ऐश्वर्यको छोड़कर जिनकी आयु, भोग, उपभोगादि इन्द्रके ही समान हों उनको सामानिक कहते हैं।

त्रायस्त्रिंश—मन्त्री और पुरोहितके कामको करनेवाले देव त्रायस्त्रिंश कहलाते हैं। ये संख्यामे तेतीस होते हैं।

पारिषद—सभामे बैठनेके अधिकारी देवोंको पारिषद कहते हैं।

आत्मरक्ष—इन्द्रकी रक्षा करनेवाले देव आत्मरक्ष कहलाते हैं।

लोकपाल—जो देव अन्य देवोंका पालन करते हैं उन्हे लोकपाल कहते हैं। ये आरक्षिक, अर्थचर और कोट्टपालके समान होते हैं। जो ग्राम आदिकी रक्षाके लिये नियुक्त

होते हैं उनको आरक्षक कहते हैं। अर्थ (धन) सम्बन्धी कार्यमें नियुक्त अर्थचर कहलाते हैं। पत्तन, नगर आदिकी रक्षाके लिये नियुक्त (कोट्टपाल) कहलाते हैं।

अनीक—जो हस्ति, अश्व, रथ, पदाति, वृषभ, गन्धर्व और नर्तकी इन सात प्रकारकी सेनामें रहते हैं वे अनीक हैं।

प्रकीर्णक—नगरवासियोंके समान जो इधर उधर फैले हुये हों उनको प्रकीर्णक कहते हैं।

आभियोग्य—जो नौकरका काम करते हैं वे आभियोग्य हैं।

किल्विषिक—किल्विष पापको कहते है। जो सवारीमे नियुक्त हों तथा नाई आदिकी तरह नीचकर्म करनेवाले होते है उनको किल्विषक कहते है।

त्रायस्त्रिंशलोकपालवर्ज्या व्यन्तरज्योतिष्काः ॥ ५ ॥

व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमे त्रायस्त्रिंश और लोकपाल नहीं होते है।

इन्द्रोंकी व्यवस्था—

पूर्वयोर्द्वीन्द्राः ॥ ६ ॥

भवनवासी और व्यन्तर देवोंमे प्रत्येक भेदसम्बन्धी दो दो इन्द्र होते है।

भवनवासी देवोंमे असुरकुमारोंके चमर और वैरोचन, नागकुमारोंके धरण और भूतानन्द, विद्युत्कुमारोंके हरिसिंह और हरिकान्त, सुवर्णकुमारोंके वेणुदेव और वेणुताली, अग्निकुमारोंके अग्निशिख और अग्निमाणव, वातकुमारोंके वेलम्ब और प्रभञ्जन, स्तनितकुमारोंके सुघोष और महाघोष, उदधिकुमारोंके जलकान्त और जलप्रभ, द्वीपकुमारोंके पूर्ण और अवशिष्ट, दिक्कुमारोंके अमितगति और अमितवाहन नामके इन्द्र होते है।

व्यन्तर देवोंमे किन्नरोंके किन्नर और किम्पुरुष, किम्पुरुषोंके सत्पुरुष और महापुरुष, महोरगोंके अतिकाय और महाकाय, गन्धर्वोंके गीतरति और गीतयश, यक्षोंके पूर्णभद्र और मणिभद्र, राक्षसोंके भीम और महाभीम, भूतोंके प्रतिरूप और अप्रतिरूप और पिशाचोंके काल और महाकाल नामके इन्द्र होते हैं।

देवोंके भोगोंका वर्णन—

कायप्रवीचारा आ ऐशानात् ॥ ७ ॥

ऐशान स्वर्गपर्यन्तके देव अर्थात् भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी और प्रथम तथा द्वितीय स्वर्गके देव मनुष्य और तिर्यञ्चोंके समान शरीरसे काम सेवन करते हैं।

मर्यादा और अभिविधि, क्रियायोग और ईषत् अर्थ मे "आङ्" उपसर्ग आता है। तथा वाक्य और स्मरण अर्थमे 'आ' उपसर्ग आता है 'आ' उपसर्ग की स्वरपरे रहते सन्धि नही होती। इस सूत्रमे आ और ए (आ + ऐ) इन दोनों की सन्धि हो सकती थी लेकिन सन्देहको दूर करनेके लिये आचार्यने सन्धि नही की है। यहां आ अभिविधिके अर्थमे प्रयुक्त हुआ है। अभिविधिमे उस वस्तुका भी ग्रहण होता है जिसका निर्देश आके बाद किया जाता है। जैसे इस सूत्रमे ऐशान स्वर्गका भी ग्रहण है।

शेषाः स्पर्शरूपशब्दमनःप्रवीचाराः ॥ ८ ॥

शेष देव (तृतीय स्वर्गसे सोलहवे स्वर्गतक) देवियोंके स्पर्शसे, रूप देखनेसे, शब्द सुननेसे और मनमे स्मरण मात्रसे काम सुखका अनुभव करते हैं।

सनत्कुमार और माहेन्द्रस्वर्गके देव और देवियाँ परस्परमें स्पर्शमात्रसे, ब्रह्म, ब्रह्मोत्तर, लान्तव और कापिष्ट स्वर्गके देव और देवियाँ एक दूसरेके रूपको देखनेसे; शुक्र, महाशुक्र, शतार और सहस्रार स्वर्गके देव और देवियाँ परस्पर शब्दश्रवणसे और आनत, प्राणत, आरण और अच्युत स्वर्गके देव और देवियाँ मनमें एक दूसरेके स्मरणमात्रसे अधिक सुखका अनुभव करती हैं।

परेऽप्रवीचाराः ॥ ९ ॥

नव ग्रैवेयक, नव अनुदिश और पञ्चोत्तर विमानवासी देव कामसेवनसे रहित होते हैं। इन देवोंको कामसेवनकी इच्छा ही नहीं होती है। उनके तो सदा हर्ष और आनन्द रूप सुखका अनुभव रहता है।

भवनवासियोंके भेद—

भवनवासिनोऽसुरनागविद्युत्सुपर्णाग्निवातस्तनितोदधिद्वीपदिक्कुमाराः ॥ १० ॥

भवनवासी देवोंके असुरकुमार, नागकुमार, विद्युत्कुमार, सुपर्णकुमार, अग्निकुमार, वातकुमार, स्तनितकुमार, उदधिकुमार, द्वीपकुमार और दिक्कुमार—ये दश भेद हैं।

भवनोंमें रहनेके कारण इन देवोंको भवनवासी कहते हैं।

जो परस्परमें दूसरोंको लड़ाकर उनके प्राणोंको लेते हैं उनको असुरकुमार कहते है। ये तृतीय नरक तकके नारकियोंको दुःख पहुँचाते हैं। पर्वत या वृक्षोंपर रहनेवाले देव नागकुमार कहलाते है। जो विद्युत्के समान चमकते हैं वे विद्युत्कुमार है। जिनके पक्ष (पंख) शोभित होते हैं वे सुपर्णकुमार हैं। जो पाताल लोकसे क्रीड़ा करनेके लिये ऊपर आते हैं वे अग्निकुमार कहलाते हैं। तीर्थंकरके विहारमार्गको शुद्ध करनेवाले वातकुमार हैं। शब्द करनेवाले देवोंको स्तनितकुमार कहते हैं। समुद्रोंमें क्रीड़ा करनेवाले उदधिकुमार। और द्वीपोंमे क्रीड़ा करनेवाले द्वीपकुमार कहलाते है। दिशाओंमे क्रीड़ा करनेवालोंको दिक्कुमार कहते हैं। असुरकुमारोंके प्रथम नरकके पङ्कबहुल भागमें और शेष भवनवासी देवोके खरबहुल भागमें भवन हैं।

व्यन्तरदेवोंके भेद—

व्यन्तराः किन्नरकिम्पुरुषमहोरगगन्धर्वयक्षराक्षसभूतपिशाचाः ॥ ११ ॥

व्यन्तर देवोंके किन्नर, किम्पुरुप, महोरग, गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, भूत और पिशाच—ये आठ भेद होते हैं।

नाना देशोंमें निवास करनेके कारण इनको व्यन्तर कहते हैं। जम्बूद्वीपके असंख्यात द्वीप-समुद्रको छोड़कर प्रथम नरकके खर भागमें राक्षसोंको छोड़कर अन्य सात प्रकारके व्यन्तर रहते हैं और पङ्कभागमे राक्षस रहते हैं।

ज्योतिषी देवोंके भेद—

ज्योतिष्काः सूर्याचन्द्रमसौ ग्रहनक्षत्रप्रकीर्णकतारकाश्च ॥ १२ ॥

ज्योतिषी देवोंके सूर्य, चन्द्रमा, ग्रह, नक्षत्र और तारा ये पाँच भेद हैं।

ज्योति (प्रकाश) युक्त होनेके कारण इनको ज्योतिषी कहते हैं।

इस पृथ्वीसे सात सौ नब्वे योजनकी ऊँचाई पर ताराओंके विमान हैं। ताराओंसे,

दश योजन ऊपर सूर्यके विमान है। सूर्यसे अस्सी योजन ऊपर चन्द्रमाका विमान है। इसके बाद चार योजन ऊपर नक्षत्र हैं। नक्षत्रोंसे चार योजन ऊपर बुध, बुधसे तीन योजन ऊपर शुक्र, शुक्रसे तीन योजन ऊपर बृहस्पति, बृहस्पतिसे तीन योजन ऊपर मङ्गल और मंगलसे तीन योजन ऊपर शनैश्चर देव रहते है। इस प्रकार मङ्गलसे एक सौ दश योजन प्रमाण आकाशमे ज्योतिपी देव रहते है। सूर्यसे कुछ कम एक योजन नीचे केतु और चन्द्रमासे कुछ कम एक योजन नीचे राहु रहते हैं।

सब ज्योतिपी देवोंके विमान ऊपर को स्थित अर्द्ध गोलकके आकारके होते हैं। चन्द्रमा, सूर्य और ग्रहोंको छोड़कर शेष ज्योतिपी देव अपने अपने एक ही मार्गमे गमन करते है।

ज्योतिषीदेवोंकी गति—

मेरुप्रदक्षिणा नित्यगतयो नृलोके ॥ १३ ॥

मनुष्यलोकके ज्योतिपी देव मेरुकी प्रदक्षिणा देते हुये सदा गमन करते रहते हैं। मनुष्यलोकसे बाहर ज्योतिपी देव स्थिर रहते है।

प्रश्न—ज्योतिपी देवोंके विमान अचेतन होते है। उनमे गमन कैसे सम्भव है ?

उत्तर—आभियोग्य जातिके देवों द्वारा ज्योतिषी देवके विमान खींचे जाते है। आभियोग्य देवोंका कर्मविपाक अन्य ज्योतिषी देवोंके विमानोंको खीचने पर ही होता है। मेरु से ग्यारहसौ इक्कीस योजन दूर रहकर ज्योतिपी देव भ्रमण करते रहते है।

जम्बूद्वीपमे दो सूर्य, छप्पन नक्षत्र और एक सौ छिहत्तर ग्रह है। लवणसमुद्रमे चार सूर्य, एक सौ बारह नक्षत्र और तीन सौ बावन ग्रह हैं।

धातकीखण्डद्वीपमें बारह सूर्य, तीन सौ छत्तीस नक्षत्र और एक हजार छप्पन ग्रह हैं। कालोद समुद्रमे ब्यालीस सूर्य, ग्यारह सौ छिहत्तर नक्षत्र और तीन हजार छह सौ निन्यानवे ग्रह हैं। और पुष्करार्द्ध द्वीपमे बहत्तर सूर्य, दो हजार सोलह नक्षत्र और छह हजार तीन सौ छत्तीस ग्रह हैं। चन्द्रमाओंकी संख्या सूर्यके बराबर है। प्रत्येक चन्द्रमाके ग्रहोकी संख्या अठासी है। और नक्षत्रोंकी संख्या अट्ठाईस है। मानुपोत्तर पर्वतसे बाहरके सूर्यादिकी संख्या आगमानुसार समझ लेनी चाहिये।

व्यवहारकालका हेतु—

तत्कृत. कालविभागः ॥ १४ ॥

दिन, रात, मास आदि व्यवहारकालका विभाग नित्य गमन करने वाले ज्योतिपी देवोके द्वारा किया जाता है। कालके दो भेद है—मुख्यकाल और व्यवहारकाल। मुख्यकालका वर्णन पाँचवें अध्यायमे किया जायगा। समय, आवली, मिनिट, घण्टा, दिन-रात आदि व्यवहारकाल हैं।

बहिरवस्थिताः ॥१५॥

मनुष्यलोकसे बाहरके सब ज्योतिपी देव स्थिर हैं।

चन्द्रमाके विमानके उपरितन भागका विस्तार प्रमाणयोजनके इकसठ भागोंमे से छप्पनभाग प्रमाण ($\frac{५६}{६१}$ योजन) है और सूर्यके विमानके उपरितनभागका विस्तार प्रमाण-

योजनके इकसठ भागोंमें से अड़तालीस भाग प्रमाण ($\frac{४८}{६१}$ योजन) है। शुक्रके विमानका विस्तार एक कोश, बृहस्पतिके विमानका विस्तार कुछ कम एक कोश और मङ्गल, बुध और शनिके विमानोंका विस्तार आधा कोश है।

वैमानिक देवोंका वर्णन—

वैमानिकाः ॥ १६ ॥

विमानोंमें रहनेवाले देव वैमानिक कहलाते हैं। जिनमें रहनेवाले जीव अपनेको विशेष पुण्यात्मा समझते हैं उनको विमान कहते हैं। विमान तीन प्रकारके होते हैं— इन्द्रकविमान, श्रेणिविमान और प्रकीर्णक विमान। मध्यवर्ती विमानको इन्द्रक विमान कहते है। जो विमान चारों दिशाओंमें पंक्तिमें अवस्थित रहते हैं वे श्रेणिविमान हैं। इधर उधर फैले हुए अक्रमबद्ध विमान प्रकीर्णक विमान, है।

इन विमानोमें जो देवप्रासाद हैं तथा जो शाश्वत जिनचैत्यालय हैं वे सब अकृत्रिम हैं। इनका परिमाण मानवयोजन कोश आदिसे जाना जाता है। अन्य शाश्वत या अकृत्रिम पदार्थोंका परिमाण प्रमाणयोजन कोश आदिसे किया जाता है। यह परिभाषा है। परिभाषा नियम बनानेवाली होती है।

वैमानिक देवोंके भेद—

कल्पोपपन्नाः कल्पातीताश्च ॥ १७ ॥

वैमानिक देवोंके दो भेद हैं—कल्पोपपन्न और कल्पातीत। कल्प अर्थात् सोलह स्वर्गोमें उत्पन्न होनेवाले देव कल्पोपपन्न और नवग्रैवेयक, नव अनुदिश और पांच अनुत्तर विमानोमें उत्पन्न होनेवाले देव कल्पातीत कहलाते हैं।

यद्यपि भवनवासी व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें भी इन्द्र आदिका कल्प या भेद है फिर भी रूढिके कारण वैमानिक देवोंकी ही कल्पोपपन्न सञ्ज्ञा है।

विमानोंका क्रम—

उपर्युपरि ॥ १८ ॥

कल्पोपपन्न और कल्पातीत देवोंके विमान क्रमशः ऊपर ऊपर है। अथवा उपरि उपरि शब्द समीपवाची भी हो सकता है। इसलिये यह भी अर्थ हो सकता है कि प्रत्येक पटलमे दो दो स्वर्ग समीपवर्ती हैं। जिस पटलमे दक्षिण दिशामे सौधर्म स्वर्ग है, उसी पटलमें उत्तर दिशामें उसके समीपवर्ती ऐशान स्वर्ग भी है।

वैमानिक देवोंके रहनेका स्थान—

सौधर्मैशानसानत्कुमारमाहेन्द्रब्रह्मब्रह्मोत्तरलान्तवकापिष्टशुक्रमहाशुक्रशतारसहस्रारेष्वानतप्राणतयोरारणाच्युतयोर्नवसु ग्रैवेयकेषु विजयवैजयन्तजयन्तापराजितेषु सर्वार्थसिद्धौ च ॥ १९ ॥

सौधर्म ऐशान सानत्कुमार माहेन्द्र ब्रह्म ब्रह्मोत्तर लान्तव कापिष्ट शुक्र महाशुक्र शतार सहस्रार आनत प्राणत आरण और अच्युत इन सोलह स्वर्गोमे तथा नवग्रैवेयक नव अनुदिश और विजय वैजयन्त जयन्त अपराजित और सर्वार्थसिद्धि इन पांच अनुत्तर विमानों मे वैमानिक देव रहते है।

इस सूत्र मे यद्यपि नव अनुदिशोंका नाम नहीं आया है लेकिन 'नवसु ग्रैवेयकेषु' मे नव शब्दको नव अनुदिशोंको ग्रहण करनेके लिये पृथक् रखा गया है। सूत्रमें सर्वार्थसिद्धिको सर्वोत्कृष्ट होनेके कारण "सर्वार्थसिद्धौ" इस प्रकार पृथक् रक्खा गया है। प्रत्येक स्वर्गका नाम उस स्वर्गके इन्द्रके नामसे पड़ा है।

सबसे नीचे सौधर्म और ऐशान कल्प हैं। और इनके ऊपर अच्युत स्वर्ग पर्यन्त क्रमशः दो दो कल्प हैं। आरण और अच्युत कल्पके ऊपर नव ग्रैवेयक, नव ग्रैवेयकोंके ऊपर नव अनुदिश और नव अनुदिशोंके ऊपर पांच अनुत्तर विमान हैं।

एक लाख योजन ऊंचा मेरुपर्वत है। मेरुपर्वतकी चोटी और सौधर्मस्वर्गके इन्द्रक ऋतुविमानमे एक बालमात्रका अन्तर है। मेरुसे ऊपर ऊर्ध्वलोक मेरुसे नीचे अधोलोक और मेरुके बराबर मध्यलोक या तिर्यक् लोक है।

सौधर्म और ऐशान स्वर्गके इकतीस पटल हैं। उनमे प्रथम ऋतु पटल है। ऋतु पटलके बीचमे ऋतु नामक पैतालीस लाख योजन विस्तृत इन्द्रक (मध्यवर्ती) विमान है। ऋतु विमानसे चारो दिशाओंमें चार विमान श्रेणियाँ है। प्रत्येक विमानश्रेणीमे बासठ विमान हैं। विदिशाओंमें प्रकीर्णक विमान है। ऋतु पटलसे ऊपर प्रभा नामक अन्तिम पटल पर्यन्त प्रत्येक पटलके प्रत्येक श्रेणी विमानोंकी संख्या क्रमसे एक एक कम होती गई है। इस प्रकार अन्तिम पटलमें प्रत्येक दिशामे बत्तीस श्रेणी विमान हैं। प्रभा नामक इकतीसवे पटलके मध्यमें प्रभा नामक इन्द्रक विमान है। इन्द्रक विमानकी चारों दिशाओंमे चार विमान श्रेणियाँ हैं। प्रत्येक विमान श्रेणीमे बत्तीस विमान हैं। दक्षिण दिशामे जो विमानश्रेणी है उसके अठारहवे विमानमें सौधर्म इन्द्रका निवास है। और उत्तर दिशाके अठाहरवे विमानमे ऐशान इन्द्र रहता है। उक्त दोनों विमानोंके तीन तीन कोट हैं। बाहरके कोटमें अनीक और पारिषद जातिके देव रहते है। मध्यके कोटमे त्रायस्त्रिंश देव रहते हैं और तीसरे कोटके भीतर इन्द्र रहता है। इस प्रकार सब स्वर्गोमे इन्द्रोंका निवास समझना चाहिये।

पूर्व, पश्चिम और दक्षिण दिशाकी तीन विमान श्रेणियाँ और आग्नेय और नैर्ऋत्य दिशासे प्रकीर्णक विमान सौधर्म स्वर्गकी सीमामे हैं। उत्तरदिशाकी एक विमान श्रेणी और ईशान दिशाके प्रकीर्णक विमान ऐशान स्वर्गकी सीमामे हैं।

इसके ऊपर सानत्कुमार और माहेन्द्र स्वर्ग हैं। इनके सात पटल हैं। प्रथम अञ्जन पटलके मध्यमे अञ्जन नामक इन्द्रक विमान है। इन्द्र विमानकी चारों दिशाओंमे चार विमान श्रेणियाँ हैं। प्रत्येक श्रेणीमे इकतीस विमान हैं। प्रथम पटलसे अन्तिम पटल पर्यन्त प्रत्येक पटलमे प्रत्येक श्रेणीमे विमानोंकी संख्या क्रमशः एक एक कम है। सातवे पटलमे इन्द्रक विमानकी चारों दिशाओंमे चार विमान श्रेणियाँ हैं। प्रत्येक श्रेणीमे पच्चीस विमान है। इस पटल की दक्षिण श्रेणीके पन्द्रहवे विमानमें सानत्कुमार और उत्तर श्रेणीके पन्द्रहवे विमानमें माहेन्द्र इन्द्र रहते हैं।

इसके ऊपर ब्रह्म और ब्रह्मोत्तर स्वर्ग है। इनके चार पटल है। प्रथम अरिष्ट पटलके मध्यमें अरिष्ट नामक इन्द्रक विमानकी चारों दिशाओंमें चार विमान श्रेणियाँ है। प्रत्येक श्रेणीमे चौबीस विमान है। ऊपरके पटलोंमें श्रेणीविमानोंकी संख्या क्रमशः एक एक कम है। चौथे पटलमे प्रत्येक श्रेणीमें इक्कीस विमान हैं। इस पटलकी दक्षिण श्रेणीके बारहवे विमानमे ब्रह्मेन्द्र और उत्तर श्रेणीके बारहवे विमानमे ब्रह्मोत्तर इन्द्र रहते है।

इसके ऊपर लान्तव और कापिष्ट स्वर्ग हैं। इनके दो पटल हैं—ब्रह्महृदय और लान्तव। प्रथम पटलकी प्रत्येक विमानश्रेणीमें बीस विमान हैं। और द्वितीय पटलकी प्रत्येक विमानश्रेणीमें उन्नीस विमान हैं। इस पटलकी दक्षिण श्रेणीके नौवें विमानमें लान्तव और उत्तर श्रेणीके नौवे विमानमे कापिष्ट इन्द्र रहते हैं।

इसके ऊपर शुक्र और महाशुक्र स्वर्ग है। इनमे महाशुक्र नामक एक ही पटल है। इस पटलके मध्यमें महाशुक्र नामक इन्द्रक विमान है। चारों दिशाओंमें चार विमानश्रेणियाँ हैं। प्रत्येक विमानश्रेणीमे अठारह विमान हैं। दक्षिण श्रेणीके बारहवें विमानमें शुक्र और उत्तर श्रेणीके बारहवे विमानमे महाशुक्र इन्द्र रहते है।

इसके ऊपर शतार और सहस्रार स्वर्ग हैं। इनमें सहस्रार नामक एक ही पटल है। चारों दिशाओंकी प्रत्येक श्रेणीमे सत्रह विमान हैं। दक्षिण श्रेणीके नौवे विमानमें शतार और उत्तर श्रेणीके नौवें विमानमे सहस्रार इन्द्र रहते है।

इसके ऊपर आनत, प्राणत, आरण और अच्युत स्वर्ग हैं। इनमें छह पटल है। अन्तिम अच्युत पटलके मध्यमे अच्युत नामक इन्द्रक विमान है। इन्द्रक विमानसे चारो दिशाओंमें चार विमानश्रेणियाँ हैं। प्रत्येक विमानश्रेणीमें ग्यारह विमान हैं। इस पटलकी दक्षिण श्रेणीके छठवें विमानमे आरण और उत्तर श्रेणीके छठवे विमानमें अच्युत इन्द्र रहते हैं।

इस प्रकार लोकानुयोग नामक ग्रन्थमे चौदह इन्द्र बतलाये हैं। श्रुतसागर आचार्यके मतसे तो बारह ही इन्द्र होते हैं। आदिके चार और अन्तके चार इन आठ स्वर्गोंके आठ इन्द्र और मध्यके आठ स्वर्गोंके चार इन्द्र अर्थात् ब्रह्म, लान्तव, शुक्र और शतार इस प्रकार सोलह स्वर्गोंमे बारह इन्द्र होते हैं।

विमानोंकी संख्या—सौधर्म स्वर्गमे बत्तीस लाख, ऐशान स्वर्गमे अट्ठाईस लाख, सानत्कुमार स्वर्गमें बारह लाख, माहेन्द्रमें आठ लाख, ब्रह्म और ब्रह्मोत्तरमे चालीस लाख, लान्तव और कापिष्टमें पचास हजार, शुक्र और महाशुक्रमे चालीस हजार, शतार और सहस्रारमें छह हजार, आनत, प्राणत, आरण और अच्युत स्वर्गमे सात सौ विमान हैं। प्रथम तीन ग्रैवेयकोंमे एक सौ ग्यारह, मध्यके तीन ग्रैवेयकोंमे एक सौ सात और ऊपरके तीन ग्रैवेयकोंमें एकानवे विमान हैं। नव अनुदिशमें नौ विमान है। सर्वार्थसिद्धि पटलमे पाँच विमान हैं जिनमे मध्यवर्ती विमानका नाम सर्वार्थसिद्धि है। पूर्व, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर दिशामे क्रमसे विजय, वैजयन्त, जयन्त और अपराजित विमान हैं।

विमानोंका रंग—सौधर्म और ऐशान स्वर्गके विमानोंका रङ्ग श्वेत, पीला, हरा, लाल और काला है। सानत्कुमार और महेन्द्र स्वर्गमें विमानोंका रङ्ग श्वेत, पीला, हरा और लाल है। ब्रह्म, ब्रह्मोत्तर, लान्तव और कापिष्ट स्वर्ग मे विमानोंका रंग श्वेत, पीला और लाल है। शुक्रसे अच्युत स्वर्ग पर्यन्त विमानोंका रंग श्वेत और पीला है। नव ग्रैवेयक, नव अनुदिश और अनुत्तर विमानोंका रंग श्वेत ही है। सर्वार्थसिद्धि विमान परमशुक्ल है और इसका विस्तार जम्बूद्वीपके समान है। अन्य चार विमानोंका विस्तार असंख्यात करोड़ योजन है।

उक्त त्रेसठ पटलोंका अन्तर भी असंख्यात करोड़ योजन है।

मेरुसे ऊपर डेढ़ राजू पर्यन्त क्षेत्रमे सौधर्म और ऐशान स्वर्ग हैं। पुनः डेढ़ राजू प्रमाण क्षेत्रमे सानत्कुमार और माहेन्द्र स्वर्ग हैं। ब्रह्मसे अच्युत स्वर्ग पर्यन्त दो दो स्वर्गोंकी ऊँचाई आधा राजू है। और ग्रैवेयकसे सिद्धशिला तक एक राजू ऊंचाई है। ऊर्ध्वलोकमें जितने विमान हैं सभीमे जिनमन्दिर हैं।

वैमानिक देवोंमें उत्कर्ष

स्थितिप्रभावसुखद्युतिलेश्याविशुद्धीन्द्रियावधिविषयतोऽधिकाः ॥ २० ॥

वैमानिक देवोंमें क्रमशः ऊपर ऊपर आयु, प्रभाव-शाप और अनुग्रहकी शक्ति,सुख इन्द्रियसुख, दीप्ति-शरीरकान्ति, लेश्याओंकी विशुद्धि, इन्द्रियोंका विषय और अवधि ज्ञानके विषयकी अधिकता पाई जाती है।

वैमानिक देवोंमे अपकर्ष—

गतिशरीरपरिग्रहाभिमानतो हीनाः ॥ २१ ॥

वैमानिक देव गमन, शरीर, परिग्रह और अभिमानकी अपेक्षा क्रमशः ऊपर ऊपर हीन हैं।

ऊपर ऊपरके देवोंमें गमन, परिग्रह और अभिमानकी हीनता है।

शरीरका परिमाण—सौधर्म और ऐशान स्वर्गमे शरीरकी ऊँचाई सात अरत्नि, सानत्कुमार और माहेन्द्रमें छह अरत्नि, ब्रह्म ब्रह्मोत्तर लान्तव और कापिष्टमे पाँच अरत्नि, शुक्र महाशुक्र शतार और सहस्रारमे चार अरत्नि, आनत और प्राणतमे साढ़े तीन अरत्नि और आरण और अच्युतमे तीन अरत्नि शरीरकी ऊँचाई है। प्रथम तीन ग्रैवेयकोंमे ढाई अरत्नि, मध्यग्रैवेयकमे दो अरत्नि, ऊर्ध्व ग्रैवेयक और नव अनुदिशमें डेढ़ अरत्नि शरीरकी ऊँचाई है। पाँच अनुत्तर विमानोंमे शरीरकी ऊँचाई केवल एक हाथ है। मुडे हाथको अरत्नि कहते हैं।

वैमानिक देवोंमे लेश्याका वर्णन—

पीतपद्मशुक्ललेश्या द्वित्रिशेषेषु ॥ २२ ॥

दो युगलोंमें, तीन युगलोंमे और शेषके विमानोंमे क्रमशः पीत, पद्म और शुक्ल लेश्या होती है।

सौधर्म, ऐशान, सानत्कुमार और माहेन्द्र स्वर्गमें पीत लेश्या होती है। विशेष यह है कि सानत्कुमार और माहेन्द्रमें मिश्र–पीत और पद्म लेश्या होती है। ब्रह्म, ब्रह्मोत्तर, लान्तव, कापिष्ठ, शुक्र और महाशुक्र स्वर्गमें पद्म लेश्या होती है। लेकिन शुक्र, महाशुक्र, शतार और सहस्रार स्वर्गमे मिश्र—पद्म और शुक्ल लेश्या होती है। आनत, प्राणत, आरण और अच्युत स्वर्गमे और नव ग्रैवेयकोंमे शुक्ल लेश्या होती है। नव अनुदिश और पाँच अनुत्तर विमानोंमें परमशुक्ल लेश्या होती है।

यद्यपि सूत्रमे मिश्रलेश्याका ग्रहण नहीं किया है किन्तु साहचर्यसे मिश्रका भी ग्रहण कर लेना चाहिये, जैसे 'छाते वाले जा रहे हैं' ऐसा कहने पर जिनके पास छाता नहीं है उनका भी ग्रहण हो जाता है उसी प्रकार एक लेश्याके कहनेसे उसके साथ मिश्रित दूसरी लेश्याका भी ग्रहण हो जाता है। सूत्रका अर्थ इस प्रकार करना चाहिये—

सौधर्म और ऐशान स्वर्गमे पीत लेश्या और सानत्कुमार और माहेन्द्र स्वर्गमे मिश्र-पीत और पद्मलेश्या होती है। लेकिन पद्मलेश्याकी विवक्षा न करके सानत्कुमार और माहेन्द्रस्वर्ग मे पीतलेश्या ही कही गई है। ब्रह्मसे लान्तव स्वर्ग पर्यन्त पद्मलेश्या और शुक्रसे सहस्रार स्वर्ग पर्यन्त मिश्र-पद्म और शुक्ल लेश्या होती है लेकिन शुक्र और महाशुक्रमे शुक्ललेश्या की विवक्षा न करके पद्म लेश्या ही कही गई है। इसी प्रकार शतार और सहस्रार स्वर्गमे पद्मलेश्याकी विवक्षा न करके शुक्ललेश्या ही सूत्रमे कही गई है।

कल्पकी सीमा—

प्राग्ग्रैवेयकेभ्यः कल्पाः ॥ २३ ॥

ग्रैवेयकोंसे पहिलेके विमानोंकी कल्प संज्ञा है। अर्थात् सोलह स्वर्गोंको कल्प कहते हैं। नव ग्रैवेयक, नव अनुदिश और पाँच अनुत्तर विमान कल्पातीत कहलाते है।

लौकान्तिक देवोंका निवास—

ब्रह्मलोकालया लौकान्तिकाः ॥ २४ ॥

लौकान्तिक देव ब्रह्मलोक नामक पांचवे स्वर्गमें रहते हैं।

प्रश्न—यदि ब्रह्मलोकमें रहनेके कारण इनको लौकान्तिक कहते हैं तो ब्रह्मलोक-निवासी सब देवोंको लौकान्तिक कहना चाहिये।

उत्तर-लौकान्तिक यह यथार्थ नाम है और इसका प्रयोग ब्रह्मलोक निवासी सब देवोंके लिये नहीं हो सकता। लोकका अर्थ है ब्रह्मलोक। ब्रह्मलोकके अन्तको लोकान्त और लोकान्तमें रहनेवाले देवोंका नाम लौकान्तिक है। अथवा संसारको लोक कहते हैं। और जिनके संसारका अन्त समीप है उन देवोंको लौकान्तिक कहते हैं। लौकान्तिक देव स्वर्गसे च्युत होकर मनुष्य भव धारणकर मुक्त हो जाते हैं। अतः लौकान्तिक यह नाम सार्थक है।

लौकान्तिक देवोंके भेद—

सारस्वतादित्यवह्न्यरुणगर्दतोयतुषिताव्याबाधारिष्टाश्च ॥ २५ ॥

सारस्वत, आदित्य, वह्नि, अरुण, गर्दतोय, तुषित, अव्याबाध और अरिष्ट ये आठ प्रकारके लौकान्तिक देव होते हैं।

जो चौदह पूर्वके ज्ञाता हों वे सारस्वत कहलाते हैं। देवमाता अदितिकी सन्तानको आदित्य कहते हैं। जो वह्निके समान देदीप्यमान हों वे वह्नि हैं। उदीयमान सूर्यके समान जिनकी कान्ति हो वे अरुण कहलाते है।

शब्दको गर्द और जलको तोय कहते हैं। जिनके मुखसे शब्द जलके प्रवाहकी तरह निकले वे गर्दतोय हैं। जो संतुष्ट और विषय सुखसे परान्मुख रहते हैं वे तुषित है। जिनके कामादिजनित बाधा नही है वे अव्याबाध हैं। जो अकल्याण करने वाला कार्य नहीं करते हैं उनको अरिष्ट कहते हैं। सारस्वत आदि देवोंके विमान क्रमशः ईशान, पूर्व, आग्नेय, दक्षिण, नैर्ऋत्य, पश्चिम, वायव्य और उत्तर दिशामें हैं। इनके अन्तरालमे भी दो दो देवोके विमान हैं। सारस्वत और आदित्यके अन्तरालमे अग्न्याभ और सूर्याभ, आदित्य और वह्निके अन्तरालमे चन्द्राभ और सत्याभ, वह्नि और अरुणके अन्तरालमे श्रेयस्कर और क्षेमंकर, अरुण और गर्दतोयके अन्तरालमें वृषभेष्ट और कामचर, गर्दतोय और तुषितके मध्यमे निर्माणरज और दिगन्तरक्षित, तुषित और अव्याबाधके मध्यमे आत्मरक्षित और सर्वरक्षित, अव्याबाध और अरिष्टके मध्यमे मरुत और वसु और अरिष्ट और सारस्वतके मध्यमे अपूर्व और विश्व रहते हैं।

सब लौकान्तिक स्वाधीन, विषय सुखसे परान्मुख, चौदह पूर्वके ज्ञाता और देवोंसे पूज्य होते हैं। ये देव तीर्थकरोंके तपकल्याणकमें ही आते हैं।

लौकान्तिक देवोंकी संख्या चार लाख सात हजार आठ सौ बीस है।

विजय आदि विमानवासी देवोंकी संसारकी अवधि

विजयादिषु द्विचरमाः ॥ २६ ॥

विजय, वैजयन्त, जयन्त और अपराजित विमानवासी अहमिन्द्र मनुष्यके दो भव धारणकर नियमसे मोक्ष चले जाते हैं। यहाँ मनुष्यभवकी अपेक्षासे इनको द्विचरम कहा है। कोई भी अहमिन्द्र विजयादिसे च्युत होकर मनुष्यगतिमे आयगा, पुनः वह मनुष्यभव समाप्त कर विजयादिमें ही उत्पन्न होगा। फिर विजयादिसे च्युत होकर मनुष्यभव धारणकर नियमसे मोक्ष चला जायगा, इस प्रकार मनुष्यभवकी अपेक्षा दो भव और मनुष्यभवमें देव पर्यायको भी मिला देनेसे दो मनुष्यभव और एक देवभव इस प्रकार विजय आदिमे उत्पन्न होनेवाले अहमिन्द्रोंके तीन भव और बाकी रह जाते हैं। लेकिन सर्वार्थसिद्धिके अहमिन्द्र एकभवावतारी होते हैं। वे मनुष्यका एक भव धारण करके ही मोक्ष चले जाते है।

तिर्यञ्चोंका वर्णन—

औपपादिकमनुष्येभ्यः शेषास्तिर्यग्योनयः ॥ २७ ॥

उपपाद जन्मवाले देव और नारकी तथा मनुष्योंको छोड़कर शेष समस्त संसारी जीव तिर्यञ्च हैं। तिर्यञ्च सम्पूर्ण लोकमे व्याप्त हैं।

भवनवासी देवोंकी उत्कृष्ट आयु—

स्थितिरसुरनागसुपर्णद्वीपशेषाणां सागरोपमत्रिपल्योपमार्द्धहीनमिताः ॥ २८ ॥

भवनवासी देवोंमे असुरकुमार, नागकुमार, सुपर्णकुमार, द्वीपकुमार और शेषके छह कुमारोंकी उत्कृष्ट आयु क्रमसे एक सागर, तीन पल्य, अढ़ाई पल्य, दो पल्य और डेढ़ पल्य है।

वैमानिक देवोंकी उत्कृष्ट आयु—

सौधर्मैशानयोः सागरोपमे अधिके ॥ २९ ॥

सौधर्म और ऐशान स्वर्गके देवोंकी उत्कृष्ट आयु कुछ अधिक दो सागर है। 'अधिके' इस शब्दकी अनुवृत्ति सहस्रार स्वर्ग पर्यन्त होती है। इसलिये सहस्रार तकके देवोंकी आयु कथित सागरोंसे कुछ अधिक होती है।

सौधर्म और ऐशान स्वर्गके पटलोंमे आयुका वर्णन—प्रथम पटलमे ६६६६६६६ करोड़ पल्य और इतने ही पल्य तथा पल्यके तीन विभागोंमेसे दो भाग उत्कृष्ट आयु है। दूसरे पटलमे १३३३३३३३ करोड़ पल्य तथा ३३३३३३३ पल्य और पल्यके तीन भागोंमे से एक भाग आयु है। तीसरे पटलमे दो कोड़ाकोड़ी पल्यकी आयु है। चौथे पटलमे २६६६६६६६ करोड़ पल्य तथा ६६६६६६६ पल्य और पल्यके तीन भागोंमे से दो भाग प्रमाण आयु है। पाँचवे पटलमे ३३३३३३३३ करोड़ पल्य तथा ३३३३३३३ पल्य और पल्यके तीन भागोंमेसे एक भाग प्रमाण आयु है। छवे पटलमे चार कोड़ाकोड़ी पल्यकी आयु है। सातवे पटलमे ४६६६६६६६ करोड़ पल्य तथा ६६६६६६६ पल्य और पल्यके तीन भागोंमे से दो भाग प्रमाण आयु है। आठवे पटलमे ५३३३३३३३ करोड़ पल्य और ३३३३३३३$\frac{१}{३}$ पल्यकी आयु है। नौवें पटलमे छह कोड़ाकोड़ी पल्यकी आयु है। दसवे पटलमे ६६६६६६६६ करोड़ पल्य और ६६६६६६६$\frac{२}{३}$ पल्यकी आयु है। ग्यारहवें पटलमे ७३३३३३३३ करोड़ पल्य और ३३३३३३३$\frac{१}{३}$ पल्यकी आयु है। बारहवें पटलमे आठ कोड़ाकोड़ी पल्यकी आयु है। तेरहवे

पटलमें ८६६६६६६६ करोड़ पल्य और ६६६६६६६६$\frac{२}{३}$ पल्यकी आयु है। चौदहवे पटलमें ९३३३३३३३ करोड़ पल्य और ३३३३३३३$\frac{१}{३}$ पल्यकी आयु है। पन्द्रहवे पटलमें एक सागरकी आयु है। सोलहवें पटलमें एक सागर, ६६६६६६६६ करोड़ पल्य और ६६६६६६६६$\frac{२}{३}$ पल्यकी आयु है। सत्रहवे पटलमें एक सागर, १३३३३३३३ करोड़ पल्य और ३३३३३३३$\frac{१}{३}$ पल्यकी आयु है। अठारहवे पटलमें बारह कोड़ाकोड़ी पल्यकी आयु है। उन्नीसवे पटलमें १२६६६६६६६६ करोड़ पल्य और ६६६६६६६६$\frac{२}{३}$ पल्यकी आयु है। बीसवें पटलमें१३३३३३३३२ करोड़ पल्य और ३३३३३३३$\frac{१}{३}$ पल्यकी आयु है। इक्कीसवे पटलमें चौदह कोड़ाकोड़ी पल्यकी आयु है। बाईसवे पटलमें १४६६६६६६६६ करोड़ पल्य और ६६६६६६६६$\frac{२}{३}$ पल्यकी आयु है। तेईसवें पटलमें १५३३३३३३३३ करोड़ पल्य और ३३३३३-३३$\frac{१}{३}$ पल्यकी आयु है। चौवीसवे पटलमे सोलह कोड़ाकोड़ी पल्यकी आयु है। पच्चीसवें पटलमें १६६६६६६६६६ करोड़ पल्य और ६६ ६६६६$\frac{२}{३}$ पल्यकी आयु है। छब्वीसवे पटलमे १७३३३३३३३३ करोड़ पल्य और ३३३३३३३$\frac{१}{३}$ पल्यकी आयु है। सत्ताईसवें पटलमें अठारह कोड़ाकोड़ी पल्यकी आयु है। अट्ठाईसवे पटलमे १८६६६६६६६६ करोड़ पल्य और६६६६६-६६$\frac{२}{३}$ पल्यकी आयुं है। उनतीसवे पटलमें १९३३३३३३३३ करोड़ पल्य और ३३३३३३३$\frac{१}{३}$ पल्यकी आयु है। तीसवे पटलमें वीस कोड़ाकोड़ी पल्यकी आयु है। और इकतीसवें पटलमे कुछ अधिक दो सागरकी आयु है।

सानत्कुमारमाहेन्द्रयोः सप्त ॥ ३० ।

सानत्कुमार और माहेन्द्र स्वर्गमें देवोंकी आयु कुछ अधिक सात सागर है।

प्रथम पटलमें २$\frac{५}{७}$ सागर, द्वितीय पटलमें ३$\frac{३}{७}$ सागर, तीसरे पटलमें ४$\frac{१}{७}$ सागर, चौथे पटलमें ४$\frac{६}{७}$ सागर, पॉचवें पटलमें ५$\frac{४}{७}$, छठवें पटलमे ६$\frac{२}{७}$ और सातवे पटलमे कुछ अधिक सात सागरकी आयु है।

त्रिसप्तनवैकादशत्रयोदशपञ्चदशभिरधिकानि तु ॥ ३१ ॥

ब्रह्म और ब्रह्मोत्तर स्वर्गमें दश सागरसे कुछ अधिक, लान्तव और कापिष्ठ स्वर्गमे चौदह सागरसे कुछ अधिक, शुक्र और महाशुक्रमे सोलह सागरसे कुछ अधिक, शतार और सहस्रारमे अठारह सागरसे कुछ अधिक, आनत और प्राणतमे बीस सागर और आरण और अच्युतमें बाईस सागरकी उत्कृष्ट आयु है। इस सूत्रमे 'तु' शब्द यह बतलाता है कि पूर्वसूत्रके 'अधिके' शब्दकी अनुवृत्ति सहस्रार स्वर्ग पर्यन्त ही होती है। अतः आगेके स्वर्गोंमें आयु सागरोंसे कुछ अधिक नही है।

ब्रह्म और ब्रह्मोत्तर स्वर्गके प्रथम पटलमें ७$\frac{३}{४}$ सागर, द्वितीय पटलमे ८$\frac{१}{२}$ सागर, तीसरे पटलमें ९$\frac{१}{४}$ सागर और चौथे पटलमें दश सागरसे कुछ अधिक आयु है।

लान्तव और कापिष्ट स्वर्गके प्रथम पटलमें बारह सागर और दूसरे पटलमें कुछ अधिक चौदह सागरकी आयु है। शुक्र और महाशुक्रमें एक ही पटल है। शतार और सहस्रारमें भी एक ही पटल है।

आनत, प्राणत, आरण और अच्युत स्वर्गमें छह पटल है। प्रथम पटलमे सागरके तीसरे भागसे कुछ अधिक कम उन्नीस सागरकी आयु है। दूसरे पटलमे बीस सागर, तीसरे पटलमें २०$\frac{२}{३}$ सागर, चौथे पटलमे इक्कीस सागर, पॉचवे पटलमे २१$\frac{१}{३}$ सागर और छठवें पटलमें बाईस सागरकी आयु है।

आरणाच्युतादूर्ध्वमेकैकेन नवसु ग्रैवेयकेषु विजयादिषु सर्वार्थसिद्धौ च ॥ ३२ ॥

आरण और अच्युत स्वर्गसे ऊपर नव ग्रैवेयकोंमे, नव अनुदिशोंमे और विजय आदि विमानोंमे एक एक सागर बढ़ती हुई आयु है। सूत्रमें नव शब्दका ग्रहण यह बतलाता है कि प्रत्येक ग्रैवेयकमे एक एक सागर आयुकी वृद्धि होती है। 'विजयादिषु' में आदि शब्द के द्वारा नव अनुदिशोंका ग्रहण होता है।

इस प्रकार प्रथम ग्रैवेयकमें तेईस सागर और नवमें ग्रैवेयकमें इकतीस सागरकी आयु है। नव अनुदिशोंमें बत्तीस सागर और विजय आदि पाँच विमानोंमें तेतीस सागरकी उत्कृष्ट आयु है। सर्वार्थसिद्धिमें जघन्य आयु नहीं होती इस बातको बतलानेके लिये सूत्रमें सर्वार्थसिद्धि शब्दको पृथक् रक्खा है। नव ग्रैवेयकोंके नाम—१ सुदर्शन, २ अमोघ, ३ सुप्रबुद्ध, ४ यशोधर, ५ सुभद्र, ६ सुविशाल, ७ सुमनस, ८ सौमनस और ९ प्रीतिङ्कर।

स्वर्गोंमे जघन्य आयुका वर्णन—

अपरा पल्योपममधिकम् ॥ ३३ ॥

सौधर्म और ऐशान स्वर्गके प्रथम पटलमें कुछ अधिक एक पल्यकी आयु है।

परतः परतः पूर्वा पूर्वाऽनन्तरा ॥ ३४ ॥

पहिले पहिलेके पटल और स्वर्गोंकी आयु आगे आगेके पटलों और स्वर्गोंकी जघन्य आयु है। अर्थात् सौधर्म और ऐशान स्वर्गकी उत्कृष्ट स्थिति सानत्कुमार और माहेन्द्र स्वर्गमें जघन्य आयु है। इसी क्रमसे विजयादि चार विमानों तक जघन्य आयु जान लेना चाहिये।

नारकियोंकी जघन्य आयु—

नारकाणाञ्च द्वितीयादिषु ॥ ३५ ॥

पहिले पहिलेके नरकोंकी उत्कृष्ट आयु दूसरे आदि नरकोंमे जघन्य आयु होती है। इस प्रकार दूसरे नरकमे जघन्य आयु एक सागर और सातवें नरककी जघन्य आयु बाईस सागरकी है।

दशवर्षसहस्राणि प्रथमायाम् ॥ ३६ ॥

पहिले नरकमें जघन्य आयु दश हजार वर्षकी है। यह जघन्य आयु प्रथम पटलमें है। प्रथम पटलकी उत्कृष्ट स्थिति नब्बे हजार वर्ष द्वितीय पटलकी जघन्य आयु है। इसी प्रकार आगेके पटलोंमें जघन्य आयुका क्रम समझ लेना चाहिये।

भवनवासियोंकी जघन्य आयु—

भवनेषु च ॥ ३७ ॥

भवनवासियोंकी जघन्य आयु दश हजार वर्षकी है।

व्यन्तरोंकी जघन्य आयु—

व्यन्तराणाञ्च ॥ ३८ ॥

व्यन्तर देवोंकी भी जघन्य आयु दश हजार वर्षकी है।

व्यन्तरोंकी उत्कृष्ट स्थिति—

परा पल्योपममधिकम् ॥ ३९ ॥

व्यन्तर देवोंकी उत्कृष्ट आयु एक पल्यसे कुछ अधिक है।

ज्योतिषी देवोंकी उत्कृष्ट आयु—

ज्योतिष्काणाञ्च ॥ ४० ॥

ज्योतिषी देवोंकी भी उत्कृष्ट आयु कुछ अधिक एक पल्यकी है।

ज्योतिषी देवोंकी जघन्य आयु—

तदष्टभागोऽपरा ॥ ४१ ॥

ज्योतिषी देवोंकी जघन्य आयु एक पल्यके आठवें भाग प्रमाण है।

विशेष—चन्द्रमाकी एक पल्य और एक लाख वर्ष, सूर्यकी एक पल्य और एक हजार वर्ष, शुक्रकी एक पल्य और सौ वर्ष, बृहस्पतिकी एक पल्य, बुधकी आधा पल्य, नक्षत्रोंकी आधा पल्य और प्रकीर्णक ताराओंकी $\frac{1}{4}$ पल्य उत्कृष्ट आयु है। प्रकीर्णक ताराओंकी और नक्षत्रोंकी जघन्य स्थिति पल्यके आठवें भाग ($\frac{1}{8}$ पल्य) प्रमाण है और सूर्यादिकोंकी जघन्य आयु पल्यके चौथे भाग ($\frac{1}{4}$ पल्य) प्रमाण है।

लौकान्तिक देवोंकी आयु—

लौकान्तिकानामष्टौ सागरोपमानि सर्वेषाम् ॥ ४२ ॥

समस्त लौकान्तिक देवोंकी आयु आठ सागरकी है। इन देवोंमें जघन्य और उत्कृष्ट आयुका भेद नहीं है। सब लौकान्तिक देवोंके शुक्ल लेश्या होती है। इनके शरीरकी ऊँचाई पाँच हाथ है।

इस अध्यायमें देवोंके स्थान, भेद, सुख, स्थिति आदि का वर्णन है।

चतुर्थ अध्याय समाप्त

पञ्चम अध्याय

अजीव तत्त्वका वर्णन—

अजीवकाया धर्माधर्माकाशपुद्गलाः ॥ १ ॥

धर्म, अधर्म, आकाश और पुद्गल ये चार द्रव्य अजीवकाय है। शरीरके समान प्रलय या पिण्ड रूप होनेके कारण इन द्रव्योंको अजीवकाय कहा है। यद्यपि काल द्रव्य भी अजीव है लेकिन प्रचयरूप न होनेके कारण कालको इस सूत्रमे नहीं कहा है। काल द्रव्यके प्रदेश मोती के समान एक दूसरेसे पृथक् हैं। निश्चयनयसे एक पुद्गल परमाणु बहुप्रदेशी नहीं है किन्तु उपचारसे एक पुद्गल परमाणु भी बहुप्रदेशी कहा जाता है क्योंकि उसमे अन्य परमाणुओं के साथ मिलकर पिण्डरूप परिणत होनेकी शक्ति है।

प्रश्न—'असख्येयाः प्रदेशा धर्माधर्मैकजीवानाम्' ऐसा आगे सूत्र है। उसीसे यह निश्चय हो जाता है कि धर्म आदि द्रव्य बहुप्रदेशी है। फिर इन द्रव्योंको बहुप्रदेशी बतलाने के लिये इस सूत्रमे काय शब्दका ग्रहण क्यो किया ?

उत्तर—इस सूत्रमे काय शब्द यह सूचित करता है कि धर्म आदि द्रव्य बहुप्रदेशी है और आगेके सूत्रोंसे उन प्रदेशोंका निर्धारण होता है कि किस द्रव्यके कितने प्रदेश है। काल द्रव्यके प्रदेश प्रचयरूप नही होते है इस बातको बतलानेके लिये भी इस सूत्रमे काय शब्दका ग्रहण किया है। 'अजीवकाय' इस शब्दमे अजीव विशेषण है और काय विशेष्य है। इसलिये यहाँ विशेषणविशेष्य समास हुआ है। किन्ही दो पदार्थोमे व्यभिचार (असम्बन्ध) होनेपर किसी एक स्थानमे उनके सम्बन्धको बतलानेके लिये विशेषणविशेष्य समास होता है। काल द्रव्य अजीव है लेकिन काय नही है, जीव द्रव्य काय है लेकिन अजीव नहीं है। अतः अजीव और कायमे व्यभिचार होनेके कारण विशेषणविशेष्य समास हो गया है।

द्रव्याणि ॥ २ ॥

उक्त धर्म आदि चार द्रव्य हैं। जिसमे गुण और पर्याय पाये जॉय उनको द्रव्य कहते हैं।

नैयायिक कहते हैं कि जिसमे द्रव्यत्व नामक सामान्य रहे वह द्रव्य है। ऐसा कहना ठीक नही है। जब द्रव्यत्व और द्रव्य दोनोंकी पृथक् पृथक् सिद्धि हो तब द्रव्यत्वका द्रव्यके साथ सम्बन्ध हो सकता है। लेकिन दोनोंकी पृथक् पृथक् सिद्धि नही है। और यदि दोनों की पृथक् सिद्धि है तो विना द्रव्यत्वके भी द्रव्य सिद्ध हो गया तब द्रव्यत्वके सम्बन्ध माननेकी क्या आवश्यकता है ? इसी प्रकार गुणोंके समुदायको द्रव्य कहना भी ठीक नही है ; क्योंकि गुण और समुदायमे अभेद मानने पर एक ही पदार्थ रहेगा और भेद मानने पर गुणोंकी कल्पना व्यर्थ है क्योंकि विना गुणोंके भी समुदाय सिद्ध है।

गुण और द्रव्यमे कथञ्चित् भेदाभेद माननेसे कोई दोष नही आता। गुण और द्रव्य पृथक् पृथक् उपलब्ध नही होते इसलिये उनमे अभेद है और उनके नाम, लक्षण, प्रयोजन आदि भिन्न भिन्न हैं इसलिये उनमे भेद भी है।

पूर्व सूत्रमें धर्म आदि बहुत पदार्थ हैं इसलिये इस सूत्रमे धर्म आदिका द्रव्यके साथ

समानाधिकरण होनेसे द्रव्य शब्दको बहुवचन कहा है लेकिन समानाधिकरणके कारण द्रव्य शब्द पुल्लिङ्ग नहीं हो सकता क्योंकि द्रव्य शब्द सदा नपुंसक लिङ्ग है।

जीवाश्च ॥ ३ ॥

जीव भी द्रव्य है। आगे कालको भी द्रव्य बतलाया है। इस प्रकार धर्म, अधर्म, आकाल, पुद्गल, जीव और काल ये छह द्रव्य हैं।

प्रश्न—आगे 'गुणपर्ययवद् द्रव्यम्' इस सूत्रमें द्रव्यका लक्षण वतलाया है। इसीसे यह सिद्ध हो जाता है कि धर्म आदि द्रव्य हैं। फिर यहाँ द्रव्योंकी गणना करना ठीक नहीं है?

उत्तर—यहाँ द्रव्योंकी गणना इसलिये की गई है कि द्रव्य छह ही हैं। अन्य लोगोंके द्वारा मानी गयी द्रव्यकी संख्या ठीक नहीं है।

नैयायिक पृथिवी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, काल, दिशा, आत्मा और मन ये नव द्रव्य मानते हैं। यह संख्या ठीक नहीं है, पृथिवी, जल, अग्नि, वायु और मनका पुद्गल द्रव्यमें अन्तर्भाव हो जाता है।

जिनेन्द्र देवने पुद्गल द्रव्यके छह भेद बतलाए हैं— अतिस्थूल, स्थूलस्थूल, स्थूल-सूक्ष्म, सूक्ष्मस्थूल, सूक्ष्म और सूक्ष्मसूक्ष्म। इनके क्रमशः उदाहरण ये हैं—पृथिवी, जल, छाया, नेत्रके सिवाय शेष चार इन्द्रियोंके विषय, कर्म और परमाणु।

प्रश्न—पुद्गलद्रव्यमे रूप, रस, गन्ध और स्पर्श पाये जाते हैं। वायु और मनमें रूप आदि नही हैं। अतः पुद्गलमें इनका अन्तर्भाव कैसे होगा?

उत्तर—वायुमें भी रूप आदि चारों गुण पाये जाते हैं। वायुमें नैयायिकके मतके अनुसार स्पर्श है ही और स्पर्श होनेसे रूपादि गुणोंको भी मानना पड़ेगा। जहाँ स्पर्श हैं वहाँ शेष गुण होना ही चाहिए। ऐसा भी कहना ठीक नहीं कि वायुमे रूप है तो वायुका प्रत्यक्ष होना चाहिये, क्योंकि परमाणुमे रूप होने पर भी उसका प्रत्यक्ष नही होता। इसी प्रकार जल, अग्नि आदिमे स्पर्श आदि चारों गुण पाये जाते हैं। चारोंका परस्पर अविनाभाव है।

मनके दो भेद हैं–द्रव्यमन और भावमन। द्रव्यमनका पुद्गलमें और भावमनका जीवमे अन्तर्भाव होता है। द्रव्यमन रूपादियुक्त होनेसे पुद्गलद्रव्यका विकार है। द्रव्यमन ज्ञानो-पयोगका कारण होनेसे रूपादि युक्त (मूर्त) है। शब्द भी पौद्गलिक होनेसे मूर्त ही है अतः नैयायिकका ऐसा कहना कि जिस प्रकार शब्द अमूर्त होकर ज्ञानोपयोगमे कारण होता है उसी प्रकार द्रव्यमन भी अमूर्त होकर ज्ञानोपयोगमें कारण हो जायगा ठीक नही है।

प्रत्येक द्रव्यके पृथक् पृथक् परमाणु मानना भी ठीक नही है। जलके परमाणु पृथिवी-रूप भी हो सकते हैं और पृथिवीके परमाणु जलरूप भी। जिस प्रकार वायु आदिका पुद्गलमें अन्तर्भाव हो जाता है उसी प्रकार दिशाका आकाशमे अन्तर्भाव हो जाता है, क्योंकि सूर्यके उदयादिकी अपेक्षा आकाशके प्रदेशोंकी पक्तिमे पूर्व आदि दिशाका व्यवहार किया जाता है।

नित्यावस्थितान्यरूपाणि ॥ ४ ॥

जीव आदि सभी द्रव्य नित्य, अवस्थित और अरूपी है। ये द्रव्य कभी नष्ट नही होते हैं इसलिये नित्य हैं। इनकी संख्या सदा छह ही रहती है अथवा ये कभी भी अपने अपने प्रदेशोंको नही छोड़ते है इसलिये अवस्थित है। द्रव्योंमे नित्यत्व और अवस्थितत्व द्रव्यनयकी अपेक्षासे है। इन द्रव्योंमें रूप, रस आदि नही पाये जाते इसलिये अरूपी हैं।

रूपिणः पुद्गलाः ॥ ५ ॥

पुद्गल द्रव्य में रूप, रस, गन्ध और स्पर्श पाये जाते है। इसलिये पुद्गल द्रव्य रूपी है। जिसमें पूरण और गलन हो वह पुद्गल है। पुद्गलके परमाणु, स्कन्ध आदि अनेक भेद है इसलिये सूत्रमे बहुवचनका प्रयोग किया है।

आ आकाशादेकद्रव्याणि ॥६॥

आकाश पर्यन्त अर्थात् धर्म, अधर्म और आकाश—ये तीन द्रव्य एक एक है। जीव या पुद्गलकी तरह अनेक नहीं है।

प्रश्न–'आ आकाशादेकैकम्' ऐसे लघु सूत्रसे ही काम चल जाता फिर व्यर्थ ही द्रव्य शब्दका ग्रहण क्यों किया ?

उत्तर–उक्त द्रव्य द्रव्यकी अपेक्षा एक एक हैं लेकिन क्षेत्र और भावकी अपेक्षा असख्यात और अनन्त भी हैं इस बातको बतलानेके लिये सूत्रमें द्रव्य शब्दका ग्रहण आवश्यक है।

निष्क्रियाणि च ॥ ७ ॥

धर्म, अधर्म और आकाश ये द्रव्य निष्क्रिय भी हैं। एक स्थानसे दूसरे स्थानमें जानेको क्रिया कहते हैं। इस प्रकारकी क्रिया इन द्रव्योंमें नही पाई जाती इसलिये ये निष्क्रिय हैं।

प्रश्न–यदि धर्म आदि द्रव्य निष्क्रिय हैं तो इनकी उत्पत्ति नहीं हो सकती क्योंकि उत्पत्ति क्रियापूर्वक होती है। उत्पत्तिके अभावसे विनाश भी संभव नही है। अतः धर्म आदि द्रव्योंको उत्पाद-व्यय और ध्रौव्य युक्त कहना ठीक नहीं हैं ?

उत्तर—यद्यपि धर्म आदि द्रव्योंमे क्रियानिमित्तक उत्पाद नहीं है फिर भी इनमें दूसरे प्रकारका उत्पाद पाया जाता है।

स्वनिमित्त और परप्रत्ययके भेदसे दो प्रकारका उत्पाद धर्म आदि द्रव्योंमें होता रहता है। इन द्रव्योंके अनन्त अगुरुलघु गुणोंमें छह प्रकारकी वृद्धि और छह प्रकारकी हानि स्वभावसे ही होती रहती है यही स्वनिमित्तक उत्पाद और व्यय है। मनुष्य आदिकी गति, स्थिति और अवकाशदानमे हेतु होनेके कारण धर्म आदि द्रव्योंमे परप्रत्ययापेक्ष उत्पाद और विनाश भी होता रहता है। क्योंकि क्षण क्षणमे गति आदिके विपय भिन्न भिन्न होते हैं और विपय भिन्न होनेसे उसके कारणको भी भिन्न होना चाहिये।

प्रश्न—क्रिया सहित जलादि ही मछली आदिकी गति आदिमे निमित्त होते हैं। धर्म आदि निष्क्रिय द्रव्य जीवादिकी गति आदिमें हेतु कैसे हो सकते है ?

उत्तर—ये द्रव्य केवल जीवादिकी गति आदिमे सहायक होते हैं, प्रेरक नहीं। जैसे चक्षु रूपके देखनेमे निमित्त होता है लेकिन जो नही देखना चाहता उसको देखनेकी प्रेरणा नही करता। इसलिये धर्म आदि द्रव्योंको निष्क्रिय होनेपर भी जीवादिकी गति आदिमे हेतु होनेमे कोई विरोध नही है।

जीव और पुद्गलको छोड़कर शेप चार द्रव्य सक्रिय हैं।

द्रव्योंके प्रदेशोंकी संख्या—

असंख्येयाः प्रदेशा धर्माधर्मैकजीवानाम् ॥ ८ ॥

धर्म, अधर्म और एकजीवके असंख्यात प्रदेश होते हैं। जितने आकाशदेशमे एक

पुद्गल परमाणु रह सकता है उतने आकाश देशको प्रदेश कहते हैं। असंख्यातके तीन भेद हैं—जघन्य, उत्कृष्ट और अजघन्योत्कृष्ट। उनमेसे यहाँ अजघन्योत्कृष्ट लिया गया है। धर्म और अधर्म द्रव्य पूरे लोकाकाशमें व्याप्त है। एक जीव लोकाकाश प्रमाण प्रदेशवाला होने पर भी प्रदेशोंमें सकोच और विस्तारकी अपेक्षा स्वकर्मानुसार प्राप्त शरीरप्रमाण ही रहता है। लोकपूरणसमुद्घातके समय जीव पूरे लोकाकाशमे व्याप्त हो जाता है। जिस समय जीव लोकपूरणसमुद्घात करता है उस समय मेरुके नीचे चित्रवज्र पटलके मध्यमे जीवके आठ मध्य प्रदेश रहते है और शेप प्रदेश पूरे लोकाकाशमें व्याप्त हो जाते हैं। दण्ड, कपाट, प्रतर और लोकपूरणकी अपेक्षा चार समय प्रदेशोंके विस्तारमें और चार समय संकोचमें इस प्रकार लोकपूरणसमुद्घात करनेमें आठ समय लगते हैं।

आकाशस्यानन्ताः ॥ ९ ॥

आकाश द्रव्यके अनन्त प्रदेश हैं। पर लोकाकाशके असंख्यात ही प्रदेश हैं।

संख्येयासंख्येयाश्च पुद्गलानाम् ॥ १० ॥

पुद्गल द्रव्यके सख्यात, असंख्यात और अनन्त प्रदेश है। सूत्रमें 'च' शब्दसे अनन्तका ग्रहण किया गया है। अनन्तके तीन भेद हैं–परीतान्त,युक्तानन्त और अनन्तानन्त। यहाँ तीनों अनन्तोंका ग्रहण किया है। किसी द्व्यणुक आदि पुद्गलके संख्यात प्रदेश होते है। दो अणुसे अधिक और डेढ़ सौ अंक प्रमाण पर्यन्त पुद्गल परमाणुओंके समूहको सख्यातप्रदेशी स्कंध कहते हैं। लोकाकाशके प्रदेश प्रमाण परमाणुओंवाला स्कन्ध असंख्यात प्रदेशी होता है। इसी प्रकार कोई स्कन्ध असख्यातासख्यात प्रदेशवाला, कोई परीतान्त प्रदेशवाला, कोई युक्तानन्त प्रदेशवाला और कोई अनन्तानन्त प्रदेशवाला भी होता है।

प्रश्न—लोकाकाशके असख्यात प्रदेश हैं फिर वह अनन्त और अनन्तानन्त प्रदेश वाले पुद्गल द्रव्यका आधार कैसे हो सकता है?

उत्तर—पुद्गल परमाणुओंमे सूक्ष्म परिणमन होनेसे और अव्याहत अवगाहन शक्ति होनेसे आकाशके एक प्रदेशमे भी अनन्तानन्त पुद्गल परमाणु रह सकते हैं।

नाणोः ॥ ११ ॥

परमाणुके दो आदि प्रदेश नही होते हैं। परमाणु एकप्रदेशी ही होता है। सबसे छोटे हिस्सेका नाम परमाणु है। अतः परमाणुके भेद या प्रदेश नही हो सकते। परमाणुसे छोटा और आकाशसे बड़ा कोई नहीं है। अतः परमाणुके प्रदेशोंमे भेद नही डाला जा सकता।

द्रव्योंके रहनेका स्थान—

लोकाकाशेऽवगाहः ॥ १२ ॥

जीव आदि द्रव्योंका अवगाह (स्थान) लोकाकाशमे है। लोकाकाश आधार और जीवादि द्रव्य आधेय हैं। लेकिन लोकाकाशका अन्य कोई आधार नही है वह अपने ही आधार है।

प्रश्न—जैसे लोकाकाशका कोई दूसरा आधार नहीं है उसी प्रकार धर्मादि द्रव्योका भी दूसरा आधार नही होना चाहिये अथवा धर्मादिके आधारकी तरह आकाशका भी दूसरा आधार होना चाहिये ?

उत्तर—आकाशसे अधिक परिमाण वाला अर्थात् वड़ा दूसरा कोई द्रव्य नही है जो आकाशका आधार हो सके अतः आकाश किसीका आधेय नही हो सकता। आकाश भी व्यवहार नयकी अपेक्षा धर्मादि द्रव्योंका आधार माना गया है। निश्चय नयसे तो सव द्रव्य अपने अपने आधार हैं। आकाश और अन्य द्रव्योंमे आधार-आधेय सम्वन्धका तात्पर्य यही है कि आकाशसे वाहर अन्य द्रव्य नही है। एवम्भूत नयकी अपेक्षा तो सभी द्रव्य स्वप्रतिष्ठ ही है। एवम्भूत अर्थात् निश्चयनय। परमात्मप्रकाश (१।५) मे सिद्धोंको स्वात्मनिवासी ही वतलाया है।

प्रश्न—आधार और आधेय पूर्वापर कालभावी होते है। जैसे घड़ा पहिले रखा हुआ है और उसमे वेर आदि पीछे रख दिए जाते है। आकाश और धर्मादि द्रव्य समकालभावी हैं इसलिये इनमे व्यवहारनयसे भी आधार-आधेयसम्वन्ध नहीं वन सकता ?

उत्तर—कही कहीं समकालभावी पदार्थोमे भी आधार-आधेय सम्वन्ध पाया जाता है जैसे घट और घटके रूपादिकमे। इसी प्रकार समकालभावी आकाश और धर्मादि द्रव्योंमे उक्त सम्वन्ध है।

लोक और अलोकका विभाग धर्म और अधर्म द्रव्यके सद्भावसे होता है। यदि धर्म और अधर्म द्रव्य न होते तो जीव और पुद्गलकी जहॉ कि धर्म और अधर्म द्रव्य है वह लोक और उसके वाहर अलोक गति और स्थितिके अभाव होजानेसे लोकालोकका विभाग भी न होता।

धर्माधर्मयोः कृत्स्ने ॥ १३ ॥

धर्म और अधर्म द्रव्य समस्त लोकाकाशमे तिलमे तैलकी तरह व्याप्त है। इसमे अवगाहन शक्ति होनेसे परस्परमे व्याघात नहीं होता है।

प्रश्न—अलोकाकाशमे अधर्म द्रव्य न होने से आकाशकी स्थिति और काल द्रव्य न होनेसे आकाशमे परिणमन कैसे होता है ?

उत्तर—जैसे जलके समीप स्थित उष्ण लोहेका गोला एक ओरसे जलको खींचता है लेकिन जल पूरे लोह पिण्डमे व्याप्त हो जाता है उसी प्रकार लोकके अन्तभागके निकटका अलोकाकाश अधर्म और काल द्रव्यका स्पर्श करता है और उस स्पर्शके कारण समस्त अलोकाकाशकी स्थिति और उसमे परिवर्तन होता है।

एकप्रदेशादिषु भाज्यः पुद्गलानाम् ॥ १४ ॥

पुद्गल द्रव्यका अवगाह लोकाकाशके एक प्रदेशको आदि लेकर असंख्यात प्रदेशोंमे यथायोग्य होता है। आकाशके एक प्रदेशमें एक परमाणुसे लेकर असंख्यात और अनन्त परमाणुओके स्कन्धका अवगाह हो सकता है। इसी प्रकार आकाशके दो, तीन आदि प्रदेशोंमे भी पुद्गल द्रव्यका अवगाह होता है।

प्रश्न—धर्म और अधर्म द्रव्य अमूर्त हैं इसलिये इनके अवगाहमे कोई विरोध नही है लेकिन अनन्त प्रदेशवाले मूर्त पुद्गलस्कन्धका असंख्यात प्रदेशी लोकाकाशमे अवगाह कैसे हो सकता है ?

उत्तर—सूक्ष्म परिणमन और अवगाहन शक्ति होनेसे आकाशके एक प्रदेशमें भी अनन्त परमाणुवाला पुद्गलस्कन्ध रह सकता है। जैसे एक कोठेमें अनेक दीपकोंका प्रकाश

एक साथ, रहता है। इस विषयमे आगम प्रमाण भी है। प्रवचनसारमें कहा है—कि सूक्ष्म, बादर और नाना प्रकारके अनन्तानन्त पुद्गल स्कन्धोंसे यह लोक ठसाठस भरा है।

इस विषयमें रुई की गांठ का दृष्टान्त भी उपयुक्त है। फैली हुई रुई अधिक क्षेत्रको घेरती है जब कि गांठ बाँधनेपर अल्पक्षेत्रमे आ जाती है।

असंख्येयभागादिषु जीवानाम् ॥ १५ ॥

जीवोंका अवगाह लोकाकाशके असंख्यातवे भागसे लेकर समस्त लोकाकाशमें है। लोकाकाशके असंख्यात भागोंमे से एक, दो, तीन आदि भागोंमें एक जीव रहता है और लोकपूरणसमुद्घातके समय वही जीव समस्त लोकाकाशमे व्याप्त हो जाता है।

प्रश्न—यदि लोकाकाशके एक भागमे एक जीव रहता है तो एक भागमें द्रव्य प्रमाणसे शरीरयुक्त अनन्तानन्त जीवराशि कैसे रह सकती है ?

उत्तर—सूक्ष्म और बादरके भेदसे जीवोंका एक आदि भागोंमे अवगाह होता है। अनेक बादर जीव एक स्थानमे नही रह सकते क्योंकि वे परस्परमे प्रतिघात (बाधा) करते हैं, लेकिन परस्परमें प्रतिघात न करनेके कारण एक निगोद जीवके शरीरमे अनन्तानन्त सूक्ष्म जीव रहते हैं। बादर जीवोंसे भी सूक्ष्म जीवोंका प्रतिघात नही होता है।

असंख्यातप्रदेशी जीव लोकके असंख्यातवें भागमें कैसे रहता है—

प्रदेशसंहारविसर्पाभ्यां प्रदीपवत् ॥ १६ ॥

दीपकके प्रकाशकी तरह जीव प्रदेशोंके संकोच और विस्तारकी अपेक्षा लोकके असंख्यातवे आदि भागोंमें रहता है। दीपकको यदि खुले मैदानमें रक्खा जाय तो उसका प्रकाश दूर तक होगा। उसी दीपकको कोठेमे रखनेसे कम प्रकाश और घड़ेमें रखनेसे और भी कम प्रकाश होगा। इसी प्रकार जीव भी अनादि कार्मण शरीरके कारण छोटा और बड़ा शरीर धारण करता है और जीवके प्रदेश संकोच और विस्तारके द्वारा शरीरप्रमाण हो जाते हैं। लघु शरीरमें प्रदेशोंका संकोच और बड़े शरीरमे प्रदेशोंका विस्तार हो जाता है लेकिन जीव वही रहता है जैसे हाथी और चीटीके शरीरमे।

एक प्रदेशमे स्थित होनेके कारण यद्यपि धर्म आदि द्रव्य परस्परसे प्रवेश करते है लेकिन अपने अपने स्वभावको नही छोड़ते इसलिये उनमें सकर या एकत्व दोप नहीं हो सकता। पञ्चास्तिकायमे कहा भी है कि—"ये द्रव्य परस्परमे प्रवेश करते है, एक दूसरेमें मिलते हैं, परस्परको अवकाश देते है लेकिन अपने अपने स्वभावको नहीं छोड़ते।"

धर्म और अधर्म द्रव्यका उपकार—

गतिस्थित्युपग्रहौ धर्माधर्मयोरुपकारः ॥ १७ ॥

एक देशसे देशान्तरमे जाना गति है। ठहरना स्थिति है। जीव और पुद्गलोंको गमन करनेमे सहायता देना धर्म द्रव्यका उपकार और जीव तथा पुद्गलोंको ठहरनेमे सहायता देना अधर्म द्रव्यका उपकार है। यद्यपि उपकार दो हैं लेकिन उपकार शब्दको सामान्य-वाची होनेसे सूत्रमे एकवचनका ही प्रयोग किया है।

प्रश्न—सूत्रमें उपग्रह शब्द व्यर्थ है क्योंकि उपकार शब्दसे ही प्रयोजन सिद्ध हो जाता है इसलिये 'गतिस्थिती धर्माधर्मयोरुपकारः' ऐसा सूत्र होना चाहिये।

उत्तर—यदि सूत्रमे उपग्रह शब्द न हो तो जिस प्रकार धर्म द्रव्यका उपकार गति और अधर्म द्रव्यका उपकार स्थिति है ऐसा क्रमसे होता है उसी प्रकार जीवोंके गमनमे सहायता

करना धर्म द्रव्यका उपकार और पुद्गलोंको ठहरनेमे सहायता देना अधर्म द्रव्यका उपकार है ऐसा विपरीत अर्थ भी हो जाता। अतः इस भ्रमको दूर करनेके लिये सूत्रमें उपग्रह शब्दका होना आवश्यक है।

प्रश्न--धर्म और अधर्म द्रव्यका जो उपकार वतलाया है वह आकाशका ही उपकार है क्योंकि आकाशमें ही गति और स्थिति होती है।

उत्तर—आकाश द्रव्यका उपकार द्रव्योको अवकाश देना है। इसलिये गति और स्थितिको आकाशका उपकार मानना ठीक नही है। एक द्रव्यके अनेक प्रयोजन मानकर यदि धर्म और अधर्म द्रव्यका अस्तित्व स्वीकार न किया जाय तो लोक और अलोकका विभाग नही हो सकेगा। इन्ही दो द्रव्योके कारण ही यह विभाग वन पाता है।

प्रश्न—धर्म और अधर्म द्रव्यका प्रयोजन पृथिवी, जल आदिसे ही सिद्ध हो जाता है इसलिये इनके माननेकी कोई आवश्यकता नहीं है।

उत्तर—पृथिवी, जल आदि गति और स्थितिके विशेष कारण हैं। लेकिन इनका कोई साधारण कारण भी होना चाहिये। इसलिये धर्म और अधर्म द्रव्यका मानना आवश्यक हैं क्योंकि ये गति और स्थितिमे सामान्य कारण होते हैं।

धर्म और अधर्म द्रव्य गति और स्थितिमे प्रेरक नही होते किन्तु सहायक मात्र होते है अतः ये परस्परमे गति और स्थितिका प्रतिवन्ध नही कर सकते।

प्रश्न—धर्म और अधर्म द्रव्यकी सत्ता नहीं है क्योंकि इनकी उपलब्धि नही होती है।

उत्तर—ऐसा कोई नियम नही है कि जिस वस्तुकी प्रत्यक्षसे उपलब्धि हो वही वस्तु सत् मानी जाय। सब मतावलम्बी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनो प्रकारके पदार्थोको मानते हैं। धर्म अधर्म द्रव्य अतीन्द्रिय होनेसे यद्यपि हम लोगोको प्रत्यक्ष नही होते है लेकिन सर्वज्ञ तो इनका प्रत्यक्ष करते ही है। श्रुतज्ञानसे भी धर्म और अधर्म द्रव्यकी उपलब्धि होती है।

आकाशका उपकार—

आकाशस्यावगाहः ॥ १८ ॥

समस्त द्रव्योंको अवकाश देना आकाशका उपकार है।

प्रश्न—क्रियावाले जीव और पुद्गलोंको अवकाश देना तो ठीक है लेकिन निष्क्रिय धर्मादि द्रव्योंको अवकाश देना तो सभव नही है।

उत्तर—यद्यपि धर्म आदिमे अवगाहन क्रिया नही होती है लेकिन उपचारसे वे भी अवगाही कहे जाते हैं। धर्म आदि द्रव्य लोकाकाशमे सर्वत्र व्याप्त है इसलिये व्यवहारनयस इनका अवकाश मानना उचित ही है।

प्रश्न—यदि आकाशमे अवकाश देनेकी शक्ति है तो दीवालमे गाय आदिका और वज्रमें पत्थर आदिका भी प्रवेश हो जाना चाहिये।

उत्तर—स्थूल होनेके कारण उक्त पदार्थ परस्परका प्रतिघात करते हैं। यह आकाश का दोप नही हैं किन्तु उन्ही पदार्थोका है। सूक्ष्म पदार्थ परस्परमे अवकाश देते है इसलिये प्रतिघात नहीं होता। इससे यह भी नही समझना चाहिये कि अवकाश देना पदार्थोंका काम है आकाशका नही, क्योंकि सब पदार्थोंको अवकाश देनेवाला एक साधारण कारण आकाश मानना आवश्यक है।

यद्यपि आलोकाकाशमे अन्य द्रव्य न होनेसे आकाशका अवकाशदान लक्षण वहाँ नही बनता लेकिन अवकाश देनेका स्वभाव वहाँ भी रहता है इसलिये आलोकाकाश अवकाश न देने पर भी आकाश ही है।

पुद्गल द्रव्यका उपकार—

शरीरवाङ्मनःप्राणापानाः पुद्गलानाम् ॥ १९ ॥

शरीर, वचन, मन और श्वासोच्छ्वास ये पुद्गल द्रव्यके उपकार हैं।

शरीर विशीर्ण होनेवाले होते हैं। औदारिक, वैक्रियिक, आहारक,तैजस और कार्मण ये पाँच शरीर पुद्गलसे बनते हैं। आत्माके परिणामोंके निमित्तसे पुद्गल परमाणु कर्मरूप परिणत हो जाते हैं और कर्मोंसे औदारिक आदि शरीरोंकी उत्पत्ति होती है इसलिये शरीर पौद्गलिक हैं।

प्रश्न—कार्मण शरीर अनाहारक होनेसे पौद्गलिक नहीं हो सकता।

उत्तर—यद्यपि कार्मण शरीर अनाहारक है लेकिन उसका विपाक गुड कांटा आदि मूर्तिमान् द्रव्यके सम्बन्ध होने पर होता है इसलिये कार्मण शरीर भी पौद्गलिक ही है।

वचन के दो भेद हैं—द्रव्यवचन और भाववचन। वीर्यान्तराय, मति और श्रुत-ज्ञानावरणके क्षयोपशम होनेपर और अङ्गोपाङ्ग नामकर्मके उदय होनेपर भाववचन होते हैं इसलिये पुद्गलके आश्रित होनेसे पौद्गलिक है। भाव वचनकी सामर्थ्यसे युक्त आत्माके द्वारा प्रेरित होकर जो पुद्गल परमाणु वचनरूपसे परिणत होते है वे द्रव्य वचन हैं। द्रव्य वचन श्रोत्रेन्द्रियके विषय होते हैं।

प्रश्न—वचन अमूर्त हैं अतः इनको पौद्गलिक कहना ठीक नहीं है।

उत्तर—वचन अमूर्त नहीं है किन्तु मूर्त हैं और इसीलिये पौद्गलिक भी हैं। शब्दोंका मूर्तिमान् द्रव्यकर्णके द्वारा ग्रहण होता है, दीवाल आदि मूर्तिमान् द्रव्यके द्वारा शब्दका अवरोध देखा जाता है, तीव्र भेरी आदिके शब्दोंके द्वारा मन्द मच्छर आदिके शब्दोंका व्याघात होता है, मूर्त वायुके द्वारा भी शब्दका व्याघात होता है। विपरीत वायु चलनेसे शब्द अपने अनुकूल देशमें नहीं पहुंच पाता, इन सब कारणोंसे शब्दमे मूर्तत्व सिद्ध होता है। मूर्त द्रव्यके द्वारा ग्रहण, अवरोध, अभिभव आदि अमूर्त वस्तुमे नहीं हो सकते।

मनके भी दो भेद हैं द्रव्यमन और भावमन। ज्ञानावरण और वीर्यान्तरायके क्षयोपशम होने पर और अङ्गोपाङ्ग नामकर्मके उदय होने पर गुण और दोषोंके विचार करनेमे समर्थ आत्माके उपकारक जो पुद्गल मन रूपसे परिणत होते हैं वे द्रव्यमन हैं। भावमन लब्धि और उपयोगरूप होता है और द्रव्यमनके आश्रित होनेसे पौद्गलिक है।

प्रश्न—मन अणुमात्र और रूपादि गुणोंसे रहित एक भिन्न द्रव्य है। उसको पौद्गलिक कहना ठीक नहीं है।

उत्तर—यदि मन अणुमात्र है तो इन्द्रिय और आत्मासे उसका सम्बन्ध है या नहीं? यदि सम्बन्ध नहीं है, तो वह आत्माका उपकारक नहीं हो सकता। और आत्माके साथ मनका सम्बन्ध है, तो एक देशमें ही सम्बन्ध हो सकेगा, तब अन्य देशोंमें वह उपकारक नहीं हो सकेगा। अदृष्टके कारण अलातचक्रकी तरह मनका आत्माके सब प्रदेशोंमे परिभ्रमण मानना भी ठीक नहीं है, क्योंकि आत्मा और अदृष्ट नैयायिक मतके अनुसार स्वय क्रिया-रहित हैं अतः वे मनकी क्रियामें भी कारण नहीं हो सकते। क्रियावान् वायु आदिके गुणही अन्यत्र क्रियाहेतु हो सकते हैं।

ज्ञानावरण और वीर्यान्तरायके क्षयोपशम होने पर और अङ्गोपाङ्ग नामकर्मके उदय होने पर शरीरके भीतरसे जो वायु बाहर निकलती है उसको प्राण और जो वायु बाहरसे शरीरके भीतर जाती है उसको अपान कहते है।

मन और प्राणापानका भी मूर्त द्रव्यसे प्रतिघात आदि देखा जाता है इसलिये ये भी मूर्त हैं। बिजलीके गिरनेसे मनका प्रतिघात और मदिरा आदिसे अभिभव देखा जाता है। हाथ आदिसे मुखको बन्द कर देने पर प्राणापानका प्रतिघात और गलेमे कफ अटक जाने पर श्वासोच्छ्वासका अभिभव भी देखा जाता है।

प्राणापान क्रियाके द्वारा जीवका अस्तित्व सिद्ध होता है। शरीरमें जो श्वासोच्छ्वास क्रिया होती है उसका कोई कर्त्ता अवश्य होना चाहिये क्योंकि कर्ताके विना क्रिया नहीं हो सकती और जो श्वासोच्छ्वास क्रियाका कर्ता है वही जीव है।

उक्त शरीर आदि पुद्गलके उपकार जीवके प्रति हैं।

सुखदुःखजीवितमरणोपग्रहाश्च ॥ २० ॥

सुख, दुःख, जीवित और मरण ये भी जीवके प्रति पुद्गलके उपकार हैं। साता वेदनीयके उदयसे सुख और असाता वेदनीयके उदयसे दुःख होता है। आयु कर्मके उदयसे जीवन और आयु कर्मके विनाशसे मरण होता है। सुख आदि मूर्त कारणके होने पर होते हैं इसलिये ये पौद्गलिक हैं।

सूत्रगत उपग्रह शब्द इस बातको सूचित करता है कि पुद्गलका पुद्गलके प्रति भी उपकार होता है। जैसे कॉसेका वर्तन भस्मसे साफ हो जाता है, मैला जल फिटकरी आदिसे स्वच्छ हो जाता है और गरम लोहा जलसे ठडा हो जाता है। सूत्रगत 'च' शब्द यह सूचित करता है कि इन्द्रिय आदि अन्य भी पुद्गलके उपकार हैं।

जीवका उपकार—

परस्परोपग्रहो जीवानाम् ॥ २१ ॥

जीव परस्पर उपकार करते हैं जैसे पिता पुत्र, स्वामी-सेवक और गुरु-शिष्य आदि। स्वामी धनादिके द्वारा सेवकका और सेवक अनुकूल कार्यके द्वारा स्वामीका उपकार करता है। गुरु शिष्यको विद्या देता है तो शिष्य शुश्रूषा आदिसे गुरुको प्रसन्न रखता है। सूत्रगत उपग्रह शब्द सूचित करता है कि सुख, दुःख, जीवित और मरण द्वारा भी जीव परस्पर उपकार करते है।

कालका उपकार—

वर्तनापरिणामक्रियाः परत्वापरत्वे च कालस्य ॥ २२ ॥

वर्तना, परिणाम, क्रिया,परत्व और अपरत्व ये काल द्रव्यके उपकार हैं। कही 'वर्तना परिणामः क्रिया' इन तीनों पदोंमे स्वतन्त्र विभक्तियॉ भी देखी जाती हैं। कहीं 'वर्तनापरिणाम-क्रियाः' ऐसा समस्त पद उपलब्ध होता है। सब पदार्थोंमे स्वभावसे ही प्रतिसमय परिवर्तन होता रहता है लेकिन उस परिवर्तनमे जो बाह्य कारण है वह परमाणुरूप कालद्रव्य है। कालद्रव्यके निमित्तसे होनेवाले परिवर्तन का नाम वर्तना है। वर्तनासे कालद्रव्य का अस्तित्व सिद्ध होता है। चावलोंको वर्तन मे अग्निपर रखनेके कुछ समय बाद ओदन (भात) बन कर तैयार हो जाता है। चावलोंसे जो ओदन बना वह एक समयमें और एक साथ ही नही बना किन्तु चावलोंमे प्रत्येक समय सूक्ष्म परिणमन होते होते अन्तमें स्थूल परिणमन दृष्टि-गोचर होता है। यदि प्रति समय सूक्ष्म परिणमन न होता तो स्थूल परिणमन भी नही हो सकता था। अतः चावलोंमे जो प्रति समय परिवर्तन हुआ वह काल रूप बाह्य कारणकी

अपेक्षासे ही हुआ। इसी प्रकार सब पदार्थोंमें परिणमन काल द्रव्यके कारण ही होता है। कालद्रव्य निष्क्रिय होकर भी निमित्तमात्रसे सब द्रव्योंकी वर्तना (क्रिया) में हेतु होता है।

एक पर्यायकी निवृत्ति होकर दूसरे पर्यायकी उत्पत्ति होनेका नाम परिणाम है। जीवका परिणाम क्रोध, मान, माया लोभादि,है। पुद्‌गलका परिणाम वर्णादि है। धर्म,अधर्म औ आकाशका परिणाम अगुरुलघु गुणोंकी वृद्धि हानिसे होता है।

हलन-चलन का नाम क्रिया है। क्रियाके दो भेद हैं--प्रायोगिकी और वैस्रसिकी। शकट (गाड़ी) आदिमें क्रिया दूसरों द्वारा होती है। इसको प्रायोगिकी क्रिया कहते हैं। मेघ आदिमे क्रिया स्वभावसे ही होती है। इसको वैस्रसिकी क्रिया कहते हैं

छोटे और बड़ेके व्यवहारको परत्वापरत्व कहते हैं। क्षेत्र और कालकी अपेक्षासे परत्वापरत्व व्यवहार होता है लेकिन यहाँ कालका प्रकरण होनेसे कालकृत परत्वापरत्वका ही ग्रहण किया गया है। कालकृत परत्वापरत्वसे समीप देशवर्ती और व्रतादि गुणोंसे रहित वृद्ध चाण्डालको बड़ा और दूर देशवर्ती व्रतादिगुणोंसे सम्पन्न ब्राह्मण बालकको छोटाकहते है।

परिणाम, क्रिया, परत्वापरत्व, आवली, घड़ी, घण्टा, दिन आदिका कारण व्यवहार-काल है। सूर्यादिकी क्रियासे जो समय, आवली आदिका व्यवहार होता है वह व्यवहार कालकृत है। एक पुद्‌गल परमाणुको आकाशके एक प्रदेशसे दूसरे प्रदेशमें जानेमे जो काल लगता है उसका नाम समय है और उस समयका कारण मुख्य काल है। व्यवहारमे भूत, भविष्यत् आदि व्यवहार मुख्यतया होते है।

यद्यपि परिणाम आदि वर्तनाके ही विशेष या भेद है लेकिन काल द्रव्यके मुख्य और व्यवहार ये दो भेद बतलानेके लिये सबका ग्रहण किया गया है। मुख्यकाल वर्तना रूप है। और व्यवहारकाल परिणाम, क्रिया और परत्वापरत्वरूप है।

पुद्‌गलका स्वरूप—

स्पर्शरसगन्धवर्णवन्तः पुद्‌गलाः ॥ २३ ॥

पुद्‌गलमें स्पर्श, रस, गन्ध और वर्ण ये चार गुण पाये जाते हैं। कोमल, कठोर, हलका, भारी, शीत, उष्ण, स्निग्ध और रूक्ष ये स्पर्शके आठ भेद हैं। खट्टा, मीठा, कड़ुआ, कषायला और चरपरा ये रसके पाँच भेद हैं,लवण रसका सभी रसोंमें अन्तर्भाव है। सुगन्ध और दुर्गन्ध ये गन्धके दो भेद हैं। काला, नीला, पीला, लाल और सफेद ये वर्णके पाँच भेद हैं। इनके भी संख्यात, असंख्यात और अनन्त उत्तर भेद होते हैं। जिन अग्नि आदिमे रस आदि प्रकट नहीं हैं वहाँ स्पर्शकी सत्ताद्वारा शेषका अनुमान कर लेना चाहिए।

यद्यपि "रूपिणः पुद्‌गलाः" इस पूर्वोक्त सूत्रसे ही पुद्‌गलके रूप रसादि वाले स्वरूपका ज्ञान हो जाता है लेकिन वह सूत्र पुद्‌गलको रूप रहित होनेकी आशंकाके निवारणके लिये कहा गया था। 'नित्यावस्थितान्यरूपाणि' इस सूत्रसे पुद्‌गलमें भी अरूपित्वकी आशका थी। अतः यह सूत्र पुद्‌गलका पूर्ण स्वरूप बतलानेके लिये है, निरर्थक नहीं है।

पुद्‌गलकी पर्यायें—

शब्दबन्धसौक्ष्म्यस्थौल्यसंस्थानभेदतमश्छायातपोद्योतवन्तश्च ॥ २४ ॥

पुद्‌गल द्रव्यमें शब्द, बन्ध, सूक्ष्मता, स्थूलता, संस्थान, भेद, छाया, तम, आतप और उद्योत रूपसे परिणमन होता रहता है अर्थात् ये पुद्‌गलकी पर्यायें हैं। शब्दके दो भेद हैं—

भाषारूप और अभाषारूप। भाषारूप शब्दके भी दो भेद हैं–अक्षरात्मक और अनक्षरात्मक। अक्षरात्मक शब्द संस्कृत और असंस्कृतके भेदसे आर्य और म्लेच्छोंके व्यवहारका हेतु होता है। दो इन्द्रिय, तीन इन्द्रिय, चार इन्द्रिय और पाँच इन्द्रिय जीवोंमे ज्ञानातिशयको प्रतिपादन करनेवाला अनक्षरात्मक शब्द है। एकेन्द्रियादिकी अपेक्षा दो इन्द्रिय आदिमे ज्ञानातिशय है। एकेन्द्रियमें तो ज्ञानमात्र है। अतिशय ज्ञानवाले सर्वज्ञके द्वारा एकेन्द्रियादिका स्वरूप बताया जाता है।

कोई लोग सर्वज्ञके शब्दोंको अनक्षरात्मक कहते हैं लेकिन उनका यह कहना ठीक नहीं है क्योंकि अनक्षरात्मक शब्दसे अर्थका ज्ञान नहीं हो सकता। सब भाषात्मक शब्द पुरुषकृत होनेसे प्रायोगिक होते हैं।

अभाषात्मक शब्दके दो भेद हैं–प्रायोगिक और वैस्रसिक। प्रायोगिकके चार भेद हैं—तत, वितत, घन और सुषिर। चमड़ेके तानने से पुष्कर, भेरी, दुन्दुभि आदि बाजोंसे उत्पन्न होने वाले शब्दको तत कहते हैं। तन्त्रीके कारण वीणा आदिसे होनेवाला शब्द वितत है। किन्नरोंके द्वारा कहा गया शब्द भी वितत है। घण्टा, ताल आदिसे उत्पन्न होने वाला शब्द घन है। बाँस, शख आदिसे उत्पन्न होनेवाला शब्द सुषिर है। मेघ, विद्युत् आदिसे उत्पन्न होनेवाला शब्द वैस्रसिक है।

बन्धके दो भेद हैं–प्रायोगिक और वैस्रसिक। पुरुषकृत बन्धको प्रायोगिक कहते है। इसके दो भेद हैं–अजीवविषयक और जीवाजीवविषयक। लाख और काष्ठ आदिका सम्बन्ध अजीवविषयक प्रायोगिक बन्ध है। जीवके साथ कर्म और नोकर्मका बन्ध जीवाजीवविषयक प्रायोगिक बन्ध है। पुरुषकी अपेक्षाके बिना स्वभावसे ही होनेवाले बन्धको वैस्रसिक बन्ध कहते है। रूक्ष और स्निग्ध गुणके निमित्तसे विद्युत्, जलधारा, अग्नि, इन्द्रधनुष आदिका बन्ध वैस्रसिक है।

सौक्ष्म्यके दो भेद है—अन्त्य और आपेक्षिक। परमाणुओंमें अन्त्य सौक्ष्म्य है। बेल, आँवला, बेर आदिमें आपेक्षिक सौक्ष्म्य है। बेलकी अपेक्षा आँवला सूक्ष्म है और आँवलेकी अपेक्षा बेर सूक्ष्म है।

स्थौल्यके भी दो भेद हैं—अन्त्य और आपेक्षिक। अन्त्य स्थौल्य संसारव्यापी महास्कन्धमें है। बेर, आँवला, बेल आदिमे आपेक्षिक स्थौल्य है। बेरकी अपेक्षा आँवला स्थूल है और आँवलेकी अपेक्षा बेल स्थूल है।

संस्थानके दो भेद हैं—इत्थंलक्षण और अनित्थंलक्षण। जिस आकारका अमुकरूपमें निरूपण किया जा सके वह इत्थंलक्षण संस्थान है जैसे गोल, त्रिकोण, चतुष्कोण आदि। और जिस आकारके विषयमें कुछ कहा न जा सके वह अनित्थंलक्षण संस्थान है जैसे मेघ, इन्द्रधनुष आदिका आकार अनेक प्रकारका होता है।

भेद छह प्रकारका है—उत्कर, चूर्ण, खण्ड, प्रतर और अणुचटन। करोंत, कुल्हाड़ी आदिसे लकड़ी आदिके काटनेको उत्कर कहते है। जौ, गेहूँ आदिको पीसकर सतुआ आदि बनाना चूर्ण है। घटका फूट जाना खण्ड है। उड़द, मूँग आदिको दलकर दाल बनाना चूर्णिका है। मेघपटलोंका विघटन हो जाना प्रतर हैं। संतप्त लोहेके गोलेको घनसे कूटने पर जो आगके कण निकलते हैं वह अणुचटन है।

प्रकाशका विरोधी अन्धकार पुद्गलकी पर्याय है।

प्रकाश और आवरणके निमित्तसे छाया होती है। इसके दो भेद हैं--वर्णादि-विकारात्मक और प्रतिबिम्बात्मक। गौरवर्णको छोड़कर श्यामवर्ण रूप हो जाना वर्णादि-

विकारात्मक छाया है। और चन्द्र आदिका जलमें जो प्रतिबिम्ब होता है वह प्रतिबिम्बात्मक छाया है।

सूर्य, वह्नि आदिमें रहनेवाली उष्णता और प्रकाशका नाम आतप है।

चन्द्रमा, मणि, खद्योत (जुगुनू) आदिसे होनेवाले प्रकाशको उद्योत कहते हैं।

उक्त शब्द आदि दश पुद्गल द्रव्यके विकार या पर्याय हैं। सूत्रमें 'च' शब्दसे अभिघात, नोदन आदि अन्य भी पुद्गल द्रव्यके विकारोंका ग्रहण कर लेना चाहिये।

पुद्गलके भेद—

अणवः स्कन्धाश्च ॥ २५ ॥

पुद्गल द्रव्यके दो भेद हैं—अणु और स्कन्ध। अणुका परिमाण आकाशके एक प्रदेश प्रमाण है। यद्यपि परमाणु प्रत्यक्ष नहीं हैं लेकिन उसका स्कन्धरूप कार्योंको देखकर अनुमान कर लिया जाता है।

परमाणुओंमें दो अविरोधी स्पर्श, एक वर्ण, एक गन्ध और एक रस रहता है, ये स्वरूपकी अपेक्षासे नित्य हैं लेकिन स्पर्श आदि पर्यायोंकी अपेक्षासे अनित्य भी हैं। इनका परिमाण परिमण्डल (गोल) होता है। नियमसारमें परमाणुका स्वरूप इस प्रकार बतलाया है—

"जिसका वही आदि, वही मध्य और वही अन्त हो, जो इन्द्रियोंसे नहीं जाना जा सके ऐसे अविभागी द्रव्यको परमाणु कहते हैं।"

स्थूल होनेके कारण जिनका ग्रहण, निक्षेपण आदि हो सके ऐसे पुद्गल परमाणुओंके समूहको स्कन्ध कहते हैं। ग्रहण आदि व्यापारकी योग्यता न होने पर भी उपचारसे द्व्यणुक आदिको भी स्कन्ध कहते है।

यद्यपि पुद्गलके अनन्त भेद हैं लेकिन अणुरूप जाति और स्कन्धरूप जातिकी अपेक्षा से दो भेद भी हो जाते हैं।

प्रश्न—जातिमें एकवचन होता है फिर सूत्रमें बहुवचनका प्रयोग क्यों किया ?

उत्तर—अणु और स्कन्धके अनेक भेद बतलानेके लिये बहुवचनका प्रयोग किया गया है।

यद्यपि 'अणुस्कन्धाश्च' इस प्रकार एक पदवाले सूत्रसे ही काम चल जाता लेकिन पूर्वके दो सूत्रोंमे भेद बतलानेके लिये 'अणवः स्कन्धाश्च' इस प्रकार दो पदका सूत्र बनाना पड़ा। 'स्पर्शरसगन्धवर्णवन्तः पुद्गलाः' इस सूत्रका सम्बन्ध केवल अणुसे है अर्थात् परमाणुओंमें स्पर्श, रस, गन्ध और वर्ण पाये जाते हे। लेकिन स्कन्धका सम्बन्ध 'स्पर्शरस' इत्यादि और 'शब्दबन्ध' इत्यादि दोनों सूत्रोंसे है। स्कन्ध स्पर्श, रस, गन्ध और वर्ण वाले होते है तथा शब्द, बन्ध आदि पर्यायवाले भी होते हैं।

इस सूत्रमें 'च' शब्द समुच्चयार्थक है। अर्थात् अणु ही पुद्गल नहीं हैं किन्तु स्कन्ध भी पुद्गल हैं। निश्चयनयसे परमाणु ही पुद्गल हैं और व्यवहारनयसे स्कन्धभी पुद्गल है।

स्कन्धोंकी उत्पत्तिका कारण—

भेदसङ्घातेभ्य उत्पद्यन्ते ॥ २६ ॥

स्कन्धोंकी उत्पत्ति भेद, संघात और दोनोंसे होती है। भेद अर्थात् विदारण जुदा होना, संघात अर्थात् मिलना इकट्ठा होना।

दो अणुओंके मिल जानेसे दो प्रदेशवाला स्कन्ध बन जाता है। दो प्रदेशवाले स्कन्ध के साथ एक अणुके मिल जानेसे तीन प्रदेशवाला स्कन्ध हो जाता है। इस प्रकार संघातसे संख्यात, असख्यात और अनन्त प्रदेश परिमाण स्कन्धकी उत्पत्ति होती है। भेदसे भी स्कन्धोंकी उत्पत्ति होती है। सख्यात और अनन्त प्रदेशवाले स्कन्धोंके भेद (टुकड़े) करनेसे द्विप्रदेशपर्यन्त अनेक स्कन्ध बन जॉयगे। इसी प्रकार भेद और सघात दोनोंसे भी स्कन्धकी उत्पत्ति होती है। कुछ परमाणुओंसे भेद होनेसे और कुछ परमाणुओंके साथ संघात होनेसे स्कन्धकी उत्पत्ति होती है।

अणुकी उत्पत्तिका कारण—

भेदादणु ॥ २७ ॥

परमाणुकी उत्पत्ति भेदसे ही होती है—सघात और भेद-संघातसे अणुकी उत्पत्ति नही होती है। किसी स्कन्धके परमाणु पर्यन्त भेद करनेसे परमाणुकी उत्पत्ति होती है।

दृश्य स्कन्धकी उत्पत्तिका कारण—

भेदसंघाताभ्यां चाक्षुषः ॥ २८ ॥

चाक्षुष अर्थात् चक्षु इन्द्रियसे देखने योग्य स्कन्धोंकी उत्पत्ति भेद और संघातसे होती है, केवल भेदसे नही। अनन्त अणुओका संघात होनेपर भी कुछ स्कन्ध चाक्षुप होते हैं और कुछ अचाक्षुष। जो अचाक्षुप स्कन्ध है उसका भेद हो जाने पर भी सूक्ष्म परिणाम बने रहनेके कारण वह चाक्षुप नही हो सकता। लेकिन यदि उस सूक्ष्म स्कन्धका भेद होकर अर्थात् सूक्ष्मत्वका विनाश होकर अन्य किसी चाक्षुप स्कन्धके साथ सम्बन्ध हो जाय तो वह चाक्षुष हो जायगा। इस प्रकार चाक्षुष स्कन्धकी उत्पत्ति भेद और सघात दोनोंसे होती है।

द्रव्यका लक्षण—

सद्द्रव्यलक्षणम् ॥ २९ ॥

द्रव्यका लक्षण सत् है, अर्थात् जिसका अस्तित्व अथवा सत्ता हो वह द्रव्य है।

सत्का स्वरूप—

उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत् ॥ ३० ॥

जो उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य सहित हो वह सत् है। अपने मूल स्वभाव को न छोड़-कर नवीन पर्यायकी उत्पत्तिको उत्पाद कहते हैं। जैसे मिट्टीके पिण्डसे घट पर्यायका होना। पूर्व पर्यायका नाश हो जाना व्यय है जैसे घटकी उत्पत्ति होने पर मिट्टीके पिण्डका विनाश व्यय है। ध्रौव्य द्रव्यके उस स्वभावका नाम है जो द्रव्यकी सभी पर्यायोंमे रहता है और जिसका कभी विनाश नही होता जैसे मिट्टी। पर्यायोका उत्पाद-विनाश होने पर भी द्रव्य स्वभावका अन्वय बना रहता है।

प्रश्न—भेद होने पर युक्त शब्दका प्रयोग देखा जाता है जैसे 'देवदत्त दण्डसे युक्त है। इसी तरह यदि उत्पाद, व्यय, ध्रौव्य और द्रव्यमे भेद है तो दोनोंका अभाव हो जायगा क्योंकि उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यके विना द्रव्यकी सत्ता सिद्ध नही हो सकती और द्रव्यके अभावमे उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य भी संभव नही है।

उत्तर—उत्पाद आदि और द्रव्यमें अभेद होने पर भी कथञ्चिद्भेद नयकी अपेक्षासे युक्त शब्दका प्रयोग किया गया है। यह स्वभा सारयुक्त है ऐसा व्यवहार अभेदमे भी देखा जाता है। द्रव्य लक्ष्य है और उत्पाद आदि लक्षण हैं अतः लक्ष्यलक्षणभावको दृष्टिमें रखने पर पर्यायार्थिकनयकी अपेक्षासे द्रव्य और उत्पाद आदिमें भेद है लेकिन द्रव्यार्थिकनयकी अपेक्षासे उनमें अभेद है। अथवा यहाँ युक्त शब्द योगार्थक युज् धातुसे नही बना है किन्तु युक्त शब्द समाधि (एकता) वाचक है। अतः जो उत्पाद, व्यय, ध्रौव्यात्मक हो उसका नाम द्रव्य है। तात्पर्य यह कि उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य एतत्त्रयात्मक ही द्रव्य है, दोनोंका पृथक् अस्तित्व नहीं है। पर एक अंश है और दूसरा अंशी, एक पर्याएँ हैं तो दूसरा अन्वयी द्रव्य, एक लक्षण है तो दूसरा लक्ष्य इत्यादि भेद दृष्टिसे उनमें भेद है।

नित्यका लक्षण—

तद्भावाव्ययं नित्यम् ॥ ३१ ॥

उस भाव या स्वरूपके प्रत्यभिज्ञानका जो हेतु होता है वह अनुस्यूत अंश नित्यत्व है। यह वही है इस प्रकारके ज्ञानको प्रत्यभिज्ञान कहते हैं। यह ज्ञान बिना हेतुके नहीं हो सकता। अतः तद्भाव प्रत्यभिज्ञानका हेतु है। किसीने पहिले देवदत्तको बाल्यावस्थामें देखा था। जब वह उसे वृद्धावस्थामें देखता है और पूर्वका स्मरण कर सोचता है कि––यह तो वही देवदत्त है। इससे ज्ञात होता है कि देवदत्तमे एक ऐसा तद्भाव (स्वभावविशेष) है जो बाल्य और वृद्ध दोनों अवस्थाओंमे अन्वित रहता है। यदि द्रव्यका अत्यन्त विनाश हो जाय और सर्वथा नूतन पर्यायकी उत्पत्ति हो तो स्मरणका अभाव हो जायगा और स्मरणाभाव होनेसे लोकव्यवहारकी भी निवृत्ति हो जायगी। द्रव्यमें नित्यत्व द्रव्यार्थिकनयकी अपेक्षासे ही है, सर्वथा नहीं। यदि द्रव्य सर्वथा नित्य हो तो आत्मामें संसारकी निवृत्तिके लिए की जाने वाले दीक्षा आदि क्रियाएँ निरर्थक हो जायगी। और आत्माकी मुक्ति भी नहीं हो सकेगी।

अर्पितानर्पितसिद्धेः ॥ ३२ ॥

मुख्य या प्रधान और गौण या अप्रधान के विवक्षाभेदसे एक ही द्रव्यमें नित्यत्व, अनित्यत्व आदि अनेक धर्म रहते हैं। वस्तु अनेकधर्मात्मक है। जिस समय जिस धर्मकी विवक्षा होती है उस समय वह धर्म प्रधान हो जाता है और अन्य धर्म गौण हो जाते है। एक ही मनुष्य पिता, पुत्र, भ्राता, चाचा आदि अनेक धर्मोको धारण करता है। वह अपने पुत्रकी अपेक्षा पिता है, पिताकी अपेक्षा पुत्र है, भाईकी अपेक्षा भ्राता है। अतः अपेक्षा-भेदसे एक ही वस्तुमें अनेक धर्म रहनेमे कोई विरोध नही है। द्रव्य सामान्य अन्वयी अंशसे नित्य है तथा विशेष पर्यायकी अपेक्षा अनित्य है। इसी तरह भेद-अभेद, अपेक्षितत्व-अनपेक्षितत्व, दैव-पुरुषार्थ, पुण्य-पाप आदि अनेकों विरोधी युगल वस्तुमें स्थित है। वस्तु इन सभी धर्मोंका अविरोधी आधार है।

परमाणुओंके बन्धका कारण—

स्निग्धरूक्षत्वाद् बन्धः ॥ ३३ ॥

स्निग्ध और रूक्ष गुणके कारण परमाणुओंका परस्परमें बन्ध होता है। स्निग्ध और रूक्ष गुण वाले दो परमाणुओंके मिलनेसे द्व्यणुक और तीन परमाणुओंके मिलनेसे त्र्यणुककी

उत्पत्ति होती है। इसी प्रकार संख्यात, असंख्यात और अनन्त परमाणु वाले स्कन्धोंकी भी उत्पत्ति होती है। स्निग्ध और रूक्ष गुणके एकसे लेकर अनन्त तक भेद होते हैं। जैसे जल, बकरीका दूध और घृत, गायका दूध और घृत भैंसका दूध और घृत, और ऊँटनी का दूध और घृत इनमें स्निग्ध गुण की उत्तरोत्तर अधिकता है। धूलि, रेत, पत्थर, वज्र आदिमें रूक्ष गुणकी उत्तरोत्तर अधिकता है। इसी प्रकार पुद्गल परमाणुओंमे स्निग्ध और रूक्ष गुणका प्रकर्ष और अपकर्ष पाया जाता है।

न जघन्यगुणानाम् ॥३४॥

जघन्य गुणवाले परमाणुओंका वन्ध नही होता है। प्रत्येक परमाणुमे स्निग्ध आदिके एकसे लेकर अनन्त तक गुण रहते हैं। गुण उस अविभागी प्रतिच्छेद (शक्तिका अंश) का नाम है जिसका दूसरा विभाग या विवेचन न किया जा सके। जिन परमाणुओंमे स्निग्धता और रूक्षताका एक ही गुण या अंश रहता है उनका परस्पर वन्ध नही हो सकता। गुण शब्दका प्रयोग गौण, अवयव, द्रव्य, उपकार, रूपादि, ज्ञानादि, विशेषण, भाग आदि अनेक अर्थोंमे होता है। यहॉ गुण शब्द •भाग (अविभागी अंश) अर्थ में लिया गया है।

एक गुणवाले स्निग्ध परमाणु का एक, दो, तीन आदि अनन्त गुणवाले स्निग्ध या रूक्ष परमाणुके साथ वन्ध नहीं होगा। इसी प्रकार एक गुणवाले रूक्ष परमाणुका एक, दो, तीन आदि अनन्त गुणवाले रूक्ष या स्निग्ध परमाणुके साथ वन्ध नहीं होगा। जघन्य गुणवाले स्निग्ध और रूक्ष परमाणुओंको छोड़कर अन्य स्निग्ध और रूक्ष परमाणुओं का परस्परमें वन्ध होता है।

गुणसाम्ये सदृशानाम् ॥ ३५ ॥

गुणोकी समानता होनेपर एक जातिवाले परमाणुओंका भी वन्ध नही होता है। अर्थात् दो गुणवाले स्निग्ध परमाणुका दो गुण वाले स्निग्ध या रूक्ष परमाणुके साथ बन्ध नही होता है, और दो गुणवाले रूक्ष परमाणुका दो गुणवाले रूक्ष या स्निग्ध परमाणुके साथ बन्ध नहीं होता है।

यद्यपि गुणकी समानता होनेपर सजातीय या विजातीय किसी प्रकारके परमाणुओं का बन्ध नही होता है और इस प्रकार सूत्रमे सदृश शब्द निरर्थक हो जाता है लेकिन सदृश शब्द इस बातको सूचित करता है कि गुणोंकी विषमता होनेपर समान जातिवाले परमाणुओंका भी बन्ध होता है केवल विसदृश जातिवाले परमाणुओंका ही नही।

बन्ध होनेका अन्तिम निर्णय–

द्व्यधिकादिगुणानां तु ॥ ३६ ॥

दो अधिक गुणवाले परमाणुओका बन्ध होता है। तु शब्दका प्रयोग पादपूरण, अवधारण, विशेषण और समुच्चय इन चार अर्थोंमें होता है उनमेंसे यहॉ तु शब्द विशेषणार्थक है। पूर्वमे जो बन्धका निषेध किया गया है उसका प्रतिषेध करके इस सूत्रमे बन्धका विधान किया गया है। दो गुणवाले स्निग्ध परमाणुका एक, दो और तीन गुणवाले स्निग्ध या रूक्ष परमाणुके साथ बन्ध नहीं होगा किन्तु चार गुणवाले स्निग्ध या रूक्ष परमाणुके साथ बन्ध होगा। दो गुणवाले स्निग्धपरमाणुका पॉच, छह, आदि अनन्त गुणवाले स्निग्ध

या रूक्ष परमाणुके साथ भी बन्ध नहीं होगा। तीन गुणवाले स्निग्ध परमाणुका पाँच गुणवाले स्निग्ध या रूक्ष परमाणुके साथ ही बन्ध होगा अन्य गुणवाले परमाणुके साथ नहीं। इसी प्रकार दो गुणवाले रूक्ष परमाणुका चार गुणवाले रूक्ष या स्निग्ध परमाणुके साथ ही बन्ध होगा और तीन गुणवाले रूक्ष परमाणुका पाँच गुणवाले रूक्ष या स्निग्ध परमाणुके साथ ही बन्ध होगा, अन्य गुणवाले परमाणुके साथ नहीं। अतः दो गुण अधिक होनेपर समान और असमान जातिवाले परमाणुओंका परस्परमे बन्ध होता है।

बन्धेऽधिकौ पारिणामिकौ च ॥ ३७ ॥

बन्धमें अधिक गुणवाले परमाणु कम गुणवाले परमाणुओंको अपनेमें परिणत कर लेते हैं। नूतन अवस्थाको उत्पन्न कर देना पारिणामिकत्व है। जैसे गीला गुड़ अपने ऊपर गिरी हुई धूलिको गुड़ रूप परिणत कर लेता है उसी प्रकार चार गुणवाला परमाणु दो गुण वाले परमाणुको अपने रूपमें परिणत कर लेता है अर्थात् उन दोनोंकी पूर्व अवस्थाएँ नष्ट हो जाती हैं। एक तीसरी ही अवस्था उत्पन्न होती है। उनमें एकता हो जाती है। यही कारण है कि अधिक गुणवाले परमाणुओंका ही बन्ध होता है। समगुण वाले परमाणुओंका नहीं। यदि अधिकगुण परमाणुओंको पारिणामक न माना जाय तो बन्ध अवस्थामे भी परमाणु सफेद और काले तन्तुओसे बने हुए कपड़ेमें तन्तुओंके समान पृथक् पृथक् ही रहेगे उनमे एकत्व परिणमन न हो सकेगा। इसी प्रकार जल और सत्तूमें परस्पर सम्बन्ध होने पर जल पारिणामक होता है।

इस प्रकार बन्ध होने पर ज्ञानावरण, दर्शनावरण आदि कर्मोकी तीस कोड़ाकोड़ी सागरकी स्थिति भी बन जाती है क्योंकि जीवके साथ पूर्व सम्बद्ध कार्मणद्रव्य स्निग्ध आदि गुणोंसे अधिक है।

द्रव्यका लक्षण—

गुणपर्ययवद् द्रव्यम् ॥ ३८ ॥

जो गुण और पर्यायवाला हो वह द्रव्य है। गुण अन्वयी (नित्य) होते हैं अर्थात् द्रव्यके साथ सदा रहते हैं, द्रव्यको कभी नही छोड़ते। गुणोंके द्वारा ही एक द्रव्यका दूसरे द्रव्यसे भेद किया जाता है। यदि गुण न हों तो एक द्रव्य दूसरे द्रव्यरूप भी हो जायगा। जीवका ज्ञानगुण जीवको अन्य द्रव्योंसे पृथक् करता है। इसी प्रकार पुद्गलादि द्रव्योंके रूपादि गुण भी उन द्रव्योंको अन्य द्रव्योंसे पृथक् करते हैं।

पर्याएँ व्यतिरेकी (अनित्य) होती हैं अर्थात् द्रव्यके साथ सदा नही रहती वदलती रहती हैं। गुणोंके विकारको ही पर्याय कहते हैं जैसे जीवके ज्ञान गुणकी घटज्ञान, पटज्ञान आदि पर्याएँ है। व्यवहारनयकी अपेक्षासे पर्याएँ द्रव्यसे कथंचित् भिन्न हैं। यदि पर्याएँ द्रव्यसे सर्वथा अभिन्न हों तो पर्यायोंके नाश होने पर द्रव्यका भी नाश हो जायगा।

कहा भी है कि द्रव्यके विधान करनेवालेको गुण कहते हैं। और द्रव्यके विकारको पर्याय कहते हैं। अनादि निधन द्रव्यमे जलमे तरङ्गोंके समान प्रतिक्षण पर्याएँ उत्पन्न और विनष्ट होती रहती है। द्रव्यमे गुण और पर्यायें सदा रहती है। गुण और पर्यायोंके समूहका नाम ही द्रव्य है। गुण और पर्यायको छोड़कर द्रव्य कोई पृथक् वस्तु नहीं है।

काल द्रव्यका वर्णन—

कालश्च ॥ ३९ ॥

काल भी द्रव्य है क्योंकि उसमे द्रव्यका लक्षण पाया जाता है। द्रव्यका लक्षण 'उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं' और 'गुणपर्ययवद् द्रव्यम्' बतलाया है। कालमे दोनों प्रकारका लक्षण पाया जाता है। स्वरूपकी अपेक्षा नित्य रहनेके कारण कालमे स्वप्रत्यय ध्रौव्य है। उत्पाद और व्यय स्वप्रत्यय और परप्रत्यय दोनों प्रकारसे होते हैं। अगुरुलघु गुणोंकी हानि और वृद्धिकी अपेक्षा कालमें स्वप्रत्यय उत्पाद और व्यय होता रहता है। काल द्रव्योंके परिवर्तनमे कारण होता है अतः परप्रत्यय उत्पाद और व्यय भी कालमे होते हैं।

कालमें साधारण और असाधारण दोनों प्रकारके गुण रहते हैं। अचेतनत्व, अमूर्तत्व, सूक्ष्मत्व, अगुरुलघुत्व आदि कालके साधारण गुण हैं। द्रव्योंके परिवर्तनमे हेतु होना कालका असाधारण गुण है। इसीप्रकार कालमे पर्याएँ भी उत्पन्न और विनष्ट होती रहती है। अतः जीवादिकी तरह काल भी द्रव्य है।

प्रश्न—काल द्रव्यको पृथक् क्यों कहा। पहिले "अजीवकाया धर्माधर्माकाशकालपुद्गलाः" ऐसा सूत्र बनाना चाहिये था। ऐसा करनेसे काल द्रव्यका पृथक् वर्णन न करना पडता।

उत्तर—यदि "अजीवकाया" इत्यादि सूत्रमे काल द्रव्यको भी सम्मिलित कर देते तो धर्म आदि द्रव्योंकी तरह काल भी काय हो जाता। लेकिन कालद्रव्य मुख्य और उपचार दोनों रूपसे काय नही है।

पहिले "निष्क्रियाणि च" इस सूत्रमें धर्म, अधर्म और आकाश द्रव्यको निष्क्रिय बतलाया है। इनके अतिरिक्त द्रव्य सक्रिय हैं। अतः पूर्व सूत्रमे कालका वर्णन होनेसे काल भी सक्रिय द्रव्य हो जाता और "आ आकाशादेकद्रव्यम्" इसके अनुसार काल भी एक द्रव्य हो जायगा। लेकिन काल न तो सक्रिय है और न एक द्रव्य। इन कारणोंसे काल द्रव्यका वर्णन पृथक् किया गया है।

कालद्रव्य अनेक है इसका तात्पर्य यह है कि लोकाकाशके प्रत्येक प्रदेश पर एक एक कालाणु रत्नराशिके समान पृथक् पृथक् स्थित है। लोकाकाशके प्रदेश असख्यात होनेसे काल द्रव्य भी असंख्यात है। कालाणु अमूर्त और निष्क्रिय हैं तथा सम्पूर्ण लोकाकाशमे व्याप्त हैं।

व्यवहारकाल का प्रमाण—

सोऽनन्तसमयः ॥ ४० ॥

व्यवहारकालका प्रमाण अनन्त समय है। यद्यपि वर्तमान कालका प्रमाण एक समय ही है किन्तु भूत और भविष्यत् कालकी अपेक्षासे कालको अनन्तसमयवाला कहा गया है।

अथवा यह सूत्र व्यवहार कालके प्रमाणको न बतलाकर मुख्यकालके प्रमाणको ही बतलाता है। एक भी कालाणु अनन्त पर्यायोंकी वर्तनामे हेतु होनेके कारण उपचारसे अनन्त समयवाला कहा जाता है। समय कालके उस छोटेसे छोटे अशको कहते हैं जिसका बुद्धिके द्वारा विभाग न हो सके। मन्दगतिसे चलनेवाले पुद्गल परमाणुको आकाशके एक प्रदेशसे दूसरे प्रदेश तक चलनेमे जितना काल लगे उतने कालको समय कहते हैं।

यहाँ समय शब्दसे आवली, उच्छ्वास आदिका भी ग्रहण करना चाहिये। असंख्यात समयोंकी एक आवली होती है। संख्यात आवलियोंका एक उच्छ्वास होता है। सात

उछ्वासोंका एक थोव होता है और सात थोवोंका एक लव होता है। साढ़े अड़तीस लवोंकी एक नाली होती है। दो नलियोंका एक मुहूर्त होता है और आवलीसे एक समय अधिक तथा मुहूर्तसे एक समय कम अन्तमुहूर्तका काल है। इसी तरह माह, ऋतु, अयन, वर्ष, युग, पल्योपम आदिकी गणना होती है।

द्रव्यका लक्षण—

द्रव्याश्रया निर्गुणा गुणाः ॥ ४१ ॥

जो द्रव्यके आश्रित हों और स्वयं निर्गुण हों उनको गुण कहते हैं।

निर्गुण विशेषणसे द्व्यणुक, त्र्यणुक आदि स्कन्धोंकी निवृत्ति हो जाती है। यदि 'द्रव्याश्रया गुणा' ऐसा ही लक्षण कहते तो द्व्यणुक आदि भी गुण हो जाते क्योंकि ये अपने कारणभूत परमाणुद्रव्यके आश्रित है। लेकिन जब यह कह दिया गया कि जो गुणको निर्गुण भी होना चाहिये तो द्व्यणुक आदि गुण नहीं हो सकते क्योंकि निर्गुण नही हैं किन्तु गुण सहित हैं।

यद्यपि घट संस्थान आदि पर्यायें भी द्रव्याश्रित और निर्गुण हैं लेकिन वे गुण नहीं हो सकती क्योंकि 'द्रव्याश्रया'का तात्पर्य यह है कि गुणको सदा द्रव्यके आश्रित रहना चाहिये। ओर पर्यायें कभी कभी साथ रहती हैं, वे नष्ट और उत्पन्न होती रहती हैं अतः पर्यायोंको गुण नही कह सकते। नैयायिक गुणोको द्रव्यसे पृथक् मानते हैं लेकिन उनका ऐसा मानना ठीक नही है। यद्यपि संज्ञा, लक्षण आदिके भेदसे द्रव्य और गुणमें कथंचित् भेद है लेकिन द्रव्यात्मक और द्रव्यके परिणाम या पर्याय होनेके कारण गुण द्रव्यसे अभिन्न हैं।

पर्यायका वर्णन—

तद्भावः परिणामः ॥ ४२ ॥

धर्मादि द्रव्योंके अपने अपने स्वरूपसे परिणमन करनेको पर्याय कहते हैं। धर्मादि द्रव्योंके स्वरूपको ही परिणाम कहते हैं। परिणामके दो भेद हैं–सादि और अनादि। सामान्यसे धर्मादि द्रव्योका गत्युपग्रह आदि अनादि परिणाम है और वही परिणाम विशेषकी अपेक्षा सादि है। तात्पर्य यह कि गुण और पर्याय दोनों ही द्रव्योंके परिणाम हैं।

पांचवा अध्याय समाप्त

छठवाँ अध्याय

योगका स्वरूप—

कायवाङ्मनःकर्म योगः ॥ १ ॥

मन, वचन और कायकी क्रियाको योग कहते हैं। अर्थात् मन, वचन और कायकी वर्गणाओं को आलंबन लेकर आत्माके प्रदेशोंमें जो हलन-चलनरूप क्रिया होती है उसीका नाम योग है। योगके तीन भेद हैं—काययोग, वचनयोग और मनोयोग। वीर्यान्तरायके क्षयोपशम होनेपर तथा औदारिक, औदारिकमिश्र, वैक्रियिक, वैक्रियिकमिश्र, आहारक, आहारकमिश्र और कार्मण शरीर रूपसे परिणत वर्गणाओंमेंसे किसी शरीरवर्गणाके निमित्त से आत्माके प्रदेशोंमे जो क्रिया होती है वह काययोग है। शरीर नामकर्मके उदयसे होनेवाली वचनवर्गणाके होनेपर, वीर्यान्तरायका क्षयोपशम होनेपर, मतिज्ञानावरणका क्षयोपशम होनेपर, अक्षरादिश्रुतज्ञानावरणका क्षयोपशम होनेपर और अन्तरंगमें वचनलब्धिकी समीपता होनेपर वचनरूप परिणामके अभिमुख आत्माके प्रदेशोमें जो क्रिया होती है उसको वचनयोग कहते हैं। वचनयोग सत्य, असत्य, उभय और अनुभयके भेदसे चार प्रकारका है। अन्तरंगमे वीर्यान्तराय और नोइन्द्रियावरणके क्षयोपशमरूप मनोलब्धिके होनेपर और बहिरंगमे मनोवर्गणाके उदय होनेपर मनरूप परिणामके अभिमुख आत्माके प्रदेशोंमे जो क्रिया होती है वह मनोयोग है।

सयोगकेवलीमे वीर्यान्तराय आदिके क्षय होनेपर मनोवर्गणा आदि तीन प्रकारकी वर्गणाओंके निमित्तसे ही योग होता है। सयोगकेवलीका योग अचिन्तनीय है जैसा कि स्वामी समन्तभद्रने बृहत्स्वयंभू स्तोत्रमें कहा है— हे भगवन्! आपके मन, वचन और कायकी प्रवृत्तियॉ इच्छापूर्वक नही होती हैं और न विना विचारे ही होती हैं, आपकी चेष्टाएँ अचिन्त्य है।

आस्रवका वर्णन—

स आस्रवः ॥ २ ॥

ऊपर कहे गये योगका नाम ही आस्रव है। कर्मके आनेके कारणोंको आस्रव कहते हैं। मन, वचन और कायकी क्रियाके द्वारा आत्मामें कर्म आते हैं अतः योगको आस्रव कहते है। दण्ड, कपाट, प्रतर और लोकपूरणात्मक भी योग होता है लेकिन वह अनास्रव रूप है अर्थात् दण्डादियोग कर्मोंके आनेका कारण नही होता है। जिस प्रकार गोला वस्त्र धूलि को चारों ओरसे ग्रहण करता है अथवा तप्त लोहेका गरम गोला चारों ओरसे जलको ग्रहण करता है उसी प्रकार कषायसे सन्तप्त जीव योगके निमित्तसे आये हुये कर्मोंको सम्पूर्ण प्रदेशोंके द्वारा ग्रहण करता है।

शुभः पुण्यस्याशुभः पापस्य ॥ ३ ॥

शुभ योग पुण्य कर्मके आस्रवका और अशुभ योग पापकर्मके आस्रवका कारण होता है। जो आत्माको पवित्र करे वह पुण्य है, जो आत्माको कल्याणकी ओर न जाने

दे वह पाप है। सद्वेद्य, शुभायु, शुभनाम और शुभ गोत्र पुण्य हैं, असाता वेदनीय अशुभ आयु अशुभ नाम और अशुभ गोत्र पाप हैं। जीवरक्षा, अचौर्य, ब्रह्मचर्यादि शुभ काययोग है। सत्य, हित, मित, प्रियभाषणादि शुभ वचनयोग है। अर्हन्त आदिकी भक्ति, तपमें रुचि, शास्त्रकी विनय आदि शुभ मनोयोग है। हिंसा, अदत्तादान, मैथुन आदि अशुभ काययोग है। असत्य, अप्रिय, अहित, कर्कश भाषण आदि अशुभ वचनयोग है। वधचिन्तन, ईर्ष्या, असूया आदि अशुभ मनोयोग है। शुभ परिणामोंमें उत्पन्न योगको शुभ योग और अशुभ परिणामोंसे उत्पन्न योगको अशुभ योग कहते हैं। ऐसा नहीं है कि जिसका हेतु शुभ कर्म हो वह शुभ योग और जिसका हेतु अशुभ कर्म हो वह अशुभ योग कहा जाय। यदि ऐसा माना जाय तो केवलीके भी शुभाशुभ कर्मका बन्ध होना चाहिये क्योंकि केवलीके अशुभ कर्म (असाता वेदनीय) का उदय होनेसे अशुभ योग हो जायगा और अशुभ योग होने सेअशुभ कर्मका बन्ध होना चाहिये। लेकिन केवलीके अशुभ कर्मका बन्ध नहीं होता है।

प्रश्न—शुभ योग भी ज्ञानावरणादि कर्मके बन्धका कारण होता है। जैसे किसीने एक उपवास करनेवाले व्यक्तिसे कहा कि तुम पढ़ो नहीं,पढ़ना बन्द कर दो। तो यद्यपि कहने वालेने हितकी बात कही फिर भी उसके ज्ञानावरणादिका बन्ध होता है। इसलिये एक अशुभ योग ही मानना ठीक है। शुभ योग है ही नहीं।

उत्तर—उक्त प्रकारसे कहनेवालेको अशुभ कर्मका आस्रव नहीं होता है क्योंकि उसके परिणाम विशुद्ध हैं। उसके कहनेका अभिप्राय यह था कि यदि यह उपवास करनेवाला व्यक्ति इस समय विश्राम कर ले तो भविष्यमें अधिक तप कर सकता है। अतः उसके परिणाम शुभ होनेसे अशुभ कर्मका आस्रव नहीं होता है।

आप्तमीमांसामें कहा भी है कि—स्व और परमें उत्पन्न होनेवाले सुख या दुःख यदि विशुद्धिपूर्वक हैं तो पुण्यास्रव होगा यदि संक्लेश पूर्वक है तो पापास्रव होगा। यही व्यवस्था पुण्य-पापास्रवकी सयुक्तिया है।

सकषायाकषाययोः साम्परायिकेर्यापथयोः ॥ ४ ॥

जो आत्माको कसे अर्थात् दुःख दे वह कषाय। अथवा कषाय चेंपको कहते हैं जैसे बहेड़ा या आँवलेका कसैली चेंप वस्त्रके कसैले रंगसे रंग देता है। कषाय सहित जीवोंके साम्परायिक और कषाय रहित जीवोंके ईर्यापथ आस्रव होता है। संसारके कारणभूत आस्रव को साम्परायिक आस्रव कहते हैं।। स्थिति और अनुभाग रहित कर्मों के आस्रवको ईर्यापथ आस्रव कहते हैं। कषायसहित जीवोंके अर्थात् मिथ्यादृष्टि गुणस्थानसे दशमे गुणस्थान तक साम्परायिक आस्रव होता है। और ग्यारहवे गुणस्थानसे तेरहवें गुणस्थान तक ईर्यापथ आस्रव होता है। ईर्यापथ आस्रव संसारका कारण नहीं होता है क्योंकि उपशान्त कषाय आदि गुणस्थानोंमें कषायका अभाव होनेसे योगके द्वारा आये हुये कर्मोका स्थिति और अनुभाग बन्ध नहीं होता है और आये हुये कर्मोंकी सूखी दीवाल पर गिरे हुये पत्थरकी तरह तुरन्त निवृत्ति हो जाती है। और कषायसहित जीवोंके योगके द्वारा आये हुए कर्मोंका कषायके निमित्तसे स्थिति और अनुभागबन्ध भी होता है अतः वह आस्रव संसारका कारण होता है। चौदहवे गुणस्थानमे आस्रव नहीं होता है।

साम्परायिक आस्रवके भेद—

इन्द्रियकषायाव्रतक्रियाः पञ्चचतुःपञ्चपञ्चविंशतिसंख्याः पूर्वस्य भेदाः ॥५॥

पाँच इन्द्रिय, चार कषाय, पाँच अव्रत और पचीस क्रियाएँ इस प्रकार साम्परायिक

आस्रवके उनतालीस भेद हैं। स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र इन पाँच इन्द्रियोंके द्वारा क्रोध, मान, माया और लोभ इन चार कषायोंके द्वारा और हिंसा, असत्य, स्तेय, अब्रह्मचर्य और परिग्रह इन पाँच अव्रतोंके द्वारा साम्परायिक आस्रव होता है।

सम्यक्त्व आदि पच्चीस क्रियाओंके द्वारा भी साम्परायिक आस्रव होता है। पच्चीस क्रियाओंका स्वरूप निम्न प्रकार है—

१ सम्यक्त्वको बढ़ाने वाली क्रियाको सम्यक्त्व क्रिया कहते हैं जैसे देवपूजन, गुरूपास्ति, शास्त्र प्रवचन आदि। २ मिथ्यात्वको बढ़ानेवाली क्रिया मिथ्यात्व क्रिया हैं जैसे कुदेवपूजन आदि। ३ शरीरादिके द्वारा गमनागमनादिमें प्रवृत्त होना प्रयोग क्रिया है। ४ संयमीका अविरतिके सम्मुख होना अथवा प्रयत्नपूर्वक उपकरणादिका ग्रहण करना समादान क्रिया है। ५ ईर्यापथ कर्मकी कारणभूत क्रियाको ईर्यापथ क्रिया कहते हैं। ६ दुष्टतापूर्वक कायसे उद्यम करना कायिकी क्रिया है। हिंसाके उपकरण तलवार आदिका ग्रहण करना अधिकरण क्रिया है। ८ जीवोंको दुःख उत्पन्न करने वाली क्रियाको पारितापिकी क्रिया कहते हैं। ९ आयु, इन्द्रिय आदि दश प्राणोंका वियोग करना प्राणातिपातिकी क्रिया है। ११ रागके कारण रमणीयरूप देखनेकी इच्छाका होना दर्शन क्रिया है। १२ कामके वशीभूत होकर सुन्दर कामिनीके स्पर्शनकी इच्छाका होना स्पर्शन क्रिया है। १३ नये नये हिंसादिके कारणोंका जुटाना प्रात्ययिकी क्रिया है। १४ स्त्री, पुरुष और पशुओंके बैठने आदिके स्थानमे मल, मूत्र आदि करना समन्तानुपात क्रिया है। १५ विना देखी और विना शोधी हुई भूमि पर उठना, बैठना आदि अनाभोग क्रिया है। १६ नौकर आदिके करने योग्य क्रियाको स्वयं करना स्वहस्त क्रियाहै। १७ पापको उत्पन्न करनेवाली प्रवृत्तिमे दूसरेको अनुमति देना निसर्ग क्रिया है। १८ दूसरो द्वारा किये गये गुप्त पापोंको प्रगट कर देना विदारण क्रिया है। १९ चारित्रमोहके उदयसे जिनोक्त आवश्यकादि क्रियाओंके पालन करनेमे असमर्थ होनेके कारण जिनाज्ञासे विपरीत कथन करना आज्ञाव्यापादन क्रिया है। २० प्रमाद अथवा अज्ञानके कारण शास्त्रोक्त क्रियाओंका आदर नहीं करना अनाकांक्षाक्रिया है। २१ प्राणियोंके छेदन, भेदन आदि क्रियाओंमे स्वय प्रवृत्त होना तथा अन्यको प्रवृत देखकर हर्षित होना प्रारम्भ क्रिया है। २२ परिग्रहकी रक्षाका प्रयत्न करना पारिग्रहिकी क्रिया है। २३ ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तपमे तथा इनके धारी पुरुषोंमे कपट रूप प्रवृत्ति करना माया क्रिया है। २४ मिथ्यामतोक्त क्रियाओंके पालन करनेवाले की प्रशसा करना मिथ्यादर्शन क्रिया है। २५ चारित्र मोहके उदयसे त्यागरूप प्रवृत्ति नहीं होना अप्रत्याख्यान क्रिया है।

इन्द्रिय आदि कारण हैं और क्रियाएँ कार्य हैं अतः इन्द्रियोंसे क्रियाओंका भेद स्पष्ट हैं।

आस्रवकी विशेषतामें कारण—

तीव्रमन्दज्ञाताज्ञातभावाधिकरणवीर्यविशेषेभ्यस्तद्विशेषः ॥ ६ ॥

तीव्रभाव, मन्दभाव, ज्ञातभाव, अज्ञातभाव, अधिकरण और वीर्यकी विशेपतासे आस्रवमें विशेपता होती है।

बाह्य और अभ्यन्तर कारणोंसे जो उत्कट क्रोधादिरूप परिणाम होते हैं वह तीव्रभाव है। कपायकी मन्दता होनेसे जो सरल परिणाम होते हैं वह मन्द भाव है। 'इस प्राणीको मारूँगा' इस प्रकार जानकर प्रवृत्त होना ज्ञातभाव है। प्रमाद अथवा

अज्ञानसे किसी प्राणीको मारने आदिमें प्रवृत्त होना अज्ञातभाव है। आधारको अधिकरण कहते हैं। और द्रव्यकी स्वशक्ति विशेषको वीर्य कहते हैं।

क्रोध, राग, द्वेष, सज्जन और दुर्जन जनका संयोग और देशकाल आदि बाह्य कारणोंके वशसे किसी आत्मामें इन्द्रिय, कषाय, अव्रत और क्रियाओंकी प्रवृत्तिमें तीव्र भाव और किसीमें मन्द भाव होते हैं। और परिणामके अनुसार ही तीव्र या मन्द आस्रव होता है। जानकर इन्द्रिय, अव्रत आदिमें प्रवृत्ति करनेपर अल्प आस्रव होता है। अधिकरणकी विशेषतासे भी आस्रवमें विशेषता होती है जैसे वेश्याके साथ आलिङ्गन करनेपर अल्प और राजपत्नी या भिक्षुणीसे आलिङ्गन करनेपर महान् आस्रव होता है। वीर्यकी विशेपता से भी आस्रवमें विशेपता होती है जैसे वज्रवृषभनाराचसंहननवाले पुरुषको पाप कर्ममें प्रवृत्त होनेपर महान् आस्रव होगा और हीन संहननवाले पुरुपके अल्प आस्रव होगा। इसी प्रकार देश काल आदिके भेदसे भी आस्रवमें भेद होता है जैसे घरमें ब्रह्मचर्य भंग करनेपर अल्प और देवालयमें ब्रह्मचर्य भंग करनेपर अधिक आस्रव होगा। उससे भी अधिक आस्रव तीर्थयात्राको जाते समय मार्गमें ब्रह्मचर्य भंग करनेपर, उससेभी अधिक तीर्थस्थान पर ब्रह्मचर्य भङ्ग करनेपर तीव्र आस्रव होता है। इसी तरह देववन्दना आदिके कालमें कुप्रवृत्ति करनेपर महान् आस्रव होता है। इसी प्रकार पुस्तकादि द्रव्यकी अपेक्षा भी आस्रवमें विशेपता होती है। इस प्रकार उक्त कारणोंके भेदसे आस्रवमें भेद समझना चाहिये।

अधिकरणका स्वरूप—

अधिकरणं जीवाजीवाः ॥ ७ ॥

जीव और अजीव ये दो आस्रवके अधिकरण या आधार हैं। यद्यपि सम्पूर्ण शुभ और अशुभ आस्रव जीवके ही होता है लेकिन आस्रवका निमित्त जीव और अजीव दोनों होते हैं अतः दोनोंको आस्रवका अधिकरण कहा गया है। जीव और अजीव दो द्रव्य होने से सूत्रमें "जीवाजीवौ" इस प्रकार द्विवचन होना चाहिये था लेकिन जीव और अजीवकी पर्यायोंको भी आस्रवका अधिकरण होनेसे पर्यायोंकी अपेक्षा सूत्रमें बहुवचनका प्रयोग किया गया है।

जीवाधिकरणके भेद—

आद्यं संरम्भसमारम्भारम्भयोगकृतकारितानुमतकषायविशेषैस्त्रिस्त्रिस्त्रिश्चतुश्चैकशः ॥ ८ ॥

संरंभ, समारंभ और आरम्भ, मन, वचन और काय, कृत, कारित और अनुमोदना; क्रोध, मान, माया और लोभ इनके परस्परमे गुणा करनेपर जीवाधिकरणके एक सौ आठ भेद होते हैं। किसी कार्यको करनेका संकल्प करना संरंभ है। कार्यकी सामग्रीका एकत्रित करनेका नाम समारंभ है। और कार्यको प्रारंभ कर देना आरंभ है। स्वयं करना कृत, दूसरेसे कराना कारित और किसी कार्यको करनेवालेकी प्रशंसा करना अनुमत या अनुमोदना है। जीवाधिकरणके एक सौ आठ भेद इस प्रकार होते हैं।

क्रोधकृतकायसंरंभ, मानकृतकायसंरंभ, मायाकृतकायसंरंभ, लोभकृतकायसंरंभ, क्रोधकारितकायसंरंभ, मानकारितकायसंरंभ, मायाकारितकायसंरंभ, लोभकारितकायसंरंभ, क्रोधानुमतकायसंरंभ, मानानुमतकायसंरंभ, मायानुमतकायसंरंभ और लोभानुमतकायसंरंभ इस प्रकार कायसंरंभके बारह भेद हैं। वचन संरंभ और मनः संरंभके भी इसी प्रकार बारह बारह भेद समझना चाहिये। इस प्रकार संरंभके कुल छत्तीस भेद हुये। इसी प्रकार

समारंभ और आरम्भके भी छत्तीस छत्तीस भेद होते हैं। अतः सब मिलाकर जीवाधिकरणके एक सौ आठ भेद होते हैं।

सूत्रमे 'च' शब्दसे यह सूचित होता है कि कषायोंके अनन्तानुबन्धी, अप्रत्याख्यान आदि प्रभेदोंके द्वारा जीवाधिकरणके और भी अन्तर्भेद होते है।

अजीवाधिकरणके भेद—

निर्वर्तनानिक्षेपसंयोगनिसर्गा द्विचतुर्द्वित्रिभेदाः परम् ॥ ९ ॥

दो निर्वतना, तीन निक्षेप, दो संयोग और तीन निसर्गके भेदसे अजीवाधिकरणके ग्यारह भेद होते हैं। रचना करनेका नाम निर्वतना है। निर्वर्तनाके दो भेद हैं—मूलगुण निर्वर्तना और उत्तरगुण निर्वर्तना। मूलगुण निर्वर्तनाके पाँच भेद हैं—शरीर, वचन, मन, प्राण और अपान। इनकी रचना करना मूलगुण-निर्वर्तना है। काष्ठ, पाषाण, आदिसे चित्र आदि बनाना, जीवके खिलौने बनाना, लिखना आदि उत्तरगुण निर्वर्तना है। किसी वस्तुके रखनेको निक्षेप कहते हैं। इसके चार भेद हैं—अप्रत्यवेक्षितनिक्षेपाधिकरण, दुःप्रमृष्टनिक्षेपाधिकरण, सहसानिक्षेपाधिकरण और अनाभोगनिक्षेपाधिकरण। बिना देखे किसी वस्तुको रख देना अप्रत्यवेक्षितनिक्षेपाधिकरण है। ठीक तरहसे न शोधी हुई भूमिमें किसी वस्तुको रखना दुःप्रमृष्टनिक्षेपाधिकरण है। शीघ्रतापूर्वक किसी वस्तुको रखना सहसानिक्षेपाधिकरण है। किसी वस्तुको बिना देखे अयोग्य स्थान मे रखना अनाभोगनिक्षेपाधिकरण है।

मिलानेका नाम संयोग है। संयोगाधिकरणके दो भेद हैं—अन्नपानसंयोगाधिकरण और उपकरणसंयोगाधिकरण। किसी अन्नपानको दूसरे अन्नपानमें मिलाना अन्नपानसयोगाधिकरण है। और कमण्डलु आदि उपकरणोंको दूसरे उपकरणोंके साथ मिलाना उपकरणसंयोगाधिकरण है। प्रवृत्ति करनेको निसर्ग कहते है। इसके तीन भेद हैं—कायनिसर्गाधिकरण, वाक्निसर्गाधिकरण और मनोनिसर्गाधिकरण। काय, वचन और मनसे प्रवृत्ति करनेको क्रमसे कायादिनिसर्गाधिकरण समझना चाहिये। सूत्रमें 'पर' शब्द अजीवाधिकरणका वाचक है। यदि पर शब्द न होता तो ये भेद भी जीवाधिकरणके ही हो जाते। उक्त ग्यारह प्रकारके अजीवाधिकरणके निमित्तसे आत्मामे कर्मोका आस्रव होता है।

ज्ञानावरण और दर्शनावरण कर्मके आस्रव—

तत्प्रदोषनिह्नवमात्सर्यान्तरायासादनोपघाता ज्ञानदर्शनावरणयोः ॥ १० ॥

ज्ञान और दर्शन विषयक प्रदोष, निह्नव, मात्सर्य, अन्तराय, आसादन और उपघात ये ज्ञानावरण और दर्शनावरणके आस्रव हैं।

सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यग्दर्शन-ज्ञानयुक्त पुरुषकी प्रशंसा सुनकर स्वय प्रशंसा न करना और मनमे दुष्ट भावोंका लाना प्रदोष है। किसी बातको जानने पर भी मै 'उस बातको नहीं जानता हूँ' पुस्तक आदिके होनेपर भी 'मेरे पास पुस्तक आदि नहीं है' इस प्रकार ज्ञानको छिपाना निह्नव है। योग्य ज्ञान योग्य पात्रको भी नहीं देना मात्सर्य है। किसीके ज्ञानमे विघ्न डालना अन्तराय है। दूसरेके द्वारा प्रकाशित ज्ञानकी काय और वचनसे विनय, गुणकीर्तन आदि नहीं करना आसादन है। सम्यग्ज्ञानको भी मिथ्याज्ञान कहना उपघात है।

आसादनमें ज्ञानकी विनय आदि नहीं की जाती है लेकिन उपघातमें ज्ञानको नाश करनेका ही अभिप्राय रहता है अतः इनमें भेद स्पष्ट है।

प्रश्न—पहिले ज्ञान और दर्शनका प्रकरण नहीं होनेसे इस सूत्रमें आए हुए 'तत्' शब्दके द्वारा ज्ञान और दर्शनका ग्रहण कैसे किया गया ?

उत्तर—यद्यपि पहिले ज्ञान और दर्शनका प्रकरण नहीं है फिर भी सूत्रमें 'ज्ञानदर्शनावरणयोः' शब्दका प्रयोग होनेसे 'तत्' शब्दके द्वारा ज्ञान और दर्शनका ग्रहण किया गया है। अथवा ज्ञानावरण और दर्शनावरणके आस्रव कौन हैं ऐसे किसीके प्रश्नके उत्तरमें यह सूत्र बनाया गया अतः तत् शब्दके द्वारा ज्ञान और दर्शनका ग्रहण किया गया हैं।

एक कारणके द्वारा अनेक कार्य भी होते हैं अतः ज्ञानके विषयमें किये गये प्रदोष आदि दर्शनावरणके भी कारण होते हैं। अथवा ज्ञानविषयक प्रदोष आदि ज्ञानावरणके और दर्शनविषयक प्रदोष आदि दर्शनावरणके कारण होते हैं।

आचार्य और उपाध्यायके साथ शत्रुता रखना, अकालमें अध्ययन करना, अरुचिपूर्वक पढ़ना, पढ़नेमें आलस करना, व्याख्यान को अनादरपूर्वक सुनना, जहाँ प्रथमानुयोग बाँचना चाहिये वहाँ अन्य कोई अनुयोग बाँचना, तीर्थोपरोध, बहुश्रुतके सामने गर्व करना, मिथ्योपदेश, बहुश्रुतका अपमान, स्वपक्षका त्याग, परपक्षका ग्रहण, ख्याति-पूजा आदिकी इच्छासे असम्बद्ध प्रलाप, सूत्रके विरुद्ध व्याख्यान, कपटसे ज्ञानका ग्रहण करना, शास्त्र बेचना, और प्राणातिपात आदि ज्ञानावरणके आस्रव हैं।

देव, गुरु आदिके दर्शनमें मात्सर्य करना, दर्शनमें अन्तराय करना, किसीकी चक्षुको उखाड़ देना, इन्द्रियाभिमतित्व-इन्द्रियोंका अभिमान करना,अपने नेत्रोंका अहङ्कार,दीर्घनिद्रा, अतिनिद्रा, आलस्य, नास्तिकता, सम्यग्दृष्टियों को दोष देना, कुशास्त्रोंकी प्रशंसा करना, मुनियोंसे जुगुप्सा आदि करना और प्राणातिपात आदि दर्शनावरणके आस्रव हैं।

असातावेदनीयके आस्रव—

दुःखशोकतापाक्रन्दनवधपरिदेवनान्यात्मपरोभयस्थान्यसद्वेद्यस्य ॥ ११ ॥

स्व, पर तथा दोनोंमें किए जानेवाले दुःख, शोक, ताप, आक्रन्दन, वध और परिदेवन आसातावेदनीयके आस्रव हैं।

पीड़ा या वेदनारूप परिणामको दुःख कहते हैं। उपकार करनेवाली चेतन या अचेतन वस्तुके नष्ट हो जानेसे विकलता होना शोक है। निन्दासे, मानभङ्गसे या कर्कश वचन आदिसे होनेवाले पश्चात्तापको ताप कहते हैं। परितापके कारण अश्रुपातपूर्वक, बहुविलाप और अङ्ग विकारसे सहित स्पष्ट रोना आक्रन्दन है। आयु, इन्द्रिय आदि दश प्रकारके प्राणोंका वियोग करना वध है। स्व और परोपकारकी इच्छासे संक्लेशपरिणामपूर्वक इस प्रकार रोना कि सुननेवालेके हृदयमें दया उत्पन्न हो जाय परिदेवन है।

यद्यपि शोक आदि दुःखसे पृथक् नहीं हैं लेकिन दुःख सामान्य वाचक है अतः दुःखकी कुछ विशेष पर्यायें बतलानेके लिये शोक आदिका पृथक् ग्रहण किया है।

प्रश्न—यदि आत्म, पर और उभयस्थ दुःख, शोक आदि असातावेदनीयके आस्रव हैं तो जैन साधुओं द्वारा केशोंका उखाड़ना, उपवास, आतपनयोग आदि स्वयं करना और दूसरोंको करनेका उपदेश देना आदि दुःखके कारणों को क्यों उचित बतलाया है ?

उत्तर—अन्तरङ्गमें क्रोधादिके आवेशपूर्वक जो दुःखादि होते हैं वे असातावेदनीयके,

कारण हैं और क्रोधादिके अभाव होनेसे दुःखादि असातावेदनीयके आस्रवके कारण नहीं होते हैं। जिस प्रकार कोई परम करुणामय वैद्य किसी मुनिके फोड़ेको शस्त्रसे चीरता है और इससे मुनिको दुःख भी होता है लेकिन क्रोधादिके विना केवल बाह्य निमित्तमात्रसे वैद्यको पापका बन्ध नहीं होता है, उसी प्रकार सांसारिक दुःखोंसे भयभीत और दुःखनिवृत्तिके लिये शास्त्रोक्त कर्ममें प्रवृत्ति करनेवाले मुनिका केशोत्पाटन आदि दुःखके कारणोंके उपदेश देनेपर भी सक्लेश परिणाम न होनेसे पापका बन्ध नहीं होता है।

कहा भी है–'कि चिकित्साके कारणोंमें दुःख या सुख नहीं होता है किन्तु चिकित्सामे प्रवृत्ति करनेवालेको दुःख या सुख होता है। इसी प्रकार मोक्षके साधनोंमे दुःख या सुख नहीं होता है किन्तु मोक्षके उपायमें प्रवृत्ति करनेवालेको दुःख या सुख होता है। अर्थात् चिकित्साके साधन शस्त्र आदिको दुःख या सुख नहीं होता है किन्तु चिकित्सा करनेवाले वैद्यको सुख या दुःख होता है।' यदि वैद्य क्रोधपूर्वक फोड़ेको चीरता है तो उसको पापका बन्ध होगा और यदि करुणापूर्वक पीड़ाको दूर करनेके लिये फोड़ेको चीरता है तो पुण्यका बन्ध होगा। इसी प्रकार मोह क्षयके साधन उपवास, केशलोंच आदि स्वय दुःख या सुख रूप नहीं है किन्तु इनके करने वालेको दुःख या सुख होता है। यदि गुरु क्रोधादिपूर्वक उपवासादिको स्वयं करता है या दूसरोंसे कराता है तो उसको पापका बन्ध होगा और यदि शान्त परिणामोंसे दुःखविनाशके लिये उपवास आदिको करता है तो उसको पुण्यका बन्ध होगा।

अशुभ प्रयोग, परनिन्दा, पिशुनता, अदया, अङ्गोपाङ्गोंका छेदन-भेदन, ताड़न, त्रास, अङ्गुली आदिसे तर्जन करना, वचन आदिसे किसीकी भर्त्सना करना, रोधन, वन्धन, दमन, आत्मप्रशंसा, क्लेशोत्पादन, बहुत परिग्रह, मन, वचन और कायकी कुटिलता, पाप कर्मोंसे आजीविका करना, अनर्थदण्ड, विष मिश्रण, बाण जाल पिञ्जरा आदि का बनाना आदि भी असाता वेदनीय कर्मके आस्रव है।

सातावेदनीयके आस्रव—

भूतव्रत्यनुकम्पादानसरागसंयमादियोगः क्षान्तिः शौचमिति सद्वेद्यस्य ॥ १२ ॥

भूतानुकम्पा, व्रत्यनुकम्पा, दान, सरागसंयमादि, क्षान्ति और शौच ये सातावेदनीयके आस्रव हैं।

चारो गतियोंके प्राणियोंमें दयाका भाव होना भूतानुकम्पा है। अणुव्रत और महाव्रत के धारी श्रावक और मुनियोंपर दया रखना व्रत्यनुकम्पा है। परोपकारके लिये अपने द्रव्यका त्याग करना दान है। छह कायके जीवोंकी हिसा न करना और पाँच इन्द्रिय और मनको वशमे रखना संयम है। रागसहित संयमका नाम सरागसंयम है। क्रोध, मान, और मायाकी निवृत्ति क्षान्ति है। सब प्रकारके लोभका त्याग कर देना शौच है।

सूत्रमें आदि शब्दसे संयमासयम, अकामनिर्जरा, बालतप आदि और इति शब्दसे अर्हत्पूजा, तपस्वियोंकी वैयावृत्त्य आदिका ग्रहण किया गया है।

यद्यपि भूतके ग्रहणसे तपस्वियोंका भी ग्रहण हो जाता है लेकिन व्रतियोंमें अनुकम्पाकी प्रधानता बतलानेके लिये भूतोंसे व्रतियोंका ग्रहण पृथक् किया गया है।

दर्शन मोहनीयके आस्रव—

केवलिश्रुतसंघधर्मदेवावर्णवादो दर्शनमोहस्य ॥ १३ ॥

केवली, श्रुत, संघ, धर्म और देवोंकी निन्दा करना दर्शनमोहनीयके आस्रव हैं।

जिनके त्रिकालवर्ती समस्त द्रव्यों और पर्यायोंको युगपत् जाननेवाला केवलज्ञान हो वे केवली हैं। सर्वज्ञके द्वारा कहे हुए और गणधर आदिके द्वारा रचे हुए शास्त्रोंका नाम श्रुत है। सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र और तपके धारी मुनि, आर्यिका, श्रावक और श्राविकाओंके समूहका नाम संघ है। सर्वज्ञ, वीतराग और हितोपदेशीके द्वारा कहा हुआ अहिंसा, सत्य आदि लक्षणवाला धर्म है। भवनवासी आदि पूर्वोक्त चार प्रकारके देव होते हैं।

केवलीका अवर्णवाद—केवली कवलाहारी होते हैं रोगी होते हैं उपसर्ग होते हैं। नग्न रहते हैं किन्तु वस्त्रादियुक्त दिखाई देते हैं इत्यादि प्रकारसे केवलियोंकी निन्दा करना केवलीका अवर्णवाद है। श्रुतका अवर्णवाद—मांसभक्षण, मद्यपान, माता-बहिन आदिके साथ मैथुन, जलका छानना पापजनक है—इत्यादि बातें शास्त्रोक्त हैं, इस प्रकार शास्त्रकी निन्दा करना श्रुतका अवर्णवाद है। संघका अवर्णवाद—मुनि आदि शूद्र हैं, अपवित्र हैं, स्नान नहीं करते है, वेदोंके अनुगामी नहीं हैं, कलिकालमें उत्पन्न हुए हैं इस प्रकार संघकी निन्दा करना संघका अवर्णवाद है। धर्मका अवर्णवाद—केवली द्वारा कहे हुए धर्ममें कोई गुण नहीं है, इसके पालन करनेवाले लोग असुर होते हैं इस प्रकार धर्मकी निन्दा करना धर्मका अवर्णवाद है। देवोंका अवर्णवाद—देव मद्यपायी और मांसभक्षी होते हैं इत्यादि प्रकारसे देवोंकी निन्दा करना देवोंका अवर्णवाद है।

चारित्र मोहनीयका आस्रव—

कषायोदयात्तीव्रपरिणामश्चारित्रमोहस्य ॥ १४ ॥

कषायके उदयसे होने वाले तीव्र परिणाम चारित्र मोहनीयके आस्रव हैं।

चारित्र मोहनीयके दो भेद हैं—कषाय मोहनीय और अकषाय मोहनीय।

स्वयं और दूसरेको कषाय उत्पन्न करना, व्रत और शीलयुक्त यतियोंके चरित्रमें दूषण लगाना, धर्मका नाश करना, धर्ममें अन्तराय करना, देशसंयतोंसे गुण और शीलका त्याग कराना, मात्सर्य आदि से रहित जनोंमें विभ्रम उत्पन्न करना, आर्त्त और रौद्र परिणामोंके जनक लिङ्ग, व्रत आदिका धारण करना कषायमोहनीयके आस्रव हैं।

अकषाय मोहनीयके नौ भेद हैं—हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्रीवेद, पुंवेद और नपुंसकवेद। समीचीन धर्मके पालन करनेवालेका उपहास करना, दीन जनोंको देखकर हँसना, कन्दर्पपूर्वक हँसना, बहुत प्रलाप करना, हास्यरूप स्वभाव होना आदि हास्यके आस्रव हैं। नाना प्रकारकी क्रीडा करना, विचित्र क्रीड़ा, देशादिके प्रति अनुत्सुकतापूर्वक प्रीति करना, व्रत, शील आदिसे अरुचि होना रतिके आस्रव हैं। दूसरोंमें अरतिका पैदा करना और रतिका विनाश करना, पापशील जनोंका संसर्ग, पापक्रियाओंको प्रोत्साहन देना आदि अरतिके आस्रव हैं। अपने और दूसरोंमें शोक उत्पन्न करना, शोकयुक्त जनोंका अभिनन्दन करना आदि शोकके आस्रव हैं। स्व और परको भय उत्पन्न करना, निर्दयता, दूसरोंको त्रास देना आदि भयके आस्रव हैं। पुण्य क्रियाओंमें जुगुप्सा करना, दूसरोंकी निन्दा करना आदि जुगुप्साके आस्रव हैं पराङ्गनागमन, स्त्रीके स्वरूपका धारण करना, असत्य वचन, परवञ्चना, दूसरोंके दोषोंके देखना, और वृद्धमें राग होना आदि स्त्री वेदके आस्रव हैं। अल्पक्रोध, मायाका अभाव, गर्वका अभाव, स्त्रियोंमें अल्प आसक्ति, ईर्ष्याका न होना, रागवस्तुओंमें अनादर, स्वदारसन्तोष, परदाराका त्याग आदि पुंवेदके आस्रव हैं। प्रचुरकषाय, गुह्येन्द्रियका विनाश,

पराङ्गनाका अपमान, स्त्री और पुरुषोंमे अनङ्गक्रीड़ा करना, व्रत और शीलधारी पुरुषोंको कष्ट देना और तीव्रराग आदि नपुसकवेदके आस्रव हैं।

नरक आयुके आस्रव—

बह्वारम्भपरिग्रहत्वं नारकस्यायुषः ॥ १५ ॥

बहुत आरभ और परिग्रह नरक आयुके आस्रव हैं। ऐसे व्यापारको जिसमे प्राणियोंको पीड़ा या वध हो आरभ कहते हैं। जो वस्तु अपनी (आत्माकी) नहीं है उसमे ममेदं (यह मेरी है) बुद्धि या मूर्च्छाका होना परिग्रह है।

मिथ्यादर्शन, तीव्रराग, अनृतवचन, परद्रव्यहरण, निःशीलता, तीव्रवैर, परोपकार न करना, यतियोंमे विरोध कराना, शास्त्रविरोध, कृष्णलेश्या, विषयोंमे तृष्णाकी वृद्धि, रौद्रध्यान, हिंसादि क्रूर कर्मोंमे प्रवृत्ति, बाल, वृद्ध और स्त्रीकी हिंसा आदि भी नरक आयुके आस्रव है।

तिर्यञ्च आयुके आस्रव—

माया तैर्यग्योनस्य ॥१६॥

माया अर्थात् छल-कपट करना तिर्यञ्च आयुका आस्रव है।

मिथ्यात्वसहित धर्मोपदेश, अधिक आरम्भ और परिग्रह, निःशीलता, ठगनेकी इच्छा, नीललेश्या, कापोतलेश्या, मरणकालमे आर्त्तध्यान, क्रूरकर्म, अप्रत्याख्यान क्रोध, भेद करना, अनर्थका उद्भावन सुवर्ण आदिको खोटा खरा आदि रूपसे अन्यथा कथन करना, कृत्रिम-चन्दनादि करना, जाति कुल और शीलमे दूषण लगाना, सद्गुणोंका लोप और दोषोंकी उत्पत्ति आदि भी तिर्यञ्च आयुके आस्रव हैं।

मनुष्य आयुके आस्रव—

अल्पारम्भपरिग्रहत्वं मानुषस्य ॥ १७ ॥

थोड़ा आरभ और थोड़ा परिग्रह मनुष्य आयुके आस्रव है।

विनीत प्रकृति, भद्र स्वभाव, कपटरहित व्यवहार, अल्पकषाय, मरणकालमे असंक्लेश, मिथ्यादर्शनसहित व्यक्तिमे नम्रता,सुखबोध्यता, प्रत्याख्यान क्रोध, हिंसासे विरति, दोषरहितत्व, क्रूर कर्मोंसे रहितता, अभ्यागतोंका स्वभावसे ही स्वागत करना, मधुरवचनता, उदासीनता, अनसूया, अल्पसंक्लेश, गुरु आदिकी पूजा, कापोत और पीतलेश्या आदि मनुष्य आयुके आस्रव हैं।

स्वभावमार्दवञ्च ॥ १८ ॥

स्वाभाविक मृदुता भी मनुष्य आयुका आस्रव है। मानके अभावको मार्दव कहते हैं। गुरूपदेशके विना स्वभावसे ही सरल परिणामी होना स्वभावमार्दव है।

इस सूत्रसे पृथक् इसलिये किया है कि स्वभावमार्दव देवायुका भी कारण है।

सब आयुओंका आस्रव—

निःशीलव्रतित्वञ्च सर्वेषाम् ॥ १९ ॥

तीन गुणव्रत और शिक्षाव्रत इन सात शीलों और अहिंसा आदि पाँच व्रतोंका अभाव और सूत्रमे 'च' शब्दसे अल्प आरभ और अल्प परिग्रह ये चारों आयुओंके आस्रव हैं।

शील और व्रतरहित भोगभूमिज जीव ऐशान स्वर्ग पर्यन्त उत्पन्न होते हैं अतः उक्त जीवोंकी अपेक्षा निःशीलव्रतित्व देवायुका आस्रव है। कोई अल्पारंभी और अल्प परिग्रही व्यक्ति भी अन्य पापोके कारण नरक आदिको प्राप्त करते हैं अतः ऐसे जीवोंकी अपेक्षा अल्पारभ-परिग्रह भी नरक आयुका आस्रव होता है।

देवायुके आस्रव—

सरागसंयमसंयमासंयमाकामनिर्जराबालतपांसि दैवस्य ।। २० ।।

सरागसयम, संयमासंयम, अकामनिर्जरा और बालतप ये देवायुके आस्रव है।

सरागसंयमका दो प्रकारसे अर्थ हो सकता है—राग सहित व्यक्तिका सयम अथवा रागसहित संयम। संसारके कारणोंका विनाश करनेमे तत्पर लेकिन अभी जिसकी सम्पूर्ण अभिलाषाएँ नष्ट नही हुई ऐसे व्यक्ति को सराग कहते है और सरागीका जो सयम है वह सरागसयम है। अथवा जो सयम रागसहित हो वह सरागसंयम है, अर्थात् महाव्रतको सरागसंयम कहते है। कुछ सयम और कुछ असंयम अर्थात् श्रावकके व्रतोंको संयमासंयम कहते हैं। विना सक्लेशके समतापूर्वक कर्मोके फलको सह लेना अकामनिर्जरा है। जैसे बुभुक्षा, तृष्णा, ब्रह्मचर्य, भूशयन, मलधारण, परिताप आदिके कष्टोंको विना संक्लेशके भी सहन करने वाले जेलमें बन्द प्राणीके जो अल्प निर्जरा होती है वह अकामनिर्जरा है। मिथ्यादृष्टि तापस, संन्यासी, पाशुपत, परिव्राजक, एकदण्डी, त्रिदण्डी, परमहंस आदिका जो कायक्लेश आदि तप है उसको बालतप कहते हैं। सरागसंयम आदि देवायुके आस्रव हैं।

सम्यक्त्वञ्च ।। २१ ।।

सम्यग्दर्शन भी देवायुका आस्रव है। इस सूत्रको पूर्व सूत्रसे पृथक् करनेका प्रयोजन यह है कि सम्यग्दर्शन वैमानिक देवोंकी आयुका ही आस्रव है। सम्यग्दर्शनकी उत्पत्ति के पहिले बद्धायुष्क जीवोंको छोड़कर अन्य सम्यग्दृष्टि जीव भवनवासी आदि तीन प्रकारके देवोंमे उत्पन्न नहीं होते है।

अशुभनाम कर्मके आस्रव—

योगवक्रता विसंवादनञ्चाशुभस्य नाम्नः ।।२२।।

मन, वचन और कायकी कुटिलता और विसंवादन ये अशुभ नाम कर्मके आस्रव हैं।

मनमे कुछ सोचना, वचनसे कुछ दूसरे प्रकारका कहना और कायसे भिन्न रूपसे ही प्रवृत्ति करना योगवक्रता है। दूसरोंकी अन्यथा प्रवृत्ति कराना अथवा श्रेयोमार्गपर चलनेवालों-को उस मार्गकी निन्दा करके बुरे मार्गपर चलनेको कहना विसवादन है। जैसे सम्यक्-चारित्र आदि क्रियाओंमे प्रवृत्ति करनेवालेसे कहना कि तुम ऐसा मत करो और ऐसा करो।

योगवक्रता आत्मगत होती है और विसवादन परगत होता है यही योगवक्रता और विसंवादनमें भेद है।

'च' शब्दसे मिथ्यादर्शन, पैशून्य, अस्थिरचित्तता, झूठे बांट तराजू रखना, झूठी साक्षी देना, परनिन्दा, आत्मप्रशंसा, परद्रव्यग्रहण, असत्यभाषण, अधिक परिग्रह, सदा उज्ज्वलवेष, रूपमद, परुषभाषण, असदस्यप्रलपन, आक्रोश, उपयोगपूर्वक सौभाग्योत्पादन,

चूर्णादिके प्रयोगसे दूसरोंको वशमें करना, मन्त्र आदिके प्रयोगसे दूसरोंको कुतूहल उत्पन्न करना, देव, गुरु आदिकी पूजाके बहानेसे गन्ध, धूप, पुष्प आदि लाना, दूसरोंकी विडम्बना करना, उपहास करना, ईंटें पकाना, दावानल प्रज्वलित करना, प्रतिमा तोडना, जिनालयका ध्वंस करना, बागका उजाड़ना, तीव्र क्रोध, मान, माया और लोभ, पाप कर्मोंसे आजीविका करना आदि अशुभ नामकर्मके आस्रव हैं।

शुभ नामकर्मके आस्रव—

तद्विपरीतं शुभस्य ॥ २३ ॥

योगोंकी सरलता और अविसंवादन ये शुभ नामकर्मके आस्रव हैं।

धर्मात्माओंके पास आदरपूर्वक जाना, संसारसे भीरुता, प्रमादका अभाव, पिशुनताका न होना, स्थिरचित्तता, सत्यसाक्षी, परप्रशंसा, आत्मनिन्दा, सत्यवचन, परद्रव्यका हरण न करना, अल्प आरम्भ और परिग्रह, अपरिग्रह, कभी कभी उज्ज्वल वेष धारण करना, रूपका मद न होना, मृदुभाषण, शुभवचन, सभ्यभाषण, सहज सौभाग्य, स्वभावसे वशीकरण, दूसरोंको कुतूहल उत्पन्न न करना, विना किसी बहानेके पुष्प, धूप, गन्ध आदि लाना, दूसरोंकी विडम्बना न करना, उपहास न करना, इष्टिकापाक और दावानल न करनेका व्रत, प्रतिमा निर्माण, जिनालयका निर्माण, बागका न उजाडना, क्रोध, मान, माया और लोभकी मन्दता पापकर्मोंसे आजीविका न करना आदि शुभ नामकर्मके आस्रव हैं।

तीर्थकर नाम कर्मके आस्रव—

दर्शनविशुद्धिर्विनयसम्पन्नता शीलव्रतेष्वनतीचारोऽभीक्ष्णज्ञानोपयोगसंवेगौ शक्तितस्त्यागतपसी साधुसमाधिर्वैयावृत्त्यकरणमर्हदाचार्यबहुश्रुतप्रवचनभक्तिरावश्यकापरिहाणिर्मार्गप्रभावना प्रवचनवत्सलत्वमिति तीर्थकरत्वस्य ॥ २४ ॥

दर्शनविशुद्धि, विनयसम्पन्नता, शील और व्रतोंमें अतीचार न लगाना, अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोग और संवेग, यथाशक्ति त्याग और तप, साधुसमाधि वैयावृत्त्य, अर्हद्भक्ति, आचार्यभक्ति, बहुश्रुतभक्ति, प्रवचनभक्ति, आवश्यकापरिहाणि, मार्गप्रभावना, और प्रवचन-वत्सलता ये तीर्थकर प्रकृतिके आस्रव हैं।

दर्शनविशुद्धि—पच्चीस दोष रहित निर्मल सम्यग्दर्शनका नाम दर्शनविशुद्धि है। दर्शनविशुद्धिको पृथक् इसलिये कहा है कि जिनभक्तिरूप या तत्त्वार्थश्रद्धारूप सम्यग्दर्शन अकेला भी तीर्थकर प्रकृतिका कारण होता है। यशस्तिलकमें कहा भी है कि—"केवल जिनभक्ति भी दुर्गतिके निवारणमें, पुण्यके उपार्जनमें और मोक्ष लक्ष्मीके देनेमें समर्थ है।" अन्य भावनाएँ सम्यग्दर्शनके विना तीर्थकर प्रकृतिका कारण नहीं हो सकती अतः दर्शन-विशुद्धिकी प्रधानता बतलानेके लिये इसका पृथक् निर्देश किया है।

दर्शनविशुद्धिका अर्थ—इह लोकभय, परलोकभय, अत्राणभय, अगुप्तिभय, मरणभय, वेदना-भय और आकस्मिकभय इन सात भयोंसे रहित होकर जैनधर्मका श्रद्धान करना निःशङ्कित है। इस लोक और परलोकके भोगोंकी आकांक्षा नहीं करना निःकाङ्क्षित है। शरीरादिक पवित्र हैं इस प्रकारकी मिथ्याबुद्धिका अभाव निर्विचिकित्सता है। अर्हन्तको छोड़कर अन्य कुदेवोंके द्वारा उपदिष्ट मार्गका अनुसरण नहीं करना अमूढ़दृष्टि है। उत्तम क्षमा आदिके

द्वारा आत्माके धर्मकी वृद्धि करना और चार प्रकारके संघके दोषोंको प्रगट नहीं करना उपगूहन है। क्रोध, मान, माया और लोभादिक धर्मके विनाशक कारण रहने पर भी धर्मसे च्युत नहीं होना स्थितिकरण है। जिनशासनमें सदा अनुराग रखना वात्सल्य है। सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रके द्वारा आत्माका प्रकाशन और जिनशासनकी उन्नति करना प्रभावना है। सम्यग्दर्शनके इन आठ अंगोंका का सद्भाव तथा तीन मूढ़ता, छह अनायतन और आठ मदोंका अभाव, चमड़ेके पात्रमें रक्खे हुये जलको नहीं पीना और कन्दमूल, कलिङ्ग, सूरण, लशुन आदि अभक्ष्य वस्तुओं को भक्षण न करना आदिको दर्शनविशुद्धि कहते हैं।

रत्नत्रय और रत्नत्रयके धारकोंका महान् आदर और कषायका अभाव विनयसम्पन्नता है। पाँच व्रत और सात शीलोंमें निर्दोष प्रवृत्ति करना शीलव्रतेष्वनतिचार है। जीवादि-पदार्थोंके स्वरूपको निरूपण करनेवाले ज्ञानमें निरन्तर उद्यम करना अभीक्ष्ण-ज्ञानोपयोग है। संसारके दुखोंसे भयभीत रहना संवेग है। अपनी शक्तिके अनुसार आहार, भय और ज्ञानका पात्रके लिये दान देना शक्तितस्त्याग है। अपनी शक्तिपूर्वक जैन शासनके अनुसार कायक्लेश करना शक्तितस्तप है। जैसे भाण्डागारमें आग लग जाने पर किसी भी उपायसे उसका शमन किया जाता है उसी प्रकार व्रत और शीलसहित यतिजनोंके ऊपर किसी निमित्तसे कोई विघ्न उपस्थित होने पर उस विघ्नको दूर करना साधुसमाधि है। निर्दोष विधिसे गुणवान् पुरुषोंके दोषोंको दूर करना वैयावृत्त्य है। अर्हन्तका अभिषेक, पूजन, गुणस्तवन, नामकी जाप आदि अर्हद्भक्ति है। आचार्योंको नवीन उपकरणोंका दान, उनके सम्मुखगमन, आदर, पादपूजन, सम्मान और मनःशुद्धियुक्त अनुरागका नाम आचार्यभक्ति है। इसी प्रकार उपाध्यायोंकी भक्ति करना बहुश्रुतभक्ति है। रत्नत्रय आदिके प्रतिपादक आगममें मनःशुद्धि युक्त अनुराग का होना प्रवचनभक्ति है। सामायिक स्तुति-चौबीस तीर्थंकरकी स्तुति-वन्दना, एक तीर्थंकर स्तुति, प्रतिक्रमण-कृतदोष निराकरण, प्रत्याख्यान नियतकाल और आगामी दोषोंका परिहार और कायोत्सर्ग-शरीरसे ममत्वका छोड़ना-इन छह आवश्यकोंमें यथाकाल प्रवृत्ति करना आवश्यकापरिहाणि है। ज्ञान, दान, जिन-पूजन और तपके द्वारा जिन धर्मका प्रकाश करना मार्गप्रभावना है। गाय और बछड़ेके समान प्रवचन और साधर्मी जनोंमें स्नेह रखना प्रवचनवत्सलत्व है।

ये सोलह भावनाएँ तीर्थंकर प्रकृतिके बन्धका कारण होती हैं।

नीच गोत्रके आस्रव—

परात्मनिन्दाप्रशंसे सदसद्गुणोच्छादनोद्भावने च नीचैर्गोत्रस्य ॥ २५ ॥

दूसरोंकी निन्दा और अपनी प्रशंसा करना, विद्यमान गुणोंका छिपाना करना और अविद्यमान गुणोंका प्रगट करना ये नीच गोत्रके आस्रव हैं।

'च' शब्दसे जातिमद, कुलमद, बलमद, रूपमद, श्रुतमद, आज्ञामद, ऐश्वर्यमद और तपमद—ये आठमद, दूसरोंका अपमान, दूसरोंकी हँसी करना, दूसरोंका परिवाद, गुरुओंका तिरस्कार, गुरुओंसे टकरान—टकराना, गुरुओंके दोषोंको प्रगट करना, गुरुओंका [illegible] गुरुओंको स्थान न देना, गुरुओंका अपमान, गुरुओंकी भर्त्सना, गुरुओंसे [illegible] [illegible] करना। गुरुओंकी स्तुति न करना और गुरुओंको नमस्कार आदि नहीं करना आदि भी नीच गोत्रके आस्रव हैं।

उच्च गोत्रके आस्रव—

तद्विपर्ययो नीचैर्वृत्त्यनुत्सेकौ चोत्तरस्य ॥२६॥

परप्रशसा, आत्मनिन्दा, सद्गुणोभावन, असद्गुणोच्छादन, नीचैर्वृत्ति और अनुत्सेक ये उच्च गोत्रके आस्रव हैं। उच्च गुणवालोंकी विनय करनेको नीचैर्वृत्ति या नम्रवृत्ति कहते हैं। ज्ञान,तप आदि गुणोंसे उत्कृष्ट होकर भी मद न करना अनुत्सेक है।

'च' शब्दसे आठ मदोंका परिहार, दूसरोका अपमान प्रहास और परिवाद न करना, गुरुओंका तिरस्कार न करना, गुरुओंका सन्मान अभ्युत्थान और गुणवर्णन करना, और मृदुभाषण आदि भी उच्च गोत्रके आस्रव हैं।

अन्तरायके आस्रव—

विघ्नकरणमन्तरायस्य॥ २७ ॥

दूसरोंके दान, लाभ,भोग, उपभोग और वीर्यमे विघ्न करना अन्तरायके आस्रव हैं।

दानकी निन्दा करना, द्रव्यसयोग, देवोंको चढ़ाई गई नैवेद्यका भक्षण, परके वीर्यका अपहरण, धर्मका उच्छेद, अधर्मका आचरण, दूसरोंका निरोध, वन्धन, कर्णछेदन, गुह्य-छेदन, नाक काटना और आँखका फोड़ना आदि भी अन्तरायके आस्रव हैं।

विशेष—तत्प्रदोष, निन्हव आदि ज्ञानावरण आदि कर्मोंके जो पृथक् पृथक् आस्रव वतलाए हैं वे अपने अपने कर्मके स्थिति और अनुभाग बन्धके ही कारण होते हैं। उक्त आस्रव आयु कर्मको छोड़कर (क्योंकि आयु कर्मका बन्ध सदा नही होता है) अन्य सव कर्मोंके प्रकृति और प्रदेश बन्धके कारण समान रूपसे होते हैं।

छठवाँ अध्याय समाप्त।

सातवाँ अध्याय

व्रतका लक्षण—

हिंसाऽनृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहेभ्यो विरतिर्व्रतम् ॥ १ ॥

हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील और परिग्रह इन पाँच पापोंसे विरक्त होना व्रत है। अभिप्रायपूर्वक किये गये नियमको अथवा कर्तव्य और अकर्तव्यके संकल्पको व्रत कहते हैं।

प्रश्न—"ध्रुवमपायेऽपादानम्" [पा० सू० १।४।२४] इस सूत्रके अनुसार अपाय (किसी वस्तुसे किसी वस्तुका पृथक् होना) होने पर ध्रुव वस्तुमें पञ्चमी विभक्ति होती है और हिंसादिक परिणामोंके अध्रुव होनेसे यहाँ पञ्चमी विभक्ति नहीं हो सकती ?

उत्तर—वक्ताके अभिप्रायके अनुसार शब्दके अर्थका ज्ञान किया जाता है। यहाँ भी हिंसादि पापोंसे बुद्धिके विरक्त होने रूप अपायके होनेपर हिंसादिकमें ध्रुवत्वकी विवक्षा होनेसे पञ्चमी विभक्ति युक्तिसगत है। जैसे 'कश्चित् पुमान् धर्मा-द्विरमति'—कोई पुरुष धर्मसे विरक्त होता है—यहाँ कोई विपरीत बुद्धिवाला पुरुष मनसे धर्मका विचार करता है कि यह धर्म दुष्कर है, धर्मका फल श्रद्धामात्र-गम्य है; इस प्रकार विचार कर वह पुरुष बुद्धिसे धर्मको प्राप्तकर धर्मसे निवृत्त होता है। जिस प्रकार यहाँ धर्मको अध्रुव होनेपर भी पञ्चमी विभक्ति हो गई है उसी प्रकार विवेक बुद्धिवाला पुरुष विचार करता है कि हिंसा आदि पापके कारण हैं और जो पापकर्ममें प्रवृत्त होते हैं उनको इस लोकमें राजा दण्ड देते हैं और परलोकमें भी उनको नरकादि गतियोंमें दुःख भोगने पड़ते हैं इस प्रकार स्वबुद्धिसे हिंसादिको प्राप्तकर उनसे विरक्त होता है। अतः हिंसादिमें ध्रुवत्वकी विवक्षा होनेसे यहाँ हिंसादिकी अपादान संज्ञा होती है और अपादान संज्ञा होनेसे पञ्चमी विभक्ति भी हुई।

व्रतोंमें प्रधान होनेसे अहिंसाव्रतको पहिले कहा है। सत्य आदि व्रत धान्यकी रक्षाके लिये बाड़ीकी तरह अहिंसा व्रतके परिपालनके लिये ही हैं। सम्पूर्ण पापोंकी निवृत्तिरूप केवल सामायिक एक ही व्रत है और छेदोपस्थापना आदिके भेदसे व्रतके पांच भेद हैं।

प्रश्न—व्रतोंको आस्रवका कारण कहना ठीक नहीं है किन्तु व्रत संवरके कारण हैं। "स गुप्तिसमितिधर्मानुप्रेक्षापरीषहजयचारित्रैः" [९।२] इस सूत्रके अनुसार दशधर्म और चारित्रमें व्रतोंका अन्तर्भाव होता है।

उत्तर—संवर निवृत्तिरूप होता है और अहिंसा आदि व्रत प्रवृत्तिरूप हैं, अतः व्रतोंको आस्रवका कारण मानना ठीक है। [illegible]

[illegible]

[illegible]

व्रतके भेद—

देशसर्वतोऽणुमहती ॥ २ ॥

व्रतके दो भेद है—अणुव्रत और महाव्रत। हिंसादि पापोंके एकदेशत्यागको अणुव्रत और सर्वदेशत्यागको महाव्रत कहते है। अणुव्रत गृहस्थोके और महाव्रत मुनियोंके होते है।

व्रतोंकी स्थिरताकी कारणभूत भावनाओंका वर्णन—

तत्स्थैर्यार्थं भावनाः पञ्च पञ्च ॥ ३ ॥

जिस प्रकार उच्च औषधियाँ रसादिकी भावना देनेसे विशिष्ट गुणवाली हो जाती हैं उसी तरह अहिंसादि व्रतभी भावनाभावित होकर सत्फलदायक होते है। उन अहिंसा आदि व्रतोंकी स्थिरताके लिये प्रत्येक व्रतकी पाँच पाँच भावनाएँ है।

अहिंसाव्रतकी पाँच भावनाएँ—

वाङ्मनोगुप्तीर्यादाननिक्षेपणसमित्यालोकितपानभोजनानि पञ्च ॥ ४ ॥

वचनगुप्ति,मनोगुप्ति, ईर्यासमिति, आदाननिक्षेपणसमिति और आलोकितपानभोजन ये अहिंसाव्रतकी पाँच भावनाएँ है।

वचनको वशमे रखना वचनगुप्ति और मनको वशमे रखना मनोगुप्ति हैं। चार हाथ जमीन देखकर चलना ईर्यासमिति है। भूमिको देख और शोधकर किसी वस्तुको रखना या उठाना आदाननिक्षेपणसमिति है। सूर्यके प्रकाशसे देखकर खाना और पीना आलोकितपानभोजन है।

सत्यव्रतकी पाँच भावनाएँ—

क्रोधलोभभीरुत्वहास्यप्रत्याख्यानान्यनुवीचिभाषणं च पञ्च ॥ ५ ॥

क्रोधप्रत्याख्यान, लोभप्रत्याख्यान, भीरुत्वप्रत्याख्यान, हास्यप्रत्याख्यान और अनुवीचिभाषण ये सत्यव्रतकी पाँच भावनाएँ है।

क्रोधका त्याग करना क्रोधप्रत्याख्यान है। लोभको छोड़ना लोभप्रत्याख्यान है। भय नही करना भयप्रत्याख्यान है। हास्यका त्याग करना हास्यप्रत्याख्यान है और निर्दोष वचन बोलना अनुवीचिभाषण है।

अचौर्यव्रतकी भावनाएँ—

शून्यागारविमोचितावासपरोपरोधाकरणभैक्षशुद्धिसधर्माऽविसंवादाः पञ्च ॥ ६ ॥

शून्यागारावास, विमोचितावास, परोपरोधाकरण, भैक्षशुद्धि और सधर्माविसवाद ये अचोर्य व्रतकी पाँच भावनाएँ है।

पर्वत, गुफा, वृक्षकोटर, नदीतट आदि निर्जन स्थानोंमे निवास करना शून्यागारावास है। दूसरोंके द्वारा छोड़े हुए स्थानोंमे रहना विमोचितावास है। दूसरोंका उपरोध नही करना अर्थात् अपने स्थानमें ठहरनेसे नही रोकना परोपरोधाकरण है। आचारशास्त्रके अनुसार भिक्षाकी शुद्धि रखना भैक्षशुद्धि है। और सद्धर्मी भाइयोंसे कलह नही करना सधर्माविसंवाद है।

शून्यागारोंमें और त्यक्त स्थानोंमें रहनेसे परिग्रह आदिमें निस्पृहता होती है। सहधर्मियोंके साथ विसंवाद न करनेसे जिनवचनमे व्याघात नहीं होता है। इससे अचौर्यव्रतमे स्थिरता आती है। इसी प्रकार परोपरोधाकरण और भैक्ष्यशुद्धिसे भी इस व्रतमें दृढ़ता आती है।

ब्रह्मचर्य व्रतकी भावनाएँ—

स्त्रीरागकथाश्रवणतन्मनोहराङ्गनिरीक्षणपूर्वरतानुस्मरणवृष्येष्टरसस्वशरीर-संस्कारत्यागाः पञ्च ॥ ७ ॥

स्त्रीरागकथाश्रवणत्याग, तन्मनोहराङ्गनिरीक्षणत्याग, पूर्वरतानुस्मरणत्याग, वृष्येष्टरसत्याग और स्वशरीरसंस्कारत्याग ये ब्रह्मचर्यव्रतकी पाँच भावनाएँ है।

स्त्रियोंमे राग उत्पन्न करनेवाली कथाओंके सुननेका त्याग स्त्रीरागकथाश्रवणत्याग है। स्त्रियोंके मनोहर अङ्गोंको देखनेका त्याग तन्मनोहराङ्गनिरीक्षणत्याग है। पूर्वकालमे भोगे हुए विषयोंको स्मरण नही करना पूर्वरतानुस्मरणत्याग है। कामवर्धक, वाजीकर और मन तथा रसनाको अच्छे लगनेवाले रसोंको नही खाना वृष्येष्टरसत्याग है। अपने शरीरका किसी प्रकारका संस्कार नही करना स्वशरीरसंस्कारत्याग है।

परिग्रहत्यागव्रतकी भावनाएँ—

मनोज्ञामनोज्ञेन्द्रियविषयरागद्वेषवर्जनानि पञ्च ॥ ८ ॥

स्पर्शन आदि पाँचों इन्द्रियोंके इष्ट विषयोंमें राग नहीं करना और अनिष्ट विषयोंमें द्वेष नही करना ये परिग्रहत्यागव्रतकी पाँच भावनाएँ है।

हिंसादि पापोंकी भावना—

हिंसादिष्विहामुत्रापायावद्यदर्शनम् ॥ ९ ॥

हिंसादि पापोंके करनेसे इस लोक और परलोकमे अपाय और अवद्यदर्शन होता है। अभ्युदय और निःश्रेयसको देनेवाली क्रियाओंके नाशको अथवा सात भयोंको अपाय कहते है और निन्दाका नाम अवद्य है।

हिंसा करनेवाला व्यक्ति लोगों द्वारा सदा तिरस्कृत होता है और लोगोंसे वैर भी उसका रहता है। इस लोकमे वध, बन्धन आदि दुःखोंको प्राप्त करता है और मर कर नरकादि गतियोंके दुःखोंको भोगता है। इसलिये हिंसाका त्याग करना ही श्रेयस्कर है।

असत्य बोलनेवाले पुरुषका कोई विश्वास नही करता है। ऐसे पुरुषकी जिह्वा कान नासिका आदि छेदी जाती है। लोग उससे वैर रखते हैं और निन्दा करते है। इसलिये असत्य वचनका त्याग करना ही अच्छा है।

चोरी करनेवाला पुरुष चाण्डालोंसे भी तिरस्कृत होता है और इस लोकमे पिटना वध, बन्धन हाथ पैर कान नाक जीभ आदिका छेदन, सर्वस्व हरण, गधेपर बैठाना आदि दण्डोंको प्राप्त करता है। सब लोग उसकी निन्दा करते है और वह मरकर नरकादि गतियों के दुःखको प्राप्त करता है। अतः चोरी करना श्रेयस्कर नहीं है।

अब्रह्मचारी पुरुष मदोन्मत्त होता हुआ कामके वश होकर वध बन्धन आदि दुःखों को प्राप्त करता है, मोह या अज्ञानके कारण कार्य और अकार्यको नहीं समझता है और स्त्रीलम्पट होनेसे दान, पूजन, उपवास आदि कुछ भी पुण्य कर्म नहीं करता है। परस्त्रीमें अनुरक्त पुरुप इस लोकमें लिङ्गछेदन, वध, बन्धन, सर्वस्वहरण आदि दुःखोको प्राप्त करता है और मरकर नरकादि गतियोंके दुःखोंको भोगता है। लोगों द्वारा निन्दित भी होता है अतः कुशीलसे विरक्त होना ही शुभ है।

परिग्रहवाला पुरुष परिग्रहको चाहनेवाले चोर आदिके द्वारा अभिभूत होता है जैसे मासपिण्डको लिये हुए एक पक्षी अन्य पक्षियोंके द्वारा। वह परिग्रहके उपार्जन, रक्षण और क्षयके द्वारा होनेवाले वहुतसे दोपोंको प्राप्त करता है। इन्धनके द्वारा वह्निकी तरह धनसे उसकी कभी तृप्ति नहीं होती। लोभके कारण वह कार्य और अकार्यको नहीं समझता। पात्रोंको देखकर किवाड़ वन्द कर लेता हैं, एक कौड़ी भी उन्हे नहीं देना चाहता। पात्रोंको केवल धक्के ही देता है। वह मरकर नरकादि गतियोंके घोर दुखोंको प्राप्त करता है और लोगों द्वारा निन्दित भी होता है। इसलिये परिग्रहके त्याग करनेमें ही कल्याण है। इस प्रकार हिसादि पॉच पापोंके विषयमे विचार करना चाहिये।

दुःखमेव वा ॥ १० ॥

अथवा ऐसा विचार करना चाहिये कि हिसादिक दुःखरूप ही हैं। हिसादि पॉच पापोंको दुःखका कारण होनेसे दुःखरूप कहा गयाहै जैसे "अन्न वै प्राणाः"यहाँ अन्नको प्राणका कारण होनेसे प्राण कहा गया है। अथवा दुःखका कारण असातावेदनीय है। असातावेदनीयका कारण हिसादि हैं। अतः दुखके कारणका कारण होनेसे हिसादिकको दुःखस्वरूप कहा गया है, जैसे "धनं वै प्राणाः" यहॉ प्राणके कारण भूत अन्नका कारण होनेसे धनको प्राण कहा गया है।

यद्यपि विषयभोगोंसे सुखका भी अनुभव होता है लेकिन वास्तवमें यह सुख सुख नहीं है, केवल वेदनाका प्रतिकार है जैसे खाजको खुजलानेसे थोड़े समयके लिये सुखका अनुभव होता है।

अन्य भावनाएँ—

मैत्रीप्रमोदकारुण्यमाध्यस्थ्यानि च सत्त्वगुणाधिकक्लिश्यमानाऽविनयेषु ॥ ११ ॥

प्राणीमात्र, गुणीजन, क्लिश्यमान और अविनयी जीवोंमें क्रमसे मैत्री, प्रमोद, कारुण्य और माध्यस्थ्य भावनाका विचार करे।

संसारके समस्त प्राणियोंमे मन वचन काय कृत कारित और अनुमोदनासे दुःख उत्पन्न न होनेका भाव रखना मैत्री भावना है। ज्ञान तप संयम आदि गुणोंसे विशिष्ट पुरुषोंको देखकर मुखप्रसन्नता आदिके द्वारा अन्तर्भक्तिको प्रकट करना प्रमोद भावना है। असातावेदनीय कर्मके उदयसे दुःखित जीवोंको देखकर करुणामय भावोंका होना कारुण्य भावना है। जिनधर्मसे पराङ्मुख मिथ्यादृष्टि आदि अविनीत प्राणियोंमे उदासीन रहना माध्यस्थ्य भावना है।

इन भावनाओंके भावनेसे अहिंसादि व्रत न्यून होने पर भी परिपूर्ण हो जाते हैं।

संसार और शरीरके स्वभावका विचार—

जगत्कायस्वभावौ वा संवेगवैराग्यार्थम् ॥ १२ ॥

संवेग और वैराग्यके लिये संसार और शरीरके स्वभावका विचार करना चाहिये। संसारसे भीरुता अथवा धर्मानुरागको संवेग कहते हैं। शरीर, भोगादिसे विरक्त होना वैराग्य है। सूत्रमें आया हुआ 'वा' शब्द यह सूचित करता है कि संसार और शरीरके स्वरूपचिन्तनसे अहिंसादि व्रतोंमे भी स्थिरता होती है।

संसारके स्वरूपका विचार—लोकके तीन भेद हैं—ऊर्ध्वलोक, मध्यलोक और अधोलोक। अधोलोक वेत्रासनके आकार है, मध्यलोक झल्लरी (झालर) और ऊर्ध्वलोक मृदङ्गके आकार है। तीनों लोक अनादिनिधन है। इस संसारमे जीव अनादि कालसे चौरासी लाख योनियोंमे शारीरिक मानसिक आगन्तुक आदि नाना प्रकारके दुःखोंको भोगते हुए भ्रमण कर रहे हैं। इस संसारमें धन यौवन आदि कुछ भी शाश्वत नहीं हैं। आयु जलबुद्बुदके समान है और भोगसामग्री विद्युत् इन्द्रधनुष आदिके समान अस्थिर है। इस संसारमें इन्द्र धरणेन्द्र आदि कोई भी विपत्तिमें जीवकी रक्षा नहीं कर सकते। इस प्रकार संसारके स्वरूपका विचार करना चाहिये।

कायके स्वभाव का विचार—शरीर अनित्य है, दुःखका हेतु है, निःसार है, अशुचि है, बीभत्स है, दुर्गन्धयुक्त है, मल मूत्रमय है, सन्तापका कारण है और पापोंकी उत्पत्तिका स्थान है। इस प्रकार कायके स्वरूपका विचार करना चाहिये।

हिंसाका लक्षण—

प्रमत्तयोगात् प्राणव्यपरोपणं हिंसा ॥ १३ ॥

प्रमत्त व्यक्तिके व्यापारसे दश प्रकारके प्राणोंका वियोग करना अथवा वियोग करनेका विचार करना हिंसा है। कषायसहित प्राणी को प्रमत्त कहते हैं। अथवा विना विचारे जो इन्द्रियोंकी प्रवृत्ति करता है वह प्रमत्त है। अथवा तीव्र कषायोदयके कारण अहिंसामे जो कपटपूर्वक प्रवृत्ति करता है वह प्रमत्त है। अथवा चार विकथा, चार कषाय, पाँच इन्द्रिय, निद्रा और प्रणय इन पन्द्रह प्रमादोंसे जो युक्त हो वह प्रमत्त है। प्रमत्त व्यक्तिके मन, वचन और कायके व्यापारको प्रमत्तयोग कहते हैं। और प्रमत्तयोगसे प्राणोंका वियोग करना हिंसा है।

प्रमत्तयोगके अभावमें प्राणव्यपरोपण होनेपर भी हिंसाका दोष नहीं लगता है। प्रवचनसारमे कहा भी है कि—"ईर्यासमितिपूर्वक गमन करनेवाले मुनिके पैरके नीचे कोई सूक्ष्म जीव आकर दब जाय या मर जाय तो उस मुनिको उस जीवके मरने आदिसे सूक्ष्म भी कर्मबन्ध नही होता है। जिस प्रकार मूर्च्छाका नाम परिग्रह है उसी प्रकार प्रमत्तयोगका नाम हिंसा है।" और भी कहा है कि—"जीव चाहे मरे या न मरे लेकिन अयत्नाचारपूर्वक प्रवृत्ति करनेवालेको हिंसाका दोष अवश्य लगता है और प्रयत्नपूर्वक प्रवृत्ति करनेवालेको हिंसामात्रसे पापका बन्ध नहीं होता है।"

अपने परिणामोंके कारण प्राणियोंका घात नहीं करनेवाले प्राणी भी पापका बन्ध करते हैं जैसे धीवर मछली नहीं मारते समय भी पापका बन्ध करता है क्योंकि उसके भाव सदा ही मछली मारनेके रहते हैं और प्राणियोंका घात करनेवाले प्राणी भी पापका बन्ध नही करते जैसे कृषकको हल चलाते समय भी पापका बन्ध नही होता है क्योंकि उसके

परिणाम हिंसा करनेके नही है। प्रमादयुक्त व्यक्ति पहिले स्वयं अपनी आत्माका घात करता है बादमे दूसरे प्राणियोंका वध हो चाहे न हो। अतः प्रमत्तयोगसे प्राणोंके वियोग करनेको अथवा केवल प्रमत्तयोगको हिंसा करते हैं। प्रमत्तयोगके विना केवल प्राणव्यपरोपण हिंसा नही है।

असत्यका लक्षण—

असदभिधानमनृतम् ॥ १४ ॥

प्रमादके योगसे असत् (अप्रशस्त) अर्थको कहना अनृत या असत्य है। अर्थात् प्राणियोंको दुःखदायक विद्यमान अथवा अविद्यमान अर्थका वचन असत्य है। जिस प्रकार धनश्री हिंसामें प्रसिद्ध है उसी तरह वसु राजा झूठमे। कर्णकर्कश, हृदयनिष्ठुर, मनमे पीड़ा करनेवाले, विप्रलापयुक्त, विरोधयुक्त, प्राणियोंके वध वन्धन आदिको करानेवाले, वैरकारी, कलह आदि करानेवाले, त्रास करनेवाले गुरु आदिकी अवज्ञा करनेवाले आदि वचन भी असत्य हैं। झूॅठ बोलनेकी इच्छा और झूठ बोलनेके उपाय सोचना भी प्रमत्तयोगके कारण असत्य हैं। प्रमत्तयोगके अभावमे असत्य वचन भी कर्मवन्धके कारण नही होते हैं।

चोरीका लक्षण—

अदत्तादानं स्तेयम् ॥ १५ ॥

प्रमत्तयोगसे विना दी हुई किसी वस्तुको ग्रहण करना चोरी है। अर्थात् जिस वस्तु पर सब लोगोंका अधिकार नही है उस वस्तुको ग्रहण करना, ग्रहण करनेकी इच्छा करना अथवा ग्रहण करनेका उपाय सोचना चोरी है।

प्रश्न—यदि विना दी हुई वस्तुके ग्रहण करनेका नाम चोरी है तो कर्म और नोकर्मका ग्रहण भी चोरी कहलायगा क्योंकि कर्म और नोकर्म भी किसीके द्वारा दिए नही जाते।

उत्तर—जिस वस्तुका देना और लेना सभव हो उसी वस्तुके ग्रहण करनेमे चोरीका व्यवहार होता है। सूत्रमे आए हुए 'अदत्त' शब्दका यही तात्पर्य है। यदि दाताका सद्भाव हो तो ग्राहक का अस्तित्व भी पाया जाता है। लेकिन कर्म और नोकर्म वर्गणाओंका कोई स्वामी न होनेसे उनके ग्रहण करनेमे अदत्तादानका प्रश्न ही नही होता है। अतः कर्म और नोकर्मका ग्रहण करना चोरी नही है।

प्रश्न—ग्राम, नगर आदिमे भ्रमण करनेके समय मुनि रथ्याद्वार (गलीका द्वार) आदिमे प्रवेश करते है और रथ्या आदि स्वामी सहित है अतः विना आज्ञाके प्रवेश करनेके कारण मुनियोंको चोरीका दोष लगना चाहिये।

उत्तर—ग्राम, नगर आदिमें और रथ्याद्वार आदिमें प्रवेश करनेसे मुनियोंको चोरीका दोष नही लगता है क्योंकि सर्व साधारणके लिये वहाॅ प्रवेश करनेकी स्वतन्त्रता है। मुनियों के लिये यह भी विधान है कि बन्द द्वार आदिमे प्रवेश न करे। अतः खुले हुए द्वार आदिमें प्रवेश करनेसे कोई दोष नही लगता है। अथवा प्रमत्तयोगसे अदत्तादानका नाम चोरी है और मुनियोंको प्रमत्तयोगके विना रथ्याद्वार आदिमे प्रवेश करनेपर चोरीका दोष नही लग सकता है।

कुशीलका लक्षण—

मैथुनमब्रह्म ॥ १६ ॥

मैथुनको अब्रह्म अर्थात् कुशील कहते हैं। चारित्रमोहनीय कर्मके उदयसे राग-परिणाम सहित स्त्री और पुरुषको परस्पर स्पर्श करने की इच्छाका होना या स्पर्श करनेके उपायका सोचना मैथुन है। रागपरिणामके अभावसे स्पर्श करने मात्रका नाम कुशील नहीं है। लोक और शास्त्रमें भी यही माना गया है कि रागपरिणामके कारण स्त्री और पुरुषकी जो चेष्टा है वही मैथुन है। अतः प्रमत्तयोगसे स्त्री और पुरुषमें अथवा पुरुष और पुरुषमें रतिसुखके लिये जो चेष्टा है वह मैथुन है।

जिसकी रक्षा करने पर अहिंसा आदि गुणोंकी वृद्धि हो वह ब्रह्म है और ब्रह्मका अभाव अब्रह्म है। मैथुनको अब्रह्म इसलिये कहा है कि मैथुनमें अहिंसादि गुणोंकी रक्षा नहीं होती है। मैथुन करनेवाला जीव हिंसा करता है। मैथुन करनेसे योनिमें स्थित करोड़ों जीवोंका घात होता है। मैथुनके लिये झूठ भी बोलना पड़ता है, अदत्तादान और परिग्रहका भी ग्रहण करना पड़ता है। अतः मैथुनमें सब पाप अन्तर्हित हैं।

परिग्रहका लक्षण—

मूर्च्छा परिग्रहः ॥ १७ ॥

मूर्च्छाको परिग्रह कहते हैं। गाय भैंस मणि मुक्ता आदि चेतन और अचेतन रूप बाह्य परिग्रह और राग द्वेष आदि अन्तरङ्ग परिग्रहके उपार्जन रक्षण और वृद्धि आदिमें मनकी अभिलाषा या ममत्वका नाम मूर्च्छा है। वात पित्त श्लेष्म आदिसे उत्पन्न होने वाली अचेतन स्वभावरूप मूर्च्छाका यहाँ ग्रहण नहीं किया गया है।

प्रश्न—यदि मनकी अभिलाषाका नाम ही परिग्रह है तो बाह्य पदार्थ परिग्रह नहीं होंगे।

उत्तर—मनकी अभिलाषाको प्रधान होनेके कारण अन्तरङ्ग परिग्रहको ही मुख्य रूपसे परिग्रह कहा गया है। बाह्य पदार्थभी मूर्च्छाके कारण होनेसे परिग्रह ही हैं। ममत्व या मूर्च्छाका नाम परिग्रह होनेसे आहार भय आदि सञ्ज्ञायुक्त पुरुष भी परिग्रहसहित है क्योंकि सञ्ज्ञाओंमें ममत्वबुद्धि रहती है।

प्रश्न—सम्यग्ज्ञान दर्शन चारित्र आदि भी परिग्रह हैं या नहीं ?

उत्तर—जिसके प्रमत्तयोग होता है वही परिग्रहसहित होता है और जिसके प्रमत्तयोग नहीं है वह अपरिग्रही है। सम्यग्ज्ञान दर्शन चारित्र आदिसे युक्त पुरुष प्रमाद-रहित और निर्मोह होता है, उसके मूर्च्छा भी नहीं होती है अतः वह परिग्रहरहित ही है। दूसरी बात यह है कि ज्ञान दर्शन आदि आत्माके स्वभाव होनेसे अहेय हैं और रागद्वेषादि अनात्मस्वभाव होनेसे हेय हैं। अतः राग द्वेषादि ही परिग्रह हैं न कि ज्ञान दर्शनादि। ऐसा कहा भी है कि जो हेय हो वही परिग्रह है।

परिग्रहवाला पुरुष हिंसा आदि पाँचों पापोंमें प्रवृत्त होता है और नरकादि गतियोंके दुःखोंको भोगता है।

अन्तरङ्ग परिग्रहके चौदह भेद हैं—मिथ्यात्व, वेद, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा क्रोध, मान, माया, लोभ, राग और द्वेष। बाह्य परिग्रहके दश भेद हैं—क्षेत्र, वास्तु, धन, धान्य, द्विपद, चतुष्पद, सवारी, शयनासन, कुप्य और भाण्ड।

राग, द्वेषादिको ही मुख्य रूपसे परिग्रह कहते हैं। कहा भी है कि-अपने पापके कारण बाह्यपरिग्रहरहित दरिद्र मनुष्य तो बहुतसे होते हैं लेकिन अभ्यन्तर परिग्रह रहित जीव लोकमे दुर्लभ है।

व्रतीकी विशेषता—

निःशल्यो व्रती ॥ १८ ॥

शल्यरहित जीव ही व्रती है। शल्य बाणको कहते हैं। जिस प्रकार बाण शरीरके अन्दर प्रवेश करके दुःखका हेतु होता है उसी प्रकार प्राणियोंकी शारीरिक मानसिक आदि बाधाका कारण होनेसे कर्मोदयके विकारको भी शल्य कहते है। शल्यके तीन भेद है—माया मिथ्यात्व और निदान।

छल कपट करनेको माया कहते है। तत्त्वार्थश्रद्धानका न होना मिथ्यात्व है और विषयभोगोंकी आकांक्षाका नाम निदान है। जो इन तीन प्रकारकी शल्योंसे रहित होता है वही व्रती कहलाता है।

प्रश्न—शल्य रहित होनेसे निःशल्य और व्रत सहित होनेसे व्रती होता है। अतः जिस प्रकार दण्डधारी देवदत्त छत्री (छत्तावाला) नहीं कहलाता है उसी प्रकार शल्य रहित व्यक्ति भी व्रती नही हो सकता है।

उत्तर—निःशल्यो व्रती कहनेका तात्पर्य यह है कि शल्यरहित और व्रतसहित व्यक्ति ही व्रती कहलाता है केवल हिंसादिसे विरक्त होने मात्रसे कोई व्रती नही हो सकता। इसी तरह हिंसादिसे विरक्त होने पर भी शल्यसहित व्यक्ति व्रती नही है किन्तु शल्य रहित होने पर ही वह व्रती होता है। जैसे जिसके अधिक दूध घृत आदि होता है वही गोवाला कहलाता है, दूध घृतके अभावमें गायोंके होने पर भी वह ग्वाला नहीं कहलाता उसी प्रकार अहिंसादि व्रतोंके होने पर भी शल्यसंयुक्त पुरुष व्रती नहीं है। तात्पर्य यह है कि अहिंसा आदि व्रतोंके विशिष्ट फलको शल्यरहित व्यक्ति ही प्राप्त करते हैं शल्यसहित नही।

व्रतीके भेद—

अगार्यनगारश्च ॥ १९ ॥

व्रतीके दो भेद है—अगारी और अनगारी। जो घरमे निवास करते हैं वे अगारी (गृहस्थ) हैं और जिन्होंने घरका त्याग कर दिया है वे अनगारी (मुनि) हैं।

प्रश्न—इस प्रकार तो जिनालय शून्यागार मठ आदिमे निवास करनेवाले मुनि भी अगारी हो जॉयगे और जिसकी विषयतृष्णा दूर नहीं हुई है लेकिन किसी कारणसे जिसने घरको छोड़ दिया है ऐसा वनमें रहनेवाला गृहस्थ भी अनगारी कहलाने लगेगा।

उत्तर—यहॉ घर शब्दका अर्थ भावघर है। चारित्रमोहके उदय होनेपर घरके प्रति अभिलाषाका नाम भावघर है। जिस पुरुषके इस प्रकारका भावघर विद्यमान है वह वनमे नग्न होकर भी निवास करे तो भी वह अगारी है। और भावागार न होनेके कारण जिन चैत्यालय आदिमे रहनेवाले मुनि भी अनगारी है।

प्रश्न—अपरिपूर्ण व्रत होनेके कारण गृहस्थ व्रती नहीं हो सकता।

उत्तर—नैगम संग्रह और व्यवहारनयकी अपेक्षा गृहस्थ भी व्रती ही है। जैसे घरमें या घरके एक कमरेमें निवास करनेवाले व्यक्तिको नगरमें रहनेवाला कहा जाता है उसी प्रकार परिपूर्ण व्रतोंके पालन न करने पर भी एकदेशव्रत पालन करनेके कारण वह व्रती कहलाता है। पाँच पापोंमें से किसी एक पापका त्याग करनेवाला व्रती नहीं है किन्तु पाँचो पापोंके एकदेश या सर्वदेश त्याग करनेवालेको व्रती कहते हैं।

अगारीका लक्षण—

अणुव्रतोऽगारी ॥ २० ॥

हिंसादि पापोंके एकदेश त्याग करनेवालेको अगारी या गृहस्थ कहते हैं।

अणुव्रतके पाँच भेद हैं—अहिंसाणुव्रत, सत्याणुव्रत, अचौर्याणुव्रत, ब्रह्मचर्याणुव्रत और परिग्रहपरिमाणाणुव्रत। संकल्प पूर्वक त्रस जीवोंकी हिंसाका त्याग करना अहिंसाणुव्रत है। लोभ,मोह, स्नेह आदिसे अथवा घरके विनाश होनेसे या ग्राममें वास करनेके कारण असत्य नहीं बोलना सत्याणुव्रत है। संक्लेशपूर्वक लिया गया अपना भी धन दूसरों को पीड़ा करने वाला होता है, और राजाके भय आदिसे जिस धनका त्याग कर दिया है ऐसे धनको अदत्त कहते हैं। इस प्रकारके धनमें अभिलाषाका न होना अचौर्याणुव्रत है। परिगृहीत या अपरिगृहीत परस्त्रीमे रतिका न होना ब्रह्मचर्याणुव्रत है और क्षेत्र वास्तु धन धान्य आदि परिग्रहका अपनी आवश्यकतानुसार परिमाण कर लेना परिग्रहपरिमाणाणुव्रत है।

सात शीलव्रतोंका वर्णन—

दिग्देशानर्थदण्डविरतिसामायिकप्रोषधोपवासोपभोगपरिभोग-परिमाणातिथिसंविभागव्रतसम्पन्नश्च ॥ २१ ॥

वह व्रती दिग्व्रत, देशव्रत, अनर्थदण्डव्रत इन तीन गुणव्रतोंसे और सामायिक, प्रोषधोपवास, उपभोगपरिभोगपरिमाण और अतिथिसंविभागव्रत इन चार शिक्षाव्रतोंसे सहित होता है। 'च' शब्दसे व्रती सल्लेखनादिसे भी सहित होता है।

दशों दिशाओंमें हिमाचल, विन्ध्याचल आदि प्रसिद्ध स्थानोंकी मर्यादा करके उससे बाहर जानेका मरण पर्यन्तके लिये त्याग करना दिग्व्रत है। दिग्व्रत की मर्यादाके बाहर स्थावर और त्रस जीवोंकी हिंसाका सर्वथा त्याग होनेसे गृहस्थके भी उतने क्षेत्रमें महाव्रत होता है। दिग्व्रतके क्षेत्रके बाहर धनादिका लाभ होनेपर भी मनकी अभिलाषाका अभाव होनेसे लोभका त्याग भी गृहस्थके होता है। दिग्व्रतके क्षेत्रमे से भी ग्राम नगर नदी वन घर आदिसे निश्चित कालके लिये बाहर जानेका त्याग करना देशव्रत है। देशव्रत दिग्व्रतके अन्तर्गत ही है। विशेष रूपसे पापके स्थानोंमें, व्रतभङ्ग होने योग्य स्थानोंमें और खुरासान मूलस्थान मखस्थान हिरमजस्थान आदि स्थानोंमें जानेका त्याग करना देशव्रत है। देशव्रतके क्षेत्रसे बाहर भी दिग्व्रतकी तरह ही महाव्रत और लोभका त्याग होता है।

प्रयोजन रहित पापक्रियाओंका त्याग करना अनर्थदण्डव्रत है। अनर्थदण्डके पाँच भेद हैं—अपध्यान, पापोपदेश, प्रमादाचरित, हिंसादान और दुःश्रुति।

द्वेषके कारण दूसरोंकी जय पराजयवध बन्धन द्रव्यहरण आदि और रागके कारण दूसरेकी स्त्री आदिका हरण कैसे हो इस प्रकार मनमें विचार करना अपध्यान है।

पापोपदेश अनर्थदण्डके चार भेद हैं—क्लेशवणिज्या, तिर्यग्वणिज्या, वधकोपदेश और आरम्भोपदेश। अन्य देशोंसे कम मूल्यमें आनेवाले दासी-दासोंको लाकर गुजरात आदि देशोंमे वेचनेसे महान् धनलाभ होता है ऐसा कहना क्लेशवणिज्या पापोपदेश है। इस देशके गाय भैस वैल ऊँट आदि पशुओंकी दूसरे देशमें वेचनेसे अधिक लाभ होता इस प्रकार उपदेश देना तिर्यग्वणिज्या पापोपदेश है। पाप कर्मोंसे आजीविका करने वाले धीवर शिकारी आदिसे ऐसा कहना कि उस स्थान पर मछली मृग वराह आदि वहुत हैं वधकोपदेश है। नीच आदमियोंसे ऐसा कहना कि भूमि ऐसे जोती जाती है, जल ऐसे निकाला जाता है, वनमे आग इस प्रकार लगाई जाती है, वनस्पति ऐसे खोदी जाती है इत्यादि उपदेश आरम्भोपदेश है।

विना प्रयोजन पृथिवी कूटना जल सींचना अग्नि जलाना पखा आदिसे वायु उत्पन्न करना वृक्षोंके फल फूल लता आदि तोड़ना तथा इसी प्रकारके अन्य पाप कार्य करना प्रमादाचरित है।

दूसरे प्राणियोंके घातक मार्जार सर्प वाज आदि हिसक पशु-पक्षियोंका तथा विप कुठार तलवार आदि हिंसाके उपकरणोंका सग्रह और विक्रय करना हिसादान है।

हिसा राग द्वेप आदिको वढ़ानेवाले शास्त्रोंका पढ़ना पढ़ाना सुनना सुनाना व्यापार करना आदि दुःश्रुति है। इन पॉचों प्रकारके अनर्थदण्डोंका त्याग करना अनर्थदण्ड व्रत है।

दिग्व्रत देशव्रत और अनर्थदण्डव्रत ये तीनो अणुव्रतोंकी वृद्धिमे हेतु होनेके कारण गुणव्रत कहलाते है।

समयशब्दसे स्वार्थमें इकण् प्रत्यय होनेपर सामायिक शब्द वना है। एकरूपसे परिणमन करनेका नाम समय है और समयको ही सामायिक कहते है। अथवा प्रयोजन अर्थमे इकण् प्रत्यय करनेसे समय (एकत्वरूप परिणति) ही जिसका प्रयोजन हो वह सामायिक है। तात्पर्य यह है कि देववन्दना आदि कालमे विना सक्लेशके सव प्राणियोमे समता आदिका चिन्तवन करना सामायिक है।

सामायिक करनेवाला जितने काल तक सामायिकमे स्थित रहता है उतने काल तक सम्पूर्ण पापोंकी निवृत्ति हो जानेसे वह उपचारसे महाव्रती भी कहलाता है। लेकिन सयमको घात करनेवाली प्रत्याख्यानावरण कपायके उदय होनेसे वह सामायिक कालमे सयमी नही कहा जा सकता। सामायिक करनेवाला गृहस्थ परिपूर्ण सयमके विना भी उपचारसे महाव्रती है जैसे राजपदके विना भी सामान्य क्षत्री राजा कहलाता है।

अष्टमी और चतुर्दशीको प्रोषध कहते हैं। स्पर्शन आदि पॉचों इन्द्रियोंके विषयोंके त्याग करनेको उपवास कहते है। अतः प्रोपध (अष्टमी ओर चतुर्दशी) मे उपवास करनेको प्रोपधोपवास कहते है। अर्थात् अशन पान खाद्य और लेह्य इन चार प्रकारके आहारका अष्टमी और चतुर्दशीको त्याग करना प्रोपधोपवास है। जो श्रावक सव प्रकारके आरभ स्वशरीरसंस्कार स्नान गन्ध माला आदि धारण करना छोड़कर चैत्यालय आदि पवित्र स्थानमे एकाग्र मनसे धर्मकथाको कहता सुनता अथवा चिन्तवन करता हुआ उपवास करता है वह प्रोषधोपवासव्रती है।

भोजन पान गन्ध माल्य ताम्बूल आदि जो एक बार भोगनेमे आवें वे उपभोग हैं और आभूपण शय्या घर यान वाहन आदि जो अनेक वार भोगनेमें आवें वे परिभोग है। उपभोग और परिभोगके स्थानमे भोग और उपभोगका भी प्रयोग किया जाता है। उपभोग

और परिभोगमें आनेवाले पदार्थोंका परिमाण कर लेना उपभोगपरिभोगपरिमाण व्रत है। यद्यपि उपभोगपरिमाणव्रतमें त्याग नियत कालके लिये ही किया जाता है लेकिन मद्य मांस मधु केतकी नीमके फूल अदरख मूली पुष्प अनन्तकायिक छिद्रवाली शाक नल आदि वनस्पतियोंका त्याग यावज्जीवनके लिये ही कर देना चाहिये क्योंकि इनके भक्षणमें फल तो थोड़ा होता है और जीवोंकी हिंसा अधिक होती है। इसी प्रकार यान वाहन आदिका त्याग भी यथाशक्ति कुछ कालके लिये या जीवन पर्यन्त करना चाहिये।

संयमकी विराधना किये बिना जो भोजनको जाता है वह अतिथि है। अथवा जिसके प्रतिपदा, द्वितीया आदि तिथि नहीं है, जो किसी भी तिथिमें भोजनको जाता है वह अतिथि है। इस प्रकारके अतिथिको विशिष्ट भोजन देना अतिथिसंविभागव्रत है। अतिथिसंविभाग के चार भेद हैं—भिक्षादान, उपकरणदान, औषधदान और आवासदान। मोक्षमार्गमें प्रयत्नशील, संयममे तत्पर और शुद्ध संयमीके लिये निर्मल चित्तसे निर्दोष भिक्षा देनी चाहिये। इसी प्रकार पीछी,पुस्तक, कमण्डलु आदि धर्मके उपकरण, योग्य औषधि और श्रद्धापूर्वक निवासस्थान भी देना चाहिये।

'च' 'शब्द' से यहाँ जिनेन्द्रदेवका अभिषेक, पूजन आदिका भी ग्रहण करना चाहिये।

सामायिक, प्रोपधोपवास, उपभोगपरिभोगपरिमाण और अतिथिसंविभाग ये चारों, जिस प्रकार माता-पिताके वचन सन्तानको शिक्षाप्रद होते हैं उसी प्रकार अणुव्रतोंकी शिक्षा देनेवाले अर्थात् उसकी रक्षा करनेवाले होनेके कारण शिक्षाव्रत कहलाते हैं।

सल्लेखनाका वर्णन—

मारणान्तिकीं सल्लेखनां जोषिता ॥ २२ ॥

मरणके अन्तमे होनेवाली सल्लेखनाको प्रीतिपूर्वक सेवन करनेवाला पुरुष गृहस्थ होता है। आयु, इन्द्रिय और बलका किसी कारणसे नाश हो जाना मरण है। इस प्रकारके मरणके समय गृहस्थको सल्लेखना करना चाहिये। समतापूर्वक काय और कषायोंके कृश करनेको सल्लेखना कहते है। कायको कृश करना बाह्य सल्लेखना और कषायोंको कृश करना अन्तरङ्ग सल्लेखना है।

प्रश्न—अर्थकी स्पष्टताके लिये 'जोषिता'के स्थानमें 'सेविता' शब्द क्यों नही रखा?

उत्तर—अर्थ विशेषको बतलानेके लिये आचार्यने जोषिता शब्दका प्रयोग किया है। प्रीति पूर्वक सेवन करनेका नाम ही सल्लेखना है। प्रीतिके बिना बलपूर्वक सल्लेखना नही कराई जाती है। किन्तु गृहस्थ संन्यासमे प्रीतिके होने पर स्वयं ही सल्लेखनाको करता है। अतः प्रीतिपूर्वक सेवन अर्थ मे जुषी धातुका प्रयोग बहुत उपयुक्त है।

प्रश्न—स्वय विचारपूर्वक प्राणोंके त्याग करनेमे हिंसा होनेसे सल्लेखना करनेवालेको आत्मघातका दोष होगा?

उत्तर—सल्लेखनामे आत्मघातका दोष नहीं होता है क्योंकि प्रमत्तयोगसे प्राणोंके विनाश करनेको हिंसा कहते है और जो विचारपूर्वक सल्लेखनाको करता है उसके राग द्वेषादिके न होनेसे प्रमत्तयोग नहीं होता है। अतः सल्लेखना करनेमे आत्मघातका दोष संभव नही है। राग, द्वेष, मोह आदिसे संयुक्त जो पुरुष विष, शस्त्र, गलपाश, अग्निप्रवेश, कूपपतन आदि प्रयोगोंके द्वारा प्राणोंका त्याग करता है वह आत्मघाती है। कहा भी है कि—

"जो आत्मघाती व्यक्ति हैं वे अति अन्धकारसे आवृत असूर्यलोकमें अनेक प्रकार के दुःख भोगते हैं ?"

जिनागममें कहा है कि—"रागादिका उत्पन्न न होना ही अहिंसा है, रागादिकी उत्पत्ति ही हिंसा है।"

सल्लेखनामें आत्मघात न होनेका एक कारण यह भी है कि वणिक्को अपने घर के विनाशकी तरह प्रत्येक प्राणीको मरण अनिष्ट है। वणिक् बहुमूल्य द्रव्योंसे भरे हुए अपने घरका विनाश नहीं चाहता है। लेकिन किसी कारणसे विनाशके उपस्थित होने पर वणिक् उस घरको छोड़ देता है अथवा ऐसा प्रयत्न करता है जिससे द्रव्योंका नाश न हो। उसी प्रकार व्रत और शीलका पालन करनेवाला गृहस्थ भी व्रत और शीलके आश्रय स्वरूप शरीरका विनाश नहीं चाहता है। लेकिन शरीरविनाशके कारण उपस्थित होने पर संयमका घात न करते हुए धीरे धीरे शरीरको छोड़ देता है अथवा शरीरके छोड़नेमें असमर्थ होने पर और कायविनाश तथा आत्मगुणविनाशके युगपत् उपस्थित होने पर आत्माके गुणोंका विनाश जिस प्रकार न हो उस प्रकार प्रयत्न करता है। अतः सल्लेखना करनेवालेको आत्मघातका पाप किसी भी प्रकार संभव नही है। गृहस्थोंकी तरह मुनियोंको भी आयुके अन्तमें समाधि-मरण बतलाया है।

सम्यग्दर्शन के अतिचार—

शङ्काकाङ्क्षाविचिकित्सान्यदृष्टिप्रशंसासंस्तवाः सम्यग्दृष्टेरतिचाराः ॥ २३ ॥

शंका, कांक्षा, विचिकित्सा, अन्यदृष्टिप्रशंसा और अन्यदृष्टिसंस्तव ये सम्यग्दर्शन के पाँच अतिचार हैं।

जिनेन्द्र भगवान्के वचनोंमें सन्देह करना—जैसे निर्ग्रन्थोंके मुक्ति बतलाई है उसी प्रकार क्या सग्रन्थों को भी मुक्ति होती है ? अथवा इसलोकभय, परलोकभय, आदि सात भय करना शंका है। इसलोक और परलोकके भोगोंकी वाञ्छा करना कांक्षा है। रत्नत्रयधारकोंके मलिन शरीरको देखकर यह कहना कि ये मुनि स्नान आदि नही करते इत्यादि रूपसे ग्लानि करना विचिकित्सा है। मिथ्यादृष्टियोंके ज्ञान और चारित्रगुणकी मनसे प्रशंसा करना अन्यदृष्टिप्रशंसा है। और मिथ्यादृष्टिके विद्यमान और अविद्यमान गुणोंको वचन से प्रकट करना अन्यदृष्टिसंस्तव है।

प्रश्न—सम्यग्दर्शन के आठ अंग हैं अतः अतिचार भी आठ ही होना चाहिये।

उत्तर—व्रत और शीलोंके पाँच पाँच ही अतिचार बतलाये है अतः अतिचारोंके वर्णनमें सम्यग्दर्शनके पाँच ही अतीचार कहे गये हैं। अन्य तीन अतिचारोंका अन्यदृष्टिप्रशंसा और संस्तवमें अन्तर्भाव हो जाता है जो मिथ्यादृष्टियोंकी प्रशंसा और स्तुति करता है वह मूढ़दृष्टि तो है ही, वह रत्नत्रयधारकोंके दोषोंका उपगूहन (प्रगट नही करना) नहीं करता है, स्थितिकरण भी नहीं करता है, उससे वात्सल्य और प्रभावना भी संभव नही है। अतः अन्यदृष्टिप्रशंसा और संस्तवमें अनुपगूहन आदि दोषोंका अन्तर्भाव हो जाता है।

व्रत और शीलोंके अतिचार—

व्रतशीलेषु पञ्च पञ्च यथाक्रमम् ॥ २४ ॥

पाँच अणुव्रत और सात शीलोंके क्रमसे पाँच पाँच अतिचार होते है। यद्यपि व्रतोंके ग्रहण करनेसे ही शीलोंका ग्रहण हो जाता है लेकिन शीलका पृथक् ग्रहण व्रतोंसे शीलोंमें विशेषता

बतलानेके लिये किया गया हैं। व्रतोंकी रक्षा करनेको शील कहते हैं। दिग्व्रत आदि सात शीलोंके द्वारा पाँच अणुव्रतोंकी रक्षा होती है यही शीलोंकी विशेषता है। अतः शीलके पृथक् ग्रहण करनेमे कोई दोष नहीं है।

अहिंसाणुव्रतके अतिचार—

बन्धवधच्छेदातिभारारोपणान्नपाननिरोधाः ॥ २५ ॥

बन्ध, वध, छेद, अतिभारारोपण और अन्नपाननिरोध ये अहिंसाणुव्रतके पाँच अतिचार हैं।

इच्छित स्थानमे गमन रोकनेके लिये रस्सी आदिसे बाँध देना बन्ध है। लकड़ी, बेंत, दण्ड आदिसे मारना वध है। यहाँ वधका अर्थ प्राणोंका विनाश नहीं है क्योंकि इसका निषेध हिंसारूपसे पहिले ही कर चुके हैं। नाक, कान आदि अवयवोंको छेद देना छेद है। शक्तिसे अधिक भार लादना अतिभारारोपण है। मनुष्य, गाय, भैंस, बैल, घोड़ा आदि प्राणियोंको समय पर भोजन और पानी नहीं देना अन्नपाननिरोध है।

सत्याणुव्रतके अतिचार—

मिथ्योपदेशरहोऽभ्याख्यानकूटलेखक्रियान्यासापहारसाकारमन्त्रभेदाः ॥ २६ ॥

मिथ्योपदेश, रहोऽभ्याख्यान, कूटलेखक्रिया, न्यासापहार और साकारमन्त्रभेद ये सत्याणुव्रतके पाँच अतिचार हैं।

अभ्युदय और निःश्रेयसको न देनेवाली क्रियाओंमें भोले मनुष्योंकी प्रवृत्ति कराना और धनादिके निमित्तसे दूसरोको ठगना मिथ्योपदेश है। इन्द्रपद, तीर्थंकरका गर्भ और जन्म कल्याणक, साम्राज्य, चक्रवर्तिपद, तपकल्याणक, महामण्डलेश्वर आदि राज्यपद, और सर्वार्थसिद्धिपर्यन्त अहमिन्द्रपद, इन सब संसारके विशेष अथवा साधारण सुखोका नाम अभ्युदय है। और केवल ज्ञानकल्याणक, निर्वाण कल्याणक, अनन्तचतुष्टय और परमनिर्वाण-पद ये सब निःश्रेयस हैं। स्त्री और पुरुषके द्वारा एकान्तमे किये गये किसी कार्यविशेष को अथवा वचनोंको गुप्तरूपसे जानकर दूसरोंके सामने प्रकट कर देना रहोऽभ्याख्यान है। किसी पुरुषके द्वारा नहीं किये गये और नहीं कहे गये कार्यको द्वेषके कारण उसने ऐसा किया है और ऐसा कहा है इस प्रकार दूसरोंको ठगने और पीड़ा देनेके लिये असत्य बातको लिखना कूटलेखक्रिया है। किसी पुरुषने दूसरेके यहाँ सुवर्ण आदि द्रव्यको धरोहर रख दिया, द्रव्य लेनेके समय संख्या भूल जानेके कारण कम द्रव्य माँगने पर जानते हुए भी कहना कि हाँ इतना ही तुम्हारा द्रव्य है, इस प्रकार धरोहरका अपहरण करना न्यासापहार है। अङ्गविकार, भ्रूविक्षेप आदिके द्वारा दूसरोंके अभिप्रायको जानकर ईर्षा आदिके कारण दूसरोंके सामने प्रकट कर देना साकारमन्त्रभेद है।

अचौर्याणुव्रतके अतिचार—

**स्तेनप्रयोगतदाहृतादानविरुद्धराज्यातिक्रमहीनाधिकमानोन्मान-
प्रतिरूपकव्यवहाराः ॥ २७ ॥**

स्तेनप्रयोग, तदाहृतादान, विरुद्धराज्यातिक्रम, हीनाधिकमानोन्मान और प्रतिरूपक-व्यवहार ये अचौर्याणुव्रतके अतिचार हैं।

चोरको चोरी करनेके लिये स्वयं मन वचन और कायसे प्रेरणा करना अथवा दूसरेसे प्रेरणा कराना, इसी प्रकार चोरी करने वालेकी अनुमोदना करना स्तेनप्रयोग है। चोरके द्वारा चुराकर लाई हुई वस्तुका खरीदना तदाहृतादान है। बहुमूल्य वस्तुओंको कम मूल्यमे नहीं लेना चाहिये और कम मूल्य वाली वस्तुओंको अधिक मूल्यमे नही देना चाहिये इस प्रकारकी राजाकी आज्ञाके अनुसार जो कार्य किया जाता है वह राज्य कहलाता है। उचित मूल्यसे विरुद्ध अनुचित मूल्यमे देने और लेने को अतिक्रम कहते है। राजाकी आज्ञाका उल्लघन करना अर्थात् राजाकी आज्ञाके विरुद्ध देना और लेना विरुद्धराज्यातिक्रम है। राजाकी आज्ञाके बिना यदि व्यापार किया जाय और राजा उसे स्वीकार कर ले तो वह विरुद्धराज्यातिक्रम नहीं है।

नापनेके प्रस्थ आदि पात्रोंको मान और तौलनेके साधनोंको उन्मान कहते है। कम परिमाणवाले मान और उन्मानके द्वारा किसी वस्तुको देना और अधिक मान और उन्मान के द्वारा लेना हीनाधिकमानोन्मान है। लोगोंको ठगनेके लिये कृत्रिम खोटे सुवर्ण आदिके सिक्कोंके द्वारा क्रय-विक्रय करना प्रतिरूपकव्यवहार है।

ब्रह्मचर्याणुव्रतके अतिचार—

परविवाहकरणेत्वरिकापरिगृहीतापरिगृहीतागमनानङ्गक्रीडाकामतीव्राभिनिवेशाः ॥२८॥

परविवाहकरण, परिगृहीतेत्वरिकागमन, अपरिगृहीतेत्वरिकागमन, अनङ्गक्रीड़ा और कामतीव्राभिनिवेश ये ब्रह्मचर्याणुव्रतके पॉच अतिचार है।

दूसरोंके पुत्र आदिका विवाह करना या कराना परविवाहकरण है। विवाहित सधवा अथवा विधवा स्त्रीको जो व्यभिचारिणी हो परिगृहीतेत्वरिका कहते है। ऐसी स्त्रियोंसे बातचीत करना, हाथ, चक्षु, आदिके द्वारा किसी अभिप्रायको प्रकट करना, जघन स्तन मुख आदिका देखना इत्यादि रागपूर्वक की गई दुश्चेष्टाओंका नाम परिगृहीतेत्वरिकागमन है। स्वामीरहित वेश्या आदि व्यभिचारिणी स्त्रियोंको अपरिगृहीतेत्वरिका कहते है। ऐसी स्त्रियोंसे संभाषण आदि व्यवहार करना अपरिगृहीतेत्वरिकागमन है। गमन-शब्दसे जघन स्तन मुख आदिका निरीक्षण, संभाषण, हाथ भ्रूक्षेप आदिसे गुप्त संकेत करना आदि ही विवक्षित हैं। कामसेवनके अङ्गोंको छोड़कर अन्य स्तन आदि अङ्गोंसे क्रीडा करना अनङ्गक्रीडा है। कामसेवनमें अत्यधिक इच्छा रखना कामतीव्राभिनिवेश है। कामसेवन कालमे भी यह दोष होता है तथा दीक्षिता, कन्या, तिर्यञ्चिणी आदिके साथ कामसेवन करना भी कामतीव्राभिनिवेश है।

परिग्रहपरिमाणाणुव्रतके अतिचार—

क्षेत्रवास्तुहिरण्यसुवर्णधनधान्यदासीदासकुप्यप्रमाणातिक्रमाः ॥ २९ ॥

क्षेत्र-वास्तु, हिरण्य-सुवर्ण, धन धान्य, दासी-दास और कुप्य इन वस्तुओ के प्रमाणको लोभके कारण उल्लघन करना ये क्रमसे परिग्रह परिमाणाणुव्रतके पॉच अतिचार हैं। अनाजकी उत्पत्तिके स्थानको क्षेत्र–खेत कहते हैं। रहनेके स्थानको वास्तु कहते हैं। चॉदीको हिरण्य और सोनेको सुवर्ण कहते हैं। गाय भैंस हाथी घोड़े आदिको धन तथा गेहूँ चना ज्वार मटर तुअर धान आदि अनाजोंको धान्य कहते हैं। नौकरानी और नौकरको दासी-दास कहते हैं। वस्त्र कपास चन्दन आदिको कुप्य कहते हैं।

दिग्व्रतके अतिचार—

ऊर्ध्वाधस्तिर्यग्व्यतिक्रमक्षेत्रवृद्धिस्मृत्यन्तराधानानि ॥ ३० ॥

ऊर्ध्वव्यतिक्रम अधोव्यतिक्रम, तिर्यग्व्यतिक्रम, क्षेत्रवृद्धि और स्मृत्यन्तराधान ये दिग्व्रतके पाँच अतिचार हैं।

दिशाके परिमाणको उल्लंघन करनेको व्यतिक्रम कहते हैं। ऊपरके परिमाणको उल्लंघन कर पर्वत आदिपर चढना ऊर्ध्वव्यतिक्रम है, इसी प्रकार नीचे कुंआ आदिमें उतरना अधोव्यतिक्रम है और सुरङ्ग, बिल आदिमें तिरछा प्रवेश करना तिर्यग्व्यतिक्रम है। प्रमाद अथवा मोहादिके कारण लोभमे आकर परिमित क्षेत्रको बढ़ा लेना क्षेत्रवृद्धि है, अर्थात् परिमित क्षेत्रके बाहर लाभ आदि होनेकी आशासे वहाँ जाना या जानेकी इच्छा करना क्षेत्रवृद्धि है और दिशाओंके प्रमाणको भूल जाना स्मृत्यन्तराधान है।

देशव्रतके अतिचार

आनयनप्रेष्यप्रयोगशब्दरूपानुपातपुद्गलक्षेपाः ॥ ३१ ॥

आनयन, प्रेष्यप्रयोग, शब्दानुपात, रूपानुपात और पुद्गलक्षेप ये देशव्रतके पाँच अतिचार हैं।

मर्यादाके बाहरकी वस्तुओंको अपने क्षेत्रमें मंगाकर क्रय,विक्रय आदि करना आनयन है। मर्यादाके बाहर नौकर आदिको भेजकर इच्छित कार्यकी सिद्धि कराना प्रेष्यप्रयोग है। कार्यकी सिद्धिके लिये मर्यादासे बाहर वाले पुरुषोंको खांसी आदिके शब्द द्वारा अपना अभिप्राय समझा देना शब्दानुपात है। इसी प्रकार मर्यादासे बाहरवालोंको अपना शरीर दिखाकर कार्यकी सिद्धि करना रूपानुपात है तथा मर्यादासे बाहर कंकर, पत्थर आदि फेंककर काम निकालना पुद्गलक्षेप है।

अनर्थदण्डव्रतके अतिचार—

कन्दर्पकौत्कुच्यमौखर्यासमीक्ष्याधिकरणोपभोगपरिभोगानर्थक्यानि ॥ ३२ ॥

कंदर्प, कौत्कुच्य, मौखर्य, असमीक्ष्याधिकरण और उपभोगपरिभोगानर्थक्य ये अनर्थदण्डव्रतके पाँच अतिचार हैं।

रागकी अधिकता होनेके कारण हास्यमिश्रित अशिष्ट वचन बोलना कन्दर्प है। शरीरसे दुष्ट चेष्टा करते हुए हास्यमिश्रित अशिष्ट शब्दोंका प्रयोग करना कौत्कुच्य है। धृष्टतापूर्वक बिना प्रयोजनके आवश्यकतासे अधिक बोलना मौखर्य है। बिना विचारे अधिक प्रवृत्ति करना असमीक्ष्याधिकरण है। इसके तीन भेद हैं—मनोगत, वाग्गत और कायगत असमीक्ष्याधिकरण। मिथ्यादृष्टियोंके द्वारा रचित अनर्थक काव्य आदिका चिन्तन करना मनोगत असमीक्ष्याधिकरण है। बिना प्रयोजन दूसरोंको पीड़ा देनेवाले वचनोंको बोलना वाग्गत असमीक्ष्याधिकरण है और बिना प्रयोजन सचित्त और अचित्त फल, फूल आदि का छेदना तथा अग्नि, विष आदिका देना कायगत असमीक्ष्याधिकरण है। उपभोगपरिभोगके पदार्थोंको अत्यधिक मूल्यसे खरीदना तथा आवश्यकतासे अधिक भोग और उपभोगके पदार्थोंको रखना उपभोगपरिभोगानर्थक्य है।

सामायिक व्रतके अतिचार—

योगदुःप्रणिधानानादरस्मृत्यनुपस्थानानि ॥ ३३ ॥

काययोगदुष्प्रणिधान, वाग्योगदुष्प्रणिधान, मनोयोगदुष्प्रणिधान, अनादर और स्मृत्यनुपस्थान ये सामायिकव्रतके पाँच अतिचार हैं।

योगोंकी दुष्टप्रवृत्तिको तथा अन्यथा प्रवृत्तिको योगदुष्प्रणिधान कहते हैं। सामायिकके समय क्रोध मान माया और लोभसहित मन वचन कायकी प्रवृत्ति दुष्ट प्रवृत्ति है। शरीरके अवयवोंको आसनबद्ध या नियन्त्रित नहीं रखना कायकी अन्यथाप्रवृत्ति है। अर्थरहित शब्दोंका प्रयोग करना वचनकी अन्यथाप्रवृत्ति है और उदासीन रहना मनकी अन्यथाप्रवृत्ति है। सामायिक करनेमें उत्साहका न होना अनादर है। एकाग्रताके अभावसे सामायिकपाठ वगैरह भूल जाना स्मृत्यनुपस्थान है।

प्रोपधोपवासव्रतके अतिचार—

अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्गादानसंस्तरोपक्रमणानादरस्मृत्यनुपस्थानानि ॥ ३४ ॥

अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्ग, अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितादान, अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितसंस्तरोपक्रमण, अनादर और स्मृत्यनुपस्थान ये प्रोपधोपवासव्रतके पाँच अतिचार हैं।

यहाँ जीव है या नहीं इस प्रकार अपनी चक्षुसे देखना प्रत्यवेक्षित है, और कोमल उपकरण (पीछी) से झाड़नेको प्रमार्जित कहते हैं। बिना देखी और बिना शोधी हुई भूमि पर मल, मूत्र आदि करना अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्ग है। देखे और शोधे बिना पूजन आदिके उपकरणोंको उठा लेना अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितादान है। बिना देखे और बिना शोधे हुए बिस्तर पर सो जाना अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितसस्तरोपक्रमण है। क्षुधा, तृषा आदिसे व्याकुल होनेपर आवश्यक धार्मिक कार्योंमें आदरका न होना अनादर है। करने योग्य कार्योंको भूल जाना स्मृत्यनुपस्थान है।

उपभोगपरिभोगपरिमाणव्रतके अतिचार—

सचित्तसम्बन्धसम्मिश्राभिषवदुष्पक्काहाराः ॥ ३५ ॥

सचित्ताहार, सचित्तसम्बन्धाहार, सचित्तसंमिश्राहार, अभिषवाहार और दुःपक्वाहार ये उपभोगपरिभोगपरिमाणव्रतके पाँच अतिचार हैं।

सचित्त (जीव सहित) फल आदिका भक्षण करना सचित्ताहार है। सचित्त पदार्थसे सम्बन्धको प्राप्त हुई वस्तुको खाना सचित्तसम्बन्धाहार है। सचित्त पदार्थसे मिले हुए पदार्थका खाना सचित्तसंमिश्राहार है। सम्बन्धको प्राप्त वस्तु तो पृथक् की जा सकती है लेकिन संमिश्र वस्तु पृथक् नहीं हो सकती यही सम्बन्ध और संमिश्रमें भेद है। रात्रिमें चार पहर तक गलाया या पकाया हुआ चावल आदि अन्न द्रव कहलाता है। बलवर्द्धक तथा कामोत्पादक आहारको वृष्य कहते हैं। द्रव और वृष्य दोनोंका नाम अभिषव है। अभिषव पदार्थका आहार करना अभिषवाहार है। कम या अधिक पके हुए पदार्थका आहार करना दुःपक्वाहार है। वृष्य और दुःपक्व आहारके सेवन करनेसे इन्द्रियमदकी वृद्धि होती है, सचित्त पदार्थको उपयोगमें लेना पड़ता है, वात आदिके प्रकोप तथा उदरमें पीड़ा आदिके होनेपर अग्नि आदि जलानी पड़ती है। इन बातोंसे बहुत असंयम होता है। अतः इस प्रकारके आहारका त्याग करना ही श्रेयस्कर है।

प्रश्न—व्रती पुरुषकी सचित्ताहार आदिमें प्रवृत्ति कैसे हो सकती है ?

उत्तर—मोह अथवा प्रमादके कारण बुभुक्षा और पिपासासे व्याकुल मनुष्य सचित्त आदिसे सहित अन्न, पान, लेपन, आच्छादन आदिमें प्रवृत्ति करता है।

अतिथिसंविभागव्रतके अतिचार—

सचित्तनिक्षेपापिधानपरव्यपदेशमात्सर्यकालातिक्रमाः ॥ ३६ ॥

सचित्तनिक्षेप, सचित्तापिधान, परव्यपदेश, मात्सर्य और कालातिक्रम ये अतिथिसंविभागव्रतके पाँच अतिचार हैं।

सचित्त कदलीपत्र, पद्मपत्र आदिमें रखकर आहार देना सचित्तनिक्षेप है। सचित्त वस्तुसे ढके हुए आहारको देना सचित्तापिधान है। अपनी असुविधाके कारण दूसरे दाताके द्वारा अपने द्रव्यका दान कराना परव्यपदेश है। अथवा यहाँ दूसरे अनेक दाता है मैं दाता नहीं हूँ इस प्रकार सोचना परव्यपदेश है। या दूसरे ही इस प्रकारका आहार दे सकते हैं मैं इस प्रकारसे या इस प्रकारका आहार नहीं दे सकता ऐसे विचारको परव्यपदेश कहते हैं।

प्रश्न—परव्यपदेश अतिचार कैसे होता है ?

उत्तर—धनादिलाभकी आकांक्षासे आहार देनेके समयमें भी व्यापारको न छोड़ सकनेके कारण योग्यता होने पर भी दूसरेसे दान दिलानेके कारण परव्यपदेश अतिचार होता है। कहा भी है कि—

"अपने द्रव्यके द्वारा दूसरोंसे धर्म करानेमें धनादिकी प्राप्ति तो होती है परन्तु वह अपने भोगके लिए नहीं। उसका भोक्ता दूसरा ही होता है।"

"भोजन और भोजन शक्तिका होना, रतिशक्ति और स्त्रीकी प्राप्ति, विभव और दानशक्ति ये स्वयं धर्म करनेके फल है।"

अनादरपूर्वक दान देना अथवा दूसरे दाताओंके गुणोंको सहन नहीं करना मात्सर्य है।

आहारके समयको उल्लंघन कर अकालमें दान देना अथवा क्षुधित मुनिका अवसर टाल देना कालातिक्रम है।

सल्लेखनाके अतिचार—

जीवितमरणाशंसामित्रानुरागसुखानुबन्धनिदानानि ॥ ३७ ॥

जीविताशंसा, मरणाशंसा, मित्रानुराग, सुखानुबन्ध और निदान ये सल्लेखना व्रतके पाँच अतिचार हैं।

सल्लेखना धारण करने पर भी जीवित रहनेकी इच्छा करना जीविताशंसा है। रोगसे पीड़ित होनेपर बिना संक्लेशके मरनेकी इच्छा करना मरणाशंसा है। पूर्वमें मित्रोंके साथ अनुभूत क्रीड़ा आदिका स्मरण करना मित्रानुराग है। पूर्वकालमें भोगे हुए भोगोंका स्मरण करना सुखानुबन्ध है। मरनेके बाद परलोकमें विषयभोगोंकी आकांक्षा करना निदान है।

दानका स्वरूप—

अनुग्रहार्थं स्वस्यातिसर्गो दानम् ॥ ३८ ॥

अपने और परके उपकारके लिये धन आदिका त्याग करना दान है। दान देनेसे दाताको विशेष पुण्यबन्ध होता है और अतिथिके सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र आदिकी वृद्धि होती है। यही स्व और परका उपकार है।

प्रश्न—आहार आदि देनेसे सम्यग्दर्शन आदिकी वृद्धि कैसे होती है ?

सरस आहार देनेसे मुनिके शरीरमें शक्ति, आरोग्यता आदि होती है। और इससे मुनि ज्ञानाभ्यास उपवास तीर्थयात्रा धर्मोपदेश आदिमें सुखपूर्वक प्रवृत्ति करते हैं। इसी प्रकार पुस्तक पीछी आदिके देनेसे भी परोपकार होता है। विज्ञानी योग्य दाता योग्य पात्रके लिये योग्य वस्तुका दान दे। कहा भी है कि—

"धर्म,स्वामि सेवा और पुत्रोत्पत्तिमें स्वयं व्यापार करना चाहिए दूसरोंके द्वारा नहीं।"

जो अन्न विवर्ण विरस और घुना हुआ हो, स्वरूपचलित हो, झिरा हुआ हो, रोगोत्पादक हो, जूँठा हो, नीच जनोंके लायक हो, अन्यके उद्देश्यसे बनाया गया हो, निन्द्य हो, दुर्जनोंके द्वारा छुआ गया हो, देवभक्ष्य आदिके लिए संकल्पित हो, दूसरे गांवसे लाया गया हो, मन्त्रसे लाया गया हो, किसीके उपहारके लिए रखा हो, बाजारू बनी हुई मिठाई आदिके रूपमें हो, प्रकृतिविरुद्ध हो, ऋतुविरुद्ध हो, दही घी दूध आदिसे बना हुआ होनेपर बासा हो गया हो, जिसके गन्ध रसादि चलित हो, और भी इसी प्रकारका भ्रष्ट अन्न पात्रोंको नहीं देना चाहिए।

दानके फलमें विशेषता—

विधिद्रव्यदातृपात्रविशेषात्तद्विशेषः ॥ ३९ ॥

विधिविशेष, द्रव्यविशेष, दातृविशेष और पात्रविशेषसे दानके फलमें विशेपता होती है।

सुपात्रके लिये खड़े होकर पगगाहना, उच्च आसन देना, चरण धोना, पूजन करना, नमस्कार करना, मनःशुद्धि, वचनशुद्धि, कायशुद्धि और भोजनशुद्धि ये नव विधि हैं। विधिमें आदर और अनादर करना विधिविशेष है। आदरसे पुण्य और अनादरसे पाप होता है। मद्य, मांस और मधुरहित शुद्ध चावल गेहूँ आदि द्रव्य कहलाते हैं। पात्रके तप, स्वाध्याय आदिकी वृद्धिमें हेतुभूत द्रव्य पुण्यका कारण होता है। तथा जो द्रव्य तप आदिकी वृद्धिमें कारण नहीं होता वह विशिष्ट पुण्यका भी कारण नहीं होता है। ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य ये दाता होते हैं। पात्रमें असूया न होना, दानमें विपाद न होना तथा दृष्टफलकी अपेक्षा नहीं करना आदि दाताकी विशेपता है। श्रद्धा, तुष्टि, भक्ति, विज्ञान, अलोभता, क्षमा और शक्ति ये दाताके सात गुण हैं। पात्र तीन प्रकारके होते हैं–उत्तम पात्र, मध्यम पात्र और जघन्य पात्र। महाव्रतके धारी मुनि उत्तम पात्र हैं। श्रावक मध्यम पात्र हैं। सम्यग्दर्शन सहित लेकिन व्रतरहित जन जघन्य पात्र हैं। सम्यग्दर्शन आदिकी शुद्धि और अशुद्धि पात्रकी विशेपता है।

योग्य पात्रके लिये विधिपूर्वक दिया हुआ दान वटबीजकी तरह प्राणियोंको अनेक जन्मोंमें फल (सुख) को देता है।

पात्र गत थोड़ा भी दान भूमिमें पड़े हुए वटबीजकी तरह विशाल रूपमें फलता है। जिसके आश्रयसे अनेकोंका उपकार होता है।

सप्तम अध्याय समाप्त

आठवाँ अध्याय

बन्धके कारण--

मिथ्यादर्शनाविरतिप्रमादकषाययोगा बन्धहेतवः ॥ १ ॥

मिथ्यादर्शन, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग ये बन्धके कारण हैं।

तत्त्वार्थोके अश्रद्धान या विपरीत श्रद्धानको मिथ्यादर्शन कहते हैं। इसके दो भेद है-नैसर्गिक (अगृहीत) मिथ्यात्व और परोपदेशपूर्वक (गृहीत) मिथ्यात्व। परोपदेशके विना मिथ्यात्व कर्मके उदयसे जो तत्त्वोंका अश्रद्धान होता है वह नैसर्गिक मिथ्यात्व है। जैसे भरतके पुत्र मरीचिका मिथ्यात्व नैसर्गिक था। गृहीत मिथ्यात्वके चार भेद हैं--क्रियावादी, अक्रियावादी, अज्ञानिक और वैनयिक। अथवा एकान्त, विपरीत, विनय, सशय और अज्ञान ये पॉच भेद भी होते है।

यह ऐसा ही है अन्यथा नहीं, इस प्रकार अनेकधर्मात्मक वस्तुके किसी एक धर्मको ही मानना, सारा संसार ब्रह्मस्वरूप ही है, अथवा सब पदार्थ नित्य ही हैं इस प्रकारके ऐकान्तिक अभिप्राय या हठको एकान्त मिथ्यादर्शन कहते है। सग्रन्थको निर्ग्रन्थ कहना, केवलीको कवलाहारी कहना और स्त्रीको मुक्ति मानना इत्यादि विपरीत कल्पनाको विपरीत मिथ्यात्व कहते हैं। "इसमे सन्देह नही है कि जो समभावपूर्वक आत्माका ध्यान करता है वह अवश्य ही मोक्षको प्राप्त करता है चाहे वह श्वेताम्बर हो या दिगम्बर, बुद्ध हो या अन्य कोई।" इस प्रकारका श्रद्धान विपरीत मिथ्यात्व ही है। सम्यग्दर्शन,ज्ञान और चारित्र मोक्ष-के मार्ग हैं या नहीं इस प्रकार जिनेन्द्रके वचनोंमें सन्देह करना संशय मिथ्यात्व है। सब देवताओं और सब मतोंको समान रूपसे आदरकी दृष्टिसे देखना वैनयिक मिथ्यात्व है। हित और अहितके विचार किये बिना श्रद्धान करनेको अज्ञान मिथ्यात्व कहते है। क्रियावादियोंके १८०, अक्रियावादियोंके ८४, अज्ञानियोंके ६७ और वैनयिकोंके ३२ भेद है। इस प्रकार सब मिथ्यादृष्टियोंके ३६३ भेद हैं।

पॉच प्रकारके स्थावर और त्रस इस प्रकार छह कायके जीवोंकी हिंसाका त्याग न करना और पॉच इन्द्रिय और मनको वशमे नही रखना अविरति है। इस प्रकार अविरतिके वारह भेद है।

पॉच समितियोंमे, तीन गुप्तियोंमे, विनयशुद्धि, कायशुद्धि, वचनशुद्धि, मनः शुद्धि, ईर्यापथशुद्धि, व्युत्सर्गशुद्धि, भैक्ष्यशुद्धि, शयनशुद्धि और आसनशुद्धि इन आठ शुद्धियोंमे, तथा दशलक्षणधर्ममे आदर पूर्वक प्रवृत्ति नही करना प्रमाद है। प्रमादके पन्द्रह भेद है— पॉच इन्द्रिय, चार विकथा, चार कपाय, निद्रा और प्रणय। सोलह कषाय और नव नोकपाय इस प्रकार कषायके पच्चीस भेद है।

चार मनोयोग, चार वचनयोग और सात काययोगके भेदसे योग पन्द्रह प्रकारका है। आहारक और आहारकमिश्र काययोगका सद्भाव छठवे गुणस्थानमे ही रहता है। मिथ्या-दर्शन आदिका वर्णन पहिलेके अध्यायोमे हो चुका है।

मिथ्यादृष्टिके पॉचो ही बन्धके हेतु होते है। सासादन सम्यग्दृष्टि,सम्यग्मिथ्यादृष्टि, और असयत सम्यग्दृष्टिमे मिथ्यात्वके विना चार बन्धके हेतु होते हैं। संयतासंयतके

विरतियुक्त अविरति तथा प्रमाद, कपाय और योग वन्धके हेतु हैं। प्रमत्तसंयतके प्रमाद, कपाय और योग ये तीन बन्धके हेतु हैं। अप्रमत्त, अपूर्वकरण, बादरसाम्पराय और सूक्ष्म-साम्पराय गुणस्थानोंमे कपाय और योग ये दो ही बन्धके कारण है। उपशान्तकपाय, क्षीणकपाय और सयोगकेवली गुणस्थानोंमे केवल योग ही वन्धका हेतु है। अयोग-केवली गुणस्थानमें बन्ध नही होता है।

वन्धका स्वरूप—

सकषायत्वाज्जीवः कर्मणो योग्यान् पुद्गलानादत्ते स बन्धः ॥ २ ॥

कपायसहित होनेके कारण जीव जो कर्मके योग्य (कार्माणवर्गणा रूप) पुद्गल परमाणुओंको ग्रहण करता है वह वन्ध है।

कपायका ग्रहण पहिले सूत्रमे हो चुका है। इस सूत्रमे पुनः कपायका ग्रहण यह सूचित करता है कि तीव्र, मन्द और मध्यम कपायके भेदसे स्थितिवन्ध और अनुभाग वन्ध भी तीव्र,मन्द और मध्यमरूप होता है।

प्रश्न—वन्ध जीवके ही होता है अत सूत्रमे जीव शब्दका ग्रहण व्यर्थ है। अथवा जीव अमूर्तीक है, हाथ पैर रहित है, वह कर्मोंको कैसे ग्रहण करेगा ?

उत्तर—जो जीता हो या प्राण सहित हो वह जीव है इस अर्थको बतलानेके लिये जीव शब्दका ग्रहण किया गया है। तात्पर्य यह है कि आयुप्राणसहित जीव ही कर्मको ग्रहण करता है। आयुसवन्धके बिना जीव अनाहारक हो जाता है अतः विग्रहगतिमे एक, दो या तीन समय तक जीव कर्म (नोकर्म ?) का ग्रहण नहीं करता हैं।

प्रश्न—'कर्मयोग्यान्' इस प्रकारका लघुनिर्देश ही करना चाहिये था 'कर्मणो योग्यान्' इस प्रकार पृथक् विभक्तिनिर्देश क्यों किया ?

उत्तर—'कर्म ो योग्यान्'इस प्रकार पृथक् विभक्तिनिर्देश दो वाक्योंको सूचित करता है। एक वाक्य है—कर्मणो जीवः सकषायो भवति और दूसरा वाक्य है कर्मणो योग्यान्। प्रथम वाक्यका अर्थ है कि जीव कर्मके कारण ही सकपाय होता है। कर्म रहित जीवके कपाय-का सम्बन्ध नही हो सकता। इससे जीव और कर्मका अनादि सम्बन्ध सिद्ध होता है। तथा इस शकाका भी निराकरण हो जाता है कि अमूर्तीक जीव मूर्त कर्मोंको कैसे ग्रहण करता है। यदि जीव और कर्मका सम्बन्ध सादि हो तो सम्बन्धके पहिले जीवको अत्यन्त निर्मल होनेके कारण सिद्धोंकी तरह बन्ध नहीं हो सकेगा। अतः कर्म सहित जीव ही कर्मबन्ध करता है, कर्मरहित नही। दूसरे वाक्यका अर्थ है कि जीव कर्मके योग्य (कार्माणवर्गणारूप) पुद्गलोंको ही ग्रहण करता है अन्य पुद्गलोंका नहीं। पहिले वाक्यमे 'कर्मणो' पञ्चमी विभक्ति है और दूसरे वाक्यमे षष्ठी विभक्ति। यहाँ अर्थके वशसे विभक्तिमे भेद हो जाता है।

सूत्रमे पुद्गल 'शब्दका ग्रहण यह बतलाता है कि कर्मकी पुद्गलके साथ और पुद्गल की कर्मके साथ तन्मयता है। कर्म आत्माका गुण नही है क्योंकि आत्माका गुण संसारका कारण नही हो सकता।

'आदत्ते' यह क्रिया वचन हेतुहेतुमद्भावको बतलाता है। मिथ्यादर्शन आदि बन्धके हेतु हैं और बन्धसहित आत्मा हेतुमान् है। मिथ्यादर्शन आदिके द्वारा सूक्ष्म अनन्तानन्त पुद्गल परमाणुओंका आत्माके प्रदेशोंके साथ जल और दूधकी तरह मिल जाना बन्ध है। केवल सयोग या सम्बन्धका नाम बन्ध नहीं है। जैसे एक वर्तनमें रखे हुए नाना प्रकारके

रस, बीज, पुष्प, फल आदिका मदिरा रूपसे परिणमन हो जाता है उसी प्रकार आत्मामें स्थित पुद्गलोंका भी योग और कपायके कारण कर्मरूपसे परिणमन हो जाता है।

सूत्रमे 'स' शब्दका ग्रहण इस बातको बतलाता है कि बन्ध उक्त प्रकारका ही है अन्य गुण-गुणी आदि रूपसे बन्ध नहीं होता है। जिस स्थानमे जीव रहता है केवल उसी स्थानमे केवलज्ञानादिक नहीं रहते हैं किन्तु दूसरे स्थानमें भी उनका प्रसार होता है। यह नियम नही है कि जितने क्षेत्रमें गुणी रहे उतने ही क्षेत्रमें गुणको भी रहना चाहिये (?)।

बन्धके भेद—

प्रकृतिस्थित्यनुभावप्रदेशास्तद्विधयः ॥ ३ ॥

प्रकृतिबन्ध, स्थितिबन्ध, अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्ध ये बन्धके चार भेद हैं।

प्रकृति स्वभावको कहते हैं। जैसे नीमकी प्रकृति कड़वी और गुडकी प्रकृति मीठी है। कर्मोका ज्ञानावरण, दर्शनावरण आदि स्वभावरूप होना प्रकृतिबन्ध है। अर्थका ज्ञान नहीं होने देना ज्ञानावरणकी प्रकृति है। अर्थका दर्शन नही होने देना दर्शनावरणकी प्रकृति है। सुख और दुःखका अनुभव करना वेदनीयकी प्रकृति है। तत्त्वोंका अश्रद्धान दर्शन-मोहनीयकी प्रकृति है। असंयम चारित्र मोहनीयकी प्रकृति है। भवको धारण कराना आयु कर्मकी प्रकृति है। गति, जाति आदि नामोंको देना नामकर्मकी प्रकृति है। उच्च और नीच कुलमें उत्पन्न करना गोत्रकर्मकी प्रकृति है। दान, लाभ आदिमें विघ्न डालना अन्तराय की प्रकृति है।

आठों कर्मोका अपने अपने स्वभावसे च्युत नहीं होना स्थितिबन्ध है। जैसे अजाक्षीर गोक्षीर आदि अपने माधुर्य स्वभावसे च्युत नही होते हैं उसी प्रकार ज्ञानावरणादि कर्म भी अर्थका अपरिज्ञान आदि स्वभावसे अपने अपने काल पर्यन्त च्युत नहीं होते हैं।

ज्ञानावरणादि प्रकृतियोंकी तीव्र, मन्द और मध्यमरूपसे फल देनेकी शक्ति (रस विशेष) को अनुभागबन्ध कहते है। अर्थात् कर्मपुद्गलोंकी अपनी अपनी फलदान शक्तिको अनुभाग कहते हैं।

कर्म रूपसे परिणत पुद्गल स्कन्धोंके परमाणुओंकी सख्याको प्रदेश कहते हैं। प्रकृति और प्रदेश बन्ध योगके द्वारा और स्थिति तथा अनुभागबन्ध कषायके द्वारा होते हैं।

कहा भी है—"योगसे प्रकृति और प्रदेश बन्ध होते हैं तथा कपायसे स्थिति और अनुभाग बन्ध। अपरिणत—उपशान्त कषाय और क्षीणकपाय आदि गुणस्थानोंमें कपायोंका सद्भाव न रहने से बंध नही होता अर्थात् इनमें स्थिति और अनुभाग बंध नहीं होते।

प्रकृतिबन्धके भेद—

आद्यो ज्ञानदर्शनावरणवेदनीयमोहनीयायुर्नामगोत्रान्तरायाः ॥ ४ ॥

प्रकृतिबन्धके ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अन्तराय ये आठ भेद हैं।

आयु शब्द कहीं उकारान्त भी देखा जाता है। जैसे "वितरतु दीर्घमायु कुरुतादगुरुता-मवतादहर्निशम्" इस वाक्यमे। जिस प्रकार एक वार किया हुआ भोजन रस, रुधिर, मांस आदि अनेक रूपसे परिणत हो जाता है उसी प्रकार एक साथ बन्धको प्राप्त हुए कर्म परमाणु भी ज्ञानावरणादि अनेक भेद रूप हो जाते है। सामान्यसे कर्म एक ही है। पुण्य और पाप की अपेक्षा कर्मके दो भेद हैं। प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशके भेदसे कर्मके चार

भेद हैं। ज्ञानावरण आदिके भेदसे कर्मके आठ भेद हैं। इस प्रकार कर्मके संख्यात, असंख्यात और अनन्त भी भेद होते हैं।

प्रकृतिबन्धके उत्तर भेद—

पञ्चनवद्व्यष्टाविंशतिचतुर्द्विचत्वारिंशद्द्विपञ्चभेदा यथाक्रमम् ॥ ५ ॥

उक्त ज्ञानावरणादि आठ कर्मोंके क्रमसे पाँच, नौ, दो, अट्ठाईस, चार, व्यालीस, दो और पाँच भेद हैं।

यद्यपि इस सूत्रमें यह नहीं कहा गया है कि प्रकृतिबन्धके ये उत्तर भेद हैं, लेकिन पूर्वमें 'आद्य' शब्दके होनेसे यह स्वतः सिद्ध हो जाता है कि ये प्रकृतिबन्धके ही उत्तर भेद हैं।

ज्ञानावरणके भेद—

मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलानाम् ॥ ६ ॥

मतिज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण, अवधिज्ञानावरण, मनःपर्ययज्ञानावरण और केवलज्ञानावरण ये ज्ञानावरणके पाँच भेद हैं।

प्रश्न—अभव्यजीवोंमें मनःपर्ययज्ञानशक्ति और केवलज्ञानशक्ति है या नहीं? यदि है तो वे जीव अभव्य नहीं कहलायंगे और यदि शक्ति नहीं है तो उन जीवोंमें मनःपर्ययज्ञानावरण और केवलज्ञानावरणका सद्भाव मानना व्यर्थ ही है।

उत्तर—नयकी दृष्टिसे उक्त मतमें कोई दोष नहीं आता। द्रव्यार्थिक नयकी दृष्टिसे अभव्यजीवोंमें मनःपर्ययज्ञानशक्ति और केवलज्ञानशक्ति है और पर्यायार्थिकनयकी दृष्टिसे उक्त दोनों शक्तियाँ नहीं हैं।

प्रश्न—यदि अभव्यजीवोंमें भी मनःपर्ययज्ञानशक्ति और केवलज्ञानशक्ति पाई जाती है तो भव्य और अभव्यका विकल्प ही नहीं रहेगा।

उत्तर—शक्तिके सद्भाव और असद्भावकी अपेक्षा भव्य और अभव्य भेद नहीं होते हैं किन्तु शक्तिकी व्यक्ति (प्रकट होना) की अपेक्षा उक्त भेद होते हैं।

सम्यग्दर्शन आदिके द्वारा जिस जीवकी शक्तिकी व्यक्ति हो सकती है वह भव्य है और जिसकी शक्तिकी व्यक्ति नहीं हो सकती वह अभव्य है। जैसे एक कनकपाषाण होता है जिससे स्वर्ण निकलता है और एक अन्धपाषाण होता है जिससे सोना नहीं निकलता (यद्यपि उसमें शक्ति रहती है)। यही बात भव्य और अभव्यके विषयमें जाननी चाहिये।

दर्शनावरणके भेद—

चक्षुरचक्षुरवधिकेवलानां निद्रानिद्रानिद्राप्रचलाप्रचलाप्रचलास्त्यानगृद्धयश्च ॥ ७ ॥

चक्षुदर्शनावरण, अचक्षुदर्शनावरण, अवधिदर्शनावरण, केवलदर्शनावरण, निद्रा, निद्रानिद्रा, प्रचला, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धि ये दर्शनावरणके नौ भेद हैं।

जो चक्षु द्वारा होने वाले सामान्य अवलोकनको न होने दे वह चक्षुःदर्शनावरण है। जो चक्षुको छोड़कर अन्य इद्रियोंसे होनेवाले सामान्य अवलोकनको न होने दे वह अचक्षुःदर्शनावरण है। जो अवधिज्ञानसे पहिले होनेवाले सामान्य अवलोकनको न होने दे वह अवधिदर्शनावरण और जो केवलज्ञानके साथ होनेवाले सामान्य दर्शनको रोके वह केवलदर्शना-

वरण है। मद, खेद, परिश्रम आदिको दूर करनेके लिये सोना निद्रा है। निद्राका बार बार लगातार आना निद्रानिद्रा है। निद्रावाला पुरुष जल्दी जग जाता है। निद्रा-निद्रावाला पुरुष बहुत मुश्किलसे जगता है। जो शरीरको चलायमान करे वह प्रचला है। प्रचला शोक, श्रम, खेद आदिसे उत्पन्न होती है और नेत्रविकार, शरीर विकार आदिके द्वारा सूचित होती है। प्रचलावाला पुरुष बैठे बैठे भी सोने लगता है। प्रचलाका पुनः पुनः होना प्रचलाप्रचला है। जिसके उदयसे सोनेकी अवस्थामे विशेष बलकी उत्पत्ति हो जावे वह स्त्यानगृद्धि है। स्त्यानगृद्धिवाला पुरुष दिनमे करने योग्य अनेक रौद्र कार्योको रात्रिमें कर डालता है और जागने पर उसको यह भी मालूम नही होता कि उसने रात्रिमे क्या किया।

गोम्मटसार कर्मकाण्ड मे निद्रा आदि के लक्षण निम्न प्रकार बतलाए हैं—

स्त्यानगृद्धिके उदयसे सोता हुआ जीव उठ बैठता है, काम करने लगता है और बोलने भी लगता है। निद्रानिद्राके उदयसे जीव आँखोंको खोलनेमे भी असमर्थ हो जाता है। प्रचलाप्रचलाके उदयसे सोते हुये जीवकी लार बहने लगती है और हाथ पैर आदि चलने लगते हैं। प्रचलाके उदयसे जीव कुछ कुछ सो जाता है, सोता हुआ भी कुछ जागता रहता और बार बार मन्द शयन करता है। और निद्राके उदयसे जीव चलते चलते रुक जाता है, बैठ जाता है। गिर पड़ता है और सो जाता है।

वेदनीयके भेद—

सदसद्वेद्ये ॥ ८ ॥

साता वेदनीय और असाता वेदनीय ये वेदनीयके दो भेद हैं। जिसके उदयसे देव, मनुष्य और तिर्यग्गतिमे शारीरिक और मानसिक सुखोंका अनुभव हो उसको साता वेदनीय कहते हैं। और जिसके उदयसे नरकादि गतियोंमे शारीरिक, मानसिक आदि नाना प्रकारके दुःखोंका अनुभव हो उसको असातावेदनीय कहते है।

मोहनीयके भेद—

दर्शनचारित्रमोहनीयाकषायकषायवेदनीयाख्यास्त्रिद्विनवषोडशभेदाः सम्यक्त्वमिथ्यात्वत-दुभयान्यकषायकषायौ हास्यरत्यरतिशोकभयजुगुप्सास्त्रीपुंनपुंसकवेदा अनन्तानुबन्ध्य-प्रत्याख्यानप्रत्याख्यानसंज्वलनविकल्पाश्चैकशः क्रोधमानमायालोभाः ॥ ९ ॥

मोहनीय कर्मके मुख्य दो भेद है—दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीय। दर्शन मोहनीयके तीन भेद हैं—१ सम्यक्त्व, २ मिथ्यात्व और ३ सम्यग्मिथ्यात्व। चारित्र मोहनीयके दो भेद है—कषायवेदनीय और अकषायवेदनीय। कषाय वेदनीयके सोलह भेद है—अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभ। अप्रत्याख्यान क्रोध, मान, माया और लोभ। प्रत्याख्यान क्रोध, मान, माया और लोभ। सञ्ज्वलन क्रोध, मान, माया और लोभ। अकषाय वेदनीयके नव भेद है—हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्रीवेद, पुंवेद और नपुसक वेद।

यद्यपि बन्धकी अपेक्षा दर्शनमोहनीय एक भेदरूप ही है लेकिन सत्ताकी अपेक्षा उसके तीन भेद हो जाते हैं। शुभपरिणामोंके द्वारा मिथ्यात्वकी फलदानशक्ति रोक दी जाने

पर मिथ्यात्व आत्मामें उदासीनरूपसे अवस्थित रहता है और आत्माके श्रद्धान परिणाममे बाधा नही डाल सकता। लेकिन इसके उदयसे श्रद्धानमे चल आदि दोष उत्पन्न होते है। दर्शनमोहनीयकी इस अवस्थाका नाम सम्यक्त्व दर्शनमोहनीय है। जिसके उदयसे जीव सर्वज्ञ द्वारा प्रतिपादित मोक्षमार्गसे पराङ्मुख होकर तत्त्वोंका श्रद्धान न करे तथा हित और अहितका भी ज्ञान जिसके कारण न हो सके वह मिथ्यात्व है। मिथ्यात्व और सम्यक्त्व दोनोकी मिली हुई अवस्थाका नाम सम्यग्मिथ्यात्व। इस प्रकृतिके उदयसे आत्मामें मिश्ररूप परिणाम होते है। जिस प्रकार कोदो (एक प्रकारका अन्न) को धो डालनेसे उसकी कुछ मदशक्ति नष्ट हो जाती है और कुछ मदशक्ति बनी ही रहती है उसी प्रकार शुभपरिणामोंसे मिथ्यात्वकी कुछ फलदानशक्तिके नष्ट होजानेसे वही मिथ्यात्व सम्यग्मिथ्यात्वरूप हो जाता है।

जिसके उदयसे हँसी आवे वह हास्य है। जिसके उदयसे किसी ग्राम आदिमे रहने वाला जीव परदेश आदिमे जानेकी इच्छा नही करता है वह रति है। रतिके विपरीत इच्छा होना अरति है। जिसके उदयसे शोक या चिन्ता हो वह शोक है। जिसके उदयसे त्रास या भय उत्पन्न हो वह भय है। जिसके उदयसे जीव अपने दोषोंको छिपाता है और दूसरोंके दोषोंको प्रगट करता है वह जुगुप्सा है। जिसके उदयसे स्त्रीरूप परिणाम हो वह स्त्रीवेद है। जिसके उदयसे पुरुषरूप परिणाम हो वह पुंवेद और जिसके उदयसे नपुसक रूप भाव हों वह नपुंसकवेद है।

अन्य ग्रन्थोंमे वेदोंका लक्षण इस प्रकार बतलाया है—योनि, कोमलता, भयशील होना, मुग्धपना, पुरुषार्थशून्यता, स्तन और पुरुषभोगेच्छा ये सात भाव स्त्रीवेदके सूचक है। लिङ्ग, कठोरता, स्तब्धता, शौण्डीरता, दाढ़ी-मूंछ, जबर्दस्तपना और स्त्रीभोगेच्छा ये सात पुवेदके सूचक हैं। ऊपर जो स्त्रीवेद और पुरुषवेदके सूचक १४ चिह्न बताए हैं वे ही मिश्रित रूपमे नपुसकवेदके परिचायक होते है।

अनन्त संसारका कारण होनेसे मिथ्यादर्शनको अनन्त कहते है। जो क्रोध, मान माया और लोभ मिथ्यात्वके बंधके कारण होते है वे अनन्तानुबन्धी है। अनन्तानुबन्धी कषायके उदयसे जीव सम्यग्दर्शनको प्राप्त नही कर सकता। जिसके उदयसे जीव सयम अर्थात् श्रावकके व्रतोंको पालन करनेमे असमर्थ हो वह अप्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया और लोभ है। जिसके उदयसे जीव महाव्रतोंको धारण न कर सके वह प्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया और लोभ है। जो कषाय संयमके साथ भी रहती है लेकिन जिसके उदयसे आत्मामे यथाख्यातचारित्र नही हो सकता वह सज्वलन क्रोध,मान,माया और लोभ है।

सोलह कषायोंके स्वभावके दृष्टान्त इस प्रकार हैं। क्रोध चार प्रकारका होता है—१ पत्थरकी रेखाके समान, २ पृथिवीकी रेखाके समान, ३ धूलिरेखाके समान, और ४ जलरेखाके समान। उक्त क्रोध क्रमसे नरक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देवगतिके कारण होते है। मान चार प्रकारका होता है—१ पत्थरके समान, २ हड्डीके समान ३ काठके समान और ४ बेतके समान। चार प्रकारका मान भी क्रम से नरकादि गतियोंका कारण होता है। माया भी चार प्रकारकी होती है—१ बाँसकी जड़के समान, २ मेढ़के सीग के समान, ३ गोमूत्रके समान और ४ खुरपाके समान। चार प्रकारकी माया क्रमसे नरकादि गतियोंका कारण होती है। लोभ भी चार प्रकारका होता है—१ किरमिचके रंगके समान, २ रथके मल अर्थात् ओंगतके समान, ३ शरीरके मलके समान और ४ हल्दीके रगके समान। चार प्रकारका लोभ भी क्रमसे नरकादि गतियोंका कारण होता है।

आयुकर्मके भेद—

नारकतैर्यग्योनमानुषदैवानि ॥ १० ॥

नरकायु, तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु और देवायु ये आयुकर्मके चार भेद हैं।

जिसके उदयसे जीव नरकके दुःखोंको भोगता हुआ दीर्घ काल तक जीवित रहता है वह नरकायु है। इसी प्रकार जिसके उदयसे जीव तिर्यञ्च मनुष्य देव गतियोंमें जीवित रहता है उसको तिर्यञ्च मनुष्य देव आयुकर्म समझना चाहिये।

नामकर्मके भेद—

गतिजातिशरीराङ्गोपाङ्गनिर्माणबन्धनसंघातसंस्थानसंहननस्पर्शरसगन्धवर्णानुपूर्व्यागुरुलघूपघातपरघातातपोद्योतोच्छ्वासविहायोगतयः प्रत्येकशरीरत्रससुभगसुस्वरशुभसूक्ष्मपर्याप्तिस्थिरादेययशःकीर्तिसेतराणि तीर्थकरत्वञ्च ॥ ११ ॥

गति, जाति, शरीर, अङ्गोपाङ्ग, निर्माण, बन्धन, संघात, संस्थान, संहनन, स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण, आनुपूर्व्य, अगुरुलघु, उपघात, परघात, आतप, उद्योत, उच्छ्वास, विहायोगति, प्रत्येकशरीर, साधारण, त्रस, स्थावर, सुभग, दुर्भग, सुस्वर, दुःस्वर, शुभ, अशुभ, सूक्ष्म, स्थूल, पर्याप्ति, अपर्याप्ति, स्थिर, अस्थिर, आदेय, अनादेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति और तीर्थकर प्रकृति ये नामकर्मके ब्यालीस भेद हैं।

जिसके उदयसे जीव दूसरे भवको प्राप्त करता है उसको गति नामकर्म कहते हैं। गतिके चार भेद हैं—१ नरकगति, २ तिर्यञ्चगति, ३ मनुष्यगति और ४ देवगति। जिसके उदयसे जीवमें नरकभाव अर्थात् नारक शरीर उत्पन्न हो, वह नरक गति है। इसी प्रकार तिर्यञ्च आदि गतियोंका स्वरूप समझ लेना चाहिये।

जिसके उदयसे नरकादि गतियोंमे जीवोंमे समानता पाई जाय वह जाति नामकर्म है। जातिके पाँच भेद है—१ एकेन्द्रियजाति, २ द्वीन्द्रिय जाति, ३ त्रीन्द्रियजाति, ४ चतुरिन्द्रियजाति और ५ पञ्चेन्द्रियजाति। जिसके उदयसे जीव एकेन्द्रिय कहा जाता है वह एकेन्द्रियजाति है। इसी प्रकार अन्य जातियोंका स्वरूप समझ लेना चाहिये।

जिसके उदयसे जीवके शरीरकी रचना हो वह शरीर नामकर्म है। इसके पाँच भेद है—१ औदारिक, २ वैक्रियिक, ३ आहारक, ४ तेजस और ५ कार्मण शरीर।

जिसके उदयसे अङ्ग और उपाङ्गोंकी रचना हो उसको अङ्गोपाङ्ग नामकर्म कहते हैं। इसके तीन भेद है—औदारिक शरीराङ्गोपाङ्ग, २ वैक्रियिकशरीराङ्गोपाङ्ग और ३ आहारक शरीराङ्गोपाङ्ग। तैजस और कार्मण शरीरके अङ्गोपाङ्ग नही होते अतः अङ्गोपाङ्ग नामकर्मके तीन ही भेद हैं। दो हाथ, दो पैर, मस्तक, वक्षस्थल, पीठ और नितम्ब ये आठ अङ्ग है तथा ललाट, कान, नाक, नेत्र आदि उपाङ्ग है।

जिसके उदयसे अङ्गोपाङ्गोंकी यथास्थान और यथाप्रमाण रचना होती है उसको निर्माण नामकर्म कहते है। इसके दो भेद हैं—स्थान निर्माण और प्रमाण निर्माण। जिसके उदयसे नाक, कान आदिकी रचना निश्चित स्थान में ही होती है वह स्थान निर्माण है। और जिसके उदयसे नाक, कान आदिकी रचना निश्चित संख्याके अनुसार होती है वह प्रमाण निर्माण है।

शरीर नाम कर्मके उदयसे ग्रहण किये गये पुद्गलस्कन्धोंका परस्परमे सम्बन्ध जिस के उदयसे होता है वह बन्धन नाम कर्म है। इसके पॉच भेद हैं--१ औदारिकशरीरबन्धन-नाम, २ वैक्रियिकशरीरबन्धननाम, ३ आहारकशरीरबन्धननाम, ४ तैजसशरीरबन्धननाम और ५ कार्मणशरीरबन्धननाम।

जिसके उदयसे शरीरके प्रदेशोंका ऐसा बन्धन हो कि उसमे एक भी छिद्र न रहे और वे प्रदेश एकरूप हो जॉय उसको संघात नामकर्म कहते है। इसके पॉच भेद है--१ औदारिकशरीरसघातनाम, २ वैक्रियिकशरीरसघातनाम, ३ आहारकशरीरसघातनाम, ४ तैजसशरीरसघातनाम और ५ कार्मणशरीरसंघातनाम।

जिसके उदयसे शरीरके आकारकी रचना होती है वह सस्थान नामकर्म है। इसके छह भेद हैं—१ समचतुरस्रसंस्थान, २ न्यग्रोधपरिमण्डलसंस्थान, ३ स्वातिसंस्थान, ४ कुब्जक संस्थान, ५ वामनसस्थान और ६ हुंडकसंस्थान। जिसके उदयसे शरीरकी रचना ऊपर, नीचे और मध्यमे समान रूपसे हो अर्थात् मध्यसे ऊपर और नीचेके भाग बराबर हों, छोटे या बड़े न हों वह समचतुरस्रसंस्थान है। जिसके उदयसे नाभिसे ऊपर मोटा और नीचे पतला शरीर हो वह न्यग्रोधपरिमडलसस्थान है। जिसके उदयसे नाभिसे ऊपर पतला और नीचे मोटा शरीर हो वह स्वातिसस्थान है। इसका दूसरा नाम वल्मीक सस्थान है। जिसके उदयसे पीठमे पुद्गल स्कन्धोंका समूह (कूबड़) हो जाय वह कुब्जकसस्थान है। जिसके उदयसे बौना (छोटा) शरीर हो वह वामनसंस्थान है। जिसके उदयसे शरीरके अंगोपाङ्गोंकी रचना ठीक रूपसे न हो वह हुण्डकसस्थान है।

जिसके उदयसे हड्डियोंमे बन्धनविशेष होता है उसको सहनन कहते हैं। संहननके छह भेद है–वज्रवृषभनाराचसंहनन, २ वज्रनाराचसहनन, ३ नाराचसहनन, ४ अर्द्धनाराचसहनन, ५ कीलकसंहनन और ६ असम्प्राप्तासृपाटिकासहनन। जिसके उदयसे वज्रकी हड्डियां हो तथा वे सनाराच (हड्डियोंके दोनों छोर आपसमे आँकड़ेकी तरह फॅसे हों) और वृषभ अर्थात् वलयसे जकड़ी हों वह वज्रवृषभनाराचसहनन है। जिसके उदयसे वज्रकी हड्डियॉ आपसमे आँकड़ेकी तरह फॅसी तो हों पर उनपर वलय न हो। उसे वज्रनाराचसहनन कहते हैं। जिसके उदयसे साधारण हड्डियॉ दोनों ओरसे एक दूसरेमे फसी हों उसको नाराचसहनन कहते है। जिसके उदयसे हड्डियां एक ओरसे दूसरी हड्डीमे फसी हों पर एक ओर साधारण हो उसको अर्धनाराचसहनन कहते हैं। जिसके उदयसे हड्डियां परस्पर फंसी तो न हों पर परस्पर कीलित हों वह कीलकसहनन है। जिसके उदयसे हड्डियॉ परस्परमे कोलित न होकर पृथक् पृथक् नसोंसे लिपटी हो उसको असंप्राप्तासृपाटिकासहनन कहते है।

असंप्राप्तासृपाटिकासंहननका धारी जीव आठवे स्वर्ग तक जा सकता है। कीलक और अर्द्धनाराचसहननका धारी जीव सोलहवें स्वर्ग तक जाता है। नाराचसहननका धारी जीव नवग्रैवेयक तक जाता है। वज्रनाराचसंहननका धारी जीव अनुदिश तक जाता है। और वज्रवृषभनाराचसहननवाला जीव पाच अनुत्तर विमान और मोक्षको प्राप्त करता है।

वज्रवृषभनाराचसहननवाला जीव सातवे नरक तक जाता है। वज्रनाराच, नाराच और अर्द्धनाराचसहननवाले जीव छठवें नरक तक जाते हैं। कीलक सहननवाले जीव पॉचवे नरक तक जाते है। असम्प्राप्तासृपाटिकासंहननवाला सज्ञी जीव तीसरे नरक तक जाता है।

एक इन्द्रिय (?) से चतुरिन्द्रिय पर्यन्त जीवोंके केवल असंप्राप्तासृपाटिका-संहनन होता है । असंख्यातवर्षकी आयुवालोंके ही वज्रवृषभनाराच संहनन होता है। चौथे कालमे छहों संहनन होते है । पाँचवे कालमे अन्तके तीन संहनन होते हैं । छठवे कालमे केवल असंप्राप्तासृपाटिका संहनन होता है। विदेह क्षेत्रमे, विद्याधरोंके स्थानोंमें और म्लेच्छखंडोंमें मनुष्यों और तिर्यञ्चोंके छहों संहनन होते है। नगेन्द्र पर्वतसे बाहर तिर्यञ्चोंके छहों संहनन होते हैं। कर्मभूमिमें उत्पन्न होने वाली स्त्रियोंके आदिके तीन संहनन नही होते हैं, केवल अन्तके तीन संहनन होते हैं।

आदिके सात गुणस्थानोंमें छहों संहनन होते है। उपशमश्रेणीके चार गुणस्थानों (आठवेंसे ग्यारहवें तक) मे आदिके तीन संहनन होते हैं। क्षपक श्रेणीके चार गुणस्थानों (८, ९, १० और १२) मे और सयोगकेवली गुणस्थानमे आदिका एक ही संहनन होता है।

जिसके उदयसे स्पर्श उत्पन्न हो वह स्पर्श नामकर्म है। स्पर्शके आठ भेद है—कोमल, कठोर, गुरु, लघु, शीत, उष्ण, स्निग्ध और रूक्ष।

जिसके उदयसे रस उत्पन्न हो वह रस नामकर्म है। रसके पाँच भेद हैं—तिक्त, कटु, कषाय, आम्ल और मधुर।

जिसके उदयसे गन्ध हो वह गन्ध नामकर्म है। गन्धके दो हैं—सुगन्ध और दुर्गन्ध।

जिसके उदयसे वर्ण हो वह वर्ण नामकर्म है। वर्णके पाँच भेद हैं—शुक्ल, कृष्ण, नील, रक्त और पीत।

जिसके उदयसे विग्रहगतिमें पूर्व शरीरके आकारका नाश नही होता है उसको आनुपूर्व्य नामकर्म कहते हैं। इसके चार भेद हैं—नरकगत्यानुपूर्व्य, तिर्यग्गत्यानुपूर्व्य, मनुष्यगत्यानुपूर्व्य और देवगत्यानुपूर्व्य। कोई मनुष्य मरकर नरकमे उत्पन्न होनेवाला है लेकिन जब तक वह नरकमें उत्पन्न नही हो जाता तब तक आत्माके प्रदेश पूर्व शरीरके आकार ही रहते हैं इसका नाम नरकगत्यानुपूर्व्य है। इसी प्रकार अन्य आनुपूर्व्योंके लक्षण जानना चाहिये।

जिसके उदयसे जीवका शरीर न तो लोहेके गोलेकी तरह भारी होता है और न रुईके समान हलका ही होता है वह अगुरुलघु नाम है। जिसके उदयसे जीव स्वयं ही गलेमें पाश बाँधकर, वृक्ष आदि पर टंगकर मर जाता है वह उपघात नाम है। शस्त्रघात, विषभक्षण, अग्निपात, जलनिमज्जन आदिके द्वारा आत्मघात करना भी उपघात है। जिसके उदयसे दूसरोंके शस्त्र आदिसे जीवका घात होता है वह परघात नाम है। जिसके उदयसे शरीरमे आताप हो वह आतप नाम है। जिसके उदयसे शरीरमे उद्योत हो वह उद्योत नाम है जैसे चन्द्रमा, जुगनू आदिका शरीर। जिसके उदयसे उच्छ्वास हो वह उच्छ्वास नाम है। जिसके उदयसे आकाशमें गमन हो वह विहायोगति नाम है। इसके दो भेद हैं—प्रशस्त विहायोगति और अप्रशस्तविहायोगति। गज, वृषभ, हंस आदिके गमन की तरह सुन्दर गतिको प्रशस्त विहायोगति और ऊँट, गधा, सर्प आदिके समान कुटिल गतिको अप्रशस्त विहायोगति कहते है। जिसके उदयसे एक शरीरका स्वामी एक ही जीव हो वह प्रत्येक शरीर नाम है। जिसके उदयसे एक शरीरके स्वामी अनेक जीव हों वह साधारण शरीर नाम है।

वनस्पति कायके दो भेद हैं—साधारण और प्रत्येक। जिन जीवोंका आहार और श्वासोच्छ्वास एक साथ हों उनको साधारण कहते हैं। प्रत्येक वनस्पतिके भी दो भेद है—

सप्रतिष्ठित प्रत्येक और अप्रतिष्ठित प्रत्येक। जिस शरीरका मुख्य स्वामी एक ही जीव हो लेकिन उसके आश्रित अनेक साधारण जीव रहते हों वह सप्रतिष्ठित प्रत्येक है। और जिस शरीरके आश्रित अनेक जीव न हों वह अप्रतिष्ठित प्रत्येक है। गाम्मटसार जीवकाण्डमे सप्रतिष्ठित प्रत्येक और अप्रतिष्ठित प्रत्येकको पहिचान इस प्रकार बतलाई है। जिनकी शिरा और सन्धिपर्व (गांठ) अप्रकट हों, जिनका भंग करने पर समान भंग हो जॉय, और दोनों टुकड़ोंमे परस्परमें तन्तु (रेसा) न लगा रहे तथा जो तोड़ने पर भी वढ़ने लगे और जिनके मूल, कन्द, छिलका, कोंपल, टहनी, पत्ता, फूल, फल और वीजोंको तोड़ने पर समान भंग हो उनको सप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पति कहते हैं। इसके अतिरिक्त वनस्पतियोंको अप्रति ष्ठित प्रत्येक कहते हैं।

जिसके उदयसे दो इन्द्रिय आदि जीवोंमें जन्म हो उसको त्रस नाम कहते हैं। जिसके उदयसे पृथिवीकाय आदि एकेन्द्रिय जीवोंमें जन्म हो उसको स्थावर नाम कहते हैं। जिसके उदयसे किसी जीवको देखने या सुननेपर उसके विपयमे प्रीति हो वह सुभगनाम है। जिसके उदयसे रूप और लावण्यसे सहित होनेपर भी जीव दूसरोंको अच्छा न लगे वह दुर्भगनाम है। जिसके उदयसे मनोहर स्वर हो वह सुस्वर नाम है। जिसके उदयसे गधे आदिके स्वरकी तरह कर्कश स्वर हो वह दुर्भगनाम है। जिसके उदयसे शरीर सुन्दर होता है वह शुभनाम है। जिसके उदयसे शरीर असुन्दर होता है वह अशुभ नाम है। जिसके उदयसे सूक्ष्म शरीर होता है वह सूक्ष्म नाम है। जिसके उदयसे स्थूल शरीर होता है वह बादर नाम है। जिसके उदयसे आहार आदि पर्याप्तियोंकी पूर्णता हो उसको पर्याप्ति नाम कहते हैं। जिसके उदयसे पर्याप्ति पूर्ण हुए विना ही जीव मर जाता है वह अपर्याप्ति नाम है। जिसके उदयसे शरीरकी धातु और उपधातु स्थिर रहें वह स्थिर नाम है। जिसके उदयसे धातु और उपधातु स्थिर न रहे वह अस्थिर नाम है। जिसके उदयसे कान्ति सहित शरीर हो वह आदेय नाम है। जिसके उदयसे कान्तिरहित शरीर हो वह अनादेय नाम है। जिसके उदयसे जीवकी संसारमे प्रशसा हो वह यशःकीर्ति नाम है। जिसके उदयसे जीवकी संसारमे निन्दा हो वह अयशःकीर्ति नाम है और जिसके उदयसे जीव अर्हन्त अवस्थाको प्राप्त करता है वह तीर्थकर नाम है।

इस प्रकार नामकर्मके मूल भेद व्यालीस और उत्तर भेद तेरानवे होते हैं।

गोत्रकर्मके भेद—

उच्चैर्नीचैश्च ॥ १२ ॥

गोत्र कर्मके दो भेद हैं—उच्चगोत्र और नीचगोत्र। जिसके उदयसे लोकमान्य इक्ष्वाकुवंश, सूर्यवंश, हरिवंश आदि कुलमे जन्म हो उसको उच्चगोत्र कहते हैं। जिसके उदयसे लोकनिन्द्य दरिद्र, भ्रष्ट आदि कुलमे जन्म हो उसको नीचगोत्र कहते हैं।

अन्तरायके भेद—

दानलाभभोगोपभोगवीर्याणाम् ॥ १३ ॥

दानान्तराय, लाभान्तराय, भोगान्तराय, उपभोगान्तराय और वीर्यान्तराय ये अन्तरायके पाँच भेद हैं।

जिसके उदयसे दानकी इच्छा होनेपर भी जीव दान न दे सके वह दानान्तराय है। जिसके उदयसे लाभ न हो सके वह लाभान्तराय है। जिसके उदयसे इच्छा होने पर भी

जीव भोग और उपभोग न कर सके वह भोगान्तराय और उपभोगान्तराय है। और जिसके उदयसे जीव उद्यम या उत्साह न कर सके उसको वीर्यान्तराय कहते हैं।

स्थितिबन्धका वर्णन—

आदितस्तिसृणामन्तरायस्य च त्रिंशत्सागरोपमकोटीकोट्यः परा स्थितिः ॥ १४ ॥

ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय और अन्तराय कर्मकी उत्कृष्ट स्थिति तीस कोड़ाकोड़ी सागर है। यह स्थिति संज्ञी, पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तक मिथ्यादृष्टि जीवकी है। एकेन्द्रिय पर्याप्तक जीवके उक्त कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थिति $\frac{3}{7}$ सागर है।

दो इन्द्रियकी स्थिति पच्चीस सागरके सात भागोंमें से तीन भाग, तीन इन्द्रियकी स्थिति पचास सागरके सात भागोंमें से तीन भाग और चार इन्द्रियकी उत्कृष्ट स्थिति सौ सागरके सात भागोंमे से तीन भाग है। असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकके उक्त कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थिति एक हजार सागरके सात भागोंमे से तीन भाग है। असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्तक जीवके ज्ञानावरणादि चार कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थिति तीस अन्तः कोड़ाकोड़ी सागर है। अपर्याप्तक एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिद्रिय और असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंके उक्त कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थिति पर्याप्तक जीवोंकी उत्कृष्ट स्थितिमें से पल्यके असंख्यातवे भाग कम है।

मोहनीय कर्मकी उत्कृष्ट स्थिति—

सप्ततिर्मोहनीयस्य ॥ १५ ॥

मोहनीय कर्मकी उत्कृष्ट स्थिति सत्तर कोड़ाकोड़ी सागर है। यह स्थिति संज्ञी पञ्चेन्द्रिय मिथ्यादृष्टि जीवके मोहनीय कर्मकी है।

उक्त स्थिति चारित्र मोहनीयकी है। दशनमोहनीयकी उत्कृष्ट स्थिति चालीस कोड़ाकोड़ी सागर है। पर्याप्तक एक इन्द्रिय, दो इन्द्रिय, तीन इन्द्रिय और चार इन्द्रिय जीवोंके मोहनीय कर्मकी उत्कृष्ट स्थिति क्रमसे एक सागर, पच्चीस सागर, पचास सागर और सौ सागर हैं। पर्याप्तकोंकी उत्कृष्ट स्थितिमेसे पल्यके असंख्यातवे भाग कम एकेन्द्रियसे चतुरिन्द्रिय पर्यन्त अपर्याप्तक जीवोंके मोहनीय कर्मकी उत्कृष्ट स्थिति है। असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तक जीवके मोहनीयकी उत्कृष्ट स्थिति एक हजार सागर है। और असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्तक जीवके मोहनीयकी उत्कृष्ट स्थिति पल्यके असंख्यातवें भाग कम एक हजार सागर है।

यहाँ ज्ञानावरणादि कर्मोंकी स्थितिके समान सागरोंके सात भाग करके तीन भागोंका ग्रहण नहीं किया गया है किन्तु पूरे पूरे सागर प्रमाण स्थिति बतलाई गई है।

नाम और गोत्रकी उत्कृष्ट स्थिति—

विंशतिर्नामगोत्रयोः ॥ १६ ॥

नाम और गोत्रकर्मकी उत्कृष्ट स्थिति बीस कोड़ाकोड़ी सागर है। यह स्थिति संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तक मिथ्यादृष्टि जीवकी है। पर्याप्तक एकेन्द्रिय जीवोंके नाम और गोत्रकी उत्कृष्ट स्थिति एक सागरके सात भागोंमे से दो भाग है। पर्याप्तक दो इन्द्रिय जीवके नाम और गोत्रकी उत्कृष्ट स्थिति पच्चीस सागरके सात भागोंमे से दो भाग है। पर्याप्तक तीन इन्द्रिय जीवके नाम और गोत्रकी उत्कृष्ट स्थिति पचास सागरके सात भागोंमे से दो

भाग है। पर्याप्तक चार इन्द्रिय जीवके नाम और गोत्रकी उत्कृष्ट स्थिति सौ सागरके सात भागोंमें से दो भाग है। असञ्ज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तक जीवके नाम और गोत्रकी उत्कृष्ट स्थिति हजार सागरके सात भागोंमे से दो भाग है। अपर्याप्तक एकेन्द्रियसे असंज्ञी पचेन्द्रिय पर्यन्त जीवोंके नाम और गोत्रकी उत्कृष्ट स्थिति पर्याप्तक जीवोंकी उत्कृष्ट स्थितिमे से पल्यके असख्यातवे भाग कम है।

आयु कर्मकी उत्कृष्ट स्थिति—

त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाण्यायुषः ॥ १७ ॥

आयु कर्मकी उत्कृष्ट स्थिति तेतीस सागर है। यह स्थिति संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तक जीवके आयु कर्मकी है।

असञ्ज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तक जीवके आयु कर्मकी उत्कृष्ट स्थिति पल्यके असंख्यातवें भाग है क्योंकि असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च पल्यके असंख्यातवे भाग प्रमाण देवायु या नरकायुका बन्ध करता है। एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रिय जीव पूर्वकोटी आयुका बन्ध करके विदेह आदिमे उत्पन्न होते हैं।

वेदनीयकी जघन्य स्थिति—

अपरा द्वादशमुहूर्ता वेदनीयस्य ॥ १८ ॥

वेदनीय कर्मकी जघन्य स्थिति बारह मुहूर्त अर्थात् चौबीस घड़ी है। इस स्थिति का बन्ध सूक्ष्मसांपराय गुणस्थानमे होता है।

पहिले ज्ञानावरणकी जघन्य स्थितिको बतलाना चाहिये था लेकिन क्रमका उल्लघन सूत्रोंको सक्षेपमे कहनेके लिये किया गया है।

नाम और गोत्रकी जघन्य स्थिति—

नामगोत्रयोरष्टौ ॥ १९ ॥

नाम और गोत्र कर्मकी जघन्य स्थिति आठ मुहूर्त है। इस स्थितिका बन्ध भी दसवे गुणस्थानमे होता है।

शेष कर्मोंकी जघन्य स्थिति—

शेषाणामन्तर्मुहूर्ता ॥ २० ॥

ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय, अन्तराय और आयु कर्मकी जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त है। ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय कर्मकी जघन्य स्थितिका बन्ध दशमे गुणस्थानमे होता है। मोहनीयकी जघन्य स्थितिका बन्ध नवमे गुणस्थानमे होता है। आयुकर्मकी जघन्य स्थितिका बन्ध संख्यात वर्पकी आयुवाले मनुष्य और तिर्यञ्चोंके होता है।

अनुभव बन्धका स्वरूप—

विपाकोऽनुभवः ॥ २१ ॥

विशेष और नाना प्रकारसे कर्मोंके उदयमे आनेको अनुभव या अनुभाग बन्ध कहते हैं। वि अर्थात् विशेप और विविध, पाक अर्थात् कर्मोंके उदय या फल देनेको

अनुभव करते हैं। आस्रवकी विशेषतासे कारणभूत तीव्र, मन्द और मध्यम भावोंसे कर्मोंके विपाकमें विशेषता होती है। और द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भावके निमित्तसे विपाक नाना प्रकारका होता है। शुभ परिणामोंके प्रकर्ष होनेपर शुभ प्रकृतियोंका अधिक और अशुभ प्रकृतियोंका कम अनुभाग होता है। और अशुभ परिणामोंके प्रकर्ष होनेपर अशुभ प्रकृतियोंका अधिक और शुभ प्रकृतियोंका कम अनुभाग होता है। कर्मोंका अनुभाग दो प्रकारसे होता है—स्वमुख अनुभाग और परमुख अनुभाग। सब मूल प्रकृतियोंका अनुभाग स्वमुख ही होता है जैसे मतिज्ञानावरणका अनुभाग मतिज्ञानावरणरूपसे ही होगा। किन्तु आयुकर्म, दर्शनमोहनीय और चारित्र मोहनीयको छोड़कर अन्य कर्मोंकी सजातीय उत्तर प्रकृतियोंका अनुभाग परमुख भी होता है। जिस समय जीव नरकायुको भोग रहा है उस समय तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु और देवायुको नहीं भोग सकता है। और दर्शन मोहनीयको भोगनेवाला पुरुष चारित्र मोहनीयको नहीं भोग सकता तथा चारित्र मोहनीयको भोगनेवाला दर्शनमोहनीयको नहीं भोग सकता है। अतः इन प्रकृतियोंका स्वमुख अनुभाग ही होता है।

स यथानाम ॥ २२ ॥

यह अनुभागबन्ध कर्मोंके नामके अनुसार होता है। अर्थात् ज्ञानावरणका फल ज्ञानका अभाव, दर्शनावरणका फल दर्शनका अभाव, वेदनीयका फल सुख और दुःख देना, मोहनीयका फल मोहको उत्पन्न करना, आयुका फल भवधारण कराना, नामका फल नाना प्रकारसे शरीर रचना, गोत्रका फल उच्च और नीचपनका अनुभव और अन्तरायका फल विघ्नोंका अनुभव करना है।

ततश्च निर्जरा ॥ २३ ॥

फल दे चुकने पर कर्मोंकी निर्जरा हो जाती है। निर्जरा दो प्रकारसे होती है—सविपाक निर्जरा और अविपाक निर्जरा। अपनी अपनी स्थितिके अनुसार कर्मोंका फल देकर आत्मासे निकल हो जाने को सविपाक निर्जरा कहते हैं। और कर्मोंकी स्थितिके पूर्ण होनेके पहिले ही तप आदिके द्वारा कर्मोंको उदयमें लाकर आत्मासे पृथक् कर देना अविपाक निर्जरा है। जैसे किसी आमके फल अपने आप पककर नीचे गिर जाय तो वह सविपाक निर्जरा है। और उन फलोंको पहिले ही तोड़कर पालमें पकानेके समान अविपाक निर्जरा है।

सूत्रमें आए हुए 'च' शब्दसे [illegible]

[illegible]

नामप्रत्ययाः सर्वतो योगविशेषात्सूक्ष्मैकक्षेत्रावगाहस्थिताः सर्वात्मप्रदेशेष्वनन्तानन्तप्रदेशाः ॥ २४ ॥

[illegible]

कर्मरूपसे परिणत पुद्गल परमाणु ज्ञानावरण, दर्शनावरण आदि प्रकृतियोंके कारण होते हैं अतः 'नामप्रत्ययाः' कहा है। ऐसे पुद्गल परमाणु सख्यात या असंख्यात नहीं होते है किन्तु अभव्योंसे अनन्तगुणे और सिद्धोंके अनन्तवे भाग प्रमाण होते है अतः 'अनन्तानन्ताः' कहा। ये कर्मपरमाणु आत्माके समस्त प्रदेशोंमे व्याप्त रहते है। आत्माके एक एक प्रदेशमें अनन्तानन्त पुद्गल स्कन्ध रहते है अतः 'सर्वात्मप्रदेशेषु' कहा। ऐसे प्रदेशोंका वन्ध सब कालोंमे होता है। सब प्राणियोंके अतीत भव अनन्तानन्त होते है और भविष्यत् भव किसीके संख्यात, किसीके असख्यात और किसीके अनन्त भी होते हैं। इन सब भवोंमे जीव अनन्तानन्त कर्म परमाणुओंका बन्ध करता है अतः 'सर्वतः' कहा। यहाँ सर्व शब्दका अर्थ काल है। इस प्रकारके कर्म परमाणुओंका बन्ध योगकी विशेषताके अनुसार होता है अतः 'योगविशेषात्' पद दिया। ये कर्म परमाणु अत्यन्त सूक्ष्म होते है, आत्माके एक प्रदेशमे अनन्तानन्त कर्म परमाणु स्थिर होकर रहते है अतः 'सूक्ष्मैकक्षेत्रावगाहस्थिताः' पद दिया। एक क्षेत्रका अर्थ आत्माका एक प्रदेश है। ये कर्म परमाणु घनाङ्गुलके असंख्यातवे भाग प्रमाण क्षेत्रमे रहते हैं, एक समय, दो समय, तीन समय आदि संख्यात समय और असख्यात समयकी स्थिति वाले होते हैं। पाँच वर्ण, पाँच रस (लवण रसका मधुर रसमे अन्तर्भाव हो जाता है), दो गन्ध और आठ स्पर्शवाले होते है।

पुण्य प्रकृतियाँ—

सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्राणि पुण्यम् ॥ २५ ॥

साता वेदनीय, शुभ आयु, शुभ नाम और शुभ गोत्र ये पुण्य प्रकृतियाँ हैं। तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु और देवायु ये तीन शुभायु हैं। मनुष्यगति, देवगति, पचेन्द्रियजाति, पाँच शरीर, तीन अङ्गोपाङ्ग, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रवृषभनाराचसहनन, प्रशस्त वर्ण, प्रशस्त रस, प्रशस्त गन्ध, प्रशस्त स्पर्श, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्व्य, देवगतिप्रायोग्यानुपूर्व्य, अगुरुलघु, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, प्रशस्तविहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्ति, प्रत्येक शरीर, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, निर्माण और तीर्थकर प्रकृति ये सैंतीस नाम कर्मकी प्रकृतियाँ शुभ हैं।

पाप प्रकृतियाँ—

अतोऽन्यत् पापम् ॥ २६ ॥

पुण्य प्रकृतियोंसे अतिरिक्त प्रकृतियाँ पाप प्रकृतियाँ हैं।

पाच ज्ञानावरण, नव दर्शनावरण, छब्बीस मोहनीय, पाँच अन्तराय, नरकगति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियसे चतुरिन्द्रिय पर्यन्त चार जाति, प्रथम संस्थानको छोड़कर पाच संस्थान, प्रथम संहननको छोड़कर पाँच सहनन, अप्रशस्त वर्ण, अप्रशस्त गन्ध, अप्रशस्त रस, अप्रशस्त स्पर्श, तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्व्य, नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्व्य, उपघात, अप्रशस्तविहायोगति, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्ति, साधारण शरीर, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और अयशःकीर्ति ये चौंतीस नामकर्मकी प्रकृतियाँ, असातावेदनीय, नरकायु और नीच गोत्र ये पापप्रकृतियां है। पुण्य और पाप दोनों पदार्थ अवधि, मनःपर्यय और केवलज्ञानके द्वारा जाने जाते है।

अष्टम अध्याय समाप्त

नवम अध्याय

संवरका लक्षण—

आस्रवनिरोधः संवरः ॥ १ ॥

आस्रवके निरोधको संवर कहते हैं। आत्मामें जिन कारणोंसे कर्म आते हैं उन कारणोंको दूर कर देनेसे कर्मोंका आगमन बन्द हो जाता है, यही संवर है। संवरके दो भेद हैं—भावसंवर और द्रव्यसंवर। आत्माके जिन परिमाणोंके द्वारा कर्मोंका आस्रव रुक जाता है उनको भावसंवर कहते हैं। और द्रव्य कर्मोंका आस्रव नहीं होना द्रव्यसवर है।

मिथ्यात्व गुणस्थानसे मिथ्यादर्शनके द्वारा जिन सोलह प्रकृतियोंका बन्ध होता है सासादन आदि गुणस्थानोंमें उन प्रकृतियोंका सवर होता है। वे सोलह प्रकृतियां निम्न प्रकार हैं। १ मिथ्यात्व २ नपुंसकवेद, ३ नरकायु ४ नरकगति ५-८ एकेन्द्रियसे चतुरिन्द्रिय पर्यन्त चार जाति ९ हुण्डकसंस्थान १० असंप्राप्तासृपाटिकासंहनन ११ नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्व्य १२ आतप १३ स्थावर १४ सूक्ष्म १५ अपर्याप्तक और १६ साधारण शरीर।

अनन्तानुबन्धी कषायके उदयसे जिन पच्चीस प्रकृतियोंका आस्रव दूसरे गुणस्थान तक होता है तीसरे आदि गुणस्थानोंमे उन प्रकृतियोंका संवर होता है वे पच्चीस प्रकृतियाँ निम्न प्रकार हैं— १ निद्रानिद्रा २ प्रचलाप्रचला ३ स्त्यानगृद्धि ४-७ अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभ ८ स्त्रीवेद ९ तिर्यञ्चायु १० तिर्यञ्चगति ११-१४ प्रथम और अन्तिम संस्थानको छोड़कर चार सस्थान १५-१८ प्रथम और अन्तिम संहननको छोड़कर चार संहनन १९ तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्व्य २० उद्योत २१ अप्रशस्तविहायोगति २२ दुर्भग २३ दुःस्वर २४ अनादेय और २५ नीचगोत्र।

अप्रत्याख्यानावरण कषायके उदयसे निम्न दश प्रकृतियोंका आस्रव चौथे गुणस्थान तक होता है और आगेके गुणस्थानोंमे उन प्रकृतियोंका संवर होता है। १-४ अप्रत्याख्यानावरण क्रोध मान, माया, लोभ ५ मनुष्यायु ६ मनुष्यगति ७ औदारिक शरीराङ्गोपाङ्ग ९ वज्रवृषभनाराचसंहनन और १० मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्व्य। सम्यग्मिथ्यात्व (मिश्र) गुणस्थानमे आयुका बन्ध नहीं होता है। प्रत्याख्यानावरण कषायके उदयसे पाँचवे गुणस्थान तक प्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया और लोभका आस्रव होता है। आगेके गुणस्थानोंमे इन प्रकृतियोंका संवर होता है। प्रमादके निमित्तसे छठवे गुणस्थान तक निम्न छह प्रकृतियोंका आस्रव होता है और आगेके गुणस्थानोंमे उनका संवर होता है। १ असातावेदनीय २ अरति ३ शोक ४ अस्थिर ५ अशुभ और ६ अयशःकीर्ति। देवायुके आस्रवका प्रारंभ छठवे गुणस्थानमे होता है लेकिन देवायुका आस्रव सातवे गुणस्थानमे भी होता है। आगेके गुणस्थानोंमे देवायुका संवर है।

आठवें गुणस्थानमें तीव्र संज्वलन कषायके उदयसे निम्न छत्तीस प्रकृतियोंका आस्रव होता है और आगेके गुणस्थानोंमे उनका संवर होता है। आठवें गुणस्थानके प्रथम संख्यात भागोंमे निद्रा और प्रचला इन दो प्रकृतियोंका वन्ध होता है। पुनः संख्यात भागोंमे तीस प्रकृतियोंका बन्ध होता है। देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक, आहारक, तेजस, और कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिकशरीराङ्गोपाङ्ग, आहारकशरीराङ्गो-

पाङ्ग, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, देवगतिप्रायोग्यानुपूर्व्य, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्तविहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्तक, प्रत्येक शरीर, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और तीर्थकर प्रकृति। आठवें गुणस्थानके अन्त समयसे हास्य, रति, भय और जुगुप्सा इन चार प्रकृतियोंका बन्ध होता है। इन प्रकृतियोंका आगेके भागोंमे और गुणस्थानोंमे संवर होता है।

नवमें गुणस्थानमे मध्यम सञ्ज्वलन कषायके उदयसे पांच प्रकृतियोंका बन्ध होता है। प्रथम संख्यात भागोंमे पुवेद और क्रोध संज्वलनका बन्ध होता है। पुनः संख्यात भागोंमें मान और माया सञ्ज्वलनका बन्ध होता है और अन्त समयमे लोभ सञ्ज्वलनका बन्ध होता है। इन प्रकृतियोंका आगेके भागों और गुणस्थानोंमे संवर होता है।

दशमे गुणस्थानमे मन्द सञ्ज्वलन कषायके उदयसे निम्न सोलह प्रकृतियोंका बन्ध होता है और आगेके गुणस्थानोंमे उनका सवर होता है। पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, पांच अन्तराय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्र ये सोलह प्रकृतिया हैं। ग्यारहवें, बारहवे और तेरहवे गुणस्थानमे योगके निमित्तसे एक ही सातावेदनीयका बन्ध होता है और चौदहवें गुणस्थानमे उसका संवर होता है।

गुणस्थानोंका स्वरूप—

१ मिथ्यात्व—तत्त्वार्थका यथार्थ श्रद्धान न होकर विपरीत श्रद्धान होनेको मिथ्यात्व नामक प्रथम गुणस्थान कहते हैं। दर्शनमोहनीयके तीन भेद हैं—सम्यक्त्व, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व। इन तीनोंके तथा अनन्तानुबन्धी चार कषायोंके उदय न होनेपर औपशमिक सम्यक्त्व उत्पन्न होता है। औपशमिक सम्यक्त्वका काल अन्तर्मुहूर्त है।

२ सासादन—उपशम सम्यक्त्वके कालमे उत्कृष्ट छह आवली और जघन्य एक समय शेष रहने पर अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभमे से किसी एकके उदय होनेपर तथा और दूसरे मिथ्यादर्शनके कारणोंका उदयाभाव होनेपर सासादन गुणस्थान होता है। यद्यपि सासादनसम्यग्दृष्टि जीवके मिथ्यादर्शनका उदय नहीं होता है लेकिन अनन्तानुबन्धी कषायके उदयसे उसके मति आदि तीन ज्ञान मिथ्याज्ञान ही है। क्योंकि अनन्तानुबन्धी कषाय मिथ्यादर्शनको ही उत्पन्न करती हैं। जीव सासादन गुणस्थानको छोड़कर मिथ्यात्व गुणस्थानमे ही आता है।

३ मिश्रगुणस्थान—इस गुणस्थानमे सम्यग्मिथ्यात्व कर्मके उदय होनेसे उभयरूप (सम्यक्त्व और मिथ्यात्व) परिणाम होते हैं जिनके कारण तत्त्वार्थोंमे जीव श्रद्धान और अश्रद्धान दोनो करता है। सम्यग्मिथ्यादृष्टिके तीन अज्ञान सत्यासत्यरूप होते है।

४ अविरत सम्यग्दृष्टि—इस गुणस्थानमे चारित्र मोहनीयके उदयसे सम्यग्दृष्टि जीव सयमका पालन करनेमे नितान्त असमर्थ होता है। अतः चौथे गुणस्थानका नाम अविरति सम्यग्दृष्टि है।

५ देशविरत—इस गुणस्थानमे जीव श्रावकके व्रतोंका पालन करता है लेकिन प्रत्याख्यानावरण कषायके उदयसे मुनिके व्रतोका पालन नही कर सकता अतः इस गुणस्थानमे अप्रमत्त जीव भी अन्तर्मुहूर्तके लिये प्रमत्त (प्रमादी) हो जाता है अतः छठवे गुणस्थानका नाम प्रमत्तसयत है।

६ प्रमत्तसयत—इस गुणस्थानमे अप्रमत्त जीवभी अन्तर्मुहूर्तके लिए प्रमत्त (प्रमादी) हो जाता है अतः छठवे गुणस्थानका नाम प्रमत्तसयत है।

७ अप्रमत्तसंयत—इस गुणस्थानमे निद्रा आदि प्रमादका अभाव होनेसे सातवे गुणस्थानका नाम अप्रमत्त संयत है।

८, ६, १०—अपूर्णकरण, अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्पराय इन तीन गुणस्थानों-में दो दो श्रेणियाँ होती है एक उपशम श्रेणी और दूसरी क्षपकश्रेणी । जिस श्रेणीमें आत्मा मोहनीय कर्मका उपशम करता है वह उपशम श्रेणी है और जिसमें मोहनीय कर्मका क्षय करता है वह क्षपक श्रेणी है। उपशम श्रेणी चढ़नेवाला पुरुष आठवें गुणस्थानसे नवमे, दशमे और ग्यारहवे गुणस्थानमें जाकर पुनः वहाँसे च्युत होकर नीचेके गुणस्थानमे आ जाता है। क्षपक श्रेणी चढ़नेवाला पुरुष आठवें गुणस्थानसे नवमें और दशमे गुणस्थानमे जाता है और इसके बाद ग्यारहवें गुणस्थानको छोड़कर बारहवें गुणस्थानमें जाता है। वहाँसे वह पतित नहीं होता है।

८ अपूर्वकरण—इस गुणस्थानमें उपशमक और क्षपक जीव नूतन परिमाणोंको प्राप्त करते है अतः इसका नाम अपूर्वकरण है। इस गुणस्थानमें कर्मका उपशम या क्षय नहीं होता है किन्तु यह गुणस्थान सातवें और नवमें गुणस्थानके मध्यमे है और उन गुणस्थानोंमे कर्मका उपशम और क्षय होता है अतः इस गुणस्थानमे भी उपचारसे उपशम और क्षय कहा जाता है। जैसे उपचारसे मिट्टीके घटको भी घीका घट कहते हैं। इस गुणस्थान-मे एक ही समयमे नाना जीवोंकी अपेक्षा विषम परिणाम होते है। और द्वितीय आदि क्षणोंमे अपूर्व अपूर्व ही परिणाम होते हैं अतः इस गुणस्थानका अपूर्वकरण नाम सार्थक है।

९ अनिवृत्तिबादरसाम्पराय—इस गुणस्थानमे कषायका स्थूलरूपसे उपशम और क्षय होता है तथा एक समयवर्ती उपशमक और क्षपक नाना जीवोंके परिणाम सदृश ही होते हैं अतः इस गुणस्थानका नाम अनिवृत्तिबादरसाम्पराय है।

१० सूक्ष्मसाम्पराय—साम्पराय कषायको कहते हैं। इस गुणस्थानमें कषायका सूक्ष्म रूपसे उपशम या क्षय हो जाता है अतः इसका नाम सूक्ष्मसाम्पराय है।

११ उपशान्तमोह—इस गुणस्थानमे मोहका उपशम हो जाता है अतः इसका नाम उपशान्त मोह है।

१२ क्षीणमोह—इस गुणस्थानमे मोहका पूर्ण क्षय हो जाता है अतः इसका नाम क्षीणमोह है।

१३ सयोगकेवली—इस गुणस्थानमे जीव केवलज्ञान और केवलदर्शनको प्राप्त कर लेता है अतः इसका नाम सयोगकेवली है।

१४ अयोगकेवली अ, इ, उ, ऋ, ऌ इन पांच लघु अक्षरोंके उच्चारण करनेमे जितना काल लगता है उतना ही काल अयोगकेवली नामक चौदहवें गुणस्थानका है।

अपूर्वकरण गुणस्थानसे क्षीणकषाय गुणस्थानपर्यन्त गुणस्थानोंमे जीवोंके परिणाम उत्तरोत्तर विशुद्ध होते हैं।

मिथ्यात्व गुणस्थानका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त है। अभव्य जीवकी अपेक्षा मिथ्यात्त्व गुणस्थानका उत्कृष्ट काल अनादि और अनन्त है। तथा भव्य जीवकी अपेक्षा उत्कृष्ट काल अनादि और सान्त है। सासादन गुणस्थानका जघन्यकाल एक समय और उत्कृष्ट काल छह आवली है। मिश्र गुणस्थानका काल अन्तर्मुहूर्त है। असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थानका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल छयासठ सागर है। देशसंयत गुणस्थानका जघन्य काल एक मुहूर्त और उत्कृष्टकाल कुछ कम एकपूर्व कोटि है। प्रमत्तसयत गुणस्थानसे क्षीण कषाय पर्यन्त गुणस्थानोका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। सयोगकेवली गुणस्थानका उत्कृष्टकाल कुछ कम एक पूर्वकोटि है।

संवरके कारण—

स गुप्तिसमितिधर्मानुप्रेक्षापरीषहजयचारित्रैः ॥ २ ॥

गुप्ति, समिति, धर्म, अनुप्रेक्षा, परीषहजय और चारित्र इसके द्वारा संवर होता है।

संसारके कारणस्वरूप मन, वचन और कायके व्यापारोंसे आत्माकी रक्षा करनेको अर्थात् मन, वचन और कायके निग्रह करनेको गुप्ति कहते हैं। जीवहिंसारहित यत्नाचारपूर्वक प्रवृत्ति करनेको समिति कहते हैं। जो आत्माको संसारके दुःखोंसे छुटाकर उत्तम स्थानमें पहुचा दे वह धर्म है। शरीर आदिके स्वरूपका विचार अनुप्रेक्षा है। क्षुधा, तृषा आदिकी वेदना उत्पन्न होनेपर कर्मोकी निर्जराके लिये उसे शान्तिपूर्वक सहन कर लेना परीषहजय है। कर्मोके आस्रवमें कारणभूत बाह्य और आभ्यन्तर क्रियाओंके त्याग करनेको चारित्र कहते हैं।

सूत्रमें आया हुआ 'स' शब्द यह बतलाता है कि गुप्ति आदिके द्वारा ही संवर होता है। और जलमें डूबना, शिरमुण्डन, शिखाधारण, मस्तकछेदन, कुदेव आदिकी पूजा आदिके द्वारा संवर नहीं हो सकता है, क्योंकि जो कर्म राग, द्वेष आदिसे उपार्जित होते हैं उनकी निवृत्ति विपरीत कारणोंसे हो सकती है।

संवर और निर्जराका कारण—

तपसा निर्जरा च ॥ ३ ॥

तपके द्वारा निर्जरा और संवर दोनों होते हैं। 'च' शब्द संवरको सूचित करता है।

यद्यपि दश प्रकारके धर्मोंमें तपका ग्रहण किया है और उसीसे तप संवर और निर्जरा-कारण सिद्ध हो जाता, लेकिन यहाँ पृथक् रूपसे तपका ग्रहण इस बातको बतलाता है कि तप नवीन कर्मोके संवरपूर्वक कर्मक्षयका कारण होता है तथा तप संवरका प्रधान कारण है।

प्रश्न—आगममें तपको अभ्युदय देनेवाला बतलाता है। वह संवर और निर्जराका साधक कैसे हो सकता है? कहा भी है—"दानसे भोग प्राप्त होता है, तपसे परम इन्द्रत्व तथा ज्ञानसे जन्म जरा मरणसे रहित मोक्षपद प्राप्त होता है।

उत्तर—एक ही तप इन्द्रादि पदको भी देता है और संवर और निर्जराका कारण भी होता है इसमें कोई विरोध नहीं है। एक पदार्थ भी अनेक कार्य करता है जैसे एक ही छत्र छायाको करता है तथा धूप और पानीसे बचाता है।

इसी प्रकार तप भी अभ्युदय और कर्म क्षयका कारण होता है।

गुप्तिका स्वरूप—

सम्यग्योगनिग्रहो गुप्तिः ॥ ४ ॥

विषयाभिलाषाको छोड़कर और ख्याति, पूजा, लाभ आदिकी आकांक्षासे रहित होकर मन, वचन और कायके व्यापारके निग्रह या निरोधको गुप्ति कहते हैं। योगोंके निग्रह होनेपर संक्लेश परिणाम नहीं होते हैं और ऐसा होनेसे कर्मोंका आस्रव भी नहीं होता है। अतः गुप्ति संवरका कारण होती है। गुप्तिके तीन भेद हैं—कायगुप्ति, वाग्गुप्ति और मनोगुप्ति।

समितिका वर्णन—

ईर्याभाषैषणादाननिक्षेपोत्सर्गाः समितयः ॥५॥

ईर्यासमिति, भाषासमिति, एषणासमिति, आदाननिक्षेपसमिति और उत्सर्गसमिति ये पॉच समितियॉ हैं। इनमें प्रत्येकके पहिले सम्यक् शब्द जोड़ना चाहिये जैसे सम्यगीर्यासमिति आदि।

ईर्यासमिति—जिसने जीवोंके स्थानको अच्छी तरह जान लिया है और जिसका चित्त एकाग्र है ऐसे मुनिके तीर्थयात्रा, धर्मकार्य आदिके लिये आगे चार हाथ पृथिवी देखकर चलनेको ईर्यासमिति कहते है।

एकेन्द्रिय बादर और सूक्ष्म, दो इन्द्रिय, तीन इन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, सञ्ज्ञी और असञ्ज्ञी पञ्चेन्द्रिय इन सातोंके पर्याप्तक और अपर्याप्तकके भेदसे चौदह जीवस्थान होते है।

भाषासमिति—हित, मित और प्रिय वचन बोलना अर्थात् असंदिग्ध, सत्य, कानोको प्रिय लगनेवाले, कषायके अनुत्पादक, सभास्थानके योग्य, मृदु, धर्मके अविरोधी, देशकाल आदिके योग्य और हास्य आदिसे रहित वचनोंको बोलना भाषासमिति है।

एषणासमिति-निर्दोष आहार करना अर्थात् विना याचना किये शरीरके दिखाने मात्रसे प्राप्त,उद्गम,उत्पादन आदि आहारके दोपोंसे रहित, चमड़ा आदि अस्पृश्य वस्तुके संसर्गसे रहित दूसरेके लिये बनाये गये भोजनको योग्य कालमे ग्रहण करना एषणासमिति है।

आदाननिक्षेपसमिति—धर्मके उपकरणोंको मोरकी पीछीसे, पीछीके अभावमे कोमल वस्त्र आदिसे अच्छी तरह झाड़ पोंछ कर उठाना और रखना आदाननिक्षेपसमिति है। मुनि गायकी पूँछ, मेषके रोम आदिसे नहीं झाड़ सकता है।

उत्सर्गसमिति—जीव रहित स्थानमे मल मूत्रका त्याग करना उत्सर्गसमिति है। इन पॉच समितियोसे प्राणिपीड़ाका परिहार होता है अतः समिति संवरका कारण है।

धर्मका वर्णन—

उत्तमक्षमामार्दवार्जवसत्यशौचसंयमतपस्त्यागाकिंञ्चन्यब्रह्मचर्याणि धर्मः ॥ ६ ॥

क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिञ्चन्य और ब्रह्मचर्य ये दश धर्म हैं। इनमें प्रत्येकके पहिले उत्तम शब्द लगाना चाहिये जैसे—उत्तम क्षमा आदि।

उत्तमक्षमा—शरीरकी स्थितिके कारणभूत आहारको लेनेके लिये दूसरोंके घर जाने वाले मुनिको दुष्ट जनोंके द्वारा असह्य गाली दिये जाने या काय विनाश आदिके उपस्थित होनेपर भी मनमें किसी प्रकारका क्रोध नहीं करना उत्तम क्षमा है।

उत्तममार्दव—ज्ञान, पूजा, कुल, जाति, बल, ऋद्धि, तप और वपु इन आठ पदार्थोंके घमण्डको छोड़कर दूसरोंके द्वारा तिरस्कार होनेपर अभिमान नहीं करना उत्तम मार्दव है।

मन, वचन और कायसे माया (छल-कपट) का त्याग कर देना उत्तम आर्जव है।

लोभ या गृद्धताका त्याग कर देना उत्तम शौच है। मनोगुप्ति और शौचमे यह भेद है कि मनोगुप्तिमे सम्पूर्ण मानसिक व्यापारका निरोध किया जाता है किन्तु जो ऐसा करनेमे असमर्थ है उसको दूसरोंके पदार्थोंमें लोभके त्यागके लिये शौच बतलाया गया है। भगवती आराधनामें शौचका 'लाघव' नाम भी मिलता है।

दिगम्बर मुनियों और उनके उपासकोंके लिये सत्य वचन कहना उत्तम सत्य है।

भाषा समिति और सत्यमे भेद—भाषा समिति वाला मुनि साधु और असाधु दोनों प्रकारके पुरुषोंमे हित और परिमित वचनोंका प्रयोग करेगा। यदि वह असाधु पुरुषोंमें अहित और अमित भाषण करेगा तो रागके कारण उसकी भाषासमिति नहीं बनेगी। लेकिन सत्य बोलनेवाला साधुओंमे और उनके भक्तोंमे सत्य वचनका प्रयोग करेगा और ज्ञान,चारित्र आदिकी शिक्षाके हेतु अमित (अधिक) वचनका भी प्रयोग करेगा अर्थात् भाषा समितिमे प्रवृत्ति करने वाला असाधु पुरुषोंमे भी वचनका प्रयोग करेगा लेकिन उसके वचन मित ही होंगे और सत्य बोलने वाला पुरुष साधु पुरुषोंमे ही वचनका प्रयोग करेगा लेकिन उसके वचन अमित भी हो सकते हैं।

छह कायके जीवोंकी हिंसाका त्याग करना और छह इन्द्रियोंके विषयोंको छोड़ देना उत्तम संयम है। संयमके दो भेद है एक अपहृतसंज्ञक और दूसरा उपेक्षासंज्ञक। अपहृत संज्ञक संयम के तीन भेद है—उत्तम मध्यम और जघन्य। जो मुनि प्राणियोंके समागम होनेपर उस स्थानसे दूर हट कर जीवोंकी रक्षा करता है उसके उत्कृष्ट संयम है। जो कोमल मोरकी पीछीसे जीवों को दूर कर अपना काम करता है उसके मध्यम संयम है। और जो दूसरे साधनोंसे जीवोंको दूर करता हैं उसके जघन्य संयम होता है। रागद्वेष के त्यागका नाम उपेक्षासंज्ञक संयम है।

उपार्जित कर्मोके क्षयके लिये बारह प्रकारके तपोंका करना उत्तम तप है।

ज्ञान, आहार आदि चार प्रकार का दान देना उत्तम त्याग है।

पर पदार्थोंमे यहाँ तक कि अपने शरीरमे भी ममेदं या मोहका त्याग कर देना उत्तम आकिञ्चन्य है। इसके चार भेद हैं। १ अपने और परके जीवनके लोभका त्याग करना। २ अपने और परके आरोग्यके लोभका त्याग करना। ३ अपने और परके इन्द्रियोंके लोभ का त्याग करना। ४ अपने और परके उपभोगके लाभका त्याग करना।

मन, वचन और कायसे स्त्री सेवनका त्याग कर देना ब्रह्मचर्य है। स्वेच्छाचार पूर्वक प्रवृत्ति को रोकनेके लिय गुरुकुलमे निवास करनेको भी ब्रह्मचर्य कहते हैं।

विषयोंमे प्रवृत्तिको रोकनेके लिये गुप्ति बतलाई है। जो गुप्तिमे असमर्थ है उसको प्रवृत्तिके उपाय बतलानेके लिये समिति बतलाई गई है। और समितिमे प्रवृत्ति करने वाले मुनिको प्रमादके परिहारके लिये दश प्रकारका धर्म बतलाया गया है।

अनुप्रेक्षाका वर्णन—

अनित्याशरणसंसारैकत्वान्यत्वाशुच्यास्रवसंवरनिर्जरालोकबोधिदुर्लभधर्मस्वाख्याततत्त्वाचिन्तनमनुप्रेक्षाः ॥ ७ ॥

अनित्य, अशरण, संसार, एकत्व, अन्यत्व, अशुचि, आस्रव, संवर, निर्जरा, लोक, बोधिदुर्लभ और धर्म इनके स्वरूपका चिन्तवन करना सो बारह अनुप्रेक्षायें है।

अनित्यभावना–शरीर और इन्द्रियोंके विषय आदि सब पदार्थ इन्द्रधनुष और दुष्टजनकी मित्रता आदिकी भाति अनित्य है। लेकिन जीव अज्ञानताके कारण उनको नित्य समझ रहा है। संसारमे जीवके निजी स्वरूप ज्ञान और दर्शनको छोडकर और कोई वस्तु नित्य नहीं है इस प्रकार विचार करना अनित्यानुप्रेक्षा है। ऐसा विचार करनेसे जीव शरीर, पुत्र, कलत्र आदिमे राग नहीं करता है और वियोगका अवसर उपस्थित होनेपर भी दुःख नही करता है।

अशरणभाव–जिस प्रकार निर्जन वनमें मांसभक्षी और भूखे सिंहके द्वारा मृगके बच्चेको पकड़े जानेपर उसका कोई सहायक नहीं होता है उसी प्रकार जन्म, जरा, मरण, रोग आदि दुखोंके बीचमें पड़े हुए जीवका भी कोई शरण नहीं है। सचित धन दूसरे भवमें नही जाता है। बान्धव भी मरण कालमे जीवकी रक्षा नहीं कर सकते। इन्द्र, धरणेन्द्र, चक्रवर्ती आदि भी उस समय शरण नही होते हैं। केवल एक जैनधर्म ही शरण होता है। इस प्रकार विचार करनेसे संसारके पदार्थोमे ममत्व नहीं होता है और रत्नत्रय मार्गमें रुचि होती है।

३ ससारभावना—इस संसारमे भ्रमण करनेवाला जीव जिस जीवका पिता होता है वही जीव कभी उसका भाई, पुत्र और पौत्र भी होता है और जो माता होती है वही बहिन, भार्या, पुत्री और पौत्री भी होती है। स्वामी दास होता है और दास स्वामी होता है। अधिक क्या जीव स्वयं अपना भी पुत्र होता है। इस प्रकार जीव नटकी तरह नाना वेषोंको धारण करता है। ऐसा संसारके स्वरूपका विचार करना ससारानुप्रेक्षा है। विचार करनेसे जीवको संसारके दुःखोंसे भय होता है और वैराग्य भी होता है।

४ एकत्वभावना—आत्मा अकेला जन्म लेता है और अकेला ही मरण करता है तथा अकेला ही दुःखको भोगता है। जीवका वास्तवमे न कोई बन्धु है और न कोई शत्रु। व्याधि, जरा, मरण आदिके दुखोंको स्वजन या परजन कोई भी सहन नहीं करते है। बन्धु और मित्र श्मशान तक ही साथ जाते हैं। अविनाशी जिनधर्म ही जीवका सदा सहायक है। इस प्रकार विचार करना एकत्वानुप्रेक्षा है। ऐसा विचार करनेसे जीवकी स्वजनों और परजनोंमे प्रीति और अप्रीति नही होती है और जीव उनसे विरक्त हो जाता है।

अन्यत्वभावना—जीवको शरीर आदिसे पृथक् चिन्तवन करना अन्यत्वानुप्रेक्षा है। यद्यपि बन्धकी अपेक्षा जीव और शरीर एक ही है लेकिन लक्षणके भेदसे इनमे भेद पाया जाता है। काय इन्द्रियमय है और जीव इन्द्रिय रहित है। काय अज्ञ है और जीव ज्ञानवान् है। काय अनित्य है और आत्मा नित्य है। जब कि जीव शरीरसे भिन्न है तो कलत्र, पुत्र, गृह आदिसे भिन्न क्यों नहीं होगा ? अर्थात् इनसे भी भिन्न है ही। इस प्रकार आत्माको शरीर आदिसे भिन्न चिन्तवन करना अन्यत्वानुप्रेक्षा है। इस प्रकार चिन्तवन करनेसे शरीर आदिमे वैराग्य उत्पन्न होता है।

६ अशुचिभावना—यह शरीर अत्यन्त अपवित्र है। रुधिर, मांस, मज्जा आदि अशुचि पदार्थोंका घर है; इस शरीरकी अशुचिता जलमें नहानेसे, और चंदन, कर्पूर, कुङ्कुम आदिके लेप करनेसे भी दूर नहीं की जा सकती है। सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र ही जीवकी विशुद्धिको करते हैं इस प्रकार विचार करना अशुच्यनुप्रेक्षा है। ऐसा विचार करनेसे शरीरमे वैराग्य उत्पन्न होता है

७ आस्रव भावना–कर्मोका आस्रव सदा दुःखका देने वाला है। इन्द्रिय, कषाय, अव्रत और क्रियाएँ नदीके प्रवाहके समान तीव्र होती हैं। स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र ये इन्द्रियाँ गज, मत्स्य, भ्रमर, शलभ और मृग आदिको संसारसमुद्रमे गिरा देती है। क्रोध, मान, माया और लोभ, वध, बन्धन आदि दुःखोंको देते है। इस प्रकार आस्रव के स्वरूपका विचार करना सो आस्रवानुप्रेक्षा है। ऐसा विचार करनेसे उत्तम क्षमा आदिके पालन करनेमे मन लगता है।

८ सवर भावना--कर्मोका सवर हो जानेसे जीवको दुःख नही होता है। जैसे नावमे छेद हो जाने पर उसमे जल भरने लगता है और नाव डूब जाती है। लेकिन छेदको बन्द कर देने पर नाव अपने स्थान पर पहुँच जाती है। उसी प्रकार कर्मोका आगमन रोक देने पर कल्याण मार्गमे कोई बाधा नही आ सकती है इस प्रकार विचार करना सवरानुप्रेक्षा है।

९ निर्जरा भावना–निर्जरा दो प्रकारसे होती है एक अबुद्धिपूर्वक और दूसरी कुशल-मूलक। नरकादि गतियोंमे फल दे चुकनेपर कर्मोकी जो निर्जरा होती है वह अबुद्धिपूर्वक या अकुशलमूलक निर्जरा है। जो तप या परीषहजयके द्वारा कर्मोकी निर्जरा होती है वह अबुद्धिपूर्वक या कुशलमूलक निर्जरा है। इस प्रकार निर्जराके गुण और दोषोंका विचार करना निर्जरानुप्रेक्षा है। ऐसा विचार करनेसे जीवकी कर्मोकी निर्जराके लिये प्रवृत्ति होती है।

१० लोकभावना– अनन्त लोकाकाशके ठीक मध्यमें चौदह राजू प्रमाण लोक है। इस लोकके स्वभाव, आकार आदिका चितवन करना लोकानुप्रेक्षा है। लोकका विचार करनेसे तत्त्वज्ञानमे विशुद्धि होती है।

११ बोधिदुर्लभभावना—एक निगोदके शरीरमे सिद्धोंके अनन्तगुने जीव रहते है और समस्त लोक स्थावर प्राणियोंसे ठसाठस भरा हुआ है। इस लोकमे त्रस पर्याय पाना उसी प्रकार दुर्लभ है जिस प्रकार समुद्रमे गिरी हुई वज्रकी कणिकाको पाना। त्रसोंमें भी पञ्चे-न्द्रिय होना उसी प्रकार दुर्लभ है जिस प्रकार गुणोंमे कृतज्ञताका होना। पञ्चेन्द्रियोंमे भी मनुष्य पर्यायको पाना उसीप्रकार दुर्लभ है जिसप्रकार मार्गमे रत्नोंका ढेर पाना। एक वार मनुष्य पर्याय समाप्त हो जाने पर पुनः मनुष्य पर्यायको पाना अत्यन्त दुर्लभ है जिस प्रकार वृक्षके जल जाने पर उस राखका वृक्ष हो जाना अत्यन्त दुर्लभ है। मनुष्य जन्म मिल जाने पर भी सुदेशका पाना दुर्लभ है। इसी प्रकार उत्तम कुल, इन्द्रियोंकी पूर्णता, सम्पत्ति, आरोग्यता ये सब बाते उत्तरोत्तर दुर्लभ है। इन सबके मिल जाने पर भी यदि जैन धर्मकी प्राप्ति नहीं हुई तो मनुष्य जन्मका पाना उसी प्रकार निरर्थक है जैसे विना नेत्रोंके मुखका होना। जो जैन धर्मको प्राप्त करके भी विषय सुखोंमे लीन रहता है वह पुरुष राखके लिए चन्दनके वृक्षको जलाता है। विपय-सुखसे विरक्त हो जाने पर भी समाधिका होना अत्यन्त दुर्लभ है। समाधिके होने पर ही विपय-सुखसे विरक्त स्वरूप बोधिलाभ सफल होता है। इस प्रकार बोधि (ज्ञान) की दुर्लभताका विचार करना बोधि दुर्लभानुप्रेक्षा है। ऐसा विचार करनेसे जीवको प्रमाद नहीं होता।

१२ धर्मभावना—धर्म वह है जो सर्वज्ञ वीतराग द्वारा प्रणीत हो, सर्व जीवों पर दया करने वाला हो, सत्ययुक्त हो, विनयसम्पन्न हो, उत्तम क्षमा, ब्रह्मचर्य, उपशम आदिसे सहित हो जिसके सेवनसे विपयोंसे व्यावृत्ति हो और निष्परिग्रहता हो। इस प्रकारके धर्मको न पानेके कारण जीव अनादिकाल तक ससारमे भ्रमण करते है और धर्मकी प्राप्ति हो जाने पर जीव स्वर्ग आदिके सुखोंको भोगकर मोक्षको प्राप्त करते है। इस प्रकार धर्मके स्वरूपका विचार करना धर्मानुप्रेक्षा है। इस प्रकार विचार करनेसे जीवका धर्ममे गाढ़ स्नेह होता है।

इस प्रकार वारह भावनाओंके होने पर जीव उत्तम क्षमा आदि धर्मोको धारण करता है और परीपहोंको सहन करता है अतः धर्म और परीपहोंके वीचमे अनुप्रेक्षाओंका वर्णन किया है।

परीषहोंका वर्णन—

मार्गाच्यवननिर्जरार्थंपरिषोढव्याः परीषहाः ॥ ८ ॥

मार्ग अर्थात् संवरसे च्युत न होनेके लिये और कर्मोंकी निर्जराके लिये बाईस परीषहो को सहन करना चाहिये। मार्गका अर्थ सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र भी होता है। परीषहों के सहन करनेसे कर्मोंका संवर होता है। परीषहजय संवर, निर्जरा और मोक्षका साधन है।

क्षुत्पिपासाशीतोष्णदंशमशकनाग्न्यारतिस्त्रीचर्यानिषद्याशय्याक्रोधवध-याचनाऽलाभरोगतृणस्पर्शमलसत्कारपुरस्कारप्रज्ञाऽज्ञानाऽदर्शनानि ॥ ९ ॥

क्षुधा, तृषा, शीत, उष्ण, दंशमशक, नाग्न्य, अरति, स्त्री, चर्या, निषद्या, शय्या, आक्रोश, वध, याचना, अलाभ, रोग, तृणस्पर्श, मल, सत्कार-पुरस्कार, प्रज्ञा, अज्ञान और अदर्शन ये बाईस परीषह हैं।

१ क्षुधा परीषह—जो मुनि निर्दोष आहारको ग्रहण करता है और निर्दोष आहार के न मिलने पर या अल्प आहार मिलनेपर अकाल और अयोग्य देशमें आहारको ग्रहण नही करता है, जो छह आवश्यकोंकी हानिको नही चाहता, अनेक बार अनशन, अवमौदर्य आदि करनेसे तथा नीरस भोजन करनेसे जिसका शरीर सूख गया है क्षुधाकी वेदना होने पर भी जो क्षुधाकी चिन्ता नही करता है और भिक्षाके लाभकी अपेक्षा अलाभमे लाभ मानता है, उस मुनिके क्षुधापरीषहजय होता है।

२ तृषापरीषह—जो मुनि नदी, वापी, तड़ाग आदिके जलमे नहाने आदिका त्यागी होता है और जिसका स्थान नियत नहीं होता है, जो अत्यन्त क्षार (खारा) आदि भोजन के द्वारा और गर्मी तथा उपवास आदिके द्वारा तीव्र प्यासके लगने पर उसका प्रतिकार नही करता और तृषाको संतोषरूपी जलसे शान्त करता है उसके तृषापरीषहजय होता है।

३ शीतपरीषह—जिस मुनिने वस्त्रोंका त्याग कर दिया है, जिसका कोई नियत स्थान नहीं है, जो वृक्षोंके नीचे, पर्वतों पर और चतुष्पथ आदिमे सदा निवास करता है, जो वायु और हिमकी ठंडकको शान्तिपूर्वक सहन करता है, शीतका प्रतिकार करनेवाली अग्नि आदिका स्मरण भी नही करता है, उस मुनिके शीत परीषहजय होता है।

४ उष्णपरीषह—जो मुनि वायु और जल रहित प्रदेशमे, पत्तोंसे रहित सूखे वृक्षके नीचे या पर्वतों पर ग्रीष्म ऋतुमे ध्यान करता है, दावानलके समान गर्म वायुसे जिसका कण्ठ सूख गया है और पित्तके द्वारा जिसके अन्तरङ्गमें भी दाह उत्पन्न हो रहा है फिर भी उष्णताके प्रतिकार करनेका विचार न करके उष्णताकी वेदनाको शान्तिपूर्वक सहन करता है उसके उष्णपरीषहजय होता है।

५ दंशमशकपरीषह—जो डांस, मच्छर, चींटी, मक्खी, बिच्छू आदिके काटनेसे उत्पन्न हुई वेदनाको शान्तिपूर्वक सहन करता है उसके दंशमशकपरीषहजय होता है। यहाँ दंश शब्दके ग्रहणसे ही काम चल जाता फिर भी जो मशक शब्दका ग्रहण किया गया है वह उपलक्षणके लिये है। जहाँ किसी एक पदार्थके कहनेसे तत्सदृश अन्य पदार्थोंका भी ग्रहण हो वहाँ उपलक्षण होता है। जैसे किसीने कहा कि "काकेभ्यो घृतं रक्षणीयम्" कौओंसे घृतकी रक्षा करनी चाहिये, तो इसका यह अर्थ नहीं है कि बिल्ली आदिसे घृतकी रक्षा नहीं करनी चाहिये।

जैसे यहाँ काक शब्द उपलक्षण होनेसे बिल्ली आदिका भी बोध कराता है इसी प्रकार मशक शब्द भी उपलक्षण होनेसे बिच्छू, चींटी आदि प्राणियोंका बोधक है।

६ नाग्न्यपरीषह—नग्नता एक विशिष्ट गुण है जिसको कामासक्त पुरुष धारण नहीं कर सकते हैं। नग्नता मोक्षका कारण है और सब प्रकारके दोषोंसे रहित है। परमस्वातन्त्र्य का कारण है। पराधीनता लेशमात्र नहीं रहती। जो मुनि इस प्रकारकी नग्नताको धारण करते हुए मनमे किसी प्रकारके विकारको उत्पन्न नहीं होने देता उसके नाग्न्यपरीषहजय होता है।

७ अरतिपरीषह—जो मुनि इन्द्रियोके विषयोंसे विरत रहता है,सङ्गीत आदिसे रहित शून्य गृह आदिमे निवास करता है, स्वाध्याय आदिमे ही रति करता है उनके अरतिपरीषहजय होता है।

८ स्त्रीपरीषह—जो मुनि स्त्रियोंके भ्रूविलास, नेत्रविकार, शृङ्गार आदिको देखकर मनमे किसी प्रकारका विकार उत्पन्न नही होने देता, कछवेके समान इन्द्रिय ओर मनका सयमन करता है उसके स्त्रीपरीषहजय होता है।

९ चर्यापरीषह—गुरुजनकी आज्ञासे और देशकालके अनुसार गमन करनेमे कंकण, कांटे आदिके द्वारा उत्पन्न हुई बाधाको जो मुनि शान्तिपूर्वक सहन करता है और पूर्व अवस्थामे भोगे हुए वाहन आदिका स्मरण नहीं करता है उसके चर्यापरीषहजय होता है।

१० निषद्यापरीषह—जो मुनि श्मशान, वन, पर्वतोंकी गुफा आदिमे निवास करता है और नियतकालपर्यन्त ध्यानके लिये निषद्य (आसन) को स्वीकार करता है, लेकिन देव, तिर्यञ्च, मनुष्य और अचेतन पदार्थोंके उपसर्गोके कारण जो वीरासन आदिसे च्युत नहीं होता है और न मन्त्र आदिके द्वारा किसी प्रकारका प्रतीकार ही करता है उसके निषद्यापरीषहजय होता है।

११ शय्यापरीषह—जो मुनि ऊँची-नीची, कठोर कंकड़ बालू आदिसे युक्त भूमि पर एक करवटसे लकड़ी पत्थरकी तरह निश्चल सोता है, भूत प्रेत आदिके द्वारा अनेक उपसर्ग किये जाने पर भी शरीरको चलायमान नहीं करता, कभी ऐसा विचार नहीं करता कि 'इस स्थानमें सिंह आदि दुष्ट प्राणी रहते हैं अतः इस स्थानसे शीघ्र चले जाना चाहिये, रात्रिका अन्त कब होगा इत्यादि उस मुनिके शय्यापरीषहजय होता है।

१२ आक्रोशपरीषह—जो मुनि दुष्ट और अज्ञानी जनोंके द्वारा कहे गये कठोर और असत्य वचनोंको सुनकर हृदयमें किंचिन्मात्र भी कषायको नहीं करता है और प्रतिकार करनेकी सामर्थ्य होनेपर भी प्रतिकार करनेका विचार भी नहीं करता है उस मुनिके आक्रोशपरीषहजय होता है।

१३ वधपरीषह—जो मुनि नानाप्रकारके तलवार आदि तीक्ष्ण शस्त्रोंके द्वारा शरीरपर प्रहार किये जाने पर भी प्रहार करनेवालोंसे द्वेष नहीं करता है किन्तु यह विचार करता है कि यह मेरे पूर्व कर्मका ही फल है और शस्त्रोंके द्वारा दुःखोंके कारण शरीरका ही विघात हो सकता है आत्माका विघात त्रिकालमे भी संभव नहीं है, उस मुनिके वधपरीषहजय होता है।

१४ याचनापरीषह—तपके द्वारा शरीरके सूख जानेपर अस्थिपञ्जरमात्र शरीर शेष रहने पर भी जो मुनि दीनवचन, मुखवैवर्ण्य आदि आदि सञ्ज्ञाओंके द्वारा भोजन आदि पदार्थोकी याचना नहीं करता है उसके याचनापरीषहजय होता है।

१५ अलाभपरीषह—अनेक दिनोंतक आहार न मिलनेपर जो मुनि मनमें किसी प्रकारका खेद नहीं करता है और भिक्षाके लाभसे अलाभको ही तपका हेतु मानता है उस मुनिके अलाभ परीषहजय होती है।

१६ रोगपरीषह—जो मुनि शरीरको अपवित्र, अनित्य और परित्राण रहित समझ कर धर्मकी वृद्धिके लिये भोजनको स्वीकार करता है, लेकिन अपथ्य आदि आहारके लेनेसे शरीरमें हजारों रोग उत्पन्न होजाने पर भी व्याकुल नहीं होता है और सर्वौषधि आदि ऋद्धियोंके होनेपर भी रोगका प्रतिकार नहीं करता है उस मुनिके रोगपरीषहजय होती है।

१७ तृणस्पर्शपरीषह—जो मुनि चलते समय पैरमें तृण, कांटे आदिके चुभ जानेसे उत्पन्न हुई वेदनाको शान्तिपूर्वक सहन कर लेता है उस मुनिके तृणस्पर्शपरीषहजय होती है।

१८ मलपरीषह—जिस मुनिने जलकायिक जीवोंकी रक्षाके लिये मरणपर्यन्त स्नानका त्याग कर दिया और शरीरमे पसीना आनेसे धूलिके जम जानेपर तथा खुजली आदि रोगोंके उत्पन्न हो जानेपर भी शरीरको जो खुजलाता नहीं है तथा जो ऐसा विचार नहीं करता है कि मेरा शरीर मलसहित है और इस भिक्षुका शरीर कितना निर्मल है उस मुनिके मलपरीषहजय होती है।'

१९ सत्कारपुरस्कारपरीषह—प्रशंसा करनेको सत्कार और किसी कार्यमें किसीको प्रधान बना देनेको पुरस्कार कहते हैं। अन्य मनुष्यों द्वारा सत्कार-पुरस्कार न किये जानेपर जो मुनि ऐसा विचार नहीं करता है कि मैं चिरतपस्वी हूँ मैंने अनेक बार वादियोंको शास्त्रार्थमे हराया है फिर भी मेरी कोई भक्ति नहीं करता है, आसन आदि नहीं देता है, प्रणाम नहीं करता है। मुझसे अच्छे तो मिथ्यातपस्वी हैं जिनको मिथ्यादृष्टि लोग सर्वज्ञ मानकर पूजते हैं। जो ऐसा कहा जाता है कि अधिक तपस्या वालोंकी व्यन्तर आदि पूजा करते हैं वह सब झूठ है। ऐसा विचार न करनेवाले मुनिके सत्कारपुरस्कारपरीषहजय होती है।

२० प्रज्ञापरीषह—जो मुनि तर्क, व्याकरण, साहित्य, छन्द, अलङ्कार, अध्यात्मशास्त्र आदि विद्याओंमे निपुण होनेपर भी ज्ञानका मद नहीं करता है तथा जो इस बातका घमण्ड नहीं करता है कि प्रवादी मेरे सामनेसे उसी प्रकार भाग जाते हैं जिस प्रकार सिंहके शब्दको सुनकर हाथी भाग जाते है उस मुनिके प्रज्ञापरीषहजय होती है।

२१ अज्ञानपरीषह—जो मुनि सकल शास्त्रोंमे निपुण होनेपर भी दूसरे पुरुषोंके द्वारा किये गये 'यह मूर्ख है' इत्यादि आक्षेपोंको शान्त मनसे सहन कर लेता है उस मुनिके अज्ञान-परीषहजय होती है।

२२ अदर्शनपरीषह—चिरकाल तक तपश्चर्या करनेपर भी अवधिज्ञान या ऋद्धि आदिकी प्राप्ति न होनेपर जो मुनि विचार नहीं करता है कि यह दीक्षा निष्फल है, व्रतोंका धारण करना व्यर्थ है इत्यादि, उस मुनिके अदर्शनपरीषहजय होती है।

इस प्रकार इन बाईस परीषहोंको जो मुनि शान्त चित्तसे सहन करता है उस मुनिके राग द्वेष आदि परिणामोंसे उत्पन्न होनेवाले आस्रवका निरोध होकर संवर होता है।

किस गुणस्थानमे कितने परीषह होते हैं—

सूक्ष्मसाम्परायछद्मस्थवीतरागयोश्चतुर्दश ॥ १० ॥

सूक्ष्मसाम्पराय अर्थात् दशवे और छद्मस्थवीतराग अर्थात् बारहवें गुणस्थानमे निम्न चौदह परीषह होते है। क्षुधा, तृषा, शीत, उष्ण, दंशमशक, चर्या, शय्या, वध, अलाभ, रोग,

तृणस्पर्श, मल, प्रज्ञा और अज्ञान। छद्मका अर्थ है ज्ञानावरण और दर्शनावरण। ज्ञानावरण और दर्शनावरणका उदय होने पर भी जिसको अन्तर्मुहूर्तमे केवलज्ञान होनेवाला हो उसको छद्मस्थ वीतराग (बारहवें गुणस्थानवर्ती मुनि) कहते हैं।

प्रश्न—छद्मस्थवीतराग गुणस्थानमें मोहनीय कर्मका अभाव है इसलिये मोहनीय कर्मके निमित्तसे होनेवाले आठ परीषह वहाँ नहीं होते है यह तो ठीक है लेकिन सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमे तो मोहनीयका सद्भाव रहता है अतः वहाँ मोहनीयके निमित्तसे होनेवाले नाग्न्य आदि आठ परीषहोंका सद्भाव और बतलाना चाहिये।

उत्तर—सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमे मोहनीयकी सब प्रकृतियोंका उदय नहीं होता किन्तु सञ्वलन लोभकषायका ही उदय रहता है और वह उदय भी सूक्ष्म होता है न कि बादर। अतः यह गुणस्थान भी छद्मस्थवीतराग गुणस्थानके समान ही है। इसलिये इस गुणस्थानमे भी चौदह ही परीषह होते हैं।

प्रश्न—छद्मस्थवीतराग गुणस्थानमें मोहनीयके उदयका अभाव है और सूक्ष्मसाम्परायमे मोहनीयके उदयकी मन्दता है इसलिए दोनों गुणस्थानोंमे क्षुधा आदि चौदह परीषहोंका अभाव ही होगा, वहाँ उनका सहना कैसे सभव है ?

उत्तर—यद्यपि उक्त दोनों गुणस्थानोंमे चौदह परीषह नहीं होते हैं किन्तु उन परीषहोंके सहन करनेकी शक्ति होनेके कारण वहाँ चौदह परीषहोंका सद्भाव बतलाया गया है। जैसे सर्वार्थसिद्धिके देव सातवे नरक तक गमन नहीं करते है फिर भी वहाँ तक गमन करनेकी शक्ति होनेके कारण उनमे सातवे नरक पर्यन्त गमन बतलाया है।

एकादश जिने ॥ ११ ॥

सयोगकेवली नामक तेरहवें गुणस्थानमे ग्यारह परीषह होते हैं। पूर्वोक्त चौदह परीषहोंमेसे अलाभ, प्रज्ञा और अज्ञानको छोड़कर शेष ग्यारह परीषहोंका सद्भाव वेदनीय कर्मके सद्भावके कारण बतलाया गया है।

प्रश्न—तेरहवे गुणस्थानमे मोहनीयके उदयके अभावमे क्षुधा आदिकी वेदना नहीं हो सकती है फिर ये परीषह कैसे उत्पन्न होते हैं ?

उत्तर—तेरहवें गुणस्थानमें क्षुधा आदिकी वेदनाका अभाव होने पर भी वेदनीय द्रव्य कर्मके सद्भावके कारण वहाँ ग्यारह परीषहोंका सद्भाव उपचारसे समझना चाहिये। जैसे ज्ञानावरण कर्मके नष्ट हो जानेसे जिनेन्द्र भगवान्मे चिताका निरोध करने स्वरूप ध्यान नही होता है फिर भी चिताको करने वाले कर्मके अभाव (निरोध) हो जानेसे उपचारसे वहाँ ध्यानका सद्भाव माना गया है। यही बात वहाँ परीषहोंके सद्भावके विषयमे है। यदि केवली भगवान्मे क्षुधा आदि वेदनाका सद्भाव माना जाय तो कवलाहारका भी प्रसङ्ग उनके होगा। लेकिन ऐसा मानना ठीक नही है। क्योंकि अनन्त सुखके उदय होने से जिनेन्द्र भगवान्के कवलाहार नही होता है। कवलाहार वही करता है जो क्षुधाके क्लेशसे पीड़ित होता है। यद्यपि जिनेन्द्रके वेदनीयके उदयका सद्भाव रहता है लेकिन वह मोहनीयके अभावमे अपना कार्य नही कर सकता जैसे सेनापतिके अभावमे सेना कुछ काम नहीं कर सकती।

अथवा उक्त सूत्रमे न शब्द का अध्याहार करना चाहिये। न शब्दका अध्याहार करनेसे "एकादश जिने न" ऐसा सूत्र होगा जिसका अर्थ होगा कि जिनेन्द्र भगवान्के ग्यारह परीषह नहीं होते है।

प्रमेयकमलमार्तण्डमें एकादश शब्दका यह अर्थ किया गया है—एकेन अधिका न दश इति एकादश अर्थात् एक+अ+दश एक और दश (ग्यारह) परीषह जिनेन्द्रके नहीं होते हैं।

बादरसाम्पराये सर्वे ॥ १२ ॥

बादरसाम्पराय अर्थात् स्थूल कषायवाले छठवें, सातवे, आठवे और नवमें इन चार गुणस्थानोंमें सम्पूर्ण परीषह होते हैं। इसका तात्पर्य यह है कि सामायिक, छेदोपस्थापना और परिहारविशुद्धि इन तीन चारित्रोंमें सब परीषह होते हैं।

कौन परीषह किस कर्मके उदयसे होता है ?

ज्ञानावरणे प्रज्ञाऽज्ञाने ॥ १३ ॥

ज्ञानावरण कर्मके उदयसे प्रज्ञा और अज्ञान ये दो परीषह होते हैं।

प्रश्न—ज्ञानावरण कर्मके उदयसे अज्ञानपरिषह होता है यह तो ठीक है किन्तु प्रज्ञापरीषह भी ज्ञानावरणके उदयसे होता है यह ठीक नहीं है। क्योंकि प्रज्ञापरीषह अर्थात् ज्ञानका मद ज्ञानावरणके विनाश होनेपर होता है अतः वह ज्ञानावरणके उदयसे कैसे हो सकता है ?

उत्तर—प्रज्ञा क्षायोपशमिकी है अर्थात् मतिज्ञानावरण और श्रुतज्ञानावरणके क्षयोपशम होनेपर और अवधिज्ञानावरण आदिके सद्भाव होनेपर प्रज्ञाका मद होता है। सम्पूर्ण ज्ञानावरणके क्षय हो जानेपर ज्ञानका मद नहीं होता है। अतः प्रज्ञापरीषह ज्ञानावरणके उदयसे ही होता है।

दर्शनमोहान्तराययोरदर्शनालाभौ ॥ १४ ॥

दर्शनमोहनीयके उदयसे अदर्शनपरीषह और अन्तराय कर्मके उदयसे अलाभ परीषह होता है।

चारित्रमोहे नाग्न्यारतिस्त्रीनिषद्याक्रोशयाचनासत्कारपुरस्काराः ॥ १५ ॥

चारित्र मोहनीयके उदयसे नाग्न्य, अरति, स्त्री, निषद्या, आक्रोश, याचना और सत्कारपुरस्कार ये सात परीषह होते हैं। ये परीषह पुंवेद आदिके उदयके कारण होते हैं। मोहके उदयसे प्राणिपीड़ा होती है और प्राणिपीड़ाके परिहारके लिये निषद्या परीषह होता है अतः यह भी मोहके उदयसे होता है।

वेदनीये शेषाः ॥ १६ ॥

वेदनीय कर्मके उदयसे क्षुधा, तृषा, शीत, उष्ण, दंशमशक, चर्या, शय्या, वध, रोग, तृणस्पर्श और मल ये ग्यारह परीषह होते हैं।

एक साथ एक जीवके होनेवाले परीषहोंकी संख्या—

एकादयो भाज्या युगपदेकस्मिन्नेकोनविंशतिः ॥ १७ ॥

एक साथ एक जीवके एकको आदि लेकर उन्नीस परीषह तक हो सकते हैं।

एक जीवके एक कालमें अधिकसे अधिक उन्नीस परीषह हो सकते हैं। क्योंकि शीत

और उष्ण इन दो परीषहोंमे से एक कालमें एक ही परीषह होगा तथा चर्या, शय्या और निषद्या इन तीन परीषहोंमें से एक कालमें एक ही परीषह होगा। इस प्रकार बाईस परीषहों में से तीन परीषह घट जाने पर एक साथ उन्नीस परीषह ही हो सकते है, अधिक नहीं।

प्रश्न—प्रज्ञा और अज्ञान परीषहमे परस्परमे विरोध है अतः ये दोनों परीषह एक साथ कैसे होंगे ?

उत्तर—श्रुतज्ञानके होनेपर प्रज्ञापरीषह होता है और अवधि, मनःपर्यय और केवलज्ञानके अभावमें अज्ञान परीषह होता है अतः ये दोनो परीषह एक साथ हो सकते है।

चारित्रका वर्णन—

सामायिकछेदोपस्थापनापरिहारविशुद्धिसूक्ष्मसाम्पराययथाख्यातमिति चारित्रम् ॥ १८ ॥

सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि, सूक्ष्मसाम्पराय और यथाख्यात ये पॉच चारित्र हैं। सूत्रमे 'इति' शब्द समाप्तिवाचक है जिसका अर्थ है कि यथाख्यात चारित्रसे कर्मोंका पूर्ण क्षय होता है। दश प्रकारके धर्मोंमे जो संयमधर्म बतलाया गया है वह चारित्र ही है लेकिन पुनः यहॉ चारित्रका वर्णन इस बातको बतलाता है कि चारित्र निर्वाणका साक्षात् कारण है।

सम्पूर्ण पापोंके त्याग करनेको सामायिक चारित्र कहते है। इसके दो भेद है–परिमित काल सामायिक और अपरिमितकाल सामायिक। स्वाध्याय आदि करनेमे परिमितकाल सामायिक होता है और ईर्यापथ आदिमें अपरिमितकाल सामायिक होता है।

प्रमादके वशसे अहिंसा आदि व्रतोंमें दूषण लग जाने पर आगमोक्त विधिसे उस दोषका प्रायश्चित्त करके पुनः व्रतोंका ग्रहण करना छेदोपस्थापना चारित्र है। व्रतोंमे दोष लग जाने पर पक्ष, मास आदिकी दीक्षाका छेद (नाश) करके पुनः व्रतोंमे स्थापना करना अथवा सङ्कल्प और विकल्पोंका त्याग करना भी छेदोपस्थापना चारित्र है।

जिस चारित्रमें जीवोंकी हिंसाका त्याग होनेसे विशेष शुद्धि (कर्ममलका नाश) हो उसको परिहारविशुद्धि चारित्र कहते है। जिस मुनिकी आयु बत्तीस वर्षकी हो, जो बहुत काल तक तीर्थंकरके चरणोंमे रह चुका हो, प्रत्याख्यान नामक नवम पूर्वमे कहे गये सम्यक् आचारका जानने वाला हो, प्रमाद रहित हो और तीनों सन्ध्याओं को छोड़कर केवल दो गव्यूति (चार मील) गमन करने वाला हो उस मुनिके परिहारविशुद्धि चारित्र होता है। तीर्थंकरके पादमूलमें रहनेका काल वर्षपृथक्त्व (तीन वर्षसे अधिक और नौ वर्षसे कम) है।

जिस चारित्रमें अति सूक्ष्म लोभ कषायका उदय रहता है उसको सूक्ष्मसाम्पराय चारित्र कहते हैं।

सम्पूर्ण मोहनीयके उपशम या क्षय होने पर आत्माके अपने स्वरूपमे स्थिर होनेको यथाख्यात चारित्र कहते है। यथाख्यातका अर्थ है कि आत्माके स्वरूपको जैसा का तैसा कहना। यथाख्यातका दूसरा नाम अथाख्यात भी है जिसका अर्थ है कि इस प्रकारके उत्कृष्ट चारित्रको जीवने पहिले प्राप्त नही किया था और मोहके क्षय या उपशम हो जाने पर प्राप्त किया है। सामायिक आदि चारित्रोंमे उत्तरोत्तर गुणोंकी उत्कृष्टता होनेसे इनका क्रम से वर्णन किया गया है।

बाह्य तप—

अनशनावमौदर्यवृत्तिपरिसंख्यानरसपरित्यागविविक्तशय्यासनकाय-क्लेशाः बाह्यं तपः ॥ १९ ॥

अनशन, अवमौदर्य, वृत्तिपरिसंख्यान, रसपरित्याग, विविक्तशय्यासन और काय-क्लेश ये छह बाह्य तप हैं।

फलकी अपेक्षा न करके संयमकी वृद्धिके लिये, रागके नाशके लिये, कर्मोंके क्षयके लिये, ध्यानप्राप्ति और शास्त्राभ्यास आदिके लिये जो उपवास किया जाता है वह अनशन है। संयममें सावधान रहनेके लिये, पित्त, श्लेष्म आदि दोषोंके उपशमनके लिये, ज्ञान, ध्यान आदिकी सिद्धिके लिये कम भोजन करना अवमौदर्य है। वृत्ति अर्थात् भोजनकी प्रवृत्तिमें परिसंख्यान अर्थात् सब प्रकारसे मर्यादा करना वृत्तिपरिसंख्यान है। तात्पर्य यह है कि भोजनको जाते समय एक घर, एक गली आदिमें भोजन करनेका नियम करना वृत्तिपरिसंख्यान है। इन्द्रियोंके निग्रहके लिये, निद्राको जीतनेके लिये और स्वाध्याय आदिकी सिद्धिके लिये घृत आदि रसोंका त्याग कर देना रसपरित्याग है। ब्रह्मचर्यकी सिद्धि और स्वाध्याय, ध्यान आदिकी प्राप्तिके लिये प्राणीपीड़ासे रहित एकान्त और शून्य घर गुफा आदिमें सोना और बैठना विविक्तशय्यासन है। गर्मीमे, घाममें, शीत ऋतुमें खुले स्थानमे और वर्षा में वृक्षोंके नीचे बैठकर ध्यान आदिके द्वारा शरीरको कष्ट देना कायक्लेश है। कायक्लेश करनेसे शारीरिक सुखोंकी इच्छा नहीं रहती है, शारीरिक दुःखोंके सहन करनेकी शक्ति आती है और जैनधर्मकी प्रभावना आदि होती है।

कायक्लेश स्वयं इच्छानुसार किया जाता है और परीषह विना इच्छाके होता है यह कायक्लेश और परीषहमें भेद है।

यह छह प्रकारका तप बाह्य वस्तुओंकी अपेक्षासे होता है और दूसरे लोगोंको प्रत्यक्ष होता है अतः इसको बाह्य तप कहते हैं।

आभ्यन्तर तप—

प्रायश्चित्तविनयवैयावृत्त्यस्वाध्यायव्युत्सर्गध्यानान्युत्तरम् ॥ २० ॥

प्रायश्चित्त, विनय, वैयावृत्त्य, स्वाध्याय, व्युत्सर्ग और ध्यान ये छह आभ्यन्तर तप हैं।

प्रमाद अथवा अज्ञानसे लगे हुए दोषोंकी शुद्धि करना प्रायश्चित्त है। उत्कृष्ट चारित्र के धारक मुनिको 'प्राय' और मनको चित्त कहते है। अतः मनकी शुद्धि करनेवाले कर्मको प्रायश्चित्त कहते हैं। ज्येष्ठ मुनियोंका आदर करना विनय है। बीमार मुनियोंकी शरीरके द्वारा अथवा पैर दबाकर या अन्य किसी प्रकारसे सेवा करना वैयावृत्त्य है। ज्ञानकी भावनामे आलस्य नहीं करना स्वाध्याय है। बाह्य और आभ्यन्तर परिग्रहका त्याग कर देना व्युत्सर्ग है। मनकी चञ्चलताको रोककर एक अर्थमें मनको लगाना ध्यान है।

इन तपोंमें आभ्यन्तर अर्थात् मनका नियमन (वशीकरण) होनेसे और दूसरे लोगो को प्रत्यक्ष न होनेसे इनको आभ्यन्तर तप कहते हैं।

आभ्यन्तर तपोंके उत्तर भेद—

नवचतुर्दशपञ्चद्विभेदा यथाक्रमम् ॥ २१ ॥

क्रमसे प्रायश्चितके नव, विनय के चार, वैयावृत्त्य के दश, स्वाध्यायके पाँच और व्युत्सर्गके दो भेद होते हैं।

प्रायश्चित्तके नव भेद—

आलोचनप्रतिक्रमणतदुभयविवेकव्युत्सर्गतपश्छेदपरिहारोपस्थापनाः ॥२२॥

आलोचन, प्रतिक्रमण, तदुभय, विवेक, व्युत्सर्ग, तप, छेद, परिहार और उपस्थापना—ये प्रायश्चित्त के नव भेद हैं।

एकान्त में बैठे हुए, प्रसन्न, दोष, देश और कालको जाननेवाले गुरुके सामने निष्कपट भावसे विनयसहित और भगवती आराधनामें बतलाये हुए दश प्रकारके दोषोंसे रहित विधिसे अपने दोषोंको प्रगट कर देना आलोचना है।

आलोचनाके दश दोष इस प्रकार हैं—१ गुरुमें अनुकम्पा उत्पन्न करके आलोचना करना आकम्पित दोष है। २ वचनोंसे अनुमान करके आलोचना करना अनुमानित दोष है। ३ लोगोंने जिस दोषको देख लिया हो उसीकी आलोचना करना दृष्टदोष है। ४ मोटे या स्थूल दोषोंकी ही आलोचना करना बादरदोष है। ५ अल्प या सूक्ष्म दोष की ही आलोचना करना सूक्ष्म दोष है। ६ किसीके द्वारा उसके दोषको प्रकाशित किये जानेपर कहना कि जिस प्रकारका दोष इसने प्रकाशित किया है उसी प्रकारका दोष मेरा भी है। इस प्रकार गुप्त दोष की आलोचना करना प्रच्छन्न दोष है। ७ कोलाहलके बीचमे आलोचना करना जिससे गुरु ठीक तरहसे न सुन सके सो शब्दाकुलित दोष है। ८ बहुत लोगोंके सामने आलोचना करना बहुजन दोष है। ९ दोषों को नही समझनेवाले गुरुके पास आलोचना करना अव्यक्तदोष है। १० ऐसे गुरुके पास उस दोषकी आलोचना करना जो दोष उस गुरुमें भी हो, यह तत्सेवी दोष है।

यदि पुरुष आलोचना करे तो एक गुरु और एक शिष्य इस प्रकार दोके आश्रयसे आलोचना होती है। और यदि स्त्री आलोचना करे तो चन्द्र, सूर्य, दीपक आदिके प्रकाशमें एक गुरु और दो स्त्रियाँ अथवा दो गुरु और एक स्त्री इस प्रकार तीनके होनेपर आलोचना होती है। आलोचना नहीं करनेवालेको दुर्धरतप भी इच्छित फलदायक नहीं होता है।

अपने दोषोंको उच्चारण करके कहना कि मेरे दोष मिथ्या हों प्रतिक्रमण है। गुरुकी आज्ञासे प्रतिक्रमण शिष्य को ही करना चाहिये और आलोचनाको देकर आचार्यको प्रतिक्रमण करना चाहिये।

शुद्ध होनेपर भी अशुद्ध होनेका संदेह या विपर्यय हो अथवा अशुद्ध होनेपर भी जहाँ शुद्धता का निश्चय हो वहाँ आलोचना और प्रतिक्रमण दोनों करना चाहिये इसको तदुभय कहते हैं। जिस वस्तुके न खानेका नियम हो उस वस्तुके बर्तन या मुखमे आ जाने पर अथवा जिन वस्तुओंसे कषाय आदि उत्पन्न हो उन सब वस्तुओंका त्याग कर देना विवेक है। नियतकाल पर्यन्त शरीर, वचन और मनका त्याग कर देना व्युत्सर्ग है। उपवास आदि छह प्रकारका बाह्यतप तप प्रायश्चित है। दिन, पक्ष, मास आदि दीक्षाका छेद कर देना छेद प्रायश्चित्त है। दिन, पक्ष, मास आदि नियत काल तक संघसे पृथक् कर देना परिहार है। महाव्रतोंका मूलच्छेद करके पुनः दीक्षा देना उपस्थापना प्रायश्चित्त है।

आलोचना आदि किन किन दोषोंके करने पर किये जाते हैं—

आचार्यसे बिना पूछे आतापन आदि योग करने पर, पुस्तक पीछी आदि दूसरोंके उपकरण लेने पर, परोक्षमें प्रमादसे आचार्यकी आज्ञाका पालन नहीं करने पर, आचार्यसे बिना पूछे आचार्यके कामको चले जाकर आनेपर, दूसरे संघसे बिना पूछे अपने संघमें आ जाने पर, नियत देश कालमें करने योग्य कार्यको धर्मकथा आदिमें व्यस्त रहनेके कारण भूल जाने पर कालान्तरमें करने पर आलोचना की जाती है। छह इन्द्रियोंमें से वचन आदि की दुष्प्रवृत्ति होनेपर, आचार्य आदिसे हाथ, पैर आदिका संघट्ट (रगड़) होजाने पर, व्रत, समिति और गुप्तियोंमें स्वल्प अतिचार लगनेपर, पैशुन्य, कलह आदि करने पर, वैयावृत्त्य, स्वाध्याय आदिमें प्रमाद करने पर, कामविकार होने पर और दूसरोंको संक्लेश आदि देनेपर प्रतिक्रमण किया जाता है। दिन और रात्रिके अन्तमें भोजन गमन आदि करने पर, केशलोंच करने पर, नखोंका छेद करने पर, स्वप्नदोष होने पर, रात्रिभोजन करने पर और पक्ष, मास, चार मास, वर्ष पर्यन्त दोष करने पर आलोचना और प्रतिक्रमण दोनों होते हैं। मौनके बिना केशलोंच करनेमें, पेटसे कीड़े निकलनेपर, हिमपात मच्छर या प्रचण्ड वायुसे संघर्ष होने पर, गीली भूमि पर चलने पर, हरे घास पर चलने पर, कीचड़में चलने पर, जङ्घातक जलमें घुसने पर, दूसरेकी वस्तुको अपने काममें लेने पर, नाव आदिसे नदी पार करने पर, पुस्तकके गिर जानेपर, प्रतिमाके गिर जाने पर, स्थावर जीवोंके विघात होने पर, बिना देखे स्थानमें शौच आदि करने पर, पाक्षिक प्रतिक्रमण व्याख्यान आदि क्रियाओंके अन्तमें, अनजानमें मल निकल जाने पर व्युत्सर्ग किया जाता है। इसी प्रकार तप, छेद आदि करनेके विषयमें आगमसे ज्ञान कर लेना चाहिये। नव प्रकारके प्रायश्चित्त करनेसे भावशुद्धि, चञ्चलताका अभाव, शल्यका परिहार और धर्ममें दृढ़ता आदि होती है।

विनयके भेद—

ज्ञानदर्शनचारित्रोपचाराः ॥ २३ ॥

ज्ञानविनय, दर्शनविनय, चारित्रविनय और उपचार विनय ये चार विनय हैं।

आलस्य रहित होकर, देश काल भाव आदि की शुद्धिपूर्वक, विनय सहित मोक्षके लिये यथाशक्ति ज्ञानका ग्रहण, स्मरण आदि करना ज्ञानविनय है। तत्त्वोंके श्रद्धानमें शंका, कांक्षा आदि दोषोंका न होना दर्शनविनय है। निर्दोष चारित्रका स्वयं पालन करना और चारित्र धारक पुरुषोंकी भक्ति आदि करना चारित्रविनय है। आचार्य, उपाध्याय, आदिको देखकर खड़े होना, नमस्कार करना तथा उनके परोक्षमें परोक्ष विनय करना, उनके गुणोंका स्मरण करना आदि उपचार विनय है। विनयके होने पर ज्ञानलाभ, आचारविशुद्धि सम्यगाराधना आदि होती है।

वैयावृत्यके भेद—

आचार्योपाध्यायतपस्विशैक्ष्यग्लानगणकुलसङ्घसाधुमनोज्ञानाम् ॥ २४ ॥

आचार्य, उपाध्याय, तपस्वी, शैक्ष्य, ग्लान, गण, कुल, संघ, साधु और मनोज्ञ इन दश प्रकारके मुनियोंकी सेवा करना सो दश प्रकारका वैयावृत्त्य है।

जो स्वयं व्रतोंका आचरण करते हैं और दूसरोंको कराते हैं उनको आचार्य कहते हैं। जिनके पास शास्त्रोंका अध्ययन किया जाता है वे उपाध्याय हैं। जो महोपवास आदि

तपोंको करते हैं वे तपस्वी हैं। शास्त्रोंके अध्ययन करनेमे तत्पर मुनियोंको शैक्ष्य कहते हैं। रोग आदिसे जिसका शरीर पीड़ित हो उस मुनिको ग्लान कहते है। वृद्ध मुनियोंके समूहको गण कहते हैं। दीक्षा देनेवाले आचार्यके शिष्योंके समूहको कुल कहते हैं। ऋषि, मुनि यति और अनगार इन चार प्रकारके मुनियोंके समूहको संघ कहते है अथवा मुनि, आर्यिका, श्रावक और श्राविकाओंके समूहको संघ कहते हैं। जो चिरकालसे दीक्षित हो उसको साधु कहते हैं। वक्तृत्व आदि गुणोंसे शोभित और लोगों द्वारा प्रशंसित मुनिको मनोज्ञ कहते हैं। इस प्रकारके असयत सम्यग्दृष्टिको भी मनोज्ञ कहते हैं।

इन दश प्रकारके मुनियोंको व्याधि होनेपर प्रासुक, औषधि, भक्तपान आदि पथ्यवस्तु, स्थान और संस्तरण आदिके द्वारा उनकी वैयावृत्ति करना चाहिये। इसी प्रकार धर्मोपकरणों को देकर, परीषहोंका नाश कर, मिथ्यात्व आदिके होनेपर सम्यक्त्वमें स्थापना करके तथा बाह्य वस्तुके न होनेपर अपने शरीरसे ही श्लेष्म आदि शरीरमलको पोछ करके वैयावृत्ति करनी चाहिये। वैयावृत्य करनेसे समाधिकी प्राप्ति, ग्लानिका अभाव और प्रवचन वात्सल्य आदि की प्रकटता होती है।

स्वाध्यायके भेद—

वाचनापृच्छनानुप्रेक्षाम्नायधर्मोपदेशाः ॥ २५ ॥

वाचना, पृच्छना, अनुप्रेक्षा, आम्नाय और धर्मोपदेश ये स्वाध्यायके पाँच भेद हैं।

फलकी अपेक्षा न करके शास्त्र पढ़ना शास्त्रका अर्थ कहना और अन्य जीवोंके लिये शास्त्र और अर्थ दोनोंका व्याख्यान करना वाचना है। सशयको दूर करनेके लिये अथवा निश्चयको दृढ़ करनेके लिये ज्ञात अर्थको गुरुसे पूछना पृच्छना है। अपनी उन्नति दिखाने, पर प्रतारण, उपहास आदिके लिये की गई पृच्छना सवरका कारण नहीं होती है।

एकाग्र मनसे जाने हुए अर्थका बार बार अभ्यास या विचार करना अनुप्रेक्षा है। शुद्ध उच्चारण करते हुए पाठ करनेको आम्नाय कहते हैं। दृष्ट और अदृष्ट फलकी अपेक्षा न करके असंयमको दूर करनेके लिये, मिथ्यामार्गका नाश करनेके लिये और आत्माके कल्याण के लिये धर्मकथा आदिका उपदेश करना धर्मोपदेश है।

स्वाध्याय करनेसे बुद्धि बढ़ती है, अध्यवसाय प्रशस्त होता है, तपमे वृद्धि होती है। प्रवचनकी स्थिति होती है, अतीचारोंकी शुद्धि होती है। सशयका नाश होता है, मिथ्यावादियोंका भय नहीं रहता है और संवेग होता है।

व्युत्सर्गके भेद—

बाह्याभ्यन्तरोपध्योः ॥ २६ ॥

बाह्योपधि व्युत्सर्ग और आभ्यन्तरोपधि व्युत्सर्ग ये दो व्युत्सर्ग हैं। धन, धान्य आदि बाह्यपरिग्रहका त्याग करना बाह्योपधि व्युत्सर्ग है और काम, क्रोध, आदि आत्माके दुष्ट भावोंका त्याग करना आभ्यन्तरोपधिव्युत्सर्ग है। नियत काल तक अथवा यावज्जीवनके लिये शरीरका त्याग कर देना सो भी आभ्यन्तरोपधि व्युत्सर्ग है। व्युत्सर्गसे निर्ममत्व, निर्भयता, दोषोंका नाश, जीनेकी आशाका नाश और मोक्षमार्गमें तत्परता आदि होती हैं।

ध्यानका स्वरूप—

उत्तमसंहननस्यैकाग्रचिन्तानिरोधो ध्यानमान्तर्मुहूर्तात् ॥२७॥

चित्तको अन्य विकल्पोंसे हटाकर एक ही अर्थमें लगानेको ध्यान कहते हैं। ध्यान उत्तमसंहनन वालोंके अन्तर्मुहूर्त तक हो सकता है।

वज्रवृषभनाराच,वज्रनाराच और नाराच ये तीन उत्तम संहनन कहलाते हैं। ध्यानके आलम्बन भूत द्रव्य या पर्याय को 'अग्र' और एक 'अग्र' प्रधान वस्तुको 'एकाग्र' कहते है। एकाग्रमे चिन्ताका निरोध करना अर्थात् अन्य अर्थोंकी चिन्ता या विचार छोड़कर एक ही अर्थका विचार करना ध्यान कहलाता है। ध्यानका विषय एक ही अर्थ होता है। जबतक चित्तमे नाना प्रकारके पदार्थोंके विचार आते रहेगे तब तक वह ध्यान नही कहला सकता। अतः एकाग्रचिन्तानिरोधका ही नाम ध्यान है। ध्यानका काल अन्तर्मुहूर्त है। किसी एक अर्थमे बहुतकाल तक चित्तको लगाना अधिक कठिन है अतः अन्तर्मुहूर्तके बाद एकाग्र-चिन्तानिरोध नहीं हो सकता। यदि अन्तर्मुहूर्तके लिये निश्चल रूपसे एकाग्रचिन्तानिरोध हो जाय तो सर्व कर्मोंका क्षय शीघ्र हो जाता है।

प्रश्न—चिन्ताके निरोध करनेको ध्यान कहा गया है और निरोध अभावको कहते हैं। यदि एक अर्थमें चिन्ताका अभाव (एकाग्र चिन्ता निरोध) ध्यान है तो ध्यान गगन-कुसुमकी तरह असत् हो जायगा।

उत्तर—ध्यान सत् भी है और असत् भी है। ध्यानमें केवल एक ही अर्थकी चिन्ता रहती है अतः ध्यान सत् है तथा अन्य अर्थोंकी चिन्ता नहीं रहती है अतः ध्यान असत् भी है। अथवा निरोध शब्दका अर्थ अभाव नहीं करेगे। जब निरोध शब्द भाववाचक होता है तब उसका अर्थ अभाव होता है और जब कर्मवाचक होता है तब उसका अर्थ होता है वह वस्तु जो निरुद्धकी गई (रोकी गई) हो। अतः इस अर्थमें एक अर्थमें अविचल ज्ञानका नाम ही ध्यान होगा। निश्चल दीपशिखाकी तरह निस्तरङ्ग ज्ञानको ही ध्यान कहते है।

तीन उत्तम संहननोंमें से प्रथम संहननसे ही मुक्ति होती है। अन्य दो संहननोंसे ध्यान तो होता है किन्तु मुक्ति नही होती है।

ध्यानके भेद—

आर्त्तरौद्रधर्म्यशुक्लानि ॥ २८ ॥

आर्त्तध्यान, रौद्रध्यान, धर्म्यध्यान और शुक्लध्यान ये ध्यानके चार भेद हैं।

दुःखावस्थाको प्राप्त जीवका जो ध्यान (चिन्ता) है उसको आर्त्तध्यान कहते हैं। रुद्र (क्रूर) प्राणी द्वारा किया गया कार्य अथवा विचार रौद्रध्यान है। वस्तुके स्वरूपमे चित्तको लगाना धर्म्यध्यान है। जीवोंके शुद्ध परिणामोंसे जो ध्यान किया जाता है वह शुक्लध्यान है।

प्रथम दो ध्यान पापास्रवके कारण होनेसे अप्रशस्त ध्यान कहलाते है और कर्ममलको नष्ट करनेमे समर्थ होनेके कारण धर्म्य और शुक्ल ध्यान प्रशस्त ध्यान कहलाते हैं।

परे मोक्षहेतू ॥ २९ ॥

इनमे धर्म्य और शुक्ल ध्यान मोक्षके कारण हैं। धर्म्यध्यान परम्परासे मोक्षका

कारण होता है और शुक्ल ध्यान साक्षात् मोक्षका कारण होता है, लेकिन उपशम श्रेणीकी अपेक्षासे तीसरे भवमे मोक्षका दायक होता है।

जब धर्म्य और शुक्लध्यान मोक्षके कारण हैं तो यह स्वयं सिद्ध है कि आर्त और रौद्र ध्यान संसारके कारण हैं।

आर्त्तध्यानका स्वरूप और भेद—

आर्त्तममनोज्ञस्य सम्प्रयोगे तद्विप्रयोगाय स्मृतिसमन्वाहारः ॥ ३० ॥

अनिष्ट पदार्थके संयोग हो जाने पर उस अर्थको दूर करनेके लिये बार बार विचार करना सो अनिष्टसंयोगज नामक प्रथम आर्त्तध्यान है। अनिष्ट अर्थ चेतन और अचेतन दोनों प्रकारका होता है। कुरूप दुर्गन्धयुक्त शरीर सहित स्त्री आदि तथा भयको उत्पन्न करने वाले शत्रु, सर्प आदि अमनोज्ञ चेतन पदार्थ हैं। और शस्त्र, विष, कण्टक आदि अमनोज्ञ अचेतन पदार्थ है।

विपरीतं मनोज्ञस्य ॥ ३१ ॥

स्त्री, पुत्र, धान्य आदि इष्ट पदार्थके वियोग होजाने पर उसकी प्राप्तिके लिये बार बार विचार करना सो इष्टसयोगज नामक द्वितीय आर्त्तध्यान है।

वेदनायाश्च ॥ ३२ ॥

वेदना (रोगादि) के होनेपर उसको दूर करनेके लिये बार बार विचार करना सो वेदनाजन्य तृतीय आर्त्तध्यान है। रोगके होनेपर अधीर हो जाना, यह रोग मुझे बहुत कष्ट दे रहा है, इस रोगका नाश कब होगा इस प्रकार सदा रोगजन्य दुःखका ही विचार करते रहनेका नाम तृतीय आर्त्तध्यान है।

निदानञ्च ॥ ३३ ॥

भविष्य कालमें भोगोंकी प्राप्तिकी आकाक्षामे चित्तको बार बार लगाना सो निदानज नामक चतुर्थ आर्त्तध्यान है।

आर्त्तध्यानके स्वामी—

तदविरतदेशविरतप्रमत्तसंयतानाम् ॥ ३४ ॥

ऊपर कहा हुआ चार प्रकारका आर्त्तध्यान अविरत, देशविरत और प्रमत्तसयतोंके होता है। व्रतोंका पालन न करनेवाले प्रथम चार गुणस्थानोंके जीव अविरत कहलाते हैं। पञ्चम गुणस्थानवर्ती श्रावक देशविरत हैं। और पन्द्रह प्रमादसहित छठवे गुणस्थानवर्ती मुनिको प्रमत्तसयत कहते हैं। प्रथम पॉच गुणस्थानवर्ती जीवोंके चारों प्रकारका आर्त्तध्यान होता है लेकिन छठवे गुणस्थानवर्ती मुनिके निदानको छोड़कर अन्य तीन आर्त्तध्यान होते है।

प्रश्न—देशविरतके निदान आर्त्तध्यान नहीं हो सकता है क्योंकि निदान एक शल्य है और शल्य सहित जीवके व्रत नहीं हो सकते है। तात्पर्य यह है कि देशविरतके निदान शल्य नहीं हो सकती है।

उत्तर—देशविरत अणुव्रतोंका धारी होता है और अणुव्रतोंके साथ स्वल्प निदान

रह भी सकता है। अतः देशविरतमें चारों आर्त्तध्यान होते हैं। प्रमत्तसंयतके प्रमादके उदयकी अधिकता होनेसे तीन आर्त्तध्यान कभी कभी होते हैं।

रौद्रध्यानका स्वरूप व स्वामी—

हिंसानृतस्तेयविषयसंरक्षणेभ्यो रौद्रमविरतदेशविरतयोः ॥ ३५ ॥

हिंसा, झूठ, चोरी और विषयसंरक्षण (विषयोंमें इन्द्रियों की प्रवृत्ति) इन चार वृत्तियोंसे रौद्रध्यान होता है। इन चार कार्योंके विषयमे सदा विचार करते रहना और इन कार्यो मे प्रवृत्ति करना सो रौद्रध्यान है। रौद्रध्यान अविरत और देशविरत गुणस्थानवर्ती जीवोंके होता है।

प्रश्न—अविरत जीवके रौद्रध्यानका होना तो ठीक है लेकिन देशविरतके रौद्रध्यान कैसे हो सकता है ?

उत्तर—देशविरतके भी रौद्र ध्यान कभी कभी होता है। क्योंकि एकदेशसे विरत होनेके कारण कभी कभी हिंसा आदिमे प्रवृत्ति और धनसंरक्षण आदिकी इच्छा होनेसे देश विरतके रौद्रध्यान होता है। लेकिन सम्यग्दर्शन सहित होनेके कारण इसका रौद्रध्यान नरकादि गतियोंका कारण नही होता है। सम्यग्दर्शन सहित जीव नारकी, तिर्यञ्च, नपुंसक और स्त्री पर्यायमे उत्पन्न नहीं होता है तथा दुष्कुल, अल्पायु और दरिद्रताको प्राप्त नहीं करता है। प्रमत्तसंयतके रौद्रध्यान नही होता है क्योंकि रौद्रध्यानके होने पर असंयम हो जाता है।

धर्मध्यानका स्वरूप व भेद—

आज्ञापायविपाकसंस्थानविचयाय धर्म्यम् ॥ ३६ ॥

आज्ञाविचय अपायविचय विपाकविचय और संस्थानविचय, ये धर्म्यध्यानके चार भेद है। आज्ञा, अपाय, विपाक और संस्थान इनके विषयमे चिन्तवन करनेको धर्म्य ध्यान कहते हैं।

आज्ञाविचय—आप्तवक्ताके न होनेपर, स्वय मन्दबुद्धि होनेपर, पदार्थो के अत्यन्त सूक्ष्म होनेके कारण, हेतु, दृष्टान्त आदिका अभाव होने पर जो आसन्न भव्य जीव सर्वज्ञप्रणीत शास्त्रको प्रमाण मानकर यह स्वीकार करता है कि जैनागममे वस्तुका जो स्वरूप बतलाया वह वैसा ही है, जिनेन्द्र भगवान्‌का उपदेश मिथ्या नही होता है। इस प्रकार अत्यन्त सूक्ष्म पदार्थके विषयमे जिनेन्द्रकी आज्ञाको प्रमाण मानकर अर्थके स्वरूपका निश्चय करना आज्ञाविचय है। अथवा वस्तुके तत्त्वको यथावत् जाननेपर भी उस वस्तुको प्रतिपादन करनेकी इच्छासे तर्क, प्रमाण और नयके द्वारा उस वस्तुके स्वरूपका चिन्तवन या प्रतिपादन करना आज्ञाविचय है।

अपायविचय—मिथ्यादृष्टि जीव जन्मान्धके समान है वे सर्वज्ञ वीतराग प्रणीत मार्गसे पराङ्मुख रहते हुए भी मोक्षकी इच्छा करते है लेकिन उसके मार्गको नहीं जानते हैं। इस प्रकार सन्मार्गके विनाशका विचार करना अपायविचय है। अथवा इन प्राणियोंके मिथ्यादर्शन, मिथ्याज्ञान और मिथ्याचारित्रका विनाश कैसे होगा इस पर विचार करना अपायविचय है।

विपाकविचय—द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भावके अनुसार होनेवाले ज्ञानावरण आदि आठ कर्मोंके फलका विचार करना विपाकविचय है।

संस्थानविचय—तीन लोकके आकारका विचार करना सस्थान विचय है।

उक्त चार प्रकारके ध्यानको धर्म्यध्यान कहते हैं क्योंकि इनमे उत्तम क्षमा आदि दश धर्मोंका सद्भाव पाया जाता है। धर्मके अनेक अर्थ होते हैं। वस्तुके स्वभावको धर्म कहते हैं। उत्तम क्षमा आदिको धर्म कहते हैं। चारित्रको धर्म कहते हैं। जीवोंकी रक्षाको धर्म कहते है।

अप्रमत्त संयत मुनिके साक्षात् धर्म्यध्यान होता है और अविरत, देशविरत और प्रमत्तसंयत जीवोंके गौण धर्म्य ध्यान होता है।

शुक्लध्यानके स्वामी—

शुक्ले चाद्ये पूर्वविदः ॥ ३७ ॥

पृथक्त्ववितर्क और एकत्ववितर्क ये दो शुक्लध्यान पूर्वज्ञानधारी श्रुतकेवलीके होते हैं। 'च' शब्दसे श्रुतकेवलीके धर्म्य ध्यान भी होता है। श्रुतकेवलीके श्रेणी चढ़नेके पहिले धर्म्य ध्यान होता है। दोनों श्रेणियोंमें पृथक्त्ववितर्क और एकत्ववितर्क ये दो शुक्ल ध्यान होते हैं। श्रुतकेवलीके आठवें गुणस्थानसे पहिले धर्म्यध्यान होता है और आठवें नवें, दशवे और ग्यारहवे गुणस्थानोंमें पृथक्त्व वितर्क शुक्लध्यान होता है और बारहवें गुणस्थानमें एकत्ववितर्क शुक्लध्यान होता है।

परे केवलिनः ॥ ३८ ॥

सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति शुक्लध्यान सयोगकेवलीके और व्युपरतक्रियानिवर्ति शुक्लध्यान अयोगकेवलीके होता है।

शुक्लध्यानके भेद—

पृथक्त्वैकत्ववितर्कसूक्ष्मक्रियाप्रतिपातिव्युपरतक्रियानिवर्तीनि ॥ ३९ ॥

पृथक्त्ववितर्क, एकत्ववितर्क, सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति और व्युपरतक्रियानिवर्ति—ये चार शुक्लध्यानके भेद है।

पैरोंसे गमन न करके पद्मासनसे ही गमन करनेको सूक्ष्मक्रिया कहते हैं। इस प्रकार की सूक्ष्मक्रिया जिसमें पाई जाय वह सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति शुक्लध्यान है और जिसमे सूक्ष्मक्रियाका भी विनाश हो गया हो वह व्युपरतक्रियानिवर्ति शुक्लध्यान है।

शुक्लध्यानके आलम्बन—

त्र्येकयोगकाययोगायोगानाम् ॥ ४० ॥

उक्त चार शुक्लध्यान क्रमसे तीन योग, एक योग, काययोग और योगरहित जीवों के होते हैं। अर्थात् मन, वचन और काययोगवाले जीवोंके पृथक्त्ववितर्क, तीन योगों मे से एकयोगवाले जीवोंके एकत्ववितर्क, काययोगवालोंके सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति और योगरहित जीवोंके व्युपरतक्रियानिवर्ति शुक्ल ध्यान होता है।

आदिके दो ध्यानोकी विशेषता—

एकाश्रये सवितर्कवीचारे पूर्वे ॥ ४१ ॥

पृथक्त्ववितर्क और एकत्ववितर्क ये दो शुक्लध्यान परिपूर्ण श्रुतज्ञान धारी जीवके

होते हैं तथा वितर्क और वीचार सहित होते हैं। सम्पूर्ण श्रुतज्ञानका धारी जीव ही इन ध्यानोंका प्रारम्भ करता है।

अवीचारं द्वितीयम् ॥ ४२ ॥

लेकिन दूसरा शुक्लध्यान वीचाररहित है। अतः पहिले शुक्ल ध्यानका नाम पृथक्त्ववितर्कवीचार है और द्वितीय शुक्लध्यानका नाम एकत्ववितर्कावीचार है।

वितर्कका लक्षण—

वितर्कः श्रुतम् ॥ ४३ ॥

श्रुतज्ञानको वितर्क कहते हैं। वितर्कका अर्थ है विशेषरूपसे तर्क या विचार करना। प्रथम और द्वितीय शुक्लध्यान श्रुतज्ञानके बलसे होते हैं अतः दोनों ध्यान सवितर्क हैं।

वीचारका लक्षण—

वीचारोऽर्थव्यञ्जनयोगसङ्क्रान्तिः ॥ ४४ ॥

अर्थ, व्यञ्जन और योगकी संक्रान्ति (परिवर्तन) को वीचार कहते हैं।

ध्यान करने योग्य पदार्थ (द्रव्य या पर्याय) को अर्थ कहते हैं। वचन या शब्द को व्यञ्जन कहते हैं। और मन, वचन और कायके व्यापारको योग कहते हैं। संक्रान्तिका अर्थ है परिवर्तन।

अर्थसंक्रान्ति—द्रव्यको छोड़कर पर्यायका ध्यान करना और पर्यायको छोड़कर द्रव्यका ध्यान करना इस प्रकार बार बार ध्येय अर्थमें परिवर्तन होना अर्थसंक्रान्ति है।

व्यञ्जनसंक्रान्ति—श्रुतज्ञानके किसी एक शब्दको छोड़कर अन्य शब्दका आलम्बन लेना और उसको छोड़कर पुनः अन्य शब्दको ग्रहण करना व्यञ्जनसंक्रान्ति है।

योगसंक्रान्ति—काय योग को छोड़कर मनोयोग या वचनयोगको ग्रहण करना और इनको छोड़कर पुनः काययोगको ग्रहण करना योगसंक्रान्ति है।

प्रश्न—इस प्रकारकी संक्रान्ति होनेसे ध्यानमें स्थिरता नहीं रह सकती है और स्थिरता न होनेसे वह ध्यान नहीं हो सकता क्योंकि एकाग्रचिन्तानिरोधका नाम ध्यान है।

उत्तर—ध्यानकी सन्तानको भी ध्यान कहते हैं। द्रव्यकी सन्तान पर्याय है। एक शब्दकी सन्तान दूसरा शब्द है। एक योगकी सन्तान दूसरा योग है। अतः एक सन्तानको छोड़कर दूसरी सन्तानका ध्यान करनेसे वह ध्यान एक ही रहेगा। एक सन्तानके ध्यानसे दूसरी सन्तानका ध्यान भिन्न नहीं है। अतः संक्रान्ति होनेपर भी ध्यानमें स्थिरता मानी जायगी।

गुप्ति आदिमें अभ्यस्त, द्रव्य और पर्याय की सूक्ष्मताका ध्यान करनेवाले, वितर्ककी सामर्थ्यको प्राप्तकर अर्थ और व्यञ्जन तथा काययोग और वचनयोगको पृथक् पृथक् रूपसे संक्रमण करनेवाले मन द्वारा जैसे कोई असमर्थ बालक अतीक्ष्ण कुठारसे वृक्षको काटता है उसी प्रकार मोहनीय कर्मकी प्रकृतियोंका उपशम या क्षय करनेवाले मुनिके पृथक्त्ववितर्क शुक्लध्यान होता है।

मोहनीय कर्मका समूल नाश करनेकी इच्छा करनेवाले, अनन्तगुणविशुद्धिसहित योगविशेषके द्वारा ज्ञानावरणकी सहायक प्रकृतियोंके बन्धका निरोध और स्थितिका ह्रास

करनेवाले, श्रुतज्ञानोपयोगवाले, अर्थ व्यञ्जन और योगकी संक्रान्ति रहित, क्षीणकषाय गुणस्थानवर्ती मुनिके एकत्ववितर्क शुक्लध्यान होता है। एकत्ववितर्कध्यानवाला मुनि उस अवस्थासे नीचेकी अवस्थामे नहीं आता है।

एकत्ववितर्क ध्यानके द्वारा जिसने घातिया कर्मोंका नाश कर दिया है, जिसके केवल ज्ञानरूपी सूर्यका उदय हो गया है ऐसे तीन लोकमे पूज्य तीर्थकर, सामान्यकेवली अथवा गणधरकेवली उत्कृष्ट कुछ कम एक पूर्वकोटी भूमण्डलमें विहार करते हैं। जब अन्तर्मुहूर्त आयु शेष रह जाती है और वेदनीय, नाम और गोत्र कर्मों की स्थिति भी अन्तर्मुहूर्त रहती है तब वे सम्पूर्ण मन और वचन योग तथा वादर काययोगको छोड़कर सूक्ष्म काययोगमे स्थित होकर सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति ध्यानको करते हैं। और जब वेदनीय नाम और गोत्र कर्मकी स्थिति आयु कर्मसे अधिक होती है तब वे चार समयोंमे दण्ड, कपाट, प्रतर और लोकपूरण समुद्घातके द्वारा आत्माके प्रदेशों को बाहर फैलाते हैं और पुनः चार समयोंमे आत्माके प्रदेशोंको समेट कर अपने शरीरप्रमाण करते हैं। ऐसा करनेसे वेदनीय नाम और गोत्रकी स्थिति आयु कर्मके बराबर हो जाती है। इस प्रकार तीर्थकर आदि दण्ड कपाट आदि समुद्घात करके सूक्ष्मकाययोगके आलम्बनसे सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति ध्यानको करते हैं।

इसके अनन्तर व्युपरतक्रियानिवर्ति ध्यान होता है। इसका दूसरा नाम समुच्छिन्न-क्रियानिवर्ति भी है। इस ध्यानमें प्राणापानक्रियाका तथा मन, वचन और काययोगके निमित्तसे होने वाले आत्माके प्रदेश परिस्पन्दनका सम्पूर्ण विनाश हो जानेसे इसको समुच्छन्नक्रिया-निवर्ति कहते हैं। इस ध्यानको करनेवाला मुनि सम्पूर्ण आस्रव और बन्धका निरोध करता है, सम्पूर्ण ज्ञान, दर्शन और यथाख्यातचारित्र को प्राप्त करता है और ध्यान रूपी अग्निके द्वारा सर्व कर्म मलका नाश करके निर्वाणको प्राप्त करता है।

सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाति और व्युपरतक्रियानिवर्ति ध्यानमे यद्यपि चिन्ताका निरोध नहीं है फिर भी उपचारसे उनको ध्यान कहते है। क्योंकि वहाँ भी अघातिया कर्मोंके नाश करने के लिये योगनिरोध करना पड़ता है। यद्यपि केवलीके ध्यान करने योग्य कुछ भी नहीं है फिर भी उनका ध्यान अधिक स्थितिवाले कर्मोंकी सम स्थिति करनेके लिये होता है। ध्यानसे प्राप्त होने वाला निर्वाण सुख है। मोहनीय कर्मके क्षयसे सुख, दर्शनावरणके क्षयसे अनन्त दर्शन, ज्ञाना वरणके क्षयसे अनन्तज्ञान, अन्तरायके क्षयसे अनन्तवीर्य, आयुके क्षयसे जन्म-मरणका नाश, नामके क्षयसे अमूर्तत्व, गोत्रके क्षयसे नीच ऊँच कुलका क्षय और वेदनीयके क्षयसे इन्द्रिय-जन्य अशुभका नाश होता है।

एक इष्ट वस्तुमे जो स्थिर बुद्धि होती है उसको ध्यान कहते है। आर्त्त, रौद्र और धर्म्य ध्यानोंकी अपेक्षा जो चञ्चल मति होती है उसको चित्त, भावना, अनुप्रेक्षा, चिन्तन, ख्यापन आदि कहते हैं।

निर्जरामे न्यूनाधिकताका वर्णन—

सम्यग्दृष्टिश्रावकविरतानन्तवियोजकदर्शनमोहक्षपकोपशमकोपशान्तमोह-क्षपकक्षीणमोहजिनाः क्रमशोऽसंख्येयगुणनिर्जराः ॥ ४५ ॥

सम्यग्दृष्टि, श्रावक, विरत, अनन्तानुबन्धीका विसयोजक, दर्शनमोहका क्षय करने वाला, चारित्रमोहका उपशम करने वाला, उपशान्तमोहवाला, क्षपक-क्षीणमोह और जिनेन्द्र भगवान् इन सबके क्रमसे असंख्यातगुणी निर्जरा होती है।

कोई जीव बहुत काल तक एकेन्द्रिय और विकलत्रय पर्यायोंमें जन्म लेनेके बाद पञ्चेन्द्रिय होकर काल लब्धि आदिकी सहायतासे अपूर्वकरण आदि विशुद्ध परिणामोंको प्राप्त कर पहिलेकी अपेक्षा कर्मोंकी अधिक निर्जरा करता है। वही जीव सम्यग्दर्शनको प्राप्त कर पहिलेसे असंख्यातगुणी निर्जराको करता है। वही जीव अप्रत्याख्यानावरण कपायका क्षयोपशम करके श्रावक होकर पहिलेसे असंख्यातगुणी निर्जरा करता है। वही जीव प्रत्याख्यानावरण कपायका क्षयोपशम करके विरत होकर पहिलेसे असंख्यातगुणी निर्जरा करता है। वही जीव अनन्तानुबन्धी चार कपायोंका विसंयोजन (अनन्तानुबन्धी कपायको अप्रत्याख्यान आदि कपायमे परिणत करना) करके पहिलेसे असंख्यातगुणी निर्जरा करता है। वही जीव दर्शनमोहकी प्रकृतियोंको क्षय करनेकी इच्छा करता हुआ परिणामोंकी विशुद्धिको प्राप्त कर पहिलेसे असंख्यातगुणी निर्जरा करता है। वही जीव क्षायिक सम्यग्दृष्टि होकर श्रेणी चढ़नेके अभिमुख होता हुआ चारित्र मोहका उपशम करके पहिलेसे असंख्यातगुणी निर्जरा करता है। वही जीव सम्पूर्ण चारित्रमोहके उपशम करनेके निमित्त मिलने पर उपशान्तकपाय नामको प्राप्त कर पहिलेसे असंख्यातगुणी निर्जरा करता है। वही जीव चारित्रमोहके क्षय करनेमे तत्पर होकर क्षपक नामको प्राप्त कर पहिलेसे असंख्यातगुणी निर्जरा करता है। वही जीव सम्पूर्ण चारित्रमोहको क्षय करनेवाले परिणामोंको प्राप्तकर क्षीणमोह होकर पहिलेसे असंख्यातगुणी निर्जराको करता है। और वही जीव घातिया कर्मोंका नाश करके जिन संज्ञाको प्राप्त कर पहिलेसे असंख्यातगुणी निर्जराको करता है।

निर्ग्रन्थोंके भेद—

पुलाकवकुशकुशीलनिर्ग्रन्थस्नातका निर्ग्रन्थाः ॥ ४६ ॥

पुलाक, बकुश, कुशील, निर्ग्रन्थ और स्नातक ये साधुओंके पॉच भेद हैं।

जो उत्तर गुणोंकी भावनासे रहित हों तथा जिनके मूल गुणोंमे भी कभी कभी दोप लग जाता हो उनको पुलाक कहते हैं। पुलाकका अर्थ है मल सहित तण्डुल। पुलाकके समान कुछ दोषसहित होनेसे मुनियोंको भी पुलाक कहते हैं।

जो मूलगुणोंका निर्दोप पालन करते हैं लेकिन शरीर और उपकरणोंकी शोभा बढानेकी इच्छा रखते हैं और परिवारमें मोह रखते हैं उनको बकुश कहते है। बकुशका अर्थ है शवल (चितकबरा)।

कुशीलके दो भेद हैं—प्रतिसेवनाकुशील और कषायकुशील। जो उपकरण तथा शरीर आदिसे पूर्ण विरक्त न हों तथा जो मूल और उत्तर गुणोंका निर्दोष पालन करते हों लेकिन जिनके उत्तर गुणोंकी कभी कभी विराधना हो जाती हो उनको प्रतिसेवनाकुशील कहते हैं।

अन्य कषायों को जीत लेनेके कारण जिनके केवल सञ्ज्वलन कपायका ही उदय हो उनको कपायकुशील कहते हैं।

जिस प्रकार जलमें लकड़ीकी रेखा अप्रकट रहती है उसी प्रकार जिनके कर्मोंका उदय अप्रकट हो और जिनको अन्तर्मुहूर्तमे केवल ज्ञान उत्पन्न होने वाला हो उनको निर्ग्रन्थ कहते हैं।

घातिया कर्मोंका नाश करने वाले केवली भगवान्‌को स्नातक कहते है।

यद्यपि चारित्रके तारतम्यके कारण इनमे भेद पाया जाता है लेकिन नैगम आदि नयकी अपेक्षासे इन पॉचो प्रकारके साधुओंको निर्ग्रन्थ कहते है।

पुलाक आदि मुनियोंमें विशेषता—

संयमश्रुतप्रतिसेवनातीर्थलिङ्गलेश्योपपादस्थानविकल्पतः साध्याः ॥ ४७ ॥

संयम, श्रुत, प्रतिसेवना, तीर्थ, लिङ्ग, लेश्या, उपपाद और स्थान इन आठ अनुयोगोंके द्वारा पुलाक आदि मुनियोंमे परस्पर विशेषता पाई जाती है।

पुलाक, बकुश और प्रतिसेवनाकुशील इन मुनियोंके सामायिक और छेदोपस्थापना चारित्र होते हैं। कषायकुशीलके यथाख्यात चारित्रको छोडकर अन्य चार चारित्र होते हैं। निर्ग्रन्थ और स्नातकके यथाख्यातचारित्र होता है।

उत्कृष्टसे पुलाक, बकुश और प्रतिसेवनाकुशील मुनि अभिन्नाक्षर दशपूर्वके ज्ञाता होते हैं। अभिन्नाक्षरका अर्थ है—जो एक भी अक्षरसे न्यून न हो। अर्थात् उक्त मुनि दश पूर्वके पूर्ण ज्ञाता होते हैं। कषायकुशील और निर्ग्रन्थ चौदह पूर्वके ज्ञाता होते हैं। जघन्यसे पुलाक आचार शास्त्रका निरूपण करते हैं। बकुश, कुशील और निर्ग्रन्थ आठ प्रवचन मातृकाओंका निरूपण कहते हैं। पाँच समिति और तीन गुप्तियोंको आठ प्रवचन मातृका कहते हैं। स्नातकोंके केवलज्ञान होता है, श्रुत नहीं होता।

व्रतोंमे दोष लगनेको प्रतिसेवना कहते हैं। पुलाकके पाँच महाव्रतों और रात्रि भोजन त्याग व्रतमे विराधना होती है। दूसरेके उपरोधसे किसी एक व्रत की प्रतिसेवना होती है। अर्थात् वह एक व्रतका त्याग कर देता है।

प्रश्न—रात्रिभोजन त्यागमें विराधना कैसे होती है ?

उत्तर—इसके द्वारा श्रावक आदिका उपकार होगा ऐसा विचारकर पुलाक मुनि विद्यार्थी आदिको रात्रिमें भोजन कराकर रात्रिभोजनत्याग व्रतका विराधक होता है।

बकुशके दो भेद हैं—उपकरण बकुश और शरीरबकुश। उपकरणबकुश नाना प्रकारके सस्कारयुक्त उपकरणोंको चाहता है और शरीरबकुश अपने शरीरमे तेलमर्दन आदि संस्कारोंको करता है यही दोनोंकी प्रतिसेवना है। प्रतिसेवनाकुशील मूलगुणोंकी विराधना नहीं करता है किन्तु उत्तर गुणोंकी विराधना कभी करता है इसकी यही प्रतिसेवना है। कषायकुशील, निर्ग्रन्थ और स्नातकके प्रतिसेवना नहीं होती है। ये पाँचों प्रकारके मुनि सब तीर्थकरोंके समयमे होते हैं।

लिङ्गके दो भेद हैं—द्रव्यलिङ्ग और भावलिङ्ग। पाँचों प्रकारके मुनियोंमें भावलिङ्ग समान रूपसे पाया जाता है। द्रव्यलिङ्गकी अपेक्षा उनमे निम्न प्रकारसे भेद पाया जाता है। 'कोई असमर्थ मुनि शीतकाल आदिमे कम्बल आदि वस्त्रों को ग्रहण कर लेते हैं लेकिन उस वस्त्रको न धोते हैं और न फट जाने पर सीते हैं तथा कुछ समय बाद उसको छोड़ देते हैं। कोई मुनि शरीरमे विकार उत्पन्न होनेसे लज्जाके कारण वस्त्रोंको ग्रहण कर लेते हैं।' इस प्रकारका व्याख्यान भगवती आराधनामे अपवाद रूपसे बतलाया है। इसी आधारको मानकर कुछ लोग मुनियोंमे सचेलता (वस्त्र पहिरना) मानते है। लेकिन ऐसा मानना ठीक नहीं है। कभी किसी मुनिका वस्त्रधारण कर लेना तो केवल अपवाद है उत्सर्ग मार्ग तो अचेलकता ही है और वही साक्षात् मोक्षका कारण होती है। उपकरणकुशील मुनिकी अपेक्षा अपवाद मार्गका व्याख्यान किया गया है अर्थात् उपकरणकुशील मुनि कदाचित् अपवाद मार्ग पर चलते हैं।

पुलाकके पीत, पद्म और शुक्ल ये तीन लेश्याएँ होती हैं। बकुश और प्रतिसेवना-कुशीलके छहों लेश्यायें होती है।

प्रश्न—बकुश और प्रतिसेवनाकुशीलके कृष्ण, नील और कापोत ये तीन लेश्याएँ कैसे होती हैं ?

उत्तर—पुलाकके उपकरणोंमे आसक्ति होनेसे और प्रतिसेवनाकुशीलके उत्तरगुणों मे विराधना होनेके कारण कभी आर्त्तध्यान हो सकता है। अतः आर्तध्यान होनेसे आदिकी तीन लेश्याओंका होना भी संभव है। पुलाकके आर्त्तध्यानका कोई कारण न होनेसे अन्तकी तीन लेश्याएँ ही होती हैं। कषायकुशीलके अन्तकी चार लेश्याएँ ही होती हैं। कषायकुशीलके संज्वलन कषायका उदय होनेसे कापोत लेश्या होती है। निर्ग्रन्थ और स्नातकके केवल शुक्ल लेश्या ही होती है। अयोगकेवलीके लेश्या नही होती है।

उत्कृष्टसे, पुलाकका अठारह सागरकी स्थितिवाले सहस्रार स्वर्गके देवोमे उत्पाद होता है। बकुश और प्रतिसेवनाकुशीलका बाईस सागर की स्थितिवाले आरण और अच्युत स्वर्गके देवोंमे उत्पाद होता है। कषायकुशील और निग्रन्थोंका तेतीस सागरकी स्थितिवाले सर्वार्थसिद्धिके देवोमे उत्पाद होता है। सबका जघन्य उपपाद दो सागरकी स्थितिवाले सौधर्म और ऐशान स्वर्गके देवोंमे होता है। स्नातकका उपपाद मोक्षमे होता है।

कषायके निमित्तसे होने वाले संयम स्थान असख्यात है। पुलाक और कषायकुशीलके सर्वजघन्य असंख्यात संयम स्थान होते हैं। वे दोनो एक साथ असंख्यात स्थानों तक जाते हैं, बादमे पुलाक साथ छोड़ देता है, इसके बाद कषायकुशील अकेला ही असख्यात स्थानों तक जाता है। पुन. कषायकुशील, प्रतिसेवनाकुशील और बकुश एक साथ असख्यात स्थानों तक जाते हैं, बादमे बकुश साथ छोड़ देता है। और असंख्यात स्थान जानेके बाद प्रतिसेवनाकुशील भी साथ छोड़ देता है। पुनः असख्यात स्थान जानेके बाद कषायकुशील की भी निवृत्ति हो जाती है। इसके बाद निर्ग्रन्थ असंख्यात अकषायनिमित्तक संयम स्थानों तक जाता है और बादमे उसकी भी निवृत्ति हो जाती है। इसके अनन्तर एक संयम स्थान तक जानेके बाद स्नातकको निर्वाण की प्राप्ति हो जाती है। स्नातक की संयमलब्धि अनन्तगुण होती है।

नवम अध्याय समाप्त

दसवाँ अध्याय

केवलज्ञानकी उत्पत्तिके कारण—

मोहक्षयाज्ज्ञानदर्शनावरणान्तरायक्षयाच्च केवलम् ॥ १ ॥

मोहनीय कर्मके क्षय होनेसे, ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तरायके क्षय होनेसे तथा 'च' शब्दसे तीन आयु और नामकर्मकी तेरह प्रकृतियोंके क्षय होनेसे केवल ज्ञान उत्पन्न होता है।

मोहनीयकी अट्ठाईस, ज्ञानावरणकी पांच दर्शनावरणकी नौ और अन्तरायकी पाँच प्रकृतियोंके क्षय होनेसे, देवायु, तिर्यगायु और नरकायुके क्षय होनेसे तथा साधारण, आतप, पञ्चेन्द्रियके बिना चार जाति, नरकगति, नरकगत्यानुपूर्वी, स्थावर, सूक्ष्म, तिर्यग्गति, तिर्यग्गत्यानुपूर्वी और उद्योत इन तेरह नामकर्मकी प्रकृतियोंके क्षय होनेसे (एकत्र त्रेसठ प्रकृतियोंके क्षयसे) केवलज्ञान उत्पन्न होता है।

प्रश्न—'मोहज्ञानदर्शनावरणान्तरायक्षयात् केवलम्' ऐसा लघु सूत्र क्यों नहीं बनाया ?

उत्तर—कर्मोंके क्षयका क्रम बतलानेके लिये सूत्रमें 'मोहक्षयात्' शब्दको पृथक् रक्खा है। पहिले मोहनीय कर्मका क्षय होता है और अन्तर्मुहूर्त बाद ज्ञानावरणादिका क्षय होता है। कर्मोंके क्षयका क्रम इस प्रकार है—

भव्य सम्यग्दृष्टि जीव अपने परिणामोंकी विशुद्धिसे असंयतसम्यग्दृष्टि, देशसंयत, प्रमत्तसंयत और अप्रमत्तसंयत गुणस्थानोंमें से किसी एक गुणस्थानमें अनन्तानुबन्धी चार कषायोंका और दर्शनमोहकी तीन प्रकृतियोंका क्षय करके क्षायिक सम्यग्दृष्टि होता है। पुनः अप्रमत्तसंयत गुणस्थानमें अधःकरण परिणामोंको प्राप्तकर क्षपकश्रेणी चढ़नेके अभिमुख होता हुआ अपूर्वकरण परिणामोंसे अपूर्वकरण गुणस्थानको प्राप्त करके शुभपरिणामोंसे पापकर्मोंकी स्थिति और अनुभागको कम करता है और शुभ कर्मोंके अनुभागको बढ़ाता है। पुनः अनिवृत्तिकरण परिणामोंसे अनिवृत्तिबादरसाम्पराय गुणस्थानको प्राप्त कर प्रत्याख्यान कषाय चार, अप्रत्याख्यान कषाय चार, नपुंसकवेद, स्त्रीवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पुंवेद, क्रोध, मान और मायासंज्वलनका बादरकृष्टि (उपायके द्वारा जिन कर्मोंकी निर्जरा की जाती है उन कर्मोंको किट्टि या कृष्टि कहते हैं। किट्टिके दो भेद हैं—बादरकृष्टि और सूक्ष्मकृष्टि) द्वारा क्षय करके लोभसंज्वलनको कृश करके सूक्ष्मसाम्पराय क्षपक गुणस्थानको प्राप्त करता है। पुनः मोहनीयका पूर्ण क्षय करके क्षीणकषाय गुणस्थानको प्राप्तकर इस गुणस्थानके उपान्त्य समयमें निद्रा और प्रचला इन दो प्रकृतियोंका क्षय करके और अन्त्य समयमें पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पांच अन्तरायोंका क्षय करके जीव केवलज्ञान और केवलदर्शनको प्राप्त करता है।

मोक्षका स्वरूप और कारण—

बन्धहेत्वभावनिर्जराभ्यां कृत्स्नकर्मविप्रमोक्षो मोक्षः ॥ २ ॥

बन्धके कारणोंका अभाव (संवर) और निर्जराके द्वारा सम्पूर्ण कर्मोंके नाश हो जाने को मोक्ष कहते हैं।

बन्धके कारण मिथ्यादर्शन आदिके न रहनेसे नवीन कर्मोका आस्रव नहीं होता है और निर्जराके द्वारा सचित कर्मोका क्षय हो जाता है इस प्रकार संवर और निर्जराके द्वारा मोक्षकी प्राप्ति होती है ।

कर्मोका क्षय दो प्रकारसे होता है—प्रयत्नसाध्य और अप्रयत्नसाध्य । जिस कर्मक्षय के लिये प्रयत्न करना पड़े वह प्रयत्नसाध्य है और जिसका क्षय स्वयं विना किसी प्रयत्नके हो जाय वह अप्रयत्नसाध्य कर्मक्षय है ।

चरमोत्तमदेहधारी जीवके नरकायु, तिर्यञ्चायु और देवायुका क्षय अप्रयत्नसाध्य है । प्रयत्नसाध्य कर्मक्षय निम्न प्रकारसे होता है—

चौथे, पाँचवे, छठवे और सातवे गुणस्थानोंमेसे किसी एक गुणस्थानमे अनन्तानुबन्धी चार कषाय और दर्शन मोहकी तीन प्रकृतियोंका क्षय होता है । अनिवृत्ति बादर साम्पराय गुणस्थानके नव भाग होते हैं । उनमे से प्रथम भागमें निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि, नरकगति, तिर्यग्गति, एकेन्द्रियसे चतुरिन्द्रिय पर्यन्त चार जाति, नरकगत्यानुपूर्वी, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण इन सोलह प्रकृतियोंका क्षय होता है । द्वितीय भागमे प्रत्याख्यान चार और अप्रत्याख्यान चार इन आठ कषायोंका क्षय होता है । तीसरे भागमें नपुंसक वेदका और चौथे भागमे स्त्रीवेदका क्षय होता है । पाँचवें भागमे हास्य आदि छह नोकषायोंका क्षय होता है । छठवे भागमें पुंवेदका क्षय होता है । सातवे, आठवे और नवमें भागोंमे क्रमसे क्रोध, मान और माया सज्वलनका क्षय होता है । सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमे लोभसंज्वलनका नाश होता है । बारहवे गुणस्थानके उपान्त्य समयमे निद्रा और प्रचलाका नाश होता है और अन्त्य समयमे पॉच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पॉच अन्तरायोंका क्षय होता है । सयोगकेवलीके किसी भी प्रकृतिका क्षय नही होता है । अयोगकेवली गुणस्थानके उपान्त्य समयमे एक वेदनीय, देवगति, पॉच शरीर, पॉच बन्धन, पॉच संघात, छह संस्थान, तीन अङ्गोपाङ्ग, छह सहनन, पॉच वर्ण, दो गन्ध, पॉच रस, आठ स्पर्श, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, परघात उच्छ्वास, प्रशस्त और अप्रशस्तविहायोगति, पर्याप्ति प्रत्येक शरीर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, सुस्वर, दुःस्वर, अनादेय, अयशःकीर्ति, निर्माण और नीचगोत्र इन वहत्तर प्रकृतियों का क्षय होता है और अन्त्य समयमें एक वेदनीय, मनुष्यायु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, पञ्चेन्द्रिय जाति, त्रस, बादर, पर्याप्ति, सुभग, आदेय, यशःकीर्ति, तीर्थंकर और उच्चगोत्र इन तेरह प्रकृतियों का क्षय होता है ।

'क्या द्रव्य कर्मोके क्षयसे ही मोक्ष होता है अथवा अन्यका क्षय भी होता है ?' इस प्रश्नके उत्तरमे आचार्य निम्न सूत्रको कहते हैं—

औपशमिकादिभव्यत्वानाञ्च ॥ ३ ॥

औपशमिक, औदयिक, क्षयोपशमिक और भव्यत्व इन चार भावोंके क्षयसे मोक्ष होता है । 'च' शब्दका अर्थ है कि केवल द्रव्यकर्मोके क्षयसे ही मोक्ष नहीं होता है किन्तु द्रव्यकर्मोके क्षयके साथ भावकर्मोंके क्षयसे मोक्ष होता है । पारिणामिक भावोंमेसे भव्यत्व का ही क्षय होता है, जीवत्व, वस्तुत्व, अमूर्तत्व आदिका नहीं । यदि मोक्षमे इन भावोंका भी क्षय हो जाय तो मोक्ष शून्य हो जायगा । मोक्षमे अभव्यत्वके क्षयका तो प्रश्न ही नहीं हो सकता है क्योंकि भव्य जीवको ही मोक्ष होता है ।

प्रश्न—द्रव्यकर्मके नाश हो जाने पर द्रव्यकर्मके निमित्तसे होनेवाले भावोंका नाश भी स्वयं सिद्ध हो जाता है। अतः इस सूत्रको बनानेकी क्या आवश्यकता है ?

उत्तर—यह कोई नियम नहीं है कि निमित्त के न होने पर कार्य नहीं होता है। किन्तु निमित्तके अभावमे भी कार्य देखा जाता है जैसे दण्ड, चक्र आदिके न होने पर भी घट देखा जाता है। अतः द्रव्यकर्मके नाश हो जाने पर भावकर्मोंका नाश भी हो जाता है इस बातको स्पष्ट करनेके लिये उक्त सूत्र बनाया है।

मोक्षमे क्षायिक भावोंका क्षय नही होता है—

अन्यत्र केवलसम्यक्त्वज्ञानदर्शनसिद्धत्वेभ्यः ॥ ४ ॥

मोक्षमे केवलसम्यक्त्व, केवलज्ञान, केवलदर्शन और सिद्धत्व इन चार भावोंका क्षय नहीं होता है।

प्रश्न—तो फिर मोक्षमे अनन्तवीर्य, अनन्तसुख आदिका क्षय हो जायगा।

उत्तर—अनन्तवीर्य, अनन्तसुख आदिका अन्तर्भाव ज्ञान और दर्शनमे ही हो जाता है। अनन्तवीर्य आदि रहित जीवके केवलज्ञान आदि नहीं हो सकते हैं। अतः केवलज्ञान आदिके सद्भावसे अनन्तवीर्य आदिका भी सद्भाव सिद्ध है।

प्रश्न—सिद्ध निराकार होते है अतः उनका अभाव क्यों नहीं हो जायगा ?

उत्तर—सिद्धोंकी आत्माके प्रदेश चरमशरीरके आकार होते हैं अतः उनका अभाव कहना ठीक नहीं है।

प्रश्न—कर्मसहित जीवके प्रदेश शरीरके आकार होते है। अत. शरीरका नाश हो जाने पर जोवके असख्यात प्रदेशोंको लोक भरमे फैल जाना चाहिये।

उत्तर—नोकर्मका सम्बन्ध होने पर जीवके प्रदेशोंमे सहरण और विसर्पण होता है और नोकर्मका नाश हो जाने पर उनका सहरण-विसर्पण नहीं होता है।

प्रश्न—तो जिस प्रकार कारणके न रहने पर प्रदेशोंमे सहरण और विसर्पण नहीं होता है उसी प्रकार ऊर्ध्वगमनका कारण न रहने पर मुक्त जीवका ऊर्ध्वगमन भी नहीं होगा। अतः जीव जहा मुक्त हुआ है वहीं रहेगा।

उत्तर—मुक्त होनेके बाद जीवका ऊर्ध्वगमन होता है। ऊर्ध्वगमनके कारण आगे बतलाये जॉयगे।

तदनन्तरमूर्ध्वं गच्छत्यालोकान्तात् ॥ ५ ॥

सर्वकर्मोंके क्षय हो जानेके बाद जीव लोकके अन्तिम भाग तक ऊपरको जाता है और वहाँ जाकर सिद्ध शिलापर ठहर जाता है।

ऊर्ध्वगमनके कारण—

पूर्वप्रयोगादसङ्गत्वाद् बन्धच्छेदात्तथागतिपरिणामाच्च ॥६॥

पूर्वके सस्कारसे, कर्मके सङ्गरहित हो जानेसे, बन्धका नाश हो जानेसे और ऊर्ध्वगमनका स्वभाव होनेसे मुक्त जीव ऊर्ध्वगमन करता है।

ससारी जीवने मुक्त होनेसे पहिले कई बार मोक्षकी प्राप्तिके लिये प्रयत्न किया है। अतः पूर्वका संस्कार रहनेसे जीव ऊर्ध्वगमन करता है। जीव जब तक कर्मभारसहित रहता है तब तक संसारमे बिना किसी नियमके गमन करता है और कर्मभारसे रहित हो

जाने पर ऊपरको ही गमन करता है। अन्य जन्मके कारण गति, जाति आदि समस्त कर्म-बन्धके नाश हो जानेसे जीव ऊर्ध्वगमन करता है और आगममें जीवका स्वभाव ऊर्ध्वगमन करनेका बतलाया है अतः कर्मोंके नष्ट हो जाने पर अपने स्वभावके अनुसार जीवका ऊर्ध्व-गमन होता है। ये ऊर्ध्वगमनके चार कारण हैं।

उक्त चारों कारणोंके चार दृष्टान्त—

आविद्धकुलालचक्रवद्व्यपगतलेपालाबुवदेरण्डबीजवदग्निशिखावच्च ॥ ७ ॥

घुमाये गये कुम्हारके चक्केकी तरह, लेपरहित तूंबीकी तरह, एरण्डके बीजकी तरह और अग्निकी शिखाकी तरह जीव ऊर्ध्वगमन करता है।

जिस प्रकार कुम्हारके हाथ और दण्डेसे चाकको एक बार घुमा देने पर वह चाक पूर्व-संस्कारसे बराबर घूमता रहता है उसी प्रकार मुक्त जीव पूर्व संस्कारसे ऊर्ध्वगमन करता है। जिस प्रकार मिट्टीके लेपसहित तूंबी जलमे डूब जाती है और लेपके दूर होने पर ऊपर आ जाती है उसी प्रकार कर्मलेपरहित जीव ऊर्ध्वगमन करता है। जिस प्रकार एरण्ड (अण्ड) वृक्षका सूखा बीज फलीके फटने पर ऊपरको जाता है उसी प्रकार मुक्त जीव कर्मबन्ध रहित होनेसे ऊर्ध्वगमन करता है। और जिस प्रकार वायु रहित स्थानमे अग्निकी शिखा स्वभावसे ऊपरको जाती है उसी प्रकार मुक्तजीव भी स्वभावसे ही ऊर्ध्वगमन करता है।

प्रश्न—सङ्ग और बन्धमे क्या भेद है ?

उत्तर—परस्पर संयोग या संसर्ग हो जाना सङ्ग है और एक दूसरेमे मिल जाना–एक रूपमे स्थिति बन्ध है।

प्रश्न—यदि जीवका स्वभाव ऊर्ध्वगमन करनेका है तो लोकके बाहर अलोकाकाश मे क्यों नहीं चला जाता ?

उत्तर—धर्मास्तिकायका अभाव होनेसे जीव अलोकाकाशमें नही जाता है।

धर्मास्तिकायाभावात् ॥ ८ ॥

गमनका कारण धर्म द्रव्य है। और अलोकाकाशमे धर्म द्रव्यका अभाव है। अतः आगे धर्म द्रव्य न होनेसे जीव लोकके बाहर गमन नही करता है। जीवका स्वभाव ऊर्ध्व-गमन करनेका है अतः लोकमे धर्मद्रव्यके होने पर भी जीव अधोगमन या तिर्यग्गमन नहीं करता है किन्तु ऊर्ध्वगमन ही करता है।

मुक्त जीवोंमे भेदके कारण—

क्षेत्रकालगतिलिंगतीर्थचारित्रप्रत्येकबुद्धबोधितज्ञानावगाहनान्तर-संख्याल्पबहुत्वतः साध्याः ॥ ९ ॥

क्षेत्र, काल, गति, लिङ्ग, तीर्थ, चारित्र, प्रत्येकबुद्ध, बोधितबुद्ध, ज्ञान, अवगाहन, अन्तर, संख्या और अल्पबहुत्व इन बारह अनुयोगोंसे सिद्धोंमे भेद पाया जाता है। क्षेत्र आदिका भेद निश्चयनय और व्यवहारनयकी अपेक्षासे किया जाता है।

क्षेत्रकी अपेक्षा निश्चयनयसे जीव आत्माके प्रदेशरूप क्षेत्रमे ही सिद्ध होता है और व्यवहारनयसे आकाशके प्रदेशोंमें सिद्ध होता है। जन्मकी अपेक्षा पन्द्रह कर्म-भूमियोंमे सिद्ध होता है और संहरणकी अपेक्षा मनुष्य लोकमे सिद्ध होता है। संहरण दो प्रकारसे होता है—स्वकृत और परकृत। चारण विद्याधरोंके स्वकृत संहरण होता है। तथा

देव आदिके द्वारा किया गया अन्य मुनियोंका संहरण परकृत संहरण है। देव आदि पूर्व वैरके कारण किसी मुनिको उठाकर समुद्र आदिमें डाल देते हैं। इसीको संहरण या हरण करना कहते हैं। जिस क्षेत्रमे जन्म लिया हो उसी क्षेत्रसे सिद्ध होनेको जन्मसिद्ध कहते है। किसी दूसरे क्षेत्रमे जन्म लेकर संहरणसे अन्य क्षेत्रमे सिद्ध होनेको सहरणसिद्ध कहते हैं।

कालकी अपेक्षा निश्चयनयसे जीव एक समयमें सिद्ध होता है। व्यवहारनयसे जन्मकी अपेक्षा सामान्य रूपसे उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी कालमे उत्पन्न हुआ जीव सिद्ध होता है और विशेषरूपसे अवसर्पिणी कालके तृतीय कालके अन्तमे और चौथे कालमे उत्पन्न हुआ जीव सिद्ध होता है, और चौथे कालमें उत्पन्न हुआ जीव पाँचवे कालमे सिद्ध होता है। लेकिन पॉचवें कालमे उत्पन्न हुआ जीव पॉचवे कालमे सिद्ध नहीं होता है। तथा अन्य कालोंमें उत्पन्न हुआ जीव भी सिद्ध नही होता है। संहरणकी अपेक्षा सर्व उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी कालोंमे सिद्धि होती है।

गतिकी अपेक्षा सिद्धगति या मनुष्यगतिमे सिद्धि होती है।

लिङ्गकी अपेक्षा निश्चयनयसे वेदके अभावसे सिद्धि होती है। व्यवहारनयसे तीनों भाववेदोंसे सिद्धि होती है लेकिन द्रव्यवेदकी अपेक्षा पुवेदसे ही सिद्धि होती है। अथवा निर्ग्रन्थलिङ्ग या सग्रन्थलिङ्गसे सिद्धि होती है (भूतपूर्वनयकी अपेक्षा)।

तीर्थकी अपेक्षा कोई तीर्थंकर होकर सिद्ध होते हैं और कोई सामान्यकेवली होकर सिद्ध होते हैं। सामान्यकेवली भी या तो किसी तीर्थंकरके रहने पर सिद्ध होते है अथवा तीर्थंकरके मोक्ष चले जानेके बाद सिद्ध होते हैं।

चारित्रकी अपेक्षा यथाख्यातचारित्रसे अथवा पॉचों चारित्रोसे सिद्धि होती है।

कोई स्वय ससारसे विरक्त होकर (प्रत्येकबुद्ध होकर) सिद्ध होते है और कोई दूसरे के उपदेशसे विरक्त होकर (बोधितबुद्ध होकर) सिद्ध होते हैं।

ज्ञानकी अपेक्षा निश्चय नयसे केवलज्ञानसे सिद्धि होती है और व्यवहारनयसे मति, श्रुत आदि दो, तीन या चार ज्ञानोंसे भी सिद्धि होती है। इसका तात्पर्य यह है कि केवलज्ञान होनेसे पहिले व्यक्तिके दो, तीन या चार ज्ञान हो सकते हैं।

शरीरकी ऊँचाईको अवगाहना कहते हैं। अवगाहनाके दो भेद है—उत्कृष्ट और जघन्य। सिद्ध होने वाले जीवोकी उत्कृष्ट अवगाहना सवा पॉच सौ धनुप है और जघन्य अवगाहना साढ़े तीन हाथ है। जो जीव सोलहवे वर्षमे सात हाथ शरीर वाला होता है वह गर्भसे आठवे वर्षमे साढ़े तीन हाथ शरीर वाला होता है और उस जीवकी मुक्ति होती है। मध्यम अवगाहनाके अनन्त भेद है।

यदि जीव लगातार सिद्ध होते रहें तो जघन्य दो समय और उत्कृष्ट आठ सययका अनन्तर होगा अर्थात् इतने समय तक सिद्ध होते रहेंगे। और यदि सिद्ध होनेमे व्यवधान पडेगा तो जघन्य एक समय और उत्कृष्ट छह मासका अन्तर होगा।

संख्याकी अपेक्षा जघन्यसे एक समयमे एक जीव सिद्ध होता है और उत्कृष्टसे एक समयमें एक सौ आठ जीव सिद्ध होते हैं।

क्षेत्र आदिमे सिद्ध होनेवाले जीवोंकी परस्परमे कम और अधिक संख्याको अल्पबहुत्व कहते है। क्षेत्रकी अपेक्षा अल्पबहुत्व—निश्चय नयकी अपेक्षा सब जीव सिद्ध क्षेत्रमे सिद्ध होते हैं अतः उनमे अल्पबहुत्व नही है। व्यवहार नयकी अपेक्षा उनमे अल्पबहुत्व इस प्रकार है।

क्षेत्रमे सिद्ध दो प्रकारसे होते हैं—जन्मसे और संहरणसे। संहरणसिद्ध अल्प है और जन्मसिद्ध उनसे संख्यातगुणे हैं। क्षेत्रके कई भेद हैं—कर्मभूमि, अकर्मभूमि, समुद्र, द्वीप, ऊर्ध्वलोक, अधोलोक और तिर्यग् लोक। उनमे से ऊर्ध्वलोकसिद्ध अल्प हैं, अधोलोकसिद्ध उनसे संख्यातगुणे है और तिर्यक्लोकसिद्ध उनसे संख्यातगुणे हैं। समुद्रसिद्ध सबसे कम है और द्वीपसिद्ध उनसे संख्यातगुणे है। विशेषरूपसे लवणोदसिद्ध सबसे अल्प है, कालोदसिद्ध उनसे संख्यातगुणे है। इसी प्रकार जम्बूद्वीपसिद्ध, धातकीखण्डद्वीपसिद्ध और पुष्करार्धद्वीपसिद्ध क्रमसे संख्यातगुणे संख्यातगुणे अधिक हैं। कालकी अपेक्षा अल्पबहुत्व—निश्चय नयसे जीव एक समयमें सिद्ध होते हैं अतः अल्पबहुत्व नहीं है। व्यवहारनयसे उत्सर्पिणी कालमे सिद्ध होनेवाले अल्प है और अवसर्पिणी कालमे सिद्ध होनेवाले उनसे कुछ अधिक है। अनुत्सर्पिणी कालमे सिद्ध होनेवाले उनसे कुछ अधिक है। ओर अनुत्सर्पिणी तथा अनवसर्पिणी कालमें सिद्ध होनेवाले उनसे संख्यातगुणे है।

गतिकी अपेक्षा अल्पबहुत्व—निश्चयनयसे सब सिद्धगतिमें सिद्ध होते हैं, अतः अल्पबहुत्व नहीं है। व्यवहारनयसे भी अल्पबहुत्व नहीं है क्योंकि सब मनुष्यगति से सिद्ध होते हैं।

एकान्तरगति (जिसगतिसे मनुष्यगतिमे आकर मोक्ष प्राप्त किया हो) की अपेक्षा अल्प-बहुत्व इस प्रकार है—तिर्यग्गतिसिद्ध अत्यल्प है। मनुष्यगतिसिद्ध उनसे संख्यातगुणे है। नरकगतिसिद्ध उनसे संख्यातगुणे हैं। और देवगतिसिद्ध उनसे संख्यातगुणे हैं।

वेदकी अपेक्षा अल्पबहुत्व—निश्चय नयसे सब अवेदसे सिद्ध होते हैं अतः अल्प-बहुत्व नहीं है। व्यवहार नयसे नपुंसकवेद सिद्ध सबसे कम है। स्त्रीवेदसिद्ध उनसे संख्यात-गुणे हैं और पुंवेदसिद्ध उनसे संख्यातगुणे है। कहा भी है—

"नपुंसकवेदवाले बीस, स्त्रीवाले चालीस और पुरुषवेदवाले अड़तालीस जीव सिद्ध होते हैं।

इसी प्रकार आगमके अनुसार तीर्थ चारित्र, आदिकी अपेक्षा अल्पबहुत्व जान लेना चाहिये।

दसवाँ अध्याय समाप्त

तत्त्वार्थसूत्राणामकारादिकोशः

तत्त्वार्थसूत्रस्थशब्दानामकाराद्यनुक्रमः

ब

भ

श

तत्त्वार्थवृत्तौ समागतानामुद्धृतवाक्यानामकाराद्यनुक्रमः

तत्त्वार्थवृत्तिगताः केचिद् विशिष्टाः शब्दाः

तत्त्वार्थवृत्तिगता ग्रन्था ग्रन्थकाराश्च

ग्रन्थसङ्केतविवरणम्

पवयेणसा०क्षे०–प्रवचनसार, क्षेपक २३८
पचास्ति०–पञ्चास्तिकाय १८७
पा० धातुपा०–पाणिनिधातुपाठ २४१
पा०म०भा०–पातञ्जलमहाभाष्य १९९
पा० महा०–पातञ्जलमहाभाष्य ५,६२
पात०–पातञ्जल महाभाष्य १३६
पात० महा०– पातञ्जलमहाभाष्य १७६
पा० सू०– पाणिनिसूत्र ७२,७९,८६,१७८,
१८८,१९८,१९९,२३१,२३३
पुरुषार्थसि०–पुरुषार्थसिद्धयुपाय १९०
प्रतिष्ठा० –प्रतिष्ठापाठ ८६
प्रति० सा० –प्रतिष्ठासारोद्धार १०८
प्रमाणवा० –प्रमाणवार्तिक ६६
प्र० वार्तिकाल०–प्रमाणवार्तिकालङ्कार ३
प्र० व्यो०–प्रशस्तपाद व्योमवती २
बारस अणु० –बारस अणुवेक्खा ८८,८९,९०,
९१,१०३
बृहत्स्व० श्लोक० –बृहत्स्वयम्भू,
श्लोक २०१,२०३,२११
बोधपा०–बोधपाहुड २१९,२३८
भ० आरा०–भगवती आराधना ३०२
महाबंध ७१
मूलाचा०–मूलाचार ९०
यश० क०–यशस्तिलक कल्प ३,५,८३,२२,२३९,
२५५,२५६,२५७
यश० पू०–यशस्तिलक पूर्वार्ध ९०
योगभा०– योगभाष्य २
योगसू०– योगसूत्र ७
रत्नक०–रत्नकरण्डश्रावकाचार ९१,२२८,२३०,
२४५, २४६,२४७,२५७,२८४,३०८
वराङ्गच०– वराङ्गचरित्र ११४
वसु० सा०– वसुनन्दिश्रावकाचार १८०

विश्वलो० –विश्वलोचनकोश
वैशे०– वैशेषिकसूत्र
शा० व्या०– शाकटायन व्याकरण ९८,१
षट्ख० अ०– षट्खण्डागम अल्पबहुत्व
४३,४४,४५, ४६,४७,४८,४९
५३,५
षट्ख० का०– षट्खण्डागम काल ३२,३
३७,३
षट्ख० खु०–षट्खण्डागम खुद्दक बंध
षट्ख० खे० –षट्खण्डागम खेत्ताणुगम २
षट्खण्डा०– षट्खण्डागम १४,१५,१
षट्ख० द्र०– षट्खण्डागम द्रव्य १७,१८
षट्ख० ध० टी० खे०–षट्खण्डागम
धवलाटीका खेत्ताणुगम
षट्ख० फो० –षट्खण्डागम
फोसणाणुगम २६,२८,२९
षट्ख० भा०– षट्खण्डागम भावाणुगम
षड्द० समु०– षड्दर्शनसमुच्चय
सम्मति०– सम्मतितर्क
सर्वार्थ०, स० सि०–सर्वार्थसिद्धि ८,९
३७,
८१,९६,१३८,२०६,२०९, २
सं श्रुतभ०–संस्कृत श्रुतभक्ति
सागारध०–सागारधर्मामृत
सांख्यका०–सांख्यकारिका
सिद्धभ०–सिद्धभक्ति
सिद्धिवि० –सिद्धिविनिश्चय
सुश्रुत० –सुश्रुतसंहिता
सौन्दर०–सौन्दरनन्द काव्य
हरि० – हरिवंश पुराण